वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला का प्रथम पुष्प

श्री विद्यानदाचार्य प्रणीत

अष्टसहस्री

[प्रथम भाग]

हिन्दी भाषानुवाद सहित

卐

भाषानुवाद कर्त्री

परमविदुषीरत्न चतुरनुयोगममज्ञा
प्रखरप्रवक्त्री बालब्रह्मचारिणी

पूज्य आर्यिका १०५ श्री ज्ञानमती माताजी

(आचाय श्री धमसागर जी सघस्थ प्रधान आर्यिका)

सम्पादक

मोतीचन्द जन सर्राफ
शास्त्री न्यायतीथ
(आ श्री धमसागरजी सघस्थ)

रवीन्द्रकुमार जन
शास्त्री बी ए (टिकतनगर)
(सघस्थ)

प्रकाशक—दि० जैन त्रिलोक शोध सस्थान

प्रथम सस्करण	द्वि भाद्रपद शुक्ला १४	मूल्य
११ प्रतिया	वीर निर्वाण सवत २५	५१) रु०
ई सन् १९७४	वि० स २ ३१	

भगवान महावीर के २५ सौवें निर्वाणमहोत्सव के मगलअवसर पर

पू० आर्यिका श्री ज्ञानमती माता जी की पुनीत प्रेरणा से सस्थापित

दि० जैन त्रिलोक शोध सस्थान, के अतर्गत

वीरज्ञानोदय ग्रंथमाला

इस ग्रन्थमाला मे दि जन आष माग का पोषण करने वाले हिन्दी सस्कृत क नड आदि भाषाओ के न्याय, सिद्धात अध्यात्म भूगोल खगोल व्याकरण इतिहास आदि विषयो पर लघ एव वहृद ग्रन्थो का मूल एव अनुवाद सहित प्रकाशन हागा ।

समय समय पर धार्मिक- लोकोपयोगी लघ पुस्तिकाए भी प्रकाशित होती रहेगी ।

ग्रन्थमाला सपादक

मोतीचद जन सर्राफ
शास्त्री न्यायतीथ

रवी द्रकुमार जन
शास्त्री बी ए

स्थापनाब्द
कार्तिक कृष्ण अमावस्या
वीर निर्वाण स २४९८
वि स २ २६
ई० सन् १९७२

प्रकाशन कार्यालय
दि० जैन त्रिलोक शोध सस्थान
हस्तिनापुर (मेरठ) U P

मुद्रक—एस नारायण एण्ड संस प्रिन्टिग प्रेस ७११७/१८ पहाडी धीरज दिल्ली ६

अनुक्रम दर्पण

तत्वोपप्लववाद का खण्डन

तीथच्छद सप्रदाय वालो का खण्डन

अद्व तवादियो का खण्डन

दोष आवरण के अभाव पूवक सवज्ञ सिद्धि

चार्वाक मत खडन

चर्वाक मत निरास

ज्ञान अस्वसविदित नहीं है

सांख्य द्वारा मा य मोक्ष का खडन

वैशेषिक द्वारा मा य मोक्ष का खडन

प्रस्तावना

नम श्री स्याद्वाद विद्यापतये

यायशास्त्र प्रमाणभूत शास्त्र है इतना ही नही इतर सिद्धात व्याकरण साहित्य चरणानुयोग करणानुयोग प्रथमानुयोग आदि ग्रथो मे प्रामाणिकता को सिद्ध करने के लिए साधन हैं। द्वादशाग वाणी मे दृष्टिवाद नामक जो अन्तिम अग है उससे प्रसत यह यायशास्त्र है। यायशास्त्र के द्वारा सिद्धात समर्थित विषया को कसोटी म कसकर सिद्ध किया जाता है। सिद्धात प्रतिपादित तत्त्वो मे प्रामाणिकता किस प्रकार है इसे याय शास्त्र प्रतिपादन करता है। वस्तु का सर्वांश स सर्वांग से यथाथ दशन यायशास्त्र के द्वारा होता है। यायशास्त्र की आधार शिला स्याद्वाद या अनेकात है तो प्रमाण व नय उसके दा पख हैं। नय प्रमाणरूपी पखा का धारण कर स्याद्वाद यथच्छ सवत्र जल स्थल आकाश मे भ्रमण कर सकता है। उसे कोई भी किसी भी क्षत्र मे राकने के लिए समथ नही है। उसकी गति निर्बाध है उसकी गति आतक रहित वेगवती है। उसमे उपरोध करने वाली कार्ड शक्ति ससार मे नही है।

ससार म युक्ति प्रयुक्त करने की योग्यता वाले हर विषय का विवादास्पद बना सकते है। उसे उस कथन को एव युक्ति का तक की कसाटी मे कसकर दखना हागा कि वह सम्यक है या मिथ्या है? युक्ति और शास्त्र स अविरोध जो वचन है वह सम्यक तक है। तक म तक भी हाता है कुतक भी होता है। परन्तु सुतक ग्राह्य है उपादेय है परतु कुतक त्याज्य है निषध्य है सुतक या तक के द्वारा द्रव्य की प्रतिष्ठा हाती है द्रव्य म द्र यत्व की सिद्धि गुण म गुणत्व की सिद्धि पर्याय मे उत्पाद यय की सिद्धि आदि सभी तक पूण दष्टि से होती है अनुदिन के बोलन वाल वचनो मे भी याय का पुट लगना चाहिये अ याय पूण वचनो से विवाद कलह सघष उत्पन्न हाते हैं। इसलिए युक्ति शास्त्र से अविरोध वचनो से पूण याय पथ से चलने को ही बोलने क लिए मनुष्य को सीखना चाहिये। भगवान समतभद्र ने अहत्परमेश्वर भगवान महावीर की स्तुति करते हुए आप्तमीमासा मे लिखा है कि—

> स त्वमेवासि निर्दोषो युक्तिशास्त्राविरोधिवाक।
> अविरोधो यदिष्ट ते प्रसिद्धन न बायध्त ॥

हे भगवन्! आप ही युक्ति और आगम के अविरोधी वचन को बोलते है अतएव निर्दोष हैं। आपके बोलने चलने मे जो अविरोध है वह प्रत्यक्षादि प्रमाणो से बाधित नही है अर्थात स्पष्टतया

आदर्शरूप से दिखता है आप जसा बोलते हैं वसा ही चलते हैं आपको यह इष्ट है जो ज्ञान प्रत्यक्षादि प्रमाणो से बाधित नही है वही न्यायशास्त्र के लिए सम्मत है उसी से पदार्थ का निर्दोष ज्ञान होता है।

इसलिए सिद्धात शिरोमणि श्री उमास्वामी ने तत्त्वार्थ सूत्र मे स्पष्ट प्रतिपादन किया है कि **प्रमाणनयरधिगम** प्रमाण व नयो से तत्त्व का ज्ञान होता है अर्थात पदार्थों का निर्दोष ज्ञान होता है इस परिपाटी को सिखाने वाला न्यायशास्त्र है इस सरणि को छोडकर हम पदार्थों के ज्ञान को ही प्राप्त नही कर सकते है। हमारे ज्ञान मे प्रमाण की सत्ता रहेगी या नयविवक्षा रहेगी या नयाश रहेगा। इसके बिना हम पदार्थों का चतुमु खी ज्ञान नही कर सकते है। पदार्थों का चतुमु खी ज्ञान ही निर्दोष ज्ञान है अविकृत न्शन है।

इसलिए आगम सिद्धात की सिद्धि के लिए लोक व्यवहार की प्रसिद्धि के लिए स्वमत स्थापन परमत खडन कर वस्तु तत्त्व की सिद्धि के लिए यायशास्त्रो के अध्ययन की आवश्यकता है। इसलिए जनाचार्यों ने इस विषय के भी ग्रन्थो का निर्माण कर भगवान अर्हत्परमेश्वर के द्वारा प्रतिपादित तत्त्व विवेचन को निर्दोष सिद्ध किया है। इन सब कार्यों को करते हुए उन्होने क ही स्याद्वाद साधन का उपयोग किया है। स्याद्वाद या अनेकात के रूप मे सब पदाथ यवस्थित हैं अतएव उनका ज्ञान भी स्याद्वाद या अनेकात से ही ठीक तरह से हो सकता है। स्याद्वाद के बिना हम पदार्थो के ज्ञान से वचित रह जाते है पदार्थों के ज्ञान मे गडबडी होती है हम सशय कल्लोल मे गोता खाते है। इसलिए वस्तु तत्त्व की निर्दोष सिद्धि के लिए स्याद्वाद का ही अवलबन करना चाहिये।

भगवान महावीर की स्तुति करते हुए महर्षि समन्तभद्र ने स्पष्ट कहा है कि—

अनवद्य स्याद्वाद तव दष्टेष्टाविरोधत स्याद्वाद ।
इतरो न स्याद्वाद सद्वितयविरोधान्मुनीश्वरास्याद्वाद ॥

(स्वयभूस्तोत्र) १३

जिस स्याद्वाद से पदार्थों की ठीक स्थिति का ज्ञान होता है उसके सबन्ध मे आचाय कहते है कि हे भगवन ! आपका स्याद्वाद निर्दोष है क्योकि वह प्रत्यक्ष परोक्ष प्रमाणो से अबाधित है अतएव स्याद्वाद है। प्रत्यक्ष अनुमान स्मति तक आदि कोई भी प्रमाण इसे बाधित करने के लिए समथ नही हैं। दूसरे जो एकातवाद हैं उन्हे स्याद्वाद नही कह सकते है उनमें स्यात का प्रयोग नही हो सकता है। इसके अलावा उसमे प्रत्यक्षादि प्रमाणो से बाधा भी उत्पन्न होती है। अत वह स्याद्वाद भी नही है। अस्याद्वाद है।

इसलिए न्याय शास्त्रो के निरूपण में मूलाधार स्याद्वाद है। उसके आधार से तत्त्व की वस्तुनिष्ठ प्रतिष्ठा हो जाती है।

तत्वों को निर्दोष सिद्धि करते हुए हित प्राप्ति एव अहित परिहार के लिए न्यायशास्त्रो का अध्ययन आवश्यक है। इसी के लिए ही जैनाचार्यों ने न्याय ग्रथों की रचना की है।

इस सम्बन्ध मे विचार करने पर यायशास्त्र की परम्परा का उद्योत करने वाले निम्नलिखित आचार्य अवश्य उल्लेखनीय प्रतीत होते हैं।

परम तार्किक श्री अकलकदेव विद्यानदि माणिक्यनदि प्रभाचन्द्र धर्मभूषण वादिराज सूरि आदि का नाम बहुत गौरव के साथ इस दिशा में लिया जा सकता है इन आचार्यों ने अपने अगाध पाँडित्य के द्वारा जैन सिद्धात की समीचोनता का दशन युक्ति और आगम के अविरोधी वचन के द्वारा एव अपने तक कौशल्य के द्वारा कराया यही कारण है कि आज जनदशन निर्दोष रूप से और पूर्वापर अविरोध रूप से व्यवस्थित है।

अष्टसहस्री एक महान यायग्र थ

अष्टसहस्री एक महान् तार्किक ग्रन्थ है। इसका मूलाधार देवागम स्तोत्र है। स्वामी समत भद्राचार्य के द्वारा विरचित गधहस्ति महाभाष्य का यह देवागम स्तोत्र मगलाचरण कहलाता है। गंध हस्ति महाभाष्य के सम्ब ध में अन्य ग्रन्थो मे उक्त च कहते हुए उद्धरण मिलता है इसलिए स्वामी समन्तभद्राचाय के द्वारा तत्वाथ सूत्र के ऊपर एक महान भाष्य ग्रन्थ की रचना की गई है यह स्पष्ट है देवागम उसी का यदि मगलाचरण है तो निस्सदेह वह ग्र थ भी विद्यानदि के श्लोक वार्तिकालकार के समान ही महान तार्किक ग्र थ होगा इसे सहज अनुमान कर सकते हैं। आचाय श्री ने मगलाचरण की रचना में भी इतनो तक पूण दष्टि रखो है तो मूलग्रन्थ मे न मालम कितना रहस्य भरा होगा। जिस ग्रन्थ के मगलाचरण पर अकलक देव अष्टशती भाष्य की रचना कर सकते हैं और महर्षि विद्यानंदि अष्टसहस्री की रचना करते हैं तो समझना चाहिए कि वह ग्रथ सामान्य नही हो सकता है परन्तु हमारा दुर्भाग्य है कि आज वह अनुपल ध है।

समतभद्र की अनुपम कति

महर्षि समतभद्र की यह अनुपम कृति है इसे देवागम स्तोत्र इसलिए कहते हैं कि इसका प्रारम्भ देवागम पद से होता है जिस प्रकार भक्तामर कल्याणमन्दिर आदि स्तोत्र उन्ही पदों से प्रारम्भ होने के कारण उस नाम से कहे जाते हैं इसी प्रकार यह भी देवागम स्तोत्र कहलाता है। नहीं तो इसे आप्त मीमांसा के नाम से भी कहते हैं। आप्त किस प्रकार होना चाहिए ? आप्त मे किन गुणों की आवश्यकता है? इस बात की सुन्दर मीमांसा इस ग्रथ में की गई है अत इसका नाम आप्तमीमांसा ' साथक है।

'आप्तमीमांसा समन्तभद्र' की एक अर्थगर्भित दुरूह कृति है उस पर तर्कपूर्ण दृष्टि से अकलक देव ने अष्टशती नामक वृत्ति लिखी है यह ग्रन्थ आठ सौ श्लोक प्रमाण हैं अत इसका नाम अष्टशती पड गया है अकलंक देव ने यह जो ग्रथ लिखा वह गभीर तक पूर्ण एवं अर्थगर्भित है अनेक स्थानो मे विशद व्याख्या न होने के कारण ग्रन्थ गांभीर्य को विद्वान भी समझने मे असमर्थ रहे इसीलिए तार्किक चूडामणि विद्यानंदि स्वामी ने अष्टसहस्री नामक आठ हजार श्लोक परिमित ग्रन्थ की रचना कर अनेक गत्थियो को स्वैर शली से सुलझाया है। कठिन से कठिन विषयो को सरल बनाकर जिज्ञासु हृदयो को आकर्षित ही नही आल्हादित भी किया है। इस देवागम पर वसुनदि सिद्धातदेव के द्वारा विरचित देवागम वृत्ति नामक ग्रथ भी है जो कि श्लोको का अर्थमात्र सूचित करता है। इससे स्तोत्र के अर्थ को समझने मे कोई बाधा नही है यद्यपि अकलक या विद्यानदो के समान गम्भीर तक पूर्ण भाषा से ग्रथ की रचना नही है तथापि अपने स्थान मे उसका महत्त्व है इसमे कोई सदेह नही है।

प्रकृत ग्रथ की महत्ता

यह विद्यानदि कृत अष्टसहस्री सचमुच मे देवागम का विशेष अलकार है अत इसे देवागमालकार के नाम से भी कहते है अथवा अकलकदेवकृत आप्त मीमांसा को सामने रखकर यह व्याख्यान रूप अलकार किया गया है इस दृष्टि से इसे आप्तमीमासालकार भी कह सकते हैं। इसका प्रसिद्ध नाम अष्टसहस्री है। शायद इसलिए कि यह आठ हजार श्लोक प्रमाण है। अष्टसहस्री मे विद्यानद स्वामी ने भी इस ग्रथ को अष्टसहस्री के नाम से यत्र तत्र उल्लेख किया है।

ग्रथ की शली अनूठी है। जनेतर तक ग्रथो का सूक्ष्म तलस्पर्शी ज्ञान होने के कारण उसके तर्कों को पूर्व पक्ष मे रखकर ग्रथ मे अकाटय युक्तियो के द्वारा उत्तर दिया गया है। ग्रथकार ने कुमारिल भट्ट प्रज्ञाकर धमकीर्ति आदि मोमासक बौद्ध सिद्धातो का जिस तक के साथ खडन किया है वह अजोड है।

कुमारिल भट्ट ने अपने मीमासा श्लोकवार्तिक मे सवज्ञ के अभाव को सिद्ध करते हुए लिखा है कि—

सुगतो यदि सवज्ञ कपिलो नेति का प्रमा।
तावभौ यदि सवज्ञौ मतभेद कथ तयो ॥

यदि सुगत सर्वज्ञ है तो कपिल सवज्ञ क्यो नही है। उसके निषध मे प्रमाण क्या है ? यदि वे दोनो सवज्ञ हैं तो उनमे मतभेद क्यो ? मतभेद होने के कारण निश्चय से दोनो सवज्ञ नही हैं यह स्पष्ट है।

अष्टसहस्री को लिखते समय वह मीमांसाश्लोकवार्तिक ग्रथकारके सामने था इसलिए उन्होंने भावना विधि व नियोग को वाक्यार्थ निषेध करने मे उसी युक्ति का प्रयोग कर खडन किया है।

भावना यदि वाक्यार्थो नियोगो नेति का प्रमा तावुभौ यदि वाक्यार्थो हतो भट्टप्रभाकरौ ।
कार्येर्थे चोदना ज्ञान स्वरूपे किन्न तत्प्रमा द्वयोश्चेद्धत तौ नष्टौ भट्टवेदांतवादिनौ ॥

यदि भावना श्रुति वाक्य का अथ है तो नियोग नहीं है इसमे क्या प्रमाण है यदि दोनो ही श्रुति वाक्य के अर्थ हैं तो भट्ट व प्रभाकर का सिद्धात नष्ट होता है । इसी प्रकार नियोग श्रु तिवाक्य का अथ है तो विधि क्यो नहीं है ? इसमे प्रमाण क्या है ? यदि दोनो श्रतिवाक्य के अथ हैं तो भट्ट व वेदाती दोनो का सिद्धात खडित हो जाता है ।

अष्टसहस्री मे स्थान स्थान पर इसी प्रकार की तकणा शैली के द्वारा स्वमत सिद्धात का मडन किया गया है । भाषा सौष्ठव सरलता युक्तियुक्त कथन गभीर शली कोमल प्रहार आदि बातो का विचार करने पर समग्र यायससार में इसकी बराबरी करन वाला अन्य ग्र थ नही है यह कहे तो अत्युक्ति नहीं होगी ।

अष्टसहस्री की तकणा शैली अद्वितीय है । खडन मडन पद्धति मनोहारिणो है । सूक्ष्मतल स्पर्शी सिद्धांत का निरूपण है । विद्वत्ससार को चकित करने वाली मीमासा है ।

स्वय अष्टसहस्री मे ग्र थकार ने ग्र थ के सबध मे स्पष्ट किया है कि —

स्फुटमकलकपद या प्रकटयति परिचेतसामसमम ।
दर्शितसमन्तभद्र साष्टसहस्री सदा जयतु ॥

अर्थात अकलक के अत्यत दगम्य पदो का जो स्पष्टीकरण करती है समतभद्र की दिशाओ को जो प्रदर्शन करती है वह अष्टसहस्री सदा जयवत रहे ।

इससे स्पष्ट है कि ग्रथ मे स्थान स्थान पर समतभद्र के अभिप्रायानुसार अकलक की अष्टशती के स्पष्ट आशय को व्यक्त किया है । अष्टशती मे यह अष्टसहस्री इतनी अनुप्रविष्ट हुई है कि अष्टशती की अनेक पक्तिया अष्टसहस्री मे उपलब्ध होती है एव उनकी विशद व्याख्या इस ग्र थ मे की गई हैं । इसकी शली अत्यत गभीर व प्रसन्न है गभीर इसलिए की वह गूढ है प्रसन्न इसलिए कि स्वय व दूसरो के लिए खदजनक नही है । सभ्य मृद मधर सतुलनात्मक शब्दो से यह ग्रथित है । इसलिए ग्र थ मे एक स्थान पर कहा गया है कि —

जीयादष्टसहस्री देवागमसगतार्थमकलकम ।
गमयन्ती सन्नयत प्रसन्नगभीरपदपदवी ॥

देवागम स्तोत्र मे समतभद्र ने जिस स्याद्वाद का प्रतिपादन किया है जिसे अकलक देव ने समर्थन किया है जिसमे प्रसन्न गभीर पदो का प्रयोग हुआ है ऐसी आप्तमीमासालकृति अष्टसहस्री सदा जयवत

रहे। यह आचार्य के द्वारा की गई स्वप्रशसा नही है अपितु वस्तु स्थिति का परिचायक है। देवागम की दिशा को प्रतिपादन करने वाला इसकी तुलना करने वाला अन्य ग्रथ नही है।

इस ग्रथ मे सशय विपर्यय वैयधिकरण्य व्यतिकर आदि दोषो का उद्भावन कर पूर्व पक्ष मे परमत का मडन कर खडन किया गया है एव स्वमत का मडन किया गया है। सर्वज्ञ अभाव वादियो को करारा उत्तर देते हुए निर्दोष सवज्ञ की सिद्धि करते हुए आचाय ने मनोरम शली से ग्रथ को प्रवाहित किया है। निस्सदेह कहा जा सकता है कि अष्टसहस्री का प्रमेय अन्यत्र दलभ है। सिद्धांत पक्ष का समर्थ समथन है। इस ग्रथ के अध्ययन से अनेक विषयो का परिज्ञान हो जाता है। कतिपय विषयो मे वह निष्णात विद्वान बन जाता है। इस गौरव मय व्याख्यान के सबध मे स्वय ग्रथकार ने वणन किया है कि—

श्रोतव्याष्टसहस्री श्रुत किमन्य सहस्रसख्यान।
विज्ञायेत ययव स्वसमयपरसमयसद्भाव॥

हजार शास्त्रा के सुनने से क्या लाभ है ? केवल एक अष्टसहस्री के सुनने से ही सव इष्टाथ की सिद्धि हा सकती है जिसके सुनने से स्वसमय क्या है पर समय क्या है इसका अन्यून बोध हो जाता है। यह इस ग्रथ का विषय है।

इस ग्रथ के कर्ता महर्षि विद्यानदि

इस ग्रन्थ की रचना महर्षि विद्यानदि ने को है। विद्यानदि यतिपति के ऐतिह्य का पता लगाने पर ज्ञात हाता है कि आप वदिक ब्राह्मण कुल मे उत्पन्न होन पर जैनमाग के अकाटय तक व सयुक्तिक कथन से आकर्षित होकर इस पवित्र धम मे आये एव अपनी विद्वत्ता व तकणा शक्ति का सदुपयोग किया। उन्होने अपनी विद्वत्ता के द्वारा अनेक न्याय ग्रन्थो की रचना कर जन न्याय ससार की श्री वृद्धि की है।

उनके द्वारा विरचित ग्रथ सपत्ति का उल्लेख यहा पर करना अप्रस्तुत नही होगा।

(१) विद्यानद महोदय (२) तत्त्वाथ श्लोकवार्तिक (३) अष्टसहस्री (४) युक्त्यनुशासनालकार (५) आप्त परीक्षा (६) प्रमाण परीक्षा (७) पत्र परीक्षा (८) सत्यशासन परीक्षा (९) श्रीपुर पार्श्वनाथ स्तोत्र इस प्रकार ९ ग्रथो की रचना का उल्लेख मिलता है इन ग्रन्थो का सक्षिप्त परिचय यो कराया जाता है।

(१) **विद्यानंद महोदय**—यह विद्यानदि आचार्य के द्वारा विरचित शायद प्रथम रचना है क्योकि उत्तरवर्ती ग्रन्थो मे इसका प्राय उल्लेख आता है इतना ही नही विस्तार से देखना हो तो विद्यानन्द महोदय में देखो ऐसी सूचना भी इनमें पायी जाती है। परन्तु दुर्भाग्य से आज यह ग्रन्थ अनुपलब्ध है। महर्षि विद्यानदि के बाद करीब पाच सौ वर्षों तक यह ग्रन्थ उपलब्ध रहा तत्कालीन आचार्यों ने अपने ग्रन्थों में इस ग्रन्थ का उद्धरण दिया है।

तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक—उमास्वामी विरचित तत्त्वार्थ सूत्र पर श्लोक व वार्तिक रूप बृहद्भाष्य है। यह निश्चित कहा जा सकता है कि तत्त्वार्थ सूत्र पर जो आज उपलब्ध भाष्य है उनमें सबसे अधिक विद्वत्तापूर्ण है। तत्त्वार्थ सूत्र ही एक ऐसा ग्रन्थ रत्न है जिस पर पूज्यपाद अकलक भास्करनदी श्रुत सागर आदि अनेक विद्वानो ने भाष्य की रचना की है। कुमारिल भट्ट के मीमासा श्लोकवार्तिक का यह बेजोड़ जवाब है यह विद्यानदि यतिपति की अद्वितीय रचना व न्यायशास्त्र की शोभा को बढ़ाने वाली है।

अष्टसहस्री—प्रकृत ग्रन्थ है। यह समतभद्र के देवागम स्तोत्र पर अकलक देव के द्वारा विरचित आप्त मीमासा पर टीकालकृत भाष्य है। इस ग्रन्थ मे आचाय ने अकलक ग्रन्थ की दुरूह गुत्थियो को अच्छी तरह लीलामात्र से सुलझाया है। पाठको को इसके अध्ययन से सहज ज्ञात हो जावेगा।

युक्त्यनुशासनालकार—आचाय समतभद्र के द्वारा विरचित तकपूण स्तोत्र ग्रन्थ की यह टीका ग्रन्थ है। महर्षि विद्यानदि ने अपनी ही शली से इसमे युक्ति प्रयुक्तियो स भगवत की उपासना की है।

आप्त परीक्षा—इस ग्रन्थ मे महर्षि विद्यान द ने—

> **मोक्षमागस्य नेतार भेत्तार कमभूभताम।**
> **ज्ञातार विश्वतत्त्वानां वदे तवगुणलब्धये॥**

इस श्लोक को आधार बनाकर अत्यन्त सरल व सुबोध शैली स आप्त की परीक्षा की है। वस्तुत अर्हत ही निर्दोष सर्वज्ञ आप्त हो सकते है इस बात की सुन्दर सिद्धि आचाय देव ने इस ग्रन्थ मे की है। इसके साथ स्वोपज्ञ टीका होने से ग्रन्थ के हृद्य को समझने मे बडी सहूलियत हो गई है।

प्रमाण परीक्षा—इस ग्रन्थ मे इतर दशनो के द्वारा प्रतिपादित प्रमाणो के सम्बन्ध मे विवेचन करते हुए जनमत सम्मत प्रमाण के स्वरूप मे विशद विवेचन किया गया है। प्रमाणपरीक्षा नाम साथक है।

पत्र परीक्षा—यह विद्यानदि के द्वारा विरचित गद्य पद्यमय रचना है इसमे साध्य के लिए उपयुक्त अनुमान प्रमाण के सम्बन्ध मे विवेचन करते हुए स्वमत की स्थापना एव परमत का निराकरण किया गया है। शायद विद्यानदि को जैनधम की निर्दोषता को व्यक्त करने की अत्यन्त आसक्ति ही उत्पन्न हो गई थी।

सत्यशासन परीक्षा—यह ग्रन्थ अपूर्ण उपलब्ध होता है प्रकाशित भी है इसमे पुरुषाद्वत आदि १२ इतर शासनो की परीक्षा करने का सकल्प आचाय ने व्यक्त किया है परन्तु ६ की ही मीमासा की गई है, शायद आचाय की यह अतिम कृति है बीच मे ही आयु का अत हो गया हो इसे पूण न सके हो अनेकात शासन की परीक्षा का प्रकरण इस ग्रन्थ में अनुपलब्ध है शायद इस प्रकरण को तार्किक विद्यानदि की लेखनी से हम अत्यधिक सम्पन्न स्थिति मे देख सकते थे परतु दुर्भाग्य है।

श्रीपुर पार्श्वनाथ स्तोत्र—यह श्रीपुर 'सिरपुरअन्तरिक्ष' पार्श्वनाथ का नामांतर है। अथवा उसी का अपभ्रंश होकर सिरपुर हो गया है। इस सातिशय पार्श्वनाथ जिनबिंब की तर्कपूर्ण शैली से इस स्तोत्र में स्तुति की गई है यद्यपि यह स्तोत्र अत्यन्त लघुकाय है तथापि अर्थगर्भित है महत्त्वपूर्ण है।

इस प्रकार अनेक ग्रन्थों की रचना कर विद्यानंद स्वामी ने अपनी सम्यक्त्व निष्ठा को व्यक्त किया है। वे जिनमत के निस्सीम व सुदृढ उपासक थे इस विषय का अनुभव उनकी पंक्तियों के अध्ययन में निश्चित रूप से हो जाता है।

स्व न्यायाचार्य प माणिकचंद जी तर्क रत्न कहते थे कि बनारस विद्यालय के न्यायाध्यापक न्याय विषय के प्रकांड विद्वान प अंबादास जी विद्यानंदि की तर्कणा शैली से अत्यन्त प्रभावित थे ईश्वर सृष्टिकर्तृत्व के विरोध मे उन्होंने अपने ग्रन्थों मे जो युक्तियों का प्रयोग किया है वह अन्यत्र देखने मे नहीं आते शायद विद्यानंद जी ईश्वर के पीछे डंडा लेकर ही चल पड़े थे जिससे उनके अनेक ग्रंथों मे इस विषय का अकाट्य सिद्धांत देखने को मिलता है।

स्व न्यायाचार्य प महेन्द्रकुमार जी जो हमारे सहपाठी थे उन्होंने अपने एक निबन्ध मे निबद्ध किया था कि— तर्क ग्रन्थ के अभ्यासी विद्यानंद के अतुल पाण्डित्य तलस्पर्शी विवेचन सूक्ष्मता तथा गहराई के साथ किये जाने वाले पदार्थों के स्पष्टीकरण एवं प्रसन्न भाषा (मृदुमधुर गंभीर) मे गूंथे गये युक्ति जाल से परिचित होंगे। उनके प्रमाण परीक्षा पत्र परीक्षा आप्त परीक्षा आदि प्रबंध अपने-अपने विषय के बेजोड़ निबंध है ये ही निबंध एवं विद्यानंद के द्वारा विरचित अन्य ग्रंथ आगे बने हुए समस्त दि० श्वे न्याय ग्रन्थ के आधारभूत है इनके विचार तथा शब्द उत्तरकालीन दि श्वे न्याय ग्रन्थों पर अमिट छाप लगाये हुये है। यदि जैन न्याय के कोषागार से विद्यानंदि के ग्रन्थों को अलग कर दिया जाय तो वह एकदम निष्प्रभ-सा हो जायगा।

स्व प महेन्द्रकुमार जी का कथन सचमुच मे विद्यानंद के ग्रन्थों पर संक्षेप मे अपितु वस्तु का दर्शक है आचार्य विद्यानंदि उसी कोटि के विद्वान् थे।

श्वेतांबर सम्प्रदाय के माने हुये विद्वान् प्रज्ञाचक्षु प्रज्ञाविवेकी प सुखलाल जी ने एक स्थान पर लिखा है कि तत्त्वार्थ श्लोक वार्तिक मे (विद्यानंद विरचित) जितना जैसा सबल मीमांसक दर्शन का खंडन है वैसा तत्त्वार्थ सूत्र की दूसरी किसी की टीका मे नहीं तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक मे सर्वार्थ सिद्धि और राजवार्तिक मे चर्चित हुए कोई विषय छूटे नहीं बल्कि बहुत से स्थानों पर सर्वार्थसिद्धि और राजवार्तिक की अपेक्षा श्लोकवार्तिक की चर्चा बढ़ जाती है कितनी ही बातों की चर्चा तो श्लोकवार्तिक में अपूर्व ही है। राजवार्तिक मे दार्शनिक अभ्यास की विशालता है तो श्लोकवार्तिक मे इस विशालता के साथ सूक्ष्मता का तत्त्व भरा हुआ दृष्टिगोचर हो रहा है समग्र जैन वाङ्मय मे जो थोड़ी बहुत कृतियां

महत्त्व रखती हैं उनमें की दो कृतिया राजवार्तिक व श्लोकवार्तिक भी हैं। 'तत्त्वार्थ सूत्र पर उपलब्ध श्वेतांबर साहित्य में से एक भी ग्रन्थ राजवार्तिक या श्लोकवार्तिक की तुलना कर सके ऐसा दिखाई नहीं देता।'

प० सुखलाल जी का यह कथन सचमुच मे अथ पूण है। एव विद्यानद के अद्भत विद्वता को सूचित करने के लिए पर्याप्त है।

उत्तरवर्ती ग्रन्थकर्ताओं पर प्रभाव

यह असामान्य प्रभाव उत्तरवर्ती ग्रन्थकर्ताओ पर भी निश्चित रूप से पडा है अनेको ने विद्यानंद की शैली को अपनाया है तो अनको ने विद्यानन्द के वचनो का उद्धरण किया है अनेको ने विद्यानद के निमल आचार एव वाग्वलय की प्रशसा की है।

श्रीमद विद्यानन्द के ग्रन्थो का परिशीलन करने पर ज्ञात होता है कि वे केवल न्यायशास्त्र के ही प्रकाड पडित नही थे अपितु व्याकरण साहित्य छद व सिद्धात के भी निष्णात विद्वान थ इसलिये उन्होने अपनी विद्वत्ता द्वारा उनका समावेश अपने ग्र थो म किया है अत उत्तरवर्ती ग्रन्थकारो ने उनके उद्धरण को महत्त्व दिया हो तो आश्चय की बात नही है।

उत्तरवर्ती ग्र थकार माणिक्यनदि वादिराजसूरि प्रभाचद्र अभयदेव वादिदेवसूरि हेमचद्र लघु समतभद्र धमभूषण यशोविजय आदि विद्वानो ने अपने ग्रन्था मे विद्यानन्द के ग्रन्थो से मागदशन प्राप्त किया है। इतना ही नही कही कही विद्यान द के उद्धरणो को भी स्थान दिया है। अनेक उत्तर वर्ती ग्रन्थकारो ने विद्यानद के विद्या वभव की प्रशसा करते हुए अपने ग्र थ श्री की शोभा बढाई है।

न्यायविनिश्चय मे ग्रथकार ने निम्न श्लोक के द्वारा विद्यान द भी प्रशसा की है।

देवस्य शासनमतीवगभीरमतत
तात्पयत क इह बोधमतीवदक्ष ।
विद्वान न चेत सदगुणचद्रमुनिर्न विद्या
नदोऽनवद्यचरण सदनत बोध ॥

[न्यायविनिश्चय]

भगवान अकलक देव के गभीर वचनो की गु त्थियो को अगर निर्दोष चारित्र को धारण करने वाले विद्यानद न होते तो कौन समझने मे समर्थ होता ? सचमुच मे यह विद्यानद का ही प्रसाद है उन्होंने अष्टसहस्री ग्र थ में उसका रहस्योदघाटन किया है ।

---

१ प सुखलाल जी ने तत्त्वाथ सूत्र की प्रस्तावना मे यह निर्देश किया है। इसलिए विद्यानद की इसी विषय की कृति का इसमें विवेचन है।

वादिराज सूरि ने पार्श्वनाथ चरित में श्री विद्यानद की प्रशसा करते हुए लिखा है कि

ऋजुसूत्र स्फुरद्रत्न विद्यानंदस्य विस्मय
शृण्वतामप्यलकार दीप्तिरंगेषु रगति ।। [अ १ श्लोक २८]

विद्यानंद के सरल सतेज दार्शनिक विचारो को सुनने मे भी बहुत बडा आनद आता है वह भी अपने शरीर में अलकार के रूप मे परिवर्तित होता है तो उसके अध्ययन व अनुभव मे न मालूम कितना आनद होता होगा ।

इस प्रकार उत्तरवर्ती अनेक ग्रन्थकारो ने विद्यानद का उल्लेख अपने ग्रथो मे गौरवपूवक किया है ।

प्रमाण परीक्षा के प्रारभ मे मगलाचरण के रूप श्री जिनेश्वर की वदना करते हुए अपने नाम का दिग्दशन करात हुए विद्यानद स्वामी ने जिनश्वर का विशेषण उस विद्यानद पद को किया है ।

जयति निर्जिताशेषसवथकालनीतय ।
सत्यवाक्याधिपा शश्वद्विद्यानदा जिनेश्वरा ।।

[प्रमाणपरीक्षा ममलाचरण]

इन उद्धरणो से विद्यानद की महत्ता सहज समझ मे आ सकती है । पत्र परीक्षा के अत मे विद्यानद की प्रशसा म निम्नलिखित श्लोक पाया जाता है ।

जीयान्निरस्तनिश्शेषसवथकातशासनम
सदा श्रीवदधमानस्य विद्यानदस्य शासनम ।।

इसम विद्यान द न अपन नाम का उल्लेख करत हुए भी भगवान महावीर के लिए विद्यानद विशेषण का प्रयोग किया है ।

आप्त परीक्षा की प्रशस्ति म स्वय विद्यानन्द न लिखा कि —

स जयतु विद्यानदो रत्नत्रयभूरिभूषणस्सततम
तत्त्वार्थार्णवतरण सदुपाय प्रकटितो येन ।।

रत्नत्रय के द्वारा विभषित समथ विद्यानद सदा जयवत रह जिन्होन तत्त्वाथ समुद्र को तरन का सरल उपाय प्रकट किया है । ऐसे विद्यानद के द्वारा प्रकृत अष्टसहस्री की रचना की गई है ।

आचार्य विद्यानदिकी कृतियो से स्पष्ट है कि वे एक प्रतिभा सपन्न तार्किक थे उन्होने उसी दृष्टि से अनेक गन्थ रत्नो की रचना की है ।

आचाय विद्यानदिका काल

ऐसे आचाय पु गव का समय कौन सा था इस सबध मे तार्किक जिज्ञासुओ को जानने की इच्छा होना साहजिक है । परतु आचाय ने अपने किसी भी ग्रन्थ मे अपने समय का स्पष्ट उल्लेख नही किया

है। अत उनके ग्रन्थों से हम समय निर्धारण नहीं कर सकते हैं तथापि अन्य अनेक अनुमानो से उनके समय का निर्धारण हो सकता है इस दृष्टि से अनेक ऐतिहासिक विद्वानो के द्वारा उनके समय का अनुमान किया गया है। विद्वानों ने उन्हे करीब आठवी शताब्दी के पूर्वार्ध मे होने का निर्णय किया है न्याया चार्य प० दरबारीलाल जी कोठिया ने आप्त परीक्षा की प्रस्तावना लिखते हुए आप्त परीक्षा के कर्ता महर्षि विद्यानन्दि के समय का भी उल्लेख किया है समय निर्धारण मे उन्होने निम्नलिखित प्रमाण उपस्थित किये है। वह इस प्रसग मे उपयुक्त होगे।

(१) न्यायसूत्र पर लिखे गये वात्स्यायन के न्यायभाष्य और न्यायसूत्र तथा न्यायभाष्य पर रचेगये उद्योतकर के न्यायवार्तिक इस तीनो का तत्त्वार्थ श्लोक वार्तिक आदि में सविस्तत समालोचना की है उद्योतकर का समय ई सन ६ माना जाता है।

(२) तत्त्वार्थ श्लोक वार्तिक और अष्टसहस्री आदि ग्रन्थो में विद्यानद ने प्रसिद्ध शब्दाद्वैतवादी भर्तृहरिका नाम लेकर एव अनुल्लेख से भी उनके वाक्य प्रदीप ग्रन्थ की कारिकाओ को उदघृत कर खंडन किया है भर्तृहरिका समय करीब ६ से ६५ तक सुनिर्णीत है।

(३) जैमिनि शवर कुमारिल भट्ट और प्रभाकर इन मीमासक विद्वानो के सिद्धान्तो का विद्यानद ने अपने ग्रन्थो मे निरसन किया है कुमारिल भट्ट प्रभाकर का समय ई सन ६२५ से ६८ तक सुनिर्णीत है।

(४) कणाद के वशेषिक सूत्र पर लिखे गये प्रशस्तपाद के प्रशस्तपादभाष्य एव उस पर रची गई व्योम शिवाचाय की व्योमवती टीका की आचाय विद्यानद ने आप्त परीक्षा मे आलोचना की है। व्योमशिवाचाय का समय ७ वी सदी का उत्तराध माना जाता है। (अर्थात विद्यानद सातवी शती के उत्तरकालीन सिद्ध होते है)।

(५) धमकीर्ति और उनके अनुगामी प्रज्ञाकर तथा धर्मोत्तर का अष्टसहस्री मे एव प्रमाण परीक्षा मे विद्यानद ने खडन किया है। प्रज्ञाकर व धर्मोत्तर का आठवी सदी का प्रारभिक काल माना जाता है।

(६) अष्टसहस्री मे मडनमिश्र का खडन किया गया है। श्लोक वार्तिक मे भी मडनमिश्र के सिद्धान्तो का खडन किया गया है मडन मिश्र का भी समय आठवी सदी का प्रारभ माना जाता है। इसी प्रकार शकराचाय के प्रधान शिष्य सुरेश्वर मिश्र के ग्रन्थो का उल्लेख कर आचाय विद्यानद ने खडन किया है सुरेश्वर मिश्र का समय भी आठवी सदी का प्रारभ माना जाता है। इसके उत्तरवर्तिग्रथ कारो के उद्धरण आचाय विद्यानदि के ग्रन्थो मे पाये नही जाते है। इसलिए उनका समय आठवी शताब्दी के पूर्वार्धका जो विद्वाना ने निर्णय किया है वही समुचित होना है। उनके उत्तरवर्ति ग्रन्थकारों मे किसी किसी न उनकी स्तुति की है। इससे भी वे उनसे पूववर्ती हुए हैं। यह सुनिश्चित विषय है।

वादिराज सूरि ने अपने न्याय विनिश्चय विवरण व पार्श्वनाथ चरित में विद्यानद का स्मरण किया है। न्यायविनिश्चय विवरणकार १०२५ सन् में हुए हैं।

प्रशस्त पाद भाष्य पर चार टीकायें लिखी गई हैं उनमें सिर्फ व्योमवती टीका का विद्यानद ने निरसन किया है अन्य तीन टोकाओ का निरसन नहीं किया इससे ज्ञात होता है कि विद्यानद के समय वे तीन टीकायें नही थीं न्याय कन्दली के टीकाकार श्रीधर का समय १ वी सदी का माना जाता है उदयन का भी समय प्राय वही है इससे विद्यानद उदयन व श्रीधर से पूर्ववर्ती सिद्ध होते हैं।

अष्टसहस्री की अतिम प्रशस्ति मे विद्यानद ने दो पद्य दिये हैं। उनमें दूसरा पद्य इस प्रकार है।

कष्टसहस्री सिद्धा साष्टसहस्रीयमत्र मे पुष्यात
शश्वदभीष्टसहस्री कुमारसेनोक्तिवर्धमानार्था ॥

इससे स्पष्ट होता है कि अकलक की अष्टशती पर कुमारसेन की कोई टिप्पणी होगी वह विद्यानद के समय अवश्य रही होगी उसको स्पष्टीकरण करने के लिए ही यह अष्टसहस्री की रचना की गई है। कुमारसेन का समय निश्चित ७८३ से पहिले है। क्योकि हरिवशकार जिनसेन ने अपने ग्रथ मे कुमारसेनका स्मरण किया है इसलिए कुमारसेन जिनसेन के भी पूववर्ती प्रतीत होते हैं। इसलिए आचाय विद्यानद किसी भी तरह ७ वी सदी के अतिम भाग म नही हो सकने हैं अगर वे होगे भी तो उनका वह प्रात काल हो सकता है ग्रथ निर्मित का काल नही माना जा सकता है। यह सुनिश्चित है।

आचाय विद्यानद ने अपने श्लोक वार्तिक के अत मे श्लेष रूप मे शिवमार राजा का उल्लेख किया है। इससे मालूम होता है कि उनके समय मे शिवमार शासक था गगवशी श्रीपुरुष नरेश का उत्तराधिकारी शिवमार (द्वितीय) था। जिसका समय आठवी शती का प्रारभ माना जाता है। यह जन धम का अनन्य भक्त था इसने श्रवण बेलगोला के चद्रगिरि पर एक जिन मदिर बनवाया था जिसका नाम शिवमारनबसदि है कन्नड मे बसदिका अथ मदिर है। इस बसदि के पास ही चट्टान पर शिवमारन बसदि यह लेख भी अकित है। इसका समय करीब ८१० सन् का माना जाता है। उसके बाद इसका भतीजा सत्य वाक्य राजपट्ट पर आया उसका भी उल्लेख आचाय विद्यानद ने किया है वह करीब ८१६ के आसपास पट्टाधिकारी हुआ था तदनतर वर्षों उसका काय काल रहा होगा आचाय विद्यानदि ने भी उसके राजाश्रय को पाकर अपने ग्र थो का निर्माण निरातक के रूप मे किया सत्य वाक्य को धारण करने वाले कई राजा हुए है सत्य शासन परीक्षा नामक ग्र थ की रचना भी इसी सत्यवाक्य शासक के काल मे ही रची गई है।

इन सब प्रमाणो से हम निष्कष पर पहुचते हैं कि आचाय विद्यानद के ग्र थ निर्माण का समय सन् ८०० से ८४० तक रहा होगा। उसी काल मे उन्होंने अपने ग्र थो का निर्माण किया है। अष्टसहस्री

व तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिकालंकार उनकी प्रौढ़ रचनायें हैं आयु के उत्तर काल में इनकी उन्होंने रचना की होगी सत्यशासनपरीक्षा विद्यानंद की अंतिम रचना प्रतीत होती है ।

अष्टसहस्री की कष्टमय हिंदी टीका

न्याय ग्रंथों की हिन्दी या भाषा टीका करना सरल काम नहीं है । सिद्धान्त और काव्यों का भावांतर सरल व सरस हो जाता है परन्तु न्याय शास्त्र की पारिभाषिक शली का भाषानुवाद शुष्क ही नही दुरधिगम्य भी हो जाता है । तथापि पूज्य विदुषी आर्यिका ज्ञानमती माताजी ने इसकी टीका न्याय लोक में उपस्थित कर सचमुच मे एक लोकोत्तर काय किया है इसमे कोई सन्देह नही है ।

पूज्य आर्यिका श्री ज्ञानमती जी साध्वीमणि हैं

बालब्रह्मचारिणी आर्यिका ज्ञानमती जी का क्षयोपशम अलौकिक है आपने बाल्य काल से हा विरक्ति को पाकर आचार्य देशभूषणजी महाराज से क्षुल्लिका दीक्षा ग्रहण की तदनतर परम पूज्य स्व० आचार्य वीर सागर महाराज से आर्यिका दीक्षा ग्रहण की सघ मे निरतर अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग क्रमबद्ध रूप से शब्द अलकार व्याकरण न्याय सिद्धान्तो का अध्ययन जारी रहा केवल पठन की दष्टि ही नही, ग्रन्थो के अन्तस्तल मे पहुचकर उनके सूक्ष्म मर्मको समझने के नपुण्य को उन्होने प्राप्त किया विद्यालयो मे दसो वष रहकर क्रम बद्ध शास्त्रीय कक्षा तक अध्ययन करने वाले छात्रो मे वह योग्यता प्राप्त नही होती है जो योग्यता ग्रन्थ का सूक्ष्मतल स्पर्शी ज्ञान आर्यिका ज्ञानमतीजी को प्राप्त हो गई है । इससे यह श्रद्धा दृढीभूत होती है कि सम्यग्दशन के साथ सिफ ज्ञान ही पर्याप्त नही है चारित्र पूवक जो ज्ञान है उसमे विशिष्ट क्षयोपशम की प्राप्ति होती है तप की प्रखरता से ज्ञान भी निखर उठता है । इस बात के लिए आर्यिका ज्ञानमती माता जी ही निदशन है । बहुत दूर जाने की आवश्यकता नही है जिस अष्टसहस्री को कष्टसहस्री समझकर विद्यार्थी पठन से विद्वान पाठनमे उपेक्षा करते हैं उस अष्टसहस्री का बिना किसी की सहायता के स्वय अध्ययन कर अर्थ करना भाषातर लिखना सुबोध अनुवाद का निर्माण करना यह उनके तपपूत प्रज्ञातिशय का ही काम है यह सब साधारण को साध्य नही है । आचार्य शातिसागर जी की परम्परा मे प्राप्त ऐसी साध्वीरत्नो से जन समाज के साधु समुदाय का मुख उज्वल है मस्तक ऊंचा है यह लिखने मे हमें जरा भी सकोच नही होता है ।

टिकैतनगर (उ प्र) सदृश छोटे से कस्बे मे जन्म होने पर सर्व भारत के कोने कोने मे विहार तत्तत्प्रान्तीय भाषाओ का प्रगाढ़ परिचय साधु सन्तो के प्रतिनितात भक्ति विद्वानों के प्रति वात्सल्य मय स्नेह गुणिजनों के प्रति धम स्नेहयुक्त समादर यह माताजी की विशेषता है ।

कन्नड, मराठी हिंदी सस्कृत व प्राकृत ग्रन्थो में सूक्ष्मतम प्रवेश ही नहीं अपितु उन भाषाओं मे काव्यरचना की योग्यता भी माताजी मे है अनेक काव्यमय ग्रन्थ उनकी ज्ञान गंगा से प्रवाहित हुए हैं एव

सम्मानादर को पा चुके हैं। विपुल प्रमाण में ज्ञानदान करने के कारण उनका नाम सचमुच मे सार्थक है।

चातुर्मास में प्राय निन्तर अध्ययन अध्यापनादि के कारण स्वपर कल्याण के महान कार्य मे वे सलग्न होती हैं उनका चातुर्मास प्राय सर्वत्र हुआ है कर्नाटक महाराष्ट्र मध्य प्रदेश राजस्थान एव उत्तर प्रदेश के भव्य वर्गों के हृदय में उन्होने अपनी अमिट छाप छोडदी है। वे सपने में जागृत अवस्था मे उनका स्मरण करते रहते हैं। उनकी कृपा से कभी उऋण नही हो सकेंगे।

पूज्य माताजी जिस प्रकार ज्ञान की धनी है उसी प्रकार वे प्रवचन मे भी पट हैं ज्ञानाराधना और चीज हैं गणधर बनकर द्वादशांग वाणीका विस्तार विवेचन करना और बात है सबको यह सिद्धि प्राप्त नही होती है। पूज्य विदुषी आर्यिका ज्ञानमती म यह विशेषता है कि वे अपने हस्तगत ज्ञान को दूसरो के सामने करतलामलकवत सुस्पष्ट रूप से रख सकती हैं। कठिन से कठिन विषयो को सरल बनाकर लोक के सामने रखने मे आप सिद्ध हस्त हैं।

भारत की राजधानी देहली मे उन्होने भगवान महावीर निर्वाण रजत शती वष मे जो त्रिलोक शोध सस्थान सदृश आवश्यक व अनिवाय काय का जो नेतृत्व किया है वह अभिनन्दनीय है। उस त्रिलोक शोध-सस्थान भवन का यह महान कार्य कलश के रूप मे सिद्ध होगा माताजी का काय अनुपम है। दुरूह है दु साध्य है सवजनोपयोगी है। केवल उनके प्रति अनन्य भक्ति होने से ही दो शब्दपुष्प उन्हें समर्पित किये है।

कल्याण भवन
शोलापुर (महाराष्ट)
१ जन १९७४

वधमान पाश्वनाथ शास्त्री

प्राक् कथन

आ० विद्यानन्द और उनके ग्रन्थ-वाक्यो का अपने ग्रन्थो मे उद्धरणादिरूप से उल्लेख करने वाले उत्तरवर्ती ग्रन्थकारो के समुल्लेखो तथा विद्यानन्द की स्वय की रचनाओ पर से जो उनका सक्षिप्त किन्तु अत्यन्त प्रामाणिक परिचय उपलब्ध होता है उस पर से विदित है[1] कि विद्यान द वतमान मसूर राज्य के पूववर्ती गगराजाओ—शिवमार द्वितीय (ई ८१) और उसके उत्तराधिकारी राजमल्ल सत्य वाक्य प्रथम (ई ८१६) के समकालीन विद्वान हैं। इनका कायक्षत्र मुख्यतया इ ही गगराजाओ का राज्य मैसूर प्रान्त का वह बहु भाग था जिसे 'गगवाडि प्रदेश कहा जाता था। यह राज्य लगभग ईसवी चौथी शताब्दी से ग्यारहवीं शताब्दी तक रहा और आठवी शती मे श्री पुरुष (शिवमार द्वितीय के पूर्वाधिकारी) के राज्यकाल मे वह चरम उन्नति को प्राप्त था। शिलालेखो तथा दानपत्रो से ज्ञात होता है कि इस राज्य के साथ जनधर्म का घनिष्ठ सम्ब ध रहा है। जैनाचाय सिंहनन्दि ने इसकी स्थापना मे भारी सहायता की थी और आचाय पूज्यपाद-देवनन्दि इस राज्य के गग नरेश दुर्विनीत (लगभग ई ५) के राजगुरु थे। अत आश्चय नही कि ऐसे जिनशासन और जनाचाय भक्त राज्य मे विद्यान द ने बहुवास किया हो और वहा अपने बहुत समय साध्य विशाल तार्किक ग्र थो का प्रणयन किया हो। काय क्षत्र की तरह सभवत यही प्रदेश उनकी ज मभूमि भी रहा ज्ञात होता है क्योंकि अपनी ग्र थ प्रशस्तियो मे उल्लिखित इस प्रदेश के राजाओ की उन्होने पर्याप्त प्रशसा एव यशोगान किया है।[2] इन्ही तथा दूसरे प्रमाणो से विद्यानन्द का समय इन्ही राजाओ का काल स्पष्ट ज्ञात होता है। अर्थात् विद्यानन्द ई ७७ से ८४६ के विद्वान् निश्चित होते हैं।[3]

विद्यानन्द के विशाल पाण्डित्य सूक्ष्म प्रज्ञा विलक्षण प्रतिभा गम्भीर विचारणा अद्भूत अध्ययनशीलता अपूव तकणा आदि के सुन्दर और आश्चयजनक उदाहरण उनकी रचनाओ म पद पद पर मिलते हैं। उनके ग्रन्थो मे प्रचुर व्याकरण के सिद्धि प्रयोग अनूठी पद्यात्मक काव्य रचना तर्कागम वादचर्चा प्रमाणपूण सैद्धान्तिक विवेचन और हृदयस्पर्शि जिन शासन भक्ति उन्ह नि सन्देह उत्कृष्ट वयाकरण श्रेष्ठतम कवि अद्वितीय वादी महान् सद्धान्ती और सच्चा जिनशासनभक्त सिद्ध करने में पुष्कल समथ हैं। वस्तुत विद्यानन्द जसा सवतोमुखी प्रतिभावान तार्किक उनके बाद भारतीय वाङ मय

१ देखिए, लेखक द्वारा सम्पादित आप्त-परीक्षा की प्रस्तावना।

२ वही प्रस्तावना पृ ५३ तथा ५४।

३ „ „ „

परम पूज्य १०८ आचाय श्री शिवसागरजी महाराज

जन्म—	क्षुल्लक दीक्षा—	मुनि दीक्षा—
अडगाँव	आचाय प्रवर श्री वीरसागरजी महाराज स	
(औरगाबाद महा) वि स १९५८	फाल्गुन शुक्ला ५ वि स २ सिद्ध क्षत्र सिद्धवरकूट (म प्र)	वि स २ ६ आषाढ़ शु ११ नागौर (राज)

आचायपट्ट—कातिक शु ११ वि स २ १४— खानिया जयपुर (राज)

स्वगवास—फाल्गुन कृष्णा ३ वि स २ २५—श्री महावीरजी

में कम-से-कम जैन परम्परा में तो दृष्टिगोचर नहीं होता। यही कारण है कि उनकी प्रतिभापूर्ण कृतियां उत्तरवर्ती माणिक्यनन्दि वादिराज प्रभाचन्द्र अभयदेव वादिदेवसूरि हेमचन्द्र लघु समन्तभद्र अभिनव धमभूषण उपाध्याय यशोविजय आदि जैन तार्किकों के लिए पथप्रदर्शक एव अनुकरणीय सिद्ध हुई हैं। माणिक्यनन्दि का परीक्षामुख जहां अकलङ्क देव के वाङ मय का उपजीव्य है वहा वह विद्यानन्द की प्रमाणपरीक्षा आदि तार्किक रचनाओ का भी आभारी है । उस पर उनका उल्लेखनीय प्रभाव है।[1] वादिराज सूरि[2] (ई १०२५) ने लिखा है कि यदि विद्यानन्द अकलङ्क देव के वाङ मय का रहस्योद् घाटन न करते तो उसे कौन समझ सकता था। विदित है कि विद्यानन्द ने अपनी तीक्ष्ण प्रतिभा द्वारा अकलङ्क देव की अत्य त जटिल एव दुरूह रचना अष्टशती के तात्पर्य को अष्टसहस्री व्याख्या मे उद घाटित किया है। पाश्वनाथ चरित में भी वादिराजने विद्यानन्द के तत्वाथालङ्कार (तत्वाथश्लोकवार्तिक) तथा देवागमालङ्कार (अष्टसहस्री) की प्रशसा करते हुए यहा तक लिखा है—'आश्चय है कि विद्यानन्द के इन दीप्तिमान अलङ्कारो की चर्चा करने कराने और सुनने सुनाने वालो के भी अङ्गो में कान्ति आ जाती है तब फिर उ हें धारण करने वालो की तो बात ही क्या है। प्रभाच द्र अभयदेव देवसूरि हेम च द्र और धमभूषण की कृतियां भी विद्यान द के तार्किक ग्र थों की उपजीव्य हैं। उन्होने इनके ग्रन्थो से स्थल के स्थल उद्धत किए और अपने अभिधय को उन से पुष्ट किया है। विद्यान्द की अष्टसहस्री को जिसके विषय मे उ होने स्वय लिखा है कि हजार शास्त्रो को सुनने की अपेक्षा अकेली इस अष्टसहस्री को सुन लीजिए उसी से ही समस्त सिद्धान्तो का ज्ञान हो जायेगा पाकर यशोविजय भी इतने विभोर एव मुग्ध हुए कि उन्होने उस पर अष्टसहस्री तात्पय विवरण नाम की नव्य न्यायशली प्रपूण विस्तृत व्याख्या लिखी है। इस तरह हम देखते हैं कि आ विद्यान द एक उच्चकोटि के प्रभावशाली दाशनिक एव तार्किक थे तथा उनकी अनूठी दाशनिक कृतिया भारतीय विशेषत जनवाङ मयाकाशकी दीप्तिमान् नक्षत्र हैं।

जन दशन को उनकी अपूव देन—

विद्यानन्द ने जन दशन को दो तरह से समृद्ध किया है। एक तो अपनी कृतियो के निर्माण से और दूसरे उनमे कई विषयो पर किए गए नये चिन्तन से। हम यहा उनके इन दोनो प्रकारो पर कुछ विस्तार से विचार करेंग।

(क) कृतियां

जैन दशन के लिए विद्यानन्द की जो सबसे बड़ी देन है वह है उनकी नौ महत्वपूण रचनाए। वे ये हैं—

---

१ प्रमाण परीक्षा और परीक्षा मुख की तुलना देख—आ० प प्रस्तावना पृ २८–२९।

२ न्यायविनिश्चयविवरण भाग २ पृ १३१।

(१) विद्यानन्द महोदय (२) तत्वार्थ श्लोकवार्तिक (३) अष्टसहस्री (४) युक्त्यनुशासनालङ्कार, (५) आप्तपरीक्षा (६) प्रमाण परीक्षा (७) पत्र-परीक्षा (८) सत्यशासन परीक्षा और (९) श्रीपुर पार्श्वनाथ स्तोत्र। इनमे तत्वाथ श्लोकवार्तिक अष्टसहस्री और युक्त्यनुशासनलङ्कार ये तीन व्याख्या-ग्रन्थ हैं और शेष उनके मौलिक ग्रन्थ हैं।

(१) भावना-विधि-नियोग—इसमे सन्देह नहीं कि आ० विद्यानन्द का दर्शनान्तरीय अभ्यास अपूर्व था। वैशेषिक न्याय मीमासा चार्वाक, साख्य और बौद्ध दर्शनो के वे निष्णात विद्वान थे। उन्होंने अपने ग्रन्थो मे इन दर्शनो के जो विशद पूर्व पक्ष प्रस्तुत किए हैं और उनकी जैसी मार्मिक समीक्षा की है उससे स्पष्टतया विद्यानन्द का समग्र दर्शनो का अत्यन्त सूक्ष्म और गहरा अध्ययन जाना जाता है। किन्तु मीमासा दर्शन की भावना नियोग और वेदान्त दर्शन की विधि सम्बन्धी दुरूह चर्चा को जब हम उन्हे अपने तत्वाथ श्लोकवार्तिक और अष्टसहस्री मे विस्तार के साथ करते हुए देखते हैं तो उनकी अगाध विद्वत्ता असाधारण प्रतिभा और सूक्ष्म प्रज्ञा पर आश्चय चकित हो जाते हैं। उनका मीमासा और वेदान्त दर्शनो का कितना गहरा और तलस्पर्शी पाडित्य था यह सहज ही उनका पाठक जान जाता है। जहा तक हम जानते हैं जैन वाङ्मय मे यह भावना नियोग विधि की दुरवगाह चर्चा सर्वप्रथम तीक्ष्णबुद्धि विद्यानन्द द्वारा ही की गई है और इसलिए जैन दर्शन को यह उनकी अपूर्वदेन है। मीमासा दर्शन की जैसी और जितनी सबल मीमासा तत्वार्थश्लोकवार्तिक मे है वैसी और उतनी जैन वाङ्मय की अन्य कृतियो मे नही है।

(२) सह-क्रमानेकान्त की परिकल्पना—आचार्यमूर्धन्य गृद्धपिच्छ ने द्रव्य का लक्षण गुण और पर्याय युक्त प्रतिपादित किया है यद्यपि यही लक्षण आचार्य कुन्दकुन्द भी प्रकट कर चुके है। इस पर शङ्का की गई कि गुण सज्ञा तो इतर दार्शनिको (वैशेषिको) की है जैनो की नहीं। उनके यहा तो द्रव्य और पर्याय रूप ही वस्तु वर्णित है और इसी से उनके ग्राहक द्रव्यार्थिक तथा पर्यायार्थिक इन दो ही नयो का उपदेश है। यदि गुण भी उनके यहां मान्य हो तो उसको ग्रहण करने के लिए एक और तीसरे गुणार्थिक नय की भी व्यवस्था होना चाहिये? इस शङ्का का समाधान सिद्धसेन अकलङ्क और विद्यानन्द तीनो तार्किको ने किया है। सिद्धसेन ने[1] बतलाया कि गुण पर्याय से भिन्न नही—पर्याय में ही गुण सज्ञा जैनागम मे स्वीकृत है और इसलिए गुण तथा पर्याय एकार्थक होने से पर्यायार्थिक नय द्वारा ही गुण का ग्रहण होने से गुणार्थिक नय पृथक उपदिष्ट नहीहै। अकलङ्क कहते हैं कि द्रव्य का स्वरूप सामान्य और विशेष दोनों रूप है तथा सामान्य उत्सर्ग अन्वय और गुण ये सब उसके पर्याय शब्द हैं। तथा विशेष भेद पर्याय ये तीनो विशेष के पर्यायवाची हैं। अत सामान्य को ग्रहण करने वाला द्रव्यार्थिक और विशेष को विषय

श्रोतव्याष्टसहस्री श्रुतै किमन्यै सहस्रसख्यानै।
विज्ञायेत ययैव स्वसमय-परसमयसद्भाव॥ अष्टस पृ १५७।

१ देखिए सन्मतिसूत्र ३ ९ १ १२।
२ देखिए तत्वार्थवार्तिक ५ ३७।

करने वाला पर्यायार्थिक नय है। अतएव गुण का ग्राहक द्रव्यार्थिक नय ही है उससे जुदा गुणार्थिक नय प्रतिपादित नहीं हुआ। अथवा गुण और पर्याय अलग-अलग नहीं है—पर्याय का ही नाम गुण है।

सिद्धसेन और अकलङ्क के इन समाधानो के बाद भी शङ्का उठायी गयी कि यदि गुण द्रव्य या पर्याय से अतिरिक्त नही है तो द्रव्य लक्षण मे गुण और पर्याय दोनो का निवेश क्या किया ? गुणवद् द्रव्यम् या पर्यायवद् द्रव्यम् इतना ही लक्षण पर्याप्त था ? इसका उत्तर विद्यानन्द ने[1] जो दिया वह बहुत ही महत्वपूर्ण एव सूक्ष्म प्रज्ञता से भरा हुआ है। वे कहते हैं कि वस्तु दो तरह के अनेकान्तो का रूप (पिण्ड) है—१ सहानेकान्त और २ क्रमानेकान्त। सहानेकान्त का ज्ञान कराने के लिए गुणयुक्त को और क्रमानेकान्त का निश्चय कराने के लिए पर्याययुक्त को द्रव्य कहा है। अत द्रव्य लक्षण में गुण तथा पर्याय दोनो पदो का निवेश युक्त एव सार्थक है।

जहा तक हम जानते हैं विद्यानन्द से पूव अकलक देव ने सम्यगनेकान्त और मिथ्यानेकान्त के भेद से दो प्रकार के अनेकान्तो का तो प्रतिपादन किया है। परन्तु सहानेकान्त और क्रमानेकाल इन दो तरह के अनेकान्तो का कथन विद्यान द से पूव उपलब्ध नही होता। इन अनेका तो के कथन और उनकी सिद्धि के लिए द्रव्य लक्षण मे गुण तथा पर्याय दोनो शब्दो के निवेश का समाधान विद्यानन्द की अद्भुत प्रतिभा का सुपरिणाम है। उनका यह समाधान और स्पष्ट शब्दो मे सहानेकान्त और क्रमानेकान्त इन दो अनेकान्तो की परिकल्पना इतनी सजीव एव सबल सिद्ध हुई कि स्याद्वादसिद्धिकार आ वादीभसिंह ने[2] उससे प्ररणा पाकर उक्त अनेकान्तो की प्रतिष्ठा के लिए सहानेकान्तसिद्धि और क्रमानेकान्तसिद्धि नाम से दो स्वत त्र प्रकरणो की सृष्टि स्याद्वादसिद्धि मे की है तथा उनका विस्तृत विवेचन किया है।

(३) **व्यवहार और निश्चय द्वारा वस्तुविवेचन**—अध्यात्म के क्षत्र में तो व्यवहार और निश्चय द्वारा वस्तु का विवेचन किया हो जाता है पर तक के क्षत्र मे भी उनके द्वारा वस्तुविवेचन हो सकता है यह दृष्टि हमे विद्यानन्द से प्राप्त होती है। उन्होने इन दोनो नयो से अनेक स्थलो मे वस्तु विवेचन किया किया है। निष्क्रियाणि च (त सू० ५ ७) इस सूत्र की व्याख्या करते हुए वे तत्वार्थश्लोकवार्तिक [पृ ४०] में लिखते हैं कि निश्चयनय से सभी वस्तुए कथचित निष्क्रिय हैं और व्यवहारनय से कथ चित् सक्रिय हैं। लोकाकाश और धर्मादि द्र यो मे आधाराधयता का विचार करते हुए वे कहते है कि व्यवहारनय से लोकाकाश तथा धर्मादि द्र यो मे आधाराधयता है तथा निश्चयनय से उनमे उसका अभाव है। उनका तर्क है कि निश्चयनय से प्रत्येक द्रव्य अपने मे अवस्थित होता है। अन्य द्रव्य की स्थिति अन्य द्रव्य मे नही होती अ यथा उनका अपना प्रातिस्विक रूप न रहकर उनमे स्वरूप-साकय हो जायेगा। इसी तरह सब द्रव्यो मे उत्पाद व्यय और ध्रौव्य की व्यवस्था करते हुए वे त० सू ५ १६

---

१ गुणवद् द्रव्यमित्युक्त सहानेकान्त सिद्धये।
तथा पर्यायवद् द्रव्यं क्रमानेकान्त सिद्धये ॥ तत्वा श्लो पृ ४३ ।

२ स्याद्वाद सिद्धि ३ १ से ३ ७४ तथा ४ १ से ४ ८६ ।

टीका में लिखते हैं[1] कि निश्चयनय से सभी द्रव्यों की उत्पादादि व्यवस्था विस्रसा (स्वभावत) है। व्यवहारनय से उनके उत्पादादिक सहेतुक हैं। अत व्यवहार और निश्चयनय के स्वरूप को समझ कर द्रव्यो की आधाराधेयता तथा कार्यकारण भाव की व्यवस्था जहां जिस नय से की गई हो उसे उसी नय से जानना चाहिए। इस तरह विद्यानन्द का व्यवहार और निश्चय द्वारा वस्तु विचार भी जैन दर्शन के लिए उनकी एक अनन्यतम उपलब्धि है।

(४) उपादान और निमित्त का विचार—यो तो कारणो का विचार सभी दशनो मे है और उनकी विस्तार से चर्चा की गई है किन्तु जैन दशन में उनका चिन्तन बहुत सूक्ष्म किया गया है। काय की उत्पत्ति में कितने कारणों का व्यापार होता है इस सम्बन्ध मे न्याय तथा वैशेषिक दशन का मन्तव्य है कि समवायि असमवायि और सहकारी इन तीन कारणो का व्यापार कार्योत्पत्ति मे होता है। बौद्धदर्शन का मत है कि उपादान और सहकारी इन दो ही कारणो से काय उत्पन्न होता है। साख्य दशन भी कारणो का विचार करता है लेकिन उसका दृष्टिकोण कार्य की उत्पत्ति से न होकर उसके आविर्भाव से और कारण से तात्पय केवल उपादान से है। जो भी सरूप अथवा विरूप काय उत्पन्न होता है वह एकमात्र प्रकृति रूप उपादान से होता है उसका कोई प्रकृति से भिन्न सहकारी कारण नही है। जैन दशन यद्यपि बौद्ध दशन की तरह प्रत्येक काय मे उपादान और निमित्त इन दो कारणो को स्वीकार करता है। परन्तु बौद्ध दशन की मान्यता से जैन दशन की मान्यता मे बडा अतर है। बौद्ध दशन पूव रूपादिक्षण को उत्तररूपादि क्षण मे उपादान तथा रसादि को सहकारी मानता है। पर जनदशन अव्यवहित पूव पर्याय विशिष्ट द्रव्य को उपादान और कालादि सामग्री को निमित्त स्वीकार करता है। यहा हम विद्यानन्द के सूक्ष्म चिन्तन के दो उदाहरण प्रस्तुत करते है—

प्रश्न है [2]कि उपादान के नाश से उपादेय की उत्पत्ति होती है। सम्यक दशन सम्यकज्ञान का उपादान है। अत सम्यकज्ञान के उत्पन्न हो जाने पर सम्यकदशन का नाश हो जाना चाहिए? इसके उत्तर मे विद्यानन्द कहते हैं कि उपादेय की उत्पत्ति मे उपादान का नाश कथचित् इष्ट है सवथा नही अन्यथा कार्य की उत्पत्ति कभी भी न हो सकेगी। इसका स्पष्टीकरण करते हुए वे कहते हैं कि दशन परिणाम से परिणत आत्मा ही वस्तुत दशन है और वह विशिष्ट ज्ञान परिणाम की उत्पत्ति का उपादान है। अन्वय रहित केवल पर्याय या केवल जीव द्रव्य उसका उपादान नही है क्योकि केवल पर्याय या केवल जीवादि द्रव्य कमरोम आदि की तरह अवस्तु है। इसो तरह दशन ज्ञान परिणत जीव दर्शन-ज्ञान है और दशन-ज्ञान चारित्र का उपादान है क्योकि पर्याय विशेष परिणत द्रव्य उपादान है जिस प्रकार घट परिणमन मे समथ पर्यायरूप मिट्टी द्रव्य घट का उपादान होता है। विद्यानन्द[3] उपादान का स्वरूप बतलाते हुए लिखते हैं— जो पूर्व रूप को छोडता हुआ तथा अपूव रूप को न छोडता

---

१ त श्लो पृ ४ ८४११।

२ त श्लो पृ ४१।

१ तत्त्वार्थश्लोकवा पृ ६८ ६६।

हुआ तीनो कालो मे भी विद्यमान रहता है उस द्रव्य को उपादान कहा गया है। किन्तु जो सवथा अपने रूप को छोड देता है अथवा जो बिल्कुल नही छोडता वह किसी भी वस्तु का उपादान नही है। जसे सर्वथा क्षणिक या सवथा नित्य। विद्यानन्द ने उपादान के इसी लक्षण को सामने रखकर सवत्र उपा दानोपादेय की व्यवस्था की है। यह तो हुआ उनके उपादान का विचार।

इसी प्रकार उन्होने[1] निमित्त सहकारि कारण का भी चिन्तन किया है। वे लिखते हैं कि बिना सहकारी सामग्री के उपादान कायजनन मे समथ नही है। जब तक अयोग केवलि गुणस्थान का उपान्त्य और अन्त्य समय प्राप्त नही होता तब तक नामादिक कर्मों के निजरण की शक्ति प्रकट नही होती और न मुक्ति ही सम्भव है। अत अयोग केवली का अन्त्य क्षण ही शेष कर्मों के क्षय मे कारण है। इस तरह सहकारी सापेक्षित उपादान कायजनक है अकेला नही। इस प्रकार आचाय विद्यानन्द का यह उपादान और निमित्त सम्बन्धी चिन्तन जन दशन के अनेकान्तवादी दृष्टिकोण को पुष्ट करता है।

इस तरह आचाय विद्यानन्द की जन शन को कितनी ही नयी देन हैं जो उसे गौरवास्पद और सर्वादरणीय बनाती हैं।

---

१ त्यक्तात्यक्तात्मरूप यत्पूर्वापूवण वतते।
कालत्रयऽपि तद् द्रव्यमुपादानमिति स्मृतम् ॥१॥
य स्वरूप त्यजत्येव यन्न त्यजति सवथा।
तन्नोपादानमर्थस्य क्षणिक शाश्वत यथा ॥२॥ अष्ट स पृ २१ ।
स्वसामग्र्या बिना काय न हि जातुचिदीक्षत।
कालादिसामाग्रीको हि मोहक्षयस्तद्व पाविर्भावहेतुन केवल तथाऽप्रतीते ।
क्षीणऽपि मोहनीयाख्ये कमणिप्रथम क्षण।
यथा क्षीणकषायस्स शक्तिरन्त्यक्षण मता ॥
ज्ञानावरत्यादि कर्माणि हन्तु तद्वदयोगिन ।
पर्यन्त क्षण एव स्याच्छेषकमक्षयेऽप्यसौ ॥ त श्लो पृ ७ ७१।

अष्टसहस्री का प्रस्तुत संस्करण

आचार्य विद्यानन्द की कृतियों का पीछे उल्लेख कर आये हैं। अष्टसहस्री उन्ही मे से एक महनीय कृति है। इसका सन् १९१५ मे सेठ नाथारङ्ग जी गाधी द्वारा आज से ५९ वर्ष पूर्व एक बार प्रकाशन हो चुका है। किन्तु उसका हिन्दी रूपान्तर अब तक नही हो सका था। अत्यन्त प्रमोद की बात है कि अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग मे ही नहीं चारित्राचारादि पचाचार मे सतत निरत पूज्या माता श्री ज्ञानमती जी ने इस अभाव की पूर्ति का सफल एव स्तुत्य प्रयत्न किया है। अष्टसहस्री कितना जटिल और दुरवगाह दार्शनिक ग्रन्थ है इसे तज्ज्ञ विद्वान जानते हैं। एक ही स्थल पर बौद्धदर्शन की चर्चा करते-करते अन्य दर्शनो की भी चर्चा आ जाती है जिसे समझना साधारण बुद्धि का कार्य नही है। उसे समझने समझाने के लिए बुद्धि का बहु-आयाम करना पडता है। जिसका सभी भारतीय दर्शनो मे गहरा प्रवेश होगा वही अष्टसहस्री का मर्मोद्घाटन कर सकता है। माता जी ने इस दुरवगाह ग्रन्थ का हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत करके जिस साहस एव बुद्धि वैभव का परिचय दिया है वह निःसन्देह स्तुत्य है।

ज्ञानानुरागी श्री मोतीचद जी सर्राफ द्वारा प्रेषित माता जी के अष्टसहस्री अनुवाद के कुछ मुद्रित फर्मों को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्हे स्थाली पुलाक न्याय से देखकर हम अनुभव करते हैं कि माता जी ने गहराई से ग्रन्थ का अध्ययन कर यह हिन्दी रूपान्तर लिखा है। भारतीय दर्शनो का उनका तलस्पर्शी अभ्यास भी स्पष्टतया अवगत होता है। बुद्धि वैभव और सत्साहस से भरे माता जी के इस महान प्रयत्न की हम सराहना करते हैं। इसके लिए हम ही नही समस्त समाज एव विद्वद्वर्ग उनका उपकृत है। उनके द्वारा जिनशासन की अधिक काल तक प्रभावना हो यही मगल-कामनाएं हैं।

वीर-शासन-जयन्ती
श्रावण कृष्णा १ वी नि स २५
५ जुलाई १९७४
वाराणसी ५

डॉ० दरबारीलाल कोठिया
[रीडर जैन-बौद्ध दर्शन]
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

सपादकीय

प्रस्तुत अष्टसहस्री का मूल श्री तत्त्वार्थ सूत्र शास्त्र का मोक्ष मार्गस्य नेतार भेत्तार कर्मभूभृताम । ज्ञातार विश्वतत्त्वाना वदे तद्गुणलब्धये ।। यह मगलाचरण हैं । इस मगलाचरण मे स्तुति को प्राप्त भगवान आप्त की मीमांसा रूप देवागम स्तोत्र है जिसका प्रादुर्भाव समतभद्राचाय द्वारा भगवद भक्ति करते हुये सच्चे आप्त की परीक्षा रूप मे हुआ । इस देवागम स्तोत्र को आधार बनाकर अकलक देव द्वारा अष्टशती का निर्माण हुआ । जसे माला मे रग बिरगे पुष्प अथवा अनेक प्रकार के मोती माणक पन्ना आदि पिरोकर अधिक आकषक बनाया जाता है उसी तरह विद्यानद महोदय ने देवागम स्तोत्र की टीका रूप मे अष्टसहस्री का सृजन किया । अष्टसहस्री मे देवागम स्तोत्र को ऐसा गू था कि जिसने न्याय दशन का सेहरा बनकर जिनागम के मस्तक को गौरवान्वित किया ।

न्याय दशन की शृ खला मे समय-समय पर अनेक दिग्गज विद्वान जैनाचार्यों द्वारा कडियां जोडते रहने से विशाल अगल बन गई जिससे उन्मत्त वादियो को बाधना (परास्त करना) सुगम हो गया । कालचक्र निरतर चलते हुये भी इस फौलादि साकल को काट नही सका । यही कारण है कि इस विलासिता के दुगम समय मे भी जिनमत का प्रसार व प्रचार है ।

अनुवाद का बीजारोपण

अष्टसहस्री का अनुवाद समस्त दाशनिक जगत के लिये एक अनठी उपलब्धि है । किसी भी मिष्ठान्न को खा लेना और खाकर उसका आनद प्राप्त करना बहुत ही सुगम है किन्तु उसके बनाने में कितना श्रम लगा यह वही जान सकता है जिसने उसे बनाया है अथवा आद्योपात जिसने बनते देखा है व बनाने मे सहयोग दिया है ।

किसी भी चीज को बनाने वाला या किसी काम को करने वाला जब उसमे तन्मय होता है तब वह उसका स्वाभाविक आस्वाद प्राप्त कर लेता है । बल्कि यहा तक देखने मे आता है कि वस्तु के उपभोक्ता से भी अधिक आनद निर्माता को प्राप्त होता है ।

ठीक यही स्थिति ग्रन्थ निर्माता आचार्यों की रही है । परम निग्र न्थ गुरू भगवान् कदकुद पूज्यपाद समतभद्र अकलक देव जिनसेन पुष्पदंत भूतबली अमृतचद्र विद्यानद आदि ने आत्मानद में निमग्न हो होकर उसी को जंगलो मे बैठकर ताडपत्रो पर लिपी बद्ध कर दिया । जिनका स्वाध्याय करके हम भी अपनी आत्मानुभूति का मार्ग खोज रहे हैं । जो आनद उन्होंने प्राप्त किया उसका शतांश भी हमको

अनुपलब्ध है।

जिस कार्य के बारे मे इस वतमान समय मे सोचना भी कठिन है उस अष्टसहस्री का भाषा अनुवाद पू० श्री ज्ञानमती माताजी ने सहज मे करके एक आश्चय जनक कार्य किया है। अधिकांश प्राचीन ग्रन्थो का सृजन शिष्यों के अध्यापन अथवा प्रश्नो के निमित्त से हुआ है। इसी प्रकार से इस ग्रन्थ के भाषांतर का शुभारभ भी माताजी ने साधुओ और शिष्यो को अध्ययन कराते हुये किया।

राजस्थान की जैन नगरी जयपुर को इस बात का गौरव प्राप्त है कि जहां से इसके अनुवाद कार्य का बीजारोपण हुआ। वसे प्राचीन समय से इस नगरी का महान सौभाग्य रहा है जहा अनेको विद्वानो ने ग्रन्थो का निर्माण अनुवाद आदि करके जिनवाणी की महिमा को दिगदिगत व्यापी बनाया है। इस पुण्यशाली नगरी मे सवदा दिगबर मुनि सघो का आवागमन बना रहता है।

वि० स २०२५ मे शान्तिवीर नगर श्री महावीर जी (राज) मे हुई पचकल्याणक प्रतिष्ठा के अनतर नवीन आचाय श्री धमसागर जी महाराज विशाल सघ को लेकर स्व आचाय प्रवर श्री वीर सागर जी महाराज की निषीधिका के दशनाथ जयपर (खानिया) पधारे एव जयपुर वासियो के अत्याधिक आग्रह पर श्री १ ८ आदिनाथ जिन मदिर (मेहदी वालो का चौक रामगज बा जार बडी चौपड) में चातुर्मास की स्थापना की।

अनुवाद का शुभारम्भ —

वर्षायोग मे एक स्थान पर लगातार चार महीने तक निश्चित ठहरन के निमित्त से साधुओ का ध्यान अध्ययन विशेष होता है। वरिष्ठता के कारण माताजी ने आर्यिका सघ सबधी अनक दनिक व्यवस्थाओ को सम्हालने के साथ साथ अध्ययन आदि कराते हुए प्रस्तुत अष्टसहस्री के अनुवाद काय मे भी थोडा थोडा समय लगाना प्रारभ किया। समय बीतता गया और काय को तीव्र गति प्राप्त होती गई। अनुवाद काय की समाप्ति से पूर्व वि स २ २७ का आगामी चातुमास आ गया इस बार के चातुर्मास का सुयोग टोक (राज) को प्राप्त हुआ। चातुर्मास समाप्ति तक अनुवाद कार्य भी चरम सीमा को प्राप्त हो चका था किंतु निर्विघ्न काय समाप्ति का श्रय टोडारायसिंह (टोक राज०) (आ० श्री वीरसागर जी महाराज के शिष्य मुनि सन्मति सागरजी की जन्मभूमि) को प्राप्त हुआ।

अनुवाद काय तो हो चका था किंतु मध्य का कुछ प्रकरण देखे बिना ही क्लिष्ट समझकर छोड दिया था वह था भावना नियोग अधिकार। यह प्रकरण अतिक्लिष्ट एव गहन होने से परीक्षा कोर्स मे भी छोड दिया गया है। इसी वजह से माताजी ने भी उतने पृष्ठो को प्रारभ मे ही छोड़कर अनुवाद किया। एव यह विचार किया कि न्याय दशन के किसी विशिष्ट जैन विद्वान के सहयोग से चर्चा के उपरात इसका अनुवाद करना उचित होगा।

कई विद्वानो से पत्र व्यवहार किया गया किंतु बहुतो न तो यह कहकर असमथता प्रकट की कि न्याय दशन हमारा विषय ही नही है, किन्ही का कहना रहा कि अब न्याय का विषय हमारी स्मृति से

ओझल हो गया है। जो कुछ थोड़े से विद्वान इस विषय के ममज्ञ हैं उन्होने वृद्धावस्था के कारण शारीरिक एवं मानसिक कमजोरी वश इस कठिन कार्य को करने में असमर्थता प्रकट कर दी।

ऐसी स्थिति में एक कठिन समस्या उपस्थित हो गई थी। किंतु आत्म विश्वास के साथ भगवान के चरण सानिध्य मे बैठकर छोड हुये भाग का अनुवाद कार्य स्वयं माताजी ने प्रारंभ किया एवं यथाशीघ्र (लगभग १० दिन मे) उसे भी पूर्ण कर लिया। मनमें कृति को अपूर्ण न रहने देने की जो अपूर्व लगन थी उसी के फल स्वरूप दुरूह् काय भी सुगमता से हो गया। उक्त प्रकरण का अनुवाद करने के उपरात माताजी ने बताया कि यह प्रकरण भी उतना क्लिष्ट नही है जितना समझा गया है।

अनुवाद समापन समारोह —

पौष माह की पूर्णिमा का वह उज्ज्वल दिवस था जिस दिन अनुवाद कार्य सानद सम्पन्न हुआ। इसी दिन आचाय श्री धमसागर जी महाराज का ५७ वां जन्म दिन भी मनाया गया। अनुवाद कार्य की समाप्ति के हर्षोपलक्ष्य मे शाति विधान पूवक समाप्ति की गई एव विशाल रथयात्रा के साथ अनुवादित हस्तलिखित प्रतियो को सुन्दर पालकी मे विराजमान करके आरती पूजनादि के द्वारा महती प्रभावना की गई।

माताजी ने तो अनुवाद पूण कर दिया एव आचार्यों के मनोभावो का रसास्वादन प्राप्त कर लिया। किन्तु हमारे भाव यह हुए कि इसे शीघ्र ही प्रकाशित किया जावे। जिससे जन न्याय के पाठक विद्यार्थी एव स्वाध्याय प्रमी अष्टसहस्री के मम को हृदयगम कर सक। भाव करन मे न तो कुछ शक्ति लगानी पडती है नही कुछ खच करना पडता है। अनुवाद के अनन्तर १ वष का समय व्यतीत हो गया।

प्रकाशन से पूर्व समस्यायें —

प्रकाशन के पूव जो सबसे पहली समस्या आई वह थी पुनसशोधन की। इसके लिये फिर विद्वानो का सहयोग लेने के लिये प्रयास किया गया किन्तु कुछ भी सार नही निकला। बडी आशाए थी परम तपस्वी पू आचाय श्री महावीर कीर्ति महाराज से किन्तु वे असमय मे ही स्वगस्थ हो गए। अतिम एक और सहारा थे पू० आचाय श्री ज्ञानसागर जी महाराज। उन्होने प्रारंभिक कुछ पृष्ठ पढाकर सुने एव यथावश्यक दो चार जगह प्रकरण को कुछ अधिक स्पष्ट भी कराया किन्तु अतिवृद्धावस्था से इन्द्रियो की शिथिलता के कारण और अधिक सशोधन नही करा सके और उन्होने कई बार ये शब्द कहे कि हिन्दी अनुवाद बहुत ही सरल स्पष्ट और सुन्दर हुआ है। अततोगत्वा पुन माताजी से ही निवेदन करना पडा कि स्वय एक बार फिर सूक्ष्मता से दृष्टि डालकर परिमार्जित कर दें। पू माताजी ने अन्य अनेक जरूरी कामों को भी गौण करके अपना अमूल्य समय एवं सपूर्ण शक्ति इसी मे लगाकर कृति को पूर्ण विशुद्ध बना दिया।

हस्तलिखित प्रति की प्राप्ति —

अनुवाद के समय छपी हुई मूल अष्टसहस्री के अलावा आधार था केवल देव गुरु शास्त्र की अगाढ़ श्रद्धाभक्ति का। जब वि० स० २०२९ के अजमेर चातुर्मास के उपरात ब्यावर आये तो० पं० हीरालाल जी सिद्धान्त शास्त्री से अष्टसहस्री के विषय में कुछ चर्चा हुई उन्होंने भी कुछ पृष्ठों का अवलोकन किया था व्यस्तता के कारण वे भी पूर्ण रूप से नहीं देख सके किन्तु उन्होंने इस अनुवाद पर सतोष व्यक्त करते हुये माताजी के कार्य की प्रशसा की थी। पडित हीरालाल जी के सौजन्य से ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन ब्यावर के विशाल ग्रथ भण्डार से लगभग ४०० वर्ष प्राचीन एक हस्तलिखित अष्टसहस्री प्राप्त हुई इस प्रति मे छपी हुई से कुछ अधिक टिप्पणिया एव पाठान्तर दे रखे थे जिनसे अर्थ का विशेष स्पष्टीकरण होता है। यदि यह प्रति अनुवाद से पूर्व सामने होती तो अनुवाद मे जितना श्रम लगा उसमे सहायता मिलती। इसकी विशेष टिप्पणियो एव पाठान्तरो को माताजी ने इस ग्रन्थ मे जोड लिया है।

प्रकाशन का निश्चय —

जब प्रकाशन की तैयारी हो चुकी तो प्रेस की समस्या सामने आई। ब्यावर मे तो कोई ऐसा प्रेस उपलब्ध नहीं हुआ जिसमें सस्कृत का कार्य हो सके। तब प० अभय कुमार जी अजमेर (प्रबन्धक जैन गजट साप्ताहिक) के सहयोग से केशव आर्ट प्रिंटर्स हाथी भाटा अजमेर के यहां छपना प्रारभ हुआ। संस्कृत प्रूफ रीडिंग एव पेज कटिंग के लिये कई लोगो से बात की गई किंतु अततोगत्वा प्रूफ रीडिंग का कार्य हमें ही करना पडा। कटिंग एव फाइनल प्रूफ रीडिंग का कार्य भार माताजी पर ही छोडा गया क्योंकि और कोई करने मे सक्षम भी नहीं था।

प्रकाशन-व्यवस्था अजमेर से दिल्ली—

बडी कठिनाई से यह व्यवस्था बन पाई थी कि सघ का विहार दिल्ली के लिये हो गया। पुन यह समस्या उपस्थित हो गई कि इतनी दूर रहकर यह काम चलाना अशक्य है अत दिल्ली मे सस्कृत का काम करने वाले अनुभवी प्रेस की तलाश की गई। सम्राट प्रेस पहाडी धीरज इसके लिये सक्षम रहा। अजमेर से छपे हुये फर्मे व अवशेष कागज आने तक छह माह बीत गये एव प्रेस निर्णय के बाद भी टाइप आदि की व्यवस्था में ३ माह और निकल गये। पुन वि स २०२९ मे भाद्रपद माह के शुभ दिन से छपाई का कार्य मंदगति से चलने लगा।

सरल न्यायसार—

छपाई का कार्य चलते हुये कई बार यह विचार धारा मन मे चला करती थी कि इस अष्टसहस्री को सिवाय परीक्षार्थियो एव विशिष्ट विद्वानो के और कौन पढ़ेगा। क्योंकि न्याय शास्त्र के स्वाध्याय

की प्रथा बिल्कुल नहीं के बराबर रह गई है और खास करके न्याय के इस सर्वोपरि महान ग्रंथ को जन सामान्य का समझना वैसे भी दुरूह है। इन विचारों के निराकरणार्थ पू माताजी ने न्यायसार नाम से एक स्वतंत्र कृति का सृजन किया जो कि इस अष्टसहस्री के पीछे सलग्न है। जन न्याय दर्शन के प्रारंभिक रुचि के (जिज्ञासु) पाठक वृंद यदि न्यायसार को पढ़कर अष्टसहस्री का स्वाध्याय अध्ययन प्रारंभ करेंगे तो निश्चय ही सुगमता पूर्वक स्याद्वादामृत का पान कर सकेंगे।

पू० माताजी का अनुवाद सौष्ठव में अपार श्रम—

माताजी ने अनुवाद करने मे जितना श्रम किया है उसके विषय मे कलम से लिखना कठिन है। मूल एव हिंदी प्रकरणो के शीर्षक बनाना प्रत्येक पृष्ठ के प्रकरण का पृष्ठ के ऊपर शीर्षक देना मूल पंक्तियो के अर्थ के साथ टिप्पणियो के अर्थ को खोलना अर्थ के अनन्तर स्थान-स्थान पर भावार्थ एव विशेषार्थ के द्वारा अतिस्पष्ट रूप मे प्रकरण के रहस्य को प्रस्फुट करना सामान्य श्रम नही है। इन सबके बावजूद भी समस्त प्रतिवादियो की विचार धारा को मस्तिष्क मे रखकर सार रूप मे विषय विभाजन करते हुये ५४ साराश बनाये हैं। जिसकी सहायता से प्रारभ मे थोड़ा पढकर भी बहुत कुछ समझा जा सकता है। मैंने एव सघ के अन्य छात्र-छात्राओ ने इन्ही साराशो के आधार से शास्त्री एव न्यायतीर्थ की परीक्षाए उत्तीर्ण की हैं। बहुत सी बातो को एक सूत्र मे गर्भित करके कहना अथवा एक सूत्र पर एक ग्रन्थ तयार कर देना—ये दोनो बात अपने-अपने स्थान पर विशेष महत्त्व रखती हैं।

एक और हस्तलिखित प्रति की उपलब्धि—

जब प्रस्तुत प्रथम भाग के लगभग ३ पृष्ठ छप गए तब दि जैन नयामदिर धर्मपुरा दिल्ली के प्राचीन शास्त्र भडार से एक और प्राचीन हस्तलिखित प्रति श्री पन्नालालजी जन अग्रवाल दिल्ली के सौजन्य से प्राप्त हुई। इसमे विस्तार पूर्वक टिप्पणिया दी गई हैं। उपयुक्त समझकर इस प्रति की भी अधिक टिप्पणिया एव पाठांतर लिये गये हैं। इसकी टिप्पणिया अलग दिखाने की दृष्टि से (दि० प्र = दिल्ली प्रति) सकेत अकित किया है।

पू माताजी की अपार क्षमता एव कार्य कुशलता—

नीतिकारो ने कार्य करने वाले तीन तरह के बतलाये हैं। एक तो वे होते हैं जो कठिनता आदि कारणो से कार्य को करते ही नही हैं दूसरे वे होते हैं जो विघ्न बाधाए आने पर प्रारभ किये हुये कार्य को मध्य मे ही अधूरा छोड़ देते हैं किन्तु तीसरे वे होते हैं जो विघ्न बाधाओ की परवाह न करके अनेक कष्टों को सहन करके भी कार्य को पूर्ण करते हैं। अथवा पूर्ण करने मे सलग्न रहते हैं।

पूज्य माताजी भी तीसरी प्रकार के व्यक्तियो में से हैं जिन्होने अपने जीवन मे कभी भी यह नही सोचा कि यह काम नहीं हो सकता है। सदा आत्मीक बल से सोचे हुये अनेक कार्य पूर्ण किये आपका

अलौकिक अपार है। उत्साह हीनता को आप के जीवन मे प्रश्रय नही मिला। कर्मठता ही आपके जीवन का ध्येय रहा। इसी के फलस्वरूप यह अष्टसहस्री ग्रन्थ अनुवाद सहित प्रकाशित होकर आपके हाथो मे पहुच सका है।

प्रस्तुत ग्रंथ की विशेषता—

इस अष्टसहस्री ग्रन्थ की महानता के विषय मे स्व प जुगलकिशोर जी मुख्त्यार द्वारा लिखित देवागम अपरनाम अप्तमीमासा नामक पुस्तक की प्रस्तावना मे जो भाव प्रगट किये हैं उनको उन्हीं के शब्दो मे देना अधिक उपयुक्त प्रतीत होगा। लिखते है एक बार खुर्जा क सेठ प० मेवारामजी ने बतलाया कि जमनी क एक विद्वान ने उनसे कहा है कि—जिसने अष्टसहस्री नही पढी वह जनी नहीं और जो अष्टसहस्री पढ़कर जनी नही हुआ उसन अष्टसहस्री को समझा ही नही। कितने महत्व का यह वाक्य है और एक अनुभवी विद्वान क मुख से निकला हुआ अष्टसहस्री क गौरव को कितना अधिक स्थापित करता है। सचमुच अष्टसहस्री ऐसी ही एक अपूव कृति है और यह देवागम क मम का उदघाटन करती है। खेद है कि आज तक ऐसी महत्त्व की कृति का कोई हिंदी अनुवाद गौरव क अनुरूप होकर प्रकाशित नही हो सका।

काश! अगर आज प जुगलकिशोर जी मुख्त्यार होते तो उन्हे इस अनुवाद ग्रन्थ को देखकर कितनी प्रसन्नता होती।

स्वय आचाय विद्यानद जी ने अष्टसहस्री के द्वितीय अध्याय के मगलाचरण मे लिखा है—

श्रोतव्याष्टसहस्रीश्रत किमन्य सहस्र सख्यानै।
विज्ञायेत ययव स्वसमयपरसमय सदभाव ॥

अष्टसहस्री को ही सुनना चाहिये हजारो ग्रन्थो के सुनने पढ़ने से क्या प्रयोजन है। जबकि एक मात्र अष्टसहस्री से ही स्वसमय अर्थात आत्मा जन सिद्धात और उनके तलस्पर्शी रहस्यो का बोध हो जाता है। तथा परसमय अर्थात अनात्मा अन्य मतावलबियो के सिद्धात और भ्रात धारणाओ का एव कपोल कल्पनाओ का सवथा निराकरण हो जाता है।

प्रस्तुत ग्रंथ की उपयोगिता—

कुछ लोगों की यही धारणा है कि न्याय शास्त्रो मे आत्मा का वणन नही है किन्तु ऐसा नहीं है। प्रमाण-सम्यक ज्ञान का एव आप्त—कर्ममल रहित आत्मा का ही विशद वर्णन है और आत्मा को या अन्य द्रव्यों को समझने के लिये स्याद्वाद ही महान आधार है और यह अष्टसहस्री स्याद्वाद कथनमय है।

माताजी कहा करती हैं कि अष्टसहस्री मे सप्तभगीमय स्याद्वाद प्रक्रिया का स्थल-स्थल पर जितना अधिक एव विशद विवेचन है उतना वर्तमान के उपलब्ध जैन सिद्धांत ग्रन्थों मे से अन्य किसी ग्रंथ में नहीं है। अत. यह ग्रन्थ स्याद्वाद प्रक्रिया को समझने में सर्वोपरि-ग्रथराज है।

अभिमत—

अष्टसहस्री के छपे हुए कुछ पृष्ठों का अवलोकन करके प० परमेष्ठीदास जी ललितपुर-सपादक और पं० लालबहादुर जो शास्त्री सपादक-जैनदशन प० कैलाशचद जो सिद्धात शास्त्री सपादक-जन संदेश, पं० गुलाबचद जी जैन जैनदशनाचाय प्रिंसिपल-सस्कृत महाविद्यालय जयपुर प० बाबूलाल जो जमादार-बडौत प० मूलचद जी शास्त्री श्री महावीरजी प० ए एन० उपाध्याय प पन्नालाल जी साहित्याचार्य आदि अनेक मूर्धन्य विद्वानो ने बडी प्रसन्नता एव गौरव व्यक्त किया कि अभी भी अष्टस हस्री जैसे न्याय के महान ग्रन्थों का अध्ययन करने वाले ही नही अपितु इनके अनुवाद जैसे महान काय को करने वाली पू श्री ज्ञानमती माताजी जैसी परमविदुषी आर्यिका विद्यमान हैं जिनके हमे साक्षात दर्शन हो रहे हैं।

युग की अनुपम देन —

अनेक विद्वानो को सुनकर विश्वास नहीं होता है कि किसी आर्यिका ने इतने विशेष रूप में अष्ट सहस्री का अनुवाद किया हो। इतिहास को देखने से ज्ञात होता है कि ग्रन्थ रचना काल के प्रारभ से अब तक किसी भी आर्यिका द्वारा कोई जन ग्रन्थ लिखा अथवा अनुवाद नही किया गया था।

इस युग की यह एक बडी भारी ऐतिहासिक देन है कि न्याय जैसे क्लिष्ट विषयक ग्रथ का अनु वाद दि जन समाज की आर्यिका द्वारा प्रथम बार किया जाकर इतनी सुन्दरता एव विशेषता के साथ प्रकाशित किया गया है।

हस्तलिखित प्रति से टिप्पणियो को निकालने मे पू मुनिराज १०८ श्री वधमानसागर जी महा राज श्री रवीन्द्र कुमार जन शास्त्री बी ए० टिकतनगर व उनकी लघु सहोदरा कु मालती शास्त्री धर्मालकार कु० त्रिशला शास्त्री कु माधुरी शास्त्री एव सघस्थ कु कला ने विशेष सहयोग प्रदान किया तथा प्रस कापी भी तयार की है।

मुद्रित प्रति की प्रस्तावना से उद्धृत—

बबई से प्रकाशित मूल अष्टसहस्री की प्रस्तावना मे प० वशीधर जी ने लिखा है—

श्री विद्यानद स्वामी ने श्री अकलक देव की अष्टशती को अन्तर्गभित करके इस अष्टसहस्री ग्रन्थ को बनाया है स्वामी जी ने इस प्रकार से पूरी की पूरी अष्टशती को अश-अश करके अपने ग्रन्थ मे अत र्भूत कर लिया है कि बिना पृथक सकेत क उसे पृथक् करना शक्य नही है। इसलिए अष्टशत के अशो को पृथक् जानने की इच्छा रखने वालो को पृथक् मुद्रित अष्टशती ग्रन्थ देखना चाहिये। हमने भी ग्रन्थ के कुछ पृष्ठ छप जाने के अनतर आगे वत्ति ग्रन्थ जहां-जहा आया है वहां वहा गहरे काले अक्षरो मे दे दिया है। प्रारंभ में कुछ पृष्ठो में जो वैसा नहीं किया है उसका कारण वृत्ति ग्रथ का देर से मिलना है।

इसलिये पूव मुद्रित मूल प्रति में पृष्ठ ४६ तक पृथक अक्षरो में नहीं लिया है किन्तु हमने इस प्रस्तुत प्रति मे प्रारभ से ही अष्टशती को गहरे काले अक्षरो में लिया है। अष्टशती की हिन्दी को भी गहरे काले अक्षरों मे लिया है।

आगे पुन मुद्रित मूल प्रति की प्रस्तावना में पं० वंशीधरजी ने लिखा है कि— एक पुस्तक पूना नगर के सहकारी पुस्तकालय से उपलब्ध हुई जो अतीव शुद्ध थी लघ समतभद्रादि सकेतित टिप्पणी सहित थी। किंतु उसमे अभी टिप्पणिया अशुद्ध थी। एक-एक टिप्पणी अनेक बार भी आ गई थी। किसी किसी टिप्पणी के संकेत नही थे कि किस शब्द की टिप्पणी है। एव कोई-कोइ टिप्पणियां अनुप योगी भी थीं। अत जितनी टिप्पणिया उस पुस्तक से लेना आवश्यक प्रतीत हुआ उतनी ले ली। शेष बहुभाग मात्र टिप्पणिया मैंने नियोजित कर दी हैं। अन्य तीन पुस्तके भी मुझ मिली किंतु वे शुद्ध नहीं थी अत पहली पुस्तक से ही बहुत कुछ उपयोग हुआ है।

इससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि मुद्रित प्रति की टिप्पणिया श्री लघसमतभद्र द्वारा बनाई हुइ हैं। एव कुछ टिप्पणियाँ प वशीधर जी द्वारा बनाइ गइ हैं।

मुद्रित ग्रथ मे जितनी भी टिप्पणिया छपी हैं। प्रस्तुत ग्रंथ मे उन सभी टिप्पणियो को ज्यो की त्यो लिया है। तथा हस्तलिखित दोनो प्रतियो की टिप्पणियों को और पाठातरो को नीचे अलग दे दिया है।

आवश्यक सकेत—

इस ग्रन्थ मे सस्कृत और हिंदी मे जो शीषक हैं उन्हे पू श्री ज्ञानमती माताजी ने बनाये हैं जिनका सकेत [ ] यह है प्रारभ मे अष्टशती को सस्कृत एव हिन्दी मे गहरे काले अक्षरो मे लिया है।

ब्यावर सरस्वती भवन की हस्तलिखित प्रति की टिप्पणियो को पृथक दिखाने के लिये अग्र जी अको द्वारा सकेत किया है।

पाठान्तर के लिये इतिपा सकेत दिया है दिल्ली से उपलब्ध प्रति की टिप्पणी और पाठातरो मे दि प्र० सकेत दिया है जो कि पृष्ठ ३०२ मे स्पष्ट है।

यदि कही सुधार मिला है और वह उपयुक्त प्रतीत हुआ है तो इति वा क्वचित् पाठ सकेत देकर उसे भी टिप्पणी मे सम्मिलित कर लिया है। धरमपुरा दिल्ली के नया मदिरजी से श्री पन्नालाल जी अग्रवाल के सौजन्य से तीन प्रतिया हस्तलिखित अष्टशती की प्राप्त हुइ हैं जिनका साकेतिक नाम अ ब स दिया है जिसके पाठातर का पृष्ठ २९१ २९२ पर खलासा है तथा अन्यत्र भी है।

परिशिष्ट—

परिशिष्ट मे मूलकारिका के साथ अष्टशती को दिया है। उस अष्टशती की एक मुद्रित प्रति है जो कि भारतीय जैन सिद्धात प्रकाशित सस्था से प्रकाशित हुइ है। तीन प्रतिया दिल्ली की हैं जोकि अ ब स से सकेतित हैं तथा ब्यावर व दिल्ली की हस्तलिखित अष्टसहस्री मे भाष्य पद से अष्टशती को पृथक किया है। उन सभी के आधार से पाठभेद भी परिशिष्ट में नीचे दिया गया है।

इस प्रथम भाग मे जितने भी उद्धृत श्लोक आये हैं उन्हें भी अकारादि के अनुक्रम से दिया है। अनतर पारिभाषिक शब्दो के अर्थों का स्पष्टीकरण किया गया है।

न्याय कुंजिका—

अष्टसहस्री आदि सभी न्याय ग्रन्थो मे प्रवेश कराने के लिये कुंजी के समान न्यायसार नामक स्वतन्त्र संकलित ग्रन्थ को परिशिष्ट मे जोड दिया गया है।

अन्य दार्शनिक (दर्शन शास्त्र) प्रमाण के लक्षण और भेदो को किस रूप मे मानते हैं उसका भी वर्णन है। इसी प्रकार जैनाचार्यों द्वारा मान्य प्रमाण के भेद प्रभेदो का भी सकलन किया गया है। ससार मोक्ष आत्मा एव ज्ञान आदि के विषय मे अन्य दर्शनो की मान्यता के साथ-साथ जैनाचार्यों की समीचीन मान्यता को भी दर्शाया गया है।

इन सभी विषयो से यह ग्रन्थ मूल म कठिन होते हुए भी सरल एव उपयोगी बन गया है।

आभार—

सोलापुर (महा) निवासी विद्यावाचस्पति श्री मान प वर्धमान जी पार्श्वनाथ जी शास्त्री ने प्रस्तावना लिखकर तथा बनारस निवासी प दरबारी लालजी कोठिया न्यायाचार्य ने प्राक्कथन के द्वारा ग्रन्थ का रहस्योदघाटन करके ग्रथ की महत्ता को द्विगुणित कर दिया ह एव अपने निजी उदगार व्यक्त करके न्याय दर्शन के प्रति जो सबका आकृष्ट किया है उसके लिये हम उभय विद्वानो के अत्यन्त आभारी है। विशेष परिश्रम के द्वारा मोक्षशास्त्र के मगलाचरण को श्री उमास्वामी कृत सिद्ध करने म जो प्रमाण सकलित करके दिये है वह वास्तव म सराहनीय है।

इस भाग के प्रकाशन मे सर्वप्रथम बिना किसी की प्रेरणा के स्वरूचि से गुरू भक्ति एव जिनवाणी की सेवा के भावो से ओतप्रोत होकर श्रीमान सेठ हीरालाल जी जयपुर (फर्म—चपालाल रामस्वरूप न्यावर) ने जो विशिष्ट आर्थिक सहयोग प्रदान किया है उनके भी हम अत्यन्त आभारी हैं। (परिचय आगे दिया गया है।)

एस० नारायण एड सस प्रिंटिंग प्रेस पहाडी धीरज के मालिक श्री नारायणसिंह जी ने इस महान ग्रन्थ का सुन्दर मुद्रण किया है अत हम उनके आभारी हैं।

हमारा प्रथम प्रयास होने से सपादन मे अनेक त्रुटिया एव कमिया रही हैं उसे विद्वदजन एव पाठक वृन्द सुधारकर हमारी अल्पज्ञता के कारण मध्यस्थ भाव धारण करगे। वास्तव मे इस सपादन कार्य मे हमारा श्रम नगण्य है। जिस रूप मे यह प्रथम भाग आपके समक्ष है वह सब पू माताजी के ही अथक परिश्रम का फल है हम तो नाम मात्र के हैं।

हम यथा शीघ्र इसका दूसरा तीसरा एव चौथा भाग प्रकाशित करने का प्रयत्न करगे। कागज

एवं छपाई के दाम निरन्तर तेजी से बढ़ने के कारण उत्पन्न कठिनाई के बावजूद भी हम अविलम्ब प्रकाशन कार्य चालू रखेंगे।

सभी नरनारी इस ग्रन्थ का पठन-पाठन करके स्याद्वाद के रहस्य को अच्छी तरह समझकर सच्चे ज्ञानी बनें यही हमारी भावना है।

दिल्ली

१५ अगस्त १९७४

मोतीचन्द जैन सर्राफ

शास्त्री न्यायतीर्थ

मङ्गल-स्तोत्र

यह अष्टसहस्री आप्तमीमासा की व्याख्या है। अब प्रश्न है कि स्वामी समन्तभद्र ने यह आप्त मीमांसा जिस मोक्षमार्गस्य नेतारम् मङ्गल-स्तोत्र मे स्तुत आप्त की मीमासा (समीक्षा) में लिखी है और स्वयं विद्यानन्द ने भी उसी स्तोत्रगत आप्त की परीक्षा मे आप्त परीक्षा रची है वह महत्त्वपूर्ण मगल स्तोत्र तत्त्वार्थ सूत्र का मगलाचरण है या सर्वार्थसिद्धि का ? इस प्रश्न पर भी विचार लेना आवश्यक है।

इस विषय मे पर्याप्त ऊहापोह हुआ है। कुछ विद्वानो का मत रहा कि उक्त मगल-पद्य सर्वार्थ सिद्धि के आरम्भ मे उपलब्ध होने और उस पर सर्वार्थ सिद्धिकार की व्याख्या न होने से उसी का मगलाचरण है तत्त्वार्थ सूत्रका नही। सर्वार्थसिद्धि मे तत्त्वार्थ सूत्र के अवतरण की जो प्रश्नोत्तर रूप उत्थानिका दी गई है उससे स्पष्ट ज्ञात होता है कि तत्त्वार्थ सूत्रकार ने तत्त्वार्थसूत्र के आरम्भ मे मगलाचरण किये बिना ही उसकी रचना की है।

इसके विपरीत दूसरे अनेक विद्वानो का स्पष्ट अभिमत है कि सूत्रकार ने जिन्हे शास्त्रकार भी कहा गया है तत्त्वार्थ सूत्र के आदि मे मगलाचरण किया है और वह 'मोक्षमार्गस्य नेतारम' मगल-स्तोत्र है। सर्वार्थसिद्धि मे वही से वह लिया गया है। तत्त्वार्थ सूत्रकार आचार्य गृद्धपिच्छ परम आस्तिक थे। वे मगलाचरण की प्राचीन परम्परा का जो षट्खण्डागम कषायपाहुड आदि आगम ग्रन्थो मे भी उपलब्ध है उल्लघन नहीं कर सकते। अत उक्त पद्य उन्ही द्वारा तत्त्वार्थ सूत्र के आरम्भ मे रचित मगल स्तोत्र है। वृत्तिकार आचार्य पूज्यपाद देवनन्दि ने उसे अपनी टीका सर्वार्थ सिद्धि मे अपना लिया है और अपना लेने से उन्होने उसकी व्याख्या नही की।

इस सम्बन्ध मे डाक्टर दरबारीलाल कोठिया ने ऊहापोहपूर्वक सूक्ष्म एव गम्भीर विचार किया है और तत्त्वार्थसूत्र का मगलाचरण शीर्षक अपने दो विस्तृत निबन्धो मे[1] आचार्य विद्यानन्द के प्रचुर ग्रन्थोल्लेखो एव अन्य प्रमाणोसे सबलताके साथ सिद्ध किया है कि तत्त्वार्थ सूत्रकार ने तत्त्वार्थ सूत्रके आरम्भ मे सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्राणि मोक्षमार्ग [१ १] सूत्र से पहले मगलाचरण किया है और वह उक्त मोक्षमार्गस्य नेतारम्' आदि मगल-स्तोत्र है जिसे विद्यानन्द ने[2] शास्त्रकारकृत स्तोत्र बतलाते हुए 'तीर्थोपम

---

१ अनेकान्त, वर्ष ५, किरण ६ ७ तथा १० ११ वीर सेवा मन्दिर सन् १९४४।

२ आप्तपरीक्षा कारिका ३ व १२३ वीर सेवा मन्दिर-सस्करण सन् १९४९।

'प्रथित-पृथु-पथ' और स्वामिमीमांसित जैसे अर्थगर्भ महत्त्वपूर्ण विशेषणों से युक्त किया है[1]। विद्यानन्द का उसे शास्त्रकारकृत बतलाना तीर्थोपम कहना प्रथित पृथु-पथ—प्रसिद्ध-महानमार्ग प्रकट करना और स्वामी द्वारा मीमांसित निरूपित करना ये सभी बातें विशेष महत्त्वपूर्ण एव साथ हैं। आगे डाक्टर कोठिया ने बल देते हुए लिखा है कि विद्यानन्द के[2] इन तथा अन्य उल्लेखो से स्पष्ट है कि स्वामी समन्तभद्र ने इसी मगल-स्तोत्र पर उसके व्याख्यान मे आप्तमीमासा लिखी और स्वयं विद्यानन्द ने भी उसी की व्याख्या मे अष्टसहस्री के अतिरिक्त आप्तपरीक्षा रची। सूत्रकार एव शास्त्रकार पदो से विद्यानन्द का स्पष्ट अभिप्राय तत्त्वाथ सूत्रकार आचार्य गृद्धपिच्छ से है तत्त्वाथ वृत्तिकार आचाय पूज्यपाद-देवनन्दि से नही है। सर्वार्थसिद्धिम उक्त मगल-स्तोत्र को अपना मङ्गलाचरण बना लिया गया है और इसी कारण उसकी व्याख्या नही की गयी। सर्वार्थसिद्धि मे जो तत्त्वार्थशास्त्र के अवतरण की प्रश्नोत्तर रूप उत्थानिका दी गयी है उसका यह अथ नही कि प्रश्नकर्ता भव्य प्रश्न करने पर आचार्य ने सारा व्याख्यान देकर उसे तत्काल निबद्ध किया है। अपितु उसने मोक्ष और मोक्षमार्ग की जिज्ञासा प्रकट की तदनुसार आचाय ने उसकी या उस जसे अनेक भव्यो की जिज्ञासा शांति के लिए उक्त प्रकार के ग्रन्थ निर्माण की आवश्यकता अनुभव करके तत्त्वाथ सूत्र शास्त्र की रचना की और उसके आरम्भ में पूर्व परम्परानुसार उक्त स्तोत्र को मंगलाचरण के रूप मे निबद्ध किया।

अत मगल-स्तोत्र के विषय मे अधिक न लिखकर अब इतना ही लिखना पर्याप्त है कि वह आचाय गृद्धपिच्छरचित तत्त्वाथ सूत्र का ही मगलाचरण है सर्वाथ सिद्धि का नही।

इस विषय मे पूज्य आर्यिका श्री ज्ञानमती माता जी ने अष्टसहस्री और श्लोकवार्तिक ग्रन्थ से अनेकों प्रमाण निकाले हैं। उनमें से कुछ उद्धरण बानगी के रूप मे यहा दिये जा रहे हैं—

अष्टसहस्री के मंगलाचरण में ही प्रारभ मे शास्त्रावतार रचितस्तुतिगोचराप्त मीमांसित कृतिरलं क्रियते मयास्य इस उत्तराध मे श्री विद्यानंदि महोदय ने स्पष्ट कह दिया है कि शास्त्रावतार—तत्त्वार्थ सूत्र महाशास्त्र के प्रारम्भ मे रचित स्तुति के गोचर जो आप्त है उनकी मीमासा रूप यह कृति मेरे द्वारा अलकृत की जाती है।

---

१ श्री मत्तत्त्वार्थशास्त्राद्भुत-सलिलनिधेरिद्धरत्नोद्भवस्य
प्रोत्थानाऽऽरम्भकाले सकलमलभिदे शास्त्रकारैः कृत यत्।
स्तोत्र तीर्थोपमान प्रथित-पथ-पथं स्वामि-मीमांसित तद्
विद्यानन्द स्वशक्त्या कथमपि कथित सत्यवाक्यार्थसिद्धय ॥

२ इति तत्त्वार्थशास्त्रादौ मुनीन्द्रस्तोत्र गोचरा।
प्रणीताऽऽप्तपरीक्षय विवाद-विनिवृत्तये ॥

—आप्त परीक्षा का १२३१२४ पृ २६५।

टिप्पणीकार श्री लघु समन्तभद्र ने भी इसे अत्यधिक विस्तृत कर दिया है—

'इह हि खलु पुरा स्वकीयनिरवद्यविद्या सपदा गणधर प्रत्येक बुद्ध श्रुत केवलि दशपूर्वाणा सूत्र कृन्महर्षीणां महिमानमात्मसात कुर्वद्भिरुमास्वामिपादराचार्यवर्यैरासूत्रितस्य तत्त्वार्थाधिगमस्य मोक्ष शास्त्रस्य गधहस्त्याख्य महाभाष्यमुपनिबध्नत स्याद्वादविद्याग्रगुरव श्री स्वामि समतभद्राचार्यास्तत्र मंगलपुरस्सर स्तवविषयपरमाप्त गुणातिशय परीक्षामुपक्षिप्तवन्तो देवागमाभिधानस्य प्रवचन तीर्थस्य सृष्टिमापूरयाञ्चक्रिरे ।

तत्त्वार्थाधिगमरूपमोक्षशास्त्र के ऊपर गधहस्ति नाम का महाभाष्य लिखते हुए श्री समतभद्र स्वामी ने मगलाचरण मे स्तुति के विषय को प्राप्त परम आप्त के गुणो के अतिशयों की परीक्षा करते हुये देवागम' नामक प्रवचनतीर्थ की सृष्टि को बनाया है।

स्वय श्री विद्यानद महोदय ने छठी कारिका की उत्थानिका में— नवस्तु नामैव कस्यचित्कम भूभद्भित्वमिव विश्व तत्त्व साक्षात्कारित्व प्रमाण सदभावात । स तु परमात्माह नेवेति कथ निश्चयो यतोहमेव महानभिवद्यो भवतामिति ।

कम पर्वत भेदन करने वाले के समान कोई महापुरुष विश्व तत्त्व को साक्षात् करने वाले हो जावें किन्तु वह परमात्मा अहत ही हैं ? यह निश्चय कसे हुआ कि जिससे मैं ही आपके द्वारा अभिवद्य होऊ मानो ऐसा प्रश्न श्री समतभद्र ने स्वय भगवान के सामने रखा है। आगे सातवी कारिका की उत्थानिका मे भी कहते हैं कि— [४]भगवतोऽहत एव युक्तिशास्त्राविरोधिवाक्त्वेन सुनिश्चितासभवदबाधक प्रमाणत्वेन च सवज्ञत्ववीतरागत्वसाधनात । ततस्त्वमेव महान मोक्षमागस्य प्रणता नान्य कपिलादि ।

इन वाक्यो से यह बात स्पष्ट है कि मोक्ष माग के नेता कर्म पवत के भेत्ता और विश्वतत्त्व के ज्ञाता इन तीन विशेषणो से ही अहत को सच्चा आप्त सिद्ध किया जा रहा है अथवा अहत मे ये तीन विशेषण घटित होते हैं इसलिये ही वे सच्चे आप्त हैं। यह सिद्ध किया गया है।

आगे और देखिये—अतिम ११४ वी कारिका की टीका मे श्री अष्टसहस्रीकार क्या कहते हैं—

शास्त्रारम्भेऽभिष्टुतस्याप्तस्य मोक्षमाग प्रणतृतया कमभूभृद्भेत्तृतया विश्वतत्त्वाना ज्ञातृतया च भगवदहत सवज्ञस्यवान्ययोगव्यवच्छेदेन व्यवस्थापनपरा परीक्षेय विहिता ।

शास्त्र के आरम्भ में स्तुति को प्राप्त जो आप्त हैं वे मोक्षमाग के प्रणता कम पवत के भेत्ता और विश्वतत्त्व के ज्ञाता' इन तीन 'विशेषणो से युक्त भगवान् अर्हंत सर्वज्ञ ही हैं अन्य कोई नही हो सकते हैं। इस प्रकार अन्य योग का व्यवच्छेद करके भगवान अर्हंत में ही इन विशेषणो की व्यवस्था को करने में तत्पर यह परीक्षा की गई है। यह है सारे अष्टसहस्री ग्रन्थ का अंतिम उपसहार। यह मगलाचरण श्री उमास्वामी आचार्यकृत ही है इस बात को सिद्ध करने के लिये इससे बढ़कर सबल प्रमाण और क्या हो

सकता है ? पूज्य श्री ज्ञानमती माता जी आश्चर्यपूर्वक कहा करती हैं कि यह मंगलाचरण श्री उमास्वामी कृत है या नहीं ? विद्वानो में ऐसी शंका कहाँ से उत्पन्न हो गई ?

[1] श्लोकवार्तिकालंकार ग्रन्थ में भी श्री विद्यानंद महोदय ने स्थल-स्थल पर इस बात को स्पष्ट किया है । देखिये [1]

[1]प्रबुद्धाशेष तत्त्वार्थ साक्षात्प्रक्षीणकल्मष ।
सिद्ध मुनीन्द्रसंस्तुत्ये मोक्षमार्गस्य नेतरि ॥२॥
सत्यां तत्प्रतिपित्सायामुपयोगात्मकात्मन ।
श्रेयसा योक्ष्यमाणस्य प्रवृत्त सूत्रमादिदम ॥२॥

कल्याणमार्ग के अभिलाषी अनेक शिष्यो की मोक्षमार्ग जानने की इच्छा होने पर ही मोक्षमार्गस्य नेतार भेत्तार' । इस अच्छी तरह सिद्ध किये गये मगलाचरण की भित्ति पर ही श्री उमास्वामी महाराज ने पहला सूत्र लिखा है । जिन्होने केवल ज्ञान के द्वारा सपूर्ण पदार्थ जान लिये हैं ज्ञानावरण आदि घाति कर्म नष्ट कर दिये हैं तथा मोक्षमार्ग का प्राप्त करने और कराने वाले मुनि पुगवो द्वारा स्तुति करने योग्य हैं ऐसे जिनेन्द्रदेव के सिद्ध होने पर ही तथा ज्ञानदर्शनोपयोग स्वरूप और मोक्ष से युक्त होने वाले शिष्य की मोक्षमार्ग को जानने की तीव्र अभिलाषा होने पर यह पहला सूत्र सम्यग्दर्शनज्ञान चारित्राणि मोक्षमार्ग उमास्वामी आचार्य ने प्रचलित किया है ।

' [2]सिद्ध मोक्षमार्गस्य नेतरि प्रवचन वक्त सूत्रमादिम शास्त्रस्येति ।
ततो[3] नि शेषतत्त्वार्थवेत्ता प्रक्षीणकल्मष ।
श्रेयोमार्गस्य नेतास्ति स सस्तुत्यस्तदर्थिभि ॥४६

इन सभी प्रमाणो से सर्वथा यह बात सिद्ध हो जाती है कि मगलाचरण श्री सूत्रकार उमामी आचार्य कृत ही है ।

श्री उमास्वामी आचार्य ने गागर मे सागर को भरने वाली कहावत को पूर्णतया चरितार्थ कर दिया है । उनके इस तत्त्वार्थ सूत्र ग्रन्थ के ऊपर अनेको बड बड ग्रन्थ तयार हो गये हैं । जब एक मगलचरण के ऊपर आप्त मीमांसा अष्टशती और अष्टसहस्री जैसे जैनदर्शन के सर्वोपरि ग्रन्थ बन गये । आप्तपरीक्षा ग्रन्थ बन गया । तब उस ग्रन्थ की महत्ता और विशेषता की जितनी भी गौरव गाथाय गाई जावें थोडी ही हैं । यही कारण है कि आज भी भारतवर्ष में दक्षिण उत्तर आदि प्रातो मे सर्वत्र नर-नारी इस

१ तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिकालकार प्रथम खड प ४
२ तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिकालकार प्र ख प १८
३ तत्त्वार्थ श्लोक प १४५

तत्त्वार्थ सूत्र का पाठ बड़ी भक्ति से करते हैं और एक उपवास करने का फल समझते हैं। बहुत-सी महिलाओं का तो नियम ही रहता है कि तत्त्वार्थसूत्र सुने बिना भोजन नहीं करना । कहा भी है–

दशाध्याये परिच्छिन्ने तत्त्वार्थे पठिते सति ।
फलं स्यादुपवासस्य भाषितं मुनिपुंगवै ॥

दश अध्याय से परिपूर्ण इस तत्त्वार्थसूत्र को पढ़ने पर एक उपवास का फल प्राप्त होता है ऐसा श्री मुनियों में श्रेष्ठ मुनियों ने कहा है।

इस ग्रन्थ का यह मंगलाचरण सच्चे आप्त देव को सिद्ध करने में सर्वोपरि मान्य अमोघ उपाय है। ऐसा समझना चाहिए।

कु० मालती शास्त्री धर्मालंकार
(संघस्थ)

पू आर्यिका १०५ श्री ज्ञानमती माताजी का जीवन दर्शन

बहुतों ने रोका पुरुषार्थ किया समझाया लेकिन स्वातन्त्र्य
प्रिय मना को रोकने में सफलता कैसे मिलती,
त्याग के बढ़ते कदम को रोकने में सफलता नहीं मिली
आखिर लोगों ने आश्चर्य प्रगट किया अन्तमन से जयकारा बोला।

\+ \+ \+

न्याय शास्त्र के सर्वोत्कृष्ट ग्रन्थ अष्टसहस्री जिसको बनाने वाले आचार्य श्री विद्यानन्दि ने स्वय १२ ० वष पूव ही इसे कष्टसहस्री की सज्ञा प्रदान करदी है ऐसे महान क्लिष्ट ग्रन्थ का सरल भाषा मे हिन्दी रूपान्तर प्रस्तुत कर देना यह कोई महान व्यक्तित्व का ही काय है—साधारण जन तो उसके हिन्दी अभिप्राय को समझने मे ही अपनी शक्ति का निरीक्षण पहले कर लते हैं। जिस महान मस्तिष्क ने इस स्याद्वाद अनेकान्त एव सप्तभगी से ओतप्रोत ग्रन्थ मे मनरूपी मथानी से सारे ग्रन्थ का आद्योपान्त एक-एक अक्षर एक एक शब्द का मन्थन करके उसके सूक्ष्मातिसूक्ष्म अभिप्राय को हृदयगम कर लिया है—उस महान व्यक्तित्व के सम्बन्ध में बहुत थोड शब्दो द्वारा मैं आपको जानकारी प्रदान कर रहा हू।

सस्कृत मे प्रसिद्ध उक्ति— गुणा पूजास्थानम गुणिष न वय न च लिङ्ग ।

जन्मतिथी —

आध्यात्मिक क्षत्र मे स्त्रीपर्याय के सर्वोत्कृष्ट आर्यिका के व्रतो से विभूषित विदुषी माता ज्ञान मती जी के नाम से प्रसिद्ध व्यक्तित्व का जन्म सम्पूर्ण शुभ्र ज्योत्स्ना से प्रसरित शरदपूर्णिमा (आसोज शुक्ला १५) वि स १९९१ सन १९३४ की शभ रात्रि मे तीथकरो की जन्म भूमि आयोध्या के निकट बाराबंकी जिल के एक छोटे से गाव टिकतनगर मे हुआ था। माता पिता मे धार्मिक वत्ति होन से पुत्री का शभ नाम रखा मना।

बाल्यावस्था —

टिकतनगर निवासी अग्रवाल जातिय श्रेष्ठि श्री छोटेलाल जी जन को सौभाग्य प्राप्त हुआ कु० मैना के पिता बनने का। मन मे बहुत प्रसन्नता थी सवप्रथम सतान पुत्री को जन्म देकर माता मोहिनी देवी को। वसे कन्या का जन्म साधारणतया घर मे कुछ समय के लिए क्षोभ उत्पन्न कर देता है किन्तु विश्व में अनादि काल से पुरुषों के समान नारियो ने भी महान काय कर धरा को गौरवान्वित किया है। बल्कि यों भी कह सकते हैं कि सतियों के सतीत्व के बल पर ही धर्म की परम्परा अक्षुण्ण बनी हुई है।

भारतीय परम्परा में वैदिक संस्कृति ने कन्या को १४ रत्नो में से एक रत्न माना है। माता पिता दोनों धीमान्, सज्जन, सरल एव धर्म परायण थे। प्रथम सन्तान होने से कुमारी मैना को माता पिता का सर्वाधिक प्यार एव वात्सल्य मिला। घर के पास ही जिनेन्द्र देव का विशाल मदिर एव पार्श्वनाथ दिगम्बर जन माध्यमिक विद्यालय होने से मैना' ने धार्मिक सस्कारो का आदर किया।

ब्रह्मचर्य —

सस्कारो का प्रभाव जीवन में बहुत महत्व रखता है। ११ वष की अवस्था मे कुमारी मैना के जीवन पर अमिट छाप पडी। अकलक निकलक नाटक के दृश्यों की। विवाह की चर्चा के समय जो बात अकलंक ने माता पिता से कही थी कि कीचड में पैर रखकर धोने की अपेक्षा नही रखना ही श्रेयस्कर है।' तदनुसार आपनें भी उसी क्षण आजीवन ब्रह्मचय व्रत रखने का मन में सकल्प कर लिया।

कुमारी मैना का व्यक्तित्व बाल्यकाल से ही बडा आकषक था सभी लोग आपके ज्ञान एव दिन चर्या से बहुत प्रसन्न रहते थे। कुशाग्रबुद्धि सहनशीलता वात्सल्य काय करने की उत्सुकता एव काय को पूरा करने की दृढ़ता तथा सयमित जीवन आपके विशेष गुण थे।

साधना की ओर —

समय बीतता गया। इधर कुमारी मैना जीवन के मधुर क्षण में प्रवेश कर रही है—माता पिता एक कुटम्बीजन कुमारी मैना के विवाह-बन्धन की तैयारी मे लगे हुए हैं उधर आचायरत्न १ ८ श्री देशभूषण जी महाराज का विहार उत्तर भारत मे हो रहा था। दवयोग से आचाय श्री का बाराबकी में मगल आगमन हुआ। बाराबकी मे आचार्य श्री के केशलोच की सूचना टिकैतनगर गाव में भी पहुची। कुमारी मैना भी अपने लघ भ्राता श्री कैलाशचन्द के साथ बाराबकी केशलोच देखने आयी। आचार्य श्री के केशलोच देखने के लिए एक विशाल जन समुदाय उमड पडा था – विशाल जन समुदाय के मध्य मे ही कुमारी मना न आचय श्री से क्षुल्लिका दीक्षा की याचना कर दी। समाचार पाकर घर से कुटम्बी जन माता पिता तथा गाव के अय बहुत से लोग आ गये। लोगो ने कुमारी मना को बहुत समझाया—तरह-तरह की घोर यातनाए दीक्षित जीवन मे सहन करना पडती हैं एकबार भोजन करना पैदल चलना आदि बहुत कठिन एव दुरूह कार्य हैं—फिर घर मे विवाह की सारी तयारिया चल रही हैं। लेकिन कुमारी मैना के मन पर किसी के समझाने का कोई असर नही हुआ। अन्ततोगत्वा कुमारी मैना ने भाई कैलाशचन्द आदि को यह कह कर विदा किया—कि हमारा और आप लोगो का सम्बन्ध अब तक रहा और आगे भी रहेगा। अन्तर केवल इतना आयेगा कि अब तक हमारा आपका मोह का संबंध था और आगे अब धर्म का सम्बन्ध रहेगा। विवश होकर कु० मैना के सामने सबको झुकना पडा।

समय था २२ वर्ष पूर्व का। लोगों के अत्यन्त आग्रह एवं उग्र रूप धारण कर लेने से आचार्य श्री ने उस समय क्षुल्लिका दीक्षा न देकर सप्तम प्रतिमा के व्रत अंगीकार करा दिये तब यहीं से कुमारी मैना के जीवन ने आध्यात्मिक मोड ले ली।

क्षुल्लिका दीक्षा —

बहुतो ने रोका समझाया लेकिन स्वातन्त्र्य प्रिय कु मैना को रोकने मे सफलता नही मिली।

६ माह बाद चांदनपुर श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र पर आचार्य श्री ससघ पदार्पण करते हैं। पुन कुमारी मैना दीक्षा की याचना करती है आचार्य श्री ने योग्यता एव दृढता को देखकर शुभ मिती चैत्रकृष्ण १ स० २० ९ के दिन क्षुल्लिका दीक्षा प्रदान कर दी तथा त्याग एव निश्चय की दृढता को देखकर नाम रखा— वीरमती।

अब आपका सारा समय ध्यान अध्ययन मनन चिन्तन मे व्यतीत होने लगा। धीरे धीरे २ वर्ष बीत गये। अभी आपके कदम त्याग के अन्तिम चरण की ओर बढने के प्रयास मे थे।

आर्यिका दीक्षा —वीरमती से ज्ञानमती

चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शातिसागर जी महाराज की कुन्थलगिरि मे सल्लेखना हो रही है। महसघ चातुर्मास के मध्य ही आप भी कुन्थलगिरि आइ और आचार्य श्री की विधिवत सल्लेखना का दृश्य साक्षात् दृष्टि से देखा। आचार्य श्री ने अपने प्रथम शिष्य मुनि वीरसागरजी को आचार्य पट्ट की घोषणा कर दी है। आचार्य श्री शातिसागर जी महाराज की आज्ञानुसार वीरमति ने आचार्य वीर सागर जी महाराज के सघ मे पदार्पण किया। धीरे २ कुछ समय बीता—तदनन्तर वीरमति ने आ वीर सागर जी से स्त्री पर्याय मे सर्वोत्कृष्ट आर्यिका दीक्षा ग्रहण कर ली–वह दिन था वि स २ १३ बसाख कृष्णा २ का। राजस्थान की प्रसिद्ध नगरी माधोराजपुरा को इस समय का सौभाग्य प्राप्त हुआ। माता जी के ज्ञान की प्रतिभा को दृष्टिगत रखते हुए आचार्य श्री वीरसागर जी ने दीक्षोपरात वीरमति का नाम परिवतन कर नामकरण कर दिया— ज्ञानमती'।

अध्ययन अध्यापन —

आचार्य श्री के सान्निध्य में सबसे छोटी (२० वष) आयु की आर्यिका एव ज्ञान मे अत्यन्त तीक्ष्ण होने से स्थान-स्थान पर प्रवचन रूपी ज्ञान गगा प्रवाहित होने लगी—लकिन दुर्भाग्य से आचार्य श्री २ वर्ष पश्चात इस नश्वर देह को त्याग कर गये। आचार्य श्री की समाधि के पश्चात लगभग ६ वर्ष तक पूज्य आचार्य श्री शिवसागर जी महाराज के सानिध्य में रह कर ध्यानाध्ययन किया।

अग्रेजी की एक सुप्रसिद्ध कहावत है— The Power Study of mankind is man' मनुष्य के अध्ययन का उपयुक्त विषय मनुष्य ही है।

प्रारम्भ से ही अध्ययन-अध्यापन आप का प्रमुख व्यसन सा रहा है। दीक्षोपरांत सारे भारत में भ्रमण करके अनेकों प्राणियो को आपने त्याग के उत्कृष्ट व्रत आर्यिका एवं मुनि मार्ग पर आसीन कराया है। तथा शिष्यों को स्वयं ही न्याय व्याकरण छंद अलंकार सिद्धांत एवं अध्यात्म आदि विषयों के उच्च कोटि का ज्ञान प्रदान किया है। आपकी ओजस्वी वाणी ने न जाने किन २ पर मधुर प्रहार करके जीवन को परिवर्तित कर दिया है। दिन प्रतिदिन आपकी ज्ञानगरिमा की मधुर सौरभ जन २ में उत्तरोत्तर व्याप्त हो गई।

तीर्थ यात्रा —

वि स २ १६ मे तीर्थराज श्री सम्मेदशिखर जी की यात्रा हेतु आपने ३ आर्यिका एव १ क्षुल्लिका के साथ आचाय श्री की आज्ञा लकर सघ से अलग विहार किया । सम्मेदशिखर दशनोपरात दक्षिण भारत का भ्रमण कर कलकत्ता हैदराबाद श्रवणबेलगोला तथा सोलापुर जसे भारत के विशाल एवं प्रमुख शहरो में चातुर्मास करके अतीव धर्म की प्रभावना की। स्थान स्थान पर सावजनिक सभाओ द्वारा आपने भगवान महावीर की वाणी का महान उद्यात किया है।

दक्षिण भारत की यात्रानतर पूज्य माताजी ने मध्य भारत को भी अपन पावन पद रज से सुशोभित किया। अनेक छोटे बड शहरो म विहार करके धम की वर्षा करते हुए पूज्य माता जी का मगल पदापण इन्दौर निकटस्थ सनावद मे होता है। शुभ वष स २ २४ का चातुर्मास पूज्य माता जी ने सनावद मे करने का निणय न्यिा। सनावद मे पूज्य माताजी का चातुमास होता है तथा ४ महोने निरतर अनेको प्रकार से धम वाय के द्वारा समाज को एक नई दिशा प्राप्त होती है। आपके वात्सल्यपूण विद्वत्तापूण एव मार्मिक उपदेशो का श्रवण कर सनावद निवासी कालज के विद्यार्थी श्री यशवत कुमार तथा श्री मोतीचद जी सराफ के जीवन पर अत्यधिक प्रभाव पडा इधर पू`य माताजी की सदप्ररणा का आश्रय मिला—दोनो नवयुवको के जीवन मे एक नया मोड आया।

सघ समागम —

आचाय श्री शिवसागरजी महाराज विशाल संघ सहित सलूम्बर निकटस्थ ग्राम करावली (राज०) मे विराजमान थे—सनावद चातुर्मासोपरात पूज्य माताजी आचाय सघ मे पदापण करने की मगल कामना करके सनावद से विहार कर देती हैं। शीघ्र ही आचाय सघ से माताजी का मगल मिलन होता है। साथ मे बालब्रह्मचारी श्री मोतीचन्द जी सर्राफ एव श्री यशवतकुमार भी पूज्य माताजी की छत्र छाया मे विद्याध्ययन करने का सौभाग्य प्राप्त कर लेते हैं। पूज्य माताजी ने अन्य विद्यार्थियो के साथ इन्हे भी व्याकरण न्याय सिद्धान्त आदि ग्रन्थो का अध्ययन कराना प्रारम्भ कर दिया।

प्रतापगढ़ चातुर्मास सम्पन्न होने के बाद आचाय श्री शिवसागर जी महाराज का विशाल संघ समुदाय के साथ श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र पर पञ्चकल्याणक प्रतिष्ठा की सानद समाप्ति के लिए

[illegible] होता है। उस समय श्री महावीर जी क्षेत्र पर आ० शिवसागर जी महाराज के विशाल संघ समेत कुल ७२ साधुओं के विशाल समुदाय का दृश्य कई शताब्दियों के बाद प्रथम अवसर था। [illegible] भक्ति में झूम रहे थे। लेकिन कर्मों की विचित्रता से ही मानुष के तुच्छ कमल के वैराग्य के अंकुर निकलते हैं। कर्मों के आगे किसी का वश नहीं चलता—आ शिवसागर जी महाराज प्रतिष्ठा से पूर्व ही विपुल साधु समुदाय के मध्य इस नश्वर शरीर का परित्याग करके हम सबकी दृष्टि से अविद्य मान हो गये। अगर उस समय की करुण गाथा को हम आपके समक्ष प्रस्तुत करने का प्रयास करें तो एक विशाल ग्रन्थ तयार हो जावेगा।

महान प्र रणा —

आचाय श्री शिवसागर जी महाराज की समाधि के पश्चात विशाल समुदाय के मध्य बालब्रह्मचारी महातपस्वी त्यागमूर्ति पूज्य मुनि धमसागर जी महाराज को आचाय पट्ट प्रदान किया गया।

यशवंतकुमार एव श्री मोतीचद जी को भौतिक युग (गृह पिंजरे) से आचार्य सघ रूपी गुरुकुल मे आये १ वष ही बीते होंगे—कि ससार की नश्वरता को देखकर यशवत कुमार मे वराग्य के तीव्र भाव बढ़े और पूज्य वात्सल्यमूर्ति ज्ञानमती माताजी की सदप्रेरणा प्राप्त कर नवीन आचाय श्री के चरण—कमलो मे यथा जात दीक्षा की य चना कर दी—शुभ मिती फाल्गुन शक्ला ८ स २ २५ के दिन बिना किसी पूर्वाभ्यास के ५० ६० हजार विशाल जन समुदाय के मध्य दगम्बरी दीक्षा धारण कर ली—सबसे अल्प आयु (१९ वष) की प्रथम दीक्षा प्रदानकर आचाय श्री धम सागर जी महाराज ने तदनुरूप यश वंत कुमार का नाम रखा—वर्धमानसागर। जो कि आज हम सबके समक्ष आ सघ के सान्निध्य मे रत हैं—यह महान उदाहरण जो आपके सामने प्रस्तुत किया—पू य माताजी के अथक प्रयास एव प्रतिभा का ही द्योतक है।

प्रस्तुत ग्र थ अष्टसहस्री के सपादन कार्य मे जिन मोतीचद जी ने अपने समय का सदुपयोग किया है—ये वही मोतीचन्द जी है जो पूज्य माताजी के र्मार्मिक प्रवचनो से प्रभावित होकर ६ वष पूव गृह पिंजरे से निकलकर आचाय सघ रूपा पाठशाला मे माताजी से अध्ययनाथ आये। आपके पिता श्री अमोलकचद जी सा एवं मा रूपाबाई ने बहुत ही विचार पूर्ण दष्टि से बच्चे का नाम मोतीचन्द रखा था। धनाढ्य परिवार होने से सभी साधन उपलब्ध होते हुए भी वराग्यपूर्ण भावनाओ के कारण आपने बिना किसी की प्ररणा के १८ वष की अल्पायु में सन १९५८ मे आजीवन ब्रह्मचय व्रत ले लिया था। १० वष घर पर ही बडी कशलता स व्यापार करते हुए धर्माराधन मे सलग्न रहकर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रसर रहकर व्यतीत किये।

पश्चात् पूज्य माताजी के साथ आकर अनेक उच्चकोटि के ग्रन्थो का ज्ञान प्राप्त करके शास्त्री एव [illegible] स० वि० परिषद की न्यायतीथ परीक्षा उत्तीण करके आपके समक्ष अनेको ग्रन्थोंके सपादन [illegible]

अन्य धार्मिक कार्यों को सम्पन्न कर रहे हैं। आपके घर सोने चांदी का व्यापार होता है आपकी प्रेरणा से आपके पिताजी ने ४ वर्ष पूर्व पचीस हजार रु० का दान निकालकर एक पारमार्थिक ट्रस्ट की स्थापना की—जिसके माध्यम से सनावद में ही आज २ धार्मिक पाठशालाएं चल रही हैं। दो छोटे भाई आपके द्वारा छोड़े हुए व्यापार को सम्हाल रहे हैं।

अभी पूज्य श्री ज्ञानमती माता जी की सदप्रेरणा से स्थापित दि जैन त्रिलोक शोध संस्थान के निर्माण काय मे भी आपने पचीस हजार रु की राशि दान में घोषित की है। इस प्रकार आपके पिताजी धर्म कार्यों में समय-समय पर विपुल धन राशि व्यय करते आ रहे हैं।

शास्त्री एव न्यायतीथ के अलावा आपने पूज्य माता जी से जन भूगोल का बडा ही गहन अध्ययन प्राप्त किया है। इस प्रकार ६ वर्ष से सघ की सेवा मे रहकर व्याकरण याय सिद्धा त भूगोल अध्यात्म आदि के ग्रन्थो का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया है। आपके सहिष्णता एव वात्सल्य जसे अनुकरणीय गुणों से हर व्यक्ति प्रभावित रहता है। ऐसे महान व्यक्तित्व से समाज एव धर्म को अनेक आशाए हैं यह भी पूज्य माताजी की ही प्रतिभा का परिचायक है।

पूज्य मुनिराज सभवसागर जी पूज्य मुनिराज वधमान सागर जी स्व पूज्य आर्यिका पद्मावती जी पू आ० जिनमतीजी पू आ आदिमतीजी पू आ श्रेष्ठमतीजी पू आ अभयमतीजी पू० आ जयमतीजी पू आ रत्नमतीजी तथा पू आ यशोमतीजी पू क्ष मनोवतीजी आदि ने आप से ही ज्ञान एवं त्याग की प्रेरणा प्राप्त की है।

श्री मोतीचद जी के अतिरिक्त मुझ तथा कु मालती कु शीला कु सुशीला कु कला कु माधुरी कु त्रिशला कु मजू आदि विद्यार्थियो को शास्त्री एव न्यायतीथ का अध्ययन करा कर पूज्य माताजी ने अनेको होनहार छात्रो एव छात्राओ को ज्ञान दान प्रदान किया है। आपकी लघु सहोदरा कु त्रिशला एव कु माधुरी ने १२ एव १४ वष की अल्पायु मे राजवार्तिक गोमट्टसार सर्वार्थसिद्धि अष्टसहस्री आदि ग्रथो का अध्ययन करके शास्त्री की परीक्षा उत्तीण कर एक नया उदाहरण प्रस्तुत कर दिया है। यह सब पू माताजी की उच्चकोटि की प्रतिभा एव ज्ञान गरिमा का ही फल है। पू माताजी की मातेश्वरी मोहनी देवी ने भी सन १९७१ के अजमेर चातुर्मास के अनन्तर आपकी प्रेरणा से आपके ही पदानुकूल आर्यिका के सर्वोत्कृष्ट व्रत अगीकार करके भारतीय जैन इतिहास को गौरवान्वित किया है। जिस-जिस बगीचे मे आपने उपदेशामृत एव ज्ञान रूपी बीज डाला है वह प्रत्येक बगीचा एक न एक दिन मधुर सुवासो से युक्त पुष्पित एव पल्लवित नजर आया है। आपकी छत्र छाया मे रहने वाली अनेक कु० बालिकाए ज्ञान एव त्याग मे उत्तरोत्तर बढती जा रही हैं। यह है आपका जीवन एव आपकी छत्र छाया मे रहने वालो के जीवन के ज्ञान एव त्याग मे बढते कदम।

चिन्तनात्मक संकलन :—

लेखन 'चिन्तन' का प्रसाद है । पू माताजी ने जैन भूगोल का बहुत ही सूक्ष्म अध्ययन किया है। 'त्रिलोक भास्कर', 'जैन ज्योतिर्लोक एवं जम्बूद्वीप नामक पुस्तको में आप दृष्टि डालकर देखें तो आपको इस तप पूत जीवन के महान क्षणो द्वारा अन्वेषित सामग्री प्राप्त होगी ।

जिस समय हम न्यायदर्शन की ओर दृष्टि डालते हैं तो प्रस्तुत ग्र थ अष्टसहस्री (भाषानुवाद सहित) एव न्यायसार से आपके गहन अध्ययन एव प्रतिभा का परिचय प्राप्त होता है ।

पू० माताजी बहुमुखी प्रतिभा मे युक्त हैं । प्रथमानुयोग चरणानुयोग करणानुयोग एव द्रव्यानुयोग मे माताजी का समान अधिकार है । व्याकरण छद अलकार आदि मे आप अच्छी तरह सिद्ध हस्त हैं । आपके द्वारा अनुवादित कातन्त्रव्याकरण वीरज्ञानोदयग्रथमाला के प्रकाश्य विभाग मे विद्यमान है । सस्कृत की स्तुतिया बनाना आपके लिए बहुत ही साधारण सा काय लगता है । हि दी की रचना मे आपकी रूचि कम ही है फिर भी उषावदना' ग्रामोफोन रिकाड आपक द्वारा रचित स्तुति का ही सुफल है । कई ग्रामो एव शहरो के बालक बालिकाओ की जिह्वा पर गुनगुनाते हुए स्वर मे आने वाली 'मंगलस्तुति भी आपकी बहुमूल्य देन है ।

इसके अतिरिक्त ग्र थमाला के प्रकाश्य विभाग मे भगवान महावीर कसे बन सचित्र पुस्तक को देखने से भगवान महावीर के पूव पर्यायी अनेको भवो का स्पष्टीकरण आपको प्राप्त होगा । चित्रो से पुस्तक को अतीव रोचक बनाने का परुषाथ किया है । यह भी पू माताजी के सौज य से ही प्राप्त हुई है ।

पू माताजी हि दी सस्कृत प्राकृत एव कन्नड भाषा की उदभट विद्वान हैं । इसके अतिरिक्त अन्य कुछ भाषाए आशिक रूप से आपकी प्रायोग्य हैं ।

प्रेरक स्तम्भ —

'दि० जैन त्रिलोक शोध सस्थान की स्थापना करवा कर आप जन समाज के लिए ही नही वरन समग्र भारत को एक अभूतपूव अद्वितीय एव दशनीय चीज प्रदान कर रही हैं । इस सस्थान के अतगत सचालित वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला से अनेका ग्रन्थ प्रकाशित हो रहे है ।

उपरोक्त सस्थान के अ तगत मासिक मुख पत्र के रूप मे सम्यग्ज्ञान भी आपके समक्ष विपुल सामग्री सहित प्रस्तुत करके हमें गौरव का अनुभव हो रहा है । क्योकि प्रस्तुत पत्रिका मे सारे लेखो का संग्रह इसी तप पूत व्यक्तित्व के सौज य से प्राप्त हो रहा है ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि २२ वष के दीक्षित जीवन मे पू० माताजी ने स्व एव पर सम्बन्धी अनेकों कार्य किये—दर्शन एव ज्ञान को चारित्र से अलकृत किया ।

वह भी समय था—जब बहुतों ने रोका था समझाया था, पर स्वातन्त्र्य
प्रिय कुमारी मैना को रोकने में सफलता कैसे मिलती
त्याग के बढ़ते कदम को रोकने मे सफलता नहीं मिली थी
जब लोगों ने आश्चर्य प्रगट किया—धन्नमन से जयकारा बोला।

एक हैं अष्टान्हिका के महान व्रतों को याद दिलाने वाली मना। आज यह मानव जीवन के सर्वोत्कृष्ट व्रत त्याग वृत्ति को याद दिलाने वाली मना (ज्ञानमती) हैं। दोनो ही मना वीतराग भगवान की भक्ति एवं धर्म में सम्यक श्रद्धा ज्ञान तथा चारित्र के कारण ससार मे क्रमश मान्य एव वन्दनीय बन गई हैं।

पू माताजी के चरणो मे शतश नमन।

दिल्ली
२० अगस्त १९७४

रवीन्द्र कुमार जन
शास्त्री बी० ए०

दो शब्द

३ फरवरी १९७१ टोंक (राज) मे पचकल्याणक प्रतिष्ठा के अवसर की बात है। लखनऊ विश्वविद्यालय से केवल बी ए० तक ही अध्ययन प्राप्त करके पूज्य मातुश्री के चरणो मे दर्शनार्थ उपस्थित हुआ था—पूज्य मातुश्री ने लौकिक अध्ययन एव जीवन की नश्वरता के अनेक उदाहरणो द्वारा हृदय को परिवर्तित कर दिया। अन्तत पूज्य मातुश्री के चरणो मे रहकर कुछ काल तक धार्मिक शिक्षण लेने का मन मे निणय लेना पडा। सौभाग्य था—पुण्योदय था पूज्य मातुश्री ने ३ माह के अन्दर मुझ शास्त्री परीक्षा के सारे पाठयक्रम का अध्ययन करा दिया। अध्ययन करके मैंने परीक्षा दी और अच्छे अंकों से उत्तीणता प्राप्त हुई सफलता से उत्साह बढा और मुझ अनुभव हुआ कि जो अध्ययन पूज्य मातुश्री ने ३ माह मे मुझ अथक परिश्रम से कराया है। वह मैं किसी विद्यालय या कालेज में ३ वष से कम मे नही कर सकता हू। धीरे धीरे धार्मिक अध्ययन एव साध सेवा मे निरन्तर इच्छा बढती गई तथा विश्वविद्यालय के अध्ययन की ओर से रुचि घटती गई। जिसके परिणाम स्वरूप ५ मई सन १९७२ को पूज्य माता जी की सदप्ररणा एव भाई श्री मोतीच द जी के अथक प्रयास से मैंने नागौर (राज) मे विराजमान आचाय श्री १ ८ धमसागर जी महाराज से आजीवन ब्रह्मचय व्रत ग्रहण करके जीवन को मोड देने का निणय लिया। पश्चात कुछ समय गहप्रवास मे और बिताकर पूज्य माता जी के दिल्ली चातुर्मासान्तगत दिल्ली आकर मातुश्री की प्ररणा से स्थापित दि जन त्रिलोक शोध सस्थान तथा संस्थान के अन्तगत सचालित वीर ज्ञानोदय ग्र थमाला एव सम्यग्ज्ञान मासिक पत्रिका के सपादन काय मे सहयोग करने का मुझ सौभाग्य प्राप्त हुआ –यह सब पूज्य मातुश्री की ही कृपा का प्रसाद है। जो इतने उच्चकोटि के ग्रन्थ आदि के सम्पादन काय मे सहयोग देने की मुझ मे क्षमता प्राप्त हुई। अन्त मे पूज्य मातुश्री के चरणो मे श्रद्धा सुमन समपण करता हुआ—आप सब के समक्ष अष्टसहस्री का प्रथम भाग उपस्थित कर रहा हू आशा है आप सब लोग पूज्य माता जी की साधना से पूण रूप मे लाभान्वित होंगे।

२० अगस्त १९७४ रवीन्द्र कुमार जैन

ब्यावर निवासी जयपुर प्रवासी, सेठ सा० हीरालाल जी (रानी वालों) का पुनीत सहयोग

प्रस्तुत अष्टसहस्री प्रथम भाग के पुनीत सहयोगी सेठ हीरालाल जी के पूर्वज मूल से खर्जा निवासी रहे हैं। किन्तु प्रसिद्धि रानी वालों' के नाम से हुई। आपके पिता रायबहादुर सेठ चपालाल जी सन १८७५ के आस पास ब्यावर आये एव रुई का व्यापार प्रारम्भ किया। इस व्यापार मे इनकी बडी ख्याति हुई तथा बगाली देशी रुई के व्यापार मे काटनकिंग नाम से प्रसिद्ध हुए।

सन् १९ ६ मे सेठ चम्पालाल जी ने राजस्थान की तीसरी और ब्यावर की दूसरी कपडा मिल— दी एडवर्ड मिलस की स्थापना ६ लाख चालीस हजार की अधिकृत पू जी से की। सेठ चम्पालाल रामस्वरूप फम की उन दिनो भारतवष मे करीब ५२ दुकान चलती थी। यह फम अपनी व्यापारिक प्रतिष्ठा के लिए सवत्र विख्यात थी। सेठ सा अजमर जिले के सरकारी खजाची थे तथा यावर मे आनरेरी मजिस्ट्रट भी थे।

उदार मनोवत्ति वाला धमनिष्ठ परिवार होने से वि स १९४८ (सन १८९२) मे सेठ चपा लाल जी तथा उनके पाच भाइयो ने ब्यावर मे अजमरीगेट के बाहर एक विशाल नशिया का निर्माण कराया। नशिया मे बना मदिर पूणतया सगमरमर का बना हुआ है। मदिर मे कुछ मूर्तिया मूल्यवान रत्नो की भी है। इस मदिर की बिम्ब प्रतिष्ठा के समय लगभग एक लाख व्यक्ति एकत्रित हुए थे।

वि स १९९ मे चा च आचाय श्री शातिसागर जी (दक्षिण) तथा आचाय शातिसागर जी (छाणी) के युगल सघ का चातुर्मास आपकी ही नशिया मे हुआ। एक वष बाद आ कल्प श्री चद्र सागर सागर जी का एव सन १९५८ मे १ ८ आ श्री शिवसागर जी का ससघ चातुर्मास हुआ। इसी प्रकार लगभग सभी आचाय सघो त्यागियो का आगमन समय समय पर होता रहता है। साघ सघो की सेवा मे एव नगर मे होने वाले धार्मिक समारोहो मे आपके परिवार का विशेष सहयोग रहता है।

आपकी नशिया मे सन १८९५ मे ऐलक पन्नालाल दि जन विद्यालय की स्थापना हुई जिसमे वर्तमान व पूव के अनेक विद्वानो ने अध्ययन प्राप्त कर सरस्वती का वरद हस्त प्राप्त किया। इसी प्रकार इसके एक विशाल भवन मे ऐलक पन्नालाल दि जैन सरस्वती भवन भी स्थापित है जिसम लगभग ७०० (हस्तलिखित एव मुद्रित) ग्रथो का सग्रह है।

सेठ हीरालाल जी ने बाल्यकाल से अपने पिता जी का अनुसरण करके धार्मिक जीवन बिताया है। आपके घर मे भी एक चत्यालय है। आपके ८ भाइयो मे भी धार्मिक मनोवत्ति है।

स्वय आपने भी समय समय पर विशेष दान गुप्त रूप मे किया है। अनेक सस्थाओ मे भी आप पदाधिकारी रहे हैं। महान् व्यक्तित्व होते हुए भी आप निरभिमानी है। धर्मात्माओ को देखकर आज भी आपका वात्सल्य उमड पडता है।

सन् १९७१ के अजमेर चातुर्मास के अनन्तर जब प० श्री ज्ञानमती माता जी का ब्यावर पदार्पण हुआ तब आपने सघ की बड़ी सेवा की तथा माता जी की प्ररणा से ब्यावर मे ही बनने वाली जम्बूद्वीप रचना (माडल) के निर्माण मे भी आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इन दिनो अष्टसहस्री प्रकाशन के विषय में विचार विमर्श चल ही रहा था और आपके चारो पुत्र श्री देवेन्द्रकुमार जी मधुकुमार जी वीरेन्द्र कुमार जी एव सुरेन्द्रकुमार जी तथा दोनो सुपुत्रिया शारदाबाई एव सुशीलाबाई ब्यावर आये हुए थे। आपके ही समान आपके पुत्र पुत्रियो के भी धार्मिक सस्कार है। उस समय श्री देवेन्द्रकुमार जी ने स्वेच्छा से ५००१) नकद देकर अष्टसहस्री के प्रकाशन का शुभारभ कराया। अनतर ५) और भेजकर प्रकाशन को तीव्रगति प्रदान करने मे पुनीत सहयोग प्रदान किया। पश्चात इस प्रथम भाग म होने वाले पूर्ण व्यय के लिए स्वीकृति प्रदान कर जिनवाणी की सेवा का एक महान एव अनुकरणीय काय आपके द्वारा सम्पन्न हुआ है।

आपके दो पुत्र— श्री देवेन्द्रकुमार जी एव मधु कुमार जी बबई मे तथा दो पुत्र श्री वीरेन्द्रकुमार जी एव सुरेन्द्रकुमार जी जयपुर मे व्यापार क निमित्त से आ गये है। स्वास्थ लाभ की दृष्टि से आप भी पिछले २ ३ वर्षों से जयपुर ही रहने लगे है।

पूव की भाति भविष्य मे भी आपका परिवार धमनिष्ठ रहकर धर्मायतना की तन मन धन से सेवा करता रहे यही शुभ कामना है।

मोतीचन्द जन सर्राफ

*

— ० —

न्यायसार

परिशिष्ट मे न्यायसार दिया गया है। न्यायशास्त्र मे प्रवेश करने के इच्छक जन सव प्रथम ही इसका मनन कर लेवें पुन अष्टसहस्री ग्रन्थ के स्वाध्याय मे अधिक आनद आयेगा। और सर्वत्र सभी विषय सरलतया समझ मे आ जावग। प्रत्येक मतावलम्बियो की क्या क्या मान्यताय हैं एव जनाचायो की क्या मान्यता है। इस बात का इस न्यायसार मे बहुत ही सक्षिप्त तथा स्पष्ट विवेचन है।

ग्रन्थमाला परिचय

भगवान महावीर स्वामी क परिनिर्वाणोत्सव क पुनीत अवसर पर स्थापित दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध सस्थान क अन्तगत ग्र थ प्रकाशन हेतु वीर ज्ञानोदय ग्र थमाला की स्थापना वीर नि स २४९८ मे हुई है। ग्र थमाला का प्रथमपुष्प अष्टसहस्री प्रथमभाग (भाषानुवादसहित) श्रीमान सेठ हीरालाल जी (रानी वाल) जयपुर (राज०) क द्रव्य से प्रकाशित हो रहा है।

अन्य ग्रन्थो क प्रकाशन की सुविधा क लिए १ १) एक हजार एक रुपये प्रदान करने वाले इस ग्रन्थमाला क सदस्य मनोनीत किये जाते हैं। कई ग्रन्थो का प्रकाशन काय चल रहा ह। ग्रन्थमाला द्वारा प्रकाशित प्रत्येक ग्रन्थ की एक एक प्रति ग्रन्थमाला क सदस्यो को भेंट स्वरूप प्राप्त होती रहेगी। इस पुनीत काय हेतु निम्नलिखित धर्मानुरागी ब धओ ने १ १) की स्वीकृति प्रदान करक ग्रन्थ प्रकाशन म सहयोग प्रदान किया है।

१ डा श्री कलाशचद जी जैन [राजा टाइज] दिल्ली।
२ श्री नेमीचद जी जन रोहतक रोड दिल्ली।
३ जवाहर लाल जी जन रोहतक रोड दिल्ली।
४ छोटेलाल कलाशचद जैन टिकतनगर [बाराबकी उ प्र०]।
५ फूशूशाह प्रद्युम्न कुमार जन टिकतनगर [बाराबकी उ प्र]।
६ श्रीमती शान्ति बाई जी जन कश्मीरी गेट दिल्ली।
७ श्रीमती इलाइची बाई जी जन कश्मीरी गट दिल्ली।
८ श्री अमोलकचद जी फूलचद सा जी जन सर्राफ सनावद [म प्र]।
९ श्रीमती कतकी देवी धमपत्नी सेठ श्रीपत जी जैन (भा व महासभा क मत्री) अजमेर।
१० श्री उमेशचद जी जैन नजफगढ दिल्ली।

११ मागीलाल जी पहाडिया हैदराबाद (आ प्र)।
१२ ,, मिन्नी लाल जी कलकत्ता १२।
१३ श्री मती सौ जीउ बाई हैदराबाद (आ प्र)
१४ श्री बालचन्द च द्रकुमार सन्तकुमार जैन टिकैतनगर।
१५ रामचन्द्र जी ठकेदार जयपुर (राज)।
१६ मूलचन्द राधलाल जी जैन बाण वाले जयपुर (राज)।
१७ श्याम लाल जी ठेकेदार दिल्ली।
१८ बहादुर सिंह जी जौहरी दरीबाकला दिल्ली ६।
१९ भूपाल भीमगोडा पाटिल बम्बई।
२० सुन्दर लाल जैन (सरूरपुर वाले) गाधीनगर दिल्ली।
२१ श्रीमती मगनमाला देवी जन ध प डा नरे द्र प्रसाद जी जन दरियागज दिल्ली।
२२ श्री हीरालाल जी कमलचद जी [हाथरस वाले] गाधीनगर दिल्ली।
२३ अजित प्रसाद जी जैन [हाथरस वाले] गाधीनगर दिल्ली।
२४ श्रीमती मायावती जन धमपत्नी रघनाथ प्रसाद जी जैन गाधीनगर दिल्ली।
२५ श्रीमती सुमित्रा दवी एव महे द्रा देवी जन रूपनगर दिल्ली।
२६ श्री विजयकुमार जी वद्य गाधी नगर दिल्ली।
२७ सुखानद जी प्रमचन्द जी जैन पखरपुर (बहराईच उ प्र)।
२८ , महेश चद जी जन रामनगर लोनी रोड शाहदरा दिल्ली।
२९ बीजालाल जी रतनलाल जी जन किशनगढ़ (राज)।
३० जयकुमार मूलचद जी जन सर्राफ मेरठ।
३१ लल्लूमल जी शीतल प्रसाद जी जन सर्राफ मेरठ।
३२ जोधामल जी कलाशचद जी जन सर्राफ मेरठ।
३३ रघुनन्दन प्रसाद जी राजकुमार जी मेरठ।
३४ सौ कुसुमलता जन ध प महेशचद जी जन हस्तिनापुर (मेरठ)।
३५ रोशनलाल जी जयपाल जी जन बिनोली मेरठ।
३६ श्रीमती कुसुमलता देवी जैन ध प स्व लाला श्री कल्याणसिंह जी जैन शाहदरा दिल्ली।

शुद्धि पत्र

अशुद्ध	शुद्ध	पेज	पंक्ति
तद्गुणातिशय	तद्‌गुणातिशय	६	५
निश्श्रेयस	नि श्रयस	७	१
वाक्यार्थो	वाक्यार्थौ	१७	१
बुध्यारुढस्य	बुद्धयारूढस्य	३३	१
वक्त्रप्रत	वक्त्रभिप्रत	३३	२
अविपयस्त्वात	अविपययस्त्वात	३६	२९
अकुर्वन	अकुवन	३९	८
निराकणम	निराकरणम्	४०	३
अथ भाट्ट	भाट्ट	४३	१३
लिङ्ग	लिङ्ग	५२	६
प्रतिमास	प्रतिभास	५७	२७
व्यापार	व्यापार	५९	२८

पेज ६ ६४ पर टिप्पणी मे गडबडी हुई है ६४ पेज की विधिकथन की टिप्पणी ६३ पर रह गई है उसमे नम्बर नही है आग धमत्वेन की टिप्पणी न होनें ये ६४ पेज पर ७ वी टिप्पणी से सुधार हुआ है।

अशुद्ध	शुद्ध	पेज	पंक्ति
सिद्धयेत ?	सिद्धयेत् ?	६९	५
अथा	अश	६९	२
ही	नही	७३	१७
मतव	मतमव	७६	२८
सौगतमत	सौगतमत	९०	१
स्वपक्ष	स्वपक्ष	९	१
रहितनामर्थ	रहितानामथ	९२	२८
यजथादि	यजनादि	९३	२८
व्यापृतता	व्यापृता	९९	२२
स्नान	स्नान	१०२	२५

अशुद्ध	शुद्ध	पेज	पंक्ति
व्यक्तंयथ	व्यक्तयथ	१ ७	३
जुहूया	जुहुया	१ ७	२४
कतूक	कत क	११४	२२
गाण	गौण	१३१	६
कथमस्तथाहि	कथ तथाहि	१३५	२५
सुदर	सुदूर	१३६	२
चोद्धवता	चोद्ध वता	१४१	६
तांद्रूप	ताद्रूप्य	१४१	६
स्वातत्र्येण	स्वातत्र्येण	१४४	३
यापारस्य	व्यापारस्य	१४६	२६
वाक्य रथ	वाक्यस्थ	१४७	१
अश	अश	१४७	८
अभाव न होने से अनवस्था आ जायेगी	अभाव होने से अनवस्था नही आवेगी	१४६	१० ११
पाको	पाचको	१५३	१२
'जैन भवति	जैन भवति	१५३	१३
याग	याग	१५८	१२
प्रत्यद दूमवर	प्रत्ययवददूर	१६०	५
धवलयो	धवलयो	१६१	२६
परिष्पदात्मक	परिस्पदात्मक	१६३	२
परब्रह्मादा	परब्रह्मादौ	१७३	१
भ्रमती	भ्रमती	१७५	२६
भवदमि	भवद्भि	१८४	१
नाम	नाम	१८४	४
वैकल्प	वकल्य	२	३
स्नान	स्नान	२ ५	२७
सिद्धि	सिद्धिका	२१५	२६
किञ्चिद् निणीत	यह अष्टशती मे नही है। श्लोक है	२२२	५

अशुद्ध	शुद्ध	पेज	पंक्ति
अनक	अनेक	२३८	३०
चतुथ	चतुर्थ	२५२	६
भ्यासर्त	भ्यासशतै	२५५	५
सर्वज्ञो ज्ञायते	सवज्ञो न ज्ञायते	२५८	१
प्रत्यासत्त ज्ञाना	प्रत्यासत्तेर्ज्ञाना	२७४	१
व्यापार व्याहृा	व्यापारव्याहार	२६१	२४
सस्कतृणां	सस्कत णा	२६२	३
पथ्वी	पथ्वी	२६३	१२
सर्थस्य	समर्थस्य	२६४	१
याशी	यादशी	२६६	८
सावाद	सद्भावाद	३०४	५
सन्निश	सन्निवेश	३ ८	२
कवल	केवल	३११	७
परमाप्वा	परमाण्वा	३१८	२
क्ष्माद्यर्थाना	सूक्ष्माद्यर्थानां	३१८	३
बुद्ध्यूत्पादक	बुद्धयुत्पादक	३१८	३
नुमेयेर्थे	अनुमेयेथ	३२	८
प्रत्यक्षेयण	प्रत्यक्षेण	३२	२८
नणास्ति	नास्ति	३२५	२८
नियाकरण	निराकरण	३३५	२२
ध्याानोम्द्भूत	ध्यानोदभूत	३३६	२३
गृण्हाति	गह्णाति	३३६	२८
विकल्पोघ	विकल्पोघ	३४५	३
लाला	वाला	३५०	४
तप्सिद्धे घटीयत्र	तत्सिद्धघटीयत्र	३५२	६
भ्रांति निवृत्तिवत्	भ्रातिनिवृत्तिवत्	३५२	६
वसन	विसेन	३५५	२६
प्यचेन	प्यचेतन	३७७	६

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति
युक्तिमे	युक्तमे	३७७	८
स्यद्वादी	स्याद्वादी	३७७	२८
मित्वथ	मित्यर्थ	३८१	२५
वर्ण	वर्णे	३८३	२८
शत्या	शक्त्या	३८५	४
कृत्स्न	कृत्स्ने	३८८	६
साख्यादिमान	सांख्यादिमान्य	३९२	४
कोपिल	कपिल	३९२	१७
साख्या	सांख्या	३९५	१
लभेयहि	लभेमहि	४ ३	६
प्रायसो	प्रायशो	४ ६	४
मिच्छ विषयी	मिच्छाविषयो	४१	२४
निराकुत	निराकृत	४१०	२५
योहीनि	योर्हीनि	४१	२७
व्यावहार	व्यवहार	४११	१४
वाव्यापारो	वाग्व्यापारो	४११	२९
शास्त्राणा	शास्त्राणा	४१६	७
समर्थयमन	समथयमान	४१६	२९
कठोष्ठा	कठौष्ठा	४१७	८
परित्छित्तौ	परिच्छित्तौ	४२२	३
अप्रामाणोक	प्रामाणीक	४२३	७
स्वार्थाधिगम	स्वार्थाधिगम	४२४	८

समर्पण

श्रीमद परम पूज्य प्रात स्मरणीय

चारित्र तपोनिधि

१०८ आचार्य
श्री धर्मसागर जी
महाराज

एवं

१०८ आचार्य
श्री देशभूषण जी
महाराज

के

कर कमलों में

❀ सादर समर्पित ❀

—आर्यिका ज्ञानमती

परम पूज्य तपोनिधि पट्टाधीश १०८ आचाय श्री धम सागर जी महाराज

का

शुभाशीर्वाद

शिक्षा प्रधान वतमान युग मे लौकिक अध्ययन के साथ साथ धार्मिक पठन-पाठन भी बढा है। जहां पाश्चात्य भाषा सर्वाधिक प्रचलन मे आई है वहाँ सस्कृत प्राकृत भाषा के ज्ञान मे अधिक ह्रास हुआ है। हमारे अधिकांश प्राचीन ग्रथ सस्कृत प्राकृत भाषा मे लिख हुए हैं। अनेक विद्वानो ने समय समय पर बहुत से ग्रथो का सरल हिन्दी भाषा मे अनुवाद करके जिनागम के मम को समझने मे सव साधारण को सुलभता प्रदान की है जिसके लिए सभी स्वाध्यायी उनके इस महान् उपकार से उपकृत हैं।

के व्याख्याता पुरुष भी रागी द्वेषी ही मिलेंगे। इसलिये 'ये ही अर्थ प्रमाण हैं' ऐसी अंध परम्परा से अर्थ का निर्णय होना नहीं बनेगा। एक अंधे ने दूसरे अंधे का एवं दूसरे ने तीसरे का इत्यादि रूप से सैकड़ों अंधे हाथ पकड़कर पंक्ति से खड़ हो जावें तो क्या सबको दीखने लगेगा ? अर्थात् नहीं दीखेगा और न वे अंधे अभीष्ट स्थान को ही प्राप्त कर सकेंगे और यदि उन अंधो की पंक्ति मे आगे एक चक्षुष्मान् व्यक्ति जुड़ जावेगा तो कदाचित सभी को अभीष्ट स्थान तक पहुँचा भी सकता है। तथैव यदि आप मीमांसक इस अनादि निधन वेद का व्याख्याता सर्वज्ञ को मान लवे तो सभी अल्पज्ञो असर्वज्ञो को भी सच्चा अर्थ बोध हो सकता है हम जनो ने भी द्रव्यार्थिक नय से श्रुत को अनादि निधन माना है एवं पर्यायार्थिक नय से ही सादि सान्त भी माना है। किंतु सर्वज्ञ को मानने से हमारे यहाँ अर्थकर्त्ता तो सर्वज्ञ ही हैं किंतु ग्रंथकर्त्ता चार ज्ञानधारी गणधर हैं। उन्ही की परम्परा से अविच्छिन्न परंपरा तक ग्रंथ प्रमाण माने जाते हैं। इसका श्लोकवार्तिक मे अच्छा स्पष्टीकरण है।

यहाँ पर तो अपौरुषेय वेद मे प्रभाकर भाट्ट एवं अद्वैतवादी इन तीनो ने ही नियोग भावना और विधिरूप से वेदवाक्यो का अर्थ किया है तथा जैनाचार्यों ने एक दूसरे के द्वारा ही उनका खंडन करा दिया है।

आप्त परीक्षण का सारांश

मोक्षशास्त्र की आदि मे मोक्ष के लिये कारणभूत एवं मंगल के लिये कारणभूत श्री उमास्वामी आचार्य द्वारा जो अतिशय गुण सहित भगवान आप्त हैं उनकी स्तुति करने के इच्छुक श्री समंतभद्र स्वामी भगवान से प्रश्न उत्तर करते हुये के समान ही कहते हैं कि—

हे भगवन् ! आपके जन्मकल्याणकादिको मे देव चक्रवर्ती आदि का आगमन आकाश मे गमन छत्र चामर पुष्पवृष्टि आदि विभूतियाँ देखी जाती हैं किन्तु ये विभूतिया तो मायावी आदिको मे भी हो सकती हैं अतएव आप हमारे लिये महान्–पूज्य नहीं हैं। अर्थात्– श्रेयोमार्ग प्रणेता भगवान स्तुत्यो महान्, देवागमनभोयान–चामरादि–विभूतिमत्वाद्यन्यथानुपपत्ते इसमें देवागमनभोयान चामरादि विभूतिमान् की अन्यथानुपपत्ति होने से यह हेतु आगमाश्रय होने से असिद्ध है क्योंकि सभी लोग अपने अपने आगम को प्रमाण मानते हैं। यदि कोई तटस्थ जैनी यो कहे कि वास्तविक आगम कथित विभूतिमान् हेतु मायावीजनो मे संभव नहीं है क्योकि साधारण मे असंभवी असाधारण विभूतियाँ तीर्थंकर भगवान की हैं इसलिये इस श्लोक का अर्थ ऐसा करना चाहिये कि "देवागम आदि विभूतियाँ जो आप में हैं सो मायावीजनो में नहीं देखी जाती हैं अतएव आप हमारे लिये महान् हैं इस पर श्री विद्यानंद स्वामी कहते हैं कि इस "विभूतिमत्वात् हेतु को विपक्ष से असंभवी आप किस प्रमाण से

निश्चित करते हैं प्रत्यक्ष प्रमाण से या अनुमान प्रमाण से ? इन दोनो से तो आप सिद्ध नही कर सकते। यदि आगम प्रमाण से सिद्ध कर तब तो हमने पहले कहा ही है कि यह हेतु आगमाश्रय होने मे असिद्ध है।

इस पर भगवान मानो पुन प्रश्न करते है कि हे समंतभद्र ! बाह्य विभूति से तुमने हमे नमस्कार नही किया तो न सही किन्तु अन्य मस्करी आदि मे असभवी ऐसे अतरग मे पसीना आदि से रहितपना एवं बहिरग गधोदक की वृष्टि आदि महोदय हैं जो कि दिव्य हैं सत्य है वे मुझमे है अत आप स्तुति करिये। इस पर स्वामी समतभद्राचार्य कहते हैं कि ये महोदय भी रागादिमान् देवो मे पाये जाते है अत इनसे भी आप महान् नही है।

इस पर कोई तटस्थ जैनी कहता है कि जसा घाति कम के क्षय से होने वाला अतिशय भगवान म है वसा देवो मे नही है। अत विग्रहादि महोदयत्वात् हेतु व्यभिचारी नही है इसलिये कारिका का अथ ऐसा करना कि ये विग्रहादि महोदय रागादिमान् देवो मे हैं ? अर्थात् नही है इस प्रकार वक्रोक्ति द्वारा अथ करन से आगम मे बाधा नही आती है। इस पर श्री विद्यानद स्वामी कहते है कि पूववत् ही यह हेतु आगमाश्रय होने से अहेतु है। अत पूववत् आप विग्रहादि महोदय के द्वारा भी हमारे लिये महान् पूज्य नही हो सकते हैं।

तब तो देवो मे भी असभवी ऐसे आगमरूप तीथकृत सप्रदाय महोदय के द्वारा तो मैं अवश्य स्तुति करने योग्य हूँ इस प्रकार स मानो भगवान् के द्वारा साक्षात् प्रश्न करने पर ही श्री समतभद्र स्वामी प्रत्युत्तर देते हुये के समान कहते हैं कि हे भगवन्! आगमरूप तीथ को करने वाले तीर्थंकरो मे परस्पर मे भिन्न भिन्न अभिप्राय होने से विरोध पाया जाता है अत सभी तो आप्त हो नही सकते अर्थात् मीमासक साख्य सौगत नयायिक चार्वाक तत्वोपप्लववादी यौग ब्रह्माद्वतवादी चित्राद्वैत वादी शब्दाद्वैतवाती विज्ञानाद्वतवादी आदि अनेक एकान्त मतावलबियो मे सभी के सवज्ञता सिद्ध नही हो सकती है इसलिये कोई एक ही गुरु परमात्मा हो सकता है।

यहाँ भी तीर्थकृत्व हेतु देवो मे असभवी होते हुये भी बुद्धादिको मे पाया जाता है क्योकि सभी अपने अपने बुद्ध कपिल आदि को तीथकृत मानते हैं किन्तु सभी सवदर्शी नही हो सकते है। कुमारिलभट्ट ने कहा है कि यदि बुद्ध भगवान सर्वज्ञ हैं साख्य के गुरु कपिल सवज्ञ नही है इसमे क्या प्रमाण है और यदि दोनो ही सवज्ञ है तो उनमे मतभेद क्यो पाया जाता है ? इसपर मीमासक कहता है कि—

कोई विशेष पुरुष सवज्ञ स्तुति करने योग्य नहीं है अत अपौरुषय वेद के द्वारा ही मोक्ष के साधनभूत उपदेश की एवं अतीन्द्रिय पदाथ की सिद्धि हो जाती है। उनके प्रति आचार्य उत्तर देते हैं कि तीर्थं कृन्ततीति तीर्थकृत् मीमांसक तीथ का नाश करने वाले आप मीमासक है क्योकि आपके आगम तीर्थ के नाशक हैं एव आपके वेदवाक्यों का अर्थ कोई तो भावना करते हैं कोई उससे विरुद्ध विधिरूप एवं कोई नियोग रूप करते हैं इसलिये इनमे परस्पर विरोध होने से आप्तता नही है।

विशेष सूचना

यद्यपि आगे नियोगवाद विधिवाद एव भावनावाद ये तीनों प्रकरण क्लिष्ट एव नीरस है
ये प्रकरण वेद से संबधित हैं एव इनमें व्याकरण का सबध भी अधिक है
तथापि भावार्थ और विशेषार्थ द्वारा उसे सरल एव सरस बनाने का प्रयत्न किया
गया है फिर भी स्वाध्याय प्रेमी जनों को इन विषयों में रूचि न हो तो
आगे चार्वाक शून्यवादी के प्रकरण से स्वाध्याय कर । अनन्तर ये
तीनों प्रकरण भी सरल मालूम पडेंगे। किन्तु इनके समान सारे
ग्रथ को ही कठिन समझकर स्वाध्याय न छोड क्योकि
आगे-आगे इस ग्रथ में प्रकरण सरल सरस एव
अतीव रुचिपूर्ण हैं। स्थान-स्थान पर
पाठकों को स्वय ही अनुभव
आता रहेगा।

[अत्र भाट्टो नियोगवादं निराकरणार्थं तस्य पूर्वपक्षं स्पष्टयति]

ननु च[1] भावनावाक्यार्थ इति सम्प्रदाय श्रेयान् नियोगो न नियोगे बाधकसद्भावात्। नियुक्तोहमनेनाग्निष्टोमादिवाक्येनेति निरवशेषो योगो हि नियोगस्तत्र मनागप्ययोगस्य[2] सम्भवाभावात् स चानेकविध [3]प्रवक्तृमतभेदात ।

[एकादशधा नियोगस्य क्रमश वर्णनम्।]

(१) केषाञ्चिल्लिङादि[4]प्रत्ययार्थ [1] शुद्धोन्यनिरपेक्ष [5]कार्यरूपो नियोग ।

[यहाँ पर भावनावादी भाट्ट प्रभाकर द्वारा मान्य नियोगवाद के खंडन हेतु पहले उसका पूर्वपक्ष रखते हैं।

भाट्ट—वेदवाक्यो का अर्थ भावना ही है नियोग नही है और यही सप्रदाय श्रेयस्कर है क्योकि यदि आप वेदवाक्य का अर्थ नियोग करगे तब तो नियोग मे बाधा का सद्भाव देखा जाता है। इस अग्निष्टामादि वाक्य स मैं नियुक्त हुआ हूँ इस प्रकार निरवशष योग को नियोग कहते है क्योकि वहाँ पर किंचित् भी अयोग (अप्रेरकत्व असघटमान चिद्भावना रूप) कार्य सभव नहा है और वह नियोग अनेक प्रकार का है क्योकि नियोग के कथन करने वाल प्रवक्ता लोग भिन्न भिन्न अभिप्राय को लिये हुये है।

भावार्थ— अग्निष्टोमेन यजेत स्वर्गकाम मैं इस वाक्य से नियुक्त हो गया हूँ इस प्रकार नि निरवशष तथा योग अर्थात् मन वचन काय और आत्मा की एकाग्रता होकर प्रवृत्ति हो जाना नियोग है। नियुक्त किये गये व्यक्ति का अपने नियोज्य काय मे परिपूर्ण योग लग रहा है जसे कि स्वामिभक्त सेवक या गुरु-भक्त शिष्य को स्वामी या गुरु विवक्षित कार्य करन की आज्ञा दे देते है कि तुम जयपुर से पुखराज रत्न लते आना अथवा तुम अष्टसहस्री पढ़ो तो सेवक एव शिष्य उन कार्यों मे परिपूर्ण रूप से नियुक्त हो जाते हैं। काय होने तक उनको उठते बैठते सोते जागते शाति नही मिलती है सदा उसी काय मे परिपूर्ण योग लगा रहता है। इसी प्रकार प्रभाकर लोग यजेत इत्यादि वाक्यो को सुनकर नियोग स आक्रात हो जाते है। जन्मोत्सव विवाह प्रतिष्ठा आदि के अवसर पर पुरोहित

---

१ अत्राह भावनावादी भट्ट। २ अग्निष्टोम स्वर्गकामो यजेतानेन वादिनो मते लिङलोटतव्यप्रत्ययस्वरूप। ३ अप्ररकत्वस्य असघटमानस्य चिद्भावनारूपस्य कार्यस्य। ३ अभिप्राय। ४ अनेन लिङ्लोट्तव्यप्रत्ययार्थ सूच्यते न तु लडादिप्रत्ययार्थ। ५ जातिर्व्यक्तिश्च लिङ्ग च प्रकृत्यर्थोभिधीयते। सख्या च कारक चति प्रत्ययार्थ प्रतीयते ६ अग्निहोत्रादिविशेषणरहित। ७ वाक्यार्थनिरपेक्ष। ८ अवश्य करणीय।

---

1 पूर्वकारिकायां वाक्यार्थ एव नियोग प्रतिपादित इदानी प्रत्ययार्थ प्रतिपाद्यते। तर्हि विरोधमिति नाशङ्कनीय गुण मुख्यभावात् नियोगस्तावत्प्रत्ययेन विहित तस्मात्तदर्थमुख्यत्व प्रत्ययार्थरूपस्येति सूत्रेण नियोगार्थे लिङादिप्रत्यया भवन्ति।

[1]प्रत्ययार्थो नियोगश्च यत शुद्ध प्रतीयते । [2]कार्यरूपश्च तेनात्र[3] शुद्ध कार्यमसौ मत ॥१॥
विशेषण तु यत्तस्य[4] किञ्चिदन्यत्[5] प्रतीयते । [6]प्रत्ययार्थो न तद्युक्त धात्वर्थ स्वर्गकामवत् ॥२॥
प्रेरकत्वं तु [7]यत्तस्य[8] [9]विशेषणमिहेष्यते । तस्याप्रत्ययवाच्यत्वाच्छुद्ध[1] कार्ये नियोगता ॥३॥

[प्रमाणवार्तिकालंकार पृ २१]

इति वचनात् ।

(२) [1] परेषां शुद्धा[11] प्रेरणा[12] नियोग इत्याशय [13] ।

नाई आदि नियोगी पुरुष अपने कर्तव्य को पूरा करते है तभी तो उनके नेग (नियोग) का परितोष दिया जाता है। वह नियोग अनेक प्रकार का है मीमासको के प्रभाकर भट्ट और मुरारि ये तीन भेद हैं प्रभाकरों की भी अनेक शाखायें हैं ये प्रभाकर लोग यजेत इस विधिलिङ प्रत्यय यजताम् इस लोट प्रत्यय एवं यष्टव्यं इस तव्य प्रत्यय का अर्थ नियोग रूप से करते हैं।

[एकादश प्रकार के नियोग का क्रम से वर्णन]

(१) कोई-कोई कहते हैं कि जो लिङ लोट और तव्य प्रत्यय का अर्थ है शुद्ध है अन्य निरपेक्ष है एव कार्यरूप है वही नियोग है। अर्थात् पहले वेदवाक्य के अर्थ को नियोग कहा था इस समय प्रत्यय के अर्थ को नियोग कहते हैं इस तरह से तो परस्पर मे विरोध आता है ऐसी शंका नही करना चाहिये क्योंकि गौण मुख्य कथन है। प्रत्यय के द्वारा नियोग का कथन होता है। कहा भी है—

श्लोकार्थ— जो प्रत्यय का अर्थ शुद्ध अग्निहोत्रादि विशेषण से रहित प्रतीति मे आता है उसे नियोग कहते हैं और वह कार्यरूप ही है इसलिये इस वेदवाक्य का अर्थ शुद्ध कार्यरूप है ॥१॥

श्लोकार्थ—एव जो उस कार्यरूप नियोग का अग्निहोत्रादि कुछ अन्य विशेषण प्रतीति मे आता है वह प्रत्यय का अर्थ नही है किन्तु वह धातु का अर्थ है जैसे स्वर्गकाम ॥२॥

श्लोकार्थ—जो उस कार्यरूप नियोग का कार्य की निष्पत्ति के लिये प्रेरकत्व—प्रवर्तकत्व विशेषण है वह प्रत्ययो से वाच्य अर्थ नही है क्योंकि शुद्धकार्य मे ही नियोगता होती है ऐसा कहा गया

---

१ कुत एतदित्याशङ्क्य पुरातन श्लोकत्रयमाह । २ एव । ३ वेदवाक्ये । ४ कार्यरूपस्य नियोगस्य । ५ अग्निहोत्रादिकम् । ६ वचनमात्र: ७ कार्यस्य स्वनिष्पत्त्यर्थं यत्प्रेरकत्व प्रवर्त्त कत्वम् । ८ कार्यरूपस्य नियोगस्य । ९ यागकर्मणि । १ नियोग वादिनाम् । ११ वाक्यान्तर्गतकर्माद्यवयवापेक्षारहिता । १२ प्रेरकत्वम् । १३ सिद्धान्त ।

---

1 प्रत्ययार्थप्रतिपादकाभावादन्यथा करणीये ।

यह नियोगवाद का प्रकरण, तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक मूलग्रन्थ के २६२ पेज पर एव हिंदी सहितग्रन्थ की चौथी पुस्तक के १६१ पर है। तथा न्यायकुमुदचन्द्रोदय ग्रन्थ के ५८३ पेज पर है।

प्रेरणैव नियोगोऽत्र [1]शुद्धा सर्वत्र गम्यते । नाप्रेरितो यतः कश्चिन्नियुक्तः स्वं प्रबुध्यते ।।४।।

[प्रमाणवार्तिकालंकार पृ २१]

(३) प्रेरणासहितं कार्यं नियोग इति केचिन्मन्यन्ते ।

ममेदं कार्यमित्येवं ज्ञातं पूर्वं यदा भवेत् । [2]स्वसिद्धौ [3]प्रेरकं तत्स्यादन्यथा[4] तन्न सिद्धयति ।।५।।

[प्रमाणवार्तिकालंकार पृ २१]

(४) कार्यसहिता प्रेरणा नियोग इत्यपरे ।

प्रर्यते पुरुषो नैव कार्येणेह बिना क्वचित्[1] । ततश्च प्रेरणा प्रोक्ता नियोगः कार्यसङ्गता ।।६।।

[प्रमाणवार्तिकालंकार पृ २१]

है । अर्थात् जैसे यजि पचि आदि धातुओं के अर्थ शुद्ध याग पाक हैं स्वर्ग की अभिलाषा रखने वाला या तृप्ति की कामना करने वाला धात्वर्थ नहीं है क्योंकि वह प्रत्यय के अर्थ का प्रतिपादक नहीं है ।।३।।

(२) तथा अन्य किन्हीं नियोगवादियों का ऐसा कहना है कि वाक्यांतर्गत कर्मादि अवयवों की अपेक्षा से रहित शुद्ध प्रेरणा ही नियोग है ऐसा सिद्धांत है।

श्लोकार्थ—शुद्ध प्रेरणा ही नियोग है और वह सर्वत्र जानी जाती है क्योंकि प्रेरित नहीं हुआ कोई भी पुरुष अपने को नियुक्त हुआ नहीं समझता है । अर्थात् जाति व्यक्ति और लिंग तो जिस प्रकृति में प्रत्यय किये जाते हैं उस प्रकृति के अर्थ कहे जाते हैं और संख्या एवं कारक ये प्रत्यय के अर्थ हैं इस मन्तव्य की अपेक्षा शुद्ध प्रेरणा को ही प्रत्यय का अर्थ मानना चाहिये । वह प्रेरणा जिस धात्वर्थ के साथ लग जावेगी उस क्रिया में नियुक्त जन प्रवृत्ति करता रहेगा ।।४।।

(३) कोई प्रेरणा सहित कार्य को नियोग कहते हैं ।

श्लोकार्थ— यह मेरा कर्त्तव्य—कार्य है ऐसा जब पहले ज्ञान हो जाता है तभी वह वाक्य अपने कार्य की सिद्धि में—पुरुष को याग कर्म में प्रेरक हो सकता है अन्यथा—यदि यह मेरा कार्य है ऐसा पहले नहीं जाना है तब वह अपने कार्य की सिद्धि में प्रेरक नहीं हो सकता है । अर्थात् अकेली प्रेरणा या शुद्ध कार्य नियोग नहीं है किन्तु प्रेरणा सहित कार्य नियोग है ।।५।।

(४) कोई कार्यसहित प्रेरणा को नियोग कहते हैं । तथाहि—

श्लोकार्थ—कार्य के बिना कोई पुरुष यज्ञ क्रिया में प्रेरित नहीं किया जाता है इसलिये कार्य

---

१ नियोगरहिता । २ वाक्यस्य । ३ पुरुषस्य यागकर्मणि । ४ ममेदं कार्यमित्येवं ज्ञानाभावे तत्स्वसिद्धौ प्रेरकं न सिद्धयति ।

---

1 यागकर्मणि ।

(५) कार्यस्यैवोपचारत [1] प्रवर्तकत्व नियोग इत्यन्ये ।

[2]प्रेरणाविषय [3]कार्य न तु तत्प्रेरक स्वत । [4]व्यापारस्तु प्रमाणस्य प्रमेय[5] उपचर्यते ॥७॥

[प्रमाणवार्तिकालंकार पृ ३]

(६) कार्यप्रेरणयो [6] सम्बन्धो नियोग इत्यपरे ।

प्रेरणा हि विना कार्यं प्रेरिका नैव कस्यचित् । कार्य वा प्रेरणायोगो नियोगस्तेन[7] सम्मत ॥८॥

[प्रमाणवार्तिकालकार पृ ३]

(७) तत्समुदायो[8] नियोग इति चापरे ।

परस्पराविनाभत द्वयमेतत्प्रतीयते[9] । नियोग समवायोस्मात कार्यप्रेरणयोमत ॥९॥

[प्रमाणवार्तिकालकार पृ ३]

सहित प्रेरणा ही नियोग कही जाती है । अर्थात् तृतीय पक्ष मे कार्य की प्रधानता थी और यहा प्रेरणा की मुख्यता है जैसे गुरु से सहित शिष्य या शिष्य स सहित गुरु इन वाक्यो मे विशेषण विशेष्य भाव से प्रधानता और अप्रधानता हो जाती है उसी प्रकार यहा भी विशषण को गौण और विशष्य को मुख्य समझना चाहिये ॥६॥

(५) कोई काय को ही उपचार से प्रवतक कहकर उसे नियोग कहते है अर्थात् वेदवाक्य का जो मुख्य प्रेरकत्व है वह यागलक्षण कार्य मे उपचरित किया जाता है उसका नाम उपचार है । काय को ही उपचार से प्रवतक मानते है और उसे नियोग कहते हैं ।

श्लोकार्थ—वेदवाक्य का व्यापार—याग प्रेरणा का विषय काय है (प्रवत्तक है) किंतु वह स्वत प्रेरक नही है । प्रमाण का व्यापार प्रमेय मे उपचरित किया जाता है (वेदवाक्य का जो व्यापार है उस यागादि काय रूप प्रमेय मे प्रमाण का उपचार किया जाता है) ॥ ७ ॥

(६) कार्य और प्रेरणा का सबध नियोग है अर्थात् याग और वेदवाक्य का संबध नियाग है ऐसा कोई कहते हैं ।

श्लोकार्थ—काय के बिना प्रेरणा किसी पुरुष को प्रेरणा नही करती है अथवा काय और प्रेरणा का योग ही नियोग है ऐसा सम्मत है अर्थात् प्रेरणा के बिना काय भी किसी का प्रेरक नहीं है इसलिये प्रेरणा और कार्य का सबध ही नियोग है ॥ ८ ॥

---

१ मुख्यं वेदवाक्यस्य यत्प्रेरकत्व तद्यागलक्षणकाय उपचर्यते इत्युपचार । २ वेदवाक्यव्यापार । याग । ३ प्रवत्त कत्वम् । ४ वेदवाक्यस्य । ५ यागादौ कार्ये । ६ यागवेदवाक्ययो सम्बन्ध । ७ प्रेरणा विना कार्यं कस्यचित्प्रेरक नैव तेन कारणेन प्रेरणाकार्ययो सम्बन्धो नियोग प्रतिपादित । ८ तयो प्रेरणाकार्ययोस्तादात्म्यम् । ९ तादात्म्यम् । १० यतः कारणात् ।

(८) तदुभयस्वभावविनिर्मुक्तो[1] नियोग इति चान्ये ।

[2]सिद्धमेकं [3]यतो ब्रह्म गतमाम्नायत[4] सदा । सिद्धत्वेन न तत्कार्यं प्रेरकं [5]कुत एव तत ॥१०॥

[प्रमाणवार्तिकालंकार पृ ३]

(९) [6]यंत्रारूढो[7] नियोग इति कश्चित् ।

[8]कामी यत्रव[9] य कश्चिन्नियोगे[10] सति तत्र स । [11]विषयारूढमात्मान मन्यमान प्रवर्तते ॥११॥

[प्रमाणवार्तिकालकार पृ ३]

---

(७) उन प्रेरणा और कार्य का समुदाय ही नियोग है' ऐसा कोई कहते हैं ।

श्लोकार्थ—परस्पर मे अविनाभूत ये दोनो तादात्म्य रूप से प्रतीति मे आते हैं अत कार्य और प्रेरणा का समुदाय ही नियोग माना गया है ॥ ९ ॥

(८) कार्य और प्रेरणा इन उभय स्वभाव से विनिमक्त ही नियोग है ऐसा कोई कहते हैं ।

श्लोकार्थ—क्योकि एक ब्रह्म आम्नाय से सदा सिद्ध है और सिद्ध होने से ही नियोग उसका काय नही हो सकता है पुन वह प्रेरक कैसे होगा ? अर्थात् काय रूप ही जो कुछ होता है वह अपनी निष्पत्ति के लिये प्रेरक होता है किंतु यह ब्रह्म तो नित्य रूप होने से काय रूप नही है अत प्रेरक भी नही है । अग्निष्टोमादि वाक्य मे काय एवं प्रेरणा से निरपेक्ष होकर जो अवभास है अथवा जो परमात्म स्वभाव है वही एक ब्रह्म रूप से सिद्ध है निरश है और वेदवाक्य से जाना जाता है एव सदा सिद्ध रूप होने से वह काय नही है पुन वह प्रेरक कैसे होगा ? ॥ १० ॥

(९) यन्त्रारूढ़—याग कम मे लगा हुआ जो पुरुष है वही नियोग है ऐसा कोई कहते हैं ।

श्लोकार्थ—स्वग की इच्छा करने वाला पुरुष (प्रवतक वाक्य रूप) नियोग के होने पर जिस यज्ञ कार्य मे नियुक्त है वह वहाँ पर—यागलक्षण विषय मे अपने को आरूढ मानता हुआ प्रवृत्त होता है वही नियोग है । अर्थात् यन्त्रों मे आरूढ होने के समान यज्ञादि कार्यों मे आरूढ हो जाना नियोग है जैसे झूला या यन्त्र से चलने वाले घोड आदि पर आरूढ हुआ पुरुष उन्हीं भावों में रंगा हुआ प्रवत रहा है उसी प्रकार से जिस पुरुष को जिस विषय की लगन लग रही है वह पुरुष उसी मे अपने को रगा हुआ मानकर प्रवृत्ति करता है ॥ ११ ॥

---

१ कार्यरूपमेव हि यत्किञ्चन स्वनिष्पत्त्य प्रेरक स्यादस्य तु ब्रह्मणो नित्यत्वेन कार्यरूपत्वाभावात् प्रेरकत्वं न भवतीत्यर्थ । २ अग्निष्टोमादिवाक्ये कार्यप्रेरणानिरपेक्षतयावभास परमात्मस्वभावो वा । ३ निरशम् । ४ वेदात् । ५ कुत ? यत । ६ यागकर्म । ७ पुरुष । ८ स्वर्गकामी । ९ यागकर्मणि । १० प्रवर्त्तकवाक्ये सति । ११ यागलक्षण । स्वर्ग ।

(१०) [1]भोग्यरूपो नियोग इत्यपर ।

ममेदं भोग्यमित्येव भोग्यरूप प्रतीयते । ममत्वेन च विज्ञान भोक्तर्येव व्यवस्थितम् ॥१२॥
स्वामित्वेनाभिमानो[2] हि भोक्तुर्यत्र भवेदयम् । भोग्य तदेव विज्ञ य तदेव [3]स्व निरुच्यते ॥१३॥
[4]साध्यरूपतया येन[5] ममेदमिति गम्यते । तत्प्रसाध्येन रुपेण भोग्य स्वं व्यपदिश्यते ॥१४॥
सिद्धरूप हि यद्भोग्य न नियोग स तावता । साध्यत्वेनेह[6] भोग्यस्य प्रेरकत्वान्नियोगता ॥१५॥

[प्रमाणवार्तिकालकार पृ ३]

(११) पुरुष एव नियोग इत्यन्य ।

ममेद कार्यमित्येव मन्यते पुरुष सदा । पु सः कार्यविशिष्टत्व नियोगोस्य[9] च वाच्यता ॥१६॥
कार्यस्य[10] सिद्धौ जातायां तद्युक्त [11] पुरुषस्तदा । भवेत्साधित इत्येव पुमान् वाक्यार्थ उच्यते ॥१७॥

[प्रमाणवार्तिकालंकार पृ ३]

---

(१०) कोई कहते हैं कि भोग्यरूप—भविष्य मे होने वाला जो भोग्य है वही नियोग है ।

श्लोकार्थ—मेरा यह भोग्य है इस प्रकार से जो भोग्य का रूप प्रतीति मे आता है और ममत्व रूप से जो विज्ञान है वह भोक्ता मे ही व्यवस्थित है ॥ १२ ॥ जहाँ पर स्वामीपने से भोक्ता का अभिप्राय है उसी को भोग्य समझना चाहिये । इस प्रकार वह स्वकीय कहलाता है ॥ १३ ॥ साध्य रूप से जिस पुरुष के द्वारा यह मेरा है इस प्रकार से जाना जाता है वह प्रसाध्य रूप से स्वकीय भोग्य कहलाता है ॥ १४ ॥ और सिद्ध रूप भोग्य है वह नियोग नही है वह उतने साध्य रूप से इस वेदवाक्य मे भोग्य का प्रेरक होने से नियोग रूप है ॥ १५ ॥

भावार्थ—काय कर चुकने पर भविष्य में जो भोगने योग्य अवस्था होगी उसे भोग्य कहते हैं जैसे कि अपराधी को कठोर कारावास की आज्ञा के वचन सुनकर भोग्य रूप का अनुभव हो रहा है । जिस पदार्थ का जो स्वामी है उसके लिए वही पदाथ भोग्य है अत आत्मा का स्वरूप ही स्व शब्द से कहा जाता है । आत्मा अपने स्वभावो का भोक्ता है । मेरे द्वारा यह काय साध्य है इस प्रकार से जान लेने पर निज स्वरूप भोग्य नियोग है किंतु जो आत्मा का स्वरूप सिद्ध हो चुका है वह भोग्य नही है अपितु भविष्य में करने योग्य ज्योतिष्टोम आदि यज्ञों से विशिष्ट आत्मा का स्वरूप ही भोग्य है वही नियोग है ।

(११) कोई पुरुष—आत्मा को ही नियोग कहते हैं ।

श्लोकार्थ—यह मेरा काय है इस प्रकार से पुरुष हमेशा मानता है वह परुष का काय विशिष्ट

---

१ भविष्यद्रूपमेव भोग्यं नियोग इत्याह । २ अभिप्राय । ३ स्वकीयम् । ४ स्वर्गादिक साध्यम् । ५ पु सा । ६ वेदवाक्ये । ७ यत । ८ यागादिलक्षणसम्पृक्तत्वम् । यज्ञकर्ता । भोग्यतामात्रेण । ९ नियोग स्यादबाधित इति वा पाठ । १० यदि पुरुष एव नियोगस्तदा तस्य नित्यत्वात् कथ साध्यरूपो भवतीत्याशङ्कायामाह । ११ साध्यकार्यविशिष्ट ।

[अथत्याद् भाट्टः नियोगं निराकरोति]

[1]सोयमेकादशप्रकारोपि नियोगो विचार्यमाणो बाध्यते ।
प्रमाणाद्यष्टविकल्पानतिक्रमात् । [2]तदुक्तम् ।—

[3]प्रमाणं किं नियोगः स्यात् प्रमेयमथवा पुनः । उभयेन विहीनो वा द्वयरूपोथवा पुनः ॥१॥
शब्दव्यापाररूपो वा [4]व्यापारः पुरुषस्य वा । द्वयव्यापाररूपो वा द्वयाव्यापार एव वा ॥२॥

[नियोगस्य प्रमाणप्रमेयादिरूपाभ्युपगमे दोषारोपणम्]

(१) [5]तत्रैकादशभेदोपि नियोगो यदि प्रमाणं[6] तदा विधिरेव[7] वाक्यार्थ इति वेदान्तवाद प्रवेश प्रभाकरस्य स्यात्, प्रमाणस्य चिदात्मकत्वात्,[9] चिदात्मन प्रतिभासमात्रत्वात्

ही नियोग है और यही इसकी वाच्यता है ॥ १६ ॥

[एव कोई कहे कि यदि पुरुष ही नियोग है तब तो वह नित्य है साध्य रूप कैसे होगा ? इस पर समाधान]

काय की सिद्धि हो जाने पर उस साध्य-कार्य से विशिष्ट पुरुष ही उस समय साधित हो जाता है। इस प्रकार पुरुष ही वेदवाक्य का अर्थ है ॥ १७ ॥

किन्तु यह ११ प्रकार का नियोगवाद भी विचार करने पर प्रमाण प्रमेयादि वक्ष्यमाण आठ विकल्पो से पार नही पा सकने के कारण बाधित हो जाता है।

[इस प्रकार से अब विधिवाद का आश्रय लेकर भावनावादी भाट्ट प्रभाकर संबंधी नियोगवाद को दूषित करते हैं।]

रविगुप्त नाम के आचार्य ने कहा भी है—

श्लोकार्थ—यह आप प्रभाकरवादी का नियोग प्रमाण रूप है या प्रमेयरूप है दोनो से रहित है या उभयरुप है शब्द-व्यापार रूप है अथवा पुरुष के व्यापार रूप दोनो के व्यापार रूप है या दोनो के व्यापार से रहित है ? ॥

[नियोग को प्रमाण प्रमेयादि रूप मानने मे दोषारोपण]

इन आठ प्रकार के विकल्पो में से यदि पहला विकल्प लेव कि उपयक्त ग्यारह प्रकार का नियोग भी प्रमाण है तब तो विधि ही वाक्य का अथ सिद्ध हो जावेगी पुन आप नियोगवादी प्रभाकर का वेदातवाद में प्रवेश हो जाता है क्योकि प्रमाण तो चिदात्मक ह एवं चिदात्मा प्रतिभास मात्र है तथा वह प्रतिभास परब्रह्मस्वरूप ही है। उस प्रतिभास मात्र से पृथक विधि काय-कतव्यरूप से प्रतीति मे नही आता

---

१ अथ विधिवादमाश्रित्य भट्ट प्राभाकरमतसम्बन्धिनं नियोगवाद दूषयति । २ रविगुप्त न । ३ भाट्ट प्राभाकर प्रतिपृच्छति । ४ वाङ्मयमात्रकथनो व्यापार । ५ अष्टप्रकारविकल्पमध्ये । ६ प्रथम प्रमाणस्वरूपो विकल्प । ७ कर्तव्यार्थोपदेशो विधि । ब्रह्म । ८ नियोगवादिन । ९ अत्र प्रमाणस्याचिदात्मकत्वशङ्कायां तस्याचिदात्मकत्वे प्रमाणत्वाघटनादन्यत्रोपचारादित्यग्रे वक्ष्यमाणमुत्तर द्रष्टव्यम् ।

तस्य[1] च परब्रह्मत्वात्[2]। प्रतिभासमात्राद्धि पृथग्विधि [3]कार्यरूपतया न प्रतीयते घटादिवत्[4]। प्रेरकतया वा [5]नानुभूयते [6]वचनादि[7]वत्[8]। [9]कर्मकरणसाधनतया हि [10]तत्प्रतीतौ कार्यताप्रेरकताप्रत्ययौ युक्तौ [11]नान्यथा। किं [12]तर्हि [13]द्रष्टव्योऽरेऽयमात्मा श्रोतव्यो ऽनुमंतव्यो[1] [14]निदिध्यासितव्य[2] इत्यादिशब्दश्रवणादवस्थान्तरविलक्षणेन[15] प्रेरितोऽहमिति

है। जैसे घट प्रतिभासमात्र से कार्य रूप से पृथक अनुभव में आता है वैसे ही विधि प्रतिभास मात्र स्वरूप से भिन्न रूप–पृथक अनुभव मे नही आती है।

अथवा प्रेरक रूप से भी वह विधि अनुभव में नही आती है वचनादि के समान। अर्थात् जैसे वचनादि प्रेरक रूप से प्रतिभास मात्र से पृथक अनुभव मे आते है उस प्रकार विधि अनुभव मे नही आती है क्योकि कर्म और करण साधन रूप से उस विधि का अनुभव मानने पर तो कार्यता प्रत्यय और प्रेरकता प्रत्यय मानना युक्त है अन्यथा नही। अर्थात् जो किये जावे बनाये जाव वे कम हैं जसे घटादि। जो पुरुष अपने कार्य में जिसके द्वारा प्रेरित किया जावे—नियुक्त किया जावे वह प्रेरक वचन करण है। इन कम और करण रूप से यदि विधि का अनुभव आवे तब तो उसे काय और प्रेरकपना मानना अ यथा कस मानना? मतलब विधीयते यत् या विधीयतेऽनेन इस प्रकार से निरुक्ति द्वारा विधि श द कर्म साधन या करण साधन मे नही बनता है अत कम करण साधन के बिना ही शुद्ध स मात्र विधि का ज्ञान पाया जाता है पुन उसे काय या प्रेरक नही माना जा सकता है। तब तो उस विधि का स्वरूप क्या है? एसा प्रश्न होने पर सुनिये! अरे! यह आत्मा देखने योग्य है सुनने योग्य है और ध्यान करने योग्य है इत्यादि शब्दो के सुनने से अवस्थातर विलक्षण—अन्य अवस्थाओ से विलक्षण दशनादि के द्वारा मै प्रेरित हुआ हूं इस प्रकार के अभिप्राय से सहित अहकार रूप से स्वय आत्मा ही प्रतिभासित हाती है और वही

---

१ प्रतिभासमात्रस्य। २ प्रतिभासस्यान्यो विधिस्त्वान्य इत्युक्त आह। ३ क र्व्य। ४ व्यतिरकदृष्टान्त। यथा घट प्रतिभासमात्रात् कायरूपतया पृथक प्रतीयते न तथा विधि प्रतिभासमात्रात् स्वरूपात् पृथक प्रतीयते। ५ नानुमीयते इत्यपि खपाठ। ६ व्यतिरेकदृष्टान्त। ७ अगुलिसज्ञा। ८ यथा वचनादि प्ररकतया प्रतिभासमात्रात् पृथगनुभूयते। तथा विधिर्नानुभूयते। ६ उभयरूपतया विधिर्नानुभूयते इत्युक्त आह। क्रियते निष्पाद्यत इति कर्म घटादि। प्रेर्यते नियुज्यते पुरुष स्वकृत्येऽनेनेति प्रेरक वचन करणम्। १ विधिप्रतीतौ। ११ कमकरणसाधनत्वाभावन विधिप्रतीतौ कार्यताप्रेरकताज्ञान युक्त न स्यात्। १२ तर्हि कि स्वरूप विधेरित्युक्त आह द्रष्टव्येत्यादि। १३ श्रोतव्य श्रुतिवाक्येभ्यो मन्तव्यश्चोपपत्तित। मत्वा च सतत ध्येय एते दशनहेतव। १४ परब्रह्मस्वरूपेण ध्यातव्य। १५ अवस्था दशनादि अवस्थान्तरमदर्शनादिस्तेन विलक्षणो दर्शनादिस्तेन।

---

1 आचार्यात् तात्पर्यविचारेण श्रोतव्य। श्रुतार्थस्य युक्त्या विचारणमनुमन्तव्यम्।
2 श्रवणमननाभ्या निश्चितार्थमनवरत मनसा परिचिंतन निदिध्यासितव्यम्।

[1]आताकूतेना[2]हङ्कारेण[1] स्वयमात्मैव प्रतिभाति स एव विधिरिति वेदान्तवादिभिरभिधानात् ।

(२) प्रमेयत्व तर्हि नियोगस्यास्तु प्रमाणत्वे दोषाभिधानादित्यप्यसत्-प्रमाणाभावात् । प्रमेयत्वे हि तस्य[3] प्रमाणमन्यद्वाच्यम्[4] –तदभावे प्रमेयत्वायोगाद् । श्रुतिवाक्य [5]प्रमाणमिति चेन्न– [6]तस्याचिदात्मकत्वे प्रमाणत्वाघटनादन्यत्रोपचारात् । सविदात्मकत्वे श्रुति

विधि है ऐसा वेदातवादियो का कहना है। ब्रह्मा मे तात्पय का निश्चय करना श्रोतव्य है। सुने हुये अर्थ का युक्ति से विचार करना अनुमन्तव्य है और सुने गये एव मनन किये गये निश्चित अथ का हमेशा ही मन से परिचिंतन करना निदिध्यासितव्य है। ऐसा तीनो का अथ समझना चाहिये।

भावार्थ—विधि क्या है ? ऐसा प्रश्न होने पर उत्तर यह है कि अरे मत्रय ! यह आत्मा दशन करने योग्य है और आत्मा का दर्शन यो होता है कि पहले उस आत्मा का वेदवाक्यो के द्वारा श्रवण करना चाहिये तभी ब्रह्म ज्ञान मे तत्परता हो सकती है। पुन श्रुत आत्मा का युक्तियो स विचार कर अनुमनन करना चाहिये। श्रवण और मनन स निश्चित किये गये अथ का मन से परिचितन करना चाहिये अथवा तत्त्वमसि वह प्रसिद्ध ब्रह्म तू ही है इत्यादि वदिक शब्दो के श्रवण स मैं पहली अदशन अश्रवण आदि अवस्थाओ की अपेक्षा विलक्षण हो रही दूसरी अवस्थाओ स इस समय प्रेरित हो गया हूँ इस प्रकार से अह शब्द का दशन आदि द्वारा प्रत्यक्ष कराने रूप अहकार अथवा आकार वाली चेष्टा करके स्वयं आत्मा ही प्रतिभासित हो रही है और वह आत्मा ही तो विधि है इस प्रकार वदातवादियो का कथन है। अत नियोग को प्रमाण रूप मानने पर आप प्रभाकर को वेदातवादी बनना ही पड गा।

(२) इस पर यदि आप कहे कि नियोग को हम प्रमेय मानगे क्योकि आपने उसको प्रमाण मानने से अनेक दोष दिये हैं सो यह कथन भी असत् है क्योकि नियोग को प्रमेय सिद्ध करने के लिये कोई प्रमाण नही है। नियोग को प्रमेय मान लेने पर तो उसको ग्रहण करने वाला अन्य कोई प्रमाण आप प्रभाकर को कहना ही चाहिये क्योकि प्रमाण के अभाव मे प्रमेय है यह कसे कहा जावेगा ? प्रमाणेन ज्ञातु योग्यम् प्रमेय जो प्रमाण के द्वारा जानने योग्य है वही तो प्रमेय है।

---

१ अप्रेरितावस्थाविलक्षणेनाकारेण प्रेरितोऽहमित्यभिमानरूपेण। २ दशनादिना। ३ प्रमेयरूपस्य नियोगस्य ग्राहक प्रमाणम्। ४ प्रभाकरेण। ५ श्रुतिवाक्य प्रमाण नियोग प्रमेयमिति चेत्। ६ अत्राह भावनावादी भट्ट । –भो नियोगवादिन् प्रभाकर तावकं श्रुतिवाक्य चिदात्मकमचिदात्मक वेति। तत्र विकल्पद्वय खण्डयति। ७ चन्द्रव मुखमित्यादिवदुपचार। ८ ज्ञानात्मकत्वे सति।

---

1. आताकूतेनाकारेण इति पा.।

वाक्यस्य पुरुष[1] एव श्रुतिवाक्यमिति स एव प्रमाणम् । तत्संवेदनविवर्त्तस्तु[2] नियुक्तोह मित्यभिमानरूपो[3] नियोग प्रमेयत्वमिति नाय पुरुषादन्य प्रतीयते यतो वेदान्तवादिमत प्रवेशोऽस्मिन्नपि पक्षे न भवेत् ।

(३) तर्हि प्रमाणप्रमेयरूपो नियोगो भवत्वित्यप्ययुक्तम् संविद्विवर्त्तत्वापत्ते अन्यथा[4] प्रमाणप्रमेयरूपतानुपपत्ते । तथा च स एव [5]चिदात्मोभयस्वभावतयात्मानमा[6]दर्शयन्नियोग इति सिद्धो ब्रह्मवाद ।

प्रभाकर—श्रुति-वेदवाक्य तो प्रमाण हैं और नियोग प्रमेय है हम ऐसा मानते हैं ।

भाट्ट—ऐसा भी आप नही कह सकते क्योकि वेदवाक्यो के अचिदात्मक होने से उनमे प्रमाणता घटित नहीं होती है और यदि मानेंगे भी तो उपचार के सिवाय वस्तुत वे प्रमाण नही हो सकेंगे। यदि उन वेदवाक्यो को आप चिदात्मक-ज्ञानात्मक मानोगे तब तो पुरुष ही श्रुति वाक्य है इस प्रकार से वह पुरुष-परब्रह्म ही प्रमाण सिद्ध हुआ और उस संवेदन की पर्याय-ब्रह्म की पर्याय ही नियुक्तोऽहं इस प्रकार के अभिमान-अभिप्राय रूप नियोग है और वही प्रमेय है इस प्रकार से तो यह प्रमेय रूप नियोग पुरुष मे भिन्न कोई प्रतीति मे नही आता है कि जिससे इस पक्ष के मानने पर भी वदातवादी के मत मे प्रवेश न हो जावे अर्थात् यदि आप नियोग को प्रमेय रूप मानते हैं तो भी आप वेदातवादी बन जावगे ।

(३) प्रभाकर—तब तो प्रमाण और प्रमेय इन उभय रूप नियोग को मानना यह तृतीय पक्ष ही उचित है ।

भाट्ट—यह कथन भी अयुक्त है क्योकि वह नियोग ज्ञान की पयाय हो जावेगा अन्यथा प्रमाण और प्रमेय रूपता ही घटित नहीं होगी। अर्थात् नियोग ज्ञान की पर्याय हो जाता है क्योकि सामान्य से मै नियुक्त हूँ इस प्रकार के अभिप्राय को स्वीकार किया है अन्यथा ज्ञान पर्याय न मानने पर वह नियोग प्रमाण नहीं हो सकेगा और अप्रकाशमान होने से प्रमेय रूप भी नही हो सकेगा क्योकि जो वस्तु प्रमाण प्रमेय रूप से उभयरूप है वह चैतन्यात्मक अवश्य है। पुन वह सत्, चिद् आनन्द स्वरूप आत्मा ही प्रमाण प्रमेय रूप सिद्ध होता है और यही तो ब्रह्माद्वैतवाद सिद्धान्त है। इसलिये वह चिदात्मा ही उभय स्वभाव रूप से अपने स्वरूप को प्रकाशित करता हुआ नियोग कहलाता है। इस प्रकार से नियोग ब्रह्मवाद रूप ही सिद्ध हो जाता है।

---

१ परब्रह्म पश्चात् कार्यं कुर्यात् । २ पर्याय । ३ विशेषणमिदं नियोगस्य संवेदनविवर्त्तत्वसमर्थनार्थम् । ४ ज्ञानपर्यायप्राप्तत्वान्नियोगस्य सामान्येन नियुक्तोहमित्यभिमानरूपत्वाभ्युपगमादन्यथा ज्ञानपर्यायप्राप्त्यभावे प्रमाणरूपत्वं नोपपद्यते, अप्रकाशमानत्वेन प्रमेयरूपत्वं च न घटते इति भाव । ५ स्वरूपम् । ६ प्रकाशयन् ।

(४) अनुभयस्वभावो नियोग इति चेत्तर्हि[1] सवेदनमात्रमेव[2] पारमार्थिक[3] तस्य[4] कदाचिदप्यहेयत्वा[5]दनुभयस्वभावत्वसम्भवात् । [6]प्रमाणप्रमेयत्वव्यवस्थाभेदविकलस्य सन्मात्र देहतया[7] तस्य[8] वेदान्तवादिभिर्निरूपितत्वात्त मतप्रवेश एव ।

(५) यदि पुन [9]शब्दव्यापारो नियोग इति मत तदा भट्टमतानुसरणमस्य[10] दुर्निवारम् शब्दव्यापारस्य[11] शब्दभावनारूपत्वात् ।

(६) अथ पुरुषव्यापारो [12]नियोगस्तदापि परमतानुसरणम्-पुरुषव्यापारस्यापि [13]भावनास्वभावत्वात् शब्दात्मव्यापारभेदेन भावनाया परेण [14]द्वविध्याभिधानात् ।

---

(४) प्रभाकर—अनुभय स्वभाव ही नियोग है ।

भाट्ट—तब तो आपका नियोग प्रमाण और प्रमेय इन दोनो रूपो का त्याग कर देने से तो केवल शुद्ध सवेदन मात्र ही पारमार्थिक रूप होगा क्योकि वह सवेदन मात्र कदाचित् भी अहेय—त्यागने योग्य न होने से वही अनुभय स्वभाव हो सकता है । उस सवेदन मात्र को छोडकर अन्य कोई अनुभय स्वभाव हो ही नही सकता है । वेदातवादियो ने भी ऐसा ही निरूपण किया है कि प्रमाण प्रमेय भेद की व्यवस्था से रहित सन्मात्र देहरूप से वह सवेदन मात्र परमब्रह्म रूप सिद्ध है । इसलिये चतुर्थ पक्ष के मानने पर भी आप उस वेदातवादी के मत मे ही प्रविष्ट हो जाते हैं अर्थात् न उभय अनुभय मे नञ समास का पर्युदास अर्थ करने से सवथा प्रमाण प्रमेय रूप उपाधियो से रहित शुद्ध प्रतिभास ही ग्रहण हो जाता है जो कि सत्स्वरूप इतने मात्र शरीर को धारण करने वाले ब्रह्म का ही द्योतक है ।

(५) प्रभाकर— अग्निष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत इत्यादि रूप स शब्द का व्यापार ही नियोग है ।

भाट्ट—तब तो आपको हमारे मत का ही अनुसरण दुर्निवार है क्योकि हमारे यहाँ शब्द का व्यापार शब्द की भावना रूप है । शब्द भावक हैं और उसका व्यापार भावना स्वरूप है ।

(६) प्रभाकर—तब तो हम पुरुष के व्यापार को नियोग कहेगे ।

भाट्ट—तो भी आपको पर—हमारे मत का ही अनुसरण करना पडेगा क्योकि पुरुष का व्यापार भी भावना स्वभाव है । हम भाट्टो ने शब्द-व्यापार और आत्म-व्यापार के भेद से भावना के दो भेद मानें हैं ।

---

१ प्रमाणप्रमेयरूपत्यागे । २ सवेदनमात्रादन्यस्य कस्यचिदनुभयस्वभावत्वाघटनात् । ३ पारमार्थिकत्व कुत ? । ४ सवेदनमात्रस्य । ५ कुत । ६ अनुभयस्वभावत्व कुत । ७ सत्स्वरूपतया । ८ सवेदनमात्रस्य । ९ अग्निष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत इत्यादिशब्दव्यापार । १ प्रभाकरस्य ११ शब्दरूपार्थरूपा चेति भावना द्वधा । १२ तदेव (पूर्वोक्तमेव) इति पुस्तकपाठः । १३ अर्थभावना । १४ शब्दभावना आत्म (अर्थ) भावना च ।

(७) । तदुभयरूपो[1] नियोग इति चेत्तर्हि पर्यायेण युगपद्वा ? यदि पर्यायेण स[2] एव दोष —क्वचित्कदाचिच्छब्दव्यापारस्य पुरुषव्यापारस्य च भावनास्वभावस्य नियोग इति नामकरणात् । युगपदुभयस्वभावत्व पुनरेकत्र विरुद्ध[3] न शक्यं व्यवस्थापयितुम्[4] ।

(८) । तर्हि तदनुभयव्यापाररूपो नियोगोङ्गीकर्त्तव्य इति चेत् सोपि [5]विषयस्वभावो वा स्यात् फलस्वभावो वा स्यान्निस्स्वभावो[6] वा ? गत्यन्तराभावात् । विषयस्वभाव इति चेत् । क पुनरसौ विषय ? अग्निष्टोमेन यजेत स्वर्गकाम इत्यादिवाक्यस्यार्थो यागादिर्विषय इति चेत्[7] स [8]तद्वाक्यकाले स्वयमविद्यमानो विद्यमानो वा ? यद्यविद्यमानस्तदा [9]तत्स्वभावो

---

(७) प्रभाकर—शब्द व्यापार और पुरुष व्यापार ऐसे उभय के व्यापार को हम नियोग कहते हैं।

भाट्ट—तब तो आप पर्याय से-क्रम से कहते है या युगपत् ? यदि पर्याय-क्रम से कहे तब तो वही पूर्वोक्त हमारे मत का अनुसरण करने रूप दोष आता है क्योकि कही पर किसी काल मे आपने शब्द व्यापार रूप और कही पर पुरुष व्यापार रूप भावना के स्वभाव को ही नियोग यह नाम कर दिया है। यदि युगपत् उभय स्वभाव कहो तो एक जगह विरुद्ध दो धर्मों को व्यवस्थापित करना शक्य नहीं है अर्थात् शब्द-व्यापार प्रेरणा रूप है और पुरुष व्यापार क्रिया रूप है एव प्ररणा तो अतीतकाल संबधी है तथा क्रिया भविष्यत्काल संबंधी है। जसे प्रकाश और अधकार एक जगह नही रह सकते है वैसे ही ये दोनो विरुद्ध धम एक जगह एक काल मे नही रह सकते हैं।

(८) प्रभाकर—तब तो उन दोनो के अनुभय व्यापार को नियोग मानना ठीक है। अर्थात् आठवे पक्ष के अनुसार वह नियोग शब्द व्यापार और पुरुष यापार इन दोनो ही व्यापारो मे रहित है।

भाट्ट—यदि आप ऐसा कहे तो भी हम आपसे नञ समास का पयु दास पक्ष लेकर प्रश्न करते हैं कि वह अनभय व्यापार रूप भी नियोग विषय (यज्ञादि कर्म रूप) स्वभाव है या फल (स्वर्गादि) स्वभाव है अथवा (प्रसज्य निषेध पक्ष लेने पर) नि स्वभाव है ? इन तीनो विकल्पो के सिवाय और अन्य कोई प्रकार संभव नहीं है। यदि विषय स्वभाव मानो तब तो यह विषय क्या है ? यह पहले बतलाइये।

प्रभाकर— स्वर्ग की इच्छा करने वाला अग्निष्टोम से यज्ञ करे इत्यादि वाक्य का अर्थ जो यागादि रूप है वही विषय है।

---

१ शब्दव्यापारेण पुरुषव्यापारेण च । २ तर्हि । भट्टमतानुसरणलक्षण पूर्वोक्त । ३ प्रेरणाया अतीतकालत्व क्रियाया भविष्यत्कालत्व यत पूर्वं प्रेरित पश्चात् कार्यं करोति । ४ यथा तेजस्तमसोरक्यमेकत्र स्यात् न शक्यम् । ५ विषयो यागादिकर्म । ६ पर्युदासवृत्त्या द्वौ विकल्पौ प्रसज्यवृत्त्या त्वेक (नि स्वभाव) । ७ विषय । ८ वेदवाक्यकाले । ९ विषयस्वभाव ।

नियोगोप्यविद्यमान एवेति [1]कथमसौ वाक्यार्थ खपुष्पवत्। [2]बुध्यारूढस्य भाविनस्तस्य[3] वाक्यार्थत्वे सौगतमतानुसरणप्रसङ्ग[4]। अथ [5]तद्वाक्यकाले [6]विद्यमानोसौ तर्हि न नियोगो वाक्यस्यार्थ -तस्य [7]यागादिनिष्पादनार्थत्वात्[8] --निष्पन्नस्य च यागादे पुनर्निष्पादनायोगात्[9] पुरुषादिवत्। अथ [10] तस्य किञ्चिदनिष्पन्न रूप तदा तन्निष्पादनार्थो नियोग इति मतम् तर्हि [11]तत्स्वभावो नियोगोप्यनिष्पन्न इति कथ वाक्यार्थ ? [12]स्वयमसन्निहितस्य कल्पनारूढस्य वाक्यार्थत्वे स[13] एव सौगतमतप्रवेश। फलस्वभावो नियोग इत्ययमपि पक्षो न कक्षी कर्तव्य -तस्य[14] नियोगत्वाघटनात्। न हि स्वर्गादिफल नियोग [15]फलान्तरपरिकल्पनप्रसङ्गात्

भाट्ट—पुन वह विषय उस वेदवाक्य के काल मे स्वय अविद्यमान है या विद्यमान ? यदि अविद्यमान रूप प्रथम पक्ष लेव तब तो उस विषय का स्वभाव रूप नियोग भी अविद्यमान ही रहा। पुन ऐसी स्थिति म वह नियोग आकाश-कुसुम के समान वेदवाक्य का अथ कैसे हो सकता है ? बुद्धि से परिणत (वर्तमान काल मे कल्पित विषय रूप) भावी—विषय स्वभाव नियोग को वेदवाक्य का अथ मानने पर नो सौगत मत के अनुमरण का प्रसग आ जावेगा क्योंकि सौगत के मत मे प्रमाण प्रमेय व्यवहार काल्पनिक है। उनके यहाँ वचनो को वक्ता के अभिप्राय मात्र का सूचक माना है। यदि कहो कि वेदवाक्य के काल मे वह विषय स्वभाव विद्यमान है तब तो वह नियोग वाक्य का अथ नही हो सकेगा क्योकि वह तो यागादि को निष्पादन करने के लिये हुआ है और निष्पन्न हुये यागादि का पुरुषादि के समान पुन निष्पादन करना बनता नही है। अर्थात् जिस प्रकार निष्पन्न परमब्रह्म पुरुष का संपादन करना नही बन सकता उसी प्रकार निष्पन्न यागादिको का सपादन करना भी नही बन सकेगा। यदि आप कहें कि उस यागादि का किंचित्–कुछ अनिष्पन्न रूप है इसलिये उस शेष अनिष्पन्न के निष्पादन के लिये नियोग है तब तो यागादि विषय स्वभाव नियोग भी अनिष्पन्न है इस प्रकार से वेदवाक्य का अर्थ कैसे होगा ? स्वयं असन्निहिन–भावी विषय स्वभाव कल्पनारूढ़ को वेदवाक्य का अथ मानने पर वही सौगत मत मे आपका प्रवेश हो जावेगा उसका रोकना दुर्निवार है।

फल स्वभाव नियोग है यह पक्ष भी तुम्हे स्वीकार नही करना चाहिये क्योकि वह नियोग फल स्वभाव भी घटित नहीं होता है। स्वर्गादि के फल नियोग नही है अन्यथा फलांतर की कल्पना का प्रसंग आ जावेगा क्योंकि निष्फल–फल रहित नियोग का अभाव है। एवं फल स्वभाव नियोगवादियों के यहाँ फलांतर को नियोग मानने पर उसके लिए अन्य फल की कल्पना करने पर अनवस्था का प्रसंग आ

---

१ नियोग। २ बुद्धिपरिणतस्य। वर्त्तमानकाले कल्पितविषयस्य। ३ विषयस्वभावनियोगस्य। ४ प्रमाणप्रमेयव्यवहारस्य काल्पनिकत्वात्सौगतमते। वक्त्रभिप्रेतमात्रस्य सूचकं वचनं स्थितीदं हि सौगतमतम्। ५ वेद। ६ यागादि विषयो नियोगो याग्मुत्पादयति। ७ आकाशादि। ८ यागादिनिष्पादन वाक्यकाले जातमेव। ९ पुरुषादिविषयस्य। १० यागादेः। ११ यागादिविषयस्वभाव। १२ भाविनो विषयस्य। १३ पूर्वोक्तः। १४ फलस्वभावस्य। १५ अन्यथा।

निष्फलस्य नियोगस्यायोगात् । फलांतरस्य च फलस्वभावनियोगवादिनां नियोगत्वापत्तौ तदन्यफलपरिकल्पनेऽनवस्थाप्रसङ्ग[1] । [2]फलस्य [3]वाक्यकाले स्वयमसन्निहितत्वात्त [4]तत्स्वभावो नियोगोप्यसन्निहित एवेति कथं वाक्यार्थः ? [5]तस्य वाक्यार्थत्वे [6]निरालम्बनशब्दवादाश्रयणात् कुतः प्रभाकरमतसिद्धिः ? निःस्वभावो नियोग इत्ययमपि पक्षोऽनेनैव प्रतिक्षिप्तः[7] ।

जावेगा । तथा स्वर्गादि फल अग्निष्टोमेन यजेत स्वर्गकामः इत्यादि वाक्य के काल में स्वयं असन्निहित–अविद्यमान हैं पुनः वह फल स्वभाव रूप नियोग भी असन्निहित–अविद्यमान ही रहेगा । इस प्रकार से वह वेदवाक्य का अर्थ कैसे सिद्ध होगा ? यदि आप अविद्यमान फल स्वभाव वाले नियोग को वेदवाक्य का अर्थ मान लेवो तो निरालंब शब्दवाद का आश्रय लेने से आप प्रभाकर के मत की सिद्धि कैसे होगी ? अर्थात् शब्द को अन्यापोह मात्र का कहने वाला मानने से बौद्ध का अर्थ शून्यवाद सिद्ध होता है । बौद्ध के मत में शब्द अन्यापोह रूप हैं अर्थ को कहने वाले नहीं हैं ।

यदि आप निःस्वभाव को नियोग कहें तो यह पक्ष भी इसी कथन से निराकृत हो जाता है क्योंकि निःस्वभाव अन्यापोह रूप ही है ।

भावार्थ—प्रभाकर ने नियोग का लक्षण करके भिन्न भिन्न वक्ता के अभिप्राय से उन्हें ११ प्रकार से सिद्ध किया है । इस प्रकार भाट्ट ने उन ११ विकल्प रूप नियोगों को दूषित ठहराने के लिये प्रमाण प्रमेय आदि रूप आठ विकल्प उठाकर उस प्रभाकर को वेदांतवादी होने का दूषण दिखाया है । उसी में अंतिम अनुभय व्यापार रूप आठवें पक्ष में तीन विकल्प उठाये हैं । उसमें विषय और फल स्वभाव को पर्युदास पक्ष से एवं निःस्वभाव नियोग को प्रसज्य निषेध पक्ष में लिया है । उसमें विषय स्वभाव और फल स्वभाव नियोग में दूषण दिया है कि अग्निष्टोम से यज्ञ करना चाहिये इस वाक्य के उच्चारण काल में यज्ञादि कर्म नहीं है अतः यज्ञ रूप नियोग भी संभव नहीं है । जो कार्य भविष्य में होने वाला है उस कार्य के साथ तादात्म्य संबंध रखने वाला धर्म वर्तमान काल में नहीं है और यदि भविष्य में होने वाले यज्ञ की वर्तमान में संभावना मानी जावे तो पुनः वाक्य का अर्थ नियोग नहीं हो सकेगा क्योंकि वह नियोग तो कर्त्तव्य कार्यों को भविष्य में बनाने के लिये हुआ करता है । जो किया जाकर बन चुका है उसका पुनः बनाना नहीं हो सकता है जैसे कि अनादि काल के बने हुए (अकृत्रिम) नित्य द्रव्य–आत्मा आकाशादि नहीं बनाये जा सकते हैं । एवं उस नियोग को स्वर्गादि फल स्वभाव मानने पर वे स्वर्गादि फल तो स्वयं उस यज्ञ के अंतिम परिणाम हैं । फल का पुनः फल होता नहीं है किन्तु नियोग तो फल से सहित है । यदि अन्य फलों की कल्पना करो तो अनवस्था तैयार खड़ी है । यदि फल को भविष्य में होने वाला माना जावे तो

१ प्रसङ्गादिति खपुस्तकपाठः । २ स्वर्गादेः । ३ अग्निष्टोमेन यजेतेति वाक्यकाले । ४ फलस्वभावः । ५ असन्निहितस्य फलरूपनियोगस्य । ६ शब्दस्यान्यापोहाभिधायित्वेनार्थशून्यवादः । सौगतमते शब्दस्त्वन्यापोहरूपो नत्वर्थाभिधायी ७ निःस्वभावस्यान्यापोहत्वानतिक्रमात् ।

[नियोगस्य सदसदादिविकल्पस्वीकारे दोषारोपणम्]

किञ्च सन्नेव वा नियोगः स्यादसन्नेव वोभयरूपो वानुभयरूपो वा ? प्रथमपक्षे विधिवाद एव। द्वितीयपक्षे निरालम्बनवादः[1]। तृतीयपक्षे तूभयदोषानुषङ्गः[2]। चतुर्थपक्षे [3]व्याघातः [4]सत्त्वासत्त्वयो[1] परव्यवच्छेद[5]रूपयोरेकतरस्य निषेधेऽन्यतरस्य विधानप्रसक्ते– सकृदेकत्र [6]प्रतिषेधायोगात्। सर्वथा सदसत्त्वयोः प्रतिषेधेपि कथञ्चित्सद[7]सत्त्वा[8]विरोधाददोष इति चेत् स्याद्वादाश्रयणप्रसङ्गः प्रभाकरस्य।

वर्तमान काल का नियोग नहीं हो सकता है। दूसरी बात यह भी है कि उस वाक्य उच्चारण के समय में उन स्वर्गादि फलों का सन्निधान नहीं है। यदि उस अविद्यमान फल को भी वाक्य का अर्थ मानोगे तो निरालंब शब्द पक्ष को लेने से आप बौद्ध बन जावेंगे क्योंकि बौद्धों के यहाँ शब्द का अर्थ वस्तुभूत कुछ भी नहीं है। अविद्यमान–अवास्तविक अर्थों को ही शब्द कहा करते हैं किंतु आपने तो आगम को प्रमाण माना है अतः यह मान्यता ठीक नहीं है। तथा यदि आप तृतीय निःस्वभाव पक्ष को अनुभय के नञ् समास का प्रसज्य प्रतिषेध करके मानें तब तो सभी स्वभावों से रहित नियोग खर–विषाण के समान असत् ही हो जावेगा एवं बौद्धों ने शब्दों का वाच्य असत्–अन्यापोह ही माना है। उन्हीं के मत में आपका प्रवेश हो जावेगा अतः आठों विकल्पों की कसौटी पर कसने से आपका नियोग सिद्ध नहीं होता है।

[नियोग को सत् असत् आदि मानने में दोषारोपण]

दूसरी बात यह है कि यह आपका नियोग सत् रूप ही है या असत् रूप ही है या उभयरूप है अथवा अनुभय रूप है ? प्रथम पक्ष में तो विधिवाद ही आता है अर्थात् वेदांती संपूर्ण जगत् को सत् रूप ही मानते हैं। द्वितीय पक्ष के लेने पर निरालंबनवाद–शून्यवाद ही आता है अर्थात् शून्यवादी संपूर्ण जगत को असत् रूप ही मानते हैं। तृतीय पक्ष में उभयपक्ष में दिये गये दोषों का प्रसंग आता है। एवं चतुर्थ पक्ष के मानने पर व्याघात–विरोध नाम का दोष आता है क्योंकि सत् और असत् एक दूसरे के व्यवच्छेद–विरोध रूप हैं अतः इन दोनों में से किसी एक का निषेध करने पर दूसरे का विधान हो जाता है। एक साथ एक ही वस्तु में सत्त्व एवं असत्त्व का प्रतिषेध नहीं हो सकता है अर्थात् सत् नहीं है ऐसा कहने पर असत् स्वयं ही आ जाता है एवं असत् नहीं है ऐसा कहने पर सत् स्वयमेव आ जाता है। तथा सर्वथा सत्त्व एवं असत्त्व का प्रतिषेध करने पर भी कथंचित् सत्त्व असत्त्व का विरोध न होने से कोई दोष नहीं है यदि आप ऐसा कहें तो आप प्रभाकर स्याद्वाद मत का आश्रय ले लेंगे।

---

१ अन्धसर्पबिलप्रवेशन्यायेन। २ तदुक्तम्।—प्रत्येकं यो भवेद्दोषो द्वयोर्भावे कथं न स इति वचनात्। ३ विरोधः। ४ कथम् ?। ५ यथा सन्नित्युक्तेऽसत्त्वमेवायाति असन्नित्युक्ते सत्त्वमेवायाति। ६ सत्त्वासत्त्वयोः। ७ सदसत्त्वविधानाददोष इति वा पाठः। ८ सर्वेषां पदार्थानां क्रमवर्तित्वात् शब्दानां च।

---

1 परस्परव्यवच्छेदयोः'। इतिपाठान्तरं।

[नियोगस्य प्रवर्तकाप्रवर्तकस्वीकारे दोषारोपणं]

किञ्च[1] नियोग सकलोपि[2] प्रवर्त्तकस्वभावो वा स्यादप्रवर्त्तकस्वभावो वा ? प्रवर्त्तकस्वभावश्चेत् प्रभाकराणामिव ताथागतादीनामपि प्रवर्त्तक स्यात्—तस्य सर्वथा[3] प्रवर्त्तकत्वात् । [4]तेषां [5]विपर्यासादप्रवर्त्तक इति चेत् [6]परेषामपि [7]विपर्यासाद[8]प्रवर्त्तकोस्तु[1] । शक्य हि वक्तु, प्राभाकरा [9]विपर्यस्तत्वाच्छब्द[1] नियोगात्प्रवर्त्तन्ते [11]नेतरे[2]—तेषामविपर्यस्तत्वादिति । सौगतादयो[12] विपर्यस्तास्तन्मतस्य प्रमाणबाधितत्वात् । न पुन प्राभाकरा इत्यपि[13] पक्षपातमात्रम्-तन्मतस्यापि प्रमाणबाधितत्वाविशेषात । यथैव हि प्रतिक्षणविनश्वरसकलार्थकथन

[नियोग को प्रवर्तक या अप्रवर्तक मानने मे दोष]

दूसरी बात यह है कि यह ग्यारह प्रकार का भी नियोग प्रवर्तक स्वभाव है या अप्रवर्तक स्वभाव है ? यदि प्रवर्तक स्वभाव मानो तो आप प्रभाकर के समान ही वेदवाक्य का अर्थ बौद्धो के लिये भी प्रवर्तक हो जावेगा क्योकि वह वेदवाक्य सर्वथा प्रवर्तक स्वभाव वाला है। यदि आप कहे कि वे सौगतादि विपरीत बुद्धि वाले हैं अत वह नियोग उनके लिये अप्रवर्तक है तब तो आप प्रभाकरो को भी विपर्यास होने से वह अप्रवर्तक हो जावे । हम ऐसा कह सकते है कि प्रभाकर विपयस्त-विपरीत बुद्धि वाले होने से शब्द नियोग से प्रवृत्ति करते हैं इतर बौद्धादि नही करते है क्योकि वे विपर्यस्त बुद्धि वाले नहीं हैं। टिप्पणी मे अप्रवर्तक की जगह 'प्रवर्तक ऐसा पाठ है उसका ऐसा अर्थ करना कि आप प्रभाकर को भी विपरीत बुद्धि होने से ही वह नियोग प्रवृत्ति कराता है। अर्थात् आपकी ही बुद्धि विपरीत है।

प्रभाकर—सौगतादि विपर्यस्त-विपरीत बुद्धि वाले है क्योकि उनका मत प्रमाण से बाधित है किंतु हम प्रभाकर का मत प्रमाण से बाधित नही है।

भाट्ट—यह आपका कथन पक्षपात मात्र को सूचित करता है क्योकि आपका मत भी प्रमाण से बाधित ही है अत दोनो ही मत प्रमाण से बाधित हैं। जिस प्रकार से सभी पदार्थों को प्रतिक्षण विनश्वर कहना प्रत्यक्षादि प्रमाणों से विरुद्ध है उसी प्रकार से नियोक्ता-यज्ञकर्ता नियोग-वेदवाक्य और उसका विषय-यज्ञादि रूप से भेद की परिकल्पना भी प्रत्यक्षादि सभी प्रमाणो से बाधित ही है

१ भाट्ट २ एकादशप्रकारोपि । ३ सर्वपुरुषापेक्षाप्रकारेण । ४ सौगतादीनाम् । ५ प्रवर्त्तकस्वभावे नियोगेऽप्रवर्त्तकतया मनन विपर्यास । ६ युष्माकं प्राभाकराणां विपरीतवादप्रवर्त्तकोस्तु । ७ अप्रवर्त्तकस्वभावे नियोगेप्रवर्त्तकतया मनन विपर्यास । ८ प्रवर्त्तकोस्त्विति खपाठ । ९ अप्रवर्त्तकत्वात् (खपुस्तके) । १ शब्दाधिकारात् । ११ ताथागतादय । १२ अभाह नियोगवादी प्रभाकर । १३ अभाह भावनावादी भट्ट ।—भो प्रभाकर इति ते वचन स्वमतपक्षपातमात्रम् । कस्मात् ? प्रभाकरमतस्यापि प्रमाणबाधितत्वेन विशेषो नास्ति यत ।

1 विपर्यासात्प्रवर्तकोऽस्तु । इति पा । 2 बौद्धा अविपर्यस्तत्वाच्छब्दनियोगात् प्रवर्तन्ते ।

प्रत्यक्षादिविरुद्ध तथा [1]नियोक्तृनियोग[2]तद्विषयादि[3]भेदपरिकल्पनमपि सर्वप्रमाणानां [4]विधि[1]विषयता[2]व्यवस्थापनेन[5] [6]तद्बाधकस्योपपत्त । यदि पुनरप्रवर्त्त कस्वभाव [6] शब्दनियोग स्तदा सिद्ध एव तस्य[7] प्रवृत्तिहेतुत्वायोग । स[8] च वाक्यार्थत्वाभाव साधयति ।

क्योंकि सभी प्रमाण विधि के विषय को व्यवस्थापित करते हैं अत नियोग की सिद्धि बाधित ही है। अर्थात् प्रमाण चेतन रूप है और विधि-ब्रह्म भी चेतन रूप है। अत विधि में ही सभी प्रमाण घटित हो जाते हैं किन्तु नियोग में घटित नही होते हैं। इसलिये नियोग बाधित हो जाता है क्योकि जब सभी प्रमाण विधि–परब्रह्म मे अतभू त हो जाते हैं तब यह नियोक्ता है यह नियोग है इत्यादि भेद कल्पना प्रत्यक्षादि से ही विरुद्ध हो जाती है।

पुन यदि द्वितीय पक्ष लेवो कि शब्द नियोग अप्रवर्तक स्वभाव वाला है तब तो वह शब्द नियोग प्रवृत्ति हेतुक नही है अत उसमे प्रवृत्ति का अभाव सिद्ध ही है। वह शब्दनियोग उपरोक्त विधि से सिद्ध होता हुआ वेदवाक्य के अर्थ के अभाव को सिद्ध करता है।

भावार्थ—यहाँ पर भाट्ट विधिवाद का आश्रय लेकर प्रभाकरो से प्रश्न करते है कि आपका नियोग प्रवृत्ति करा देने रूप स्वभाव वाला है या प्रवृत्ति नही कराने रूप ? यदि प्रथम पक्ष लेवो तो वह नियोग जैसे आप प्रभाकरो को यज्ञादि कम मे प्रवृत्ति कराता है वसे ही बौद्धो को भी क्यो नही कराता है ? क्योकि यदि अग्नि का स्वभाव जलाने का है तो वह पक्षपात रहित काष्ठ वस्त्र मूख के शरीर पडित के शरीर रत्न तृण आदि सभी को भस्म कर देती है। यदि आप कहे कि बौद्ध मिथ्या बुद्धि वाले हैं अत उन्हे वेदवाक्य प्रवृत्ति नही करा सकते हैं जसे कि सुवर्ण अभ्रक आदि को अग्नि नही भी जलाती है तब तो हम ऐसा भी कह सकते हैं कि आप प्रभाकर विपरीत बुद्धि वाले है अत वेदवाक्य के अथ नियोग से अपने आपको यज्ञकार्य मे नियुक्त होना अथ मान लेते है और कमकाडो मे प्रवृत्ति भी करते हैं किन्तु बौद्धादि विपरीत बुद्धि वाले नही है अत वे नियोग को प्रवृत्ति कराने वाला नही मानते हैं एव उसके अनुकूल यज्ञादि मे प्रवृत्ति भी नही करते हैं। यह हमारा कथन भी आप किसी तरह से बाधित नही कर सकते हैं। यदि आप बौद्ध चार्वाकादि के मतो को बाधित कहें ता जैसे उनके मत प्रत्यक्षादि से बाधित हैं वैसे ही आपका नियोग पक्ष भी प्रत्यक्षादि प्रमाणो से बाधित ही है क्योकि सभी प्रमाणो

१ नियोगकृद्-यज्ञकृद्-यज्ञकर्त्ता। अयं यज्ञकर्त्तायं नियोग इदं फलमिति भेदापादनं प्रत्यक्षादिप्रमाणाद्विरुद्ध मतभेद साधयितुं न शक्यते। २ वेदवाक्य। ३ आदिशब्दात् पुरुषफले। ४ विधिमध्यपतितस्वव्यवस्थापनेन। ५ प्रत्यक्षादिविरुद्धमिति सम्बन्ध। ६ तस्य नियोगस्य बाधकमुपपद्यते यत। ७ शब्दनियोगस्य। ८ शब्दनियोग सिद्ध सन्।

1 प्रमाणं चेतनं विधिश्चेतनो विधिमध्ये सर्वाणि प्रमाणानि घटते न च नियोगे। 2 व्यवस्थापने इति पा। सति यदा सर्वेषां प्रमाणानां विधौ परमब्रह्मण्यिंतर्भावे नियोक्तृनियोगादिभेदकल्पन प्रत्यक्षादिविरुद्ध भवतीति भाव। 3 अग्निष्टो-मादिवाक्यनिबंधन:।

[नियोगः फलरहितः फलसहितो वेत्युभयपक्षे दोषारोपणम्]

किञ्च नियोगः फलरहितो वा स्यात् फलसहितो वा ? फलरहितश्चेत्, न ततः[1] प्रेक्षावतां प्रवृत्तिः प्रप्रेक्षावत्त्वप्रसङ्गात्[1] प्रयोजनमनुद्दिश्य न मन्दोपि प्रवर्त्तते इति प्रसिद्धश्च । [2]प्रसिद्धचण्ड[3]नरपतिवचननियोगादफलादपि प्रवर्त्तनदर्शनाददोष इति चेन्न तस्यापायपरिरक्षणफलत्वात् । [4]तन्नियोगादप्रवर्त्तने तदाज्ञोल्लङ्घन[5]कृतामपायोवश्य[6] सम्भवतीति ।

से विधिवाद–सत्–चित् परमब्रह्मस्वरूप ही सिद्ध होता है। यदि आप द्वितीय पक्ष मे उस नियोग को प्रवृत्ति नहीं कराने वाला मानेंगे तब तो उन यजेत आदि वाक्यो से यज्ञादि कार्य मे कभी भी प्रवत्ति ही नही कर सकेंगे पुन आप कर्मकाडी मीमासक कसे रहेगे ? अत उपयु क्त विकल्पो से भी वेदवाक्य का अर्थ नियोग सिद्ध नहीं होता है।

[नियोग फल रहित है या फल सहित]

प्रकारातर से यह भी प्रश्न होता है कि वह नियोग फल रहित है या फल सहित है ? यदि फल रहित मानों तब तो उस फल रहित नियोग मे बुद्धिमान् पुरुषो की प्रवृत्ति नही हो सकेगी अन्यथा वे बुद्धिमान भी मूर्ख ही हो जावेंगे क्योकि प्रयोजन के बिना मद मूढ भी प्रवृत्ति नही करते हैं यह बात प्रसिद्ध है। अर्थात् बुद्धिमान जन फल की अभिलाषा से ही प्रवृत्ति करते हैं। यदि फल के अभाव मे भी प्रवृत्ति करेंगे तब तो विद्वान् नही कहे जा सकगे।

प्रभाकर—प्रसिद्ध अत्यंत क्रोधी राजा के वचन के नियोग से–फल रहित भी वचन के नियोग से प्रवृत्ति देखी जाती है अत कोई दोष नही है।

भाट्ट—ऐसा भी नही कहना वह प्रवृत्ति भी अपाय (कष्ट) से परिरक्षण रूप फल वाली है क्योंकि उस क्रोधी राजा के वचनादेश से प्रवृत्ति न करने पर तो उस राजा की आज्ञा का उलघन करने वाले मनुष्यो का धनापहरण आदि अपाय अवश्यंभावी है।

प्रभाकर—तब तो वेदवाक्य से भी नियुक्त हुआ मनुष्य प्रत्यवाय विघ्नो को दूर करने के लिये प्रयत्न करे क्योकि हमारे यहां कहा भी है कि विघ्नो को दूर करने के लिए नित्य और नमित्तिक अनुष्ठानो को करे अर्थात् 'त्रिकाल सध्या उपासना जप देव ऋषि पित–तपरण आदि अनुष्ठान नित्य कम कहलाते हैं एव अमावस्या, पौर्णमासी ग्रह ग्रहण आदिको मे किया गया अनुष्ठान नमित्तिक कहलाता है। इन नित्यनैमित्तिक क्रियाओ को विघ्नो का नाश करने के लिए करे ।

१ फलरहितान्नियोगाद्विचारचतुराणां प्रवृत्तिर्न घटते। घटते चेत्तदा तेषामप्रेक्षावत्त्वं सजतीति। २ प्रसिद्ध इत्ययं शब्दः पुस्तके नास्ति। ३ चण्डस्त्वत्यन्तकोपनः। ४ चण्डनरपतिवचनादेशात्। ५ जनानाम्। ६ वित्तापहारादि।

1 अन्यथा। प्रेक्षावंत फलमभिलष्य प्रवर्तंते यदि फलाभावे प्रवतते तर्हि—।

तर्हि[1] वेदवचनादपि नियुक्तः प्रत्यवायपरिहाराय[2] प्रवर्त्तताम्—"[3]नित्यनैमित्तिके[4] कुर्यात्प्रत्यवायजिहासये[5]" ति वचनात्। [6]कथमिदानीं स्वर्गकाम इति वचनमवतिष्ठते—[8]जुहुयाज्जुहोतु होतव्यमिति लिङ्लोट्तव्यप्रत्ययान्त[1] निर्देशमात्रादेव नियोगमात्रस्य सिद्धस्तत एव च प्रवृत्तिसम्भवात् [1]। यदि पुनः फलसहितो नियोग इति पक्षस्तदा फलार्थितैव प्रवर्त्तिका न नियोगः [12]तमन्तरेणापि फलार्थिना प्रवृत्तिदर्शनात्। [13]पुरुषवचनान्नियोगे[14]—यमुपालम्भो[15] [16]नापौरुषेयादग्निहोत्रादिवाक्यात्—तस्यानुपालम्भत्वादिति चेत्, "सर्वं वै

नित्यनैमित्तिके कुर्यात् प्रत्यवायजिहासया।
अकुर्वन् विहितं कर्म प्रत्यवायेन लिप्यते॥

ऐसा श्रुतिवाक्य है।

भाट्ट—पुनः विघ्नों के परिहार रूप फल का प्रतिपादन करते समय "स्वर्गकाम" यह वचन कैसे सिद्ध हो सकेगा? अर्थात् यदि विघ्न का परिहार करने के लिये यज्ञ किया जाता है तब "स्वर्ग की इच्छा करने वाला पुरुष" इस शब्द से क्या प्रयोजन सिद्ध होगा?

"जुहुयात् जुहोतु होतव्य" इस प्रकार से लिङ्, लोट् और तव्य प्रत्यय जिसके अंत में हैं ऐसे शब्द के निर्देश कर देने मात्र से ही नियोग मात्र सिद्ध है और उसी से ही प्रवृत्ति संभव है। अर्थात् इस संसार में लौकिक विघ्नों को दूर करने की इच्छा रखता हुआ पुरुष होम क्रिया में प्रवृत्त होवे न कि स्वर्ग की इच्छा करने वाला मनुष्य क्योंकि लिङ्, लोट् और तव्य प्रत्यय स्वरूप ही नियोग है इसलिए स्वर्ग की इच्छा के बिना ही यज्ञादि कर्म में प्रवृत्ति संभव है अतः आप नियोगवादियों को पूर्वापर विरुद्ध दो प्रकार के वचन नहीं कहना चाहिये क्योंकि पाप का परिहार करने के लिये यज्ञादि कर्म हैं पुनः वे यज्ञादि कर्म स्वर्ग की प्राप्ति कैसे करावेंगे? अतः "स्वर्गकाम" यह शब्द संभव है ऐसा नहीं कहना चाहिये। यदि पुनः आप दूसरा पक्ष लेवें कि फल सहित ही नियोग है तब तो फल की इच्छा होना ही प्रवर्तिका प्रवर्तन कराने वाली है न कि नियोग क्योंकि उस नियोग के बिना भी फलार्थी—फल की इच्छा करने वाले जनों की प्रवृत्ति देखी जाती है।

१ प्रभाकरः। २ पापपरिहारफलाय। अवश्यं विघ्न आयाति धर्मकार्ये तन्निवारणाय। ३ त्रिकालं सन्ध्योपासनजपदेवर्षिपितृतर्पणादिकमित्याद्यनुष्ठानम्। ४ दर्शपौर्णमासीग्रहग्रहणादिषु क्रियमाणं नैमित्तिकानुष्ठानम्। ५ अकुर्वन् विहितं कर्म प्रत्यवायेन लिप्यते इति श्रुतेः। ६ भावनावादी। ७ प्रत्यवायपरिहारस्य फलत्वप्रतिपादनकाले। ८ यदि विघ्नविनाशनाय यज्ञः क्रियते तर्हि स्वर्गकाम इत्यनेन वचनेन किं प्रयोजनम्? ९ इहलोकप्रत्यवायपरिहारार्थी पुमान् जुहुयादिति प्रवर्त्तां, न तु स्वर्गकाम इति। १ प्रत्ययस्वरूप एव नियोगः। ११ ततः स्वर्गकामनिरपेक्षतया यागे प्रवर्त्तता नाम। १२ नियोगं विनापि। १३ अत्राह नियोगवादी। १४ पूर्वोक्तः सर्वः। १५ दूषणम्। १६ अग्निष्टोमे स्वर्गकामो यजेतेत्याद्यपौरुषेयादग्निहोत्रादिवाक्यान्नियोगे दूषणं न—तस्य वाक्यस्यादूष्यत्वात्।

1 अनुपालम्भ्यत्वात् इति पा०। अदूष्यत्वात्।

खल्विद ब्रह्म[1]" त्यादि[1] वचनमपि विधिमात्रप्रतिपादकमनुपालम्भमस्तु[2] तत एव । तथा च वेदान्तवादसिद्धिः । तस्मान्न नियोगो वाक्यार्थं [3]कस्यचित्प्रवृत्तिहेतुत्वाभावाद्विधिवत्[4] ।

[पूर्वकथितैकादशप्रकारस्य नियोगस्य क्रमशः निराकरणम्]

सर्वेषु[5] च पक्षेषु नियोगस्य प्रत्येकं विचार्यमाणस्यायोगान्न वाक्यार्थत्वमवतिष्ठते । तथा हि ।—न तावत्कार्यं शुद्ध नियोग इति पक्षो घटते [6]प्रेरणानियोज्यवर्जितस्य[7] नियोगस्या सम्भवात । तस्मिन्नियोगसंज्ञाकरणे स्वकम्बलस्य [8]कूर्दालिकेति नामान्तरकरणमात्र स्यात । न च तावता [9]स्वेष्टसिद्धि । शुद्धा प्रेरणा[10] नियोग इत्यप्यनेनापास्त[11]–[12]नियोज्यफल[13]

नियोगवादी प्रभाकर—यदि हम पौरुषेय वचन–पुरुष के वचन से नियोग का अर्थ करे तब तो उपर्युक्त दोष आ सकते हैं किंतु हम तो अपौरुषेय वेद के अग्निहोत्रादि वाक्य से नियोग मानते है अतएव उस मान्यता में आप उलाहना नही दे सकते हैं।

भावनावादी-भाट्ट—तब सर्वं वै खल्विद ब्रह्म नेह नानास्ति किञ्चन । आराम तस्य पश्यति न तं पश्यति कश्चन ॥ इस विधि मात्र के प्रतिपादक वचन भी निर्दोष सिद्ध होवें क्या बाधा है ? क्योकि अपौरुषेयत्व हेतु दोनो जगह समान है और उस प्रकार से तो वेदातवाद की सिद्धि हो जाती है। इसलिये वेदवाक्य का अर्थ नियोग नही है क्योकि उसमे किसी भी पुरुष की प्रवत्ति का अभाव है जैसे विधि–परब्रह्म में किसी की प्रवृत्ति नही है।

[प्रारम्भ में जो नियोग के ११ प्रकार से अर्थ किये हैं उनका क्रमश भाट्ट द्वारा खडन किया जा रहा है]

उपर्युक्त सभी एकादश प्रकार के पक्षो मे प्रत्येक का विचार करने से वह नियोग सिद्ध नही होता है अत वेदवाक्य का अथ नियोग करना ठीक नही है। तथाहि—

(१) 'शुद्ध काय नियोग है यह पक्ष भी घटित नही होता है क्योकि यजेत स्वर्ग काम इस प्रकार से प्रेरणा और नियोज्य—स्वर्ग की इच्छा करने वाले श्रोतापुरुष से वर्जित नियोग ही असम्भव है अर्थात् स्वर्ग की इच्छा करने वाले पुरुष से वर्जित नियोग ही असम्भव है। और उसकी नियोग सज्ञा करने पर तो अपने कम्बल को 'कुर्दालिका–कुदालि ऐसा एक भिन्न नाम रख दिया गया मात्र ही हो जाता किन्तु उतने से अपन इष्ट अथ की सिद्धि नही हो सकती है। अर्थात् नियोग पक्ष मे स्वर्ग है और कुर्दालिका–कुदाली पक्ष में खोदना आदि है। अर्थात् कुछ का कुछ नाम रख देने से कार्य की सिद्धि नही हो सकती। प्रेरणा और नियोज्य पुरुष से रहित केवल शुद्ध कार्य रूप नियोग से स्वर्ग नही मिल सकता है जैसे कि

१ नेह नानास्ति किञ्चन । आराम (विस्तार) तस्य पश्यन्ति न तत्पश्यति कश्चन ॥ २ अदूष्यत्वस्याविशिष्टत्वात् । ३ पुरुषस्य । ४ परब्रह्म यथा ५ एकादशभेदनियोगेषु । ६ यजेतेति । प्रवर्त्तकस्व । ७ स्वर्गकाम । ८ कुदाली । ९ स्वर्ग । स्वर्गो नियोगपक्षे कुर्दालिकापक्षे खननादि । १ अग्निष्टोमेन यजेत स्वर्गकाम इत्यादि । ११ पूर्वोक्तन्न कल्पमानेन च । १२ नियोज्यः पुमान् । १३ स्वर्गं ।

1 अपौरुषेयत्वाविशेष ।

रहिताया [1]प्रेरणाया [2]प्रलापमात्रत्वान्नियोगरूपतानुपपत्ते । प्रेरणासहित काय नियोग इत्यप्यसम्भाव्यम्—नियोज्यविरहे नियोगविरोधात । कार्यसहिता प्रेरणा नियोग इत्यप्यनेन निरस्तम् । कार्यस्यैवोपचारत प्रवर्त्तकत्वं नियोग इत्यप्यसारम्—नियोज्यादिनिरपेक्षस्य कार्यस्य [3]प्रवर्त्तकत्वोपचारायोगात् । कदाचित्क्वचित्परमाथतस्तस्य[4] तथानुपलम्भाच्च[5] । [6]कार्यप्रेरणयो [7] सम्बन्धो नियोग इति [8]वचनमसङ्गतम्–[9]ततो भिन्नस्य[1] सम्बन्धस्य सम्बन्धिनिरपेक्षस्य [11]नियोगत्वाघटनात [1] सम्बन्ध्यात्मन सम्बन्धस्य नियोगत्वमित्यपि दुरन्वयम्[2]

कम्बल को कुदाली कह देने से उससे सडक का खोदना नही हो सकता है ।

(२) और जो आपने कहा था कि शुद्ध प्ररणा ही नियोग है अर्थात् अग्निष्टोमेन यजेत स्वर्गकाम इस कथन का भी पूर्वोक्त कथन से ही निरसन हो जाता है । नियोज्य—पुरुष और उसका फल–स्वग इन दोनो से रहित प्ररणा प्रलाप मात्र ही है इसलिये वह प्रेरणा नियोग रूप नही हो सकती है ।

(३) प्ररणा सहित काय नियोग है यह पक्ष भी असम्भव है क्योकि नियोज्य मनुष्य के न होने पर नियोग ही असम्भव है ।

(४) काय सहित प्रेरणा ही नियोग है इसका भी इसी कथन से निरसन हो जाता है ।

(५) काय ही उपचार से प्रवतक होने से नियोग है यह पक्ष भी असार है । नियोज्य–पुरुष आदि से निरपेक्ष काय मे प्रवर्तक का उपचार ही नही हो सकता है क्योकि कदाचित् क्वचित् परमाथ से वह नियोज्यादि निरपेक्ष काय प्रवर्तक प्रकार से उपलब्ध नही होता है । अर्थात् नियोज्य—श्रोतापुरुष नियोजक—शब्दादि की अपेक्षा रहित काय उपचार से भी यज्ञादि मे प्रवृत्ति नही करता है । मुख्य रूप से सिह के प्रसिद्ध होने पर वीर पुरुषो मे सिह का उपचार कर दिया जाता है किन्तु यहाँ कभी कही नियोज्यादि से रहित केवल काय उस प्रकार से प्रवतक नही हो सकता है ।

(६) 'यागादि काय और वेदवाक्य रूप प्रेरणा का सम्बन्ध ही नियोग है । यह वचन भी असंगत है क्योकि कार्य और प्रेरणा रूप सम्बन्धी से भिन्न सम्बन्ध यदि सम्बन्धी से निरपेक्ष है तो वह नियोग रूप से घटित नही हो सकता है । संबध्यात्मक सम्बन्ध को नियोग कहना भी दुरन्वय–गलत ही है क्योकि प्रेयमाण पुरुष से निरपेक्ष सबध्यात्मक भी कार्य और प्रेरणा नियोग नही हो सकते है ।

भावार्थ—सम्बन्धियो से सवथा भिन्न पडा हुआ सम्बन्ध तटस्थ पदाथ के समान उनका नियोग

---

१ प्रेरकत्वस्य । २ निरर्थकत्वात् । ३ निरर्थकत्वादिति भाव । ४ नियोज्यादिनिरपेक्षस्य कायस्य । ५ प्रवत्तकत्व प्रकारेण । ६ यागादि । ७ वेदवाक्य । ८ इति च न सङ्गतमिति खपुस्तकपाठ । ९ कायप्ररणारूपेभ्य सम्बन्धिभ्य । १० सम्बन्धो हि सम्बन्धिभ्यां भिन्नोऽभिन्नो वेति विकल्पद्वयमवलोक्य क्रमेण निराकुर्वन्नाह । ११ नियोगत्वेनाघटनादिति खपुस्तकपाठ । १२ सम्बन्धिनामात्मानो स्वरूपे यस्य ।

---

१ दुरवबोध ।

प्रेर्यमाणपुरुष[1]निरपेक्षयो [1]सम्बन्ध्यात्मनोरपि कार्यप्रेरणयोर्नियोगत्वानुपपत्त । [2]तत्समु दायनियोगवादोप्यनेन[3] प्रत्याख्यात । कार्यप्रेरणाविनिर्मुक्तस्तु नियोगो न विधिवादमतिशेते[4] । यत्पुन स्वर्गकाम पुरुषोऽग्निहोत्रादिवाक्यनियोगे सति यागलक्षण विषयमारूढमात्मान म य मान: प्रवर्तते इति यन्त्रारूढनियोगवचन तदपि न [5]परमात्मवादप्रतिकूलम्—[6]पुरुषाभिमान मात्रस्य[2] नियोगत्ववचनात्, [7]तस्य चाविद्योदयनिब धनत्वात् । भोग्यरूपो नियोग इति चायु क्तम्— [8]नियोक्तु [9]प्रेरणाशून्यस्य [1] भोग्यस्य तद्भावानुपपत्ते । पुरुषस्वभावो हि[11] न नियोगो घटते [2]तस्य [13]शाश्वतिकत्वेन नियोगस्य शाश्वतिकत्वप्रसङ्गात । [1] पुरुषमात्रविधेरेव [15]तथा-भिधाने वेदान्तवादपरिसमाप्ते [16] कुतो नियोगवादो नाम ।

नही हो सकता एव काय और प्रेरणा रूप सम्बन्धियो से अभिन्न तदात्मक हो रहा सम्बन्ध जब तक श्रोता पुरुष की अपेक्षा नही रखेगा तब तक कथमपि नियोग नही हो सकता । शिष्य की अपेक्षा नही रखकर अध्ययन करने की प्रेरणा करना बहुत ही कठिन है सम्बन्धियो के साथ सम्बन्ध का भेद अथवा अभेद इन दोनो पक्षो मे नियोग व्यवस्थित नही होता है ।

(७) उन दोनो का तादात्म्य समुदाय ही नियोग है उपयुक्त भिन्न अभिन्न पक्ष उठाने से यह पक्ष भी निरस्त हो जाता है क्योकि पुरुष के बिना उन दोनो के समुदाय को नियोग कहना उचित नही है ।

(८) कार्य और प्रेरणा से रहित भी नियोग विधिवाद का उलघन नही कर सकता है किन्तु विधिवाद ही आ जाता है । तुच्छाभाव को न मानने से आप प्रभाकरो के यहाँ कार्य और प्ररणा से रहित नियोग वेदान्तवादी के ब्रह्माद्वैतवाद का ही आश्रय ले लेता है ।

(९) जो आपने कहा है कि स्वग की इच्छा करने वाला पुरुष अग्निहोत्रादि वाक्यो से नियुक्त होने पर अपने को याग लक्षण विषय मे आरूढ मानता हुआ प्रवत्ति करता ह इस प्रकार से यन्त्रारूढ नियोग वचन ही नियोग है यह कथन भी परमात्म—ब्रह्मवाद के प्रतिकूल नही है । वहाँ विधिवाद में भी पुरुष के अभिप्राय मात्र को नियोग कहा है और पुरुष का अभिमान—अभिप्राय भी तो अविद्या के उदय से ही होता है ।

(१०) 'भोग्य रूप नियोग है यह कथन भी अयुक्त ह क्योकि नियोक्ता—वेदवाक्य और

---

१ यस (कर्मधारय) । २ तादात्म्यम् । ३ ततो भिन्नस्येत्यादिना । ४ नातिशय प्राप्नोति । नातिक्रामति । किन्तु विधिवाद एवायात । ५ विधिवाद । ६ अभिप्राय । ७ पुरुषस्याभिमानाभावादित्युक्त आह । पुरुषाभिमानमात्रस्य । ८ वेदवाक्य । ९ प्रवत्तकलक्षणो वाक्यधर्म । १ स्वर्गस्य । ११ पुरुषस्वभावोपीति सपुस्तकपाठः । १२ अन्यथा । तस्य पुरुषस्वभावस्य । १३ नित्यत्वेन । १४ अस्तित्वस्य । १५ नियोग इति । १६ प्राप्ते ।

---

1 संबंधात्मनो इति पा । 2 तत्संवेदनविवर्तस्तु नियुक्तोहमिति अभिमानरूपो नियोग इति नाम पुरुषाभिमा॰ अर्थः ।

प्रेरणा-प्रवर्तक लक्षण वेदवाक्य का धर्म इन दोनो से रहित भोग्य-स्वर्ग (भविष्यत्काल में भोगने योग्य पदार्थ) की व्यवस्था नहीं बन सकती है।

(११) एवं ग्यारहवें पक्ष में माना गया पुरुष का स्वभाव नियोग है यह कथन भी घटित नही होता है। अन्यथा यदि पुरुष के स्वभाव को ही नियोग मानोगे तो पुरुष का स्वभाव तो शाश्वतिक है पुन वह नियोग भी शाश्वतिक हो जावेगा। पुरुषमात्र के अस्तित्व को ही नियोग कहने पर तो वेदान्तवाद की प्राप्ति हो जाने से नियोगवाद नाम ही कैसे रह सकेगा ?

इस प्रकार आप प्रभाकर द्वारा मान्य ११ प्रकार का नियोग कथमपि सिद्ध नही होता है विचार कोटि मे रखने पर वह विधिवाद मे ही चला जाता है एवं आगे विधिवाद का भी निराकरण कर देने से अपौरुषेय वेदवाक्य एवं उसमे मान्य नियोग विधि आदि सभी समाप्त हो जाते हैं।

नियोगवाद के खंडन का साराश

मीमासक वेद को अपौरुषेय मानते हैं और उन्ही के यहा जो भेद प्रभेद हैं उनके अर्थ में अनेक की कल्पना करके परस्पर मे विसवाद करते है। प्रभाकर मतानुयायी वेदवाक्य का अर्थ नियोग करते हैं अर्थ भाट्ट भावना अर्थ करते है और वेदान्ती वेदवाक्य का अर्थ विधि करते हैं।

सर्वप्रथम नियोगवादी का पक्ष स्थापित करके भावनावादी भाट्ट दोष दिखाता है—

भावनावादी—आप प्रभाकर ने वेदवाक्य का अर्थ नियोग किया है सो ठीक नही है उसमें अनेक बाधायें सम्भव है अग्निष्टोमादि वाक्य से मैं नियुक्त हुआ हूँ इस प्रकार से निरवशेष योग को नियोग कहते है वहाँ भी किंचित् चिद् भावना रूप कार्य सम्भव नही है क्योकि आपके यहाँ नियोग का अर्थ अनेक वक्ताओ ने ग्यारह प्रकार से किया है।

(१) कोई कहते हैं कि जो लिङ लोट और तव्य प्रत्यय का अर्थ है शुद्ध है अन्यनिरपेक्ष है एवं कार्यरूप (यज्ञरूप) है वही नियोग है।

(२) वाक्यान्तगत कर्मादि अवयवो से निरपेक्ष शुद्ध प्रेरणा ही नियोग है।

(३) प्रेरणा सहित कार्य ही नियोग है।

(४) कार्य सहित प्रेरणा को नियोग कहते हैं क्योकि कार्य के बिना कोई पुरुष प्रेरित नही होता है।

(५) कार्य को ही उपचार से प्रवर्तक कहकर उसे नियोग कहते हैं।

(६) प्रेरणा और कार्य का सम्बन्ध ही नियोग है।

(७) प्रेरणा और कार्य का समुदाय ही नियोग है।

(८) इन दोनों से विनिर्मुक्त स्वभाव ही नियोग है।

(९) यंत्रारूढ—यागलक्षण कार्य में लगा हुआ जो पुरुष है वही नियोग है।

(१०) भोग्य—भविष्यत् रूप ही नियोग है।

(११) पुरुष ही नियोग है।

इन एकादश पक्षों का विचार करने से वह नियोग सिद्ध नही होता है यथा—

(१) 'शुद्ध कार्य नियोग है' यह पक्ष असंभव है क्योंकि 'यजेत स्वर्गकाम' इस प्रकार प्रेरणा और नियोज्य से रहित नियोग असंभव है।

(२) जो आपने कहा था 'शुद्ध प्रेरणा ही नियोग है' क्योंकि नियोज्य—पुरुष और उसका फल–स्वर्ग उससे रहित प्रेरणा प्रलाप मात्र है।

(३) प्रेरणा सहित कार्य ही नियोग है इसमे भी नियोज्य मनुष्य के न होने पर नियोग ही असम्भव है।

(४) 'कार्य सहित प्रेरणा' का इसी से निरसन हो गया।

(५) काय को ही उपचार से प्रवतक कहना भी असार है क्योंकि पुरुषादि से निरपेक्ष काय (यज्ञ) में प्रवतक का उपचार ही असम्भव है।

(६) कार्य और प्रेरणा का संयोग अथ करने पर तो इन दोनो सम्ब धी से भिन्न सम्ब ध यदि सम्बन्धी से निरपेक्ष है तो वह नियोग रूप से नही घटता है।

(७) उन दोनो का समुदाय अर्थ कहने पर वह उससे भिन्न है या अभिन्न ? इत्यादि विकल्पों से दूषित हो जाता है।

(८) काय और प्रेरणा से रहित नियोग विधिवाद मे ही प्रविष्ट हो जाता है।

(९) यत्रारूढ़ नियोग वचन ही नियोग है इस कथन से भी विधिवाद ही आता है।

(१०) भोग्य को नियोग कहने से वेदवाक्य और प्रेरणारूप वाक्य का धर्म इन दोनो से रहित भोग्य–स्वर्ग की व्यवस्था ही असम्भव है।

(११) 'पुरुष का स्वभाव नियोग है' ऐसा अथ करने पर तो पुरुष का स्वभाव शाश्वतिक होने से नियोग भी शाश्वत हो जावेगा।

इस प्रकार से ११ विकल्पो मे कहा गया नियोग सिद्ध नही होता तथा इनमे आठ विकल्प और उठते है कि ये ग्यारहो विकल्प रूप नियोग प्रमाण है या प्रमेय उभय रूप है या अनुभय रूप तथा शब्द व्यापार रूप है या पुरुष व्यापार रूप दोनो के व्यापार रूप है या दोनो के व्यापार से रहित ?

यदि आप प्रथम पक्ष लेवे तो विधिवाद आ जावेगा क्योंकि प्रमाण तो चिदात्मक है। यह आत्मा द्रष्टव्य श्रोतव्यो निदिध्यासितव्य इत्यादि वाक्यो के सुनने से अवस्थातर से विलक्षण मैं प्रेरित हुआ हूँ ऐसी अहकार बुद्धि से आत्मा ही प्रतिभासित होती है और वही विधि है। यदि दूसरा पक्ष लेवें तो प्रमेय को ग्रहण करने वाला कोई प्रमाण मानना होगा अन्यथा प्रमाण के अभाव मे प्रमेय कैसे रहेगा ? एवं प्रमेय रूप नियोग पुरुष से भिन्न न होने से आप वेदान्ती बन जावेंगे।

यदि उभयरूप को नियोग कहें तब तो नियोग को ज्ञान पर्याय–चिदात्मक मानने से विधिवाद ही सिद्ध हो जाता है यदि अनुभय स्वभाव कहो तो उभयरूप से रहित संवेदनमात्र ही पारमार्थिक होने से विधिवाद ही आवेगा। यदि शब्द व्यापार को नियोग कहो तो अग्निष्टोमेन यजेत स्वर्गकाम इत्यादि शब्द का व्यापार नियोग होने से आप हमारे–भाट्ट के मत मे प्रवेश कर जावेंगे क्योकि हमने शब्द भावना' को नियोग कहा है। एव छठे पक्ष मे भी आप भाट्ट ही हो जावेंगे कारण हमने पुरुष के व्यापार को भी भावना स्वभाव कहा है। हमारे यहाँ भावना के २ भेद है–शब्द भावना और अर्थभावना। यदि उभय के व्यापार को नियोग कहो तो क्रम से कहोगे या युगपत्? क्रम से कहो तो वही भाट्टमत प्रवेश नाम का दोष आता है। यदि युगपत् कहो तो एक जगह एक साथ उभय स्वभाव की व्यवस्था नही होगी। अनुभय स्वभाव को नियोग कहो तो वह यागादि कर्म रूप विषय का स्वभाव है या फल का स्वभाव है अथवा नि स्वभाव?

यदि विषय स्वभाव कहो तो यागादि अर्थ के विषय विद्यमान हैं या नही? यदि वेदवाक्य के काल मे विषय अविद्यमान हैं तो उस विषय का स्वभाव रूप नियोग भी अविद्यमान ही रहा। यदि विद्यमान कहो तो वह वेदवाक्य के काल मे विषय स्वभाव विद्यमान होने से वाक्य का अर्थ नही होगा क्योकि वह तो यागादि को निष्पादन करने के लिये हुआ है। निष्पन्न हुये यागादि का पुन निष्पादन शक्य नही है। यदि यागादि का रूप किंचित् अनिष्पन्न है उसे निष्पादन करने के लिये नियोग है कहो तो यागादि विषय स्वभाव नियोग भी अनिष्पन्न होने से वेदवाक्य का अर्थ कैसे होगा? यदि फल स्वभाव नियोग है कहो तो स्वर्गादि का फल नियोग नही है क्योकि वह स्वर्गादि फल वाक्य के काल मे अविद्यमान है यदि असन्निहितफल को भी नियोग कहो तो निरालंबवाद–बौद्ध के मत मे प्रवेश हो जावेगा क्योकि वे शब्द को निरालंब—अन्यापोह अर्थवाला कहते हैं यदि नि स्वभाव कहो तो भी अन्यापोहवाद ही आवेगा।

दूसरी बात यह है कि यह नियोग सत् है या असत् उभयरूप है या अनुभयरूप? प्रथम पक्ष मे विधिवाद है। द्वितीय मे निरालंब–शून्यवाद है उभयपक्ष मे उभय पक्षोपक्षिप्त दोष है एव चतुर्थ पक्ष मे विरोध दोष आता है क्योकि सत् के निषेध मे असत् का विधान होगा ही। यदि सर्वथा सत् असत् का निषेध करो तो कथंचित् सत् असत् आ जाता है जो कि स्याद्वाद का आश्रय ले लेता है वह आपको इष्ट नही है। पुन नियोग प्रवर्तक स्वभाव है या अप्रवर्तक स्वभाव? यदि प्रथम पक्ष लेवो तो आप प्रभाकर के समान ही यह बौद्धों को भी प्रवर्तक हो जावेगा क्योकि सर्वथा प्रवर्तक स्वभाव है यदि दूसरा पक्ष लेवो तो वह नियोग प्रवृत्ति का हेतु न होता हुआ वेदवाक्य के अर्थ के अभाव को ही सिद्ध करेगा। तथा यह नियोग फल रहित है या फल सहित? यदि प्रथम विकल्प कहो तो फल रहित नियोग से कोई भी बुद्धिमान प्रवृत्त नहीं होगा क्योंकि प्रयोजन के बिना मूर्ख भी प्रवृत्ति नही करता है यदि कहो कि अत्यन्त क्रोधी राजा के फल रहित भी वचन के नियोग से प्रवृत्ति देखी जाती है सो भी प्रवृत्ति कष्ट से परिरक्षण रूप फल वाली है क्योंकि क्रोधी राजा के वचनादेश से प्रवृत्ति न करने पर धनापहरण मृत्यु दंड आदि अवश्यभावी हैं।

इस पर यदि कहें कि वेदवाक्य से नियुक्त हुआ पुरुष विघ्नों को दूर करने के लिये ही प्रवृत्ति करता है क्या बाधा है ? त्रिकाल संध्योपासन पितृऋषितर्पण आदि नित्य कर्म और पौर्णमासी आदि तिथियों में किया गया अनुष्ठान नैमित्तिक कर्म है । कहा भी है—

नित्यनैमित्तिके कुर्यात् प्रत्यवायजिहासया ।
अकुर्वन् विहित कर्म प्रत्यवायेन लिप्यते ।।

परन्तु यह कथन भी विरुद्ध है। विघ्नो के परिहार रूप फल को प्रतिपादन करते समय स्वर्गकाम यह वचन कैसे सिद्ध होगा ? जब विघ्न का परिहार करने के लिये यज्ञ किया जाता है तब 'स्वर्गकाम इस शब्द से क्या प्रयोजन है ? अतएव जुहुयात् जुहोतु होतव्यं इन लिङ लोट तव्य प्रत्यय को अन्त मे रखकर निर्देश कर देने से नियोग मात्र सिद्ध हो गया उसी से प्रवृत्ति सम्भव है इसलिये स्वर्ग की इच्छा के बिना भी याग कर्म में प्रवत्ति हो गई ।

यदि फल सहित नियोग है ऐसा कहो तो फल की इच्छा होना ही प्रवतक है न कि नियोग क्योकि नियोग के बिना भी फलार्थीजनो की प्रवृत्ति देखो जाती है ।

नियोगवादी—ये सभी दोष तो तब आवगे जब हम वेद को पौरुषय-पुरुषकृत माने । हमारे यहाँ अपौरुषेय वेदवाक्य से नियोग अथ मानने मे कोई दोष नही आते हैं ।

भाट्ट—तब तो आपको 'सर्वं वै खल्विदं ब्रह्म नेह नानास्ति किञ्चन आरामं तस्य पश्यन्ति न तं पश्यति कश्चन इत्यादि विधि वचन को भी प्रमाण मानना होगा । अत एकादश प्रकार के सभी पक्षो मे प्रत्येक का विचार करने पर वह नियोग सिद्ध नही होता है ।

[भाट्टो नियोगवाद निराकृत्याधुना विधिवादं निराकरोति]

[1]नन्वेवं नियोगनिराकरणेऽपि [2]विधेर्वाक्यार्थत्वघटनान्न भावना वाक्यार्थ सिद्धो भट्टस्येति न [3]चेतसि विधेयम्[1] —विधेरपि विचार्यमाणस्य बाध्यमानत्वात । सोऽपि हि प्रमाण रूपो वा स्यात् प्रमेयरूपो वा तदुभयरूपो वा अनुभयरूपो वा पुरुषव्यापाररूपो वा [4]शब्द व्यापाररूपो वा द्वयव्यापाररूपो वाऽद्वयव्यापाररूपो वेत्यष्टौ विकल्पान्नातिक्रामति । तथाहि ।

[विधे प्रमाणरूपाभ्युपगमे दोषानाह]

प्रमाण विधिरिति [5]कल्पनाया प्रमेय किमपर स्यात् ? [6]तत्स्वरूपमेवेति चे न—सर्वथा निरशस्य स मात्रदेहस्य विधे प्रमाणप्रमेयरूपद्वयविरोधात । कल्पितत्वात्तद्रूपद्वयस्य

[प्रभाकर नियोगवाद को मानता है जैनाचार्यों ने भावनावादी भाट्ट के मुख से उस नियोगवादी का खडन कराया है । अब जैनाचाय पन विधिवादी वेदान्ती का भी खडन भाट्ट के द्वारा ही करा रहे हैं ।]

विधिवादी [*वेदांतवादी*]—इस प्रकार से नियोग का निराकरण हो जाने पर भी वेद का अथ विधि ही घटित होता है किन्तु आप भाट्टो के द्वारा मान्य वेदवाक्य का भावना अथ सिद्ध नही हो सकता है।

भाट्ट—ऐसा भी तुम्हे मन मे नही समझना चाहिये क्योकि विधिवाद को भी विचार की कोटि मे रखने से वह बाधित हो जाता है । उस विधि अथ मे हम प्रश्न करगे कि वह विधि प्रमाण रूप है या प्रमेयरूप उभयरूप है या अनुभयरूप पुरुष व्यापार रूप है या शब्द व्यापार रूप द्वय–इन दोनो के व्यापार रूप है या अद्वय–इन दोनो से रहित व्यापार रूप है ? इन आठ विकल्पो का उलघन वह विधि—ब्रह्मवाद भी नही कर सकता है ।

[विधि को प्रमाण रूप मानने पर उसका खडन]

(१) तथाहि—विधि को प्रमाण मानने पर आप ब्रह्माद्वैतवादियो के यहाँ अन्य प्रमेय नाम की और क्या वस्तु होगी ? यदि आप कहो विधि (ब्रह्म) का स्वरूप ही प्रमेय है तब तो सवथा निरश स मात्रदेहवाले विधि–परब्रह्म के प्रमाण और प्रमेय ऐसे दो रूप नही हो सकते हैं क्योकि विरोध आता है ।

वेदान्ती—कल्पित होने से वे प्रमाण और प्रमेय दोनों रूप वहाँ पर विधि मे अविरुद्ध हैं ।

१ अथ नियोगवादिन निराकृत्य भट्टो विधिवादिन दूषयति । २ वाक्यार्थनिवेदनादिति खपाठ । ३ त्वया विधिवादिनेति शेष । ४ यदि शब्द सद्भावस्वरूप नाभिदधाति निषेधस्वरूपमभिदधाति चेत्तदभावे क्वचिद्वस्तुनि प्रवृत्तिन स्यात् । ५ ब्रह्माद्वैतवादिनाम् । ६ विधिस्वरूपमेव । ७ ननु स एव चिदात्मोभयस्वभावतया स्वात्मान प्रकाशयतीत्युक्त तावत् सम्यक् निरशस्यैवोच्यतेऽन पूर्वापरविरोध इति चेन्न, प्रमेयस्वभाव काल्पनिक प्रतिपाद्यायमुच्यते न तु वास्तव स्तद्विवर्तत्वात्तस्य ।

1 निषेध इति वा पाठ ।

तत्राविरोध इति चेत्, [1]कथमिदानीमन्यापोह शब्दार्थ प्रतिषिध्यते[2]—संविन्मात्रस्या प्रमाणत्व[3]व्यावृत्त्या प्रमाणत्वमप्रमेयत्वव्यावृत्त्या च प्रमेयत्वमिति । [4]परैरभिधातु शक्य त्वात् । [5]वस्तुस्वभावाभिधायकत्वाभावे शब्दस्यान्यापोहा[6]भिधायकत्वेऽपि [7]क्वचित्[1] प्रवर्त्त कत्वायोगान्नान्यापोह शब्दार्थ इति चेत्, तर्हि वस्तुस्वरूपाभिधायिनोपि शब्दस्यान्यापोहान[8]-

भाट्ट—तब तो बौद्धाभिमत शब्द का अर्थ अन्यापोह है उसका आप निषेध कैसे करते हैं ? क्योंकि 'अप्रमाण की व्यावृत्ति से प्रमाण और अप्रमेय की व्यावृत्ति से प्रमेय है इस प्रकार से संविन्मात्र को ही विज्ञानाद्वैतवादी योगाचार बौद्ध ने स्वीकार किया है ।

भावार्थ—शका यह हुई थी कि चिदात्मा प्रमाण एवं प्रमेयरूप उभयस्वभाव से अपने को प्रकाशित करता हुआ युक्त है ऐसा विधिवादी का कहना था पुन ऐसा कह दिया वह परमब्रह्म निरश ही है इसलिये परस्पर विरुद्ध हो गया ऐसा कहने पर उसने कहा कि प्रमेय स्वभाव तो काल्पनिक है और वही प्रतिपाद्य अर्थ है वह वास्तविक नही है वह तो उस ब्रह्म की ही पर्याय है । तब उस भाट्ट ने कहा कि प्रमाण और प्रमेय दोनो रूपो को कल्पित कहने पर तो बौद्ध भी शब्द का अथ अन्यापोह करता है उसका निषेध आप क्यो करते हैं क्योकि बौद्धो के यहा भी संविन्मात्र-विज्ञानमात्र तत्त्व अप्रमाण की व्यावृत्ति से प्रमाण रूप है और प्रमेय भी अप्रमेय की व्यावृत्ति से प्रमेय रूप है ऐसा संवेदनाद्वैतवादी बौद्ध भी कह सकते हैं क्या बाधा है ? मतलब—आप विधिवादी प्रमाण प्रमेय दोनो को कल्पना रूप से विधि मे विरुद्ध नही मानते हो तब तो अगोर्व्यावृत्तिर्गौ अघटव्यावृत्तिर्घट इत्यादि लक्षण अभावात्मक-अन्यापोह रूप शब्द का अर्थ क्यों नहीं मान लेते हो उसका निषध क्यों करते हो क्योकि कल्पित रूप तो प्रमाण और अन्यापोह दोनों में समान है ? जैसे आप वेदातवादी प्रमाण को कल्पित मानते हो वैसे ही बौद्ध अन्यापोह को कल्पित मानते हैं इसलिये दोनो मे कोई अन्तर नही दीखता है ।

विधिवादी—आप बौद्ध की मान्यतानुसार शब्द अन्यापोह का कथन करने वाले भले ही हो किन्तु वस्तु के स्वभाव का कथन करने वाले नही हैं । अत उन शब्दों की क्वचित्-विधि मे प्रवृत्ति नही होती है इसीलिये शब्द का अथ अन्यापोह नहीं है ।

१ प्रमाणप्रमेयरूपद्वयस्य कल्पितत्वाभिधानकाले । २ विधौ कल्पितत्वात्प्रमाणप्रमेयरूपद्वय घटते चेत्कल्पित किमन्यापोह ? स एव शब्दार्थस्तत्रापि वाक्यार्थत्वघटनात् । ३ अभाह सौगतमतमवलम्ब्य भावनावादी विधिवादिन प्रति ।—हे विधिवादिन् कल्पनारूपत्वात्प्रमाणप्रमेयरूपद्वयं विधौ न विरुध्यते इति त्वया प्रतिपाद्यते चेत् तर्हि कल्पनारूपत्वादगोर्व्यावृत्तिर्गौ अघटव्यावृत्तिर्घट इत्यादिलक्षण सौगताभ्युपगतशब्दार्थ अन्यापोह अभावात्मकस्त्वया विधिवादिना कथं निराक्रियते ? प्रमाणान्यापोहयो कल्पितत्वाविशेषात् । ४ शून्य । ५ सौगतै संविन्मात्रपक्षग्राहकै । ६ विधिवादी । ७ तथा शब्दो वस्तुस्वरूपमभिदधाति अन्यापोहस्वरूपं नाभिदधाति चेदन्यपरिहारेण प्रवृत्तिर्न स्यात् स्वपररूपयोः सङ्करो भवेदित्यर्थ । ८ विधौ । ९ विधेयत्वात्प्राप्यत्वात् ।

1 सर्वत्र निवर्तकत्वात् ।

भिधायित्वे[1]ऽन्य[2]परिहारेण क्वचित्प्रवृत्तिनिबन्धनतापा[3]याद्विधिरपि शब्दार्थो मा भूत् । [4]परमपुरुषस्यैव [5]विधेयत्वात्तदन्य[6]स्यासम्भवान्नान्यपरिहारेण [7]प्रवृत्तिरिति चेत् कथमिदानीं दृष्टव्यो[8]ऽरेऽयमात्मे[9]त्यादिवाक्या नैरात्म्यादि[10]परिहारेणात्मनि [1] प्रवृत्तिर्नैरात्म्यादिदर्शनादीनामपि प्रसङ्गात् । [11]नैरात्म्यादेरनाद्यविद्योपकल्पितत्वान्न [12]तद्दर्शनादौ प्रवृत्तिरिति चेत्[13] कथमन्यपरिहारेण प्रवृत्तिर्न भवेत् ? [14]परमब्रह्मणो [15]विधिरेवान्य[16]स्यानाद्य

बौद्ध—यदि ऐसा कहो तब तो वस्तु स्वरूप का कथन करने वाले भी शब्द अन्यापोहका कथन करने वाले नही हैं ऐसा मानने पर तो आपके यहां ब्रह्म को छोडकर अन्य कोई है ही नही अत अन्य का परिहार करके वे शब्द कहीं पर भी प्रवत्ति के निमित्त नही हो सकेंगे इसलिये विधि भी शब्द का अर्थ मत होवे । अर्थात् विधि तो प्रवतनस्वभाव वाली ही है तो फिर अन्य का निषेध करके एक ब्रह्म के विषय मे ही नियम रूप से वह प्रवत्ति कैसे करावेगी ?

विधिवादी—परम पुरुष ही विधेय है क्योकि ब्रह्म को छोडकर कोई भिन्न वस्तु है ही नही इसलिये अन्य का परिहार करने से विधि मे प्रवत्ति ही नही होगी ।

बौद्ध—यदि ऐसा कहो तो अन्य का परिहार करके प्रवत्ति के न होने रूप समय मे दृष्टव्योऽरेऽयमात्मा श्रोतव्योऽनुमन्तव्यो निदिध्यासितव्य अरे मत्रेय ! यह आत्मा देखने योग्य है श्रवण करने योग्य है अनुमनन करने योग्य है और ध्यान करने योग्य है इत्यादि वाक्यो से नैरात्म्य दर्शनादिको का परिहार करके आत्मा मे प्रवृत्ति कसे हो सकेगी ? अन्यथा—यदि नैरात्म्यादि दर्शन का परिहार नही मानोगे तो उनका भी प्रसंग आ जावेगा अर्थात् नैरात्म्यादि सिद्धान्त भी मानने पडेंगे ।

भावार्थ—यहा यदि आप वेदाती के वचन केवल विधि वाक्य को ही कहते हैं निषेधवाक्य को नही कहते हैं तो फिर आप क्षणिकवाद शून्यवाद आदि का परिहार भी कसे करगे ? पुन आपके ब्रह्मवाद मे शून्यवाद आदि आ घुसेंगे आप किसी को भी नही रोक सकगे ।

वेदांती—नैरात्म्यादि दर्शन तो अनादिकालीन अविद्या से ही उपकल्पित हैं अत उन दर्शनो मे

१ विधेयत्वात्प्राप्यत्वात् । २ अन्यद् ब्रह्मव्यतिरिक्त वस्तु नास्ति विधिवादिनो मते । ३ विधिवादी । ४ प्राप्यत्वात् । ५ परमपुरुषात्किञ्चिद्भिन्न वस्तु नास्ति यत । ६ विधौ । ७ अन्यपरिहारेण प्रवृत्त्यभावप्रतिपादनकाले । ८ दृष्टव्योयमात्मा श्रोतव्योनुमन्तव्यो निदिध्यासितव्य इति श्रुति । ९ सौगत आह ।—हे विधिवादिन् अन्यथा नैरात्म्यादि परिहाराभावे पुरुषे शब्दस्य प्रवृत्तिघटते चेत्तदा नैरात्म्यादिदर्शनादीनामपि प्रवृत्तिर्घटताम् । १ अन्यथा । ११ विधिवाक्याद्धानात्म्यवादिकम् ।—अनाद्यज्ञानोपरूढं यतस्तस्मा नैरात्म्यादिदर्शनश्रवणादौ प्रवृत्तिर्न घटते । १२ नैरात्म्य । १३ बौद्धः । १४ विधिवादी (परब्रह्मण) । १५ विधानम् । १६ अन्यापोहस्य ।

(1) अनियामकत्वाद् विधे प्रवर्तनस्वभावत्वादन्यपरिहारेण क्वचिद् प्रवृत्ति कथ स्यात ।
(2) दृष्टव्य श्रुतवाक्येभ्यो मंतव्यश्चोपपत्तित । मत्वा च सतत ध्येय एते दर्शनहेतव । इति स्मृति वाक्य ।

विद्योपकल्पितस्य नैरात्म्यादे परिहार[१] इति चेत् [२]कथमेवमन्यापोह[३]वादिनोपि परापोहनमेव स्वरूपविधिर्न [४]भवेत् ? [५]तस्या यापोहवादविरोधा[1]नवमिति चेत् [६]विधिवादिनोपि तथा विधिवादविरोधाद यापोहाभ्युपगमो मा भूत् । परमाथतो यापोहो विधिवादिना नवाभ्युपगम्यते तस्य प्रनिभास[९]समानाधिकरणत्वेन[2] प्रतिभासान्त प्रविष्टत्वसिद्धे परम पुरुषत्वात् प्रतिभासस्वरूपवत । तस्याप्रतिभासमानत्वे[3] व्यवस्थानुपपत्तेर यथातिप्रसङ्गात्[१] ।

शब्द की प्रवृत्ति नही होती है ।

भाट्ट—यदि ऐसा मानते हो तो पुन अ य का परिहार करके शब्द की प्रवृत्ति कसे नही होगी ?

वेदांती—परब्रह्म की विधि ही तो अनादि अविद्या से उपकल्पित—माने गये नरात्म्यादि अ यदशना का परिहार है ।

भाट्ट—तब तो अ यापोह वादी बौद्ध शून्यवादियो के द्वारा पर का अपोहन—अभाव करना भी स्वरूप की विधि क्यो न हो जावेगा अर्थात् हो ही जावेगा । मतलब यह है कि शू यवादियो के अन्यापोह से भी स्वरूप का ही विधान होता है ऐसा मान लेना चाहिये ।

विधिवादी—उस विधि का अ यापोहवाद स विरोध है इसलिये वह अ यापोह स्वरूप का विधान करने वाला नही हो सकना है । अर्थात् बौद्धो के यहा सभी वस्तुए अपन स्वभाव स शू य ही हैं क्योकि स्वरूप की विधि—अस्तित्व को उ होने स्वीकार ही नही किया है और अ य के अभाव स वस्तु के स्वरूप का विधान तो होता ही नही है ।

भाट्ट—तब तो आप विधिवादियो के यहा भी विधि कथन के प्रकार स अ यापोह मे विधिवाद का विरोध होने स अ यापोह की स्वीकृति नही होनी चाहिये ।

विधिवादी—हम वेदातियो ने तो परमाथ से अ यापोह को स्वीकार ही नही किया है वह अन्यापोह तो प्रतिभास समानाधिकरण रूप से प्रतिभास के अन्त प्रविष्ट सिद्ध है क्योकि वह परम पुरुष रूप है जसे कि प्रतिभास का स्वरूप । यदि उस अ यापोह को प्रतिभासमान नही मानोग तब तो व्यवस्था ही नहीं हो

१ निषेध । २ सौगत । भाट्ट । ३ शून्यवादिन । ४ अपि तु भवेदेव (विधिवादे दूषण न्स्तम्) । ५ विधिवाद्याह ।—तस्य विधेरन्यापोहवादेन विरोधाद्ध सौगत ! यदुक्त त्वया अ यापोहनमेव विधिस्तदेव न स्यात । ६ सौगत । भाट्ट । ७ अन्यापोहस्य विधिकथनप्रकारेण । ८ विधिवादी । ९ विधि प्रतिभासतेऽपोह प्रतिभासते इत्यन्यापोहस्य प्रतिभाससामानाधिकरण्यम् । विधिवादिनोऽनुमानम् ।–अन्यापोह पक्ष प्रतिभाससमानाधिकरणत्वेन कृत्वा प्रतिभासान्त प्रविष्टो भवतीति साध्यो धम –प्रतिभासमानत्वात् । यत्प्रतिभासमान त प्रतिभासान्त प्रविष्टम् । प्रतिभासते चाय तस्मात्प्रतिभासान्त प्रविष्ट । विधिवाद्याह ।—अ यापोह प्रतिभासते न प्रतिभासते वा ? प्रतिभासते चेत्तदा विधौ प्रविष्ट । न प्रतिभासते चेत्तदा तस्य व्यवस्थितिरपि नास्ति । १ अप्रतिभासमान वेध्यन्यापोहस्य स्थितिरुपपद्यते चेत्तदातिप्रसङ्ग स्यात् । असत स्थितिश्चेत्तदा खरविषाणादेरपि सास्तु ।

(1) सर्वेषां वस्तूना नि स्वभावत्व बौद्धाना मते यत । स्वरूपविधेरनगीकारादन्यस्यापोहन स्वरूपविधिरिति नास्ति वल । (2) भिन्नप्रवृत्तिनिमित्तानां एकस्मिन्नधिकरणे प्रवृत्ति समानाधिकरणत्वं । (3) असावन्यापोह इति ।

'शब्दज्ञानेस्यानु'मानज्ञाने[1] चान्यापोहस्य प्रतिभासनेपि तत्समानाधि'करणतया प्रतिभासनान्न 'ततोन्यत्वम्। तस्य[2] च शब्दानुमानज्ञानस्य प्रतिभासमात्रात्मकत्वान्ना'र्थान्तरत्वमिति चेत् कथमिदा'नीमुपनिषद्वाक्यं प्रतिभासमात्राद्न्यल्लिङ्ग' वा[3] यतस्तत्प्रतिपत्ति'प्रेक्षावत स्यात्। तस्य'' परमब्रह्म''विवर्त्तत्वाद्विवर्त्तस्य च ''विवर्त्तिनोऽभेदेन[4]

सकेगी अन्यथा अतिप्रसग आ जावेगा।

भावार्थ—विधि प्रतिभासित होती है अन्यापोह प्रतिभासित होता है। इस प्रकार से अन्यापोह प्रतिभास समानाधिकरण है विधिवादियो के अनुमान मे अन्यापोह पक्ष है प्रतिभास समानाधिकरण रूप से प्रतिभास के अन्त प्रविष्ट है यह साध्य है प्रतिभासमानत्वात् यह हेतु है। वे विधिवादी प्रश्न करते हैं कि अन्यापोह प्रतिभासित होता है या नही ? यदि होता है तो विधि मे ही प्रविष्ट है यदि नही होता है तो उसकी स्थिति ही नही हो सकती है। एव प्रतिभासमान न होने पर भी यह अन्यापोह है इस प्रकार से उसकी स्थिति मानो तो असत खर विषाणादि की भी स्थिति माननी पडगी।

शब्दज्ञान और अनुमानज्ञान मे इस अन्यापोह का प्रतिभास होने पर भी तत्समानाधिकरण अभेद रूप स प्रतिभासित होने स वह अन्यापोह प्रतिभास से भिन्न नही है। एव वह शब्दज्ञान और अनुमानज्ञान भी प्रतिभासमात्रात्मक स्वरूप वाला होने से प्रतिभास से भिन्न नही है।

भाट्ट—प्रतिभास का समानाधिकरण होने से अन्यापोहादि प्रतिभास से भिन्न नहीं है ऐसा कहने पर तो सव व खल्विद ब्रह्म इत्यादि उपनिषद्वाक्य अथवा प्रतिभासमानत्वात् हेतु प्रतिभासमात्र—परमब्रह्म से भिन्न कसे हो सकगे कि जिससे उनका ज्ञान विद्वानो को हो सके अर्थात् ऐसी मान्यता मे तो विद्वानो को उपनिषद्वाक्य अथवा हेतु का ज्ञान भी नही हो सकेगा।

विधिवादी—वह हेतु परमब्रह्म की पर्याय है तथा पर्याय अपने पर्यायी परमब्रह्म से अभिन्न मानी गई हैं अत उनका ज्ञान होता है। अथवा पाठातर ऐसा भी है कि ये हेतु आदि परब्रह्म से भेद रूप कल्पित किये जाते है वास्तव मे उस ब्रह्म स उनमे भेद नही है। अत भेद रूप स माने जाने स ही उनका ज्ञान होता रहता है।

---

१ अन्यापोह इति। २ अन्यापोहोस्ति–अमुकत्वात्। ३ अभेदतया। ४ प्रतिभासादन्यापोहस्यान्यत्व न। ५ प्रतिभासात्। विधे। ६ प्रतिभाससामानाधिकरण्या प्रतिभासान्न्यापोहादीनामभेदप्रतिपादनकाले। ७ सव व खल्विद ब्रह्म त्यादि। ८ ब्रह्मण। ९ प्रतिभासमानत्वम्। १ परमब्रह्मपरिज्ञान विचारकस्य कुत स्यात् ? न कुतोपि। ११ विधिवादी प्राह।–लिङ्गस्य। १२ पूर्वाकारापरित्यागादपर प्रतिभाति चेत्। विवत्त स परिणामो दपणे प्रतिबिम्बवत् (पूर्वाकारपरित्यागादिति कपाठ)। १३ ब्रह्मण।

(1) शब्दज्ञानऽनुमानज्ञान इ पा। (2) शब्दज्ञानानुमानज्ञानसमानाधिकरणत्वे न ह्यतप्रसग इति शका परिहरति। (3) कथं। (4) भेदेन कल्पनमेव न तु परमार्थता भेद। भेदेन इति पा।

परिकल्पनात्ततस्तत्प्रतिपत्तिरिति चेत [1]कथ तत्परिकल्पिताद्वाक्याल्लिङ्गाद्वा परमार्थ पथावतारिण परमब्रह्मण प्रतिपत्ति—परिकल्पिताद्धूमादे पारमार्थिकपावकादि प्रतिपत्तिप्रसङ्गात् । [2]पारमार्थिकमेवोपनिषद्वाक्य लिङ्ग च परमब्रह्मत्वेनेति[1] चेत् तर्हि[3] यथा तत्पारमार्थिक [4]तथा साध्यसम[2] कथ पुरुषाद्वैत व्यवस्थापयेत्[3] ? यथा[5] च प्रतिपाद्य [6]जनस्य प्रसिद्ध न तथा पारमार्थिक—द्वैत[7]प्रसङ्गात् । इति कुत परमार्थसिद्धि । [10]तत स्तामभ्युपगच्छता पारमार्थिकमुपनिषद्वाक्य लिङ्ग च[11] प्रतिपत्तव्यम । [12]तच्चाचित्स्वभाव

भाट्ट—परिकल्पित उपनिषद्वाक्य स अथवा कल्पित हेतु स परमार्थ-पथावतारी—वास्तविक परम ब्रह्म का ज्ञान कैसे हो सकेगा ? अन्यथा परिकल्पित धूमादि स वास्तविक अग्नि आदि का भी ज्ञान होने लगेगा ।

विधिवादी—उपनिषद्वाक्य और हेतु ये दोनो पारमार्थिक ही हैं क्योकि वे परमब्रह्म रूप ही हैं ।

भाट्ट—तब तो जसे वे पारमार्थिक हैं वसे ही कल्पितरूप से साध्यसम असिद्ध पुरुषाद्वैत को कैसे व्यवस्थापित कर सकेंगे ? क्योकि जिस प्रकार स कल्पित रूप स प्रतिपाद्य जनो को प्रसिद्ध हैं उसी प्रकार से वे पारमार्थिक नही है अन्यथा द्वैत का प्रसग आ जावेगा इस प्रकार स परमार्थ की सिद्धि कैसे हो सकेगी ? इसलिये उपनिषद् वाक्य और हेतु स परमार्थ सिद्धि को स्वीकार करते हुये आप विधिवादी को उपनिषद्वाक्य और हेतु को भी पारमार्थिक रूप ही स्वीकार करना चाहिये ।

वे उपनिषद्वाक्य एव हेतु अचित्स्वभाव हैं । यदि आप इन उपनिषद वाक्य और हेतु को चित्स्वभाव मानेंगे तब तो उपयुक्त अनुमान के अनुसार पर के द्वारा सवेद्य का विरोध हो जाएगा क्योकि वे प्रति पादक—गुरु के चित्स्वभाव हैं । जसे कि उस प्रतिपादक के सुखादि का अनुभव स्वय उसी को होता है पर

---

१ भाट्ट । सौगत । २ विधिवाद्याह । ३ भाट्ट । सौगतो वदति ।—यथा तथेद वाक्य लिङ्ग वा सत्यभूत तथा सत्यभूतपरब्रह्मसमानमनुमान च कतृ पुरुषाद्वैत कथ व्यवस्थापयेद् ? अपि तु न । ४ कल्पितत्वप्रकारेण । ५ कल्पितत्वप्रकारेण । ६ येन प्रकारेणोपनिषद्वाक्य लिङ्ग च प्रतिपादकादिजनस्य प्रसिद्ध तेन प्रकारेण प्रसिद्ध पारमार्थिक न पारमार्थिकम् । भवति चेत् तदा द्वैत प्रसज्यते इति कुत पारमार्थिकसिद्धि ? न कुतोपि । उपनिषद्वाक्य स्येति शेष । ७ कोर्थ पारमार्थिकमुपनिषद्वाक्य लिङ्ग चेति त्वयोक्त तथा चेत्साध्यसम यथाप्रसिद्ध तथोपनिषद्वाक्य मप्यसिद्धम् । असिद्ध साध्यमिति वचनात् । विरुद्धयोरधिकरणात् । ८ अन्यथा । ९ पारमार्थिकत्व प्रतिपाद्यस्य प्रसिद्ध किल तर्हि कुत चित्स्वभावस्य प्रतिपाद्यादीनां प्रसिद्धरभावात्, प्रतिपादकसुखादिवत् । १ तत उपनिषद्वाक्याल्लिङ्गाच्च परमार्थसिद्धिमङ्गीकुर्वता विधिवादिना उपनिषद्वाक्य लिङ्ग च परमार्थभूत ज्ञातव्यम् । ११ च अङ्गीकर्त व्य प्रतिपत्तव्यमिति कपुस्तकपाठ । १२ विकल्पचतुष्टय मनसि कृत्वा क्रमेण दूषयन्नाह ।

---

(1) ब्रह्मरूपत्वेन । (2) असिद्ध ।

(3) प्रतिपाद्यमेदेन सिद्धमुपनिषद्वाक्यमित्याशकायामाह ।

[1]चित्स्वभावत्वे परसंवेद्यत्वविरोधात् प्रतिपादकचित्स्वभावत्वात् तत्सुखादिवत् । प्रतिपाद्य चित्स्वभावत्वे वा न प्रतिपादकसवेद्यत्व प्रतिपाद्यसुखादिवत । तस्य[2] तदुभयचित्स्वभावत्वे प्राश्निकादिसवेद्यत्वविरोधस्तदुभयसुखादिवत । [3]सकलजनचित्स्वभावत्वे [4]प्रतिपादकादिभावानुपपत्ति —[5]अविशेषात । प्रतिपादकादीनामविद्योपकल्पितत्वाददोष इति चेत [6]एव प्रतिपाद

को नही होता है अथवा प्रतिपाद्य—शिष्य का चित्स्वभाव स्वीकार करने पर प्रतिपादक के सवेद्य नही होगे उस प्रतिपाद्य के सुखादि के समान । यदि उन उपनिषद् वाक्य और लिंग को गरु और शिष्य दोनो का चित्स्वभाव मानोग तब तो प्राश्निक—प्रश्न करने वाले मनुष्यादिको के द्वारा सवेदन का विरोध हो जाता है उन दोनो गुरु शिष्यो के सुखादि के समान । अर्थात् गरु और शिष्य के सुख दु ख का अनुभव गुरु और शिष्य को ही होगा किन्तु प्रश्न करने वाले एव सुनने वाले लोगो को गुरु शिष्य के सुख दु ख का अनुभव नही होता है । तात्पय यह है कि उपनिषद्वाक्य और हेतु को चित्स्वभाव मानने पर दूसरो के द्वारा ये सवेद्य ग्राह् य नही हो सकते है । तथा इन दोनो को गरु का चित्स्वभाव कहने पर गुरु के सुख दु खादि के समान उनका भी अन्य शिष्यो क द्वारा सवेदन विरुद्ध होता है । अथवा इन दोनो को यदि शिष्य का चित्स्वभाव कहोग तो शिष्य क सुखादि क समान गरु क द्वारा उनका सवेदन विरुद्ध हो जावेगा । यदि उन गरु और शिष्य का ही चित्स्वभाव न उपनिषद्वाक्य और हेतु को कहोग तब तो ये प्रश्न करने वालो क ज्ञान के द्वारा ग्राह् य नही हो सकग ।

सभी प्रतिपाद्यजनो का चित्स्वभाव कहने पर तो प्रतिपादक आदि भाव ही नही बन सकगे क्योकि सभी समान हैं अर्थात् सभी जनो का चित्स्वभाव इन आगमवाक्य और हेतु को मान लेने पर उसका यह गुरु है यह शिष्य है ये प्रश्न करन वाले लोग हैं इत्यादि भाव नही बन सकग क्योकि ये दोनो तो सभी के

---

१ सौगतो वदति हे विधिवादिन् तत् (उपनिषद्वाक्य लिङ्ग च) अचित्स्वभाव चित्स्वभाव वेति प्रश्नविकल्प । अचित्स्वभाव चेत्तदा परब्रह्मणो द्वत व्यवस्थापयति । चित्स्वभाव चेत्तदा प्रतिपादकाद्यनुमानद्वारेण दूषयति । प्रतिपादकवाक्य पक्ष प्रतिपाद्यसंवेद्य न भवतीति साध्यो धम प्रतिपादकचित्स्वभावत्वात् । यत्प्रतिपादकचित्स्वभाव तत्प्रतिपाद्यसवेद्य न यथा प्रतिपादकसुखादिकम् । प्रतिपादकचित्स्वभाव चेद तस्मात्प्रतिपाद्यसवेद्य न भवति । एवमग्रपि । २ उपनिषद्वाक्यस्य लिङ्गस्य च चित्स्वभावत्वे सति परेषा ग्राह्यत्व विरुध्यते । उपनिषद्वाक्यस्य लिङ्गस्य गुरोश्च चित्स्वभावत्वमस्तीत्युक्ते तथा सति गुरुसुखदु खादिवत्तस्यापि परषां प्रतिपाद्यादीना संवेद्यत्व विरुध्यते । तस्य शिष्यस्य चित्स्वभावत्वे सति वा शिष्यसुखादेयथा तथा तस्यापि गुरो सवेद्यत्व विरुध्यते । तस्य गुरुशिष्योभयचित्स्वभावत्वे सति तत्सुखादेयथा तथोपनिषद्वाक्यस्यापि प्राश्निकानां सवेद्यत्व ज्ञानग्राह्यत्वं विरुध्यते । ३ प्रतिपाद्यादि । ४ सर्वजनचित्स्वभावत्वे सति तस्याय गुरु, अयं शिष्य अमी प्राश्निका इत्यादिभावो नोपपद्यते सर्वेषां चित्स्वभावत्वेन विशषाभावात् । ५ या अविद्या गुरोर्गुरुत्वव्यवस्थापिका सव शिष्यादे सकाशादभिन्ना सती शिष्यादेरपि गुरुत्व व्यवस्थापयेत् । ६ सकलजनचित्स्वभावत्वाविशेषात् ।

कस्याविद्या प्रतिपादकत्वोपकल्पिका सव प्रतिपाद्यस्य प्राश्निकादेश्चाविशिष्टा प्रतिपादकत्व मुपकल्पयेत् । प्रतिपाद्यस्य चाविद्या प्रतिपाद्यत्वोपकल्पनपरा प्रतिपादकादेरविशिष्टा प्रति पाद्यत्व परिकल्पयेत प्रतिपादकादीनामभेदात्तदविद्यानामभेदप्रसङ्गात्[1] । भेदे[2] वा प्रतिपाद

चित्स्वभाव हैं पुन भेद कैसे होगा ?

भावार्थ—प्रश्न यह होता है कि आप विधिवादी सव व खल्विद ब्रह्म इस उपनिषद्वाक्य रूप आगम को एव प्रतिभासमानत्वात् इस हेतु को अचेतन स्वभाव मानते हो या चेतन स्वभाव ? यदि कहो कि इन्हें हम अचेतन स्वभाव कहते है तब तो चेतन स्वरूप परमब्रह्म से ये भिन्न ही रहेगे पुन आप अद्वैत वादी क यहा द्वैत का प्रसग आ जावेगा और यदि आप इन्हे चेतन स्वभाव कह तो चार विकल्प उठाये जा सकते हैं कि ये आगम वाक्य और हेतु गरु क चेतन स्वभाव है या शिष्य क प्राश्निकजनो क या सभी जनो के चेतन क स्वभाव हैं ? गरु क कहन पर तो शिष्य को उनका अनुभव नही होगा अर्थात् गरु के चेतनस्वभाव रूप आगम और हेतु गरु क ही सवेदन योग्य है शिष्य के सवेदन करने योग्य नही है क्योंक वे गरु के ही चतन्य स्वभाव है । जो जो गरु का स्वभाव होता है वह वह शिष्य को सवेद्य नहीं होता है जैसे कि गुरु के सुख दु खादि का अनुभव गुरु को ही होता है शिष्यो को नही हो सकता है । इसी प्रकार से यदि दूसरे पक्ष मे आप इन आगम और हेतु को शिष्य का चतन्य स्वभाव कहो तो भी वे गरु के द्वारा अनुभव करने योग्य नही रहेंगे एव तीसरे विकल्पानसार यदि इन्हे प्रश्न करने वालो का चेतन स्वभाव कहो तो गुरु और शिष्य दोनो को ही इनका ज्ञान नहीं हो सकेगा । तथा इन्हे सभी का चेतन स्वभाव माना जावेगा तब तो ये गरु है ये शिष्य हैं ये प्राश्निक लोग हैं एव ये सुनने वाले है इत्यादि रूप से कुछ भी भेदभाव नहीं बन सकेगा और यदि अविद्या से ही आप यह सब भेद स्वीकार करोगे तो भी आपके यहाँ अविद्या भी सवथा नि स्वभाव—स्वभाव से शून्य ही है उसके द्वारा इन कल्पित भेद भावो की व्यवस्था नहीं की जा सकेगी जसे कि आकाश के गलाब पुष्पो से माला बना कर वंध्या के पुत्र को पहनाना शक्य नहीं है तद्वत् आपके द्वारा कल्पित अविद्या से असत् रूप गुरु शिष्यादि भेद करना सवथा असभव ही है । इस अविद्या के विषय में आगे स्वय ही स्पष्टीकरण किया जा रहा है ।

विधिवादी—प्रतिपादक प्रतिपाद्य आदि भाव तो अविद्या से ही उपकल्पित हैं अत कोई दोष नही आता है ।

भाट्ट—तब तो जो अविद्या प्रतिपादक—गुरु मे प्रतिपादकपने को कल्पित कराती है वही अविद्या प्रतिपाद्य—शिष्य और प्राश्निकजनो मे समान रूप से है अत उन्हे भी प्रतिपादक—गुरु बना देने मे क्या बाधा है ? अर्थात् जो अविद्या गुरु में गरुत्व की व्यवस्था करती है वही अविद्या शिष्यादिको से अभिन्न

---

१ प्रतिपादकादीनां सङ्करप्रसङ्ग । प्रसङ्ग इति कपाठ । २ अविद्याभेदकृत प्रतिपादकादीनां भेद इति ।

कादीनां भेदसिद्धि —[1] विरुद्धधर्माध्यासात् । अनाद्यऽविद्योपकल्पित एव तदविद्यानां भेदो न पारमार्थिक इति चेत् परमार्थतस्तर्ह्यभिन्नास्तदविद्या इति स एव प्रतिपादकादीनां सङ्करप्रसङ्ग[2] । यदि पुनरविद्यापि[3] प्रतिपादकादीनामविद्योपकल्पितत्वादेव न भेदाभेद विकल्पसहा [4]नीरूपत्वादिति मत तदा परमार्थपथावतारिण प्रतिपादकादय इति बला दायातम्— तदविद्यानामविद्योपकल्पितत्वे विद्यात्वविधेरवश्यम्भावित्वात । तथा च प्रति

होती हुई शिष्यादिका को भी गरु रूप से यवस्थापित कर सकती है। शिष्य की अविद्या शिष्य मे शिष्य की उपकल्पना करने मे तत्पर हुई प्रतिपादक गरु आदि मे समान रूप से विद्यमान है पुन उन गरुओ में शिष्य की कल्पना भी करा देगी। एव प्रतिपादको मे अभेद होने से उस अविद्या मे भी अभेद का प्रसग आ जावेगा पुन सभी प्रतिपादकादिको मे सकर का प्रसग आ जावेगा अर्थात् गरु जी शिष्य बन जावगे एव शिष्य गरु जी बन बठेगे। अथवा अविद्या क भेद से उन प्रतिपादको मे भेद की सिद्धि माननी पडगी तब तो अभेद को ि द्ध करने मे प्रवृत्त हुये आप भद को सिद्ध कर दगे तो विरुद्धधर्माध्यास हो जावेगा।

विधिवादी – उन अविद्याओ का जो भेद है वह भी अनादि अविद्या से उपकल्पित ही है पारम थिक नही ह।

भाट्ट—तब तो परमाथ स वह अविद्या अभिन्न ही रही। अत प्रतिपादक आदिको मे वही सकर दोष आ जावेगा अर्थात् गुरु और शिष्यादि का भेद न रहने स गुरु ही शिष्य और शिष्य ही गुरु बन बठगे।

विधिवादी—प्रतिपादकादिको की अविद्या भी अविद्या स ही उपकल्पित ह अर्थात् प्रतिपादक आदि केवल अविद्या से ही उपकल्पित है ऐसा ही नही है कि त अविद्या भी अविद्या स ही उपकल्पित ह। अत वह भेद और अभेद के विकल्प को सहन हो नही कर सकती है क्योकि वह नीरूप–नि स्वभाव–तच्छाभाव रूप है अर्थात् अविद्यमान रूप ह।

[यहा पर भाट्ट जन मत का आश्रय लेकर विधिवाद का खडन करता है]

भाट्ट—यदि आप ऐसा मानते है तब तो प्रतिपादकादि– गरु शिष्य आदि परमाथ पथावतारी ही हैं यह बात बलपूवक आ गई क्योकि उन प्रतिपादकादिको की अविद्या को अनादि अविद्या से कल्पित मानने पर विद्या की विधि ही अवश्यभावी है और इस प्रकार से प्रतिपादकादिको से उपनिषदवाक्य भिन्न है क्योकि युगपत् उन गरु शिष्यादिको के सवेदन करने योग्य सवेद्य की अन्यथानुपपत्ति ह

१ अभेदसाधने प्रवृत्तत्वे भेद साधित इति विरुद्धधर्माध्यास (अध्यास साहित्यम्)। २ य एव प्रतिपादक स एव प्रतिपाद्य इति। ३ न केवलं प्रतिपादकादय एवाविद्योपकल्पिता। ४ तस्या अविद्याया नीरूपत्वाद् अविद्यमानत्वा दित्यर्थ ५ प्रतिपादकाद्यविद्यानामनाद्यविद्योपकल्पितत्वे प्रतिपादकादीनां विद्यासद्भावोऽवश्यमेव सम्भवति।

पादिकादिभ्यो भिन्नमुपनिषद्वाक्य 'सकृत[1]त्संवेद्यत्वान्यथानुपपत्ते[1] इत्यचित्स्वभाव,[1] सिद्ध[2] बहिर्वस्तु तद्वद्घटादिवस्तुसिद्धिरिति न प्रतिभासाद्व तव्यवस्था प्रतिभास्य[4]स्यापि सुप्रसिद्ध त्वात् । '[5]प्रतिभास[6]समानाधिकरणता पुन प्रतिभास्यस्य[7] कथञ्चिद्भेदेपि न विरुध्यते ।

इसलिये वह अचित्स्वभाव रूप बहिर्वस्त सिद्ध ह अर्थात् यदि उपनिषदवाक्य प्रतिपादकादिको स भिन्न नहीं होवे तो उन सभी को युगपत् सवेदन नहीं हो सकेगा किन्त एक साथ सबको उसका सवेदन देखा जाता है अत उपनिषदवाक्य अचेतन स्वभाव है और बाह्यवस्त रूप ह यह बात सिद्ध हो गई ।

उसी प्रकार से घटादि वस्तुए भी बाह्यवस्त है इसलिए प्रतिभासाद्व त—ब्रह्माद्व त की व्यवस्था नहीं हो सकती क्योकि प्रतिभासित होने योग्य—प्रतिभास्य बाह्य पदाथ सुप्रसिद्ध है । अर्थात् उपनिषदवाक्य और घटादि वस्तुरूप प्रतिभास्य प्रमेय भी जगत् में प्रसिद्ध ह न कि प्रतिभास मात्र एक पुरुष । प्रतिभाससमानाधिकरणता भी प्रतिभास्य से कथंचित् भेद होने पर विरुद्ध नही ह अर्थात् घट प्रतिभासित होता ह पट प्रतिभासित होता है यह समानाधिकरणता ह । यदि कोई कहे कि घटादि पदार्थ ज्ञान स अर्थान्तरभूत हैं पुन घटादिपदार्थों की ज्ञान से समानाधिकरणता कैसे घटेगी ? अर्थात् घट और ज्ञान मे विषय विषयी भाव ह घट तो विषय है और ज्ञान विषयी ह तब घट प्रतिभासित होता ह ऐसा कैस कह सकेंगे ? इसका उत्तर तो यही है कि प्रतिभास की समानता ह । ज्ञान स ज्ञ य पदाथ उपचार स अभिन्न हैं कि त परमाथ स भिन्न हैं । इस प्रकार से प्रतिभास से प्रतिभासित होने योग्य अन्यापोह लक्षण मे कथचित् भेद होने पर भी प्रतिभास की समानाधिकरणता विरुद्ध नहीं है । प्रतिभास हैं समानाधिकरण जिसका उसे प्रतिभास समानाधिकरण कहते हैं ।

घट प्रतिभासित होता है । मतलब घट प्रतिभास का विषय होता ह ऐसा कहने से विषय और विषयी मे उपचार से अभेद माना है । अर्थात् घट प्रतिभासित होता है यह उपचरित समानाधिकरण ह सवदन—ज्ञान प्रतिभासित होता ह यह मुख्य समानाधिकरण है सवेदन का प्रतिभासन यह उपचरित वयधिकरण्य है और पट का प्रतिभास यह मुख्य वयधिकरण्य है । घट और प्रतिभास मे विषय विषयी

१ उपनिषद्वाक्य प्रतिपादकादिभ्यो भिन्न न भवतीति चेत्तदा प्रतिपादकादीना युगपदेव सवषा सवेद्यत्व न भवेत् । २ तेषां प्रतिपादकादीनाम् । ३ उपनिषद्वाक्यमचित्स्वभाव सद्बहिर्वस्तु सिद्ध यथा तद्वत् (उपनिषद्वाक्यवत्) घटादिवस्तुनोपि बहिर्वस्तुत्व सिध्यति । ४ उपनिषद्वाक्य घटादि वस्तुरूप प्रतिभास्य प्रमेयमपि सुप्रसिद्धम् । (प्रतिभासस्यापीति खपाठ) । ५ घट प्रतिभासते ज्ञान प्रतिभासते इति प्रतिभाससमानाधिकरणता । ६ यदि घटादयो ज्ञानादर्थान्तरभूतास्तदा कथ ज्ञानसामानाधिकरण्य घटादेघटेतेत्युक्ते आह प्रतिभाससमानेति । ७ प्रतिभासस्येति खपाठ । ८ ज्ञानाज्ज्ञेयमुपचारादभिन्न परमाथतो भिन्नमिति प्रतिभासात्प्रतिभास्यस्यान्यापोहलक्षणस्य कथञ्चिद्भेदेपि प्रतिभाससमानाधिकरणता न विरुध्यते । प्रतिभास समानमधिकरण यस्य स समानाधिकरणस्तस्य भाव प्रतिभाससमानाधिकरणता ।

(1) प्रत्यक्षरूपतया । (2) बस्सिद्ध । इतिपा ।

'घट प्रतिभासत इति प्रतिभासविषयो भवतीत्युच्यते[1] विषयविषयिणोरभेदोपचारात्[1], प्रस्थप्रमित धान्य प्रस्थ इति यथा । तत सामानाधिकरण्यादुपचरितान्नानुपचरितकत्व-सिद्धि । मुख्य सामानाधिकरण्य क्व सिद्धमिति चेत् सवेदनं प्रतिभासते भाति चकास्ती त्यादि व्यवहारे मुख्यम् । ततो 'वयधिकरण्यव्यवहारस्तु गौणस्तत्र[4] सवेदनस्य प्रतिभासन मिति पटस्य प्रतिभासनमित्यत्र तस्य[6] मुख्यत्वप्रसिद्ध । कथञ्चिद्भेदमन्तरेण सामाना धिकरण्यानुपपत्तेश्च[2] । तत[8] एव [3]कथञ्चिदभेदसिद्धि । 'शुक्ल पट इत्यत्र सवथा शुक्ल पटयोरक्ये हि न समानाधिकरणता[4] पट [5] पट इति यथा । नापि सवथा भेदे हिमवन्मकरा

भाव है घट प्रतिभासित होता है इसमे अभेदोपचार है जसे प्रस्थ प्रमाण धा य को प्रस्थ कह देत हैं इसलिये उपचरित समानाधिकरण से अनुपचरित—वास्तविक एकत्व की सिद्धि नहीं हो सकती ह ।

शका—मुख्य समानाधिकरण कहा पर सिद्ध है ?

समाधान—संवेदन प्रतिभासित होता ह सवेदन प्रतिभासते भाति चकास्ति इत्यादि व्यवहार मे मुख्य ह । इसलिए वयधिकरण व्यवहार गौण ह मुख्य समानाधिकरण मे सवेदनस्य प्रतिभासनमिति पटस्य प्रतिभासनमिति सवेदन का प्रतिभासन पट का प्रतिभासन इस प्रकार से यहाँ प्रतिभासन मे वैयधि करण्य व्यवहार मुख्य ह । कथचित् भेद को माने बिना समानाधिकरण बन नही सकता इसलिये उस समानाधिकरण से ही कथचित् भेद की सिद्धि होती ह । अर्थात् प्रतिभासित होने योग्य पदाथ और प्रति भास रूप ज्ञान के प्रकार से भेद सिद्ध ही ह । शुक्ल पट इसमे यदि सर्वथा शुक्ल और पट में ऐक्य मानो तो समानाधिकरण नही बनेगा जसे पट पट मे समानाधिकरण नहीं ह । अर्थात् पट पट इस प्रकार से दो पट श[illegible] हैं वे दोनो एक अर्थ के वाचक हैं या अनेक अथ के वाचक हैं ? यदि एक अर्थ के वाचक हैं तो भिन्न प्रवृत्ति मे निमित्त नहीं हो सकगे और यदि भिन्न भिन्न अथ के वाचक हैं तो एक

१ घट प्रतिभासत इत्युपचरित सामानाधिकरण्य सवेदन प्रतिभासते इति मुख्य सामानाधिकरण्य सवेदनस्य प्रतिभासन मिति उपचरित वयधिकरण्य पटस्य प्रतिभासनमिति मुख्य वयधिकरण्यम् । २ यदि घटप्रतिभासयोर्विषयविषयिभावस्तदा कथ घट प्रतिभासते इत्याशङ्क्याह । मुख्यबाधाया सति हि प्रयोजने निमित्ते चोपचार प्रवत्तते इतिन्यायानुसाराद् घट प्रतिभासत इत्यत्राभेद उपचयते तत्र घटस्याप्रतिभासत्व मुख्यबाधाप्रतिभासत्व निमित्त तद्व्यवहार प्रयोजनमिति । ३ घट प्रतिभासत इत्यत्र घटे ज्ञानस्योपचारो विषयिभावो निमित्तम् । ४ यत एव तत उपचारभूतादन्यापोहस्य प्रतिभाससामानाधिकरण्यान्न परमार्थभूतकत्वसिद्धि । ५ भिन्नाधिकरण्यव्यवहार । ६ मुख्ये सामानाधिकरण्ये । ७ वैयधिकरण्यव्यवहारस्य । ८ सामानाधिकरण्यादेव । ९ सर्वथा भेदे वा किं दूषणमित्युक्ते आह ।

(1) यदि घटप्रतिभासयोर्विषयविषयिभावस्तदा कथ घट प्रतिभासते इत्याशक्याह । (2) सामानाधिकरण्यस्यानुपपत्तेश्च । (3) प्रतिभास्यप्रतिभासकप्रकारेण (4) भिन्नप्रवृत्तिनिमित्ताना शब्दानामेकस्मिन्नर्थे प्रवृत्तिनिमित्तत्व । (5) एकस्मिन । पटशब्दद्वयस्यैकार्थवाचकत्वमनेकार्थवाचकत्व वा इति विकल्प्य दूषणान्तरयोरेकार्थवाचकत्वे भिन्नप्रवृत्तिनिमित्तत्वाघटनात् । भिन्नार्थवाचकत्वे एकार्थवृत्तित्वाघटनात् ।

कारवत् । [1]तथान्यापोहस्य[2] प्रतिभासमानस्य प्रतिभाससमानाधिकरणत्वेपि प्रतिभासादभेदव्यवस्थितेस्तद्विषय शब्द कथ विधिविषय एव [3]समवतिष्ठते । [4]तथाभ्युपगमे च कथमन्यपरिहारेण क्वचित्प्रवर्त्तक शब्दो यतो विधिविषय स्यादिति सूक्तम्—विधे प्रमाणत्वे तस्यैव प्रमेयत्वकल्पनायामन्यापोहानु[5]प्रवेशो[6]ऽन्यथा यत्प्रमेय वाच्यमिति ।

[विधि प्रमेयादिस्वरूपाभ्युपगमेऽपि दोषा सभव ीत्याह]

प्रमेयरूपो विधिरिति कल्पनायामपि प्रमाणमन्यद्वाच्यमिति तस्यवोभय स्वभावत्व

अर्थ की वृत्ति नही बन सकेगी। तथैव सवथा भेद मे भा हिमवान पवत और समुद्र के समान समानाधिकरण नही ह उसी प्रकार से अन्यापोह प्रतिभासमान का प्रतिभास समानाधिकरण होने पर भी प्रतिभास से वह अन्यापोह भिन्न ही सिद्ध होता ह पुन तदविषयक शब्द विधि को ही विषय करता ह यह बात कैसे सिद्ध हो सकेगी और ऐसा स्वीकार कर लेने पर तो शब्द कही पर भी अन्य का परिहार करके कस प्रवृत्ति करेगा कि जिसमे वह विधि को ही विषय करने वाला हो सके ? अर्थात् अन्यापोह विषयक शब्द विधि—विषयक होता है ऐसा स्वीकार करने पर तो नराश्म्यादि शून्यवादी जनो का परिहार करके परब्रह्म में अथवा अविवक्षित वस्तु का परिहार करके किसी विवक्षित वस्तु मे शब्द प्रवृत्ति कसे कर सकेगा ? जिससे कि वह शब्द विधि को विषय करने वाला ही होवे अर्थात् नही होगा। अतएव शब्द परार्थ—अन्य के अर्थ को छोड़कर स्व अर्थ मे प्रवृत्ति करता हुआ भावाभावात्मक है यही स्याद्वाद प्रक्रिया है। इसलिये यह बात बिल्कुल ठीक कही है कि—विधि को प्रमाण रूप स्वीकार करके पुन उसी मे ही प्रमेय की कल्पना भी कर लेने पर अन्यापोहवाद में अनुप्रवेश हो जाता है। अन्यथा आपको अन्य कोई प्रमेय है ऐसा कहना चाहिये।

[वेदवाक्य का अर्थ विधि—परमब्रह्म रूप है ऐसी मान्यता मे भाट्ट ने प्रश्न उठाये थे कि आपका यह ब्रह्माद्वैत वाद प्रमाण रूप है या प्रमेय रूप इत्यादि ? उसमे से विधि को प्रमाण रूप मानने से उस भाट्ट ने यहा तक उस विधिवादी को दूषण दिया है अब आगे उस विधि को प्रमेय रूप मानने पर दूषण दिखाते हैं।]

(२) द्वितीय पक्ष में विधि प्रमेय रूप है ऐसी कल्पना के करने पर भी किसी भिन्न को प्रमाण

---

१ तत्प्रकारेण । २ समानाधिकरणता इति सम्बन्ध । ३ कथञ्चिद्भेदे सामानाधिकरण्यव्यवस्थापनद्वारेण प्रतिभासमानोन्यापोह समानाधिकरणत्वे सत्यपि प्रतिभासादभिन्नो व्यवतिष्ठते यतस्तस्मादन्यापोहविषय शब्दो विधिविषय एव कथ समवतिष्ठते ? न कथमपि । ४ अन्यापोहविषय शब्दो विधिविषयो भवतीत्यगीकारे कृते सति नराश्म्यादिपरिहारेणाविवक्षितवस्तुपरिहारेण वा क्वचिद्ब्रह्मणि विवक्षितवस्तुनि वा शब्द कथ प्रवर्त्तको यत कुतो विधिविषय स्यान्न कुतोपि । एव शब्द परार्थं परिहृत्य स्वार्थे प्रवर्त्तमानो भावाभावात्मको ज्ञेय इति स्याद्वादप्रक्रिया । ५ अन्यापोहवादी आह—अप्रमाणत्वव्यावृत्त्या प्रमाणत्वमप्रमेयत्वव्यावृत्त्या प्रमेयत्वमित्यन्यापोहावतार । ६ अन्यापोहस्य प्रमेयत्वकल्पनाभावे । ७ अन्यापोहवादानुप्रवेशन ।

विरोधात्—[1] कल्पनावशाद्विधे प्रमेयप्रमाणरूपत्वेन्यापोहवादानुषङ्गस्याविशेषात् । प्रमाण प्रमेयरूपो विधिरिति कल्पनाप्यनेन निरस्ता । तदनुभयरूपो विधिरिति कल्पनायां तु खर शृङ्गादिवदवस्तुतापत्ति—प्रमाणप्रमेयस्वभावरहितस्य विधे स्वभावान्तरेण व्यवस्थाना-[2] योगात । [3]प्रमात्रादेरपि प्रमेयत्वोपपत्ते[4] । अन्यथा तत्र[5] प्रमाणवृत्तेरभावात् सर्वथा वस्तुत्वहानि ।

[विध शब्दादिव्यापाररूपाभ्युपगमे दोषानाह]

श ्दव्यापाररूपो विधिरिति चेत् सा श ्दभावनव । पुरुषव्यापार स इति चेत् सार्थ

कहना पडगा क्योकि वह विधि प्रमाण प्रमेय रूप उभय स्वभाव वाली नही हो सकती है विरोध आ जाता है । अर्थात प्रमाण को माने बिना विधि —ब्रह्म को प्रमेय रूप कैसे कहोगे ? और यदि आप ब्रह्म को प्रमाण प्रमय रूप से उभय रूप कह दोगे तब तो एक ही निरश परमब्रह्म अद्वत रूप है पुन वही दो रूप कसे बन सकेगा ? कल्पना के निमित्त से विधि को प्रमेय और प्रमाण रूप से उभय रूप कहने पर तो अयापोहवादी होने का प्रसग समान ही है । अर्थात् बौद्धो ने श दो से वाच्य अथ को कल्पना से ही अन्यापोह रूप माना है उसी के समान आपकी मायता भो कल्पना से होने से आपके यहा भी अन्यापोहवाद आ जावेगा ।

(३) तृतीय पक्ष मे विधि प्रमाण और प्रमेय से उभय रूप है यह कल्पना भी इस उपयुक्त विवेचन स ही निरस्त कर दी गई है ।

(४) चतुर्थ विकल्प मे विधि को आप इन प्रमाण प्रमेय से रहित अनुभय रूप कल्पित करोगे तब तो खरविषाणादि के समान वह विधि अवस्तु ही हो जावेगी क्योकि प्रमाण और प्रमेय से रहित विधि का भिन्न किसी भी स्वभाव से रहना ही असभव है । यदि आप कहे कि विधि प्रमाण प्रमेय से भिन्न प्रमाता-ज्ञाता एव प्रमिति-जानने रूप क्रिया रूप से यवस्थित होगी सो भी ठीक नही है क्योकि प्रमाता—आत्मा आदि भी प्रमेय रूप ही हैं । अयथा—उन प्रमाता—आत्मा अथवा प्रमिति रूप ज्ञप्ति मे प्रमाणवृत्ति का अभाव होने से सर्वथा वस्तुत्व की हानि हो जावेगी अर्थात् पुन वे प्रमाता प्रमिति वस्तुभूत ही नही रह सकेगे क्योकि आपके यहा तो एक परम ब्रह्म ही ज्ञाता ज्ञय ज्ञान और ज्ञप्ति रूप से अभेद रूप ही ह पुन आप उस ज्ञान ज्ञय रूप स नहीं मानकर यदि ज्ञाता और ज्ञप्ति रूप स मानग तो प्रमाण-ज्ञान रूप न मानने स वह विधि—ब्रह्म वास्तविक सिद्ध नही हो सकगा ।

---

१ तस्यैवोभयस्वभावत्वविरोधादित्यादिना द्वितीयविकल्पनिराकरणेन । २ स्वभावान्तरेण व्यवस्थानाभाव कुतो [illegible] प्रमात्रादिरूपेण विधेर्व्यवस्थितिर्भविष्यतीत्याशङ्कयाह । ३ प्रमिति । ४ विधिवाद्याह ।—विधि प्रमाणं प्रमेय च मा भवतु किन्तु प्रमातृप्रमितिरूपोस्तीति चेदाहा यापोहवादी ।—प्रमात्रादेरपि प्रमाणविषयत्व घटते अन्यथा प्रमेयत्व न घटते चेत्तदा प्रमाणव्यापारस्याभावात् प्रमात्रादिरूपेणाभ्युपगतस्य विधेर्वस्तुत्वं हीयते । ५ प्रमातरि प्रमितौ वा ।

भावना[1] स्यात् । [2]एतेनोभय[3]व्यापाररूपो विधिरिति प्रत्याख्यातम् । [4]तदनुभयव्यापाररूप स्तु[5] विधिर्विषय[6]स्वभावश्चेत् तस्य[7] वाक्य[8]कालेऽसन्निधानान्निरालम्बनशब्दवादप्रवेश[9] । [1]फल [10]स्वभावश्चेत स[11] एव दोष —तस्यापि तदाऽसन्निधानाद यथा[2] विधेरनवतारात् । नि स्व-भावो विधिरिति कल्पनाया तु विधिर्वाक्याथ इति न किञ्चिद्वाक्याथ इत्युक्त स्यात ।

[विधि को शब्द के व्यापार आदि रूप से ४ विकल्प रूप मानने मे हानि]

(५) यदि विधि को शब्द का व्यापार रूप मानोगे तब तो वह हमारे द्वारा मान्य शब्दभावना रूप ही सिद्ध होगी ।

(६) यदि पुरुष का व्यापार कहो तो वह ब्रह्म अर्थभावना रूप (पुरुष भावना) ही होवेगा ।

(७) इसी कथन से उभय व्यापार रूप सातवें पक्ष का भी खडन कर दिया गया है अर्थात् पूव मे जसे नियोग पक्ष का निराकरण करने मे—क्रम से या युगपत् ? इत्यादि अनेक विकल्प उठाये है वे सभी यहा पर भी समझना चाहिये ।

(८) यदि उन दोनो के व्यापार से रहित अनुभय रूप कहो तब तो प्रश्न उठगे कि वह विधि विषय का स्वभाव है या फल का स्वभाव है या नि स्वभाव है ? यदि विषय का स्वभाव मानो तब तो सव व खल्विद ब्रह्म' इत्यादि वाक्य के काल मे असनिहित—निकट न होने से निरालबन शब्दवाद (सौगत के अन्यापोहवाद) मे प्रवेश हो जावेगा ।

यदि फल स्वभाव मानो तो भी अथ रहित फल का स्वभाव भी निरालबन शब्दवाद ही हो जावेगा क्योकि वह विधि वेदवाक्य के समय विद्यमान नही है अन्यथा विधि का (मनन निदिध्यासन आदि का) अवतार ही नहीं होगा। यहा फल स्वभाव से ब्रह्मस्वरूप की प्राप्ति होना रूप अर्थ समझना चाहिये।

तथा विधि को नि स्वरूप मानने पर तो विधि वेदवाक्य का अर्थ है ऐसा कहने पर तो कुछ भी वेदवाक्य का अर्थ नही है' ऐसा ही कहा गया हो जावगा क्योकि विधि तो स्वभाव से शून्य है। अर्थात् आपने ही तो विधि को स्वभाव से शून्य कह दिया है ।

पुनरपि ये प्रश्न उठेंग कि वह विधि सत् रूप है या असत् रूप उभय रूप है या अनुभय रूप ?

---

१ पुरुषभावना । २ प्रत्येकपक्षद्वयनिराकरणेन । ३ पर्यायेण युगपद्वा इत्यादिना नियोगनिराकरणे प्रोक्त दूषणमत्रापि ज्ञातव्य दृष्टव्येत्यादिना । ४ तदुभयाव्यापाररूप इति वा पाठ । ५ ब्रह्मदशनादि । ६ शब्दात्मव्यापाररहितो विधिरिति चेत् सोपि विषयस्वभावो वा स्यान्नि स्वभावो वा फलस्वभावो वेति क्रमेण दूषयति । ७ विषयस्वभावस्य विधे । ८ सर्वं वै खल्विद ब्रह्म त्यादिवाक्यकाले । ९ सौगतमते निरालम्बनशब्दवादोभिप्र त १ अथरहित । ११ फलस्वभावस्य विधे स एव निरालम्बनशब्दवादप्रवेश । कस्मात् ? तदा वाक्यकाले विधेरसामीप्यात् ।

---

(1) ब्रह्मस्वरूपप्राप्ति (2) मननिदिध्यासनादिविधानस्य ।

[विधेः सदसदादिरूपाभ्युपगमे दोषानाह]

किञ्च[1] यदि विधिः सन्नेव तदा न [2]कस्यचिद्विधेयः पुरुषस्वरूपवत् । अथासन्नेव तथापि न विधेयः खरविषाणवत्[3] । अथ पुरुषरूपतया सन् [4]दर्शनादिरूपतया त्वसन्निति विधेयः स्यात्[5] 'तदोभयरूप[6]तापत्ति[1] । न सन्नाप्यसन् विधिरिति चेत् तदिदं व्याहतम्— सर्वथा सत्त्वप्रतिषेधे सर्वथैवासत्त्वविधिप्रसंगात्[9]—तन्निषेधे वा सर्वथा सत्त्वविधानानुषङ्गात् ।

[विधि को सत् असत् आदि रूप मानने में दोषारोपण]

(१) यदि सर्वथा सत् रूप ही विधि होगी तब तो विधि किसी भी पुरुष को विधेय–करने योग्य नहीं होगी पुरुष के स्वरूप के समान । अर्थात् विधि कस्यचित् मनुष्यस्य विधेयो न भवति सत्त्वात् । यः सन् स न कस्यचित् विधेयो यथा पुरुषः सश्चायं तस्माद् न कस्यचिद् विधेयः इत्यर्थः । विधि—ब्रह्म किसी को करने योग्य नहीं है क्योंकि वह सत् रूप ही है जो सत् रूप है वह किसी का विधेय नहीं होता है । जैसे आत्मा सत् रूप है अतः वह किसी के लिये करने योग्य—विधेय नहीं है और यह ब्रह्म सत् रूप है इसलिये किसी को विधेय नहीं है । अर्थात् जो सर्वथा सत् रूप होता है वह किसी के करने योग्य नहीं हो सकता है ।

(२) असत् ही मानो तो भी वह विधि खरविषाण के समान किसी के लिये भी विधेय नहीं होगी । अर्थात् असत् रूप होने से वह विधि किसी को विधेय—करने योग्य नहीं हो सकती । जैसे खरशृंग किसी का विधेय—करने योग्य नहीं है ।

(३) यदि कहो कि पुरुष रूप से तो वह विधि सत् रूप है किंतु द्रष्टव्योऽरेऽयमात्मा इत्यादि दृश्यत्व कर्तव्य आदि रूप से असत् रूप है इसलिये वह विधेय हो जावेगी तब तो उस विधि के उभय रूप हो जाने से द्वैत का प्रसंग आ जावेगा अर्थात् स्वसिद्धांत का भी व्याघात हो जावेगा क्योंकि वेदांतवादियों ने तो विधि को सर्वथा सत् रूप माना है असत् रूप से माना ही नहीं है । एवं सर्वथा निरंश सन्मात्र स्वरूप ब्रह्म के दो रूप की प्राप्ति का विरोध स्पष्ट है ।

(४) वह विधि न सत् रूप है न असत् रूप । ऐसा चतुर्थ पक्ष लेने पर तो विरुद्ध ही हो जाता है

---

जैन—आपका यह कथन भी अप्रमाणीक ही है क्योंकि आपका प्रत्यक्ष सवज्ञ के अभाव को तथा अन्य आगम अनुमान आदि के अभाव को सिद्ध नही कर सकता है। तथा आप स्वप्रत्यक्ष रूप एक प्रमाण मानत हैं अत आपके यहाँ स्वपर को ग्रहण करने वाला बृहस्पति-गुरू का ज्ञान प्रत्यक्ष है इसमे क्या प्रमाण है ? यदि आप कहो कि यह गुरू परपरा से सिद्ध है तो हमारा भी सिद्धात गुरू परंपरा से सिद्ध है क्या बाधा है ? तथा अनुमान को तो आपने माना ही नहीं है जो कि सर्वज्ञ का अभाव सिद्ध कर सके। आप कहे कि जैनादिको के प्रसिद्ध अनुमान से हम सवज्ञादि का अभाव करेंगे तो यह बताओ कि प्रमाण से सिद्ध है या प्रमाण से असिद्ध ?

यदि प्रथम पक्ष लेओ तो सभी क सद्भाव का विषय होगा क्योंकि प्रमाण से सिद्ध है अत आप चार्वाक को भी प्रमाण मानना होगा। हम जैनादिकों की प्रमाण से सिद्ध आप चार्वाक को भी प्रमाणीक मानना होगा। यदि प्रमाण से असिद्ध कहो तो हम जैनादिकों को भी सिद्ध नही रहा। तथा इन्द्रिय प्रत्यक्ष के द्वारा सभी पुरुष सर्वज्ञ रहित हैं यह ज्ञान तो हो नहीं सकता यदि आप चार्वाक 'सवत्र सभी काल में कोई

१ [illegible]। २ चार्वाकस्यापि। ३ (प्रमाणमन्तरेण प्रसिद्धे अनुमाने सति जैनादेरपि। तत्प्रसिद्धिर्न स्यात तत)।

(1) प्रत्यक्षैकप्रमाणवादी [illegible]। (2) अतीन्द्रियप्रत्यक्षानुमानादिकं।

[1]तथैवास्माकमदोष [2]इत्येकेषामप्रमाणिकैवेष्टि: । एके हि तत्त्वोपप्लववादिन सर्वं प्रत्यक्षादिप्रमाणतत्त्वं प्रमेयतत्त्व [2]चोपप्लुतमेवेच्छन्ति । तेषा प्रमाणरहितैव तथेष्टि: [3]सर्वमनुपप्लुतमेवेतीष्टेर्न[2] विशिष्यते[4] । न[5] खलु प्रत्यक्ष [1]सर्वज्ञप्रमाणान्तराभावविषयम् अति प्रसंगात् । नानुमानम् असिद्धे । [6]सर्व हि [8]प्रत्यक्षमनुमेयमत्यन्तपरोक्ष[7] च वस्तु जानन्तीति सर्वज्ञानि प्रमाणान्तराणि प्रत्यक्षानुमानागमप्रमाणविशेषा । तेषामभाव [5]स्वयम सिद्ध प्रत्यक्षमनुमान वा कथ व्यवस्थापयेद्यतस्तद्विषय स्यात् ? तथा[4] सति सर्व प्रमाण

पुरुष सर्वज्ञ नही हैं ऐसा कहेंगे तो आप स्वय ही सभी देश काल और पुरुष को जानने वाले होने स सर्वज्ञ हो गये क्योंकि 'सर्व जानातीति सर्वज्ञ' अतएव आप चार्वाक सर्वज्ञ का अभाव सिद्ध नही कर सकते है ।

[तत्त्वोपप्लववादी का खडन]

जो शून्यवादी ऐसा कहते हैं कि ऐसा ही हमे इष्ट है अर्थात् हम कुछ भी प्रमाणादि नहीं मानते हैं इसीलिये कोई दोष नहीं है यह उनकी मा यता भी अप्रमाणीक ही है ।*

तत्त्वोपप्लववादी—सभी प्रत्यक्षादि प्रमाणतत्त्व और प्रमेयतत्त्व उपप्लुत—अभाव रूप ही है एसा हम स्वीकार करते हैं ।

जैन—आपकी यह मान्यता प्रमाण से रहित ही है । सभी तत्त्व उपप्लुत है इस प्रकार की मान्यता सभी तत्त्व अनुपप्लुत ही है इस मा यता स विशिष्ट भि न नही है । जिस प्रकार से तत्त्वोपप्लववादी का सभी तत्त्व उपप्लुत ही हैं यह तत्त्व वचन मात्र से सिद्ध है उसी प्रकार से अन्य अतत्त्वोपप्लववादी जनादिको का सभी तत्त्व अनुपप्लुत ही है यह तत्त्व भी वचन मात्र से सिद्ध ही है क्योंकि प्रमाणता या अप्रमाणता दोनो जगह समान ही है ।

प्रत्यक्ष प्रमाण तो सर्वज्ञ और प्रमाणातर के अभाव को विषय नही करता है अ यथा अति प्रसग आ जावेगा ।

अनुमान भी विषय नही करता क्योंकि वह असिद्ध है । सभी—प्रत्यक्ष अनुमेय और अत्यत परोक्ष वस्तु को जो जानते हैं वे सर्वज्ञ अर्थात् भिन्न प्रमाण कहलाते है वे प्रत्यक्ष अनुमान और आगम प्रमाण विशेष हैं मतलब प्रत्यक्ष को प्रत्यक्ष प्रमाण विषय करता है अनुमेय को अनुमान एव अत्यत

१ एके अन्यमिच्छन्तीत्येकेषस्तेषामेकेषाम् (साख्याभिप्रायेण जनो ब्रूते) । २ इत्यपि वक्तु शक्यत्वान्न विशिष्यते । यथा हि तत्त्वोपप्लववादिना सर्वमुपप्लुतमेवेति वचनमात्रात् सिद्ध तथा येषामतत्त्वोपप्लववादिना सर्वमनुपप्लुतमेवत्यपि वचनमात्रात् सिद्ध भवतु—अप्रामाण्यस्योभयत्र समानत्वात् । ३ सर्वज्ञानि च तानि प्रमाणान्तराणि तेषामभाव । ४ प्रत्यक्षविषयम् । ५ (स्वयमसिद्ध प्रत्यक्षमनुमान वेति कर्तृ पदम्) । ६ (अतिप्रसङ्गादिति) भाष्यपद व्याख्याति) तदभावविषयत्वे सति ।

(1) प्रत्यक्षानुमानयोर्निराकरणेन । (2) बाधित । (3) सांख्याभ्युपगत । (4) यत । इत्यपि वक्तु शक्यत्वात् । (5) तत्त्वोपप्लववादिन प्रति वदति तव सर्व शून्यं केन प्रमाणेन सिद्ध न तावत प्रत्यक्षात् नाप्यनुमानात्तयोरनगीकारात् । (6) प्रत्यक्षानुमानयोरसिद्धावपि किमिति सर्वज्ञप्रमाणांतराभावविषयत्वेत्याह । देशकालनरांतर । (7) स्वर्गादि ।

सर्वस्य[1] स्वेष्टतत्त्वविषय[2] भवेदिति कुतस्तत्त्वोपप्लव ?

[प्रत्यक्षादिना प्रमाणेन सर्वस्य तत्त्वस्याभाव करोति तत्त्वोपप्लववादी तस्य निराकरण]

[3]परस्य सिद्ध प्रमाणं तदभावविषयमिति चेत्[4] तत [5]परस्य प्रमाणात सिद्ध प्रमाण-

---

परोक्ष को आगम प्रमाण विषय करता है अत ये तीनो प्रमाण सवज्ञ कहलाते हैं क्योंकि प्रत्यक्ष प्रमाण अपने प्रत्यक्षभूत विषय को पूर्णतया जानता है अनुमान प्रमाण अपने अनुमेय विषय को पूर्णतया विषय करता है एव आगम प्रमाण अत्यत परोक्ष श्रतज्ञान के विषय को पूर्णतया विषय करता है। अपने अपने विषय मे ये पर्णतया ज्ञान कर लेते हैं अतएव ये तीनों प्रमाण यहाँ सवज्ञ कह दिये गये हैं। सव हि प्रत्यक्षमनुमेयमत्यतपरोक्ष च वस्तु जान तीति सर्वज्ञानि प्रमाणा तराणि प्रत्यक्षानुमानागमप्रमाणविशेषा'।

आप श यवादियो के यहाँ स्वय ही असिद्ध प्रत्यक्ष अथवा अनुमान प्रमाण इन तीनो प्रमाणों के अभाव को कसे व्यवस्थापित करगे कि जिससे वे उस अभाव को विषय कर सक ? अर्थात नहीं कर सकते हैं। मतलब कोई भी प्रमाण जब अभाव को विषय ही नही कर सकता है तब वह प्रमाण तत्त्वो के अभाव को कसे कर सकेगा ?

इस प्रकार से मानने पर सभी प्रमाण सभी जनादि के अपने अपने इष्ट तत्त्व को विषय करने वाले हो जावगे पुन तत्त्व का उपप्लव कसे हो सकेगा ?

विशेषार्थ—इस अष्टसहस्री ग्रथ मे आचाय श्री विद्यानन्द महोदय ने तत्त्वोपप्लववादी का खडन विशेष रूप मे किया है। इसी प्रकार इ होने श्री श्लोकवार्तिक ग्र थ मे भी इसका खडन किया है। स्थूल रूप से तो शू यवाद और तत्त्वोपप्लववाद समान ही मालूम पडते हैं किन्तु सूक्ष्मता से विचार करने पर दोनो मे कुछ अतर झलकता है। इसी बात को स्वय विद्यान द स्वामी ने श्लोकवार्तिक मे प्रकट किया है। यथा—पदार्थों को सवथा नही मानना विचार क पीछे पीछे सबको शून्य कहते जाना शून्यवाद है और विचार से पहले व्यवहार रूप से सत्य मानकर विचार होने पर प्रमाण प्रमेय आदि सभी पदार्थों को स्वीकार न करना तत्त्वोपप्लववाद है।

यह तत्त्वोपप्लववादी स्वय स्वसवेदन को भी प्रमाण स्वरूप स इष्ट होने का निर्णय नही करता है तत्त्वो का समूल चूल अभाव कहने वाला उपप्लववादी एक तत्त्व को भी इष्ट नही करता है। केवल दूसरो के माने हुए तत्त्वो मे कुप्रश्न उठाकर उनके खडन करने मे ही तत्पर रहता है। स्वय अपनी गाठ का मत कुछ भी नही रखता है।

इस पर जनाचार्य कहते है कि अपने प्रमाण का कुछ भी निणय किये बिना दूसरे वादियो के तत्त्वों का खडन करने के लिये केवल प्रश्नो की भरमार या आक्षप उठाना भी तो नही बन सकेगा। जिसके यहाँ स्वय कोई भी इष्ट तत्त्व निर्णीत नही किया गया है उसको कही भी सशय करना नही बन सकता है। भू भवन मे जन्म लेकर वही पाला गया मनुष्य तो ठू ठ या पुरुष का अथवा चादी या सीप का सशय नहीं कर पाता है।

---

१ जैनादेः। २ स्वकीयस्वकीयमतानुसारितत्त्वग्राहकम्। ३ आह तत्त्वोपप्लववादी। ४ जैन। ५ जैनस्य।

मन्तरेण वा ? यदि प्रमाणत सिद्ध नानात्मसिद्ध नाम प्रमाणसिद्धस्य नानात्मना वादिप्रतिवादिनां सिद्धत्वाविशेषात् । [1]अन्यथा परस्यापि[2] न सिद्धयेत्, प्रमाणमन्तरेण सिद्धस्यासिद्धत्वाविशेषात । तदिमे तत्त्वोपप्लववादिन स्वयमेकेन केनचिदपि प्रमाणेन स्वप्रसिद्धेन परप्रसिद्धेन वा सकलतत्त्वपरिच्छेदकप्रमाणविशेषरहितं[3] सर्वं पुरुषसमूह सविदन्त एवात्मानं[4] निरस्यन्तीति [2]व्याहतमेतत्—तथा[4] तत्त्वोपप्लववादित्वव्याघातात् ।

[उपप्लववादी तत्त्ववादिनं दूषयति]

[5]ननु चानुपप्लुततत्त्ववादिनोपि[6] प्रमाणतत्त्व च प्रमेयतत्त्व प्रमाणत सिद्धयेत प्रमाण

[तत्त्वोपप्लववादी जैनादिको के द्वारा मान्य प्रमाण को लेकर उन्ही के तत्त्वो का अभाव सिद्ध कर रहा है उसका निराकरण]

तत्त्वोपप्लववादी—पर—जैनादि के यहाँ सिद्ध प्रमाण स हम उन सभी वस्तुओ के अभाव को विषय कर लेंगे ।

जैन—यदि ऐसा कहो तो वे पर के यहा सिद्ध प्रमाण प्रमाण स सिद्ध हैं या प्रमाण के बिना ही सिद्ध हैं ?

यदि प्रमाण स सिद्ध हैं तब तो नाना आत्माओ को सिद्ध हैं क्योकि जो प्रमाण स सिद्ध है वह नाना आत्माओ को-वादी प्रतिवादी सभी को ही सिद्ध है कोई अंतर नही है । नानात्म शब्द स सभी जनों को एसा अथ कर सकते हैं अथवा अनात्म सिद्ध नही है मतलब सभी आत्माओ को सिद्ध है । अन्यथा यदि कहो प्रमाण बिना प्रमाण के ही सिद्ध है तब तो वह जन के यहाँ भी सिद्ध नही होगा क्योंकि जो प्रमाण के बिना सिद्ध है वह असिद्ध के समान ही हैं । उस जनादि भी कस मानगे ?

इस प्रकार स आप तत्त्वोपप्लववादी स्वयं किसी भी एक प्रमाण स अथवा स्व प्रसिद्धि मात्र स सकल तत्त्वों को बतलाने– जानने वाले प्रमाणो स रहित सभी पुरुषो क समूह को जानते हुए स्वय अपने आपका ही खडन कर देते हैं इसलिये यह कथन व्याहत—विरुद्ध ही है । अर्थात सभी पुरुषो का समुदाय सभी तत्त्वो के ग्राहक प्रमाण स रहित है इस प्रकार स जिसके द्वारा जान लिया गया वही तो प्रमाण है अतएव उसका भी खण्डन करता हुआ अपना ही विघात कर लेता है ।

और यदि आप प्रमाण को स्वीकार कर तब तो तत्त्वोपप्लववादी ही नहीं रहेंगे, किन्तु प्रमाण को मान लेने स आस्तिकवादी ही हो जावगे ।

[उपप्लववादी तत्त्ववादियो को दोष दे रहे हैं]

तत्त्वोपप्लववादी—अनुपप्लुत तत्त्ववादी आप जैनादिको का भी प्रमाणतत्त्व और प्रमेयतत्त्व

---

१ इत्यर्थे प्रमाणमन्तरेणसिद्धं चेत । २ जैनस्य । ३ पुरुषसमूह सकलतत्त्वविरहित इत्येव येनावबुद्ध तदेव प्रमाणम् एव एवात्मान निरस्यन्तीति । ४ प्रमाणाङ्गीकारे । ५ तत्त्वोपप्लववादी प्राह । ६ जैनादे । ७ "प्रमाणतत्त्व प्रमेयतत्त्व" इति पाठान्तरम् ।

---

(1) चेत । (2) विरुद्ध ।

मन्तरेण वा ? प्रमाणतश्चेत्तदपि प्रमाणान्तरात् सिद्ध्येदित्यनवस्थानात्कुतः प्रमाणतत्त्व व्यवस्था ? यदि पुनः प्रथमं प्रमाणं द्वितीयस्य [2]व्यवस्थापकं द्वितीयं तु प्रथमस्येष्यते तदेत-रेतराश्रयणान्नैकस्यापि व्यवस्था । [3]स्वतः प्रमाणस्य प्रामाण्यव्यवस्थितेरयमदोष इति चेन्न— सर्वप्रवादिनां तत्र विप्रतिपत्त्यभावप्रसङ्गात् । कुतश्चित्प्रमाणात्तद्विप्रतिपत्तिनिराकरणे तत्रापि प्रमाणान्तराद् विप्रतिपत्तिनिराकरणेन भाव्यमित्यनवस्थानमप्रतिहतप्रसरमेव । [4]परस्पर विप्रतिपत्तिनिराकरणे चान्योन्यसंश्रयणं दुरुत्तरम । प्रमाणमन्तरेण तु प्रमाणादि-तत्त्वं यदि सिद्ध्येत्तदा तदुपप्लवव्यवस्थापि तथा दुःशक्या निराकर्तुम । 'स्यान्मतम' ।

प्रमाण से सिद्ध है या प्रमाण के बिना सिद्ध है ? यदि कहो कि प्रमाण से सिद्ध है तब तो वह प्रमाण भी प्रमाणांतर से सिद्ध होगा इस प्रकार से अनवस्था के आ जाने से प्रमाणतत्त्व की व्यवस्था कैसे हो सकेगी ?

यदि आप कहे कि प्रथम प्रमाण द्वितीय प्रमाण का व्यवस्थापक होगा और द्वितीय प्रमाण प्रथम की व्यवस्था कर देगा तब तो इतरेतराश्रय दोष आ जाने से एक की भी व्यवस्था नहीं हो सकेगी। अर्थात प्रमाण ज्ञान सच्चा है इसको बतलाने वाला दूसरा प्रमाण आया और वह दूसरा भी सच्चा है इस बात को बतलाने वाला तीसरा इत्यादि से अनवस्था होती है और यदि दूसरे ने पहले को सच्चा सिद्ध किया एवं दूसरे को पहले ने सच्चा कहा तब तो भाई ! दोनो मित्र एक दूसरे को सच्चा कह रहे है किन्तु ये दोनो सच बोलते है यह बात हम कैसे मान लेवे ? यदि आप कहे कि प्रमाण की प्रमाणता स्वतः ही व्यवस्थित है अतः कोई दोष नही है किन्तु आप ऐसा भी नही कहना अन्यथा सभी प्रवादियों को भी विसंवाद का अभाव हो जावेगा अर्थात सभी के सभी इष्ट तत्त्व स्वतः ही सिद्ध हो जावेगे ।

यदि आप कहे कि किसी एक प्रमाण से उस विसंवाद को दूर करेंगे तो वहां भी प्रमाणांतर से विसंवाद को दूर करने के लिये भी प्रमाण चाहिए इस तरह से अनवस्था का प्रसार बिना रोक टोक के ही हो जाता है ।

एवं प्रथम का द्वितीय से और द्वितीय का प्रथम प्रमाण से विसंवाद दूर करना मानने पर तो अन्योन्याश्रय दोष आता है उसका निवारण भी आप नही कर सकते हैं ।

और यदि आप दूसरा पक्ष लेवो कि प्रमाण के बिना प्रमाणादि तत्त्व सिद्ध होते हैं तब तो तत्त्वो पप्लव की व्यवस्था का निराकरण करना भी शक्य नही है वह प्रमाण के बिना सिद्ध है ऐसा हम मानते हैं ।

१ (जैनपक्षमनुमन्य तत्त्वोपप्लववादी इति चेन्मेत्यनेन खण्डयति) । २ प्रथमं द्वितीयस्य व्यवस्थापकं द्वितीयं तु प्रथमस्येष्यते । ३ जैनादे. ।

(4) परः मीमांसकादीनामभिप्रायमनूद्य दूषयति ।

"[1]विचारोत्तरकाल प्रमाणादितत्त्वव्यवस्थिति । विचारस्तु [1]यथाकथञ्चित्क्रियमाणो नोपा-लम्भार्ह —सर्वथा[3] वचनाभावप्रसङ्गात इति । [4]एव तर्हि तत्त्वोपप्लववादिनामपि विचारा दुत्तरकालं तत्त्वोपप्लवव्यवस्था तथैवास्तु सर्वथा विशेषाभावात् ।

[तत्त्वोपप्लववादी आस्तिक्यवादिनां प्रमाणतत्त्व दूषयति]

एवं च[1] तत्र [2]प्रमाणतत्त्वमेव तावद्विचार्यते[5] । —कथ प्रमाणस्य प्रामाण्यम ? [6]किमदुष्टकारकसन्दोहोत्पाद्यत्वेन बाधारहितत्त्वेन प्रवत्तिसामर्थ्येनान्यथा[9] वा ?

[प्रथमस्य निर्दोषकारणजन्यत्व हेतोर्निराकरण]

[1]यद्यदुष्टकारकसन्दोहोत्पाद्यत्वेन तदा सर्व कारकाणामदुष्टता कुतोवसीयते ? न

यदि आप जन ऐसा कहे कि विचार के अनन्तर—उत्तरकाल मे प्रमाणादि तत्त्व की व्यवस्था है और यथा कथचित प्रमाण से अथवा प्रमाण के बिना हम लोगो के द्वारा स्वीकृत तत्त्व व्यवस्था उलाहना के योग्य नही है। अन्यथा सवथा वचनो के अभाव का ही प्रसग आ जावेगा। ऐसा कहने पर तो हम तत्त्वोपप्लववादी जनो के यहा भी विचार से उत्तरकाल मे तत्त्वोपप्लव व्यवस्था उसी प्रकार से हो जावे सर्वथा दोनों मे कोई अतर नही है। अर्थात जब हम विचार करते है तब प्रमाणादि तत्त्व हमे दिखाई देने लगते हैं एसा जनादिका की तरफ स्वय तत्त्वोपप्लववादी ने समाधान किया है और पुन उसमे दोषारोपण करने लगा कि इस प्रकार से तो हमारे यहाँ भी विचार करने क अनन्तर तत्त्वो का अभाव दिख रहा है उसे ही मान लीजिय क्या बाधा है ?

[अब तत्त्वोपप्लववादी आस्तिक्य वादियो के प्रमाण तत्त्व को दूषित करन की चेष्टा करता है]

तत्त्वोपप्लववादी— इस प्रकार से अब आपके प्रमाण तत्त्व का विचार किया जाता है। हम आप जैन लोगों से प्रश्न करते है कि प्रमाण की प्रमाणता कैसे सिद्ध है ? अदुष्टकारक सदोह के द्वारा उत्पन्न होने से बाधा रहित होने से प्रवत्ति की सामर्थ्य से अन्यथा और किसी प्रकार से ?

[निर्दोष कारणजन्यत्व हेतु का खण्डन]

यदि निर्दोष चक्षु आदि की निमलता आदि कारक समूह के द्वारा प्रमाण मे प्रमाणता उत्पन्न होती है एसा आप कहो तब तो आपने उन कारको की निर्दोषता कमे जानी है प्रत्यक्ष से या अनुमान से ?

प्रत्यक्ष से तो आप कह नही सकते क्योकि नेत्रो की निमनतादि ज्ञान के कारण अतीन्द्रिय हैं। वह

१ प्रमाणेन प्रमाणमन्तरेण वा। २ जनादिकृत । ३ अन्यथा। ४ तत्त्वोपप्लववादी। ५ प्रमेयतत्त्वं च तिष्ठतु। ६ अदोष चक्षुरादिनमल्यम्। ७ एतत्पर्यन्त विकल्पद्वयमिद मीमांसकापेक्षया। ८ अयं तृतीयविकल्पो नयायिकमतापेक्षया। ९ अन्यथा—अविसंवादकत्वेनेत्यय चतुर्थो विकल्प सौगतमतापेक्षया। १ तत्त्वोपप्लववादिमतमालम्ब्य जैन आह।

(1) न प्रमाणतत्त्वं इति पा। (2) न प्रमेयतत्त्व।

तावत्प्रत्यक्षात्मयन्[1] कुशलादे[1] संवेदनकारकस्यातीन्द्रियस्यादुष्टतायां प्रत्यक्षीकर्तु मशक्ते । नानुमानात् [2]तदविनाभाविलिङ्गाभावात् । विज्ञानं[2] तत्कार्यं लिङ्गमिति चेन्न[3] [3]विज्ञान-

प्रत्यक्ष ज्ञान उनकी निर्दोषता को प्रत्यक्ष करने मे असमर्थ है। अनुमान से भी वह निर्दोषता ग्रहण नही की जाती है क्योंकि उसके अविनाभावी लिंग का अभाव है अर्थात् इंद्रियों से जिसे देख नही सकते उसका इसके साथ सम्बन्ध है इत्यादि कैसे निर्णय करेंगे और हेतु किसे बनायेंगे ?

विशेषार्थ—तत्त्वोपप्लववादी स्वय कुछ तो मानता नही है फिर भी बैठे बैठे जैन मीमासक आदि तत्त्ववादियो से कुतर्क कर रहा है। इसी बात को श्लोकवार्तिक ग्रथ मे श्री विद्यानन्द स्वामी ने अच्छी तरह से बतलाया है। यथा— कथमव्यभिचारित्व वेदनस्य निश्चीयते ? किमदुष्टकारकसंदोहोत्पाद्यत्वेन बाधारहितत्वेन प्रवृत्तिसामर्थ्येनान्यथा वेति प्रमाणतत्त्वे पर्यनुयोगा संशयपूर्वकास्तदभावे तदसंभवात् किमयं स्थाणु किं वा पुरुष इत्यादे पर्यनुयोगवत् । संशयश्च तत्र कदाचित् क्वचिन्निर्णयपूर्वक स्थाण्वादिसंशयवत् । तत्र यस्य क्वचित् कदाचिददुष्टकारकसंदोहोत्पाद्यत्वादिना प्रमाणत्वनिर्णयो नास्त्येव तस्य कथं तत्पूर्वक संशय तदभावे कुत पर्यनुयोगा प्रवर्तेरन्निति न परपर्यनुयोगपराणि बृहस्पते सूत्राणि स्यु ।

उपप्लववादी जन अंतरग बहिरंग प्रमाण प्रमेयतत्त्वो को मानने वाले जैन मीमासक नैयायिक आदि के प्रति उपाय उपेयतत्त्वो का खंडन करने के लिए इस प्रकार से कुप्रश्न उठाते है कि आप जैनादि अव्यभिचारी (मिथ्याज्ञान से भिन्न सच्चे) ज्ञान को प्रमाण मानते है। पुन यह बतलाइये कि इस ज्ञान की सचाई का निर्णय आप लोग कैसे करते है ? क्या निर्दोष कारणो के समुदाय से ज्ञान बनाया गया है इस कारण प्रमाण है या बाधाओ से रहित है अत प्रमाण है ? अथवा जिसको जाने उसमे प्रवृत्ति करे और उसी ज्ञेय रूप फल को प्राप्त करे या उस ज्ञान का सहायक दूसरा ज्ञान पैदा कर ले इस प्रवृत्ति की सामर्थ्य से वह ज्ञान प्रमाण है ? अथवा दूसरे प्रकारो से अविसंवादी आदि रूप से वह प्रमाण है ? आखिर प्रमाण की प्रमाणता का निश्चय आप लोग इन चार कारणो के सिवा तो कर नही सकते हैं अत बतलाइये क्या बात है ?

इन चार प्रश्नो मे प्रथम के दो प्रश्न तो मीमासक के प्रति हैं क्योंकि मीमासक ही इन दो बातो से प्रमाण की प्रमाणता मानता है अत इसी मीमासक और उपप्लववादी के कुछ देर तक प्रश्नोत्तर चलते रहेंगे।

१ कौशल्य नैर्मल्यम् । २ मीमांसक । ३ तत्त्वोपप्लववादिमतमालम्ब्य जन प्राह ।

(1) भावेन्द्रियरूप । द्र द्र । पुण्यादे । (2) अदुष्टकारक । (3) शुक्तिकायां रजतज्ञान कार्यलिङ्ग कारणादुष्टतां साधयतीति व्यभिचार ।

तीसरा प्रश्न नैयायिकों की मान्यता को लक्ष्य में रख कर किया गया है। एवं चौथा प्रश्न बौद्धों पर लागू हो जाता है। क्रमशः इन सभी पर विचार विमर्श करके उत्तर देने वाले ये लोग स्वयं ही उपस्थित हो जाते हैं। उपप्लववादी सभी की बात को समाप्त कर देता है। तब जैनाचार्य इन चारों प्रश्नों को महत्त्व न देकर अपना पक्ष रख देते हैं। खैर! यहाँ पर तो आचार्य मुख्य रूप से इसी बात को बता रहे हैं कि आप उपप्लववादी के ये सभी प्रश्न उठाना संशय पूर्वक ही हो सकते हैं क्योंकि संशय के बिना ये प्रश्न उठाना ही असंभव है। जैसे कि यह स्थाणु है या पुरुष? और जहाँ कहीं भी किसी पदार्थ का आश्रय लेकर किसी को संशय होता है उस पदार्थ में पहले कभी न कभी किसी स्थल पर निर्णय अवश्य ही कर लिया गया है। जिस मनुष्य ने कहीं भी स्थाणु और पुरुष का ठीक ठीक पूर्व में निश्चय कर लिया है वही मनुष्य कदाचित् सायंकाल के समय दूसरे ठूंठ को देखकर उसमें मनुष्य की ऊंचाई आदि के साधारण धर्मों को देखकर और विशेष धर्मों को न देखकर प्रत्युत स्मरण करके संशय कर लेता है। मतलब यह है कि जिसको कहीं भी कभी संशय होगा उसे किसी का पहले निर्णय अवश्य होना चाहिये और आप शून्यवादी या उपप्लववादी तो कुछ भी प्रमाण आदि का निर्णय ही नहीं मान रहे हैं पुनः यह प्रमाण निर्दोष कारणों से उत्पन्न हुआ है या बाधा रहित है इत्यादि रूप से हम लोगों के प्रति आपको संशय उठाने का भी क्या अधिकार है? मतलब पूर्व में अपने कुछ तत्त्व या निर्णय को माने बिना आप संशय भी नहीं कर सकते हैं। बस! इतना ही कहते चलिये कि प्रमाण नहीं है प्रमाण नहीं है इत्यादि।

इस प्रकार दूसरे आस्तिकों के इष्ट किये गये प्रमाण प्रमेय को खंडन करने के लिये बृहस्पति के सूत्र दूसरे मतों के ऊपर कुप्रश्न करने के लिये तत्पर नहीं हो सकते हैं। यहाँ संभवतः बृहस्पति ने चार्वाक दर्शन का पोषण करके पीछे से सर्व तत्त्वों का उपप्लव स्वीकार किया है ऐसा मालूम पड़ता है एवं जब प्रमाण प्रमेयतत्त्व प्रश्न करना संशय करना आदि व्यवस्थायें आपके यहाँ असंभव हैं तब तो यों ही पोल चलती आवेगी सभी लोग अपने अपने मतों को पुष्ट करते हुये मनमानी करते रहेंगे। पुनः आप यह भी नहीं कह सकेंगे कि सारा जगत् शून्य रूप है और देखिये!

शून्योपप्लववादेऽपि नानेकांताद्विना स्थितिः।
स्वयं क्वचिदशून्यस्य स्वीकृतेरनुपप्लुते ॥ १४७ ॥
शून्यातायां हि शून्यत्वं जातुचिन्नोपगम्यते।
तथोपप्लवनं तत्त्वोपप्लवेऽप्यीतरत्र तत ॥ १४७ ॥ [श्लोकवार्तिक]

अर्थ—शून्यवाद और उपप्लववाद का सिद्ध करना बिना अनेकांत के नहीं हो सकता है क्योंकि स्वयं के शून्यवाद का समर्थन और अशून्यवाद—आस्तिकवाद का खंडन तो आप करेंगे ही करेंगे। बस! स्वपक्षसाधन और परपक्ष दूषण यही तो अनेकांत है और अनेकांत है क्या? दूसरी बात और है कि आप अपने शून्य तत्त्व को अशून्य—सच्चा मानेंगे ही नहीं अन्यथा शून्य का शून्य होकर तो क्या बचेगा? सोचिये!

सामान्यस्य तदव्यभिचारित्वाभावात्[1]। [2]प्रमाणभूत [1]विज्ञानं तल्लिङ्गमिति चेत् [3]कुतस्तस्य प्रमाणभूततावसाय ? [2]तददुष्टकारणारब्धत्वादिति चेत् सोयम् यो ग्राश्रय । सिद्धे विज्ञानस्य प्रमाणभूतत्वे निर्दोषकारणारब्धत्वसिद्धिस्तत्सिद्धौ च प्रमाणभूतत्वसिद्धिरिति । [4]किञ्च

भाई ! यदि आप शून्यवाद को अशून्य न कहकर शून्य कह देंगे तब तो सभी तत्त्व व्यवस्था सच्ची हो जावेगी ।

और शून्यवाद को अशून्य कहेंगे तो अनेकांत होकर भी कुछ तत्त्व व्यवस्था बन जाने से सर्वथा शून्यवाद नहीं रहेगा । वैसे ही उपप्लव को उपप्लव रहित मानने से ही आपकी इष्ट सिद्धि होगी अन्यथा उपप्लववाद का प्रलय होकर सभी तत्त्व सच्चे सिद्ध हो जावेंगे ।

देखिये ! यदि झूठ बोलना झूठ सिद्ध हो जावे तो सत्यता का निर्णय हो जाता है । शत्रु का शत्रु अपना मित्र ही सिद्ध होता है । निष्कर्ष यह निकलता है कि इस उपप्लववादी का कर्त्तव्य जैन मीमांसक आदिकों से प्रश्न करने का नहीं था फिर भी वह कर रहा है क्योंकि 'उलटा चोर कोतवाल को डाँटे' इस लोकोक्ति के अनुसार वह धृष्ट है । अच्छा ! अब प्रश्नोत्तर के ढंग को पढ़ते चलिये ।

मीमांसक—विज्ञान उसका कार्य है वही हेतु है । बस ! हेतु से अनुमान बन जावेगा और अनुमान से हम कारणों की निर्दोषता जान लेते हैं ।

तत्त्वोपप्लववादी—नहीं ! विज्ञान सामान्य उससे अव्यभिचारी नहीं है अर्थात् शुक्तिका में रजत—ज्ञान कार्य लिंग है वह कारण के दोष को सिद्ध करता है अतः व्यभिचारी है क्योंकि जो विज्ञान सामान्य है वह दुष्टता—सदोष ज्ञान में भी पाया जाता है ।

मीमांसक—प्रमाणभूत विज्ञान उसका हेतु है सदोष ज्ञान नहीं ।

तत्त्वोपप्लववादी—वह विज्ञान प्रमाणभूत है यह निश्चय किससे होगा ? यदि कहो निर्दोष कारणों से उत्पन्न होने से यह विज्ञान प्रमाण है ऐसा निश्चय होता है तब तो अन्योन्याश्रयदोष आ जाता है । विज्ञान के प्रमाणभूत सिद्ध हो जाने पर यह निर्दोष कारणों से उत्पन्न हुआ है यह बात सिद्ध होगी और निर्दोष कारणों से उत्पत्ति की सिद्धि होने पर ज्ञान प्रमाणभूत सिद्ध होगा । मतलब एक दूसरे के आश्रित होने से दोनों ही सिद्ध नहीं हो सकेंगे ।

दूसरी बात यह है कि चक्षु आदि कारणों को गुण और दोषों का आश्रय स्वीकार करने पर उससे

---

१ शुक्तिकायां रजतज्ञानं कार्यलिङ्गं कारणदुष्टतां साधयतीति व्यभिचारो यतो विज्ञानसामान्यं दुष्टतायामपि वर्तते । २ मीमांसक । ३ तत्त्वोपप्लववादी । ४ दूषणान्तरं तत्त्वोपप्लववादी (शून्यवादी) प्राह ।

---

(1) विशेषः । (2) अदुष्टकारककारब्धत्वात् इति पा ।

चक्षुरादिकारणानां गुणदोषाश्रयत्वे[1] तदुपजनितसंवेदने दोषाशङ्कानिवृत्तिर्न स्यात् गुणदोषाश्रयपुरुषवचनजनितवेदनवत् । गुणाश्रयतयैव[2] तन्निश्चये तदुत्थविज्ञाने [1]दोषाशङ्कानिवृत्तौ पुरुषोपि कस्यचिद्गुणाश्रयत्वेनैव निर्णये तद्वचनजनितवेदने दोषाशङ्कानिवृत्तेः[2] किमपौरुषेयशब्दसमर्थनायासेन[3]? अथ[4] पुरुषस्य गुणाधिकरणत्वमेवाशक्यनिश्चयं, परचेतोवृत्तीनां[5]दुरन्वयत्वात् तद्व्यापारादेः साङ्कर्यदर्शनात् निर्गुणस्यापि गुणवत इव[3] व्यापारादिसंभवादुपवर्ण्यते तर्हि चक्षुरादीनामप्यतीन्द्रियत्वात्तत्कार्यसाङ्कर्योपलब्धेः कुतो गुणाश्रयत्वनियमनिश्चयः

उत्पन्न होने वाले ज्ञान में दोषों की आशंका निवृत्त नहीं हो सकेगी जैसे गुण और दोष के आश्रित पुरुषों के वचन से उत्पन्न हुये ज्ञान में शंका की निवृत्ति नहीं होती है। अर्थात् किसी पुरुष में गुण और दोष दोनों ही हैं पुनः उसके वचन निर्दोष हैं यह बात कैसे बनेगी ? उसके वचनों में दोषों की शंका बनी ही रहेगी।

यदि आप चक्षु आदि में गुणों का ही निश्चय मानोगे तो उससे उत्पन्न हुये विज्ञान में दोष की आशंका निकल जावेगी और तब किसी पुरुष के भी गुणों का आश्रय निश्चित होने पर उससे उत्पन्न होने वाले ज्ञान में दोषों की आशंका नहीं रहेगी पुनः आप मीमांसक को अपौरुषेय शब्द—वेद के समर्थन के प्रयास से क्या प्रयोजन सिद्ध होगा ?

मीमांसक—पुरुष को गुणों का आधार निश्चित करना अशक्य है पर के मन की प्रवृत्तियों को जानना बहुत ही कठिन है उनके कार्य तथा व्यापारादि में संकर देखा जाता है। निर्गुणी में भी गुणवानों के समान व्यापारादि संभव हैं ऐसा कहा जाता है। अर्थात् पुरुष गुणों का आधार है उसमें गुण ही पाये जाते हैं यह कहना ठीक नहीं है। किसी निर्दोष पुरुष के व्यवहार सदोष पुरुष के समान दिख जाते हैं और किसी सदोष पुरुष के भी व्यवहार निर्दोष पुरुष के समान दिखते हैं पुनः पुरुष का भी गुणों निश्चित करना असंभव ही है।

अन्यवादी (तत्त्वोपप्लववादी)—तब तो चक्षु आदि भी अतींद्रिय हैं। उनके भी कार्य में संकर दोष उपलब्ध होने से चक्षु आदि इंद्रियों में गुणों के आश्रितत्त्व नियम का निश्चय करना कैसे शक्य होगा ? किसी अपौरुषेय भी ग्रहोपरागादि को शुक्ल वस्त्रादि में पीत ज्ञान का हेतु मानना उपलक्षण है। अपौरुषेय वेद में भी मिथ्या ज्ञानत्व हेतु की संभावना करने पर आप याज्ञिक—मीमांसकों को उससे उत्पन्न होने वाले ज्ञान में प्रमाणता का निश्चय निःशंक रूप से कैसे होगा ? इसलिये निर्दोष कारणों से उत्पन्न होने से किसी प्रमाण को प्रमाणता है यह कहना शक्य नहीं है अर्थात् यदि आप ऐसा कहें कि वेद अपौरुषेय हैं

१ अङ्गीकृते। २ भो मीमांसक चक्षुरादीनां गुणाश्रयतयैव। ३ मीमांसकस्य। ४ मीमांसकः। ५ दुरधिगमत्वात्। ६ कुतः ? यतः। ७ तत्त्वोपप्लववादी। ८ चक्षुरादीनाम्।

(1) अवधीक्रियमाणायां सत्यां। (2) हेतोः। (3) व्याहारः।

शक्य कर्तुम ? ¹कस्यचिदपौरुषेयस्यापि च ग्रहोपरागादे[1] शुक्लवस्त्रादौ पीतज्ञानहेतोरुप-लम्भात्¹ ²दस्यापौरुषेयस्यापि मिथ्याज्ञानहेतुत्वसंभावनाया कथमिव[3] नि शङ्क याज्ञिकानां तज्जनितवेदने प्रामाण्यनिश्चय ? ततो नादुष्टकारकजन्यत्वेन कस्यचित्प्रमाणता ।

अत प्रमाण हैं तब तो ग्रहोपरागादि (चद्रमा के परिवेष आदि) भी बिना पुरुष कृत अपौरुषय ही हैं किंतु उन उपरागादि के निमित्त मे श्वेतवस्त्रादि में पीत का ज्ञान हो जाता है अत अपौरुषयवेद मे भी मिथ्या ज्ञान की सभावना हो सकती है ।

विशेषार्थ—मीमाँसक ज्ञान की प्रमाणता—सचाई का निणय कई कारणो से मानता है। निर्दोष कारणो से उत्पन्न होना और बाधा का न होना। यहाँ पर इन दो बातों पर तत्त्वोपप्लववादी ने बडी आपत्ति उठाई है। श्लोकवार्तिकालंकार मे भी ग्रथकार ने इसी विषय में स्पष्टीकरण किया है। तथाहि—

अदुष्टकारणारब्धमित्येतच्च विशेषणम ।
प्रमाणस्य न साफल्य प्रयात्यव्यभिचारत ।।७७।।

मीमांसक—मीमासक ने प्रमाण के लक्षण मे निर्दोष कारणो से उत्पन्न होना यह विशेषण दिया है वह विशेषण उसके प्रमाण को निर्दोष सिद्ध करने मे सफल नही हो सकता है। जो ज्ञान दुष्ट कारणो से उत्पन्न होता है उसके द्वारा स्व और अथ का निणय होना ही असभव है अत विद्यानदस्वामी प्रमाण का लक्षण स्वार्थव्यवसायात्मक स्व अथ का निश्चायक इतना ही पर्याप्त मानते हैं किन्तु मीमासको का कथन है कि—

तत्रापूर्वार्थविज्ञान निश्चित बाधवर्जितम् ।
अदुष्टकारणारब्ध प्रमाण लोकसम्मतम् ।।

अर्थात—जो अपूर्व अर्थ को ग्रहण करने वाला है निश्चित है बाधा से रहित है निर्दोष कारणो से जन्य है और लोक सम्मत है वही प्रमाण है।

इस प्रकार की मान्यता के कहने पर तो श्री विद्यानंद स्वामी स्वय श्लोकवार्तिक मे इन सभी विशेषणो को सदोष सिद्ध करते हुये अपने सम्यग्ज्ञान के लक्षण को निर्दोष सिद्ध करते हैं।

तत्स्वार्थव्यवसायात्म ज्ञान मानमितीयता ।
लक्षणेन गतार्थत्वाद व्यर्थमन्यद विशेषणम ।।७८।।
गृहीतमगृहीत वा स्वार्थ यदि व्यवस्यति
तन्न लोके न शास्त्रेषु विजहाति प्रमाणताम् ।।७९।।

अर्थ—स्व और अर्थ को निश्चय करने वाला ज्ञान प्रमाण है इस प्रकार से इतने ही लक्षण से सभी

---

१ अपौरुषेयत्वाददुष्टकारण वेदवाक्यम् । ²तस्तज्जनितवेदने प्रामाण्यनिश्चयो भविष्यतीत्याशंकायामाह ।

---

(1) विग्रहो इति पा । विग्रहो—युद्ध उपरागो—ग्रहो राहुग्रस्ते त्विन्दौ पूष्णि च च । (2) प्रतीते । (3) वाक्यालंकारे ।

प्रतीयमान सिद्ध हो जाते हैं। अन्य—सर्वथा अपूर्व अर्थ का ग्राहक होना बाधा से रहित होना लोक सम्मत होना निर्दोषकारणों से जन्य होना इत्यादि विशेषण व्यर्थ ही हैं। जो ज्ञान गृहीत अथवा अगृहीत भी अपना और अर्थ का यदि निश्चय करता है तो वह ज्ञान लोक में और शास्त्रो मे भी प्रमाणपने को नहीं छोड़ता है।

यहाँ इस बात को विशष रूप से ध्यान मे रखना चाहिये कि आचाय विद्यानद महोदय अपूर्वार्थ विशेषण को महत्त्व न देकर केवल स्वार्थ विशेषण को ही महत्त्व दे रहे है फिर भी स्वय आचार्य ने इसी ग्रथ में स्थान-स्थान पर केवलज्ञान को भो अपूर्वार्थग्राही सिद्ध कर दिया है।

किसी ने कहा कि केवलज्ञान गृहीतग्राही होने से अप्रमाण है तब आचाय ने कहा कि नही सभी ज्ञान सुनयो की अपेक्षा से अपूर्वार्थ ग्राही है और भो देखिये—

तत्रापि केवलज्ञान नाप्रमाण प्रसज्यते।
साद्यपर्यवसानस्य तस्यापूर्वार्थतास्थिते ॥६०॥
प्रादुर्भूतिक्षणादूर्ध्व परिणामित्वविच्युति।
केवलस्यैकरूपित्वादिति चोद्य न युक्तिमत ॥६१॥
परापरेण कालेन सबधात्परिणामि च।
संबधिपरिणामित्व ज्ञातत्वेनकमेव हि॥

अर्थ—अपूर्वार्थ को जानने वाले उन ज्ञानो मे केवलज्ञान अप्रमाण नही है क्योकि ज्ञानावरण के पूर्ण क्षय से विवक्षित काल मे उत्पन्न हुये सादि और अनतकाल तक स्थित रहने वाले उस केवलज्ञान को अपूर्वार्थ का ग्राहक होना सिद्ध है। मतलब विशेषणो की अत्यल्प परावृत्ति हो जाने से उनको जानने वाले ज्ञान अपूर्वार्थ ग्राहक हो जाते है। थोडा विचार तो करो कि ससार मे अपूर्व अर्थ कौन समझे जाते है? सभी द्रव्य पूर्वार्थ ही है किंतु फिर भी सौन्दर्य अधिक धनवत्ता रूपवत्ता प्रतिभा विलक्षण तपश्चर्या अद्भुत शक्ति विशेष चमत्कार आदि धर्मों को धारण कर लेने से व यथार्थ अपूर्वार्थ मान लिये जाते हैं। सूक्ष्म विचार करने पर तो अत्यत छोटे अंश को भी नवीनता धारण करने पर पदार्थ को अपूर्वार्थता आ जाती है। जितनी जहाँ अपूर्वार्थ सभवता है उस पर सतोष करना चाहिये। अन्यथा भक्ष्य अभक्ष्य विचार पतिव्रतापन अचौर्य आदिक लोक व्यवहार सभी समाप्त हो जावेंगे। कोई कुतर्क कर रहा है कि "केवलज्ञान अपनी उत्पत्ति क्षण के अनन्तर परिणामी नही होता है ज्यो का त्यो रहता है क्योंकि त्रिकाल त्रिलोकवर्ती सपूर्ण पदार्थों को एक साथ जानकर पुन एक रूप ही बना रहता है अत उत्पाद, व्यय ध्रौव्यरूप परिणामित्व लक्षण वहाँ अघटित है पुन अपूर्वार्थग्राही कैसे रहा? आचाय कहते हैं कि यह शका भी ठीक नही है क्योकि उत्तर उत्तरवर्ती काल के साथ सबध हो जाने से उत्पाद और व्ययरूप परिणाम घटित हो जाते हैं। केवलज्ञान की पूर्व समयवर्ती पर्याय का नाश हो जाता है और उत्तरकाल में नवीन

[द्वितीयस्य बाधारहितत्वहेतो खडनं]

नापि बाधानुत्पत्त्या, 'मिथ्याज्ञानेपि 'स्वकारणवैकल्या'द्बाधकस्यानुत्पत्तिसंभवात्'

पर्याय की उत्पत्ति हो जाती है। इस प्रकार से सबध विशिष्ट और परिणाम सहित होने से भी केवलज्ञानी ज्ञाता रूप से एक है यही ध्रुवता है एव परिणमनशील ज्ञय द्रव्यो के परिणमन से भी ज्ञान परिणामी होता है अत अपूर्वार्थग्राही सिद्ध है।

एवं आचार्य श्री माणिक्यनंदी ने परोक्षामुख सूत्र मे कहा है कि अपूर्वार्थ विशेषण भी निष्फल नही है क्योकि धारावाहिक ज्ञानो से अज्ञान की निवृत्ति नहीं हो पाती है अत धारावाहिक ज्ञान की व्यावृत्ति करना ही उसका फल है। यो तो वह विशेषण केवल स्वरूप के निरूपण करने मे तत्पर है फिर भी परस्पर विरोध दोष नही है।

यहाँ पर 'निर्दोष कारणजन्यत्व का निराकरण करते है। यदि ज्ञान के उत्पादक कारणों की निर्दोषता अन्य ज्ञान से जानी जाती है तब तो उस अन्य ज्ञान की निर्दोषता भीअन्य ज्ञान से जानी जावेगी पुन यही धारा असंख्य ज्ञानो तक चलते चलते बहुत बडी अनवस्था आकाश पर्यंत फैल जावेगी। यदि आप मीमांसक प्रथम ज्ञान के उत्पादक कारणो की निर्दोषता द्वितीय ज्ञान से जानेंग और द्वितीय ज्ञान की निर्दोषता प्रथम ज्ञान से जानग तब तो अन्योन्याश्रय दोष तयार खडा है। अत ज्ञान के उत्पादक चक्षु आदि इन्द्रियों की निर्दोषता—निमलता आदि को न कोई प्रत्यक्ष (इन्द्रिय प्रत्यक्ष) से जान सकते हैं न अनुमान ज्ञान से।

दूसरी बात यह है कि अनेक भ्रांत ज्ञानो को उत्पन्न करने वाले कारणो को भी लोग निर्दोष समझ बठ है। इसीलिये अनुमान से भी इस प्रकार सपूण ज्ञानो की निर्दोषकारणा से उत्पत्ति होना नहीं जान सकते हैं क्योकि उस अनुमान की भी निर्दोष कारणो से उत्पत्ति हुई है इस बात को भी जानना कठिन है। व्याप्ति ज्ञान की निर्दोषता का ज्ञान तो और भी कठिन है। चक्षु आदिक अतीन्द्रिय इन्द्रियो की निर्दोषता जानना कठिन है। बाहर से किसी की निर्दोष चक्षु भी सदोष सदृश दीखती है और दूषित भी चक्षु निर्दोष सदृश दिख जाती है।

बौद्धादि भिन्न २ दार्शनिक सत्त्व हेतु से पदार्थों को क्षणिक नित्य आदि सिद्ध करते हैं और जैनाचार्य इसी सत्त्व हेतु से सभी पदार्थों को नित्यानित्य सिद्ध कर देते हैं क्योकि जैनो ने सत् का लक्षण उत्पाद व्यय ध्रौव्य माना है। तथा कामधनु के समान इच्छित अथ को कहने वाले वेदवाक्यो स ब्रह्मवादी अद्वैत को, कर्मकांडी क्रियाकाड को हिंसा पोषकजन यज्ञ को आदि २ रूप से अनेक विद्वानो ने अपने २ मत पुष्ट कर लिये हैं। ये सभी अपने २ आगम ज्ञान के कारणो को निर्दोष मान बठ हैं। अत प्रत्यक्ष अनुमान, आगम ज्ञान के कारणो की निर्दोषता को समझना कठिन समस्या है।

---

१ [illegible] । २ तद्दोषपर्यन्तं स्वकारणं बाधककारणमित्यर्थः । ३ नेदं अलमिति ।

---

(1) [illegible] ।

प्रमाणत्वप्रसक्ते । अथ[1] [1]यथार्थग्रहणनिबन्धना बाधानुत्पत्तिरप्रमाणाऽसंभविनी प्रमाण स्वसाधिनीति मतं, [2]कुतस्तस्या[3] सत्यार्थग्रहणनिबन्धनत्वनिश्चय ? [4]संविद प्रमाणत्व निश्चयादिति चेत [5]परस्पराश्रय । सति प्रमाणत्वनिश्चये संवेदनस्य यथार्थग्रहणनिबन्धन बाधानुत्पत्तिनिर्णयस्तस्मिंश्च सति प्रमाणत्वनिश्चय इति । [6]अन्यत प्रमाणत्वनिश्चये किमेतया बाधानुत्पत्त्या ? [7]न च बाधानुत्पत्तेर्यथार्थग्रहणनिबन्धनत्वं स्वत एव निश्चीयते [8]सन्देहाभावप्रसङ्गात् । दृश्यते च संदेह किं [2]यथार्थग्रहणान्नोत्र[9] बाधानुत्पत्तिराहोस्वि

पुन यदि आप प्रश्न करें कि आप जैन प्रमाण की प्रमाणता कैसे मानते हैं तो इस पर ग्रंथकार स्वयं आगे समाधान करेंगे कि प्रमाण की प्रमाणता अभ्यास दशा मे स्वत है और अनभ्यास दशा में पर से होती है।

[बाधा रहित व हेतु का खंडन]

यदि आप दूसरा पक्ष लेवो कि बाधा की उत्पत्ति न होने से प्रमाण मे प्रमाणता आती है तो यह कहना भी ठीक नही है। मरीचिका मे जल रूप मिथ्याज्ञान मे भी अपने बाधक कारणो की विकलता— न्यूनता होने से यह जल नही है इस प्रकार से बाधक की उत्पत्ति असंभव होने से प्रमाणता का प्रसंग आ जावेगा। अर्थात् जैसे किसी ने दूर चमकती हुई बालू का ढेर देखा और वहां जाकर स्नान पान आदि के लिये पानी का निर्णय नही किया अपने काम मे लग गया। उसे बाधा की उत्पत्ति तो नही हुई कि यह जल नही है पुन यह मिथ्याज्ञान प्रमाणीक हो जावेगा किन्तु ऐसी बात तो है नही।

मीमांसक यथार्थ को ग्रहण करने मे कारणभूत अप्रमाण मे असंभवि अर्थात प्रमाण मे संभव रूप बाधा का उत्पन्न न होना ही प्रमाणता को सिद्ध करता है।

शून्यवादी यदि ऐसा आपका मत है तब तो वह बाधा की अनुत्पत्ति सत्यार्थ का ग्रहण करने मे कारणभूत है यह निश्चय भी कैसे होगा ?

मीमांसक ज्ञान मे प्रमाणता का निश्चय होने से हो जावेगा।

शून्यवादी—ऐसा मानने पर तो परस्पराश्रय दोष आता है प्रमाणता का निश्चय होने पर ज्ञान मे यथार्थ ग्रहण निमित्तक बाधा की उत्पत्ति नही है ऐसा निर्णय होगा और बाधा की उत्पत्ति नही है इस बात का निश्चय हो जाने पर प्रमाणता का निश्चय होगा। इस प्रकार से दोनो की सिद्धि नही हो सकेगी। यदि अन्य प्रमाणांतर से प्रमाणता का निश्चय होना कहो तो पुन इस बाधा की अनुत्पत्ति से क्या प्रयोजन सिद्ध होगा ? अर्थात आपने बाधा की उत्पत्ति न होना इसी से ज्ञान को वास्तविक माना

१ मीमांसक । २ तत्त्वोपप्लववादी । ३ तर्हि शेष । ४ मीमांसक । ५ तत्त्वोपप्लववादी । ६ प्रमाणान्तरात् । ७ मीमांसकाभिप्राय निराकुर्वन्नाह तत्त्वोपप्लववादी । ८ अन्यथा । ९ न अस्माकम् ।

(1) ननु स्वकारणवैकल्पनिबंधना। (2) अन्यथा। न चैव।

स्व[1]कारणवैकल्यादित्युभयसंस्पर्शिप्रत्ययोत्पत्ते । [1]क्वचिद्दूरे मरीचिकायां जलज्ञाने स्व-कारणवैकल्याद्बाधकप्रत्ययानुत्पत्तिप्रसिद्धेरभ्यासदेशे[2] तत्कारणसाकल्याद्बाधकज्ञानोत्पादात् ।

[अर्थज्ञानानंतरमेव बाधानुत्पत्ति ज्ञानस्य प्रमाणतां ज्ञापयति सर्वदा वा ?]

[3]किमन्यार्थसंवेदनानन्तरमेव बाधानुत्पत्तिस्तत्प्रामाण्यं व्यवस्थापयेत सर्वदा वा ? न तावत्प्रथम-

---

है । अब ज्ञान मे यथार्थता को ग्रहण करने से बाधा की उत्पत्ति नहीं है इस बात का निर्णय आप अन्य प्रमाण से मान रहे हैं । पुन ज्ञान वास्तविक है इस बात को आप अन्य प्रमाण से ही क्यो न मान लीजिये, तब तो बाधा की अनुत्पत्ति हेतु से क्या काय सिद्ध होगा ? अर्थात् इससे कुछ भी प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा क्योंकि बाधा की उत्पत्ति न होने से यथार्थ ग्रहण निबधनत्व स्वत ही निश्चित नही होता है । अन्यथा संदेह का ही अभाव हो जावेगा किन्तु सदेह तो देखा जाता है । उसी का स्पष्टीकरण करते हैं—

हम लोगों को इस विषय मे यथार्थ ग्रहण करने से क्या बाधा की उत्पत्ति नहीं है ? अथवा अपने *बाधक कारणो की विकलता से बाधा की उत्पत्ति नही है ? इस प्रकार से उभय संस्पर्शि*—संशय ज्ञान की उत्पत्ति देखी जाती है । कही दूर स्थान पर मरीचिका मे जल ज्ञान के होने पर अपने बाधक कारणों की विकलता से बाधक ज्ञान की उत्पत्ति न होना प्रसिद्ध है और समीप देश में अपने बाधक कारणों की सकलता—पूर्णता होने मे बाधक ज्ञान उत्पन्न होता हुआ देखा जाता है । जैसे किसी ने दूर से चमकती रेत को देखकर उसे जल समझ लिया किंतु वहाँ से पानी मगाने का स्नान आदि करने का उसे प्रसग नहीं आया अत उसमे बाधक कारण न मिलने से उस मिथ्याज्ञान मे भी बाधा नहीं आती है और कोई मनुष्य निकट के तालाब के एक तरफ सूखी हुई चमकती रेत देख कर उसमे पानी भरने के लिये चल पडा गया तो लज्जित होकर वापस आया खिन्न होकर सोचने लगा कि मेरा जल ज्ञान गलत निकल गया । अत इस व्यक्ति को निकट में बाधा के उत्पन्न हो जाने से जल ज्ञान मे सच्चाई नही रही अत हम लोगो को बाधा की अनुत्पत्ति में सशय बना ही रहता है ।

[बाधा की अनुत्पत्ति पदार्थ के ज्ञान के अनतर ही ज्ञान की प्रमाणता को बतलाती है या हमेशा ही ? पुनरपि तत्त्वोपप्लववादी दूसरी तरह से प्रश्न कर रहे हैं]

दूसरी बात यह है कि अर्थ ज्ञान के अनतर ही बाधा का न होना उस ज्ञान की प्रमाणता को व्यवस्थापित करता है अथवा सर्वदा ही बाधा की उत्पत्ति का न होना ? प्रथम विकल्प तो सभव नही है क्योंकि किसी मिथ्याज्ञान में भी अनतर ही बाधा की उत्पत्ति नही देखी जाती है । किसी ने सीप को चांदी समझा और तत्काल ही उसे गलाने जेवर आदि बनाने का प्रसग नहीं आया तो भी इस मिथ्या ज्ञान को सच्चा नहीं माना जाता है ।

---

१ स्वबोधकार्यकबाधककारणस्य । २ समीपे । ३ तत्त्वोपप्लववादी ।

---

(1) स्वकारणवैकल्यात्कार्यं नोत्पद्यते [illegible] ।

विकल्प संभवति, मिथ्याज्ञानेपि क्वचिदनंतर बाधानुत्पत्तिदर्शनात्। सर्वदा बाधानुत्पत्तेः संविदि प्रामाण्यनिश्चयश्चेन्न, तस्या प्रत्येतुमशक्यत्वात् संवत्सरादि विकल्पेनापि बाधोत्पत्तिदर्शनात्। चिरतरकाल बाधस्यानुत्पत्तावपि स्वकारणवकल्यात कालान्तरेप्यसौ नोत्पत्स्यते इति कुतो निश्चयनीय ? क्वचित्तु मिथ्याज्ञाने तज्जन्मन्यपि बाधा नोपजायते, स्वहेतुवैकल्यात्। न चैतावता तत्प्रामाण्यम।

यदि दूसरा विकल्प लेवो कि सवदा ही बाधा की उत्पत्ति न होने स ज्ञान मे प्रमाणता का निश्चय होता है तब तो यह कथन भी ठीक नही है। सवदा ही बाधा की उत्पत्ति का नही होना यह समझना ही अशक्य है। संवत्सर वर्ष आदिको क भेद स भी बाधा की उत्पत्ति देखी जाती है। बहुत काल तक बाधा की उत्पत्ति न होने पर भी अपने कारणो की विकलता होने स कालातर मे भी वह बाधा का न होना नहीं हो सकगा—बाधा का न होना असभव है। यह बात भी आप मीमासक किस प्रमाण से निश्चित करेंगे ? अर्थात् सीप मे चादी का ज्ञान हो गया और यह कल्पना बहुत दिनो तक बनी रही। यह सीप है इस प्रकार की प्रतीति कराने वाला कारण नही मिल सका तो बाधा की उत्पत्ति नही भी होती है और बाधक कारण मिलने पर बाधा उत्पन्न हो भी जाती है। कही पर मिथ्याज्ञान म तो उस जन्म मे भी बाधा उत्पन्न नहीं होती है क्योकि अपने हेतु की विकलता है। अर्थात बाधक कारण नही भी मिलते है। एतावन्मात्र से—हमेशा बाधा की उत्पत्ति न होन मात्र से वह अथ ज्ञान प्रमाण हो जावे ऐसी बात भी नही है।

[एक देश मे स्थित मनुष्य के ज्ञान मे बाधा की अनुत्पत्ति प्रमाणता का हेतु है या सवत्र बाधा की उत्पत्ति न होना प्रमाणता का हेतु है ?]

दूसरी तरह से पुन हम प्रश्न करते हैं कि किसी देश मे स्थित ज्ञाता—मनुष्य को बाधा की उत्पत्ति न होना अर्थ ज्ञान मे प्रमाणता का कारण है ? या सभी स्थान मे रहन वाल पुरुषो की बाधानुत्पत्ति अथ ज्ञान में प्रमाणता का कारण है ? प्रथम पक्ष तो ठीक नही है अन्यथा किसी मिथ्याज्ञान को भी प्रमाण मानना पडगा।

दूसरा पक्ष भी ठीक नही है कही दूर मे ठहरे हुए पुरुष को बाधा की उत्पत्ति न होने पर भी समीप में बाधा की उत्पत्ति देखी जाती है। सवत्र स्थित सभी देशो मे रहन वालों को बाधा की उत्पत्ति नहीं है इसमे संदेह है क्योकि समीप मे बाधा की उत्पत्ति न होन पर भी दूर मे बाधा की उत्पत्ति संभव है।

---

१ तत्त्वोपप्लववादी। २ बाधानुत्पत्त। ३ भेदेन। ४ बाधानुत्पत्ति। ५ तत्त्वोपप्लववादी मीमांसकं प्रत्याह—हे मीमांसक त्वया कुत प्रमाणान्निश्चयनीयो द्वितीयोपि विकल्प ?। ६ हेतु बाधककारणम्। ७ सर्वदा बाधानुत्पत्त्या। ८ अर्थवेदनस्य।

---

(1) स्वकारणवैकल्यात्। शुक्तिकायां रजतज्ञाने। (2) असर्वविदेद प्रत्येतुमशक्यमिति भाव (3) विवक्षितसंवेदने।

[एकस्मिन् देशे स्थितस्य मनुष्यस्य ज्ञाने बाधानुत्पत्ति प्रामाण्यहेतु सर्वत्र वा ?]

किञ्च क्वचिद्देशे स्थितस्य बाधानुत्पत्ति प्रतिपत्तु [1]सर्वत्र वार्थसविदि प्रामाण्यहेतु ? न तावत्प्रथम पक्ष — [1]कस्यचिन्मिथ्यावबोधस्यापि [1]प्रमाणत्वापत्त । नापि द्वितीय, कस्यचिद्दूरे स्थितस्य [1]बाधानुत्पत्तावपि समीपे बाधोत्पत्तिप्रतीते सवत्र स्थितस्य बाधानुत्पत्तिसन्देहात । समीपे [2]बाधानुत्पत्तावपि दूरे बाधोत्पत्तिसभावनाच्च ।

[कस्यचित् मनुष्यस्य बाधानुत्पत्ति सर्वस्य वा ?]

किञ्च [3]कस्यचिद्बाधानुत्पत्ति सवस्य वा ? न तावत्कस्यचिदबाधानुत्पत्ति[4] सविदि

दूसरा प्रश्न यह है कि—

[किसी को बाधा का उत्पन्न न होना ज्ञान मे प्रमाणता का हेतु है या सभी को बाधा का न होना प्रमाणता का हेतु है ?]

किसी को बाधा की उत्पति नही है या सभी को ? किसी को बाधा की उत्पत्ति नही है यह बात ज्ञान मे प्रमाणता का हेतु नही हो सकती है क्योकि विपयय ज्ञान में भी यह बात मौजूद है। मरीचिकादि के जलज्ञान मे देशातर के गमन आदि से बाधा की उत्पत्ति न होने पर भी प्रमाणता का अभाव है।

यदि दूसरा विकल्प लेवो की सभी को बाधा की उत्पत्ति का न होना ही अथज्ञान मे प्रमाणता का हेतु है यह पक्ष भी ठीक नही है सभी को बाधा की उत्पत्ति नही है इस बात को अल्पज्ञ जनों के द्वारा जानना शक्य नही है अथवा शक्य मानो तो जो जानेगा वही मनुष्य सर्वज्ञ हो जावेगा। पुन सभी के सवज्ञ हो जाने से यह असर्वज्ञ (अल्पज्ञ) है। यह व्यवहार ही समाप्त हो जावेगा क्योकि सभी देश कालवर्ती पुरुष की अपेक्षा से बाधकाभाव के निणय की सवज्ञ के साथ अन्यथानुपपत्ति है। इसलिए बाधा से रहित होने से ज्ञान प्रमाण है यह कथन ठीक नही है।

भावार्थ—तत्त्वोपप्लववादी ने मीमासक से प्रश्न किया कि आप ज्ञान को सच्चा कसे मानते हैं ? तब मीमांसक ने कहा कि ज्ञान मे बाधा की उत्पति नही होती है इसलिए उस ज्ञान की प्रमाणता सिद्ध है। तब तत्त्वोपप्लववादी अनेको प्रश्न उठा रहा है। पहले उसने कहा कि मिथ्याज्ञान मे भी कभी-कभी बाधा की उत्पत्ति नही होती है तो क्या वह ज्ञान प्रमाण हो जावेगा ? देखिये ! कोई मनुष्य सीप को चाँदी समझकर उसे तिजोरी म रख देता है बहुत दिनों तक उसे चांदी ही मान रहा है तो क्या यह ज्ञान प्रमाण है ? यदि कहो कि बाधा का न होना—मतलब जसे को तसा ग्रहण करना तब तो यह बात भी आप कैसे समझेंगे ?

यदि कहो ज्ञान मे प्रमाणता है इस बात के निश्चय से हम समझ लेंगे कि यह सत्यार्थ को ग्रहण

---

१ दूरे समीपे च स्थितस्य प्रतिपत्तुर्बाधानुत्पत्ति । २ पुस । ३ बाधककारणवैकल्यात् ।

---

(1) मरीचिकायां । (2) भास्वत्तैमिरिकस्य (3) संविदि प्रामाण्यहेतु (4) संविदि प्रामाण्यहेतु ।

प्रामाण्यहेतु, [1]विपर्ययेपि भावात् । मरीचिकादौ तोयज्ञाने [2]देशान्तरगमनादिना बाधानु त्पत्तावपि प्रमाणत्वाभावात् । सवस्य[1] बाधानुत्पत्तिरथसवेदने प्रामाण्यकारणमिति चेन्न, तस्या किञ्चिज्ज्ञैर्ज्ञातुमशक्त शक्तौ वा तस्य सर्वज्ञत्वापत्तेरसर्वज्ञव्यवहाराभावप्रसङ्गात्[3] [2]सर्व- देशकालपुरुषापेक्षया[4] बाधकाभावनिर्णयस्या यथानुपपत्त[5] । इति न बाधारहितत्वेन संवेद नस्य प्रामाण्यम् ।

करने वाला है तो भी ज्ञान की प्रमाणता का निश्चय बाधा के न होने स है और बाधा का न होना ज्ञान की प्रमाणता स है मतलब अन्योन्याश्रय दोष आ गया । यदि ज्ञान की प्रमाणता बाधा के उत्पन्न होने स है और बाधा का न होना सत्याथ ग्रहण स है पुन सत्याथ ग्रहण का निणय अन्य प्रमाण स है तब तो अन वस्था चक्रक दोष आते ही रहेंगे ।

प्रश्न ऐसा भी होता है कि चादी को चादी और सीप को सीप रूप स ग्रहण करने से बाधा की उत्पत्ति नही है अथवा बाधक कारण नही मिलने स बाधा नहा है ?

यह चांदी को चादी ही समझ रहा है यह निणय भी कौन देवे ? यदि कहो बाधक कारण नही मिले हैं तब तो किसी ने सीप को चादी मानकर बहुत दिनो तक पेटी मे रख रखा उसका उपयोग करने का अवसर नहीं मिला बाधक कारण नही बन फिर भी वह ज्ञान प्रमाणीक नही है ।

ऐसा भी प्रश्न होता है कि किसी पदाथ को देखते ही जो ज्ञान होता है उसमे उसी क्षण बाधा उत्पन्न नहीं हुई इसलिए प्रमाणीक है या उसमे कभी भी बाधा उत्पन्न होगी ही नही इसलिये प्रमाणीक है ?

इस पर समाधान यह है कि किसी ने पुरुष को कुछ अधरे मे ठूठ समझा उसी क्षण वा कुछ क्षण तक उसे उस ज्ञान मे बाधा नही दिखी तो क्या वह ज्ञान सच्चा माना जावेगा ? अथवा किसी ने अपने शरीर और कुटम्बियो को जीवन भर अपना मान रखा है तो क्या यह ज्ञान सच्चा है ?

दूसरी बात यह भी है कि कभी भी बाधा उत्पन्न नही होगी यह निर्णय कौन देवे ? हो सकता है कुछ दिन बाद उसे पुत्र की स्वार्थपरता देखकर वराग्य हो जावे अत मिथ्याज्ञान मे कभी बाधा की उत्पत्ति हो भी जाती है और कभी नही भी होती है । कभी किसी को मिथ्याज्ञान में जन्म भर बाधा उत्पन्न ही नहीं होती है । सीप की चादी ही समझता रहता है किन्तु इतने मात्र से—बाधा के न होने मात्र स वह ज्ञान प्रमाणीक नही है ?

पुन प्रश्न होता है कि कलकत्त आदि किसी एक देश मे रहने वाले मनुष्य को उस ज्ञान में बाधा नहीं है या सर्वत्र दिल्ली बम्बई आदि मे भी रहने वाले को उस ज्ञान मे बाधा नहीं है ? इसका भी बड़ा मजेदार ही उत्तर है । कलकत्त के मनुष्य ने सीप को चादी समझा उसमे उसे बाधा नहीं दिखी तो क्या

---

१ द्वितीयविकल्प । २ सर्वं सर्वज्ञ मवेयुरिति ।

---

(1) मिथ्याज्ञाने । (2) मरीचिकादेशतोऽन्यदेशान्तर । (3) निश्चयहेतुनां संग्रहो [illegible] (4) [illegible] इति प्रा । (5) सर्वज्ञमन्तरेण

[तृतीयेन प्रवृत्तिसामर्थ्यहेतुना ज्ञानस्य प्रामाण्यनिराकरणं]

[1]नापि प्रवृत्तिसामर्थ्येन, [2]अनवस्थाप्रसक्ते. । [3]प्रवृत्तिसामर्थ्यं हि [4]फलेनाभिसम्बन्ध [5] [6]सजातीयज्ञानोत्पत्तिर्वा ? [7]यदि फलेनाभिसम्बन्ध. सोवगतोनवगतो वा सविद प्रामाण्य गमयेत् ? न तावदनवगत अतिप्रसङ्गात । सोवगतश्चेत् [1]तत एव प्रमाणादन्यतो वा ? न तावत्तत एव परस्पराश्रयानुषङ्गात्[2] सति फलेनाभिसम्बन्धस्यावगमे[3] [8]तस्य प्रमाणा

वह ज्ञान प्रमाण हो गया ? अथवा सवत्र भ्रमणशील मनुष्य ने या बहुत से जनो ने सीप को चांदी माना और सच्चानिर्णय नहीं कर सके कुछ दिन बाधा नहीं आई तो क्या वह ज्ञान प्रमाण हो गया ?

पुनरपि प्रश्न होता है कि एक व्यक्ति को किसी ज्ञान मे बाधा नही आई तो क्या इतने मात्र से वह ज्ञान प्रमाण हो गया या सभी को उसमे बाधा नही आई ?

यदि एक व्यक्ति के सबध मे बात है तो वही सीप मे चादी के विपयय ज्ञान मे उसे बाधा नही दिखी तो क्या वह ज्ञान प्रमाण है ? यदि सभी को बाधा नही है ऐसा कहो तब तो आप मीमांसक पहले सवज्ञ बनो सारे विश्व मे सभी को देखो फिर निर्णय दो। यदि आपको यह बात स्वीकार नही है तब तो आप अल्पज्ञ सभी को इस ज्ञान मे बाधा नही है ऐसा निणय कैसे करोगे ? इस प्रकार से बाधा की उत्पत्ति न होने से ज्ञान मे प्रमाणता आती है यह बात प्रमाण की कोटि मे नहीं उतरती है इसप्रकार से तत्त्वोपप्लववादी के मुख से जैनाचार्यों ने मीमासक का खडन कराया है।

अब जैनाचाय इस बात का निश्चय कराते हैं कि जहां पर स्वाथ निश्चायक ज्ञान है वहा पर कोई भी बाधा नही आती है वही ज्ञान प्रमाण है और जहा स्वाथव्यवसायात्मक ज्ञान का लक्षण नही है वहा पर बाधायें नही होते हुए भी ज्ञान प्रमाण नहीं है अप्रमाण ही है। इसलिये ज्ञान की प्रमाणता को बाधानुत्पत्ति से मानना ठीक नहीं है।

[नयायिक प्रवृत्ति की सामथ्य से ज्ञान की प्रमाणता मानते हैं उनका खंडन]

यदि आप नयायिक तीसरा पक्ष मान्य करें कि प्रवृत्ति की सामथ्य से प्रमाण मे प्रमाणता है सो यह कथन भी ठीक नहीं है क्योकि अनवस्था का प्रसग आता है। अच्छा आप यह तो बताइये कि वह प्रवृत्ति की सामथ्य है क्या ? फल (स्नानपानादि रूप) से अभिसबंध होना या पुरुष को सजातीय ज्ञान की उत्पत्ति का होना ?

यदि फल से अभिसंबंध कहो तो वह अवगत—जानी गई होकर ज्ञान की प्रमाणता को बतलाती है

---

१ प्रवृत्तिसामर्थ्येन प्रमाणस्य प्रामाण्यमिति नयायिको ब्रूते। तं प्रत्याह तत्त्वोपप्लववादी। २ चक्रकप्रसङ्गदूषण तदप्यनवस्था। ३ तत्त्वोपप्लववादी [illegible] इति पृच्छति। ४ सामर्थ्यं पुनरस्याः फलेनाभिसम्बन्ध इति पक्षिलभाष्यात्। ५ स्नानपाना [illegible]। ६ पुंस। ७ तत्त्वोपप्लववादी। ८ पर्वतादी [illegible]प्रसङ्गात। ९ विज्ञानस्य।

---

(1) [illegible] (2) [illegible] इति पा। (3) [illegible]।

त्वनिश्चयात् तस्मिंश्च सति तेन तदवगमात । अन्यत प्रमाणात्सोवगत इति [1]चेत्त दन्यत्प्रमाणं कुत; प्रामाण्यव्यवस्थामास्तिघ्नुते ? प्रवत्तिसामर्थ्यादिति [2]चेत् तदपि प्रवृत्ति सामर्थ्यं यदि फलेनाभिसम्बन्धस्तदावगतोऽनवगतो वा सविद प्रामाण्य गमयेदित्यादि पुनरा वर्तत इति चक्रकप्रसङ्ग । [3]एतेन सजातीयज्ञानोत्पत्ति प्रवत्तिसामथ्य सवित्प्रामाण्यस्या गमक प्रतिपादित सजातीयज्ञानस्य प्रथमज्ञानात्प्रामाण्यनिश्चये परस्पराश्रयणस्याविशेषात् प्रमाणान्तरात्तत्प्रमाण्यनिर्णयेनवस्थानुषङ्गात ।

या अनवगत--नही जानी गई को ? अनवगत (अज्ञात) तो आप कह नही सकते अन्यथा अतिप्रसग आ जावेगा अर्थात् पवतादि पर धूम को नही देखकर भी अग्नि का निश्चय हो जावेगा ।

यदि कहो कि जो फल से अभिसबधित जाना हुआ होकर ज्ञान की प्रमाणता सिद्ध करता है तो वह उसी प्रमाण से अवगत--ज्ञात है या अन्य प्रमाण से ? उसी से ज्ञात तो आप कह नही सकते अन्यथा परस्पराश्रय दोष आ जावेगा । फल से अभिसबध का ज्ञान हो जाने पर उस ज्ञान की प्रमाणता का निश्चय होगा और उसमे प्रमाणता का निश्चय होने से उस ज्ञान से फल के अभिसबध का निश्चय होगा । दूसरा पक्ष लेवो कि अन्य प्रमाण से वह जाना गया है तो वह अन्य प्रमाण भी किस प्रमाण से प्रमाणता को प्राप्त करता है ? यदि आप कहे कि प्रवृत्ति की सामथ्य से तो पुन वह प्रवृत्ति की सामथ्य भी यदि फल से अभिसबधित है तो वह अवगत होकर ज्ञान की प्रमाणता को कराती है या अनवगत--अज्ञात रहकर ? इत्यादि रूप से पुन पुन उन प्रश्नो की आवृति होने से चक्रक दोष का प्रसग आता है ।

दो बार की आवृत्ति को परस्पराश्रय दोष एवं तीन बार की आवति को चक्रक दोष कहते है ।

इसी उक्त कथन से सजातीय ज्ञान की उत्पत्ति रूप प्रवृत्ति की सामथ्य ज्ञान की प्रमाणता को बतलाती है इस कथन का भी निराकरण कर दिया है क्योकि सजातीय ज्ञान मे प्रथम ज्ञान से प्रमाणता का निश्चय मानने पर परस्पराश्रयदोष समान ही है । तथा उस सजातीय ज्ञान की प्रमाणान्तर-अन्य ज्ञान से प्रमाणता का निश्चय करने पर अनवस्था का प्रसग दुर्निवार है ।

---

१ विज्ञानेन । २ फलनाभिसम्बन्धस्यावगमात् । ३ प्रा नोति । ४ चक्रक विवृणोति ।--तदपि प्रवृत्तिसामर्थ्यं यदि फलेनाभिसम्बन्धस्तदा सोवगतोनवगतो वा सविद प्रामाण्य गमयेत् ? यद्यनवगतस्तदातिप्रसङ्ग । सोवगतश्चेत्तत एव प्रमाणादन्यतो वा ? न तावत्तत एव परस्पराश्रयानुषङ्गात् । अन्यत प्रमाणात्सोवगत इति चेत्तदन्यत्प्रमाण कुत प्रामाण्य व्यवस्थामास्तिघ्नुते ? प्रवृत्तिसामर्थ्यादिति चेत्तदपि प्रवत्तिसामर्थ्यं यदि फलेनाभिसम्बन्धस्तदावगतोनवगतो वेत्यादिप्रकारेण वारत्रयमावर्तने चक्रक दषण भवति । ५ प्रवृत्तिसामर्थ्यस्य फलेनाभिसम्बन्धस्य निराकरणद्वारेण । ६ तत्र सजातीयज्ञाने ।

---

(1) चेत्तर्हि तदन्यत्प्रमाणं इति पा । (2) चेत्तत्प्रवृत्ति इति पा । (3) फलाभिसबधलक्षणप्रवृत्तिसामर्थ्यनिराकरणपरेण ग्रथन ।

[प्रवृत्तिशब्दस्य कोऽर्थं इति तत्त्वोपप्लववादी नैयायिकं पृच्छति]

[8]प्रवृत्तिश्च प्रतिपत्तुः प्रमेयदेशोपसर्पणं प्रमेयस्य प्रतिपत्तौ स्यादप्रतिपत्तौ वा ? न तावदप्रतिपत्तौ सर्वत्र सर्वस्य[1] प्रवृत्तिप्रसङ्गात् । तत्प्रतिपत्तौ निश्चितप्रामाण्यात्[2] संवेदनात्तत्प्रतिपत्तिरनिश्चितप्रामाण्याद्वा ? प्रथमपक्षे परस्पराश्रयणमेव सति प्रवर्तकस्य[3] संवेदनस्य प्रामाण्यनिश्चये ततः प्रमेयप्रतिपत्तिः, तस्यां च प्रमेयप्रतिपत्तौ प्रवृत्तेः सामर्थ्यात् तत्प्रामाण्यनिश्चयात । [6]प्रमाणान्तरात्तत्प्रतिपत्तौ प्रथमसंवेदनस्य वैयर्थ्यं स एव च [5]पर्यनुयोगोऽनवस्थापत्तिकरः । [7]द्वितीयपक्षे तु प्रामाण्यनिश्चयानर्थक्यं स्वयमनिश्चितप्रामाण्यादेव संवेदनात्प्रमेयप्रतिपत्तिप्रवृत्तिसिद्धेः । संशयात्प्रवृत्तिदर्शनाददोष इति चेत [9]किमर्थमिदानीं

[प्रवृत्ति शब्द का क्या अर्थ है ? इस प्रकार से तत्त्वोपप्लववादी नैयायिक से प्रश्न करता है ।]

अच्छा ! आप यह तो बतलाइये कि प्रवृत्ति शब्द का अर्थ क्या है ?

नैयायिक—ज्ञाता मनुष्य का प्रमेय–जानने योग्य देश को प्राप्त करना प्रवृत्ति है ।

तत्त्वोपप्लववादी—तब तो वह ज्ञाता की प्रवृत्ति प्रमेय का ज्ञान होने पर प्रमेय देश को प्राप्त करती है या प्रमेय का ज्ञान नहीं होने पर ?

द्वितीय पक्ष लेवो तो सभी प्रमेयों (जानने योग्य पदार्थों) में सभी की प्रवृत्ति हो जावेगी । यदि प्रथम पक्ष लेवो कि प्रवृत्ति प्रमेय को जान कर उसमें प्रवृत्ति करती है तो प्रमाणभूत संवेदन से–सच्चे ज्ञान से उस प्रमेय का ज्ञान हुआ या अनिश्चित है प्रमाणता जिसकी ऐसे ज्ञान से ?

प्रथम पक्ष में तो परस्पराश्रय ही है । प्रवर्तक ज्ञान की प्रमाणता का निश्चय होने पर उससे प्रमेय का ज्ञान होगा और प्रमेय का ज्ञान हो जाने पर प्रवृत्ति की सामर्थ्य से उसकी प्रमाणता का निश्चय होगा । मतलब दोनों में से एक भी सिद्ध नहीं होंगे ।

यदि आप नैयायिक प्रमाणांतर से उसका ज्ञान मानें तो प्रथम ज्ञान व्यर्थ ही हो जावेगा एवं वे ही पूर्वोक्त प्रश्न उठते रहने से अनवस्था आ जावेगी । द्वितीय पक्ष लेवो कि अनिश्चित है प्रमाणता जिसकी ऐसे ज्ञान से निश्चय होता है तो प्रमाणता का निश्चय करना ही व्यर्थ हो जावेगा क्योंकि आपने स्वयं अनिश्चित प्रमाणता वाले ज्ञान से ही प्रमेय ज्ञान में प्रवृत्ति स्वीकार कर ली है ।

नैयायिक—संशय ज्ञान से भी तो प्रवृत्ति देखी जाती है अतः कोई दोष नहीं है ।

शून्यवादी—पुनः किसलिये यहां प्रमाण की परीक्षा करना है जबकि सच्चे और झूठे-संशयादि

१ तत्त्वोपप्लववादी इतः परं प्रवृत्तिं विचारयति । २ प्रमेय । ३ नैयायिक । ४ तत्त्वोपप्लववादी । ५ भो नैयायिक । ६ प्रमाणान्तरस्यापि । प्रामाण्यप्रवृत्तिसामर्थ्येन प्रवृत्तिश्च प्रतिपत्तुरित्यादिग्रन्थावतारः । ७ अनिश्चित प्रामाण्यादिति । ८ नैयायिकः । ९ तत्त्वोपप्लववादी ।

(1) सर्वेण हितस्य पुंसः । (2) ज्ञानं । (3) प्रवृत्तिहेतुत्वात् ।

प्रमाणपरीक्षणम् ? 'लोकवृत्तानुवादार्थमिति[1] चेत्तर्हि[2] लोकवृत्तं[4] कुतो निर्विवादं प्रसिद्धं यस्यानुवादार्थं प्रमाणशास्त्रप्रणयनम् ? न तावत्स्वत[5] एव, '[1]प्रमाणतोऽर्थप्रतिपत्तौ[2] प्रवृत्तिसामर्थ्यादर्थवत्प्रमाणमिति[3] परत [4]प्रामाण्यानुवादविरोधात् । [8]स्वत प्रसिद्धं हि[9] प्रमाणप्रमेयरूपं लोकवृत्तं तथैवानुवदितु [5]युक्तं [10]नान्यथा अतिप्रसङ्गात् । [11]यथानुवदतेऽस्माभि-स्तथैव [12] लोकवृत्तं प्रसिद्धं [13]स्वत इति चेन्न स्वत सर्वप्रमाणानां प्रामाण्यमित्य[14]न्यैर्लोकवृत्तस्यानुवादात् [15]तथैव प्रसिद्धिप्रसङ्गात् । [16]स मिथ्यानुवाद इति चेत् तवापि[17] मिथ्यानुवाद कुतो न भवेत् ? [18]तथा लोकवृत्तस्य प्रसिद्धत्वादिति चेत् [19]परोऽप्येवं ब्रूयात् । [5]तथैव

सभी ज्ञान प्रवृत्ति करा देते है।

नैयायिक—लोक की प्रवृत्ति को साथक करने के लिये ही प्रमाण की परीक्षा है। मतलब प्रवृत्ति तो सच्चे और झूठ सशयादि सभी ज्ञानो से होती रहती है फिर भी लोक व्यवहार के लिये प्रमाण की परीक्षा की जाती है।

शून्यवादी—तब तो प्रमाण प्रमेय रूप लोक व्यवहार भी किस प्रकार से निर्विवाद सिद्ध हैं जिसका अनुवाद—जिसको साथक करने के लिये प्रमाण शास्त्र की रचना की जावे। यदि आप कहे कि स्वत है तो यह कथन भी आप कह नही सकते क्योकि प्रमाण से अर्थ का ज्ञान होने पर प्रवत्ति की सामर्थ्य से अर्थवान प्रमाण है इस प्रकार सिद्ध हो जाने से तो आपके सिद्धान्तानुसार ज्ञान मे पर से प्रमाणता का मानना विरुद्ध हो जावेगा क्योकि स्वरूप से स्वत ही प्रसिद्ध प्रमाण और प्रमेय के स्वरूप लोक व्यवहार को उसी प्रकार से आपके प्रमाण शास्त्र मे कहना युक्त है अन्यथा पर से प्रमाणता कहना युक्त नहीं होगा क्योंकि अति प्रसग आ जाता है।

नैयायिक जिस प्रकार से (पर से प्रमाणता प्रकार से) हम लोग कहते हैं उसी प्रकार से ही लोक व्यवहार प्रसिद्ध है स्वत नही है।

शून्यवादी—ऐसा नहीं कहना अन्यथा स्वत ही सभी प्रमाणो मे प्रमाणता आती है। इस प्रकार से अन्य मीमांसक जनो ने जो लोक व्यवहार स्वीकार किया है उसी प्रकार से उसकी भी सिद्धि का प्रसग

१ नैयायिक। २ सार्थकम्। ३ तत्त्वोपप्लववादी। ४ प्रमाणप्रमेयरूपो व्यवहारो लोकवृत्तम्। ५ स्वतो वा परतो वा। ६ स्वरूपत। ७ तत्त्वोपप्लववादी। ८ परत प्रामाण्यानुवादविरोध बिभर्तीति तत्त्वोपप्लववादी। ९ भवदीये प्रमाणशास्त्रे। १० परत प्रकारेण। ११ नैयायिक। १२ परत प्रकारेण। १३ नस्वत इति भाति। १४ मीमांसकै। १५ सर्वप्रमाणानां स्वत प्रामाण्यमिति प्रसिद्धिप्रसङ्गात् १६ स्वतोनुवाद। १७ नैयायिकस्य। १८ नैयायिक। परत प्रामाण्य प्रकारेण। १९ मीमांसक।

(1) प्रमाणतोऽर्थप्रतिपत्तौ प्रवृत्तिसामर्थ्यादर्थवत् प्रमाणमितीद नैयायिकप्रसिद्ध परत प्रामाण्यापादकं वचनं। (2) तस्या। (3) निश्चितप्रामाण्यं। (4) नैयायिकस्य। (5) परपरिकल्पितप्रकारेण।

लोकवृत्तस्य प्रसिद्धत्वे तथानुवादस्य सत्यत्व तत्सत्यत्वाच्च तथैव लोकवृत्तस्य प्रसिद्धत्व-मितीतरेतराश्रयत्वमप्युभयो[1] समानम् । [2]तथा [3]लोकवृत्तान्तरात्तस्य[4] प्रसिद्धौ पुनरनवस्था दुर्निवारैव । इति न प्रवृत्तिसामर्थ्यात्संविद प्रामाण्यनिश्चयानुवादो[5] युक्तः । ततो न प्रवृत्तिसामर्थ्येन प्रामाण्य व्यवतिष्ठते ।

आ जावेगा ।

नैयायिक प्रमाणो की प्रमाणता स्वत मानना मिथ्या है ।

शून्यवादी—आप नैयायिक की मान्यता (प्रमाणो की प्रमाणता पर से मानना) भी मिथ्या क्यों नहीं हो जावे ?

नैयायिक—नही ! क्योकि पर से ही प्रमाण मे प्रमाणता आती है यह लोक व्यवहार प्रसिद्ध है ।

शून्यवादी—तब तो मीमासक भी इसी प्रकार से कह सकता है कि स्वत ही प्रमाण की प्रमाणता प्रसिद्ध है । इस प्रकार से आप दोनो—नैयायिक और मीमासक समान हो हैं । दोनों ही अपनी-अपनी बात को सत्य कह रहे हैं । पुन पर से या स्वत प्रमाण की प्रमाणता रूप से प्रमाण प्रमेय रूप लोक व्यवहार के प्रसिद्ध हो जाने पर उसका वैसा ही कथन करना सत्य होगा और उसका वैसा ही कथन करना सत्य सिद्ध होने से उस प्रकार का प्रमाण प्रमेय रूप लोक व्यवहार सिद्ध होगा । इस प्रकार से इतरेतराश्रय दोष तो नैयायिक और मीमासक दोनो के यहा समान ही है ।

यदि आप दूसरा पक्ष लेवो कि प्रमाण प्रमेय रूप लोकव्यवहार पर से निर्विवाद प्रसिद्ध है तब तो यह लोक व्यवहार अन्य लोक व्यवहार से सिद्ध होगा पुन उसका कथन अन्य लोक व्यवहार से इस प्रकार अनवस्था दुर्निवार ही है । इसलिये प्रवृति की सामर्थ्य से ज्ञान मे प्रमाणता का निश्चय सिद्ध नही हो सकता अत प्रवृत्ति सामर्थ्य से प्रमाणता की व्यवस्था कथमपि शक्य नहीं है ।

भावार्थ—नैयायिक और वैशेषिक ज्ञान की प्रमाणता को प्रवृत्ति की सामर्थ्य से मानते हैं । उनका कहना है कि प्रमाणतोऽर्थप्रतीतौ प्रवृत्तिसामर्थ्यादर्थवत्प्रमाणं अर्थात ज्ञान से जलादि अर्थ को जानकर उसमे स्नान पान अवगाहन आदि रूप से प्रवृत्ति हो जाने की सामर्थ्य से प्रमाण ज्ञान अर्थवान्—प्रयोजनभूत प्रमाणीक है किन्तु यहा तत्त्वोपप्लववादी उसकी इस मान्यता मे अनेक दोष दिखाता है । नैयायिक का अभिप्राय है कि तालाब मे जल है इस प्रकार से ज्ञान हुआ अब यह ज्ञान सच्चा है या नही इसका निर्णय कौन देवे ? उस तालाब के जल मे प्रवृत्ति की सामर्थ्य है या नही अर्थात् स्नान पानादि क्रियायें हो सकती हैं या नही ? यदि हो सकती हैं तब तो उस प्रवृत्ति की सामर्थ्य से ही वह जलज्ञान सच्चा सिद्ध हुआ है अन्यथा नही यदि उस जल मे स्नानादि क्रियायें नहीं हो सकती हैं मतलब वहां जल न होकर चमकता हुआ बालू का ढेर है अत वह ज्ञान झूठा सिद्ध है । इस प्रकार से यह नैयायिक

---

1 नैयायिकमीमांसकयो । 2 परत प्रामाण्यप्रकारेण (द्वितीयविकल्प) । 3 अन्यस्माल्लोकवृत्तात्तस्य । प्रकृतलोकवृत्तस्य 4 अनुवादस्य । 5 अनुकथनम् ।

प्रमाण की प्रमाणता को सर्वथा पर से ही मानता है।

इस विषय मे जैनाचार्यों का तो इतना ही अभिप्राय है कि अभ्यस्त दशा मे जलादि पदार्थों के ज्ञान की प्रमाणता स्वत होती है और अनभ्यस्त दशा मे पर से होती है।

यहाँ पर जैनाचार्यों ने तत्त्वोपप्लववादी के मुख से नैयायिक की मान्यता का खंडन कराया है। पहले प्रश्न यह हुआ है कि *यह प्रवृत्ति की सामर्थ्य है क्या? जल के ज्ञान मे स्नान पानादि* रूप फल से संबंधित होना या जल ज्ञान मे सजातीय ज्ञान का होना?

यदि स्नानादि रूप फल से सबध होने को प्रवृत्ति की सामर्थ्य कहो तब तो वह जल ज्ञान से फल का सम्बन्ध जाना गया है या नही? यदि अज्ञात कहो तो प्रवृत्ति होना असभव है। यदि कहो कि फल से सम्बन्धित प्रवृति की सामर्थ्य ज्ञात रूप होकर ज्ञान की प्रमाणता मे हेतु है तब तो वह प्रवृति की सामर्थ्य किस ज्ञान से जानी गई है? उसी ज्ञान से कहो तो अन्योन्याश्रय आयेगा और अन्य ज्ञान से कहो तो अनवस्था। यदि सजातीय ज्ञान का उत्पन्न होना प्रवृत्ति की सामर्थ्य है अर्थात जलज्ञान की दृढता को बतलाने के लिये जलज्ञान के समान दूसरे विज्ञान की उत्पत्ति हो जाना सामर्थ्य है तब तो इसमे भी अनवस्था दोष आ जाता है क्योकि सजातीयज्ञान रूप प्रवृत्ति सामर्थ्य की प्रमाणता अन्य सजातीय ज्ञान से होगी पुन उसकी प्रमाणता अन्य से क्योकि जब तक प्रवृत्ति सामर्थ्य के विज्ञान मे प्रमाणता का निर्णय न होगा तब तक उस प्रवृत्ति की सामर्थ्य से प्रथम ज्ञान की प्रमाणता भी सिद्ध नही होगी और अन्य ज्ञानो से प्रवृत्ति सामर्थ्य के ज्ञान मे प्रमाणता मानने पर अनवस्था तैयार खडी है।

पुनरपि यह प्रश्न होता है कि प्रवृत्ति शब्द का क्या अर्थ है? तब नैयायिक ने कहा कि मनुष्य जानने योग्य—जल के स्थान को प्राप्त कर लेवे इसका नाम प्रवृत्ति है तब यह भी प्रश्न उठता है कि मनुष्य उस प्रमेय (जलाशय स्थानादि) को जानकर वहा जाता है या बिना जाने? यदि बिना जाने कहो तब तो सभी के लिए सभी स्थान का प्राप्त करना प्रवृत्ति हो जावेगी। यदि जानकर कहो तो भी उस मनुष्य ने प्रामाणिक ज्ञान से उस प्रवृत्ति के प्रमेय—जल को जाना है या अप्रमाणीक ज्ञान से? प्रथम पक्ष मे अन्योन्याश्रय है। पहले ज्ञान की प्रमाणता सिद्ध हो तब उससे जल का ज्ञान होगा और जल का ज्ञान हो जाने पर प्रवृत्ति की सामर्थ्य से उस ज्ञान की प्रमाणता होगी और अन्य ज्ञान से प्रवृत्ति के ज्ञान की प्रमाणता मानने पर तो अनवस्था आ ही जाती है और अप्रमाणीक ज्ञान से जलादि प्रमेय ज्ञान मे प्रवृति मानने पर तो ज्ञान को प्रमाणीक सिद्ध करना व्यर्थ ही है तब नैयायिक ने यह बात भी मंजूर करली है उसने कहा कि हम संशयज्ञान से भी प्रवृत्ति मानते है। केवल प्रमाण प्रमेय रूप लोक व्यवहार बताने के लिये प्रमाणता का विचार करते है। इसी बात को श्लोकवार्तिक मे भी कहा है यथा—

अविज्ञातप्रमाणत्वात् प्रवृत्तिश्चेद वृथा भवेत्।
प्रामाण्यवेदन वृत्त क्षौरे नक्षत्रपृष्टिवत ॥१२०॥
अर्थसंशयतो वृत्तिरनेनैव निवारिता।
अनर्थसंशयाच्चापि निवृत्तिर्विदुषामिव ॥१२१॥

[सौगत अविसंवादित्वेन ज्ञानस्य प्रमाणता मन्यते तस्य निराकरणं]

[1]नाप्यविसंवादित्वेन [2]तदविसंवादस्यार्थक्रियास्थिति[3]लक्षणस्यानवगतस्य[1] प्रामाण्यव्यवस्था—हेतुत्वायोगात । तस्यावगतस्य तद्धेतुत्वे [2]कुतस्तदवगमस्य प्रामाण्यम ? संवादान्तरा

अर्थ—नहीं जानी गई है प्रमाणता जिसकी ऐसे ज्ञान से यदि प्रवृत्ति होना माना जावे तो सर्वत्र प्रमाणता का निश्चय होना व्यर्थ है जैसे कि बालक का मुंडन कराकर फिर नक्षत्र पूछना व्यर्थ है। यदि नैयायिक कहे कि संशय ज्ञानों से भी प्रवृत्ति देखी जाती है तो यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि यदि संशय ज्ञान से ही प्रवृत्ति होने लगे तो प्रमाण ज्ञान को कौन खोजेगा ? अतः जैसे अनर्थ के संशय(संभावना) से भी विद्वानों की अनुचित कार्यों से निवृत्ति हो जाती है वैसे ही इष्ट अर्थ के संशय से पदार्थों में प्रवृत्ति हो जानी चाहिए किन्तु ऐसा तो है नहीं। प्रेक्षापूर्वकारी-समझदार पुरुष संशय से प्रवृत्ति नहीं करते हैं। और तो क्या घास खोदने वाला मनुष्य भी विचार कर अपने इष्ट कार्य में प्रवृत्ति करता है। अतः संशय आदि ज्ञान प्रवृत्ति को कराने वाले नहीं हैं किंतु नैयायिक की ऐसी विचारधारा है कि परलोकार्थ नित्य नैमित्तिककर्म दीक्षा तपश्चर्या आदि क्रियाओं के अनुष्ठान करने में निश्चित प्रमाणता वाले ज्ञान से प्रवृत्ति होती है और महायात्रा संघ चलाना विवाह प्रतिष्ठादि कार्यों में अनिश्चित प्रमाणता वाले संदेह ज्ञान से प्रवृत्ति होती है। यद्यपि लौकिक और पारलौकिक दोनों ही कार्यों में क्लेश की बहुलता और धन का खर्च समान है तो भी प्रामाणिक ज्ञान और अप्रमाणीक ज्ञान की अपेक्षा अंतर है। नैयायिक की इस मान्यता में भी आचार्यों ने यही समझाया है कि परलोकार्थ निश्चित प्रमाणता वाले ज्ञान से प्रवृत्ति मानने में तो अन्योन्याश्रय दोष आता है और अनिश्चित प्रमाणता वाले ज्ञान से लौकिक कार्यों में प्रवृत्ति हो जाने पर तो ज्ञानों में प्रमाणता का ढूंढना ही व्यर्थ हो जाता है। संसार में जीव दो प्रकार के होते हैं। विचार कर प्रवृत्ति करने वाले पुरुष प्रेक्षावान—बुद्धिमान कहलाते हैं और बिना विचारे प्रवृत्ति करने वाले पुरुष अप्रेक्षावान्—मूर्ख कहलाते हैं। इसलिए प्रमाणीक सच्चे ज्ञान की अपेक्षा संशय विपर्यय और अनध्यवसाय ज्ञानों में अंतर है ये ज्ञान मिथ्या कहलाते हैं इसका विशेष विवरण श्लोकवार्तिक से देखना चाहिये।

नैयायिक और मीमांसक के प्रमाणतत्त्व का विचार करके अब तत्त्वोपप्लववादी सौगत के प्रमाण तत्त्व का विचार करता है।

[सौगत अविसंवादित्व होने से ज्ञान की प्रमाणता मानता है उसका खंडन]

प्रारंभ में प्रमाणतत्त्व की विचारणा में चार प्रश्नों में अंतिम प्रश्न है कि क्या अन्यथा-अविसंवादी

---

१ मीमांसकनैयायिकयोर्मतस्य प्रमाणतत्त्व विचार्येदानीं सौगतप्रमाणतत्त्व विचारयन्ति ग्रन्थकृत । २ यस (कर्मधारय)
३ अर्थक्रियाप्राप्तिलक्षणस्य ।

---

(1) प्रमाणत्वव्यवस्थेण । (2) अविसंवादावगमस्य ।

दिति चेन्न, तदवगमस्यापि सवादान्तरात्प्रामाण्यनिर्णयेनवस्थाप्रसङ्गात । [1]अथार्थक्रियास्थिति लक्षणाविसंवादज्ञानस्याभ्यासदशाया स्वत प्रामाण्यसिद्ध रदोष ।

[अभ्यासदशाया अविसंवादज्ञानस्य प्रमाणता स्वत सिद्धयति इति बौद्ध मन्यते तस्य निराकरणं]

[1]कोयमभ्यासो नाम ? भूय सवेदने[2] सवादानभवनमिति चेत [3]तज्जातीयेऽतज्जातीये[4] वा ? तत्रातज्जातीये[5] न तावदेकत्र[6] सवेदने भूय सवादानभवन सभवति क्षणिकवादिन ।

रूप से प्रमाण की प्रमाणता मानी जाती है। तो उस पक्ष को बौद्ध के द्वारा स्वीकार कर लेने पर तत्त्वोपप्लववादी कहते हैं कि यह मा यता भी ठीक नही है क्योकि अथ क्रिया का सदभाव लक्षण (अर्थक्रिया को करने में समथ) जो अविसवाद है वह ज्ञान की प्रमाणता को व्यवस्थापित करने मे हेतु नही हो सकता है क्योकि प्रश्न उठता है कि वह अथक्रिया लक्षण अविसवाद अज्ञात रूप – नही जाना गया रूप है या ज्ञात जाना गया रूप है ? यदि कहो कि अविसवाद नही जाना गया है तब तो वह ज्ञान की प्रमाणता को सिद्ध नही कर सकेगा।

यदि कहो कि वह अविसवाद अवगत (ज्ञात) होकर प्रमाणता की यवस्था मे कारण है तब तो यह बताओ कि उस अवगत अविसवाद ज्ञान को प्रमाणता किससे है ? यदि कहो भिन्न सवाद से है तब तो उस अवगम (अविसवादज्ञान) की भी भिन्न सवाद से प्रमाणता निश्चित होने से अनवस्था आ जाती है।

बौद्ध—अथ क्रिया के सदभाव रूप अविसवाद ज्ञान की अभ्यास दशा मे स्वत प्रमाणता सिद्ध है अत कोई दोष नही है।

[अभ्यास दशा मे अविसवाद ज्ञान की प्रमाणता स्वत सिद्ध है इस प्रकार से बौद्ध मानता है उसका निराकरण]

शून्यवादी—तब तो आप बौद्धो के यहा यह अभ्यास क्या बला है ? यदि आप कहे कि ज्ञान मे पुन पुन सवाद का अनुभव होना अभ्यास है तब तो वह सवाद त जातीय सत्यरूप सामान्य ज्ञान में होता है या अतज्जातीय रूप विशेष मे ? उसमे अत जातीय ज्ञान मे पुन पुन सवाद का अनुभव मानने पर तो स्वलक्षण रूप एक क्षणवर्ती एक सवेदन मे पुन पुन सवाद का अनुभव सभव ही नहीं है क्योंकि आप क्षणिक वादियो के यहा तो ज्ञान उत्पन्न होते ही नष्ट हो जाता है अर्थात आपके यहा एक क्षणवर्ती पर्याय को स्वलक्षण विशेष कहा है उसे जानकर ज्ञान उसी क्षण मे समाप्त हो जाता है क्योंकि वह वस्तु ही क्षणिक है पुन उसमे बार-बार अनुभव कसे बनेगा ?

बौद्ध—सतान की अपेक्षा से पुन-पुन अनुभव सभव है। अर्थात बौद्ध वासना-सस्कार को सन्तान कहता है और वासना की अपेक्षा से तो पुन-पुन अनुभव शक्य है।

शून्यवादी—ऐसा भी नहीं कहना क्योकि आपने तो स्वय ही सन्तान को अवस्तु माना है अत:

१ बौद्ध: । २ तत्त्वोपप्लववादी । ३ सत्यरूपे सामान्यरूपे । ४ विशेषरूपे । ५ सवेदने । ६ स्वलक्षणे । ७ उत्पन्नविनष्टत्वात् ।

(1) अर्थक्रियास्थितिलक्षणत्वातावसिंवादस्य । (2) जायमाने ।

संतानापेक्षया[2] संभवतीति चेन्न संतानस्यावस्तुत्वादपेक्षानुपपत्ते । वस्तुत्वे वा तस्यापि क्षणिकत्वसिद्धे कुतस्तदपेक्षया सोभ्यास ? सन्तानस्याक्षणिकत्वे वा यत्सत्तत्सर्वं क्षणिकमिति न सिद्धयेत्[2] । तज्जातीये भूय संवादानुभवनमिति चेन्न जातिनिराकरणवादिन क्वचित्तज्जातीयत्वानुपपत्ते । अन्यापोहलक्षणया जात्या क्वचित्तज्जातीयत्वमुपपन्नमेवेति [11]चेन अन्यापोहस्यावस्तुरूपत्वात तस्य वस्तुरूपत्वे वा [12]जातित्वविरोधात स्वलक्षणस्यासाधारणस्य[13] वस्तुत्वोपगमात[14] । तदेव[15] सामान्यत प्रमाणलक्षणानुपपत्तौ विशेषेणापि प्रत्यक्षादिप्रमाणानुपपत्तेन प्रमाणतत्त्व विचार्यमाण व्यवतिष्ठते । तदव्यवस्थितौ

उसकी (काल्पनिक की) अपेक्षा ठीक नही है अथवा उस सन्तान को वास्तविक मान भी लेव तो वह सतान भी क्षणिक रूप ही सिद्ध हो जावेगी ।

पुन उस सन्तान की अपेक्षा से यह अभ्यास कसे हो सकेगा अथवा यदि आप सतान को नित्य मान लेवें तो यत् सत्तत् सर्व क्षणिक यह प्रतिज्ञा वाक्य कसे सिद्ध होगा ?

बौद्ध—तज्जातीयज्ञान मे पुन पुन सत्यरूप सवाद का अनुभव होता है ।

शून्यवादी—ऐसा नही कहना । आप जातिसामान्य का निराकरण करने वाले हैं अर्थात् अन्वयरूप द्रव्य का निषध करने वाले हैं अत आपके यहां कही पर भी अन्वय रूप से जातीय—सामान्य सिद्ध नही हो सकता है ।

बौद्ध—अन्यापोह लक्षण जाति से किसी स्थिर स्थूल आदि वस्तु मे जातीयत्व बन ही जाता है ।

शून्यवादी—ऐसा नही कहना क्योकि अन्यापोह तो अवस्तु है अथवा उसको वस्तु रूप मान लेने पर जाति का विरोध हो जावेगा क्योंकि आपने असाधारण—विशेषरूप स्वलक्षण को ही वस्तु रूप माना है ।

भावार्थ—बौद्ध के यहा प्रमाण का लक्षण है अविसवादिज्ञान प्रमाण उसी प्रकार से बौद्ध ने ज्ञान की प्रमाणता को अविसवादी होने से सिद्ध किया है और अविसवाद का अथ है अर्थक्रिया का सदभाव । जैसे जल की अर्थक्रिया स्नानपानादि है । न्यायदीपिका में भी बौद्धो के द्वारा प्रमाण ज्ञान को अविसंवादी मानने में दोषारोपण किया गया है यथा' जो ज्ञान विसवाद रहित है वह प्रमाण है' बौद्ध की इस मान्यता में

---

१ बौद्ध । २ हे बौद्ध । ३ बौद्ध । सवेदने । ४ सत्यरूपस्य सवादस्य । ५ तत्त्वोपप्लववादी । ६ सामान्यनिराकरणवादिन । ७ अन्वयरूपद्रव्यनिषेधवादिनस्तव सौगतस्य क्वचिद्वस्तुनि अन्वयरूपता नोपपद्यते । ८ घटत्वपटत्वादिरूपेण । ९ बौद्ध । १० स्थिरस्थूलवस्तुनि । ११ तत्त्वोपप्लववादी १२ (जातिविरोधादिति पाठान्तरम्) । १३ विशेषस्य । १४ तव सौगतस्य मते । १५ पूर्वोक्तविकल्पचतुष्टयप्रकारेण ।

---

(1) अभ्यासस्तुल्यापेक्षाणां पूर्वोत्तरक्षणानां मेलन सताम । (2) संतानस्यानैकालिकत्वमिति भाव ।

असंभव दोष आता है क्योंकि बौद्धो ने प्रत्यक्ष और अनुमान ये दो ही प्रमाण माने है उनके यहा न्यायबिंदु में कहा है 'द्विविधं सम्यग्ज्ञान प्रत्यक्षमनुमानञ्च' [न्याय बि दु पृ १] उसमे प्रत्यक्ष मे तो अविसवादीपना संभव नहीं है क्योंकि वह निर्विकल्प होने से अपने विषय का निश्चायक नही है अत सशयादि रूप समारोपो का निराकरण नही कर सकता है और न उनके मान्य अनुमान मे अविसवादीपना सभव है। उनके मतानुसार वह अनुमान भी अवास्तविक सामान्य को विषय करने वाला है इस तरह से बौद्धो के प्रमाण का लक्षण असंभव दोष से दूषित होने से सम्यक लक्षण नही है।

यहां तत्त्वोपप्लववादी यह प्रश्न कर सकता है कि जो अर्थक्रिया रूप अविसवाद ज्ञान की प्रमाणता मे कारण है वह अविसवाद तुम्हे ज्ञात है या नही ? यदि वह अविसवाद अज्ञात रूप है तब तो वह ज्ञान की प्रमाणता को कसे बतलायेगा ? यदि कहो वह ज्ञात रूप है तो भी उस जाने गये अविसवाद ज्ञान की प्रमाणता किससे है ? यदि भिन्न सवादक ज्ञान से कहो तब तो अनवस्था आ जाती है। बौद्ध कहता है कि अर्थक्रियारूप जलज्ञान मे स्नान अवगाहन आदि का जो ज्ञान है वह अविसवाद ज्ञान है और अभ्यास दशा में इसकी प्रमाणता स्वत सिद्ध है तब तो प्रश्न यह हो जाता है कि अभ्यास का लक्षण आप बौद्ध क्या करते हैं ? यदि कहो कि ज्ञान मे पुन पुन सवाद का अनुभव होना अभ्यास है तो इस मान्यता मे भी अनेको दोष आ जाते हैं क्योंकि प्रश्न ये होगे कि वह पुन पुन अनुभव ज्ञान सामान्यज्ञान मे हो रहा है या स्वलक्षणभूत एक क्षणवर्ती विशेष मे ?

प्रथम पक्ष मे तो आपके द्वारा मान्य सामान्य अवास्तविक है उसमे पुन पुन अनुभव मानना अवास्तविक ही होगा। यदि द्वितीयपक्ष लेवो तो भी एकक्षणवर्ती पर्याय के ज्ञान मे बार बार क्या अनुभव आयेगा ? यदि आवेगा तो वह ज्ञान स्थिर—नित्य हो जावेगा क्षणिक नही रहेगा। श्लोकवार्तिक मे भी इसका खडन किया है। निश्चय करने की शक्ति का उत्पन्न न करते हुए ही अर्थ का अनुभव प्रमाण है क्योकि निर्विकल्प ज्ञान मे अभ्यास की पटता है इस प्रकार से बौद्ध के कहने पर आचार्य कहते हैं कि इस मान्यता से तुम्हारी यत्रव जनयेदेना तत्रवास्य प्रमाणता इस नियम मे विरोध आता है। अर्थात निर्विकल्पज्ञान जिस विषय मे इस निश्चय रूप सविकल्प बुद्धि को उत्पन्न करा देगा उस ही विषय मे यह निर्विकल्प ज्ञान प्रमाणीक हो जावेगा। जसे कि घट का प्रत्यक्ष हो जाने पर पीछे से उसके रूप स्पर्श आदि मे निश्चय ज्ञान उत्पन्न हो गया है अत रूप और स्पर्श को जानने म निर्विकल्पज्ञान प्रमाण माना गया है किन्तु प्रत्यक्ष के द्वारा वस्तुभूत क्षणिकत्व को जान लेने पर भी पीछे से क्षणिकपने का निश्चय नहीं हुआ है अत क्षणिक को जानने मे प्रत्यक्ष की प्रमाणता नहीं है और यदि निश्चय को उत्पन्न नही करने वाला प्रत्यक्ष ज्ञान भी प्रमाण मान लिया जावे तो यत्रैव जनयेदेना इस ग्रथ से विरोध आ जावेगा। कश्चायमभ्यासो नाम ? पुन पुनरनुभवस्य भाव इति चेत् क्षणक्षयादौ तत्प्रमाणत्वापत्तिस्तत्र सर्वदा सर्वार्थेषु दर्शनस्य भावात् परमभ्यासासिद्ध। हम बौद्धो से प्रश्न करते हैं कि आपके द्वारा मान्य अभ्यास क्या चीज है ? विद्यार्थी कई बार बोल बोल कर घोषणा करते हुए पाठ याद करते हैं, तत्त्व

कुत प्रमेयतत्त्वव्यवस्थेति विचारात्तत्त्वोपप्लवव्यवस्थिति ।

[अधुना जैनाचार्या तत्त्वोपप्लववादं निरस्य स्वमतेन प्रमाणस्य प्रमाणतां साधयति]

इत्येतदपि [1]सर्वमसार तत्त्वोपप्लवस्यापि [2]विचार्यमाणस्यैवमव्यवस्थितेरनुपप्लुत[3]तत्त्वसिद्धिनिराकरणायोगात[4] । अथ[5] तत्त्वोपप्लव[6] सर्वथा न विचार्य तस्योपप्लुतत्वादेव[7] [1]विचारासहत्वादन्यथानुपप्लुततत्त्वसिद्धिप्रसङ्गात । केवल[8] तत्त्ववादिभिरभ्युपगतस्य प्रमाण

व्यायाम का अभ्यास करते है । इसी प्रकार आपके प्रत्यक्षज्ञान का अभ्यास क्या है ? यदि पुन पुन प्रत्यक्ष रूप अनुभव की उत्पत्ति हो जाना तो क्षणिकत्व आदि मे यह निर्विकल्पज्ञान प्रमाणीक हो जावेगा क्योकि सपूर्ण अर्थों मे तदात्मक हो रहे उस क्षणिक रूप विषय मे निर्विकल्प ज्ञान सदा होते रहते हैं । स्वलक्षणों से क्षणिकपन अभिन्न है । अत क्षणिकत्व मे तो बहुत बढिया अभ्यास सिद्ध हो रहा है किन्तु आप बौद्धो को तो ऐसा इष्ट नही है ।

अत मे निष्कष यह निकला है कि बौद्ध के यहा प्रमाण की प्रमाणता को अविसवादीपने से स्वीकार करना ठीक नही है ।

बौद्ध लोग प्रमाण की प्रमाणता स्वत मानते है नयायिक प्रमाण की प्रमाणता पर से मानते हैं । मीमा सक उत्पत्ति और निश्चय दोनो ही अवस्थाओ मे प्रमाणता स्वत और अप्रमाणता पर से मानते हैं । साख्य प्रमाणता को पर से और अप्रमाणता को स्वत मानते हैं । इन विभिन्न मतावलबियो का आचार्यों ने अ यत्र प्रमेयरत्नमाला आदि मे विशषरूप से खडन किया है और इस बात क सिद्ध कर दिया है कि ज्ञान मे प्रमाणता की उत्पत्ति तो पर से ही होती है किन्तु प्रमाण मे प्रमाणता व निश्चय तो अभ्यास दशा मे स्वत होता है एव अनभ्यास दशा मे पर से होता है ऐसा समझना चाहिये ।

उपय क्त प्रकार से चारो प्रश्नो के उत्तर असिद्ध हो जाने पर तो सामान्य से प्रमाण का लक्षण सिद्ध न होन पर विशेष रूप से भी प्रत्यक्ष आदि प्रमाण सिद्ध नहीं हो सकते हैं अत विचार करन पर प्रमाण तत्त्व की यवस्था करना कथमपि शक्य नही है और प्रमाण तत्त्व की व्यवस्था न होन पर प्रमेय तत्त्व की व्यवस्था भी कसे हो सकेगी क्योकि प्रमाण के अभाव मे प्रमेय कहाँ रहगा ? इसलिये विचार करन पर तो सभी तत्त्वो का उपप्लव-प्रलय ही हो जाता है इस प्रकार से तत्त्वोपप्लववादी न अपना पूर्वपक्ष रखा है अब आचार्य उसका खडन करते हैं ।

[अब जैनाचार्य तत्त्वोपप्लववाद का खंडन करके अपने मत म मान्य ज्ञान की प्रमाणता को सिद्ध करते हैं]

जैन—आप शून्यवादी का यह सभी कथन असार (शू यवत्) ही है । आपका तत्त्वोपप्लववाद भी विचार करने पर व्यवस्थित नही हो सकता है इसलिये आप अनुपप्लुत अबाधिततत्त्व की सिद्धि निराकरण नहीं कर सकते हैं ।

1 जैनो वक्ति । 2 वक्ष्यमाणप्रकारेण । 3 उपप्लुतो बाधित । 4 तत्त्वोपप्लववादिन । 5 पर । 6 शून्यवाद । 7 अभावरूपत्वादेव । 8 भो जैन । 9 तथापि विचारासहत्वे तत्त्वोपप्लवसिद्धि कथमिति जैनेनोक्ते स आह ।

(1) तत्त्वोपप्लववलक्षणं । तत्त्वशब्दस्यैव प्रतिपदमिव न तु अनुपप्लुतशब्दस्य ।

प्रमेयतत्त्वस्य विचाराक्षमत्वात्तत्त्वोपप्लवप्रसिद्धि इति मतं तदपि फल्गुप्राय [2]यथातत्त्व मविचारितत्वात्[1] । न ह्यदुष्टकारकसन्दोहोत्पाद्यत्वेन[1] संवेदनस्य प्रमाणत्वं स्याद्वादिभिर्व्यव स्थाप्यते, [2]बाधारहितत्वमात्रेण वा । नापि [3]प्रवृत्तिसामर्थ्येनान्यथा[4] [4]वा प्रतिपादितदोषो- पनिपातात् । किं तर्हि ? [6]सुनिश्चितासम्भवद्बाधकत्वेन । [7]न चेदं स्वार्थव्यवसायात्मनो ज्ञानस्य [7]दुरवबोधम् ।

[प्रमाणस्य प्रामाण्यमभ्यस्तविषये स्वतोऽनभ्यस्तविषये परत इति मन्यमानेऽनवस्था परस्पराश्रयो वा न संभवति]

[5]सकलदेशकालपुरुषापेक्षया[6] सुष्ठु निश्चितमसम्भवद्बाधकत्वं हि प्रमाणस्याभ्यस्तविषये

शून्यवादी—हमारा तत्त्वोपप्लव सर्वथा विचार करने योग्य नहीं है क्योंकि उपप्लुत—बाधित—अभावरूप होने से ही परीक्षा को सहन करने में असमर्थ है अन्यथा अनुपप्लुत—सद्भाव रूप तत्त्व की सिद्धि का प्रसंग आ जावेगा। केवल तत्त्ववादी—आप जनों के द्वारा स्वीकृत प्रमाण और प्रमेयतत्त्व विचार—परीक्षा को सहन नहीं कर सकता है अतः हमारे द्वारा मान्य तत्त्वोपप्लववाद ही सिद्ध होता है।

जैन—आप शून्यवादी का यह कथन फल्गुप्राय—व्यर्थ ही है क्योंकि यथातत्त्व—तत्त्व के अनुरूप आपने परीक्षा नहीं की है। हम स्याद्वादी जन ज्ञान की प्रमाणता का विचार उपयुक्त चार विकल्पों से नहीं मानते हैं। अर्थात् अदुष्ट कारक संदोह से उत्पन्न होने से बाधा रहित मात्र से प्रवृत्ति की सामर्थ्य से अथवा अविसंवादित्वादि प्रकार से हम जन ज्ञान की प्रमाणता नहीं मानते हैं। अतः आपके द्वारा प्रतिपादित दोषों के प्रसंग हमारे यहाँ नहीं आते हैं।

शून्यवादी—तो फिर आप जन किस तरह से ज्ञान की प्रमाणता सिद्ध करते हैं।

जैन—हम जन सुनिश्चितासंभवद्बाधक रूप से प्रमाण की प्रमाणता व्यवस्थापित करते हैं क्योंकि स्वार्थव्यवसायात्मक ज्ञान को इस प्रमाण से जानना कठिन नहीं है।

[प्रमाण की प्रमाणता अभ्यस्त दशा में स्वतः एवं अनभ्यस्त दशा में पर से है ऐसी मान्यता में अनवस्था अथवा परस्पराश्रय दोष नहीं आता है।]

कारण कि संपूर्ण देश काल के पुरुषों की अपेक्षा से प्रमाण का सुष्ठु निश्चितमसंभवद्बाधकत्व अभ्यस्त विषय में स्वतः ही निश्चित किया जाता है। जैसे स्वरूप का निश्चय स्वतः ही होता है और अनभ्यस्त विषय में पर से प्रमाणता आती है इस प्रकार से अनवस्था और इतरेतराश्रय दोष का प्रसंग

---

१ आह जैनः । २ तत्त्वमनतिक्रम्येत्युक्ते किं तत्त्वमुल्लङ्घ्य विचारितमित्यर्थः । ३ अविचारितत्वमग्रे दर्शयति । ४ अवि संवादित्वादिना । ५ प्रमाणं न प्रामाण्यं स्याद्वादिभिर्व्यवस्थाप्यते इति शेषः । जैनः पराभिप्रायं निराकरोति । ७ किन्तु सुघटमेवेत्यर्थः ।

---

(1) मीमांसकाभ्युपगमेन । (2) न कथा इति पा । (3) नैयायिकाभ्युपगमेन । (4) अविसंवादित्वेन वा किमिति न प्रतिपादितं प्रमाणनिर्णये प्रतिपादितत्वात् । अन्यथा वा कथनं । (5) ईप् । (6) वर्तमान ।

स्वत एवावसीयते स्वरूपवत्[1]। अनभ्यस्तविषये तु परत इति नानवस्थेतरेतराश्रयदोषोपनिपात । स्वार्थव्यवसायात्मकत्वमेव हि सुनिश्चितासम्भवद्बाधकत्वम् । तच्चाभ्यासदशायां न परत[2] प्रमाणात्साध्यते येनानवस्था स्यात् परस्पराश्रयो वा तस्य स्वत एव सिद्धत्वात् । तथानभ्यासदशायामपि परत[1] स्वयंसिद्धप्रामाण्याद्वचनात् पूर्वस्य [3]तथाभावसिद्धे कुतोऽनवस्थादिदोषावकाश ?

[नित्यानित्यात्मन्यात्मनि अभ्यासानभ्यासौ उभौ अपि सभवत]

[4]क्वचिदभ्यासानभ्यासौ[5] तु [2]प्रतिपत्तुरदृष्ट[6]विशेषवशाद्देशकालादिविशेषवशाच्च[3] भवतौ [7]सम्प्रतीतावेव यथावरणक्षयोपशममात्मन सकृदसकृद्वा स्वार्थसंवेदनेऽभ्यासो-

नही आता है क्योकि स्वार्थव्यवसायात्मकत्व ही सुनिश्चितासंभवद्बाधकत्व है अर्थात् व्यवसायात्मक पद से संशय विपर्यय एव अनध्यवसाय का व्यवच्छेद हो जाता है और वह अभ्यास दशा मे पर प्रमाण से सिद्ध नही किया जाता है कि जिससे अनवस्था आ सके अथवा परस्पराश्रय दोष आ सके अर्थात् ये दोनों दोष नही आ सकते हैं क्योकि वह असंभवद्बाधकत्व स्वत ही सिद्ध है उसी प्रकार से अनभ्यास दशा मे भी स्वय सिद्ध प्रमाणता वाले ज्ञानरूप अन्य प्रमाण से पूर्व को तथाभाव—प्रमाणता सिद्ध है पुन अनवस्था आदि दोषो को अवकाश कसे मिल सकता है ? अर्थात् पर से प्रमाणता मे वह पर प्रमाण स्वत प्रमाणांतर रूप है अत उसके लिये तृतीय की आवश्यकता न होने से अनवस्था असभव ही है।

[कथचित नित्यानित्यात्मक आत्मा मे अभ्यास—अनभ्यास दोनों ही सभव हैं।]

किसी विषय मे अभ्यास और अनभ्यास ज्ञाता—पुरुष के अदृष्ट विशेष—भाग्य विशेष के निमित्त से और देश कालादि की विशेषता से विद्यमान रूप प्रतीति मे आ रहे है। अर्थात ज्ञान मे पुन पुन सवाद का अनुभव होना अभ्यास है और न होना अनभ्यास है। वे दोनो दृष्ट—देश कालादि और अदृष्ट—भाग्य के निमित्त की विचित्रता से प्राणियो मे देखे जाते हैं।

[अभ्यास और अनभ्यास का लक्षण]

आत्मा क स्वार्थ सवेदन मे अपने अपने आवरणो का क्षयोपशम एकबार या पुन पुन होना अभ्यास कहलाता है। अथवा स्वार्थ व्यवसायात्मक ज्ञानावरण कर्म के उदय मे ज्ञान के नही होने पर अथवा एक बार ज्ञान के होने पर या पुन पुन ज्ञान के होने पर भी अनभ्यास देखा जाता है। अर्थात् मतिज्ञान मे जो चौथा भेद है उसका नाम धारणा है उस धारणा से सस्कार बने रहते हैं शीघ्र विस्मरण नहीं होता है उसी का नाम अभ्यास है। एव एकेन्द्रिय आदि जीवो के ज्ञानावरण कर्म का उदय विशेष

१ व्यवसायात्मकत्वपदेन संशयविपर्ययानध्यवसायव्यवच्छेद । २ अन्यप्रमाणात् । ३ प्रामाण्यसिद्ध । ४ विषये । ५ ज्ञाने भूय संवादानुभवनमभ्यासस्तदभावोऽनभ्यास । दृष्टादृष्टनिमित्तानां वैचित्र्यादिह देहिनाम् । जायते क्वचिदभ्यासोऽनभ्यासो वा कथंचन । ६ अदृष्ट पुण्यादिज्ञानावरणादिकम् । ७ बहुधानुभवविषयत्वं नीतावित्यर्थ । ८ क्रियाविशेषणम् ।

(1) प्रमाणं । (2) दृष्टादृष्टनिमित्तानां वैचित्र्यादिह देहिनां । जायते क्वचिदभ्यासोऽनभ्यासो वा कथंचन । (3) बाह्यात् ।

प्रसक्तेः । [1]स्वार्थव्यवसायावरणोदये[1] वाऽसंवेदने सकृत्संवेदने वा संवेदनपौनःपुन्येपि वाऽनभ्यासघटनात् । [2]पूर्वापर [1]स्वभावत्यागोपादाना[2]न्वितस्वभावस्थितिलक्षणत्वेनात्मनः[3] [4]परिणामिनोऽभ्यासानभ्यासाविरोधात । सर्वथा क्षणिकस्य नित्यस्य वा [5]प्रतिपत्तुस्तदनुपपत्तेर भीष्टत्वात्[6] । [7]नन्विदं सुनिश्चितासम्भवद्बाधकत्वं संवेदनस्य कथमसर्वज्ञो ज्ञातुं समर्थ इति चेत् [8]सर्वत्र सर्वदा सर्वस्य सर्वं संवेदनमसुनिश्चितासम्भवद्बाधकमित्यप्यसकलज्ञः कथं जानीयात् ?

रूप से देखा जाता है अतः वे ज्ञान शून्य के सदृश मालूम पड़ते हैं तथैव किसी को एक बार ज्ञान होना मतलब अवग्रह, ईहा, अवाय तक ज्ञान हो गया धारणा नहीं बनी या बार-बार ज्ञान होने पर भी धारणा नहीं बनने से संस्कार दृढ़ नहीं हो सकते हैं इसी का नाम अनभ्यास है ।

तथा हम आत्मा को सर्वथा नित्य नहीं मानते हैं अतः एक ही आत्मा में अभ्यास और अनभ्यास दोनों ही संभव है । पूर्व स्वभाव का त्याग और अपर स्वभाव का उपादान उन दोनों में अन्वितस्वभाव की स्थिति इन तीन लक्षणों से नित्यानित्य रूप—परिणमन शील आत्मा में अभ्यास और अनभ्यास विरुद्ध नहीं हैं— अविरोध रूप से सिद्ध है । सर्वथा नित्य अथवा सर्वथा क्षणिक रूप आत्मा में वे अभ्यास अनभ्यास दोनों ही असंभव हैं ऐसा हमें अभीष्ट ही है क्योंकि सर्वथा नित्य या क्षणिक में अनभ्यासात्मक ज्ञान का परिहार करके अभ्यासात्मक ज्ञान को प्राप्त करने में विरोध ही है ।

भावार्थ—तत्त्वोपप्लववादी ने आस्तिक्य वादियों के प्रमाणतत्त्व की परीक्षा करने के लिये चार प्रश्न रखे थे कि प्रमाण की प्रमाणता कैसे है निर्दोष कारणों से जन्य होने से ? इत्यादि । इन प्रश्नों को उठाकर उसने स्वयं सभी को दूषित कर दिया तब जैनाचार्य कहते हैं कि यदि हम इन कारणों से प्रमाण की प्रमाणता मानें तो ये उपर्युक्त दोष आवेंगे किंतु हम तो प्रमाण की प्रमाणता में अन्य ही कारण मानते हैं । वह अन्य कारण क्या है ? तब आचार्य ने कहा कि जिसमें बाधा का न होना सुनिश्चित है ऐसे सुनिश्चितासंभवद्बाधकत्व से हम प्रमाण की प्रमाणता मानते हैं एवं प्रमाण का लक्षण विद्यानंद स्वामी ने स्वार्थव्यवसायात्मक किया है जिसका अर्थ है स्व और अर्थ को निश्चय कराने वाला ज्ञान ही प्रमाण है । आचार्य अभ्यस्त परिचित दशा में ज्ञान की प्रमाणता स्वतः मानते हैं एवं अनभ्यस्त—अपरिचित दशा में पर से मानते हैं । आत्मा को सर्वथा क्षणिक मानने पर अभ्यास और अनभ्यास बन नहीं सकते हैं एवं सर्वथा नित्य मान्यता में भी अभ्यास अनभ्यास असंभव है क्योंकि एक अवस्था का त्याग करके दूसरी अवस्था को ग्रहण करना सर्वथा नित्य अथवा सर्वथा क्षणिक

---

१ पूर्वस्यैव हेत्वन्तरम् । २ व्यवसायो ज्ञानं तस्य । ३ ननु भो जैन नित्यस्यात्मनोऽभ्यासानभ्यासौ कथं स्यातामित्युक्ते जैन आह । ४ नित्यानित्यरूपस्य । ५ आत्मनः । ६ जैनस्य (अनभ्यासात्मकज्ञानपरिहारेणाभ्यासात्मकज्ञानप्राप्तिविरोधात् क्षणिकस्य नित्यस्य वा) ७ तत्त्वोपप्लववादी । ८ जैन ।

---

(1) पूर्वापरस्वभाव इति पा । (2) ईषु द्वि । (3) बस ।

[तत्त्वोपप्लववादी संशयं कृत्वा प्रमाणस्य प्रलयं कर्तुमिच्छति तस्य निराकरणं]

तत[1] एव संशयोऽस्त्विति चेत् सोपि[2] तथाभावेतरविषयः सर्वस्य[1] सर्वदा सर्वत्रेति[2] कथमसर्वज्ञः[3] शक्तोवबोद्धुम् ? स्वसंवेदने [4]तथावबोधात्सर्वत्र[3] तथावबोध इति चेत् [5]तर्ह्य-नुमानमायातं, विवादाध्यासितं संवेदनं सुनिश्चितासंभवद्बाधकत्वेतराभ्यां सन्दिग्धं, संवेदन-त्वादस्मत्संवेदनवदिति । [6]तच्च [7]यदि सुनिश्चितासंभवद्बाधकं सिद्धं तदा तेनैव साधनस्य व्यभिचारः । अथ न तथा सिद्धं [8]कथं साध्यसिद्धिनिबन्धनम् ? अतिप्रसङ्गात् । स्वसंवेदनं च प्रतिपत्तुः [9]किञ्चित् क्वचित् कदाचित् सुनिश्चितासंभवद्बाधकं [11]किञ्चित्तद्विपरीतं

में असंभव है ।

शून्यवादी—असर्वज्ञ मनुष्य ज्ञान के इस सुनिश्चितासंभवद्बाधकत्व को जानने में कैसे समर्थ हो सकते हैं ?

जैन—यदि आप ऐसा कहो तो सभी जगह सर्वदा सभी जीवों का सभी ज्ञान सुनिश्चितासंभवद् बाधक नहीं है इस बात को भी असर्वज्ञ—अल्पज्ञ कैसे जान सकेंगे ?

[तत्त्वोपप्लववादी संशय को करके प्रमाण का प्रलय करना चाहता है उसका निराकरण]

शून्यवादी—इसीलिये दोनों में संशय होने से दोनों के ही पक्ष असिद्ध हैं ।

जैन—तथाभाव-बाधा से रहित और अतथाभाव-बाधा से सहित को विषय करने वाला संशय सभी जीव को सर्व काल में सर्वत्र है इस बात को भी अल्पज्ञ कैसे जान सकेगा ?

शून्यवादी—स्वसंवेदन में सुनिश्चितासंभवद्बाधकत्व और असुनिश्चितासंभवद्बाधकत्व के द्वारा संदिग्ध प्रकार से सर्वत्र वैसा ही ज्ञान होता है ।

जैन—तब तो अनुमान ही आ गया । विवाद की कोटि में आया हुआ संवेदन सुनिश्चितासंभवद् बाधकत्व और इतर के द्वारा संदिग्ध है क्योंकि संवेदन है जैसे हम अल्पज्ञ लोगों का संवेदन । और वह यदि सुनिश्चितासंभवद्बाधकत्व सिद्ध है तब तो उसी से ही हेतु व्यभिचरित हो जाता है । यदि वैसा नहीं है अर्थात् सुनिश्चितासंभवद्बाधक सिद्ध नहीं है तब तो साध्य की सिद्धि में कारण ही हो जाता है अन्यथा अतिप्रसंग आ जाता है ।

और प्रतिपत्ता का कोई स्वसंवेदन ज्ञान क्वचित् कदाचित् सुनिश्चितासंभवद्बाधक रूप से प्रसिद्ध

---

१ (तत्त्वोपप्लववादी) उभयपक्षासिद्ध । २ जैन आह । ३ तत्त्वोपप्लववाद्याह । ४ सुनिश्चितासम्भवद्बाधकत्वेतराभ्यां सन्दिग्धत्वप्रकारेण । ५ जैन आह । ६ जैन । ७ संवेदनसाधनं सिद्धमसिद्धं वा ? यदि सिद्धं तदा तेनैव सन्दिग्धं न साध्यते अतः साधनस्य व्यभिचारः । अथ न सिद्धं तदा स्वयमसिद्धं साधनकारणम् । यद्यसिद्धमपि साधनं साध्यं साधयति तदातिप्रसङ्ग इति भावः । ८ असुनिश्चितासम्भवद्बाधकं चेदित्यर्थः । ९ तर्हीति शेषः । १ संवेदनम् । ११ असुनिश्चितासंभवद्बाधकत्वम् ।

---

(1) ज्ञानस्य । (2) विषये । (3) ज्ञाने ।

प्रसिद्ध न वा ? यदि न [1]प्रसिद्ध , कथ सन्देह[2] ? [3]क्वचिदप्रसिद्धोभय[1]विशेषस्य[4] [2]तत्सामान्य[1] दर्शनेनैव तत्परामर्शिप्रत्ययस्य सन्देहस्यासम्भवाद्भूभवनसवर्द्धितोत्थितमात्रस्य तादृश स्थाणु-पुरुषविषयसन्देहवत्[3] । [4]यदि [5]पुनस्तदुभय प्रसिद्ध [6]तदा स्वत परतो वा ? अभ्यासदशायां स्वतोऽनभ्यासदशाया परत एवेति चेत सिद्धमकलङ्कशासन [6]सर्वस्य सवेदनस्य [7]स्यात्स्वत स्यात्परत[7] प्रामाण्याप्रामाण्ययोर्व्यवस्थानात अन्यथा [8]क्वचिद्व्यवस्थातुमशक्ते ।

है अथवा किंचित् उससे विपरीत—असुनिश्चितासभवदबाधक रूप से प्रसिद्ध नही है क्या ? यदि प्रसिद्ध नहीं है तो संदेह कसे होगा ? जिसको किसी वस्तु मे उभय—स्थाणु और पुरुष दोनो की विशेषता अप्रसिद्ध है उसे उनके सामान्य को देखने से ही उसको परामश करने वाला सदेह ज्ञान असभव है जैसे भूभवन सवर्द्धित—तलघर मे पलकर बडा हुआ पुरुष उससे निकलते मात्र ही उस प्रकार के स्थाणु और पुरुष उभय विषय को देखकर सशय नही कर सकता है।

यदि आप शून्यवादी कहे कि स्थाणु और पुरुष दोनो ही प्रसिद्ध है। तब तो हम आप से पछते हैं कि वे दोनो स्वत प्रसिद्ध हैं या पर से ? यदि आप कहे कि अभ्यास दशा मे स्वत प्रसिद्ध हैं और अन भ्यास दशा मे पर से प्रसिद्ध हैं तब तो अकलकशासन—निर्दोष शासन सिद्ध हो गया अथवा अकलक देव का न्याय शासन सिद्ध हो गया। सभी ज्ञान मे कथचित स्वत और कथचित पर से प्रामाण्य और अप्रामाण्य की व्यवस्था मानी गई है। अन्यथा केवल स्वत अथवा केवल पर से यवस्था करना अशक्य है।

भावार्थ—तत्वोपप्लववादी का कहना है कि साधारण अल्पज्ञ मनुष्य यह कसे समझेंगे कि यह ज्ञान निश्चित रूप से बाधा रहित है। तब जनाचार्यों ने कहा कि भाई अल्पज्ञजन इस बात को भी कसे जानेंगे कि सभी का ज्ञान बाधा से रहित है यह बात अनिश्चित है। बस ! उपप्लववादी को मौका मिला उसने कहा इसलिये ज्ञान मे सवत्र सदेह देखा जाने से ही हम ज्ञान तत्त्व का प्रलय कह रहे हैं। तब आचाय ने कहा कि सभी को सवत्र ज्ञान मे सदेह ही है यह बात भी अल्पज्ञ कैसे जान सकते हैं ? फिर दूसरी बात यह है कि जिस विषय मे जिसको सदेह होता है उस विषय का पहले कभी उसे निश्चय अवश्य ही होना चाहिये था जैसे पहले जिसने ठूठ और मनुष्य को देखा है वही अकस्मात् किसी एक चीज को देखकर दूसरे का

१ क्वचिद्वस्तुनि। अज्ञातस्थाणुपुरुषत्वादे । २ तत्सामान्यादर्शिन इव इति पाठान्तरम। सामान्यादर्शिनो विशेषो पलम्भे सति सन्देहस्यानुपपत्तियथा तथा प्रकृतेपि। अथात्र दृष्टान्तोऽप्रसिद्ध इति न मन्तव्यं भूभवनेत्यादिलौकिकोदाहरण-प्रदर्शनात्। ३ तादृशो नरस्य यथा तत्र सन्देहो नोदेति। ४ तत्त्वोपप्लववादी। ५ स्थाणुपुरुषत्वे। ६ जैन। ७ कथञ्चित्-विवक्षितप्रकारेणाभ्यासदशापेक्षयेत्यर्थ । ८ केवलं स्वत एव परत एव वेति स्वीकारे।

(1) तर्हि। (2) सदेहानुपपत्ति दर्शयति। (3) ज्ञाने । (4) वस। (5) तु। (6) अकलंकशासनसिद्धि प्रदर्शयति। (7) अनभ्यासावस्थापेक्षया। (8) ज्ञाने।

[उपप्लववादी कश्चित् तत्त्वनिर्णयमनाश्रित्य परस्य तत्त्वस्य कथमुपप्लवं करोति संदेहो वा कथं विधत्ते ?]

एतेन तत्त्वोपप्लववादिन [1]किमदुष्टकारकसन्दोहोत्पाद्यत्वेन बाधकानुत्पत्त्या प्रवृत्तिसामर्थ्येनान्यथा [1]वेत्यादिविकल्पसन्दोहहेतुकप्रश्नानुपपत्ति [2] प्रकाशिता [3]स्वयमन्यत्रान्यदा [4]कथञ्चिदप्रतिपन्नतद्विकल्पस्य[1] पुन [4]क्वचित्तत्परामर्शिसंशयप्रत्ययायोगात । [5]क्वचित्कदाचिददुष्टकारकसंदोहोत्पाद्यत्वादिविशेषप्रतिपत्तौ तु [6]कुतस्तत्त्वोपप्लवसिद्धि ? [1]पराभ्युपगमात्प्रतिपत्त रदोष इति चेत स [5]तर्हि पराभ्युपगमो यदि प्रमाणात्प्रतिपन्न [6]स्वयं तदा कथं [7]प्रमाणप्रमेयतत्त्वोपप्लव ? पराभ्युपगमान्तरात्प्रतिपत्तौ तदपि पराभ्युपगमान्तरमन्यस्मात [8]पराभ्युपगमान्तरात्प्रतिपत्तव्यमित्यनवस्था ।

स्मरण करके सशय कर सकता है सवथा अज्ञात वस्तु मे या गधे के सीग आकाश के फूल में क्या संदेह होगा ? अतएव ज्ञान की प्रमाणता अभ्यास दशा मे स्वत एव अनभ्यास दशा मे पर से होती है । तथव ज्ञान की अप्रमाणता भी अभ्यास दशा मे स्वत अनभ्यासदशा मे पर से होती है यह बात सुनिश्चित सिद्ध है ।

[उप लववादी कुछ भी तत्व का निर्णय न करके पर के तत्त्वो का उपप्लव या पर के तत्त्व में संदेह कसे कर सकता है ?]

इस कथन से तत्त्वोपप्लववादी के जो प्रश्न हुए थे ज्ञान की प्रमाणता अदुष्टकारक समूह स उत्पन्न होती है या बाधक की अनुत्पत्ति स या प्रवत्ति की सामथ्य स अथवा अन्यथा अविसवादित्वादि प्रकार से होती है ? इत्यादि प्रश्न विकल्पो की व्यवस्था कथमपि शक्य नहीं—यह बात प्रकाशित कर दी गई है ।

स्वय अन्यत्र अन्यकाल मे कथचित् जिसने उन विकल्पो को नही जाना है उसको तत्परामर्शि सशय ज्ञान उत्पन्न नही हो सकता है । कही पर कदाचित् अदुष्ट कारक समूह से उत्पन्न होना आदि विशेष का ज्ञान हो जाता है ऐसा कहो तो आप शून्यवादी के यहा तत्त्वोपप्लव की सिद्धि कसे हो सकेगी ?

शून्यवादी—पर की स्वीकृति मात्र से उसका ज्ञान मानने से हमें कोई दोष नही है ।

जैन—यदि वह पर की स्वीकृति प्रमाण स स्वय जानी गई है तो प्रमाण और प्रमेयतत्त्व का उपप्लव कैसे होगा ? यदि कहो कि वह पर की स्वीकृति अन्य पर की स्वीकृति से जानी जाती है तब तो वह पर की स्वीकृति भी अन्य पर की स्वीकृति की अपेक्षा रखेगी इस प्रकार स अनवस्था ही आ जावेगी ।

१ अनधिगतवस्तुविकल्पस्य पुरुषस्य क्वचिदप्यवेद्ये वस्तुविचारे संशयो न घटते इति । २ तत्त्वोपप्लववादिन ।३ तत्त्वोपप्लववादी प्राह । ४ जैन । ५ तत्त्वोपप्लववादिना ।

(1) अथ । (2) पक्ष । (3) काले । (4) काले । (5) काले । (6) विकल्पचतुष्टय प्रमेयं तद्ग्राहक च विज्ञान प्रमाणं । (7) पराभ्युपगमस्य ग्राहकं प्रमाणं । (8) पराभ्युपगमात् इति पा. ।

[अधुनोपप्लववादिनः मतस्योपप्लवं कुर्वन्ति जैनाचार्याः]

परान्युपगमं [1]च स्वयं प्रतीयन्नेव न प्रत्येमीति ब्रुवाणः कथं स्वस्थः ? [1]स्वयमप्रतीयंस्तु परान्युपगमं [2]सत् [2]किञ्चित्प्रत्येतीति[1] दुरवबोधः--सोयं[4] किञ्चिदपि[3] स्वयं निर्णीतमनाश्रयन् [4]क्वचिद्विचारणायां व्याप्रियत इति[5] न [6]बुध्यामहे किञ्चिन्निर्णीतमाश्रित्य विचारस्यानिर्णीतविषये प्रवृत्तः । सर्वविप्रतिपत्तौ तु क्वचिद्विचारणानवतारात् । तदुक्तं "किञ्चिन्निर्णीतमाश्रित्य विचारोन्यत्र[6] वर्तते । सर्वविप्रतिपत्तौ तु क्वचिन्नास्ति विचारणा"* इति । [7]ततः सूक्तं तत्त्वोपप्लववादिनः स्वयमेकेन प्रमाणेन स्वप्रसिद्धेन परप्रसिद्धेन वा विचारोत्तरकालमपि प्रमाणतत्त्वं प्रमेयतत्त्वं चोपप्लुतं संविदतः एवात्मानं निरस्यन्तीति व्याहतिः[8] ।

[अब जैनाचार्य उपप्लववादी के मत का ही उपप्लव कर रहे हैं ।]

इस प्रकार से पर की स्वीकृति को स्वयं अनुभव करते हुये ही आप "मैं अनुभव नहीं करता हूं" इस प्रकार बोलते हुये स्वस्थ कैसे हैं ? अर्थात् अस्वस्थ ही हैं । तथा यदि आप स्वयं पर की स्वीकृति को विषय न करते हुए भी "कोई उस पर स्वीकृति से किंचित् वस्तु मात्र का अनुभव करता है" इस प्रकार से कहते हैं तब तो यह बात अत्यन्त दुष्कर ही है ।

इस प्रकार से आप शून्यवादी कुछ भी स्वयं निश्चित (गांठ के तत्त्व) का आश्रय न लेते हुये किसी भी विषय की परीक्षा में प्रवृत्त होते हैं यह बात हमारी समझ में नहीं आती है । अर्थात् आप शून्यवादी के यहां कुछ प्रमाणादि की प्रसिद्धि हुये बिना अन्य हम लोगों के यहां परीक्षा और संदेह करना कदापि शक्य नहीं है क्योंकि किंचित् भी निश्चित का आश्रय लेकर अनिर्णीत विषय में परीक्षा होती है किन्तु सभी जगह विसंवाद हो जाने पर तो कहीं पर परीक्षा भी नहीं हो सकती है अथवा अक्षर ज्ञान से शून्य मूर्ख क्या शास्त्रीय परीक्षा में बैठे हुये विद्यार्थियों की परीक्षा कर सकता है ? कहा भी है—**कहीं कुछ निश्चित का आश्रय लेकर अन्यत्र—अनिश्चित अर्थ में विचार—परीक्षा होती है और यदि सभी जगह विसंवाद हो जावे तो कहीं पर भी परीक्षा नहीं हो सकती है।** ।

इसलिये यह ठीक ही कहा है कि ये तत्त्वोपप्लववादी स्वयं स्वप्रसिद्ध एक प्रमाण से अथवा पर प्रसिद्ध एक प्रमाण से विचार—परीक्षा के उत्तरकाल में भी प्रमाण तत्त्व और प्रमेयतत्त्व को उपप्लुत—नष्ट—प्रलय—अभाव—शून्यरूप जानते हुये अपनी आत्मा का ही अभाव कर लेते हैं । आपको इस बात से

१ अप्रतिपत्तिविषयीकुर्वन् । २ परान्युपगमात् । ३ वस्तुमात्रम् । ४ तत्त्वोपप्लववादी । ५ शून्यवादिनः स्वप्रसिद्धेन विनान्यत्र विचारः सन्देहश्च न प्राप्नोतीत्यर्थः । ६ अनिर्णीतविषये ।

(1) किं च । (2) विकल्पचतुष्टयविशेषं । (3) वस्तुमात्रं । (4) ज्ञानप्रामाण्ये । (5) च न इति पा. । (6) तत्स्वरूपं । (7) शून्यवादिनः स्वप्रसिद्धेन विनान्यत्रविचारः संदेहश्च न प्राप्नोति यतः । (8) व्याहतमेतदिति इति पा. ।

यह शून्यवाद नष्ट हो जाता है।

भावार्थ—तत्त्वोपप्लववादी का कहना है कि सभी प्रमाण तत्त्व एव प्रमेयतत्त्व अभाव रूप ही हैं क्योंकि किंचित् भी तत्त्व न तो प्रमाण से सिद्ध है न अनुमान से। इत्यादि प्रकार से तत्त्वों का अभाव करके वह कहता है कि हम आस्तिकवादी लोगो के द्वारा मा य प्रमाण तत्त्व पर विचार करते हैं कि आप सभी जन प्रमाण की प्रमाणता को किस प्रकार से सिद्ध करते हैं निर्दोष कारणो से उत्पन्न होने से या बाधा के उत्पन्न न होने से प्रवृत्ति की सामथ्य से अथवा अ वसवादी पने से ? इन चारों हेतुओं से ज्ञान मे प्रमाणता नही आ सकती है । अत ज्ञान की प्रमाणता की सिद्धि न होने से प्रमेयतत्त्व ज्ञेय पदाथ भी सिद्ध नही हो सकते हैं। क्योकि ज्ञान के बिना ज्ञ य पदार्थ कहां से सिद्ध होग ? पुन उसने इस बात को भी सिद्ध किया कि हम शू यवादियो का तत्त्व सवथा ही परीक्षा करने योग्य नही है क्योकि वह अभाव—शू य रूप है हम तो तत्त्ववादी जनादिको के द्वारा स्वीकृत प्रमाण प्रमेयतत्त्व की परीक्षा करके उसका अभाव सिद्ध कर देते है उसी से ही हमारे शू यवाद की सिद्धि हो जाती है।

इस पर जनाचार्यों ने उत्तर दिया है कि हम लोग निर्दोषकारक ज य आदि हेतुओ से प्रमाण की प्रमाणता नही मानते है किंतु सुनिश्चितासभवदबाधकरूप स्वाथ व्यवसायात्मक ज्ञान की प्रमाणता अभ्यास दशा मे स्वत एव अनभ्यासदशा मे पर से मानते है अत प्रमाणतत्त्व भी सिद्ध है एव प्रमेयतत्त्व भी षड्द्रव्यरूप अखिल जगतरूप से सिद्ध ही है क्योकि प्रतीतेरपलाप कत्तु न शक्यते कश्चित इस सूक्तिके अनुसार जो स्पष्ट रूप सेअनुभव मे आ रहा है उसका लोप करना शक्य नही है। एव जो शू यवादी किसी वस्तु को मानने को ही तयार नही हैं तो उ ह किसी भी विषय मे परीक्षा करने का भी अधिकार नही है क्योकि जो स्वय अपने आपके ही अस्तित्व को नही मानते हैं वे किसी भी विषय मे अस्ति-नास्ति की परीक्षा भी कसे कर सकग ? यदि जबरदस्ती करग तो फिर ब ध्या का पुत्र भी आकाश के फूलो की सुगधि या दुगधि की परीक्षा कराते बठगा या वह आकाशपुष्प भी किसी के गले का हार बनेगा और किसी के सिर पर चढने का प्र यत्न कर डालेगा किंतु ऐसा तो सभव नही है अत शू यवादी जन भी अपना शून्यवाद स्थापन करत हैं यह कथन हास्यास्पद ही है।

तत्त्वोपप्लववादी के खंडन का सारांश

तत्त्वोपप्लववादी—हम प्रमाण प्रमेयादि कुछ भी तत्त्व नही मानते है क्योकि सभी तत्त्व उपप्लुत-नष्ट अभाव रूप ही है।

जैन— सभी तत्त्व उपप्लुत हैं यह कथन प्रमाण के बिना केवल वचनमात्र से ही सिद्ध है तथैव "सभी तत्त्व अनुपप्लुत हैं यह बात भी वचन मात्र से ही क्यो न सिद्ध हो जावे ? आप शून्यवादी के यहाँ कोई प्रमाण तो है नही। प्रत्यक्ष को विषय करने वाला प्रत्यक्ष अनुमेय को विषय करने वाला अनुमान और अत्यत परोक्ष को विषय करने वाला आगम ये तीनो प्रमाण—सर्वज्ञ कहलाते है। यदि आप कहे कि पर के यहाँ प्रसिद्ध प्रमाण से हम अभाव—शून्यवाद सिद्ध कर देगे तो वह पर के यहा प्रसिद्ध प्रमाण प्रमाण से सिद्ध है या नही ? यदि सिद्ध है तो वादी प्रतिवादी सभी को सिद्ध है अन्यथा—असिद्ध है तो सभी को असिद्ध है क्योकि बिना प्रमाण के सिद्ध हम जैनो को कुछ भी मान्य नही है। इस प्रकार से आप शून्य वादी सकल तत्त्वों के जानने वाले प्रमाणो से रहित सभी पुरुषो को जानते हुए स्वय आपका ही खडन कर लेते हैं क्योंकि सभी पुरुष तत्त्वो के ग्राहक प्रमाण से रहित हैं ऐसा जिसने जान लिया वही तो प्रमाण—सर्वज्ञ सिद्ध हो गया और यदि आप प्रमाण को स्वीकार कर लेवे तब तो तत्त्वोपप्लव ही समाप्त हो जावेगा।

यदि आप कहे कि प्रमाण की प्रमाणता स्वत व्यवस्थित है तो सभी के इष्ट तत्त्व सिद्ध हो जावेगे। अच्छा ! हम शून्यवादी आप जैनो से पूछते हैं कि प्रमाण की प्रमाणता कैसे जानी जाती है ? निर्दोषकारक से जन्य होने से बाधा की उत्पत्ति न होने से प्रवृत्ति की सामर्थ्य से या अविसवादी पने से ?

यदि प्रथम पक्ष लेवो तो कारको की निर्दोषता कैसे जानी ? प्रत्यक्ष से या अनुमान से ? प्रत्यक्ष से तो अतीन्द्रिय निर्दोषता का ग्रहण नही है एव अविनाभावी लिंग न होने से अनुमान भी नही बता सकता। दूसरा पक्ष लेवो तो मरीचिका मे भी यह जल नही है ऐसा बाधक कारण न होने से प्रमाणता आ जावेगी।

प्रवृत्ति की सामर्थ्य से ज्ञान मे प्रमाणता मानने से भी अनवस्था आती है तथा चतुर्थ पक्ष भी बाधित ही है। यहाँ पूर्व के दो पक्ष मीमासक की अपेक्षा है। तीसरा पक्ष नैयायिक से सबधित है एव चौथा पक्ष बौद्धो के खडन के लिये है।

मीमांसक प्रमाण की प्रमाणता स्वत मानता है नैयायिक पर से मानता है एव बौद्ध अर्थक्रिया सद्भाव लक्षण अविसवाद ज्ञान को अभ्यास दशा मे स्वत प्रमाण कहता है किन्तु बौद्ध के यहा उत्पन्न होते ही ज्ञान उसी क्षण में नष्ट हो जाता है अत अभ्यास असम्भव है यदि सन्तान से कहो तो वह अवस्तु है।

इस पर जैनाचार्य कहते हैं कि आप शून्यवादी का कथन शून्यरूप व्यर्थ ही है। हम स्याद्वादी ज्ञान की प्रमाणता 'अदुष्टकारकसदोहजन्य' इत्यादि चार कारणो से नहीं मानते हैं। हम तो 'सुनि

विपरीत संभवद्बाधक प्रमाण' से प्रमाण की प्रमाणता सिद्ध करते हैं क्योंकि 'ज्ञान स्वार्थव्यवसायात्मक है' यह उपर्युक्त हेतु से सिद्ध है। तथा हमारे यहां अभ्यस्त विषय में स्वत और अनभ्यस्त विषय में पर से प्रमाणता आती है तथा असभवद्बाधकत्व स्वत सिद्ध है इसलिये अनवस्था एवं इतरेतराश्रय दोष सभव नहीं है। पर से प्रमाणता मानने मे वह पर प्रमाण स्वत प्रमाण रूप है इसलिये भी अनवस्था नही आती है।

आत्मा का स्वाथ सवेदन में अपने २ आवरणो का क्षयोपशम एक बार या पुन पुन होना अभ्यास है इससे विपरीत अनभ्यास ह। हम आत्मा को कथचित नित्यानित्य मानत हैं अत अभ्यास-अनभ्यास दोनो ही सभव हैं। पूव स्वभाव का त्याग और अपर स्वभाव का उपादान तथा दोनो में अन्वित स्वभाव स्थिति इन तीनो लक्षणो मे नित्यानित्य आत्मा मे अभ्यास अनभ्यास दोनो ही सभव हैं। अत आप शून्य वादी कुछ भी स्वय निश्चित तत्त्व का आश्रय न लेत हुये भी हम जनो के यहा तत्त्व मे परीक्षा या सदेह करत हैं या नहीं मानकर शून्य कहत हैं यह कथमपि शक्य नही है क्योकि कहीं अपने यहां कुछ निश्चय का आश्रय लेकर ही अन्यत्र अनिश्चित विषय मे परीक्षा होती है। इसलिये सभी प्रमाण प्रमेय तत्त्व को उपप्लुत—बाधित या प्रलयरूप कहत हुये आप अपनी आत्मा का ही घात कर लेते है। अत तत्त्वोपप्ल ववादकात श्रयस्कर नही है।

[जैनमतमन्तरेण सर्वेऽपि मतावलंबिनस्तीर्थच्छेदसंप्रदाया भवन्तीति साध्यते जैनाचार्यैः]

[1]तदेवं कारिकाव्याख्यानमनवद्यमवतिष्ठते । [2]तीर्थच्छेदसम्प्रदायानां तथा सर्वमभ्युपगन्तुमिच्छतामाप्तता[1] नास्ति परस्परविरुद्धाभिधानात्, एकानेकप्रमाणवादिनां [2]स्वप्रमाव्यावृत्तेरिति[4]* । [5]एकप्रमाणवादिनो हि संवेदनाद्वैतावलम्बिनश्चित्राद्वैताश्रयिणः परब्रह्मशब्दाद्वैताभिधायिनश्च सुगतादयो यथा तीर्थच्छेदसम्प्रदायास्तथा प्रत्यक्षमेकमेव प्रमाणमिति वदन्तोऽपि चार्वाकाः परमागमनिराकरणसमयत्वात्[3] । यथा च कपिलादयोनेकप्रमाणवादिनः

[सर्वज्ञ सामान्य की सिद्धि मे विसंवाद करने वाले मीमांसक चार्वाक और तत्त्वोपप्लववादियों के यहाँ आत्मा के सद्भाव को सिद्ध करके इस समय उस सर्वज्ञ विशेष मे विसंवाद करने वाले सौगत साख्यादि के प्रति सर्वज्ञ के सद्भाव को सिद्ध करते हैं । एवं जैनमत के सिवाय अन्य सभी मतावलंबी जन तीर्थच्छेद संप्रदाय वाले हैं इस बात को जैनाचार्य सिद्ध करते हैं ।]

उपर्युक्त प्रकार से कारिका का व्याख्यान निर्दोष सिद्ध हो जाता है ।

"तीर्थच्छेद संप्रदाय वाले तथा सभी को सर्वज्ञ मानने वालों के आप्तता नहीं है क्योंकि उनके कथन परस्पर में विरुद्ध हैं तथा एक और अनेक प्रमाणवादियों के यहाँ अपने प्रमा-ज्ञान की व्यावृत्ति हो जाती है ।*

[एक ही प्रमाण को मानने वाले कौन-कौन हैं ?]

संवेदनाद्वैतवादी चित्राद्वैतवादी परमब्रह्माद्वैतवादी और शब्दाद्वैतवादी बौद्ध आदि एक प्रमाणवादी हैं । जैसे ये एक प्रमाण मानने वाले तीर्थच्छेद संप्रदाय वाले है वैसे ही प्रत्यक्ष एक ही प्रमाण है ऐसा कहने वाले चार्वाक भी तीर्थच्छेद संप्रदाय वाले हैं क्योंकि वे परमागम के समय-संप्रदाय का निराकरण करने वाले हैं ।

[अनेक प्रमाण को मानने वाले कौन कौन हैं ?]

जैसे कपिल आदि अनेक प्रमाणवादी तीर्थच्छेद संप्रदाय वाले है वैसे ही तत्त्वोपप्लववादी भी हैं क्योंकि उन लोगों ने एक भी प्रमाण नहीं माना है । नैक प्रमाणवादिनोऽनेकप्रमाणवादिनः ऐसा व्याख्यान है । अर्थात् न एक प्रमाण अनेकप्रमाण ऐसा नञ् समास करने पर यहाँ प्रसज्यप्रतिषेध अर्थ लेना अर्थात् सर्वथा ही निषेध अर्थ होता है ।

तथा सभी आप्त आगम और पदार्थ के समूह को स्वीकार करने की इच्छा करते हुए भी अनेक प्रमाणवादी वैनयिकजन तीर्थच्छेदसंप्रदाय वाले हैं । उन सभी मे आप्तपना नहीं है क्योंकि वे सभी

१ वक्ष्यमाणप्रकारेण । २ सर्वज्ञसामान्ये विप्रतिपत्तिमतां मीमांसकचार्वाकतत्त्वोपप्लववादिनामात्मत्वसद्भावं प्रसाध्येदानीं तद्विशेषविप्रतिपत्तिमतां सौगतादीनां निर्वचनं साधयति तीर्थेत्यादिना । ३ समय सम्प्रदाय ।

(1) कारिकास्थितस्य सर्वेषामिति पदस्य विवरणमिदं सर्वमिच्छतामिति सर्वपस्तेषामिति निर्वचनात् । (2) स्वेन स्वकीयपरिच्छित्त्यभावात् । (3) प्रमिति । (4) विघटनात् । (5) एकतत्त्ववादिनः ।

स्तीर्थच्छेदसम्प्रदायास्तथा तत्त्वोपप्लववादिनोपि तैरेकस्यापि प्रमाणस्यानभिधानात् 'नक प्रमाणवादिनोऽनेकप्रमाणवादिन इति व्याख्यानात। तथा 'सवमाप्तागमपदार्थ[1]जातमवगन मिच्छन्तोप्यनेकप्रमाणवादिनो' वनयिकास्तीर्थच्छेदसम्प्रदाया । तेषामशेषाणामाप्तता[4] नास्ति परस्परविरुद्धयोरथयोरभिधानात ।

परस्पर विरुद्ध दो अर्थों का कथन करने वाले हैं।

भावार्थ—विश्व मे दो प्रकार के दशन प्रचलित हैं। १ आस्तिक २ नास्तिक। आत्मा के अस्तित्व को मानने वाले सभी आस्तिक कहलाते है एव जो आत्मा का अस्तित्व तथा परलोक आदि नही मानते हैं वे नास्तिक कहलाते है। इस व्याख्या से चार्वाक भूतचतुष्टयवादी होने से आत्मा का अस्तित्व नहीं मानते है अत नास्तिक हैं तथा तत्त्वोपप्लववादी तो आत्मा परमात्मा स्वय की आत्मा एव जड पदार्थ आदि किसी का भी अस्तित्व नही मानते हैं अत ये भी नास्तिक हैं इन दोनो के यहा सर्वज्ञ मानने का प्रश्न ही नही उठता है किन्तु वदिक सप्रदाय मे एक मीमासक सप्रदाय वाले है जो किसी भी पुरुष को अतीन्द्रिय सवज्ञ मानने को तयार नही है। ये तीनो सवथा ही सवज्ञ के अभाव को करने वाले हैं और बौद्ध साख्य एव वशेषिक ये लोग सवज्ञ सवदर्शी तो मानते है किन्तु इनकी मान्यताय सुघटित नही है इनके द्वारा मान्य बुद्ध भगवान महेश्वर आदि सच्चे सवज्ञ नही हो सकते है। इसलिए इन सभी के सिद्धांत धमतीथ का विनाश करने वाले होने से ये सभी लोग तीथच्छेद सप्रदाय वाले कहे गये है। ब्रह्माद्वतवादी आदि सभी अद्वतवादी एक अद्वत रूप ही जगत् मानते हैं कोई ब्रह्मरूप कोई शब्दरूप एव कोई ज्ञानरूप इत्यादि। इसलिए ये सभी अद्वैतवादी एक प्रमाणवादी कहलाते हैं इसी प्रकार चार्वाक भी एक प्रत्यक्ष प्रमाण ही मानता है क्योकि उसके यहा पाच इन्द्रियो के ज्ञान के सिवाय कोई बात प्रमाणीक है ही नही अत यह चार्वाक भी एक प्रमाणवादी है।

बौद्ध साख्य मीमासक आदि दो तीन चार आदि प्रमाण मानते हैं इसलिए ये सभी अनेक प्रमाण वादी है। यहा पर तत्त्वोपप्लववादी को अनेक प्रमाणवादी कहने का मतलब यह है कि वह एक भी प्रमाण नही मानता है इसलिए व्याकरण के नञ समास के अनुसार ही यह व्याख्या है जसे न उदर यस्या असौ अनुदरा कन्या जिसके उदर नही है वह अनुदरा है मतलब जिसका पेट छोटा है यहा पर नञ का अथ किंचित् रूप है और ऊपर अनेक प्रमाणवादी मे नञ का अथ सर्वथा निषध रूप है। अत अनेक शब्द का बहुत वाची अथ न एक भी नही ऐसा अथ हो जाता है। यह लक्षण मात्र तत्त्वोपप्लववादी के लिये ही घटित करना है।

---

१ तथापि तत्त्वोपप्लववादिनामनेकप्रमाणत्वं कथमित्यत आह नैकेति। प्रसज्यप्रतिषेधोत्र। २ समूहम्। ३ अभ्युपगतम्। स्वीकृतमित्यर्थः। ४ सत्यता संवादकता।

---

(1) अभ्युपगतं। सर्वं विद्यते सर्वसमीचीनमस्तीति भाव।

[सर्वथाऽद्वैतवादिनां निराकरणं]

तत्र संवेदनाद्वैतानुसारिणि[1] स्वपक्षसाधनस्य परपक्षदूषणस्य [2]वा सविदद्वैतविरुद्धस्याभिधानं[3], [1]तथा[4] द्वैतप्रसिद्धे । संवृत्त्या[5] तदुपगमे न परमार्थत सविदद्वैतसिद्धिः, [5]अतिप्रसङ्गात् । एतेन चित्राद्वैतपरब्रह्माद्यवलम्बिना परस्परविरुद्धाभिधान प्रतिवर्णितम् ।

एक वैनयिक मतवाले हैं जो कि सभी के भगवान को सभी के गुरु और आगम को मानते हैं तथा सभी के मान्य पदार्थ भी स्वीकार कर लेते हैं और सभी की विनय भक्ति करते हैं किन्तु ये भी तीर्थ का विनाश करने वाले हैं क्योंकि प्राय सभी के मत परस्पर मे एक दूसरे के विपरीत ही है अत सभी को तो सर्वज्ञ माना नहीं जा सकता है ।

[अद्वैतवादियो का खण्डन]

संवेदनाद्वैतवादी के यहा स्वपक्ष साधन अथवा परपक्षदूषण वचन सवेदनाद्वैत से विरुद्ध ही है क्योंकि उस प्रकार मानने पर तो द्वैत का ही प्रसग आ जाता है और सवृति से उसे स्वीकार करने पर परमार्थ से संवेदनाद्वैत सिद्ध नही होगा अन्यथा अतिप्रसग आ जावेगा । अर्थात स्वपक्ष साधन अथवा पर पक्ष दूषण के होने पर द्वैत का प्रसग आता है । इस दोष को दूर करते हुये यदि आप बौद्ध कल्पना से द्वैत को स्वीकार कर तब तो सवेदनाद्वैत की सिद्धि भी कल्पना से ही होगी न कि निश्चय से ।

इसी कथन से चित्राद्वैतवादी ब्रह्माद्वैतवादी के यहाँ भी परस्पर विरुद्ध कथन पाया जाता है उसका भी निराकरण कर दिया है ।

विशेषार्थ—जो एक रूप ही सारे विश्व को मान लेते हैं वे एक प्रमाणवादी कहलाते है । ये सभी अद्वैतवादी हैं इनमें पाँच भेद हैं—विज्ञानाद्वैतवाद चित्राद्वैतवाद शून्याद्वैतवाद ब्रह्माद्वैतवाद और शब्दाद्वैतवाद । यहाँ सक्षेप से इनका वर्णन करते हैं यथा—

[विज्ञानाद्वैतवाद का खडन]

विज्ञानाद्वैतवादी का कहना है कि अविभागी एक बुद्धि मात्र को छोडकर जगत मे और कोई पदार्थ है ही नहीं इसलिये एक विज्ञानमात्र तत्त्व ही मानना चाहिये । ऐसे एक विज्ञानमात्र तत्त्व को ग्रहण करने वाला ज्ञान ही प्रमाण है । उसका कहना है कि हम अर्थ का अभाव होने से ज्ञान मात्र तत्त्व माने ऐसी बात नहीं है, किन्तु अर्थ और ज्ञान एकत्र उपलब्ध होते हैं अत इनमें अभेद माना है । जो प्रतिभासित होता है वह ज्ञान है क्योंकि प्रतीति मे आ रहा है जैसे सुखादि और नीलादि प्रतीत हो रहे हैं अत वे भी ज्ञान ही हैं इस अनुमान के द्वारा समस्त पदार्थ एक ज्ञानरूप सिद्ध हो जाते हैं ।

१ तथा सति । २ स्वपक्षसाधने परपक्षदूषणे वा सति द्वैतप्रसङ्ग निराकुर्वन् यदि कल्पनया द्वैतमङ्गीकुर्वन्तिदा संविदद्वैतसिद्धिरपि कल्पनयैव सिद्धयेन्न निश्चयेनेत्यर्थ ।

(1) वा । (2) वा स्थाने च इति पाठांतर ब्यावरपुस्तके । (3) विरुद्ध । एकानेकप्रमाणवादिनां स्वप्रमाणप्रकृतेरिति संबन्ध । (4) प्रमाणप्रमेयभेदेन । (5) कल्पितात्कस्यचित् सिद्धौ निरस्तस्यापि तत्त्वस्य कल्पितात्सिद्धिप्रसंगः ।

आप द्वैतवादी—जैन आदि लोग "अहं प्रत्यय" से आत्मा को सिद्ध करते हैं, किन्तु वह अहं प्रत्यय कैसा है ? गृहीत है या अगृहीत, निर्व्यापार है या व्यापार सहित, निराकार है या साकार ? इत्यादि रूप से अनेक प्रश्न उत्पन्न होते हैं।

यदि आप जैन कहें कि 'अहं प्रत्यय' गृहीत है तो भी प्रश्न उठेगा कि स्वगृहीत है या पर से ? इत्यादि प्रश्नमालाओं का विराम नहीं हो सकेगा।

विज्ञानाद्वैतवादी के इस सिद्धान्त को सुनकर जैनाचार्य उत्तर देते हैं कि भाई ! आप ज्ञानमात्र ही तत्त्व मानते हो तो केवल वचन मात्र से ही मानते हो या प्रमाण से ? यदि वचन मात्र से कहो तो सभी अपने-अपने वचनों से अपने-अपने तत्त्वों की मान्यता को सच्ची कह रहे हैं पुनः सारा विश्व एक विज्ञान रूप ही कहां रहा ? यदि कहो कि प्रमाण से हम एक विज्ञान तत्त्व को सिद्ध करते हैं तब तो प्रत्यक्ष से या अनुमान से ? प्रत्यक्ष प्रमाण से तो आप सम्पूर्ण पदार्थों का अभाव सिद्ध नहीं कर सकते हैं क्योंकि प्रत्यक्ष तो बाह्य पदार्थों के अस्तित्व को ही सिद्ध कर रहा है न कि बाह्य पदार्थों के अभाव को। अनुमान से भी आप अंतरंग बहिरंग पदार्थों (चेतनाचेतन) को समाप्त नहीं कर सकते हैं क्योंकि जो बात प्रत्यक्ष से बाधित है। यदि अनुमान उसमें प्रवृत्ति करेगा तो बाधित पक्षवाला अनुमानाभास हो जावेगा।

आपने जो कहा कि पदार्थ और ज्ञान एक साथ उपलब्ध हो रहे हैं अतः एक हैं यह मान्यता भी गलत है क्योंकि जो पदार्थ एक साथ हों वे एक ही हो यह नियम बन नहीं सकता है। रूप और प्रकाश एक साथ हैं किन्तु एक नहीं हैं। इसके अतिरिक्त ! बाह्य पदार्थ न होते हुये भी अंतरंग में सुखादि का अस्तित्व पाया जाता है। सामने महल भोजन आदि समान होते हुये भी उनका ज्ञान पाया जाता है। तथा सर्वज्ञ का ज्ञान और ज्ञेय एक साथ होने से क्या एकमेक हो जावेंगे ? अर्थात् नहीं। आपने जो 'अहं प्रत्यय' का खंडन किया है वह भी गलत है मैं ज्ञानमात्र तत्त्व को जानता हूं इस आपकी मान्यता में तो अहं—मैं शब्द आ ही गया है फिर आपने जो प्रश्न उठाये हैं वे भी कुछ विशेष महत्त्व नहीं रखते हैं। देखिये ! आपने जो प्रथमतः प्रश्न किया है कि अहं प्रत्यय गृहीत है या अगृहीत ? सो अहं प्रत्यय स्वयं ही सबको गृहीत है मैं जानता हूं मैं जाता हूं मैं खाता हूं मैं पढ़ता हूं मैं सुखी हूं मैं दुःखी हूं इत्यादि से सभी को मैं शब्द का अनुभव स्वयं ही आ रहा है एवं अपने को और पर को जानने वाला होने से यह 'अहं प्रत्यय' व्यापार सहित है इत्यादि।

दूसरी बात यह है कि एक ज्ञान मात्र ही तत्त्व को मानने पर तो सबसे बड़ी आपत्ति यह आती है कि वही ज्ञान ग्राह्य और ग्राहक रूप से दो रूप सिद्ध हो जाता है पुनः अद्वैतवाद सिद्ध न होकर द्वैत सिद्ध हो जाता है। तथा एक यह भी बाधा आती है कि ज्ञान ही जब ग्राह्य और ग्राहक बन गया तब बाह्य पदार्थों के उठाना, रखना, फेंकना, पकड़ना आदि जो कार्य देखा जाता है वह कैसे संभव होगा ? ज्ञान मात्र में लड्डू के जानने से किसी को आज तक उसका स्वाद नहीं आया है। जब सभी पदार्थों के आकार

ज्ञानमात्र में ही हैं तब तो पदार्थ के अभाव मे अनेको क्रियाय सभव नही हो सकगी।

इस पर बौद्ध ने कहा है कि भाई ! जितने भी काय दिख रहे है वे सब कल्पना मात्र हैं केवल संवृत्ति से ही दिख रहे हैं। तब तो भाई ! आप का विज्ञान तत्त्व भी कल्पना मात्र ही रहा। यदि एक ज्ञान तत्त्व को वास्तविक कहोगे और सभी को कल्पना मात्र कहोगे तब भाई ! कहने वाले आप और सुनने वाले हम सभी कल्पित ही रहेंगे तो आपका तत्त्व प्रतिपादन एव उसकी व्यवस्था भी कल्पित हो सिद्ध होगी। इसलिये जगत को चेतन अचेतन स अतरग बहिरग तत्त्व रूप मानना ही पड़गा और विज्ञान मात्र तत्त्व को कल्पित सिद्ध करके वास्तविक द्वैत की सिद्धि ही निर्बाध सिद्ध हो जावेगी।

चित्राद्वैतवाद

बौद्धो के यहा विज्ञानाद्वैतवाद के समान ही चित्राद्वैतवाद भी है। इन दोनो मे भेद इतना ही है कि विज्ञानाद्वैतवादी ज्ञान मे होने वाले नीलादि घटपटादि आकारो को भ्रात-कल्पित-झूठ मानते है और चित्राद्वैतवादी उन आकारो को सत्य मानता है किंतु दोना के यहा अद्वैत का साम्राज्य है।

चित्राद्वैतवादी का कहना है कि अनेक नीलादि आकार का धारण करन वाली एक बुद्धि ही एक मात्र तत्त्व है। ससार मे और कुछ भी तत्त्व नही है।

इस मान्यता पर जैनाचार्यों का कहना है कि भाई ! चित्र ज्ञान भी कहो और एक ज्ञान भी कहो यह बात तो परस्पर विरुद्ध ही है। जब चित्रज्ञान है तब उसमे अनेको आकार पाये जाते हैं। पुन आप उसे अद्वैत नही कह सकते है। यदि चित्रज्ञान के अनेक आकारो को सवृत्तिरूप कहो तब तो आपका अद्वैत भी सवृत्ति रूप ही सिद्ध होगा। इसलिये क्रम तथा अक्रम से नीलादि अनेक पदार्थ के आकार को ग्रहण करने वाले ज्ञान से युक्त एक आत्मा का ही अस्तित्व मान लो साथ ही साथ बाह्य पदार्थों को भी वास्तविक मानकर द्वैत सिद्धांत मे आ जाओ क्योंकि चित्राद्वैत की सिद्धि होना कथमपि शक्य नही है।

शून्याद्वैतवाद

बौद्ध के चार भेदो में से एक माध्यमिक है यह सकल जगत को शून्यरूप ही मानता है इसका कहना है कि जगत मे चेतनाचेतन आदि सभी पदार्थ काल्पनिक हैं इन्द्रजाल के समान है अतएव यह सारा जगत शून्यरूप ही है। यह शून्यवादी एक ज्ञान मे अनेक आकार भी नही मानता है।

इस पर जैनाचार्य ने समझाया है कि भाई ! यदि एक ज्ञान मे अनेक आकार नही मानोगे तो नील कमल के एक अंश का ग्राहक ज्ञान उसी कमल के दूसरे अंश को ग्रहण नही कर सकेगा अन्यथा एक ज्ञान में अंश की अपेक्षा अनेक आकार आ जावेगे और यदि एक ज्ञान एक समय मे कमल के एक ही अंश को ग्रहण करेगा तो अन्य सभी अंशो को ग्रहण न कर सकने से उस कमल का अस्तित्व नही सिद्ध होगा और न कमल दीखेगा एव प्रमाण जिसे ग्रहण नही करेगा वह प्रमेय रूप भी कैसे होगा और जब प्रमेय का अस्तित्व नहीं मानोगे तो ये ग्राम नगर बगीचे मनुष्य पशु, पक्षी आदि जो दिख रहे हैं उनका लोप आप कैसे करगे ? ससार में प्रतीति के बल से सभी वस्तुओ का अस्तित्व प्राय सभी वादी प्रतिवादी मान

लेते हैं आप लिखते हुये सारे विश्व को शून्य रूप कहते हुये तो पहले आप अपने आपको समाप्त कर लेंगे एवं शून्यवाद का अस्तित्व भी सिद्ध नही हो सकेगा। यदि शून्यवाद का अस्तित्व मानोगे तब तो सर्वथा इसका खंडन तो अभावैकांत का निरसन करते समय आचाय स्वय ही बहुत ही सुदर ढग से करेंगे।

"ब्रह्माद्वैतवाद

ब्रह्माद्वैतवादी का कहना है कि यह सम्पूण विश्व एक परमब्रह्मस्वरूप ही है। जगत् में जो कुछ भी प्रतिभासित हो रहा है वह सब परमब्रह्म की पर्याय है। सभी वस्तुए सत रूप है बस! इस सत का जो प्रतिभास है वही परमब्रह्म है। इस ब्रह्मवाद का खडन आगे चलकर अद्वैतवाद के खडन मे स्वय आचाय ने बहुत ही विशेष रूप से किया है यहा पर केवल सक्षप से दिग्दशन कराया जा रहा है।

ब्रह्मवादी का कहना है कि ये सभी चेतन अचेतन पदाथ प्रतिभासस्वरूप परमब्रह्म मे ही अत प्रविष्ट हैं क्योकि प्रतिभासित हो रहे हैं जसे कि परमब्रह्म का स्वरूप उसा के अत प्रविष्ट है। सारे जगत् के पदाथ प्रतिभासित हो रहे हैं अत वे परमब्रह्म के ही अत प्रविष्ट है।

इस पर जनाचार्यों का कथन है कि ये जो चेतन अचेतनादि अनेक पदाथ दिखाई दे रहे हैं ये सवथा असत्य—काल्पनिक नही है क्योकि जसे स्वप्न के राज्य से सुख नही मिलता है स्वप्न में भोजन करने से पेट नही भरता है वसो बात तो साक्षात राज्य का उपभोग करने मे या भोजन करने मे नहीं है प्रत्युत वास्तविकता दृष्टिगोचर होती है अतएव सवथा इन सभी व्यवहारो को अविद्या का विलास कहना उचित नही है।

दूसरी बात यह भी है कि आप अपने ब्रह्मवाद को सिद्ध करने के लिये प्रत्यक्ष अनुमान आगम आदि ता मानोगे ही फिर भला सवथा अद्वैत कहा रहा? यदि इन प्रमाणो को भी काल्पनिक कहोगे तो काल्पनिक उपायो से परमब्रह्म की सिद्धि भी काल्पनिक होगी न कि वास्तविक क्योकि झूठ बोलने वाला व्यक्ति किसी बात को झठी ही कहेगा न कि सत्य यदि सत्य भी कहेगा तो वह असत्यभाषी नहीं कहलायेगा। इसलिये अविद्या से आपका परमब्रह्म भी अविद्या का ही विलास रह जाता है।

"शब्दाद्वैतवाद

शब्दाद्वैतवादी का कहना है कि यह सारा जगत शब्दब्रह्म स्वरूप है यह शब्दब्रह्म तो अनादिनिधन है और अक्षरादि उसक विवत हैं। जितने चेतनाचेतन पदार्थ हैं वे सभी इसी शब्द ब्रह्म के भेद प्रभेद हैं। ज्ञान शब्द से अनुविद्ध होकर ही पदार्थ का निश्चय कराता है। मतलब जगत् में जितना भी ज्ञान है वह शब्द के द्वारा ही होता है। उनके यहां शब्द के चार भेद माने हैं। वखरीवाक मध्यमावाक पश्यतीवाक और सूक्ष्मावाक्। कहा भी है—

> "वैखरी शब्दनिष्पत्ति मध्यमा श्रुतिगोचरी।
> द्योतितार्था च पश्यंती सूक्ष्मावागनपायिनी

अर्थ—वक्ता के कंठ तालु आदि स्थानों से प्राणवायु के सहारे जो ककारादि वर्ण या स्वर उत्पन्न होते हैं उसे वैखरीवाक् कहते हैं।

अंतरंग में जो जल्परूप वचन है वे मध्यमावाक है। जो ककारादि के क्रम से रहित हैं तथा ज्ञान रूप हैं जिसमे वाच्य वाचक का विभाग नही होता है वे पश्यतीवाक है।

परम ज्योतीस्वरूप अत्यंत दुलक्ष्य कालआदि भेद से रहित ऐसी सूक्ष्मावाक है। इसी सूक्ष्मावाक् से सारा विश्व व्याप्त है। यदि ज्ञान श द ब्रह्म की वचनरूपता का उलघन करे तब तो कुछ भी ज्ञान का प्रकाश ही नही रहेगा।

इस शब्दाद्वैतवाद का प्रमेयकमलमार्तण्ड मे श्री प्रभाचन्द्राचार्य ने बड ही सुन्दर ढग से खडन कर दिया है। आचार्य ने कहा है कि यह सारा जगत शब्दमय है ऐसा अनुभव कहाँ होता है ? सारे ज्ञान शब्द से अनुविद्ध होकर ही होत है यह बात भी नही दिख रही है। नेत्रादि इन्द्रियो से जो ज्ञान होता है उसमे शब्द का सबध है ही नही। एक कर्ण ज्ञान को छोडकर किसी भी ज्ञान मे शब्द का सबध नहीं है फिर भी यदि जबरदस्ती ही मानो तब तो हम आपसे प्रश्न करते हैं कि ज्ञान से श द का सबध आपको कैसे हो रहा है, प्रत्यक्ष प्रमाण स या अनुमान प्रमाण स ? प्रत्यक्ष स कहो तो इन्द्रिय प्रत्यक्ष से नेत्र के द्वारा जो भी नीलादि पदार्थों का प्रतिभास है वह श द स रहित है। स्वसवेदन प्रत्यक्ष भी शब्द को विषय नही करता है।

उपयुक्त यह सब दोषारोपण देखकर श दाद्वैतवादी कहता है कि श द का सबध पदार्थ स है अर्थात् सभी चेतनाचेतन पदार्थ शब्द स अनविद्ध हैं। इस पर भी यह प्रश्न होता है कि पदार्थ का स्थान और शब्द का स्थान एक है क्या ? यदि एक कहो तो बहुत बडी आपत्ति आ जावेगी। अग्नि जल आदि पदार्थ और शब्द एकमेक होने स अग्नि शब्द के सुनते ही कान जल जावेगे एव जल शब्द स कान में पानी भर जावेगा तब तो कान स कुछ सुनाई भी नही देगा किन्तु ऐसा तो होता नही है अत शब्द और पदार्थ का तादात्म्य सबध नही है क्योकि पदार्थ और श द भिन्न २ इन्द्रियो स ग्रहण किये जाते हैं शब्द केवल कर्णेन्द्रिय गम्य है।

दूसरी बात यह है कि यदि आप जगत को शब्द रूप मानते हो तब तो यह भी प्रश्न होता है कि वह शब्दब्रह्म जगत् रूप परिणत होता है तब अपने स्वभाव को छोडकर होता है या बिना छोड ? यदि छोड़ कर कहो तो शब्दब्रह्म अनादि निधन कहाँ रहा ? यदि शब्द अपने स्वभाव को छोड़ बिना भी जगत् रूप होता है तब तो बहिरे को एकेन्द्रिय आदि को और तो क्या पत्थर को भी सुनाई देना चाहिए क्योंकि सभी चेतन अचेतन पदार्थ शब्द से त मय ही तो हैं किन्तु ऐसा दिखता तो है नहीं। पुनरपि एक प्रश्न उठता है कि आपके शब्द ब्रह्म स यह जगत् रूप पर्याय भिन्न है या अभिन्न ? प्रथम पक्ष लेवो तो अद्वैतवाद समाप्त हो जाता है। यदि द्वितीय पक्ष लेवो तो ये नानाभेद क्यों दिखाई देते हैं ?

[प्रत्यक्षैकप्रमाणवादिचार्वाकस्य निराकरणं क्रियते जैनैः]

प्रत्यक्षमेकमेव प्रमाणमिति वदतां[1] [1]प्रमाणेतरसामान्यव्यवस्थापनस्य[2] [2]संवादेतरस्वभावलिङ्गानुमाननिबन्धनस्य[3] परचित्तावबोधस्य च व्यापारादिकार्यलिङ्गोत्थानुमान[4]निमित्तस्य परलोकादिप्रतिषेधस्य चानुपलब्धिलिङ्गोद्भूतानुमानहेतुकस्य प्रत्यक्षैकप्रमाणविरुद्ध-

इस प्रकार से जैनाचार्यों के द्वारा दिये गये इन सभी दोषों से घबराकर उस शब्दाद्वैतवादी ने कहा कि भाई ! हमारे यहाँ ये कुछ भी दोष नहीं आते हैं क्योंकि हमारी मान्यता है कि शब्दब्रह्म से भिन्न जो नाना पदार्थ दिखाई दे रहे हैं यह केवल अविद्या का ही विलास है। हमारे यहाँ योगीजन तो शब्द ब्रह्म को नाना रूप से न देखकर एक रूप ही देखते हैं तब प्रश्न यह होता है कि वह अविद्या शब्दब्रह्म से भिन्न है या अभिन्न ? यदि भिन्न है तो द्वैत हो गया और यदि अभिन्न है तो आपका शब्दब्रह्म अविद्या रूप ही रहा।

और दूसरी आपत्ति यह आती है कि यदि आपकी मान्यता के अनुसार पदार्थ शब्दमय हैं तब तो गिरि शब्द तो इतना छोटा है और गिरि शब्द का वाच्य पहाड़ कितना बड़ा दिख रहा है ऐसा क्यों ? शब्दमय गिरि पदार्थ कहां रहा ? किसी भी पदार्थ के वाचक शब्द क्या उस वस्तु के बराबर बड़े हो सकते हैं अणु शब्द और आकाश मेरु आदि के वाचक शब्द अपने वाच्य के बराबर हो जावें फिर क्या होगा ? तथा यदि शब्दमय पदार्थ हैं तो संकेतादि के बिना भी प्रत्येक बालक मूर्ख आदि को उसका ज्ञान होना चाहिये किंतु ऐसा होता नहीं है बाल्यकाल से ही बालकों को हजारों बार पदार्थों में संकेत कराया जाता है। देखो बालक ! यह पुस्तक है यह पेंसिल है इत्यादि प्रत्येक वस्तु में बार बार संकेत के सुनने से बालक उस नाम से उस पदार्थ को जानने लगता है। इन बातों से यह निश्चित हो जाता है कि आपका शब्दाद्वैतवाद प्रत्यक्षादि प्रमाणों से बाधित है इसका दुराग्रह छोड़ देना चाहिये।

[चार्वाक का खण्डन]

प्रत्यक्ष ही एक प्रमाण है ऐसा कहने वाले चार्वाक के यहां संवाद और विसंवाद रूप स्वभाव हेतु से उत्पन्न हुये अनुमान के निमित्त से होने वाली प्रमाण और अप्रमाण की व्यवस्था और वचन व्यापारादि कार्य हेतु से उत्पन्न हुए अनुमान के निमित्त से होने वाला पर के चित्त-चैतन्य का ज्ञान तथा अनुपलब्धि हेतु से उत्पन्न हुए अनुमान हेतुक परलोकादि का निषेध है ऐसा कथन प्रत्यक्षैक प्रमाण के विरुद्ध है ऐसा समझना चाहिये और इनके मानने पर तो प्रमाणांतर—अनुमान प्रमाण सिद्ध हो जाता है। अर्थात् चार्वाक प्रमाण और अप्रमाण की व्यवस्था को संवाद और विसंवाद से ही मानता है बस ! यही स्वभाव हेतु है। उसी प्रकार से दूसरों की बुद्धि का ज्ञान उसके वचन बोलने आदि कार्य हेतु से होता है तथैव परलोकादि का निषेध अनुपलब्धि हेतु से होता है अतः इन तीन हेतुओं से उत्पन्न हुये अनुमान को मान लेने से यह चार्वाक केवल एक प्रत्यक्ष प्रमाण ही मानता है यह बात नहीं बन सकती है।

१ चार्वाकानाम्। २ इतरत् = अप्रमाणम्। ३ इतर = विसंवाद।

(1) अप्रमाणमनुमानादिकं। (2) समर्थनस्य। (3) यस्य। (4) यस्य।

स्याभिधानं[1] प्रतिपत्तव्य [1]तथा [2]प्रमाणान्तरसिद्ध[2]। परोपगमात्तत्स्वीकरण [3]स्वयं प्रमाणे-तरसामान्यादिव्यवस्थानुपपत्ते कुत प्रत्यक्षैकप्रमाणवाद[3] [4]अतिप्रसङ्गात ।

यदि आप कहे कि पर की स्वीकृति से हम प्रमाणातर को स्वीकार करक निषध करते हैं तब तो स्वयं प्रमाण और प्रमाणाभास रूप सामान्य की व्यवस्था नहीं हो सकने से आपक यहाँ प्रत्यक्ष रूप ही एकप्रमाणवाद कसे सिद्ध होगा ? अन्यथा अतिप्रसग आ जावेगा। अर्थात अनुमान क सदभाव मे भी एकप्रमाणवाद को यदि चार्वाक मान तब तो अनेक प्रमाणवादी वशषिकादिको को भी एकप्रमाणवादिता का प्रसग आ जावेगा।

भावार्थ—चार्वाक केवल एक प्रत्यक्ष ही प्रमाण मानता है उसके प्रति आचाय कहते हैं कि—

प्रमाणतरसामा य स्थितेर यधियो गते ।
प्रमाणातरसदभाव प्रतिषधाच्च कस्यचित ॥

अर्थ—प्रमाण सामा य और अप्रमाण सामा य की स्थिति होने से शिष्यादि की बुद्धि क ज्ञान से और परलोकादि क प्रतिषध से प्रमाणा तर अर्थात् अ य प्रमाणरूप अनुमान का सदभाव सिद्ध होता है। तात्पय यह है कि अनुमान प्रमाण क माने बिना न तो प्रमाण सामा य ही सिद्ध हो सकता है और न अप्रमाण सामा य ही क्योकि किसी भी ज्ञान सामा य को प्रमाण सिद्ध करने मे उसका अविसवादी होना आवश्यक है तथव मिथ्याज्ञान का विसवाद क साथ अविनाभाव सबध है। अत प्रमाण सामान्य और अप्रमाण सामान्य को सिद्ध करने क लिए अनुमान प्रमाण का मानना आवश्यक ही हो जाता है।

दूसरी बात यह है कि यह चार्वाक एक प्रत्यक्ष ही प्रमाण है इस प्रकार जब दूसरो को समझावेगा तब अन्य पुरुष क वचन चातुय आदि के द्वारा उसकी बुद्धि रूप काय का अनुमान करक ही तो सम झावेगा क्योकि वचन चातुय आदि बुद्धि क काय हैं तथव पुण्य पाप परलोकादि का निषध करने क लिए उस चार्वाक को अनुपलब्धि रूप हेतु का आश्रय लेना ही पडगा। अर्थात प्रमाण और अप्रमाण सामान्य की व्यवस्था सवाद और विसवाद रूप स्वभाव हेतु से उत्प न हुए अनुमान स होती है तथा वचन व्यापा रादि काय हेतु से उत्पन्न हुआ जो अनुमान है उस अनुमान स पर की बुद्धि आत्मा आदि का ज्ञान होता है पुन उसको समझाया जाता है एव अनुपल धि हेतुक अनुमान स परलोक पुण्य पापादि का निषध किया जाता है अत चार्वाक क यहा अनुमान प्रमाण बिना मान ही जबरदस्ती आ जाता है। चार्वाक उसका निषध नहीं कर सकते हैं और यदि करते हैं तो उनक यहा प्रत्यक्ष प्रमाण भी सिद्ध नही हो सकता है।

१ तथा सति । २ प्रमाणतरसामान्यस्थितेरन्यधियो गते । प्रमाणान्तरसद्भाव प्रतिषेधाच्च कस्यचित् इति वचनात् । ३ अन्यथा । ४ अनुमानसद्भावेप्येकप्रमाणवादिता चार्वाकस्य यदि स्यात्तदानेकप्रमाणवादिनां वैशेषिकादीनामप्येकप्रमाणवादिताप्रसङ्गात् ।

(1) प्रतीति । (2) अनुमान । (3) स्वस्य ।

[तर्कमेह विनानेकप्रमाणवादिनां प्रमाणव्यवस्थापि न तत्त्वव्यवस्थां कर्तुं क्षमा]

तथानेकप्रमाणवादिना 'कपिल'[1]'कणभक्षाक्षपाद'[2][3]'जैमिनिमतानुसारिणा'[4] स्वोपगतप्रमाण-सङ्ख्यानियमविरुद्धस्य सामस्त्येन साध्यसाधनसम्बन्धज्ञानस्याभिधान[5] बोद्धव्य, प्रमाणा-न्तरस्योहस्य सिद्ध । यावान्कश्चिद्धूम स सर्वोऽप्यग्निजन्माऽनग्निजन्मा वा न भवतीति प्रतिपत्तौ न प्रत्यक्षस्य सामर्थ्य 'तस्य सन्निहितविषयप्रतिपत्तिफलत्वात । नाप्यनुमानस्य[6], अनवस्थानात तद्व्याप्तेरप्यपरानुमानगम्यत्वात । इति वैशेषिकस्योह प्रमाणान्तरमनिच्छ-तोप्यायातम् । 'एतेन सौगतस्य प्रमाणान्तरमापादितम'[10] । तथागमस्यापि व्याप्तिग्रहणेऽन

[तर्क प्रमाण के न मानने से हानि]

तथा अनेक प्रमाणवादी कपिल—सांख्य कणभक्ष—वैशेषिक अक्षपाद—नैयायिक जैमिनि—प्रभा करभट्ट के मत का अनुसरण करने वालों को अपने द्वारा स्वीकृत प्रमाण की संख्या के नियम से विरुद्ध समस्त रीति से साध्य साधन के सम्बन्ध का ज्ञान रूप तर्क नाम का प्रमाण अवश्य ही स्वीकार करना चाहिये। वह भिन्न प्रमाण रूप ऊह नाम से प्रसिद्ध ही है। अर्थात् इन सभी ने दो तीन चार पाँच छह आदि रूप से प्रत्यक्ष अनुमान आगम उपमान अर्थापत्ति और अभाव रूप जो प्रमाण मान हैं उनमें तर्क प्रमाण न होने से साध्य साधन के अविनाभाव को ग्रहण करने वाला कोई भी प्रमाण नहीं है, एक तर्क ही ऐसा प्रमाण है जो व्याप्ति को विषय कर सकता है। इसीलिये आचार्य उस तर्क को पृथक प्रमाण सिद्ध करते हैं।

जितना कुछ भी धूम है वह सभी अग्नि से उत्पन्न हुआ है अथवा अनग्नि से उत्पन्न नहीं हुआ है इस प्रकार के ज्ञान को कराने में प्रत्यक्ष की सामर्थ्य नहीं है क्योंकि वह प्रत्यक्ष सन्निहित–वर्तमान विषय के ज्ञान का फलस्वरूप है। अनुमान भी उस व्याप्ति को जानने में समर्थ नहीं है क्योंकि अनवस्था आ जाती है कारण यह है कि वह व्याप्ति भी अन्य अनुमान से गम्य होगी। इस प्रकार से वैशेषिक के यहाँ तर्क नाम का प्रमाण स्वीकार न करने पर भी आ ही जाता है।

इसी कथन से सौगत के यहाँ भी तर्क नाम का भिन्न प्रमाण आ ही जाता है।

तथा आगम भी व्याप्ति को ग्रहण करने का अधिकारी नहीं है अतः कपिल–सांख्य को तर्क प्रमाण मानना ही पड़ेगा एवं व्याप्ति को ग्रहण करने में उपमान प्रमाण भी असमर्थ है अतः आप नैयायिक को भी इस तर्क को मानना ही होगा। प्रभाकर के यहाँ भी अनुमान के समान अर्थापत्ति से व्याप्ति का ज्ञान न होने से तथा भट्टमतानुसारी को मान्य अभाव प्रमाण भी उसे नहीं जान सकता है अतएव इन प्रभाकर

१ कपिल=साङ्ख्य । २ कणभक्षो=वैशेषिक । ३ अक्षपादो=नैयायिक । ४ जैमिनि=प्रभाकरभट्ट । ५ ऊहाख्यस्य । ६ प्रत्यक्षस्य । ७ अनुपरिज्ञाने सामर्थ्यम् । ८ अनिच्छत् । ९ वैशेषिकस्य प्रमाणान्तरप्रतिपादनेन । १ सौगतेनापि प्रत्यक्षा-नुमानाख्यप्रमाणद्वयस्याभ्युपगमात् ।

धिकारात्कापिलस्योह प्रमाणं नैयायिकस्य च 'तत्रोपमानस्याप्यसमर्थत्वात् 'प्राभाकरस्य चार्थापत्तेरप्यनुमानवत्तत्राव्यापाराद्भट्टमतानुसारिणश्चाभावस्यापि तत्रानधिकृतत्वात्[1] । तथैकमपि प्रमाणमनभ्युपगच्छता तत्त्वोपप्लवावलम्बिनामनेकप्रमाणवादिना तत्त्वोपप्लवोप गमस्य प्रमाणसिद्ध्यविनाभाविन सकलतत्त्वोपप्लवविरुद्ध'स्याभिधानमवगन्तव्यम ।

[परस्परविरोधदोषस्य स्पष्टीकरण]

वैनयिकानां तु सवमवगतमिच्छता परस्परविरुद्धाभिधान विरुद्धसवेदन प्रसिद्धमेव 'सुगतमतोपगमे [2]कपिलादिमतस्य विरोधात । तत सिद्धो हेतु परस्परविरोधत इति

और भाट्ट को भी तक प्रमाण मानना ही पडगा अर्थात चार्वाक एक प्रत्यक्ष प्रमाण ही मानता है बौद्ध और वैशेषिक प्रत्यक्ष और अनुमान य दो प्रमाण मानते हैं। साख्य प्रत्यक्ष अनुमान और आगम इस प्रकार तीन प्रमाण मानते हैं। नैयायिक प्रत्यक्ष अनुमान आगम और उपमान य चार प्रमाण मानते है। इन्ही चार प्रमाणों मे अर्थापत्ति मिलाकर प्रभाकर पाच प्रमाण मानता है एव मीमासक और जमिनीय इन्हीं पांच प्रमाणो में एक अभाव प्रमाण मिलाकर छह प्रमाण मानते है।

तथा एक भी प्रमाण को न स्वीकार करते हुए तत्त्वोपप्लववादी अनेक प्रमाणवादी हो जाते हैं 'न एक अनेक' से जहा एक नही वहा अनेक सिद्ध हो जाता है। उनकी तत्त्वोपप्लव–शून्यवाद की स्वीकृति प्रमाणसिद्धि से अविनाभावी है वह सपूणतत्त्वोपप्लव से विरुद्ध–तत्त्व क सदभाव का ही कथन कर देती है ऐसा समझना चाहिय। अर्थात तत्त्वोपप्लवग्राही प्रमाण सत्यभूत सिद्ध हो जाता है एव तत्त्वोपप्लव रूप प्रमेय भी सत्य रूप सिद्ध हो जाता है। अत सम्पूण तत्त्व के अभाव का कथन ही विरुद्ध हो जाता है।

[परस्पर विरोध दोष का स्पष्टीकरण]

सभी को अवगत रूप–मान्य रूप स्वीकार करते हुय वनयिको का परस्पर विरुद्ध कथन करने वाला विरुद्ध ज्ञान प्रसिद्ध ही है क्योकि सुगत मत की स्वीकृति मे साख्य के द्वारा स्वीकृत मत विरुद्ध हो जाता है।

इसलिये 'परस्पर विरोधत यह हेतु सिद्ध ही है और यह सभी तीथकृत् सप्रदायो मे आप्त क

१ अनुग्रहणे। २ प्रत्यक्षमनुमान च शाब्दं चोपमया सह। अर्थापत्तिरभावश्च षट प्रमाणानि जैमिने ॥ जैमिन षट प्रमाणानि चत्वारि न्यायवादिन । साङ्ख्यस्य त्रीणि वाच्यानि द्व वैशेषिकबौद्धयो ॥ श्लोकानुक्तमपि प्रभाकरस्य पञ्च प्रमाणानीति ज्ञेयम्। ३ यतस्तत्त्वोपप्लवग्राहि प्रमाण सत्यभूतमायात तत्त्वोपप्लवरूप प्रमेयश्च तत सकलतत्त्वोपप्लवाभ्युपगमस्य विरोध। ४ कुत ?

(1) अनधिकरणात। श्लोकयोरिमयोस्तयोरर्थमिद। प्रत्यक्ष चानुमानञ्च शाब्द चोपमया सह। अर्थापत्तिरभावश्च षट् प्रमाणानि जैमिने ॥ १ ॥ जैमिने षट्प्रमाणानि चत्वारि न्यायवेदिन । साङ्ख्यस्य त्रीणि वाच्यानि द्वे वैशेषिकबौद्धयो ॥ २ ॥ प्राभाकरस्य पंचप्रमाणानीति श्लोकानुक्तमपि ज्ञातव्य। (2) कपिलादिमतोपगमस्य इति पा।

अभाव को सिद्ध कर देता है।

विशेषार्थ—ब्रह्माद्वैतवादी और चार्वाक ये दोनों परस्पर सर्वथा विपरीत बातों को लिए हुए हैं। ब्रह्माद्वैतवादी तो चेतन अचेतन सभी पदार्थों को ब्रह्म की ही पर्याय मानता है और चार्वाक सम्पूर्ण चेतन अचेतन पदार्थों को भूतचतुष्टय रूप जड़ के ही गुण धर्म मानता है। अद्वैतवादी कहता है कि पदार्थों में जन्म, मरण उत्पाद व्यय आदि जो भी परिणमन पाया जाता है वह सब अविद्या का विलास है। सभी पर्यायें अंत में ब्रह्म मे ही विलीन हो जाती हैं किन्तु चार्वाक सर्वथा इससे विपरीत जीव के प्रति जन्म मरण के अस्तित्व को न मानकर जड से ही चेतन की उत्पत्ति मानता है और मरण के अनन्तर चैतन्य का सर्वथा अभाव मानकर भूतचतुष्टय मे ही चैतन्य की परिसमाप्ति मान लेता है। ब्रह्माद्वैतवादी चेतन स्वरूप एक परमब्रह्म से ही चेतन की एवं विजातीय स्वरूप अचेतन की भी उत्पत्ति मान रहा है तथैव चार्वाक अचेतन रूप पृथ्वी जल अग्नि और वायु इन भूतचतुष्टयों से अचेतन पदार्थों की उत्पत्ति मान कर पुनरपि इन्ही भूतचतुष्टयो से चेतन स्वरूप विजातीय द्रव्य की उत्पत्ति मान रहा है।

इसी प्रकार से सांख्य और बौद्ध सिद्धांत भी सर्वथा परस्पर विरुद्ध हैं। सांख्य सभी चेतनअचेतन पदार्थों को सर्वथा कूटस्थ नित्य अपरिणामी मानता है बौद्ध सभी चेतनअचेतन पदार्थों को प्रतिक्षणध्वंसी सर्वथा क्षणिक मान लेता है सांख्य पर्यायों को भी नित्य कह रहा है और बौद्ध द्रव्य को भी उत्पाद व्यय रूप कह रहा है।

सांख्य सत्कार्यवादी है उसका कहना है कि कारण मे कार्य सर्वथा विद्यमान है केवल तिरोभूत है निमित्त कारणो से उस कार्य का प्रादुर्भाव हो जाता है। यथा—मिट्टी मे घट विद्यमान है कुंभकार दंड चाक आदि कारणो से प्रकट हो जाता है न कि उत्पन्न किन्तु बौद्ध सर्वथा इससे विपरीत असत्कार्यवादी है। वह कहता है कि कारण तो उसी क्षण जड़ मूल से विनष्ट हो जाता है पुनः कार्य उत्पन्न होता है। जैसे—मृत्पिंड का सर्वथा विनाश होकर ही घट का उत्पाद हुआ है विनष्ट हुये कारण से कार्य को उत्पन्न हुआ मानने वाला यह बौद्ध तो अपनी बुद्धिमत्ता की ही डींग मार रहा है। सांख्य आविर्भाव और तिरोभाव मानकर के किसी भी वस्तु मे उत्पाद व्यय नही मानता है तो बौद्ध द्रव्य मे भी स्थिर—ध्रौव्यावस्था को न मान कर के सर्वथा द्रव्य का प्रतिक्षण जड़ मूल से नाश मान रहा है और वासना—संस्कार से सभी वस्तुओं की व्यवस्था स्मृति आदि व्यवहार मानता है।

निरीश्वरवादी सांख्य प्रकृति रूप अचेतन के द्वारा ही सारे संसार का उत्पाद मानता है तो वैशेषिक एक सदाशिव स्वरूप महेश्वर के द्वारा इस सृष्टि का उत्पाद मानते हैं मतलब सांख्य ने जड़ को सृष्टि का कर्ता माना है तो वैशेषिक महेश्वर चेतन भगवान् को सृष्टि का कर्ता मान रहे हैं। इन सभी सिद्धांतों में परस्पर में विरोध वैसे ही पाया जाता है जैसे कि हिंदू—मुस्लिम मे देखा जाता है। यदि हिंदू संप्रदाय वाले सिर पर शिखा रूप चोटी रखना धर्म कहते हैं तो मुसलमान चोटी कटाकर धर्म मानते हैं। हिंदू दिन में भोजन करना व्रत समझते हैं तो मुसलमान रात्रि में रोजा खोलते हैं। हिन्दू सूर्य को अर्घ चढ़ाते हैं तो मुसलमान चन्द्र को मानकर व्रत करते हैं, इत्यादि।

[1]तीर्थकृत्समयानां सर्वेषामाप्तत्वाऽभावं साधयति। [1]यदि पुनः संविदद्वैतादीनां[1] [2]स्वतः प्रमितिसिद्धेः [2]प्रमाणान्तरतः स्वपरपक्षसाधनदूषणवचनाभावान्न परस्परविरुद्धाभिधानं स्वसंवेदनैकप्रमाणवादिनां [3]नापीन्द्रियजप्रत्यक्षैकप्रमाणवादिना, प्रत्यक्षप्रामाण्यस्य प्रत्यक्षत एव सिद्धेः, अनुमानादिप्रामाण्याभावस्यापि तत एव प्रसिद्धेः प्रमाणान्तराप्रसङ्गात् तथानेकप्रमाणवादिनामपि स्वोपगतप्रमाणसंख्यानियमस्य स्वत एव सिद्धेः प्रमाणान्तरस्योहस्याप्रसङ्गान्न विरुद्धाभिधानं संभवतीति मतं [4]तदापि न तेषामाप्ततास्ति स्वप्रमाण्यावृत्ते[4]रन्यथा[6]नैकान्तिकत्वात्[5] ।*

यहां पर कहने का मतलब यह है कि यदि वैनयिक सम्प्रदाय वाले सभी मतों को प्रमाण मानेंगे तो क्या होगा ? क्योंकि सभी में परस्पर में विशेष रूप से विरोध दिख रहा है। इसलिये वैनयिक भी तीर्थ विनाशी सम्प्रदाय वाले ही सिद्ध हो जाते हैं।

संवेदनाद्वैतवादी आदि चारों अद्वैतवादी कहते हैं कि संवेदनाद्वैत आदि का ज्ञान स्वतः सिद्ध है प्रमाणांतर से स्वपक्ष साधन परपक्ष दूषण रूप वचनों का अभाव है इसलिये स्वसंवेदन रूप एक प्रमाण मानने वालों का कथन परस्पर विरुद्ध नहीं है। इंद्रिय से उत्पन्न होने वाला ही एक प्रत्यक्ष प्रमाण है ऐसा मानने वालों का भी कथन परस्पर विरुद्ध नहीं है क्योंकि प्रत्यक्ष की प्रमाणता तो प्रत्यक्ष से ही सिद्ध है। अनुमानादि की प्रमाणता का अभाव भी प्रत्यक्ष से ही प्रसिद्ध है क्योंकि प्रमाणांतर का प्रसंग नहीं है।

तथैव अनेक प्रमाणवादी लोगों की भी स्व स्व स्वीकृतप्रमाण की संख्या का नियम स्वतः ही सिद्ध है। ऊह नाम के भिन्न प्रमाण का प्रसंग नहीं आता है अतः परस्पर विरुद्ध कथन संभव नहीं है ऐसा जिन लोगों का मत है उन लोगों में भी आप्तता नहीं है **क्योंकि उनके यहां स्वप्रमा की (अपने ज्ञान की) व्यावृत्ति हो जाती है। अन्यथा अनैकांतिक दोष आ जावेगा*।**

१ संवेदनाद्वैतादयो वदन्ति स्याद्वादिनं प्रति।—हे स्याद्वादिन् ! वयमस्माकं परस्परविरुद्धाभिधानं प्रतिपादितं स्वस्वोपगतप्रमाणसंख्यानियमविरोधश्च प्रतिपादितस्तद्द्वयमपि नास्ति यस्मादित्यमिति। अस्योत्तरमाह स्याद्वादी तथापि तेषामाप्तता नास्ति स्वप्रमाणफलज्ञानलक्षणाया प्रमाया अभावात् इति। २ चतुर्णामद्वैतवादिनाम्। ३ आत्मनः संवेदनात् स्वस्मात् प्रमितिः प्रमाणस्य साध्यं फलं सिद्ध्यतीत्यर्थः। ४ परस्परविरुद्धाभिधानमिति सम्बन्धो योजनीयः। ५ तथापीत्यर्थः। ६ अन्यथा प्रमाऽभावाभावे अनैकान्तिकत्वमायाति।

(1) वस । (2) संविदद्वैतमेव साध्यधर्मसंविदं सहोपलम्भनियमात्। चित्राभासापि एकैव बुद्धिः बाह्यचित्रविलक्षणत्वात् सर्वे भावा शब्दमया एव एतेषां तदाकारानुस्यूतत्वात् यथा घटसरावादयो मृद्विकारा मदाकारानुस्यूता मृण्मयत्वेन प्रसिद्धास्तथा सर्वे भावा इत्यादेः प्रमाणान्तरतः। (3) प्रमितिः। (4) स्वेन स्वकीयरूपपरिच्छित्यभावात्। (5) अनेकधर्मसहितत्वात्।

[अन्यसिद्धांतेषु स्वय स्वस्यैव ज्ञानं न संभवति]

न हि सविदद्वैतेऽन्यत्र[1] वा स्वस्य स्वेनैव प्रमा सभवति [2]निरशत्वात्प्रमातृप्रमाणप्रमेय स्वभावव्यावृत्तौ प्रमाया [3]व्यावृत्तस्तदव्यावृत्तौ प्रमात्रादिस्वभावाव्यावृत्तेरेकान्तिकत्वाभावात्[4] प्रमात्राद्यनेकस्वभावस्यैकसवेदनस्यानेकान्तात्मनोनुमननात्[5] संवित् स्वय स्वेन स्व सवेदयत इति प्रतीते ।

[अन्य सिद्धांतो मे स्वय को स्वय का ज्ञान सभव नही है]

विज्ञानाद्वैत मे अथवा अन्य अद्वैतो में स्वय का स्वय के द्वारा ही ज्ञान सभव नही है क्योकि बौद्धो की अपेक्षा तो वह ज्ञान निरश है—अनेक धर्मों स रहित है और दूसरी बात यह भी है कि प्रमाता—आत्मा प्रमाण और प्रमेय स्वभाव की व्यावत्ति मानने पर तो प्रमा—ज्ञप्ति की भी व्यावृत्ति हो जाती है और उस प्रमा—ज्ञप्ति की व्यावृत्ति न मानने पर प्रमाता आदि स्वभाव की भी व्यावत्ति नही होने से तो एकात का अभाव हो जाता है एव अनेकात की ही सिद्धि हो जाती है क्योकि प्रमाता प्रमेय प्रमिति आदि अनेक स्वभाव रूप एक ज्ञान अनेकातात्मक ही स्वीकार किया गया है । अतएव हम जनो के यहा ज्ञान स्वय स्वय के द्वारा स्वय का सवेदन करता है ऐसी प्रतीति हो रही है ।

भावार्थ प्रमाण शब्द व्याकरण के अनुसार जन सिद्धात मे तीन तरह से सिद्ध होता है । जब कर्तृ साधन मे कर्ता—आत्मा प्रधान रहता है उस समय य प्रमिमिणोति स प्रमाण जो जानता है वह प्रमाण है । जब करणसाधन मे आत्मा अप्रधान है तब प्रमीयते अनेन इति प्रमाण यहा पर आत्मा जिसके द्वारा जानता है वह प्रमाण है एव भाव साधन मे प्रमिति मात्र प्रमाण के अनुसार जानना मात्र प्रमाण है । यहा पर चार बात है प्रमाता आत्मा प्रमाण ज्ञान प्रमेय—ज्ञयपदार्थ और प्रमा—जानना मात्र । जनसिद्धात मे आत्मा को इन चारो रूप से सिद्ध किया है यथा आत्मा ही प्रमाता—जानने वाला है आत्मा ही ज्ञान रूप है आत्मा ही स्वय ज्ञान के द्वारा जाना जाता है अत प्रमेय—ज्ञय रूप भी है तथैव आत्मा ही भाव साधन मे प्रमा मात्र—जानना मात्र रूप से प्रमा रूप भी है । जो बौद्ध आदि लोग ज्ञान को एक निरश मानते है उनके यहाँ स्वय का ज्ञान भी सिद्ध नही हो सकता है क्योकि जब ज्ञप्ति स्वय ज्ञाता ज्ञय और ज्ञान से रहित है तब स्वय की आत्मा (ज्ञाता) का ज्ञान कसे करावेगी एव जब स्वय को स्वय का ज्ञान नही हो सकेगा तब वह व्यक्ति किसी का ज्ञान भी कसे कर सकेगा ? ये सब दूषण ज्ञान को अश रहित एक रूप मानने से ही आते है । हम जनो के यहा तो एक ज्ञान को ही कर्त्ता की अपेक्षा ज्ञाता, करण की अपेक्षा से ज्ञानरूप माना है एव उसी को ज्ञय और ज्ञप्ति रूप से भी माना है । अत कुछ भी बाधा नही आती है क्योकि ज्ञान स्वयं ही स्वय के द्वारा स्वय का वेदन—अनुभव कर रहा है और ऐसा अनुभव से सिद्ध है ।

१ अद्वैतान्तरे । २ अनेकधर्मरहितत्वात् (बौद्धमतापेक्षया) । ३ तस्या प्रमाया भावे सति । ४ स्याद्वादसिद्धेरित्यर्थं । ५ कुत ? यत ।

[चार्वाकादिमते ज्ञानं स्वसंविदितं नास्ति अत प्रमाणस्य व्यवस्था तेषां न घटते]

[1]नापीन्द्रियजप्रत्यक्षे स्वप्रमा घटते 'भूतवादिभिस्तस्यास्वसंविदितत्वोपगमात्[1] । इति सिद्धा [2]तत्र स्वप्रमाया व्यावृत्ति । ततो न प्रत्यक्षत एव प्रमाणेतरसामान्यस्थित्यादि । तदव्यावृत्तौ वा स्वार्थव्यवसायात्मकत्वसिद्ध स्याद्वादाश्रयणादकान्तिकत्वाभावादनैकान्तिकत्वम्[3] । [3]एतेनानेकप्रमाणवादिनामनेकस्मिन् प्रमाणे स्वप्रमा यावत्तिर्व्याख्याता । तदव्यावृत्तौ वानैकान्तिकत्वप्रसक्ति, [4]अनेकशक्त्यात्मकस्वार्थव्यवसायात्मकानेकप्रमाणसिद्ध [5] । तत्त्वोपप्लववादिनां तु तत्त्वोपप्लवे स्वप्रमाया यावत्ति सिद्ध व । तद यावत्तौ [6]तत्त्वोपप्लवैकान्तिकत्वाभावप्रसक्तिश्च[7] । ततो नतेषामाप्तता । किञ्च **सर्वप्रमाणविनिवत्तेरितरथा**[8]

[चार्वाक आदि के मत मे ज्ञान स्वसंविदित नही है अत उनके यहा प्रमाण की व्यवस्था नहीं बनती है]

इन्द्रियज प्रत्यक्ष मे भी अपने को अपना ज्ञान नही हो सकता है क्योकि भतचतुष्टयवादी चार्वाको ने उस ज्ञान को अस्वसंविदित स्वीकार किया है । अत उस प्रत्यक्ष प्रमाण मे अपने ज्ञान की व्यावत्ति (अभाव) सिद्ध ही है अतएव प्रत्यक्ष प्रमाण से ही प्रमाण और अप्रमाण सामा य की स्थिति आदि नही हो सकती है । अथवा प्रत्यक्ष प्रमाण मे ज्ञान की व्यावत्ति न मानने पर तो ज्ञान स्वाथ व्यवसायात्मक सिद्ध हो जाता है पुन स्याद्वाद का आश्रय ले लेने से एकात का अभाव होकर अनेकात ही सिद्ध हो जाता है ।

इसी कथन से अनेक प्रमाणवादियो के अनेक प्रमाणो म अपने अपने ज्ञान की व्यावृत्ति सिद्ध ही है ऐसा व्याख्यान किया गया है अथवा यदि ज्ञान की यावत्ति न मानो तो अनेकांत का प्रसग आ ही जाता है क्योंकि अनेक शक्त्यात्मक रूप से स्वाथव्यवसायात्मक स्वरूप अनेक प्रमाण सिद्ध हैं । अर्थात ज्ञान को स्वार्थ निश्चायक माने बिना किसी के यहाँ ज्ञान का अस्तित्व सिद्ध नही हो सकता है ।

तत्त्वोपप्लववादी के यहा सपूर्ण तत्त्व का उपप्लव—नाश मान लेने पर तो अपने ज्ञान की व्यावृत्ति (अभाव) सिद्ध ही है । यदि अपने ज्ञान की यावत्ति (अभाव) न मानो तो तत्त्वोपप्लवरूप एकात का ही अभाव हो जायेगा । अर्थात अपने ज्ञान का सदभाव मानने पर पुन अपना ज्ञान ही तो प्रमाण प्रमेयरूप सिद्ध हो जाता है पुन शून्यवाद कहा रहा ?

१ चार्वाकै । २ प्रत्यक्षे । ३ बौद्धापेक्षया निरंशत्वात् प्रमाणादिव्यावत्तौ प्रमाया व्यावत्तिरित्याद्युक्तप्रकारेण । अन्येषामपेक्षया अस्वसंविदितत्वोपगमादित्याद्युक्तप्रकारेण च । ४ एता शक्तय कारणरूपा । ५ एतत्कार्यरूपम् । ६ स्वप्रमायास्सद्भावे स्वप्रमाया एव प्रमाणप्रमेयरूपत्वात् । ७ पूर्वं तु परस्य प्रमाणमभ्युपगम्य दूषणमुक्तमिदानीं तदपि निराकरोति । ८ सूत्र परस्परविरोधत इत्येतदुपलक्षणम् । तेन सर्वप्रमाणविनिवत्त रित्यादेरपि ग्रहणम् । ९ कथञ्चिन्नित्यानित्यात्मकत्वेन ।

(1) कुतो स्वसंविदितत्वं । भूतचतुष्टयोत्पन्नत्वात । भूतचतुष्टयमस्वसंविदितमचेतनत्वात् कारणगुणा हि कार्यगुणान् आरभन्ते । (2) स्वार्थव्यवसायरूपप्रमाणस्य । (3) तत्त्वमुपप्लुतमेवेतिनियमाभाव ।

सम्प्रतिपत्त ।* ये[1] तावदेक नित्य[2] प्रमाण स्वभावभेदा[3]भावाद्वदन्ति तेषां सर्वप्रमाणविनिवृत्ति[5] ये[4]प्यनेकमनित्यं प्रतिक्षण स्वभावभेदादाचक्षते [5]तेषामपि प्रत्यक्षादिप्रमाणानां [1]नित्यै कान्ता[6]न्यत[7]रेणैव प्रकारेण कथञ्चिन्नित्यानित्यात्मकत्वेन सम्प्रतिपत्त । ततो नतेषां नित्यानित्यैकान्तप्रमाणवादिना तीर्थकृत्समयानामाप्तता ।

[आवरणरहितज्ञानवत सवज्ञस्य वागादिव्यापारा असाधारणा सति न तु साधारणा]

किञ्च [9]वागक्षबुद्धीच्छापुरुषत्वादिक[10] [11]क्वचिदनाविलज्ञान[2] निराकरोति न पुनस्त त्प्रतिषेधवादिषु[12] तथेति [13]परमगहनमेतत ।* तथाहि । [3]तीथच्छेदसम्प्रदायास्तथकान्तवा

इसलिये इन सभी मे आप्तता नही है **क्योकि इन सभी के यहां सभी प्रमाणो की विनिवृत्ति (अभाव) हो जाती है पुन अन्यथा—कथचित नित्यानित्यात्मक रूप से ही सिद्धि हो जावेगी ।***

जो नित्यकातवादी साख्य और ब्रह्माद्वतवादी कहते हैं कि वस्तु मे स्वभाव भेद का अभाव होने से एक नित्य ही प्रमाण है उनके यहा भी सभी प्रमाणो का अभाव हो जाता है ।

और जो अनित्यवादी सौगत प्रतिक्षण स्वभाव के भेद से एक अनित्य प्रमाण को कहते हैं उनके यहा भी सभी प्रमाणो का अभाव हो जाता है क्योकि प्रत्यक्षादि प्रमाणो का ज्ञान नित्यकात और अनित्यकात स भिन्न ही कथचित प्रकार से कथचित नित्यानित्यात्मक रूप से देखा जाता है। इसलिए इन नित्यानित्यकात प्रमाणवादियो के तीथकृत—तीथविनाश सप्रदायो मे आप्तता नही है ।

[आवरण रहित ज्ञान वाल सवज्ञ के वचन आदि व्यापार असाधारण हैं साधारण नही हैं ।]

दूसरी बात यह है कि **वचन इन्द्रिय बुद्धि इच्छा पुरुषत्वादि किन्हीं—सुगत कपिलादि एकांतवादियो मे ही अनाविल—निरावरण ज्ञान का निराकरण करते हैं कि तु उनके प्रतिषधवादियो—जनो में उस प्रकार से निरावरण ज्ञान का निषेध नहीं है इस प्रकार से यह समझना बहुत ही गहन है ।***

तथाहि— तीथच्छेदसप्रदाय वाले उस प्रकार से एकातवादी ही हैं वे निरावरणज्ञानधारी नहीं हैं क्योकि वे एकातवादी अविशिष्ट वचन—सामान्य वचन इन्द्रियज्ञान इच्छादिमान है अथवा अविशिष्ट सामान्य पुरुष आदि हैं जसे रथ्या पुरुष । इसलिए इन लोगो मे आप्तता नही है ।

---

१ नित्यवादिन साख्या ब्रह्माद्वतवादिनश्च । २ ब्रह्मादेरुपादानकारणस्य नित्यत्वे एकत्वे चोपादेयस्यापि नित्यत्वमेकत्व चेति भाव । ३ युगपत्क्रमेण वा । ४ अनित्यवादिन सौगता । ५ सर्वप्रमाणविनिवत्तिरिति सम्बन्ध । ६ सकाशात् । ७ प्रकारेणानित्यकान्तग्रहणम् । ८ कथञ्चित्प्रकारेण । ९ मीमांसकेनाभिधीयमानस्य न क्वचिदनाविलज्ञानमिति दूषणस्य परिहारद्वारेणैव परेषां सुगतादीनामाप्तता नास्ति पर त्वस्माक त्वस्तीति वक्तुकामा वागक्षेत्याद्याहुराचार्या । १० कतृ पदम् । ११ सुगतकपिलाद्यकान्तवादिषु । १२ जनेषु । १३ दुरवबोधम् ।

---

(1) नित्यैकांतादनित्यकांतान्यतरेणैव इति पा । (2) निर्दुष्टज्ञानं । (3) सुगतादय ।

विनो[1] वाङ्व्यापिकज्ञाना[1] अविशिष्टवागक्षबुद्धीच्छाविमत्त्वादविशिष्टपुरुषत्वादेर्वा सर्वज्ञस्या-
वद्[1] । इति नैतेषामाप्तता । [1]तत्प्रतिषेधवादिनां पुन स्याद्वादिनां नातः[2] कश्चिदविशिष्टवा-
गादिमानविशिष्टपुरुषो वा[3] तस्य युक्तिशास्त्राविरोधिवाक्त्वेनाभ्युपगतत्वात्[4], [4]करणक्रम-
व्यवधाना[5]तिवर्तिबुद्धित्वात [6]इच्छारहितत्वाद्वि शुद्धपुरुषातिशयत्वादिति । यथा वागा-
दिकं निर्दोषज्ञाननिराकरणसमर्थ न तथा स्याद्वादन्यायवेदिभिरभिष्टूयमाने [5]भगवतीति
परमगहनमेतत्, [9]अयुक्तिशास्त्रविदामगोचरत्वाद[10]कलङ्कधिषणाधिगम्यत्वात्[6] । इत्थं सिद्ध

उन अविशिष्ट वचन आदि का प्रतिषध करने वाले स्याद्वादियो मे इस प्रकार से कोई सर्वज्ञ अवि
शिष्ट—सामान्य वचनादिमान अथवा अविशिष्ट—सामान्य पुरुष नही है क्योकि वे सर्वज्ञ युक्ति और
शास्त्र से अविरोधी वचन वाले हैं ऐसा स्वीकार किया गया है । वे इन्द्रियो के क्रम और व्यवधान से
रहित ज्ञान वाले हैं इच्छा से रहित हैं एव विशुद्ध अतिशयशाली पुरुष हैं । जिस प्रकार से सुगतादिको
के वचन आदि निर्दोष ज्ञान के निराकरण मे समथ है उस प्रकार के वचन आदि स्याद्वादन्यायवेदी हम
जैनियों के द्वारा स्तुति किये जाने वाले भगवान मे नही हैं यह परम गहन—दुष्कर ही है ।

भावार्थ—मीमासक कहता है कि कोई भी मनुष्य सवज्ञ नही हो सकता है क्योकि वह वक्ता है
इन्द्रियज्ञान से सहित है, इच्छावान है एव पुरुष है । जसे कि हम लोग वक्ता हैं इन्द्रियज्ञान सहित हैं
इच्छावान हैं एव पुरुष हैं ।

इस पर जैनाचार्यों का कहना है कि ये वक्तृत्व आदि जसे हम और आप मे पाये जाते हैं वसे ही
साधारण रूप से हम जनों के द्वारा मान्य सवज्ञ मे नही पाये जाते हैं । हमारे सवज्ञ भगवान के जो वचन
आदि व्यापार हैं वे साधारण लोगो मे असभवी—विशेष रूप ही हैं । सर्वज्ञ भगवान् के वचन युक्ति और
आगम से अविरोधी हैं दिव्यध्वनि से उत्पन्न द्वादशाग वाणी रूप हैं । यद्यपि सर्वज्ञ भगवान की भाषा
अनक्षरी है फिर भी श्रोताओ के कान मे प्रविष्ट होकर सातसौ अठारह भाषा रूप अथवा सख्यातों भाषा
रूप परिणत हो जाती है । ज्ञानावरण का पूणतया नाश हुये बिना साधारण छद्मस्थ जीवो मे ऐसे वचन
असम्भव ही हैं ।

सर्वज्ञ भगवान का ज्ञान इन्द्रिया से उत्पन्न हुआ क्षयोपशम ज्ञान रूप नही है किंतु अतीन्द्रिय ज्ञान
है । अत इन्द्रियो की अपेक्षा न होने से वह केवलज्ञान क्रम की अपेक्षा नही रखता है युगपत् ही सारे

१ निरावरणज्ञाना । २ अविशिष्टवागादिप्रतिषधवादिनाम् । ३ अविशिष्टवाक्त्व निराकृतमनेन । ४ अक्षबुद्धिनिराक
रणमनेन । ५ आदिना देशकालद्रव्यादिव्यवधानग्रह । ६ इच्छावत्त्वं निराकृतमनेन । ७ अविशिष्टपुरुषत्वमनेन
निराकृतम् । ८ सुगतादिषु । ९ युक्तिन्यार्य । शास्त्रमागम । १० निष्कलङ्कबुद्धि पक्ष अकलङ्कदेवानां बुद्धि ।

(1) निरवादि । (2) नाप्त इति पा । (3) कुत (4) व्यवधानातिवर्ति इति पा । इंड । इत्यादिना । (5)
वागादिकं निर्दोषज्ञाननिराकरणसमर्थं । (6) तीर्थकृत्सम्प्रदायानां सर्वेषामाप्तता नास्ति यतः ।

सुनिश्चितासम्भवद्बाधकप्रमाणत्वम्[1]। तेन कः परमात्मा चिदेव[2]लब्ध्युपयोगसंस्कारारणा-मावरणनिबन्धनानामत्यये[3] भवभृतां[4] प्रभुः ।* सकलस्याद्वादन्यायविद्विषां[5]माप्तप्रतिक्षेपप्रका-रेण[1] हि स्याद्वादिन एवाप्तस्याप्रतिक्षेपार्हत्वेन सुनिश्चितासम्भवद्बाधकप्रमाणत्वं सिद्ध्यति ।

[अर्हद् भगवानेव सर्वज्ञो न चान्य इति साधनं]

तेनैव[2] कारिकायास्तुरीयपादो व्याख्यायते । कः परमात्मा, पराऽऽत्यन्तिकी मा लक्ष्मी-

---

पदार्थों को एक साथ जान लेता है और तो क्या केवली भगवान् के ज्ञानावरण दर्शनावरण दोनों ही कर्मों का विनाश हो जाने से ज्ञान और दर्शन भी एक साथ ही उत्पन्न हो जाते है। इसीलिये इस ज्ञान मे किसी भी प्रकार अतराल भी नही पडता है। सर्वज्ञ भगवान् के मोहनीय कर्म का सर्वथा नाश हो जाने से मोह की पर्याय स्वरूप इच्छा का भी अभाव हो गया है। अतएव वीतराग भगवान की वाणी इच्छा रहित है यथा—

अनात्मार्थं विना रागं शास्ता शास्ति सतो हितम् ।

ध्वनन् शिल्पिकरस्पर्शात् मुरजः किमपेक्षते ।।

इसी प्रकार से वे भगवान हम और आप जसे साधारण पुरुष भी नही हैं परमौदारिक दिव्य शरीर के धारक महान पुरुष हैं। अतएव हमारे सर्वज्ञ भगवान् मे आप आवरण रहित—पूर्ण ज्ञान का निषेध नही कर सकते हैं। हा! इतना जरूर है कि अन्य बुद्ध कपिल महेश्वर आदि मे ये असाधारण वचन इंद्रिय जन्य ज्ञान (क्षयोपशम ज्ञान) से रहित क्षायिक ज्ञान इच्छा का अभाव असाधारण पुरुषत्व आदि बातें नहीं पाई जाती हैं अत इनमे ही निरावरण ज्ञान का अभाव है ऐसा समझना चाहिये।

जो युक्ति—तर्क और शास्त्र के ज्ञानी नही हैं वे सर्वज्ञ उनके अगोचर हैं वे केवल अकलंक—निर्दोष बुद्धि के ही गम्य हैं अथवा भट्टाकलकदेव की बुद्धि के ही गम्य हैं। इस प्रकार से सुनिश्चितासभवद्-बाधक प्रमाणत्व हेतु सिद्ध हो गया।

जिस कारण से सभी तीर्थच्छेद सप्रदायवादियो मे आप्तता नहीं है उसी कारणसे 'क—परमात्मा चित्—चतन्य पुरुष एव—ही आवरण निमित्तक लब्धि और उपयोग के सस्कारों के नाश हो जाने पर संसारी प्राणियों के गुरु हैं।*

सपूर्ण स्याद्वादन्याय के विद्वेषियो मे आप्त का खडन कर देने से स्याद्वादियो के महा आप्त का निराकरण करना शक्य नही है इस प्रकार से सुनिश्चितासभवद् बाधक प्रमाण सिद्ध हो जाता है।

[अर्हत भगवान् ही सर्वज्ञ हैं अन्य कोई सर्वज्ञ नहीं हो सकता है।]

इस प्रकार से अब कारिका के चतुर्थ पाद का व्याख्यान करते हैं। 'क—परमात्मा परा आत्यंतिकी

---

१ येन कारणेन तीर्थच्छेदसम्प्रदायानां सर्वेषामाप्तता नास्ति तेन कारणेन। २ इन्द्रियानिन्द्रियान्यतमावरणक्षयोपशमो लब्धिः। अर्थग्रहणव्यापार उपयोगः। तयोः संस्कारास्तेषाम्। ३ आवरणं निबन्धनं येषां ते तेषाम्। ४ भवं सन्तीति विभ्रति भवभृतः संसारिणस्तेषां गुरुः प्रभुर्भवेद्गुरुरिति कारिकापदस्य व्युत्पादनम्। ५ सुगतादीनाम्।

---

(1) [illegible] इति पा.। (2) कारणेन।

र्थस्येति विग्रहात् । चिदेव[1] ज्ञ[2] एव[1] न पुन कथञ्चिदप्यज्ञ, चिदिति शब्दस्य मुख्यवृत्त्या-श्रयणात् कथञ्चिदचित्यपि[1] चिच्छब्दस्य प्रवृत्तौ गौणत्वप्रसङ्गात्[2] ।

[सर्वज्ञ इंद्रियज्ञानेन सर्वं जानात्यतीद्रियज्ञानेन वा ?]

ननु[4] च परमात्मा साक्षाद्वस्तु[3] जानन्निंद्रियसस्कारानुरोधत[4] एव जानीयान्नान्यथा तद्वेदनस्य[5] प्रत्यक्षत्वविरोधात । न चेंद्रियसस्कारा सकृत्सर्वार्थेषु ज्ञानमुपजनयितुमल, सम्बद्धवर्त्तमानार्थविषयत्वात सम्बद्ध वर्त्तमान च गृह्यते चक्षुरादिभि ' इति वचनात ।

मा—लक्ष्मीर्यस्येति । क अर्थात परमात्मा पर अर्थात आत्यतिकी मा—लक्ष्मी है जिनको उन्हे परमात्मा कहते हैं ऐसा विग्रह होता है । चेतयते इति चित—चित ही ज्ञ ही सवज्ञ है किन्तु कथचित् भी अज्ञ सर्वज्ञ नही है । चित यह शब्द मुख्य वत्ति का आश्रय लेता है कथचित अचित—अचेतन स्वरूप अर्हंत सिद्ध साधु आदि के प्रतिबिबादि मे भी चित शब्द की प्रवत्ति होने पर गौण का प्रसग आ जाता है । अर्थात् अचेतन स्वरूप जो जिन प्रतिमा आदि है उन्हे गौण रूप से यहा भगवान परमात्मा कहा गया है ।

भावार्थ—मीमासक का कहना है कि सब तीथ का विनाश करने वाले ह सभी के आगम और आम्नाय परस्पर मे विरोधी है अत कोई भी सवज्ञ परमात्मा हो ही नही सकता है ।

इस पर जनाचाय कहते है कि ऐसी बात नही है । कारिका के चतुथ पाद कश्चिदेव भवेदगुरु के अनुसार कोई न कोई चित चतन्य स्वरूप भगवान परमात्मा है जो कि सभी ससारी प्राणियो के स्वामी हैं । चित् शब्द से चतन्य स्वरूप आत्मा एव अहत सिद्ध साधु आदिको की प्रतिमाय भी ग्रहण की जाती हैं, किन्तु यहा कारिका के अथ मे मुख्य रूप स जीवन्मुक्त अहत परमात्मा को ही मुख्यवृत्ति से लेने का उपदेश है और गौण रूप से अचित स्वरूप स प्रतिमादिका का भी ले सकते है परन्तु यहा प्रधानता साक्षात् अहत भगवान् की है ऐसा समझना चाहिये ।

[सवज्ञ भगवान इंद्रियज्ञान से सभी पदार्थों को जानते हैं या अतीन्द्रिय ज्ञान से ?]

मीमांसक—परमात्मा साक्षात सभी पदार्थों को जानते हुये इद्रिय सस्कार के अनुरोध–अनुग्रह से ही जानते हैं अन्यथा नही जानते है क्योकि अन्यथाज्ञान–अतीन्द्रियज्ञान का होना ही प्रत्यक्ष से विरुद्ध है और इद्रिय सस्कार एक साथ सभी पदार्थों मे ज्ञान को उत्पन्न करने मे समथ नही हैं क्योकि वे इंद्रियां संबद्ध वर्तमान पदाथ को ही विषय करती हैं सम्बद्ध वतमान च गृह्यते चक्षुरादिभि ऐसा वचन है इसलिये ज्ञ—सर्वज्ञ ही नही है क्योकि भविष्यत और अतीत से असबधित पदाथ के ज्ञान का अभाव होने से अल्पज्ञ

---

१ चेतयते इति चित् । २ सर्वज्ञ । ३ प्रतिबिम्बादी । ४ मीमासक । ५ अन्यथावेदनस्य ।

(1) अन्ययोगव्यवच्छेदाय । (2) प्रतिबिंबादौ । (3) ता बहु । (4) अर्थग्रहणोन्मुखता । (5) प्रतिगतमक्षं प्रत्यक्ष-मित्यभिधानात् ।

सतो न ज्ञ एव, भाव्यतीतासम्बद्धार्थज्ञानाभावादज्ञत्वस्यापि भावात्' इति न 'मन्तव्य लब्ध्युपयोगसंस्काराणामत्यये इति वचनात् । लब्ध्युपयोगौ 'हीन्द्रियं "लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम्" इति वचनात्' । 'तयो संस्कारा 'स्वार्थधारणा । तेषामत्यये सति ज्ञ एव स्यात्

[सर्वज्ञस्य भावेन्द्रियवत् द्रव्येन्द्रियाणां विनाशो कथं न भवति ?]

कुत पुनर्भावेन्द्रियसंस्काराणामत्यये सति ज्ञ एव स्यान्न तु 'द्रव्येन्द्रियाणामत्यये अतीन्द्रियप्रत्यक्षतोऽशेषार्थसाक्षात्कारित्वोपगमात् इत्यपि न शङ्कनीय 'भावेन्द्रियाणामावरणनिबन्धनत्वात् । कात्स्र्न्यतो ज्ञानावरणसक्षये हि' भगवानतीन्द्रियप्रत्यक्षभाक सिद्ध । ' च सकलावरणसंक्षये भावेन्द्रियाणामावरणनिबन्धनाना सभव — कारणाभावे 'कार्या

ही सिद्ध होते हैं ।

जैन—एसा नही मानना चाहिये क्योकि लब्धि और उपयोग के सस्कारो का नाश हो जाने प ऐसा हमने वचन दिया है । एव लब्धि और उपयोग को इद्रिय कहते हैं लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम ऐ सूत्र है । उन दोनो का सस्कार स्वार्थ धारणा रूप है । अर्थात लब्धि और उपयोग का प्रकर्ष संस्कार आ ग्राह्य-ग्रहण करने योग्य का ग्राहक परिमित रूप ही होता है । उन लब्धि और उपयोग के सस्कार—क्षय पशम ज्ञान का नाश हो जाने पर सवज्ञ होता है ।

[सवज्ञ भगवान के भावेन्द्रियो के समान द्रव्येन्द्रियो का विनाश क्यों नही हो जाता है ?]

शंका—भावेन्द्रिय सस्कार के नाश होने पर ही सवज्ञ होता है किन्तु द्रव्येन्द्रियों के नाश से नही यह बात कसे सिद्ध होगी ? क्योकि आपने तो अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष से अशेष पदार्थ का साक्षात्कार हो स्वीकार किया है ।

समाधान—ऐसी शका भी नही करना चाहिये क्योकि भावेन्द्रिया तो आवरण के निमित्त से हो हैं किन्तु द्रव्येन्द्रिया आवरण निमित्तक नही हैं क्योकि वे अगोपाग नाम कर्म के निमित्त से होती हैं । अ संपूर्णतया ज्ञानावरण का क्षय हो जाने पर ही भगवान अतींद्रियप्रत्यक्षज्ञानी सिद्ध है । अर्थात सवज्ञ अष्ट कर्म का नाश कारण नही है ज्ञानावरण दर्शनावरण का अभाव ही कारण है । इसलिये सपूर्ण आवरण का नाश हो जाने पर आवरण निमित्तक भावेन्द्रिया सभव नही हैं क्योकि कारण के अभाव में क

---

१ स्याद्वादवाह । २ तत्त्वार्थाधिगमवचनात् । ३ लब्ध्युपयोगयो प्रकर्षा (संस्कारा) स्वग्राह्यार्थग्राहका परिमितरूपा भवन्ति । ४ धारणाज्ञानरूपा न तु स्वरूपार्थग्रहणोन्मुखता संस्कारे, उपयोगसंस्कारयोरेकत्वप्रसङ्गात । ५ न तु द्रव्येन्द्रियाणामावरणनिबन्धनत्व तेषामङ्गोपाङ्गनामकर्मनिबन्धनत्वात् । ६ एवार्थ । न तु तत्राष्टकर्मविनाश कारणम् आवरणाभावस्यैव कारणत्वोपगमात् । ७ ज्ञानावरणसंक्षये भगवानतीन्द्रियप्रत्यक्षभाग्भवत्वेतावता भावेन्द्रियाणामभावादेवे कथमित्याशङ्कायामाह । ८ कारणानामावरणाभावरूपाणाम् । ९ कार्यस्य=भावेन्द्रियरूपस्य ।

---

(1) ज्ञानावरणसंक्षये भगवानतींद्रियप्रत्यक्षभाग्भवेत् एतावता भावेंद्रियाणामभाव कथमित्याशंकायामाह । (2) द्र व्येन्द्रियाणामप्यभाव कुतो न कथ्यते स्याद्वादिभि सर्वज्ञस्यातींद्रियप्रत्यक्षतोपगमादिति पराशंका ।

[illegible]: । "ननु आवरणक्षयोपशमनिबन्धनत्वाद्भावेन्द्रियाणां कथमावरणनिबन्धनत्वमिति

हो नहीं सकता है।

भावार्थ—इन्द्रियों के २ भेद हैं—द्रव्येन्द्रिय और भावेन्द्रिय। तत्त्वार्थसूत्र महाशास्त्र मे 'निर्वृत्त्युपकरणे द्रव्येन्द्रियम्' और 'लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम्' के अनुसार दोनो ही इन्द्रियो का लक्षण किया गया है। निर्वृत्ति और उपकरण को द्रव्येन्द्रिय कहते हैं। निर्वृत्ति—नाम कर्म के उदय से होने वाली रचना विशेष को निर्वृत्ति कहते हैं। निर्वृत्ति के २ भेद हैं—आभ्यन्तरनिर्वृत्ति और बाह्यनिर्वृत्ति। आत्मा के प्रदेशों का इन्द्रियाकार होना आभ्यन्तर निर्वृत्ति कहलाती है। पुदगल के परमाणुओ का इन्द्रियाकार होना बाह्य निर्वृत्ति कहलाती है। उपकरण—निर्वृत्ति के सहायक–उपकारक को उपकरण कहते हैं। उपकरण के दो भेद है आभ्यतर और बाह्य। जसे—नेत्रो मे जो काला और सफद मडल है वह आभ्यतर उपकरण है और पलकें तथा रोम वगरह बाह्य उपकरण है। इसी प्रकार से शेष इद्रियो मे भी जानना चाहिये। लब्धि और उपयोग को भावेन्द्रिय कहते है। लब्धि—ज्ञानावरण के क्षयोपशम विशेष को लब्धि कहते हैं। उपयोग—लब्धि के निमित्त से आत्मा का जो परिणमन होता है उसे उपयोग कहते हैं। अर्थात् ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से आत्मा मे जो जानने की शक्ति प्रकट होती है वह तो लब्धि है और उसके होने पर आत्मा का ज्ञेयपदार्थ की ओर अभिमुख होना उपयोग कहलाता है। लब्धि और उपयोग के मिलने से ही पदार्थ का ज्ञान होता है।

इसलिये इन द्रव्येन्द्रियो की रचना नाम कर्म के भेद मे अगोपाग नामक नाम कर्म के उदय से होती है और मतिज्ञानावरण कर्म के स्पर्शनेन्द्रियावरण आदि कर्मोंके क्षयोपशम विशेष से भावेन्द्रिया होती हैं। केवली भगवान के ज्ञानावरण कर्म का पूर्णतया नाश हो जाने से भावेन्द्रिया और भावमन नही पाये जाते हैं किंतु परमौदारिक दिव्य शरीर का अस्तित्व आयु नाम कर्म आदि अघातिया कर्म के शेष रहने तक चौदहवें गुणस्थान के अत तक पाया जाता है अत अर्हत के द्रव्येन्द्रिया मौजूद है। सिद्धो में शरीर और अगोपांग आदि नाम कर्म के अभाव से यद्यपि शरीर नही है फिर भी अतिम शरीर से किंचित् न्यून सिद्धो के आत्म प्रदेशों का आकार—पुरुषाकार तो रहता ही है अत वहा पर भी द्रव्येन्द्रियो का आकार विद्यमान है।

शंका—भावेन्द्रिया तो आवरण के क्षयोपशम के निमित्त से होती हैं पुन उन्हे आवरण निमित्तक ही कैसे कह दिया?

समाधान—यदि ऐसा कहो तो देशघाति ज्ञानावरण कर्म के स्पर्धको का उदय होने पर एवं सर्वघाति ज्ञानावरण के स्पर्धकों का उदयाभावी क्षय होने पर तथा उन्ही सर्वघाति स्पर्धको का सदवस्थारूप उपशम होने से वे भावेन्द्रियां होती हैं अत उनके आवरण निमित्तकत्व सिद्ध ही है इसलिये यहां ऐसा प्रश्न करना ठीक नहीं है। अर्थात् ज्ञानावरण के स्पर्धकों मे कुछ का उदय कुछ का उदयाभावी क्षय और कुछ का

१ आह कश्चित्प्रत्यवस्थाता।

[illegible] देशघातिज्ञानावरणस्पर्द्धकोदये[4] सति [5]सर्वघातिज्ञानावरणस्पर्द्धकानामुदयाभावे[6] सदवस्थायां च तेषां भावादावरणनिबन्धनत्वसिद्धेरबाधमेतत् ।

[अर्हन् भगवान् सर्वसंसारिजीवानां प्रभुस्ततोऽस्मादृशो नास्तीति प्रतिपादनं]

[7]न कश्चिद्भवभृदतीन्द्रियप्रत्यक्षभागुपलब्धो यतो भगवांस्तथा सम्भाव्यते इत्यपि न शङ्का श्रेयसी, तस्य भवभृतां प्रभुत्वात् । न हि [1]भवभृत्साम्ये दृष्टो धर्म [2]सकलभवभृत्स्वामी सम्भावयितु शक्य, तस्य संसारिजनप्रकृतिमभ्यतीतत्वात्[3] ।

[मीमांसको ब्रूते-प्रत्यक्षादि प्रमाणैः सर्वज्ञो न सिद्ध्यत्यतो नास्त्येव ।]

[9]ननु च सुनिर्णीतासम्भवद्बाधकप्रमाणत्वात्तथाविधो भवभृतां प्रभु साध्यते । [10]तच्चा-

---

सत्ता की अवस्था मे उपशम होने से भावइन्द्रिया होती है अत इन्हे आवरण के निमित्त से होने वाली कहने से कोई बाधा नहीं है ।

[आपके सर्वज्ञ में अतीन्द्रिय ज्ञान कैसे है एवं सभी ससारी जीवो के वे प्रभु कैसे है?]

मीमांसक—कोई ससारी प्राणी अतीन्द्रियज्ञान वाला उपलब्ध नही है अर्थात् देखा नही जाता है कि जिससे आपके भगवान अतीन्द्रिय ज्ञानी हो सके अर्थात नही हो सकते हैं ।

जैन—यह शका भी श्रेयस्कर नही है क्योकि वे भगवान तो ससारी जीवों के प्रभु—स्वामी हैं । संसारी जीव के सदृश मे देखा गया धर्म सकल ससारी जीवो के स्वामी मे सभावित करना—घटित करना शक्य नही है क्योकि सकल ससारी जीवो के स्वामी ससारी जीवों के स्वभाव का उलघन कर चुके हैं ।

[मीमांसक कहता है कि प्रत्यक्षादि पाच प्रमाणो से सर्वज्ञ का अस्तित्व सिद्ध नही होता है अत सर्वज्ञ नहीं है]

मीमांसक—सुनिश्चितासभवदबाधक प्रमाण से उस प्रकार से अर्हंत भगवान को आप ससारी जीवो के स्वामी सिद्ध करते हो किन्तु आपका हेतु असिद्ध है क्योकि उसको बाधित करने वाला 'सुनिश्चिता

---

१ णाणावरणचउक्क तिदसण सम्मय च संजलण । णवणोकसायविग्घं छव्वीसा देसघादीओ ।। [ज्ञानावरणचतुष्क त्रिदर्शनं सम्यक्त्व चतु सज्वलनम् । नवनोकषाया विघ्न षड्विंशतिर्देशघातीया] । देश [आत्मगुणस्यैकदेश] घ्नन्तीति देशघातिन इति व्युत्पत्ति । देशघातिनश्च ते ज्ञानावरणाश्च ते स्पर्द्धकाश्चेति देशघातिज्ञानावरणस्पर्द्धकास्तेषामुदये । २ कम शक्तिसमूहोऽणोरणूना (शक्ति समूह) वर्गणोदिता । वर्गणानां समूहस्तु स्पर्द्धक स्पर्द्धकापहै ।। इत्युक्तलक्षणो बहूनां कर्मत्वमापन्नाना पौद्गलिकवर्गणाना समूह स्पर्द्धको ज्ञेय । ३ सर्वमात्मगुण घ्नन्तीति सर्वघातिन । केवलणाणावरणं केवलदंसं कसायबारसयं । मिच्छं च सव्वघादी सम्मामिच्छं अबंधम्हि(अबंधम्हि) ।। [केवलज्ञानावरणं केवलदर्शनावरणं कषायद्वादशकम् [अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानाना प्रत्येक चतुष्कमिति द्वादश] । मिथ्यात्वं च सर्वघातिन सम्यग्मि-थ्यात्वमबन्धे (विद्धि)] । इत्युक्तलक्षणा सर्वघाती, आत्मगुणानां सामस्त्येन घातनात् । ४ वर्तमानकाले उदयप्राप्ता-नामित्यर्थ । ५ उदयाभावरूपे क्षये फलमदत्त्वैव तेषां निर्जरणे इत्यर्थः । ६ सर्वघातिज्ञानावरणस्पर्द्धकानामेवोदयाप्राप्ताना-[illegible] । [illegible] कर्मत्वरूपेण सम्बन्धे विद्यमाने सतीत्यर्थ । ७ मीमांसकशङ्का । ८ सकलभवभृत्स्वामी । ९ पूर्वपक्ष मीमांसक । १० हेतु ।

---

(1) भवभृत्सामान्ये इति पा । (2) ता बहुः । (3) अतिक्रान्तत्वात् ।

सिद्ध, सुनिश्चितासंभवत्साधकप्रमाणत्वस्य तदबाधकस्य सदभावात्। न हि तत्साधकं प्रत्यक्षम्[1]। नाप्यनुमान, तदेकदेशस्य लिङ्गस्यादर्शनात्[2]। तदुक्त—

सर्वज्ञो दृश्यते [2]तावन्नेदानीमस्मदादिभि । दृष्टो न चैकदेशोऽस्ति लिंग वा [3]योऽनुमापयेत ।

इति। आगमोपि न तावन्नित्य सर्वज्ञस्य प्रतिपादकोस्ति तस्य [1]कार्ये एवार्थे प्रामाण्यात् स्वरूपेपि[4] प्रामाण्येतिप्रसङ्गात्[४]। स[4] सर्ववित लोकविदित्यादेर्हिरण्यगर्भ सर्वज्ञ इत्यादेश्चागमस्य नित्यस्य [6]कर्मार्थवादप्रधानत्वात। [7]तात्पर्यासंभवा[5]दन्यार्थ[7]प्रधानवचनैरन्यस्य सर्वज्ञस्य विधाना

संभवदसाधक प्रमाणत्व मौजद है। अर्थात सुनिश्चित रूप से असभव है सर्वज्ञ को सिद्ध करने वाला साधक प्रमाण जिसमे उसे सुनिश्चितासभवत्साधक प्रमाण कहते हैं मतलब सर्वज्ञ को सिद्ध करने वाला कोई भी साधक प्रमाण सभव नही है अतएव सर्वज्ञ नही है। तथाहि-सर्वज्ञ को सिद्ध करने वाला प्रत्यक्ष प्रमाण तो है नहीं एव अनुमान भी नही है क्योकि उसका एक देश रूप हेतु दिखता नही है। कहा भी है—

श्लोकार्थ— हम लोगो के द्वारा इस समय सर्वज्ञ देखा नही जाता है और उस सर्वज्ञ को एकदेश भी देखा नही जाता है कि जिसको हेतु बनाकर उस सर्वज्ञ का अनुमान कर लेवे। नित्य आगम भी उस सर्वज्ञ का प्रदिपादक नही है वह तो कार्य (यज्ञादि) अर्थ मे ही प्रमाण है उसकी स्वरूप मे भी प्रमाणता मानने पर तो अति प्रसग आ जाता है। अर्थात अलाबू डूब रहे है पत्थर तर रहे हैं इन वाक्यो मे भी प्रमाणता आ जावेगी और वेद मे आप पवित्र इत्यादि स्वरूप का निरूपण करने वाले वाक्य हैं वे सभी प्रमाण हो जावगे।

जो याग को करता है वह सर्ववित है वह लोकवित है इत्यादि हिरण्य गर्भ सर्वज्ञ इत्यादि रूप से जो नित्य आगम है वह कर्मार्थवाद मे—क्रियाकाड मे प्रधान है। उससे सर्वज्ञ रूप अर्थ मे तात्पर्य—अर्थ निकालना असभव है अन्यार्थ प्रधान वचनो से स्तुति अर्थ को कहने वाले वचनो से अन्य कोई सर्वज्ञ का विधान करना असभव ही है। पूर्व मे किसी प्रमाण से अप्रसिद्ध स्वरूप सर्वज्ञ का उन आगम के वाक्यो से अनुवाद—कथन नही किया जा सकता है एव अनादि आगम आदिमान सर्वज्ञ का प्रतिपादन कर सके यह बात विरुद्ध ही है। तथा अनित्य—बनाया हुआ आगम भी सर्वज्ञ का प्रतिपादन नही कर सकता है क्योकि उस सर्वज्ञ के द्वारा प्रणीत ही आगम उस सर्वज्ञ का प्रकाशक होवे यह कथन युक्त नही है अन्यथा परस्पराश्रय दोष आ जाता है। एव नरातर—भिन्न साधारण मनुष्य का प्रणीत आगम प्रमाणभूत सिद्ध नहीं

---

१ सर्वज्ञसाधकम्। २ लिङ्ग भूत्वा य एकदेश सर्वज्ञमनुमापयदित्यर्थ। ३ योगे। ४ अलाबूनि निमज्जन्ति ग्रावाण प्लवन्त इत्यत्रापि वेदे स्वरूपनिरूपकस्य आप पवित्रमित्यादेरपि प्रामाण्यप्रसङ्गात्। ५ यो याग करोति। ६ कर्मार्थवाद = याग प्रशसावाद तत्स्तुतिकथन वा। ७ सर्वज्ञरूपेर्थ। स्तुत्यर्थकथनपर।

---

(1) प्रत्यक्ष समवति इति पा। संबद्धवर्तमानग्राहित्वात। (2) गृहीतसबन्धस्यकदेशदर्शनादसन्निकृष्टेर्थे बुद्धिरनुमानमिति वचनादेकदेशदर्शन सत्यवानुमानोदयात्। मीमासकानुमानलक्षणमिद। (3) सर्वज्ञ। (4) वेदेऽपि सर्वज्ञप्रतिपादक वाक्य अस्तीति शंकामनूद्यनिराकरोति। (5) च।

सम्भवात् । पूर्वं[६] [७]कुतश्चिदप्रसिद्धस्य तैरनुवादायोगात् । अनादेरागमस्यादिमत्सर्वज्ञप्रतिपादनविरोधाच्च[३] । नाप्यनित्यस्तत्प्रणीत एवागमस्तस्य प्रकाशको युक्तः परस्पराश्रयप्रसङ्गात् । नरान्तरप्रणीतस्तु न प्रमाणभूतः सिद्धो यतः सर्वज्ञप्रतिपत्तिः स्यात् । असर्वज्ञप्रणीताच्च वचनान्मूल[४]वर्जितात् सर्वज्ञप्रतिपत्तौ स्ववचनात्किन्न तत्प्रतिपत्तिरविशेषात् । तदुक्तं—

> न चागमविधिः कश्चिन्नित्यः [1]सर्वज्ञबोधकः । न च [2]मन्त्रार्थवादानां[५] तात्पर्यमवकल्प्यते ॥१॥
> [६]न चान्यार्थप्रधानैस्तैस्तदस्तित्वं विधीयते । न चानुवदितुं शक्यः पूर्वमन्यैर[७]बोधितः ॥२॥
> अनादेरागमस्यार्थो न च सर्वज्ञ आदिमान् । कृत्रिमेण त्वसत्येन[८] स कथं प्रतिपाद्यते ॥३॥
> अथ [९]तद्वचनेनैव सर्वज्ञोऽज्ञैः[3] प्रतीयते । प्रकल्प्येत कथं सिद्धिरन्योन्याश्रययोस्तयोः ॥४॥
> [१०]सर्वज्ञोक्ततया वाक्यं सत्यं तेन[११] तदस्तिता । कथं तदुभयं सिद्ध्येत् [१२]सिद्धमूलान्तरादृते ॥५॥

है कि जिससे सर्वज्ञ का ज्ञान हो सके। मूल से रहित—प्रमाणता से रहित असर्वज्ञ के द्वारा प्रणीत आगम से सर्वज्ञ का ज्ञान मानने पर तो अपने वचनों से ही उस सर्वज्ञ का ज्ञान क्यों न मान लीजिये क्योंकि दोनों ही मान्यताओं में कोई अंतर नहीं है। कहा भी है—

श्लोकार्थ—कोई नित्य आगम सर्वज्ञ का ज्ञान कराने वाला नहीं है और मंत्रार्थवाद-स्तुतिकथनादि वाद तात्पर्य—वास्तविक भी नहीं माना जा सकता है ॥ १ ॥

अन्यार्थ प्रधान वचनों से—स्तुति आदि परक अथवा क्रियाकांड प्रधान वचनों से सर्वज्ञ का अस्तित्व नहीं कहा जा सकता है एवं पूर्व में अन्य प्रमाणों से नहीं जाने गये सर्वज्ञ का अनुवाद कथन करना भी शक्य नहीं है ॥ २ ॥

अनादि आगम भी आदिमान सर्वज्ञ को नहीं कह सकता है एवं आदिमान-कृत्रिम आगम असत्य है अतः उस असत्य से सर्वज्ञ कैसे कहा जावेगा? ॥ ३ ॥

यदि आप कहें कि सर्वज्ञ के वचनों से ही अल्पज्ञजन सर्वज्ञ को जान लेते हैं तो यह कथन भी कैसे बनेगा क्योंकि अन्योन्याश्रय दोष आता है ॥ ४ ॥

सर्वज्ञ के द्वारा कहा गया होने से वचन (आगम) सत्य सिद्ध होगा और उस आगम से उस सर्वज्ञ

---

१ आगमेन सर्वज्ञस्यानुवादो भवतीत्युक्ते आह। २ प्रमाणात्। ३ आदिमत्सर्वज्ञं प्रतिपादयति यदा तदा सर्वज्ञोऽभूद्भविष्यति भवतीति त्रिरूपेणापि प्रतिपादने विरोधः। ४ मूलं प्रामाण्यम्। ५ स्तुत्यादि (चोदनादि)वादानां सत्यत्वं नावगम्यते। विशेषेण स्पष्टीकरणं त्वस्य भावनाविवेकनाम्नि ग्रन्थे कृतम्। ६ न वाक्यार्थप्रधानैस्तैस्तदस्तीति वा पाठः। ७ प्रमाणैः। ८ कृत्रिमत्वादेवासत्यत्वम्। ९ सर्वज्ञवचनेन। १० अन्योन्याश्रयं भावयति। ११ वाक्येन। १२ सिद्धं च तन्मूलान्तरं (प्रमाणान्तरं) च तस्मात्।

---

(1) सर्वज्ञबोधकः इति पा.। (2) अग्निष्टोमेन यजेत स्वर्गकाम इति मंत्रवाक्यं। स सर्ववित् स लोकविदिति अर्थवादः।
(3) सर्वज्ञोऽज्ञैः इति पा.। जैनैः।

असर्वज्ञप्रणीतात्तु वचनान्मूलवर्जितात् । सर्वज्ञमवगच्छन्त[1] स्ववाक्यात्किं न जानते ॥६॥"

इति। नोपमानमपि सर्वज्ञस्य साधक, [1]तत्सदृशस्य जगति कस्यचिदप्यभावात् । तथोक्त —

सर्वज्ञसदृशं कञ्चिद्यदि पश्येम सम्प्रति । उपमानेन सर्वज्ञं जानीयाम ततो[2] वयम् ॥

इति। नार्थापत्तिरपि सवज्ञस्य साधिका [2]तदुत्थापकस्यार्थस्यान्यथानुपपद्यमानस्याभावात् । धर्माद्युपदेशस्य [3]बहुजनपरिगृहीतस्यान्यथाभावात[3] । तथा चोक्तम—

"उपदेशो हि बुद्धादेर्धर्माधर्मादिगोचर । [4]अन्यथाप्युपपद्यत[5] सवज्ञो यदि नाभवत ॥१॥
बुद्धादयो ह्यवेदज्ञास्तेषां [4]वेदादसम्भव । उपदेश [5]कृतोतस्तैर्व्यामोहादेव केवलात ॥२॥

का अस्तित्व सिद्ध होगा पुन असिद्ध मूलातर के बिना–प्रमाणता क बिना वे उभय भी कसे सिद्ध हो सकेंगे ? ॥ ५ ॥

एवं प्रमाण वर्जित–असवज्ञ प्रणीत आगम से सवज्ञ को स्वीकार करते हुये आपको अपने वाक्यो से ही सर्वज्ञ की सिद्धि क्यो नही हो जाती है ॥ ६ ॥

तथा उपमान प्रमाण भी सर्वज्ञ की सिद्धि करने वाला नही है क्योकि सवज्ञ के सदश कोई भी जगत में नहीं है जिसकी उपमा सर्वज्ञ को दे सक। कहा भी है कि—

श्लोकार्थ—यदि सर्वज्ञ के सदश किसी को इस समय हम देख तब तो उपमान प्रमाण के द्वारा हम उसको जान सक।

अर्थापत्ति भी सर्वज्ञ को सिद्ध करने वाली नही है क्याकि उस अर्थापत्ति को उत्पन्न करने वाले पदाथ में अन्यथानुपपद्यमान का अभाव है। बहुजनपरिगहीत धर्मादि का उपदेश अन्यथा भी हो सकता है अर्थात् सर्वज्ञ के अभाव मे भी धम अधम आदि का उपदेश सभव है क्योकि वह बहुत जनो के द्वारा परिगृहीत है इसलिये धर्मादि का उपदेश सवज्ञ के साथ अविनाभाव रूप नही है कि जिससे वह सर्वज्ञ को सिद्ध कर सके ? कहा भी है—

श्लोकाथ—बुद्ध कपिल आदि का उपदेश धम अधम आदि को विषय करने वाला है क्योकि यदि सर्वज्ञ न होवे तो अन्यथा-सवज्ञ के अभाव मे भी वह हो सकता है ॥ १ ॥

बुद्धादि वेद के जानने वाले नही हैं अत उनका उपदेश वेद से असभव है फिर भी उन लोगो ने जो उपदेश दिया है वह केवल व्यामोह से ही किया है ॥ २ ॥

---

१ सर्वज्ञसदृशस्य । २ अर्थापत्त्युत्थापकस्य । ३ सर्वज्ञाभावेपि धर्माद्युपदेश संभवति बहुजनपरिगृहीतत्वात् । ततो धर्माद्युपदेशो नान्यथानुपपद्यमानो यत सर्वज्ञ साधयेत् । ४ सवज्ञाभाव । ५ अन्यथा नोपपद्यत इति पाठान्तरम् । यद्येव पाठस्तदा काकुरूपेण ध्येय ।

---

अपि तु यथानि नाप्रतिनियतसकलरूपादि विषयाणि 'यथोपलब्धिलक्षणप्राप्तानि महत्त्वोपेतानि पृथिव्यादिद्रव्याणि तत्समवेतरूपादीनि चक्षुरादीन्द्रियगोचरतया प्रसिद्धानि, न पुनः परमाण्वादीनि । 'समाधिविशेषोत्थधर्ममाहात्म्याद् दृष्टातिक्रमेण परमाण्वादिषु चक्षुरादीनि प्रवर्तन्ते न पुनः रसादिष्वेकमिन्द्रियम्, 'इति न किञ्चिद्विशेषव्यवस्थानिबन्धनमन्यत्र जाड्यात् । 'एतेन परम्परया परमाणुरूपादि'ष्विन्द्रियसम्बन्ध प्रतिध्वस्त, संयोगाभावे संयुक्तसमवायादेरप्यसंभवात्' श्रोत्र सकलशब्दसमवायासंभवे शब्दत्वेन समवेतसमवायासंभववत् ।

[मानसप्रत्यक्षेणापि सूक्ष्मादिपदार्थस्य ज्ञान न भवति]

यदि पुनरेकमेवान्तःकरण योगजधर्मानुगृहीत युगपत्सकलसूक्ष्माद्यर्थविषयमिष्यते'

इसलिए ऐसा नहीं हो सकता है ।

मीमांसक—तो फिर परमाणु आदि में भी इन्द्रियों की प्रवृत्ति का प्रत्यक्ष से ही विरोध तुल्य है क्योंकि जिस प्रकार से चक्षु आदि इन्द्रियां अपने-अपने प्रतिनियत रूपादि पदार्थों को विषय करते हुये देखी जाती हैं किंतु अप्रतिनियत सकल परमाणु आदि पदार्थ तथा रूप रस आदि विषयों को ग्रहण नहीं कर सकती हैं । उसी प्रकार से उपलब्धि लक्षण प्राप्त जो चक्षु आदि इन्द्रियों द्वारा ग्रहण करने योग्य हैं तथा महत्व आदि गुणों से सहित ऐसे जो पृथ्वी आदि द्रव्य हैं एवं उन द्रव्यों में समवेत रूप से रहने वाले जो रूपादि गुण हैं ये सभी पदार्थ चक्षु आदि इन्द्रियों के विषयभूत प्रसिद्ध हैं । फिर भी परमाणु आदि पदार्थ चक्षु आदि इन्द्रियों के गोचर नहीं हैं ऐसा प्रत्यक्ष से सिद्ध है ।

नैयायिक—समाधि विशेष से उत्पन्न होने वाले धर्म के माहात्म्य से प्रत्यक्ष का भी उल्लंघन करके चक्षु आदि इन्द्रियां परमाणु आदि विषयों में प्रवृत्ति करती हैं अर्थात् जान लेती हैं परन्तु एक ही इन्द्रिय रस गन्ध आदि सभी विषयों को ग्रहण नहीं कर सकती है ।

मीमांसक—चक्षु इन्द्रिय और परमाणु के संयोग सन्निकर्ष का अभाव होने पर भी आप नैयायिक का जो यह कथन है उस कथन में मूर्खता के अतिरिक्त विशेष व्यवस्था का कारण हमें कुछ भी नहीं दिखता है । इसी कथन से परम्परा से परमाणु रूप आदि में इन्द्रियों का सम्बन्ध होता है इत्यादि मान्यता का भी खंडन हो गया समझना चाहिये । क्योंकि संयोग के अभाव में संयुक्त समवाय संयुक्त समवेत समवाय आदि भी संभव नहीं है । जिस प्रकार से श्रोत्र इन्द्रिय में संपूर्ण शब्दों का समवाय असंभव है तब शब्दत्व रूप से समवेत समवाय भी असंभव ही है ।

---

१ सकलपदेन [illegible] । २ आदिपदेन [illegible] । ३ योगजधर्मानुगृहीतत्वधर्मातिशयात् [illegible] । ४ [illegible] संयोगसन्निकर्षाभावे । ५ [illegible] निराकरणेन । ६ आदिपदेन [illegible] । ७ आदिपदेन संयुक्तसमवेतसमवाय[illegible] ८ भी नैयायिक । ९ तव नैयायिकस्य ।

---

(1) [illegible] । (2) [illegible] ।

तथापि दृष्टातिक्रम[1] एव, [1]मनसो युगपदनेकत्र विषये प्रवृत्त्यदर्शनात[2]। तत्र दृष्टाति-क्रमेष्टौ[2] वा स्वयमात्मैव समाधिविशेषोत्थधर्मविशेषवशादन्त करणनिरपेक्ष साक्षात् सूक्ष्माद्यर्थान् पश्यतु किमिन्द्रियेणेवान्त करणेन ? तथा च नेन्द्रियज्ञानेन[3] कस्यचित्प्रत्यक्षा[4] सूक्ष्माद्यर्था संभाव्यन्ते । [4]अतीन्द्रियप्रत्यक्षेण[4] कस्यचित्प्रत्यक्षा [5]साध्यन्ते इति [5]चेद अप्रसिद्धविशेषण[6] पक्ष, [6]क्वचिदनीन्द्रियज्ञानप्रत्यक्षत्वस्याप्रसिद्ध साख्य प्रति [8]विनाशी शब्द इत्यादिवत् । साध्यशून्यश्च दृष्टान्त स्यादग्न्यादेरनीन्द्रियप्रत्यक्षविषयत्वाभावात् ।

[मानस प्रत्यक्ष से भी सूक्ष्मादि पदार्थों का ज्ञान नही होता है ।]

पुन यदि आप नयायिक एक अन्त करण (मन) को ही योगज धम से अनुगृहीत स्वीकार करके उसके द्वारा युगपत् सपूण पदार्थों का विषय करना मानोगे तो भी आपके यहा प्रत्यक्ष का उल्लघन हो ही जावेगा क्योकि मन की एक साथ अनेक विषया मे प्रवत्ति नही देखी जाती है युगपत ज्ञानानुत्पत्तिमनसो लिंग ऐसा आपका ही वचन है ।

नैयायिक—इस विषय मे प्रत्यक्ष से विरोध होता है तो हो जावे हमे कोई बाधा नही है क्योकि समाधि विशेष से उत्पन्न धम का चमत्कार ही ऐसा है कि जिससे अनुगहीत मन एक साथ ही सपूर्ण परमाणु आदि पदार्थों को विषय कर लेता है ।

जैन—यदि आप ऐसा मान लेते हैं तो भाई ! स्वय आत्मा ही समाधि विशेष (शुक्लध्यान) से उत्पन्न हुये धम विशेष (केवलज्ञान) के बल से अत करण से निरक्षप होता हुआ ही साक्षात सपूर्ण सूक्ष्मादि पदार्थों को जान लेता है ऐसा भी मान लीजिये क्या बाधा है ? पुन इद्रियो के द्वारा जानता है अथवा मन के द्वारा जानता है इत्यादि कल्पनाओ का क्या प्रयोजन है ? अत किसी को भी इन्द्रिय ज्ञान के द्वारा सूक्ष्मादि पदाथ प्रत्यक्ष नही हो सकने है । यह बात सिद्ध हो जाती है ।

मीमांसक—आप नयायिक से हमने पहले यह प्रश्न किया था कि सूक्ष्मादि पदार्थ इन्द्रिय ज्ञान से किसी के प्रत्यक्ष हैं या अतीद्रियज्ञान—मानसप्रत्यक्षज्ञान से ? उसमे से यदि आप दूसरा विकल्प स्वीकार कर कि सूक्ष्मादि पदार्थ अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष के द्वारा किसी के प्रत्यक्ष हैं तब तो आपका पक्ष अप्रसिद्ध

---

१ प्रत्यक्षोल्लङ्घनमेव । २ युगपज्ज्ञानानुत्पत्तिर्मनसो लिङ्गमिति वचनात । ३ प्रत्यक्षविरोधाङ्गीकारे । ४ सूक्ष्माद्यर्था । ५ मीमासक । ६ सक्ष्माद्यर्था अतीन्द्रियप्रत्यक्षा इति अप्रसिद्ध विशेषणं यस्य स । अतीन्द्रियप्रत्यक्षत्वं तीर्व विशेषणमप्रसिद्धमित्यर्थ । ७ दृष्टांते । ८ साख्यमते आविर्भावतिरोभावौ स्तो न तु विक्रियद्विनाशि ।

---

(1) युगपज्ज्ञानानुत्पत्तिर्मनसो लक्षण । (2) ता । प्रत्यक्षातिक्रमाभिमनने दृष्टातिक्रमेष्टाविक्रमेष्टी इति पा दि. प्र. । (3) इंद्रियांत करणात् । (4) द्वितीयविकल्प । (5) यौगो वदति हे स्याद्वादिन् । ते सूक्ष्माद्यर्था अतीन्द्रियज्ञानेन कस्यचित् पु स प्रत्यक्षा मया साध्यंत इति किं तवाभिप्राय । दि प्र । (6) आविर्भावतिरोभावमात्रं न तु नाशित्वं [illegible] ।

[इंद्रियानिंद्रियानपेक्षप्रत्यक्षेण सूक्ष्मादिपदार्था ज्ञायंते इति स्याद्वादिभिः कथ्यते]

इति[1] केचित्तेपि न सम्यग्वादिन, सूक्ष्माद्यर्थानामिंद्रियजप्रत्यक्षेण [1]कस्यचित्प्रत्यक्षत्वासाधनात्तत्पक्षनिक्षिप्तदोषानवतारात्[1]। [2]तथा [3]साधयतां स्याद्वादिभिरपि तद्दोषसमर्थनात्[3]। [4]नाप्यतीन्द्रियप्रत्यक्षेण कस्यचित्प्रत्यक्षत्वं [4]साध्यते येनाप्रसिद्धविशेषण पक्ष साध्यशून्यश्च दृष्टान्त स्यात [5]प्रत्यक्षसामान्येन कस्यचित्सूक्ष्माद्यर्थप्रत्यक्षत्वसाधनात्। प्रसिद्धे च सूक्ष्माद्यर्थाना सामान्यत कस्यचित्प्रत्यक्षत्वे सर्वज्ञत्वस्य सम्यकस्थित्युपपत्तेस्तत्प्रत्यक्षस्येन्द्रियानिंद्रियानपेक्षत्व सिध्यत्येव। तथा हि। [6]योगिप्रत्यक्षमिंद्रियानिंद्रियानपेक्ष,

---

विशेषण वाला हो जाता है क्योकि दृष्टान्त मे अतीन्द्रिय ज्ञान प्रत्यक्षत्व असिद्ध ही है। जिस प्रकार से सांख्य को अनित्य शब्द' असिद्ध है क्योकि सांख्य के मत मे प्रत्येक पदार्थ का आविर्भाव और तिरोभाव ही माना है। उनके यहां किसी भी पदार्थ को अनित्य नही माना है।

एव दृष्टान्त भी साध्य शून्य ही है क्योकि अग्नि आदि पदार्थ अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष के विषय नही हैं। यहा अतीन्द्रिय शब्द से मानस अर्थ लेना चाहिए।

[इन्द्रिय और अनिन्द्रिय की अपेक्षा से रहित सामान्य प्रत्यक्ष के द्वारा ही अतीन्द्रिय पदार्थों का ज्ञान होता है इस प्रकार जैनाचार्य कहते हैं।]

जैन—इस प्रकार का कथन करने वाले आप मीमासक भी सम्यग्वादी नही हैं। सूक्ष्मादि पदार्थ इन्द्रियज प्रत्यक्ष के द्वारा किसी के प्रत्यक्ष हैं ऐसा हम मानते ही नही हैं। इसलिए उस पक्ष मे दिये गये दोष हम जैनों के यहा संभव ही नही हैं। उस प्रकार के पक्ष को मानने वाले नैयायिको के लिए हम स्याद्वादियो ने भी उन दोषो का समर्थन ही किया है और हम लोग अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष (मानस प्रत्यक्ष) के द्वारा भी किसी के सूक्ष्मादि पदार्थों का प्रत्यक्षपना सिद्ध नही करते हैं कि जिससे हमारा पक्ष अप्रसिद्ध विशेषण वाला होवे एव दृष्टांत साध्य से शून्य होवे। अर्थात हमारे यहा ये दोष नही आते हैं।

मीमांसक—तब आप जैन सूक्ष्मादि पदार्थों का प्रत्यक्ष होना कैसे सिद्ध करते हैं?

जैन—प्रत्यक्ष सामान्य के द्वारा हम जैन किसी के सूक्ष्मादि पदार्थों का प्रत्यक्ष होना सिद्ध करते हैं।

सूक्ष्मादि पदार्थ सामान्य से किसी के प्रत्यक्ष हैं इस बात के सिद्ध हो जाने पर सर्वज्ञत्व की सम्यक् प्रकार से व्यवस्था बन जाती है और सर्वज्ञ का अस्तित्व सिद्ध हो जाने से प्रत्यक्ष ज्ञान इन्द्रिय और मन

---

१ स्याद्वादिन आहु 'इति केचिन्मीमांसकास्तेपि न सम्यग्वादिन इति। २ जैनानाम्। ३ नैयायिकानाम्। ४ सिद्धान्ती। ५ तर्हि सूक्ष्माद्यर्थानां कथं प्रत्यक्षत्वं साध्यते जैनैर्भवद्भिरिति मीमांसकाशङ्कायामाह प्रत्यक्षसामान्येनेत्यादि। (६) योगी=सर्वज्ञ।

---

(1) इन्द्रियजप्रत्यक्ष। (2) सूक्ष्माद्यर्था इंद्रियप्रत्यक्षेण कस्यचित् प्रत्यक्षा भवति। इति (3) साधयतां यौगादीनां स्याद्वादिभिस्तस्य पक्षस्य दोषः समर्थ्यते। दि प्र। (4) योगिन इंद्रियं योगजधर्मबलात् सूक्ष्माद्यर्थं गृह्णाति। (5) अस्माभिः स्याद्वादिभिः।

सूक्ष्माद्यर्थविषयत्वात् । यन्नेन्द्रियानिन्द्रियानपेक्षं तन्न सूक्ष्माद्यर्थविषयं दृष्टं यथास्मदादि-प्रत्यक्षम् । सूक्ष्माद्यर्थविषयं च योगिनः प्रत्यक्षं सिद्धं तस्मादिन्द्रियानिन्द्रियानपेक्षम् । नाव-धिमनःपर्ययप्रत्यक्षाभ्यां हेतुर्व्यभिचारी तयोरपीन्द्रियानिन्द्रियानपेक्षत्वसिद्धेः ।

की अपेक्षा रहित है यह बात भी सिद्ध हो हो जाती है । तथाहि—

"सर्वज्ञ भगवान का प्रत्यक्ष ज्ञान इन्द्रिय और मन की अपेक्षा से रहित है क्योंकि वह सूक्ष्मादि पदार्थों को विषय करने वाला है जो इन्द्रिय और मन की अपेक्षा से रहित नहीं है । वह सूक्ष्मादि पदार्थों को विषय करने वाला भी नहीं है जैसे कि हम लोगों का प्रत्यक्षज्ञान और सूक्ष्मादि पदार्थों को विषय करने वाला भगवान सर्वज्ञ का प्रत्यक्षज्ञान सिद्ध ही है । इसीलिये वह इन्द्रिय और मन की अपेक्षा से रहित है ।

इस प्रकार अवधिज्ञान मनःपर्ययज्ञान के द्वारा भी हमारा हेतु व्यभिचारी नहीं है क्योंकि ये दोनों ज्ञान भी इन्द्रिय और मन की अपेक्षा से रहित हैं यह बात सिद्ध है ।

भावार्थ—मीमांसक ने जैसे तैसे करके इस बात को तो स्वीकार कर लिया कि सूक्ष्मादि पदार्थ किसी न किसी के प्रत्यक्ष अवश्य हैं । अब वह इस बात को समझना चाहता है कि ये सूक्ष्मादि पदार्थ इन्द्रिय ज्ञान से किसी के प्रत्यक्ष हैं या अतीन्द्रिय ज्ञान से ? क्योंकि इन्द्रिय और मन को छोड़कर ज्ञान को उत्पन्न करने के लिये और कोई साधन ही नहीं है ।

पुनः वह स्वयं ही कहता जा रहा है कि इन्द्रिय ज्ञान से सूक्ष्मादि पदार्थों को प्रत्यक्ष करना अशक्य है क्योंकि इन्द्रियां वर्तमान-कालीन अपने ग्रहण करने योग्य कतिपय पदार्थों को ही विषय करती हैं । इसी बीच में मीमांसक का पड़ोसी नैयायिक आ जाता है और वह कहने लगता है कि भाई ! योग विशेष से उत्पन्न हुये अनुग्रह से योगियों की इन्द्रियां परमाणु आदि को जान लेती हैं ।

इस पर मीमांसक ने कहा कि भाई ! योग विशेष का अनुग्रह क्या चीज है ? जब इन्द्रियां अपने विषय में प्रवृत्ति करती हों तब उसमें कुछ विशेषता का हो जाना अनुग्रह है या परमाणु आदि को जानने में इन्द्रियों के लिए सहकारी होना अनुग्रह है ? इन दोनों ही विकल्पों में मीमांसक ने दोष दिखा दिये हैं क्योंकि इन्द्रियों में योगज धर्म या मंत्र तंत्र अंजन गुटिका आदि अथवा आधुनिक यंत्र दूरबीन, खुर्दबीन आदि कैसे भी साधन मिल जावें । चक्षु इन्द्रिय देखने का ही काम करेगी खुर्दबीन जैसे यंत्र से भी सुनने का काम नहीं कर सकेगी । कर्णेन्द्रिय रेडियो टेलीफोन आदि यन्त्रों के द्वारा लाखों मीलों की बातें को सुन ही सकती है, देख नहीं सकती है । सभी इन्द्रियां अपने-अपने विषयों को ग्रहण कर सकती हैं अन्य इन्द्रियों के विषयों को नहीं ।

---

१ अतिरिक्तव्याप्ति ।

नैयायिक सन्निकर्ष को प्रमाण मानते हैं उनका कहना है कि पहले चक्षु इंद्रिय का घट से संबंध हुआ उसका नाम है, संयोग' पुन उसके रूप से संबंध हुआ है उसका नाम है "संयुक्त समवाय इसके बाद इंद्रिय ने जो उसके रूपत्व को जाना उसका नाम "संयुक्तसमवेतसमवाय ' है।

मीमांसक कहता है कि जब इन्द्रियों का परमाणु आदि पदार्थों के साथ सम्बन्ध ही नहीं होता है तब संयोग संयुक्त समवाय आदि सन्निकर्ष भी कैसे बनेंगे ? पुनरपि मीमांसक उस नैयायिक को समझा रहा है कि भाई ! यदि आप कहें कि मन पर योगज धर्म का अनुग्रह होता है और मन ही संपूर्ण अतींद्रिय पदार्थों को जान लेता है तो यह बात भी घटित नही है क्योंकि मन एक साथ पंचेंद्रियों के विषयो को भी नही समझ सकता है तब सूक्ष्मादि पदार्थो को जानने की बात बहुत ही दूर है। हां ! जैनों ने अवश्य मानस मतिज्ञान के द्वारा मूर्तिक अमूर्तिक छहो द्रव्यों का ज्ञान और उनकी कतिपय पर्यायों का ज्ञान माना है किन्तु फिर भी मन से संपूर्ण सूक्ष्मादि पदार्थों का ज्ञान नहीं माना है।

यदि मूल का दूसरा विकल्प लिया जाय कि अतींद्रिय प्रत्यक्ष से सर्वज्ञ संपूर्ण पदार्थों को जानते हैं तो यह बात भी नही बन सकती क्योंकि अतींद्रिय प्रत्यक्ष ज्ञान असिद्ध ही है। पहले उसे ही सिद्ध करने मे आपको बहुत शक्ति लगानी पडगी। इस प्रकार से मीमांसक से आमना-सामना करके अपनी शंका का समाधान करने का प्रयत्न करते हुये अपनी ही बात को पुष्ट कर दिया है।

अब जैनाचार्य उत्तर देते हुये कहते हैं कि भाई ! यदि हम इन्द्रिय प्रत्यक्ष से किसी के सूक्ष्मादि पदार्थों का प्रत्यक्ष ज्ञान होना मानें तो ये सब दोष हमारे ऊपर आ आवेंगे किन्तु हम तो इन्द्रिय प्रत्यक्ष से संपूर्ण पदार्थो का प्रत्यक्षीकरण नही मानते हैं और न आपके द्वारा कल्पित अतींद्रिय प्रत्यक्ष से ही सूक्ष्मादि पदार्थो का साक्षात्कार मानते हैं। इसलिये आप मीमांसक हमारे ऊपर दोषारोपण नही कर सकते हैं प्रत्युत हम जैन सामान्य प्रत्यक्ष के द्वारा ही संपूर्ण सूक्ष्मादि पदार्थो को प्रत्यक्ष जानना मानते हैं।

वह सामान्य प्रत्यक्ष इन्द्रिय और मन आदि की अपेक्षा से रहित है अत परमार्थ प्रत्यक्ष है। अत्यन्त ही केवलज्ञानावरण कर्म के क्षय से उत्पन्न हुआ आत्मा का ही निजी स्वभाव है। उसे ही अतींद्रिय प्रत्यक्ष भी कहते हैं।

"सामग्रीविशेषविश्लेषिताखिलावरणमतीन्द्रियमशेषतो मुख्य ' इस सूत्र के अनुसार द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव की सामग्री विशेष से अखिल आवरण के नष्ट हो जाने पर वह ज्ञान उत्पन्न होता है अतः वह ज्ञान अतींद्रिय है और मुख्य प्रत्यक्ष है, शेष, मति, श्रुत अवधि मन पर्ययज्ञान, क्षायोपशमिक ज्ञान हैं वे मुख्य प्रत्यक्ष नही हैं। आदि का मतिज्ञान न्याय की भाषा मे सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष है और सैद्धांतिक ग्रंथों के आधार से इंद्रिय और मन की सहायता से उत्पन्न होने से परोक्ष कहलाता है। अवधिज्ञान और मन:पर्ययज्ञान एक देश प्रत्यक्ष हैं और वे क्षायोपशमिक होते हुए भी अतींद्रिय हैं। ये दोनों ज्ञान भी इंद्रिय और मन की सहायता से रहित हैं इसलिये ये दोनों ज्ञान सूक्ष्मादि पदार्थों को प्रत्यक्ष करते आते हैं परमाणु तक सूक्ष्म वस्तु को जानने की सामर्थ्य रखते हैं, कई भवों की और

[सूक्ष्मादिपदार्थान् क प्रत्यक्षेण जानाति अर्हद् भगवान् बुद्धादयो उभयव्यतिरिक्त: कश्चिद् वा ?
इत्यादिप्रश्नमाला विचार]

[9]ननु च कस्येद सूक्ष्माद्यर्थप्रत्यक्षत्वं [1]साध्यते ? अर्हतोनर्हत[1] सामान्यात्मनो वा ? यदि विप्रकृष्टार्थप्रत्यक्षत्वमर्हत साध्यते[1] पक्षदोषोऽप्रसिद्धविशेषणत्वम् । तत एव [2]व्याप्तिर्न[4] सिध्येत । [3]अनर्हतश्चेदनिष्टानुष गोपि[4] । क पुन सामान्यात्मा तदुभयव्यतिरेकेण यस्य विवक्षितार्थप्रत्यक्षत्वम्[4] ? इत्येत[9]द्विकल्पजाल शब्दनित्यत्वेपि[4] समान, न केवल सूक्ष्मादि साक्षात्करणस्य [5]प्रतिषेधने सशीतौ वा । [10]तदयमनमानमुद्रा[6] [1] मिनत्ति* । न कश्चित्सूक्ष्मा

असख्यात द्वीप समुद्रो तक की भी बातें स्पष्ट जान लेते हैं। य भी स्वात्मा से ही उत्पन्न होने से पूर्ण विशद हैं केवलज्ञान से अवधिज्ञान मन पर्ययज्ञान मे अतर केवल इतना ही है कि य द्रव्य क्षत्र आदि की मर्यादा को लिय हुए सीमित है एव केवलज्ञान सपूण लोकालोक को जानने वाला होने से असीमित अनत है। स्पष्टता की अपेक्षा इन तीनो मे कोई अतर नही है। अत मे निष्कष यह है कि सर्वज्ञ का ज्ञान अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष है यह बात यहा सिद्ध की गई है।

[सूक्ष्मादि पदार्थों को प्रत्यक्ष ज्ञान के द्वारा जानने वाले कौन हैं ? अर्हत बुद्धआदि या इनसे भिन्न अन्य कोई जन ?]

मीमांसक—यह सूक्ष्मादि पदार्थो का प्रत्यक्षपना आप किसके सिद्ध करते हैं अर्हत (केवली जिन) के या अनर्हत (बुद्धादिक) के अथवा सामान्य आत्मा के ?

यदि विप्रकृष्ट अर्थो—दूरवर्ती पदार्थो का प्रत्यक्षपना अर्हत में सिद्ध करते हो तब तो पक्ष मे अप्रसिद्ध विशेषणत्व दोष आता है इसी से व्याप्ति की सिद्धि भी नहीं होगी। अर्थात् जहां-जहां अनुमेयत्व हेतु है वहां-वहां किसी अर्हत के प्रत्यक्षपना है यह व्याप्ति नहीं बन सकेगी और यदि आप ऐसा कहें कि अनर्हत (बुद्धआदिक) के परोक्ष पदार्थो का प्रत्यक्षत्व सिद्ध करते हैं तब तो आपके यहां अनिष्ट का प्रसग भी आता है क्योंकि आप जनों के यहां अर्हत क अतिरिक्त किसी बुद्ध कपिल आदि में सूक्ष्मादि पदार्थों का प्रत्यक्षत्व सिद्ध करना इष्ट नहीं है। पुन अर्हत और अनर्हत क अतिरिक्त सामान्यात्मा और कौन है कि जिसके आप सूक्ष्मादि परोक्ष पदार्थो का प्रत्यक्षत्व सिद्ध कर सक ?

जैन—इस प्रकार के ये विकल्प जाल आपके यहां शब्द को नित्य मानने रूप अनुमान में भी

---

१ मीमांसक । २ बुद्धादे । ३ तर्हीत्यध्याहार्यम् । ४ यत्र यत्रानुमेयत्व तत्र तत्र कस्यचिदर्हत प्रत्यक्षत्वमिति व्याप्तिमी स्यत पक्षदोष । ५ अपिशब्दात्पक्षदोषोपि । ६ सूक्ष्माद्यर्थानाम् । ७ जैन आह । ८ मीमांसकस्येष्टे । ९ तत्रत्याक्षर्य मीमांसक । १० मीमांसक सूक्ष्माद्यर्थसाक्षात्करणप्रतिषेधसशययो क्रमेणानुमाने द्व रचयति (वक्ष्यमाणप्रकारेण) ।

---

(1) सूक्ष्मांतरितदूरार्था कस्यचिदर्हत प्रत्यक्षा । (2) सूक्ष्मांतरितदूरार्थाः अर्हत प्रत्यक्षाः प्रमेयत्वात् । यद्यत्प्रमेयं तत्तदर्हतः प्रत्यक्षमिति व्याप्तेरभावात् । (3) बुद्धादे । (4) समुच्चये । (5) सर्वज्ञस्य निषेधे संशये वा । (6) [illegible] ।

दिसाक्षात्कारी, पुरुषत्वादे[1], रथ्यापुरुषवत् । विवादापन्न पुरुष सूक्ष्मादिसाक्षात्कारित्वेन संशयित एव 'विप्रकृष्टस्वभावत्वात्[2] पिशाचादिवत् । इति सूक्ष्मादिसाक्षात्करणस्य प्रतिषेधने सशीतौ वा [3]तावदिद विकल्पजाल समानं सिद्धमेव । [4]स हि तत्र प्रतिषेध सशय वा साधयन् किमर्हत साधयेदनर्हत सामान्यात्मनो वा ? अर्हतश्चेदप्रसिद्धविशेषण पक्षो[2] व्याप्तिश्च न सिध्येद [3]दृष्टान्तस्य[5] साध्यशून्यतानुषङ्गात् । अनर्हतश्चेत्स एव दोषो बुद्धादे परस्या[6] सिद्धरनिष्टानुषङ्गश्च[4] अर्हतस्तत्प्रत्यक्ष[5]त्वविधाननिश्चयात् । क पुन सामान्यात्मा तदुभय व्यतिरेकेण यस्य विवक्षितार्थं प्रत्यक्षत्वप्रतिषेधसशयौ साध्येते ? इति ।

समान हैं न कि केवल सूक्ष्मादि पदार्थों का साक्षात् करने वाल सवज्ञ का प्रतिषध करने में अथवा उनमे सशय करने मे । इसलिए आप मीमांसक अनुमान मुद्रा का भेदन कर देते हैं ।७

कोई भी सूक्ष्मादि पदार्थो का साक्षात्कारी नही है क्योकि पुरुष है उन्मत्त पुरुष के समान । विवाद मे आया हुआ पुरुष सूक्ष्मादि पदार्थो को साक्षात करने मे सदिग्ध ही है क्योंकि परोक्ष स्वभाव वाला है जसे कि पिशाचादि । इस प्रकार सूक्ष्मादि को साक्षात् करने वाले सवज्ञ का निषध करने मे अथवा सदेह करने मे आप मीमासक के यहां य विकल्प जाल समान ही सिद्ध होगे । तथाहि—

आप मीमासक सवज्ञ का निषध करते हुए अथवा सर्वज्ञ मे सशय करते हुए इन दोनो बातो को अर्हत मे सिद्ध करते हैं या अनर्हत मे अथवा सामान्यात्मा मे ? यदि आप पहला विकल्प मानें कि हम अर्हत मे सवज्ञत्व का प्रतिषध करते हैं तब तो आपका पक्ष असिद्ध विशेषण वाला है एव उसकी व्याप्ति भी सिद्ध नही होती तथा दृष्टांत भी साध्यविकल है । यदि अर्हंत से रहित बुद्ध आदि में सर्वज्ञत्व का निषध करते है तब तो आप मीमासको के यहा कपिल बुद्ध आदि की असिद्धि ही नही मानी गई है अत अनिष्ट का प्रसग आ जाता है ।

एव अर्हत में तो सूक्ष्मादि के प्रत्यक्ष का विधान ही निश्चित किया है और पुन इन दोनों को छोड़कर सामान्यात्मा है कौन कि जिसके विवक्षित सूक्ष्मादि पदार्थों के प्रत्यक्षत्व का आप निषध सिद्ध करें या सदेह सिद्ध कर ?

[मीमासक जिन प्रश्नोत्तरो के द्वारा सवज्ञ का अभाव सिद्ध करना चाहते हैं जनाचाय उन्ही प्रश्नोत्तरो से उसी के द्वारा मान्य नित्य शब्द का खडन कर देते हैं ।]

---

१ विवादापन्नस्य सर्वज्ञस्य । २ पूर्वोक्तप्रकारेण । ३ तव मीमांसकस्य । ४ मीमांसक । ५ रथ्यापुरुषस्य । ६ मीमांसकस्य । ७ सूक्ष्माद्यर्थानाम् ।

---

(1) पुरुषत्वात् रथ्या इति पा. । दि प्र । (2) अर्हन् प्रसिद्धो न वर्तते । (3) सव्याप्तिकं दृष्टांतवचनमुदाहरणमीहम् विपक्षव्यावृत्त्यभावात् विशेषणेऽर्हत्यभावे सूक्ष्मादिसाक्षात्कारित्वस्य रथ्यापुरुषे सद्भावो भविष्यति । (4) मीमांसकस्य । (5) प्रतिषेधन्यायेन ।

[मीमांसको यथा अर्हतोऽनुमानद्वयेन सर्वज्ञाभावं करोति जैनाचार्या अपि तं प्रत्येवं तदनभीष्टपक्षान् दूषयंति]

[1]शब्दस्य नित्यत्वसाधनेपि समानमेतद्विकल्पजालम् । तथा हि । [2]एषां शब्दानां नित्यत्वं साधयन् सर्वगतानां साधयेदसर्वगतानां वा सामान्यात्मना वा ? वर्णानां नित्यत्वसाधकत्वा-दिना[1] सर्वगतानां यदि साधयति [3]स्यादप्रसिद्धविशेषणः[2] [4]पक्षः [5]इतरथानिष्टानुषङ्गः । [6]कीदृक् पुन सामान्यं नाम [7]तदुभयदोषप्रसङ्गपरिहाराय कल्प्येत ? सर्वगतत्वसाधनेपि [8]समानम् * । तद्धि वर्णानाममूर्तानां साधयेन्मूर्तानां तदुभयसामान्यात्मना वा ? अमूर्तानां [9]सर्वगतत्वं साधयेत्तदाऽप्रसिद्धविशेषणता[1] पक्षस्य । अथ मूर्तानामनिष्टानुषङ्गः[1] । कीदृक् पुन सामान्य नाम [11]तदुभयदोषप्रसङ्गपरिहाराय कल्प्येत ? सर्वगतेतरसामान्यात्मन इव मूर्तेतर

इसी प्रकार से आपके मतानुसार शब्द को नित्य सिद्ध करने मे भी ये सभी विकल्प समान ही हैं। तथाहि—आप शब्दो को नित्य सिद्ध करते हुये सर्वगत शब्दो को नित्य सिद्ध करते हो या असर्वगत शब्दो को अथवा सामान्य शब्दो को ?

अकृतकत्व आदि हेतु के द्वारा वर्णों को नित्य सिद्ध करते हुये यदि सर्वगत शब्दों को नित्य सिद्ध करते हो तब तो पक्ष अप्रसिद्ध विशेषण वाला हो जावेगा और यदि असर्वगत शब्दों को नित्य सिद्ध करते हो तब तो अनिष्ट का प्रसंग आ जावेगा। पुन इन दोनों से रहित सामान्य किस प्रकार का है कि जिसको इन दोनों में दिये गये दोषों का परिहार करने के लिये आप कल्पित कर सके अर्थात् नहीं कर सकते हैं एवं सर्वगतत्व को सिद्ध करने में भी ये ही दोष समान रूप से आ जाते हैं।* वह सर्वगतत्व को अमूर्तिक वर्णो मे सिद्ध करते हो या मूर्तिक मे अथवा सामान्यात्मक मे ?

यदि आप कहे 'अमूर्तिक शब्द सर्वगत हैं क्योकि वे अकृतक है तब तो पक्ष अप्रसिद्धविशेषण वाला है। यदि मूर्तिक शब्दो को सर्वगत सिद्ध करे तब तो आपके लिये अनिष्ट है। आप मीमांसक शब्दो को अमूर्त ही मानते हो। पुन सामान्य किस प्रकार का है कि जिसको दोनो ही दोषो के प्रसंग को दूर करने के लिये आप कल्पित कर सकते हैं ? सर्वगतेतर सामान्यात्मा के समान मूर्तेतर सामान्यात्मा भी

---

१ मीमांसकाभीष्टे शब्दनित्यत्वे एतद्विकल्पजालं समानं सूक्ष्मादिसाक्षात्करणस्य प्रतिषेधने यथा तथापीति। अयं मीमांसको वक्ष्यमाणरीत्यानुमानद्वयं करोति यस्मिन् सम्यगित्यर्थ । २ मीमांसक । ३ अप्रसिद्ध सर्वगतत्वविशेषणं यस्य स । ४ शब्द । ५ असर्वगतानां नित्यत्वं साधयति चेत् । ६ अनिष्टानुषङ्गत्वलक्षणोऽप्रसिद्धविशेषणत्वलक्षणश्चानुषङ्गदोषो। ७ एकान्तवाद्यभिमतसर्वथासर्वगतत्वस्य स्याद्वादिनां क्वचिदप्यप्रसिद्ध । ८ सर्वगतत्वम् । ९ अमूर्त शब्द सर्वगत, अकृत-कत्वादिति । १० मीमांसकमते शब्दानाममूर्तत्वात् । ११ पक्षदोषोनिष्टानुषङ्गश्चेति ।

---

(1) अकृतकत्वात् अनुत्पत्तिमत्त्वादित्यादि हेतुना । (2) नित्यसर्वगतत्वस्य क्वचिदप्रसिद्ध अथवा एकान्तवाद्यभिमत-सर्वथा सर्वगतत्वस्य स्याद्वादिनां क्वचिदप्यप्रसिद्ध । दि प्र (3) सामान्यात्मनां वा । (4) अमूर्तानामपि अमूर्तत्व सर्वदोषसम्भवमानगुणत्वात् अथवा एकान्तवाद्यभिमतसर्वथामूर्तत्वस्य स्याद्वादिना क्वचिदप्यप्रसिद्ध । दि प्र ।

सामान्यात्मनोऽसम्भवाद्वर्णेषु[1]। [1]तदयमनुमानमुद्रां [2]सर्वत्र भिनत्तीति नानुमानविचारणा मामधिकृत[2] स्यात्। [3]अविवक्षितविशेषस्य[3] पक्षीकरणे सम [4]समाधिरित्यलमप्रति[4]ष्ठितमिथ्याविकल्पौघै[1] *। यथैव हि शब्दस्याविवक्षितसर्वगतत्वासर्वगतत्वविशेषस्याकृतकत्वादिहेतुना नित्यत्वे साध्ये न कश्चिद्दोष स्यात् नाप्यविवक्षितामूर्तत्वेतरविशेषस्य [6]सर्वत्रोपलभ्यमानगुणत्वादिना सर्वगतत्वे तथवाविवक्षिताहदनहद्विशेषस्य कस्यचित्पुरुषस्य विप्रकृष्टार्थसाक्षात्करणेपि साध्येनुमेयत्वादिहेतुना न [5]कश्चिद्दोष पश्यामोन्यत्राप्रतिष्ठितमिथ्याविकल्पौघेभ्य [9]प्रकृतसाधनाप्रतिबन्धिभ्य, [1]तेषामप्रतिष्ठितत्वात्[6] [11]साधनाभासे इव सम्यक्साधनेपि [12]स्वाविषयेवतारात। ततो निरवद्यमिद साधन कस्यचित्सूक्ष्मादिसाक्षात्कारित्व साधयति।

वर्णो मे असभव ही है। इसलिय आप मीमासक के यहाँ अपने पक्ष मे भी समान ही दोषों का प्रसग आने मे आप मीमासक अनुमान मुद्रा का भेदन कर देते है। अत अनुमान के विचार करने मे आपको अधिकार ही नही है। तथा यदि आप कहे कि—

अविवक्षित है विशेषता जिसकी अर्थात सर्वगतत्व असर्वगतत्व आदि विशेषताओं से रहित सामान्य मात्र को ही हम पक्ष बनाते हैं तो समान ही समाधान है। इसलिये अप्रतिष्ठित मिथ्या विकल्पों के समूह से बस होव।* क्योकि जिस प्रकार से सर्वगतत्व असर्वगतत्व की विशेषता जिसमे विवक्षित नहीं है ऐसे शब्दो को अकृतत्व आदि हेतु के द्वारा नित्य सिद्ध करने मे कोई दोष नही है। एव मूर्त अमूत का भेद विवक्षित नही है जिनमे ऐसे शब्दो को सर्वत्र उपलब्धि को प्राप्त गुणत्व आदि के द्वारा सर्वगत रूप सिद्ध करने मे कोई दोष नही है। अर्थात नित्य शब्द सर्वगत होता है क्योकि द्रव्य रूप होने से अमूर्तिक है जसे आकाश इत्यादि।

उसी प्रकार से जिसमे अर्हंत एव अनर्हत की विशेषता विवक्षित नही है ऐसा कोई पुरुष अनुमेयत्व आदि हेतु के द्वारा विप्रकृष्ट पदार्थों का साक्षात्करण करने वाला है इस विषय म केवल प्रकृत साधन (अनुमेयत्व) के अविरोधी अप्रतिष्ठित मिथ्या विकल्पो के समूह के अतिरिक्त हमे कोई दोष नही दिखता है क्योकि य विकल्प (भेद) अप्रतिष्ठित हैं। साधनाभास मे अपने अविषय क समान सम्यक साधन मे भी अपने विषय का अवतार नही होता है। अत हमारा यह अनुमेयत्व हेतु निर्दोष है और किसी व्यक्ति विशेष को सूक्ष्मादि पदार्थों का साक्षात्कारी होना सिद्ध करता है।

---

१ यतो मीमांसकस्य स्वपक्षेपि समानं तत्तस्मादय मीमांसक। २ स्वपक्षेपि परपक्षवत्। ३ अविवक्षित सर्वगतत्वासर्वगतत्वादिविशेषो यस्य स तस्य। ४ हे मीमांसक। ५ अर्हतोऽनर्हतो वेत्यादिरूप ६ सर्वत्रोपलभ्यमानमाकाशम्। ७ नित्य शब्द सर्वगतो भवति द्रव्यत्वे सत्यमूर्तत्वादाकाशवदित्यादिना च। ८ विना। ९ प्रकृत साधनमनुमेयत्वम्। १० विकल्पौघात्। ११ अप्रतिष्ठितत्वे हेतुरयम्। १२ मिथ्याविकल्पौघाविषये।

---

(1) सामान्यात्मनोरसंभवादिति आ पा०। दि प्र। (2) योग्य। (3) शब्दस्य। (4) अव्यवस्थित। (5) न केनापि कोपदोष इति प्र, दि. प्र। (6) अप्रतिष्ठितत्वं कुत ?

भावार्थ—मीमांसक ने जैसे-तैसे यहाँ तक तो मंजूर कर लिया कि सूक्ष्मादि पदार्थ किसी न किसी के प्रत्यक्ष अवश्य हैं और वह प्रत्यक्ष अतींद्रिय प्रत्यक्ष है। इस बात को स्वीकार कर लेने के बाद भी उसे चैन नहीं पड़ी और वह प्रश्न करने में पुनः आगे बढ़कर कहता है कि अच्छा आप जैन ! यह तो बतलावो कि वह अतींद्रिय प्रत्यक्ष आप अर्हंत के मानते हैं या बुद्ध कपिल आदि के या इन दोनों से रहित किसी सामान्य आत्मा के ?

यदि प्रथम पक्ष लेवो तो बनता नही क्योकि कोई भी आत्मा अर्हत रूप से सिद्ध ही नहीं है और अप्रसिद्ध को पक्ष बनाया ही नहीं जा सकेगा। द्वितीय पक्ष में बुद्ध कपिल आदि को अतींद्रियदर्शी मानना आपको इष्ट नही है।

तृतीय पक्ष में इन दोनों को छोडकर और आत्मा है कौन जिसे आप सर्वज्ञ सिद्ध कर सकें ? अत आप अपने अर्हंत को ही सवज्ञ सिद्ध नही कर सकते हैं।

इस पर जैनाचाय कहते हैं कि ये तीन प्रकार के दूषण तो सवत्र ही दिये जा सकते हैं। आप मीमांसकों ने शब्द को नित्य सिद्ध किया है। हम प्रश्न कर सकते हैं कि आप सर्वगत शब्दो को नित्य सिद्ध करते हैं या असवगत शब्दो को या इन दोनो से रहित सामान्य शब्दो को ? एव शब्दो को सवगत सिद्ध करते हुए आप अमूर्तिक शब्दो को सवगत सिद्ध करते हैं या मूर्तिक शब्दो को या इन दोनो से रहित किन्ही शब्दो को ?

इसी प्रकार से आपकी सभी मा यताओ मे हम इन्ही विकल्पो को उठाकर दूषण देते जावेंगे। तब मीमासक घबड़ाकर बोल पडा कि भाई ! हम विशेष की विवक्षा न करक सामान्य मात्र शब्दो को ही नित्य सर्वगत और अमूर्तिक सिद्ध करते हैं अत हमारे यहा ये कोई दोष नहीं आते हैं।

जैनाचाय ने कहा कि भाई ! फिर मुझ पर ही आपको इतना क्या द्वष है कि जिससे आप इस प्रकार से कुप्रश्नो की भरमार करते ही जा रहे हैं। हम भी तो विशेष रूप से अर्हत अनर्हंत की विवक्षा न करक सामान्य मात्र से ही किसी भी पुरुष को सवज्ञ सिद्ध कर रहे हैं। हमें किसी से भी द्वष नहीं है जो कर्म पर्वत को भेदन करने वाला दोष–आवरण से रहित निर्दोष महापुरुष है वह कोई भी क्यो न हो बस ! हम उसे ही सवज्ञ मान लेते हैं। इसलिये अनुमेयत्व हेतु के द्वारा किसी न किसी आत्मा के संपूर्ण सूक्ष्मादि पदार्थोंका साक्षात्कार होना सिद्ध ही हो जाता है। अब अधिक कथन से तो केवल पिष्टपेषण ही होगा ऐसा समझना चाहिये।

उत्थानिका—इस प्रकार किसी के कमभूमृत् भेदित्व के समान विश्व-तत्त्वों का साक्षात्कारित्व भी हो जावे क्योंकि सुनिश्चित रूप से असंभव है बाधक प्रमाण जिसमें ऐसे प्रमाण का सद्भाव पाया जाता

नन्वस्तु नामैवं कस्यचित्कर्मभूभृद्भेत्तृत्वमिव विश्वतत्त्वसाक्षात्कारित्वं, 'प्रमाणसद्भावात् । स तु परमात्माऽर्हन्नेवेति कथं निश्चयो यतोऽहमेव महानभिवन्द्यो भवतामिति "व्यवसिताऽभ्यनुज्ञानपुरस्सरं[1] भगवतो [2]विशेषसर्वज्ञत्वपर्यनुयोगे" सतीवाचार्या प्राहु ।—

स त्वमेवासि [3]निर्दोषो [4]युक्तिशास्त्राविरोधिवाक् ।
अविरोधो [5]यदिष्टं ते[6] प्रसिद्धेन न बाध्यते ॥६॥

दोषास्तावदज्ञानरागद्वेषादय उक्ताः । निष्क्रान्तो दोषेभ्यो[7] निर्दोषः । "प्रमाणबलात्सिद्ध सर्वज्ञो वीतरागश्च सामान्यतो य स त्वमेवार्हन् युक्तिशास्त्राविरोधिवाक्त्वात् । यो "यत्र[8] युक्तिशास्त्राविरोधिवाक स तत्र निर्दोषो दृष्टो यथा क्वचिद्व्याध्युपशमे

है । पुनरपि वह परमात्मा अर्हंत ही हैं यह निश्चय कैसे हो सकता है कि जिससे मैं ही आपके लिये महान् नमस्कार करने योग्य होऊं । इस प्रकार निश्चित स्वीकृति पूर्वक भगवान् के विशेष सर्वज्ञत्व के प्रश्न करने पर ही मानो आचार्य समंतभद्र स्वामी कहते हैं—

कारिकार्थ—हे भगवन् ! दोष और आवरण से रहित निर्दोष सूक्ष्मादि पदार्थों को प्रत्यक्ष जानने वाले एव युक्ति-शास्त्र (तर्क व आगम) से अविरोधी वचन को बोलने वाले वह अर्हत परमात्मा आप ही हैं क्योंकि आपका इष्ट (मत) विरोध रहित है उसमे प्रत्यक्ष अनुमान आदि किसी भी प्रमाण से बाधा नही आती है ॥६॥

अज्ञान राग द्वेष आदि तो दोष कहे गये हैं और जो दोषो से रहित हैं वे निर्दोष हैं । पूर्वोक्त चौथी एव पाचवी कारिका मे कहे गये अनुमान प्रमाण के बल से सामान्यतया जो सर्वज्ञ और वीतराग सिद्ध हुये हैं । हे भगवन ! वे आप ही हैं क्योंकि आपके वचन युक्ति (तर्क) और शास्त्र (आगम) से अविरोधी हैं जो जहां पर युक्ति-शास्त्र से अविरोधी वचन वाले हैं वे वहां पर निर्दोष देखे गये हैं जैसे किसी व्याधि को दूर करने में उत्तम वैद्य । मुक्ति और ससार तथा इन दोनो कारणो मे भगवान् युक्तिशास्त्र से अविरोधी वचन वाले हैं इसीलिये वे निर्दोष हैं । इस प्रकार से हमारा निश्चय है । मेरे वचन

१ प्रमाणं सुनिश्चितासंभवद्बाधकत्वलक्षणम् । २ व्यवस्थितेति पाठान्तरम् । ३ व्यवसितं निश्चितमभ्यनुज्ञानमभ्युपगमस्तत्पुरस्सरमिति क्रियाविशेषणम् । ४ प्रश्ने । ५ युक्तिस्तर्कः । शास्त्रमागमः । हेतुगर्भित विशेषणमिदम् । ६ यस्मात्ते इष्टं प्रसिद्धेन न बाध्यते तत एवाविरोध इत्यर्थः । ७ अनन्तरोक्तकारिकाद्वयोक्तानुमानद्वयबलात् । ८ तत्वे ।

(1) निश्चित । ता । अभ्युपगम । (2) अर्हन्नेव सर्वज्ञ इति विशेषस्य । (3) दोषेभ्योऽज्ञानरागद्वेषादिभ्यो निष्क्रान्तः । दि. प्र. । (4) मत । (5) यस्मात् । (6) तत्वं । (7) भगवान् पक्षो निर्दोषो भवतीति साध्यो धर्मो युक्तिशास्त्राविरोधिवाक्त्वात् । इत्येकमनुमानमेकं । भगवान् पक्षः युक्तिशास्त्राविरोधिवाक भवतीति साध्यो धर्मः भगवतोऽभिमततत्त्वस्य प्रमाणेनाबाध्यमानत्वात् इति द्वितीयं । दि.प्र. । (8) यः सामान्यतः सिद्धः स त्वमेव मोक्षसंसारतत्कारणेषु निर्दोषो अविसंवादीति यावत् युक्तिशास्त्राविरोधिवाक्त्वात् इति अभिप्रायेणोक्तो द्रष्टव्यः । दि. प्र. ।

भिषग्वर[6] । युक्तिशास्त्राविरोधिवाक च भगवान् मुक्तिससारतत्कारणेषु[7] तस्मान्निर्दोष इति निश्चय । युक्तिशास्त्राभ्यामविरोध कुतो [3]मद्वाच [4]सिद्धोऽनवयवेनेति चेद्यस्मादिष्ट मोक्षादिक ते प्रसिद्धेन प्रमाणेन न बाध्यते । तथा हि । यत्र [5]यस्याभिमत[1] तत्त्वं प्रमाणेन न बाध्यते स तत्र युक्तिशास्त्राविरोधिवाक । यथा [2]रोगस्वास्थ्यतत्कारणतत्त्वे[6] भिषग्वर । न बाध्यते च प्रमाणेन भगवतोभिमत मोक्षससारतत्कारणतत्त्वम । तस्मात्तत्र त्व युक्ति शास्त्राविरोधिवाक । इति विषयस्य युक्तिशास्त्राविरोधित्वसिद्ध विषयिण्या भगवद्वाचो युक्ति-

---

शास्त्राविरोधिता युक्ति आगम से अविरोधी किस प्रकार से सिद्ध है ? इस प्रकार से भगवान के प्रश्न करने पर ही मानों समंतभद्र आचाय कहते हैं कि—

हे भगवन् ! आपके मोक्षादिक तत्त्व प्रसिद्ध प्रत्यक्षादि प्रमाणो से बाधित नही होते हैं । तथाहि— जहा पर जिस पुरुष का अभीष्ट तत्त्व प्रमाण से बाधित नही होता है वह वहा पर युक्ति और आगम से अविरोधी वचन वाला है जैसे रोग और स्वास्थ्य तथा उनके कारणो मे उत्तम वद्य । भगवान के द्वारा अभिमत मोक्ष ससार और उन उनके कारण कारणभूत तत्त्व प्रमाण से बाधित नही होते है । इसीलिये उस-उस विषय मे भगवान आप ही यक्ति और आगम से अविरोधी वचन वाले है ।

इस प्रकार मोक्ष ससार एव इन दोनो के कारणभूत इस विषय को यक्ति शास्त्र से अविरोधी पना सिद्ध होने से विषयी भगवान के वचनो को भी युक्ति और शास्त्र से अविरोधीपना सिद्ध हो जाता है ।

भावार्थ—श्री स्वामी समतभद्राचायवय ने देवागम स्तोत्र म देवागमनभोयान इत्यादि कारिका के द्वारा बहिरग विभूतिमान् हेतु से भगवान को महान नही माना है । अध्यात्म बहिरप्येष इत्यादि द्वितीय कारिका के द्वारा अतरग महोदय से भी भगवान को नमस्कार नही किया है तथा तीथकृत्सम यामा इत्यादि तृतीय कारिका से सभी के आम्नाय मे परस्पर विरोध दिखाकर पुन धीरे से ऐसा कह दिया है कि कश्चिदेव भवेदगुरु कोई न कोई एक भगवान् अवश्य ही होना चाहिये ।

इसके पश्चात् चतुथ कारिका मे इस बात को बताया है कि दोष और आवरण से ही प्राणी ससारी कहलाते हैं इनका किसी न किसी मे पूर्णतया अभाव हो सकता है क्योकि ससारी प्राणियो में दोष और आवरण के हानि की तरतमता देखी जाती है । पुन आगे पाचवी कारिका मे यह स्पष्ट कर देते हैं कि 'सूक्ष्मादि पदार्थ किसी न किसी के प्रत्यक्ष अवश्य हैं और जिसके प्रत्यक्ष हैं वही सर्वज्ञ है ।

---

१ [illegible]युक्त्यविरोधिवाग निर्दोष । २ मुक्तिश्च संसारश्च तत्कारणे च तेष । ३ मम वद्ध मानस्य । ४ प्रामस्त्येन । ५ यस्य पुरुषस्य स इति सम्बन्ध । ६ रोगश्च स्वास्थ्य च तत्कारणानि च तान्येव तत्त्व तस्मिन् । ७ भगवान् ।

---

(1) मोक्षससारतत्कारणेषु त्व युक्तिशास्त्राविरोधिवाग् भवितुमर्हसि तत्र त्वदभिमतस्य तत्त्वस्य स्वरूपस्य प्रमाणेनाबा- ध्यमानत्वात् इति प्रतिज्ञाहेतू द्रष्टव्यौ । दि प्र । (2) रोगश्च स्वास्थ्यं च तत्कारणे च तान्येव तत्त्वं [illegible] । दि. प्र. ।

[illegible]विरोधित्वसाधनम्[1] । [2]कथमत्र कारिकायामनुपात्तो भिषग्वरो दृष्टान्त कथ्यते इति चेत् स्वयं [3]ग्रन्थकारेणान्यत्राभिधानात ।

> "त्व सम्भव [4]सम्भवतर्षरोगै[5] सन्तप्यमानस्य जनस्य लोके ।
> आसीरिहाकस्मिक[6] एव वद्यो वैद्यो यथा नाथ रुजां प्रशान्त्यै ॥

इति स्तोत्रप्रसिद्ध । [6]इह दृष्टान्तावचन तु सक्षपोपन्यासान्न विरुध्यते, [1]अन्यथानुपपन्नत्वनियमकलक्षणप्राधान्यप्रदर्शनार्थ वा ।

अब स त्वमेवासि निर्दोषो इस कारिका में यह स्पष्टतया कह रहे हैं कि वह सवज्ञ और निर्दोष भगवान् आप ही हैं । पुन प्रश्न यह होता है कि आप ही निर्दोष क्यो हैं ? क्योकि यहा परीक्षा प्रधानी शिष्यगण केवल आगम मात्र से ही भगवान् को निर्दोष मानने को तैयार नही हैं । उनको आचाय सम झाते हैं कि सवज्ञ भगवान निर्दोष इसलिये है कि उनके वचन तक और आगम से अविरोधी हैं क्योकि आपका शासन प्रत्यक्ष अनमान आदि प्रमाणो से बाधित नही है । लोक व्यवहार मे उत्तम वद्य रोगी के रोग का कारण बता दता है और स्वस्थता के कारण भी बता देता है अब यह स्वस्थ हो चुका है इसके ज्वर आदि विकार निकल चुके है । वद्य के ऐसे निर्णय पर आबाल गोपाल जन विश्वास कर लेते हैं ऐसा देखा जाता है । अब आगे इस बात को सिद्ध कर रहे हैं कि भगवान् के शासन मे मान्य मोक्ष और ससार एव इन दोनो के कारण भी विरोध रहित तक आगम आदि से सिद्ध है ।

प्रश्न—इस कारिका मे दृष्टात न होते हुये भी भिषग्वर का दृष्टात आपने क्यो लिया ?

उत्तर—स्वय ग्रथकार श्री समतभद्राचाय स्वामी ने अन्यत्र स्वयभूस्तोत्र मे भिषग्वर का दृष्टात ग्रहण किया है यथा—

> त्व सभव: सभवतर्षरोग सतप्यमानस्य जनस्य लोके ।
> आसीरिहाकस्मिक एव वद्यो वैद्यो यथा नाथ रुजा प्रशात्य ॥

अर्थ—हे सभवनाथ भगवान् ! ससार मे तृष्णा रूपी रोग से पीडित हुये जीवो के लिये आप ही अकारण वैद्य हैं । जिस प्रकार से लोक मे रोगो की शांति के लिये वैद्य होते हैं ।

अत: यहा कारिका मे सक्षेप से कथन होने से दृष्टांत को नही कहने पर भी विरोध नही आता है अथवा हेतु में अन्यथानुपपत्ति ही निश्चित एक लक्षण प्रधान है ऐसा बतलाने के लिये भी दृष्टात नहीं लिया है ।

१ [illegible], [illegible]विरोधोपचारात् । २ तटस्थ शंकते । ३ समन्तभद्राचार्येण । ४ सभव संसार । [illegible] । ५ [illegible] लोक: । ६ [illegible] । ७ पक्षधर्मत्वादि[illegible] विनापि अन्यथानुपपन्नत्वनियमलक्षणाद्धेतो साध्य-सिद्धे: कारिकायां[illegible] ।

---

(१) [illegible] हेतोरन्यथानुपपत्ति[illegible] पक्षधर्मत्वाभावेऽपि [illegible] ।

भावार्थ—नैयायिकोंने हेतुके पांच अवयव माने हैं। १ पक्षधर्मत्व २ सपक्षसत्त्व ३ विपक्षव्यावृत्ति, ४ अबाधित विषयत्व ५ असत्प्रतिपक्षत्व। इसी प्रकार बौद्धो ने उपरोक्त पांच अवयवों में से आदि के तीन अवयव माने हैं किन्तु जैनाचार्यों ने "अन्यथानुपपत्ति एक लक्षण हेतु का माना है। इस अन्यथानुपपत्ति लक्षण वाले हेतु में पांचों अवयव नही है। तो भी हेतु साध्य को सिद्ध करने लाला सच्चा हेतु है और यदि हेतु में पांचो या चारों आदि अवयव होकर भी अन्यथानुपपत्ति लक्षण अविनाभाव हेतु नहीं है तो हेतु अहेतु है साध्य का गमक नही है।

सर्वज्ञसिद्धि का सारांश

मीमासक यह कहता है कि—संपूर्ण कर्मों से रहित भी आत्मा परमाणु धर्म अधर्म आदि अतीन्द्रिय पदार्थों को कैसे जानेगा ? इन अतीन्द्रिय पदार्थों का ज्ञान तो वेद वाक्यो से ही होता है। अतएव जगत मे कोई सवज्ञ नही है। इस पर आचाय समाधान करते हैं कि—

सूक्ष्म परमाणु आदि एव अतरित राम रावणादि तथा दूरवर्ती सुमेरु पवत आदि परोक्ष पदाथ किसी न किसी के प्रत्यक्ष अवश्य हैं क्योकि वे अनुमान ज्ञान के विषय हैं—अग्नि आदि के समान। एव हे भगवन ! वे पदाथ जिनके प्रत्यक्ष हैं वह आप ही निर्दोष सवज्ञ हैं क्योकि आप के वचन युक्ति शास्त्र से अविरोधी हैं तथा आपका मत ससार मोक्ष एव उनके उपाय प्रत्यक्षादि से बाधित नहीं होते हैं।

यदि कोई कहे कि अत्यंत परोक्ष पदाथ अनुमेय नही हो सकते अत अनुमेयत्व हेतु भागासिद्ध है। यह कथन ठीक नही है। कारण कि सूक्ष्मादि पदाथ अनुमेय हैं क्योकि श्रुत ज्ञान के विषय हैं एव श्रुतज्ञान मतिज्ञान पूर्वक ही होता है। अतएव श्रुतज्ञान के विषयभूत अनुमेय सूक्ष्मादि पदार्थ किसी के प्रत्यक्ष सिद्ध ही हैं। मीमांसक कहता है कि 'कोई भी सूक्ष्मादि पदार्थों का साक्षात्कार करने वाला नही है क्योंकि वह प्रमेय है, या अस्ति रूप है या वस्तु रूप है। जैसे हम लोग। इस पर जनाचार्य कहते हैं कि ये हेतु तो हमारे सर्वज्ञ को ही सिद्ध करते हैं। तथाहि।

'सूक्ष्मादि पदाथ किसी के प्रत्यक्ष अवश्य हैं क्योकि प्रमेयरूप हैं, अस्तित्व रूप हैं या वस्तु रूप हैं—स्फटिक आदि की तरह।

तथा सर्वज्ञ भगवान अतीन्द्रिय ज्ञान से सूक्ष्मादि पदार्थों को जानते हैं इन्द्रिय ज्ञान से नही, क्योंकि इन्द्रियां तो वर्तमान के प्रतिनियत पदार्थ को ही विषय करती है सभी को नहीं। अत इंद्रिय ज्ञान से कोई सर्वज्ञ नहीं बन सकता है। इस बात का स्पष्टीकरण सन्निकर्ष खडन में विशेष रूप से है। एवं आप सर्वज्ञ अर्हंत ही निर्दोष हैं। बुद्ध कपिल आदि नहीं है क्योकि उनके वचन युक्ति एवं शास्त्र से अविरोधी नहीं हैं इस प्रकार से आप ही सर्वज्ञ वीतराग हैं यह बात सिद्ध हो गयी।

[मोक्षतत्कारणतत्त्वस्य सिद्धि]

[1]अत्र भगवतोऽभिमत मोक्षतत्त्वं तावन्न प्रमाणेन बाध्यते, प्रत्यक्षस्य [1]तद्बाधकत्वायोगात् । [2]नास्ति [2]कस्यचिन्मोक्ष सदुपलम्भकप्रमाणपञ्चकाविषयत्वात् कूर्मरोमादिवदित्य नुमानेन बाध्यते इति चेन्न मोक्षस्यानुमानादागमाच्च [3]प्रसिद्धप्रामाण्यादस्तित्वव्यवस्थापनात्[4] [4]क्वचिद्दोषावरणक्षयस्यैवानन्तज्ञानादिस्वरूपलाभफलस्यानुमानागमप्रसिद्धस्य[5] मोक्षत्वात, बन्धहेत्वभावनिर्जराभ्यां कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्ष इति वचनात्[5] । तत[6] एव [6]नागमेनापि मोक्षतत्त्व बाध्यते तस्य तत्सद्भावावेदकत्वव्यवस्थिते । तथा [7]मोक्षकारण तत्त्वमपि[7] न प्रमाणेन विरुध्यते प्रत्यक्षतोऽकारणकमोक्षप्रतिपत्तरभावात्तेन[9] तद्बाधनायोगात । नानुमानेनापि तद्बाधन, [10]ततो मोक्षस्य [8]कारणवत्त्वसिद्ध । [11]सकारणको मोक्ष प्रतिनियत-

---

अत मोक्ष और ससार तथा मोक्ष और संसार के कारण इन चारों में भगवान के द्वारा प्रतिपादित जो मोक्षतत्त्व है वह प्रमाण से बाधित नहीं होता है क्योंकि प्रत्यक्ष से मोक्षादि तत्त्व मे बाधा नही है।

अब स्वमत मे अनुमान का अभाव होने पर भी चार्वाक परमत की अपेक्षा से अनुमान को ग्रहण करके मोक्ष तत्त्व का नास्तित्व सिद्ध करता है—

[चार्वाक के द्वारा मोक्ष एव उसके कारण का खडन एव जैन के द्वारा समाधान]

चार्वाक— किसी को भी मोक्ष नहीं है क्योंकि वह मोक्ष सत्ता को ग्रहण करने वाले पांचो प्रमाणों का विषय नही है कछुये क रोम के समान' इस प्रकार अनुमान से बाधा आती है। अर्थात प्रत्यक्ष अनुमान आगम उपमान और अर्थापत्ति ये पांचों ही प्रमाण सत् रूप वस्तु को ग्रहण करने वाले हैं और यह मोक्ष पाचो ही प्रमाणों का विषय नही है अत मोक्ष है ही नही ऐसा हमारा पक्ष है।

जैन— आपका यह कथन ठीक नही है। प्रसिद्ध प्रमाणता वाले अनुमान से एव आगम से मोक्ष के अस्तित्व की व्यवस्था की जाती है। किसी जीव में अनत ज्ञानादि स्वरूप की प्राप्ति रूप फल तथा अनुमान एवं आगम से प्रसिद्ध दोष और आवरण का क्षय पाया जाता है उसी का नाम मोक्ष है। कहा भी है—' 'बन्धहेत्वभावनिर्जराभ्याम् कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्ष' अर्थात् बध के हेतु का अभाव एव निर्जरा

---

१ मोक्षससारतत्कारणेषु चतुर्षु मध्ये। २ तेषां=मोक्षतत्त्वादीनाम्। ३ स्वमतेऽनुमानस्याभावेपि चार्वाक परमतापेक्षयानुमानं दर्शयति। ४ अग्र। ५ दोषावरणयोर्हानिरित्याद्युक्तानुमानादिना। ६ एव मोक्षस्य युक्त्यविरोधं प्रतिपाद्य शास्त्रा विरोधं प्रतिपादयति तत एवेति। ७ आगमस्य। ८ सम्यग्दर्शनादि। ९ प्रत्यक्षेण। १० अनुमानात्। ११ सम्यग्दर्शनादिकारणक।

---

(1) तस्य तदविषयत्वात्। (2) नरस्य। (3) प्रसिद्धप्रामाण्यादित्येतदुत्तरत्र सर्वत्र यथावसरमागमशब्देन सह संबन्धनीयं। (4) व्यवस्थापि। (5) एवं मोक्षे सदुपलम्भकानुमानागमप्रमाणद्वय संभवाप्रकारेण परोक्त सदुपलम्भक प्रमाणपञ्चकाविषयत्वं साधनमसिद्धमिति प्रतिपादितं बोद्धव्यं। दि प्र (6) प्रसिद्धप्रामाण्येन। (7) स्वरूपं। (8) कारणवत्त्वसिद्धे इति पा.।

१कालादिमत्त्वात् पटादिवत् । तस्याकारणकत्वे सर्वदा सर्वत्र सर्वस्य सद्भावानुषंग परापेक्षा-रहितत्वादिति । २नागमेनापि मोक्षकारणतत्त्व बाध्यते तस्य तत्साधकत्वात् "सम्यग्दर्शन-ज्ञान चारित्राणि 'मोक्षमार्ग' इति वचनात ।

के द्वारा सपूर्ण कर्मों का नाश हो जाना इसी का नाम मोक्ष है । इस प्रकार तत्वार्थ सूत्र महाशास्त्र में कहा है । उसी प्रकार आगम प्रमाण से भी मोक्षतत्व बाधित नही होता है क्योकि मोक्ष तत्व क सद्भाव का प्रतिपादक आगम उपलब्ध है ।

भावार्थ—यद्यपि मोक्ष इंद्रिय प्रत्यक्ष से नहीं दिखता है तो भी अनुमान एव आगम से सिद्ध है । राज वार्तिक में भी श्री भट्टाकलंक देव ने इसी बात को स्पष्ट किया है । कार्यविशेषोपलभात् कारणान्वेषण प्रवृत्तिरिति चेन्न अनमानतस्तत्सिद्धघटीयत्र भाति निवृत्तिवत ॥६॥ अर्थात

प्रश्न—मोक्ष जब प्रत्यक्ष से दिखायी नही देता तब उसके मार्ग का ढू ढना व्यर्थ है ? उत्तर—यद्यपि मोक्ष प्रत्यक्ष सिद्ध नही है फिर भी उसका अनमान किया जा सकता है । जसे घटीयत्र रहट का घूमना उसक धुरे क घूमने से होता है । और धुरे का घूमना उसमे जुते हुए बल क धमने पर । यदि बल का घूमना बद हो जाय तो धुरे का घूमना रुक जाता है और धरे क रुक जाने पर घटी यत्र का घमना बद हो जाता है । उसी तरह कर्मोदय रूपी बल क चलने पर हो चार गति रूपी धुरे का चक्र चलता है और चतुगति रूपी धुरा हो अनेक प्रकार की शारीरिक मानसिक आदि वेदनाय रूपी घटी यत्र घुमाता रहता है । कर्मोदय की निवृत्ति होने पर चतुगति का चक्र रुक जाता है । और उसक रुकने से ससार रूपी घटी यंत्र का परिचलन समाप्त हो जाता है इसी का नाम मोक्ष है इस तरह साधारण अनुमान से मोक्ष की सिद्धि हो जाती है ।

समस्त शिष्टवादी अप्रत्यक्ष होने पर भी मोक्ष का सद्भाव स्वीकार करते हैं और उसके माग का अन्वेषण करते हैं । जिस प्रकार भावी सूय ग्रहण और चन्द्र ग्रहण आदि प्रत्यक्ष सिद्ध नहीं है फिर भी आगम से उनका यथाथ बोध कर लिया जाता है उसी प्रकार मोक्ष भी आगम से सिद्ध हो जाता है । यदि प्रत्यक्ष न होने के कारण मोक्ष का निषध किया जाता है तो सभी को स्वसिद्धांत विरोध होगा, क्योंकि सभी वादी कोई न कोई अप्रत्यक्ष पदाथ मानते ही हैं । आगमात्प्रतिपत्त । प्रत्यक्षोऽनुपलभ्य-मानोऽपि मोक्ष आगमादस्तीति निश्चीयते । प्रत्यक्ष से उपलब्ध न होत हुए भी मोक्ष है—ऐसा आगम से निश्चय किया जाता है ।

तथव मोक्ष के कारण सम्यग्दशनादि एव सवर निजरा तत्व भी प्रमाण से विरुद्ध नहीं है प्रत्यक्ष से कारण के बिना मोक्ष की प्रतिपत्ति-ज्ञान का अभाव है क्योकि प्रत्यक्ष प्रमाण से मोक्ष के कारणभूत तत्वों

१ द्रव्यक्षेत्रकालभावादिसामग्रीं विना मोक्षो न भवतीत्यत सकारणको मोक्ष । २ मोक्षकारणमित्यर्थ ।

(1) प्रसिद्धप्रामाण्येन ।

[चार्वाकः संसारतत्त्वं न मन्यते तस्य विचारः]

तथा संसारतत्त्वमपि न प्रसिद्धेन बाध्यते प्रत्यक्षतः संसाराभावासिद्धेस्तस्य तद्बाधकत्वाघटनात् । स्वोपात्तकर्मवशादात्मनो भवान्तरावाप्तिः संसारः । स न प्रत्यक्षविषयो येन प्रत्यक्षं त बाधेत ।

[चार्वाकः संसारतत्त्वं निराकरोति तस्य समाधानं]

अनुमानं तद्बाधकमिति चेन्न, तदभावप्रतिबद्धलिङ्गाभावात्[3] । गर्भादिमरणपर्यन्तचैतन्यविशिष्टकायात्मनः पुरुषस्य जन्मनः[5] पूर्वं मरणाच्चोत्तरं नास्ति भवान्तरम् अनुपलब्धे

से बाधा का अभाव है एवं अनुमान से भी बाधा नहीं आती है इसलिए अनुमान से भी मोक्ष कारण सहित सिद्ध है। मोक्ष सकारणक है अर्थात् सम्यग्दर्शनादि कारण से होता है क्योंकि प्रतिनियत कालादि की अपेक्षा पायी जाती है अर्थात्—द्रव्य क्षेत्र काल, भाव एवं तीर्थादि सामग्री के बिना मोक्ष नहीं होता है इसीलिए कारण सहित है जैसे घट आदिक। यदि मोक्ष को अकारणक मानोगे तो सर्वदा, सर्वत्र सभी जीवों के मोक्ष का प्रसंग आ जावेगा क्योंकि अकारणक होने से मोक्ष पर की अपेक्षा से रहित ही रहेगा। और आगम से भी मोक्ष के कारणभूत तत्त्वों में बाधा नहीं है क्योंकि मोक्ष के कारण को सिद्ध करने वाला आगम पाया जाता है। सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि मोक्षमार्गः' इस प्रकार सूत्र वचन है।

[संसार तत्त्व पर विचार]

संसार तत्त्व भी प्रसिद्ध प्रमाण से बाधित नहीं है क्योंकि प्रत्यक्ष से संसार के अभाव की असिद्धि है। वह प्रत्यक्ष संसार को बाधित नहीं करता है अपने द्वारा उपार्जित कर्म के निमित्त से आत्मा के भवांतर की प्राप्ति का होना इसी का नाम संसार है। वह संसार प्रत्यक्ष का विषय नहीं है कि जिससे वह प्रत्यक्ष उस संसार को बाधित कर सके।

अर्थात् कर्म के निमित्त से कार्मण तैजस शरीर के साथ आत्मा का जो परलोक में गमन है वह किसी को प्रत्यक्ष से दिखता नहीं है और जो चीज प्रत्यक्ष से दिखती नहीं है वह प्रत्यक्ष प्रमाण उसका निषेध भी कैसे कर सकेगा।

[चार्वाक के द्वारा संसार तत्त्व का खण्डन एवं जैनाचार्य द्वारा उसका समाधान]

चार्वाक—अनुमान प्रमाण संसार का बाधक है।

जैनाचार्य—यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि संसार के अभाव के साथ प्रतिबद्ध (अविनाभावी) लिंग का अभाव है अतः अनुमान प्रमाण से बाधा नहीं आ सकती।

---

१ प्रत्यक्षस्य । २ चार्वाकः । ३ संसाराभावेन सह प्रतिबद्धस्य लिङ्गस्याभावात् । ४ चार्वाक । ५ चैतन्यविशिष्टं कायं [illegible] ।

---

(1) [illegible] । (2) [illegible] इति न [illegible] [illegible] । दि. प्र. ।
(3) [illegible] दि. प्र. । (4) सहित । (5) भी ।

खपुष्पवदित्यनुपलम्भः संसाराभावग्राहकः संसारतत्त्वबाधक इति चेन्न तस्यासिद्धेः । प्राणिनामाद्यं[1] [1]चैतन्यं [2]चैतन्योपादानकारणकं [2]चिद्विवर्तत्वान्मध्यचैतन्यविवर्तवत्[4] । तथाऽन्त्यचैतन्यपरिणामश्चैतन्यकार्यं[3], तत एव तद्वत् । इत्यनुमानेन पूर्वोत्तरभावोपलम्भाद्यथोक्तसंसारतत्त्वसिद्धेः । गोमयादेरचेतनाच्चेतनस्य वृश्चिकादेरुत्पत्तिदर्शनात्तेन [6]व्यभिचारी [5]हेतुरिति चेन्न, [7]तस्यापि पक्षीकरणात् । वृश्चिकादिशरीरस्याचेतनस्यैव गोमयादेः सम्मूर्च्छनं न पुनर्वृश्चिकादिचैतन्यविवर्तस्य तस्य पूर्वचैतन्यविवर्तादेवोत्पत्तिप्रतिज्ञानात् ।

चार्वाक— गर्भ से लेकर मरण पर्यन्त चैतन्य से विशिष्ट शरीरधारी पुरुष के जन्म से पहले और मरण के पश्चात् भवांतर नाम की कोई चीज नहीं है क्योंकि उसकी उपलब्धि नहीं हो रही है आकाश पुष्प के समान । इस प्रकार संसार के अभाव का ग्राहक अनुपलम्भ हेतु संसार तत्त्व का बाधक है ।

जैन—आपका यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि आपका अनुमान असिद्ध है प्राणियों में आदि का चैतन्य पूर्व के चैतन्य रूप उपादान कारण से ही उत्पन्न होता है क्योंकि वह चैतन्य की पर्याय है जैसेकि मध्यवर्ती युवा आदि की चैतन्य पर्याय के लिए आदि की गर्भावस्था को प्राप्त चैतन्य पर्याय उपादान रूप है । तथा अन्त्य चैतन्य का परिणाम जो कि मरणावस्था लक्षण है वह चैतन्य का कार्य रूप है क्योंकि चैतन्य की पर्याय है जैसे कि मध्य चैतन्य पर्याय । अर्थात्—मरण अवस्था वाला चैतन्य आगे के चैतन्य का उपादान कारण होने से आगे भी चैतन्य को जन्म रूप से उत्पन्न कराने वाला है । अन्यथा चैतन्य का निरन्वय विनाश हो जावेगा परन्तु निरन्वय विनाश सम्भव नहीं है यदि मानोगे तो सर्वलोप का प्रसंग आ जावेगा । इस अनुमान से पूर्व और उत्तर पर्यायों में चैतन्य स्वभाव की उपलब्धि होने से यथोक्त संसार तत्त्व की सिद्धि होती है ।

चार्वाक—गोबर आदि अचेतन से चेतन स्वरूप बिच्छू आदि की उत्पत्ति देखी जाती है इसलिए आपका हेतु व्यभिचारी है अर्थात्—चैतन्य रूप उपादान कारण के अभाव में भी गोबर आदि अचेतन पदार्थों से बिच्छू आदि उत्पन्न हो जाते हैं ।

अतः चैतन्य की पर्याय होने से यह हेतु विपक्ष में चला जाने से व्यभिचारी है ।

१ गर्भावस्थाप्राप्तम् । २ आद्युत्पन्नचैतन्यात्पूर्वं चैतन्यमुपादानं यस्य तत् । ३ मध्यो युवादेः । ४ मरणावस्थालक्षणः ५ उत्पत्स्यमानं चैतन्यं कार्यं यस्य सः । एतन्मरणावस्थालक्षणं चैतन्यमुपादानकारणत्वादग्रे पि चैतन्यमुत्पादयिष्यत्येव अन्यथा निरन्वयविनाशः स्यात् । न च निरन्वयविनाशः सम्भवति सर्वलोपप्रसङ्गात् । ६ वृश्चिकादेश्चैतन्योपादानकारणाभावेपि चिद्विवर्तत्वहेतोर्दर्शनात् । ७ वृश्चिकादिचैतन्यस्यापि आद्यचैतन्येन पक्षीकरणात् । ८ गर्भोपपादरूपद्विप्रकारकजन्मवर्जितं जन्म (शरीरपरिकल्पनम्) सम्मूर्च्छनम् ।

(1) चार्वाकाभिमतभूतचतुष्टयजन्यं आद्यचैतन्यं पक्षः पूर्वभवावसानचैतन्योपादानकारणकं भवतीति साध्यो धर्मः चिद्विवर्तत्वात् मध्यचैतन्यविवर्तवत् । दि प्र । (2) पर्याय । (3) बल । (4) अनुमानस्य प्रामाण्यासिद्धेरनुपलम्भ एवेति चेन्न तदप्रामाण्ये भवान्तरप्रतिषेधाघटनात् । अनुपलब्धिर्लिङ्गमित्यानुमाद्धि भवांतर प्रसिद्धं चार्वाकेण तन्न घटत इति भावः । दि प्र । (5) जन्मनः पूर्वं चैतन्यास्तित्वसाधकः ।

[1]खड्गिचरम[1]चित्तेन[2] चित्तान्तरानुपादानेन[2] व्यभिचार [3]साधनस्येत्यपि [4]मनोरथमात्रं [5]तस्य प्रमाणतोऽप्रसिद्धत्वात्, निरन्वयक्षणक्षयस्य [6]प्रतिक्षेपात ।

भावार्थ— नही । उन बिच्छू आदिको को भी हमने पक्ष मे ही लिया है । बिच्छू आदि का जो शरीर है वह अचेतन रूप गोबर आदि से सम्मूच्छन जन्म के द्वारा बना है न कि बिच्छू आदि की चतन्य पर्याय । वह तो पूर्व की चतन्य पर्याय से ही उत्पन्न होती है ऐसा हम जैनो ने स्वीकार किया है । गर्भ जन्म और उपपाद जन्म से रहित जन्म को सम्मूच्छन जन्म कहते हैं ।

चार्वाक—आप जनों का चिद् विवर्तत्व हेतु बौद्धो के द्वारा माने गय खडगी के चरम चित्त से व्यभिचारी है । क्योकि खडगी का चरमचित्त आगे आगे के चित्तक्षण ज्ञानक्षण के लिए उपादान कारण नहीं है ।

जन—यह आपका कथन भी मनोरथ मात्र ही है क्योकि वह खडगी का चरम चित्त उत्तर चैतन्य के लिए उपादान भूत नही है यह बात प्रमाण से सिद्ध नही होती क्योकि निरन्वय क्षण क्षय का हमने आगे चल कर खण्डन किया है ।

भावार्थ—चार्वाक कहता है कि आप जन बिच्छू आदि के चतन्य को उसके पूर्व चतन्य की पर्याय से ही उत्पन्न होना मानते हो और कहते हो कि पूर्व-पूर्व की चतन्य पर्याय उत्तर उत्तर की चतन्य पर्याय को उत्पन्न करने मे कारण है सो आपका यह हेतु खडगी के चरमचित्त से व्यभिचारी है क्योकि खडगी का चरमचित्त आगे-आगे क चित्तक्षण (ज्ञानक्षण) क लिए उपादान नही है ।

इस पर जनाचार्य कहते हैं कि खडगी का चरमचित्त उत्तरचतन्य के लिए उपादान भूत नही है यह बात प्रमाण से सिद्ध नही होती है । इस खडगी चरमचित्त का विशेष स्पष्टीकरण श्लोकवार्तिक ग्रथ मे पाया जाता है । तथाहि—

जैन मत मे जिस प्रकार अतकृत केवली होते हैं उसी प्रकार बौद्धो के यहा तलवार आदि से घात को प्राप्त हुए कतिपय मुक्तात्मा माने गये हैं वे बिना उपदेश दिये ही शांति रहित निर्वाण को प्राप्त हो जाते है । उनकी ससार मे स्थिति नही मानी गई है किन्तु उनका निरन्वय मोक्ष माना गया है अर्थात दीपक के बुझने के समान सर्वथा अन्वय रहित होकर जिनकी मोक्ष हो जाती है उन्हे खडगी कहते हैं ।

१ खड्ग इव खड्गो ध्यानम् । सोऽस्यास्तीति खड्गी । खड्गिचरमचित्तस्य पूर्वचिद्विवर्तत्वेपि उत्तरचैतन्योपादानकारणत्वाभावात्, उत्तरचित्तकार्यकत्वाभावेपि चिद्विवर्तदर्शनाद्वा हेतो । २ चित्तसंततिक्षयो मोक्ष इति बौद्धा । ३ खड्गिचरमचित्तस्योत्तरचैतन्योपादानत्वाभावरूपहेतो । ४ भग्न ।

(1) अंत्यचैतन्यक्षणेन । खड्ग इव खड्गी ध्यान सोऽस्यास्तीति योगी बुद्ध इति यावत् तस्यान्त्यचित्त बौद्धमतापेक्षया चित्तांतरस्य नोपादानं तेन । (2) अनास्रवसौगतचित्तमन्यच्चित्त नोत्पादयति । अन्यच्चित्तोपादानरहितेन सौगतान्त्य-चित्त न । चैतन्योपादानकारणक इत्येतस्य साध्यस्य व्यभिचार इति वदति चार्वाक । दि प्र । (3) ता । अखण्डकुलत्वं चैतन्यादिसाधनसाधकस्य । (4) स्वमनोरथ इति पा ।

[वने प्रथमाग्निः स्वयमेवोत्पद्यते पश्चादग्निपूर्वक एवेति मान्यतायां विचार.]

ननु च यथाद्य [1]पथिकाग्निररणिनिर्मथनोत्थोऽनग्निपूर्वको दृष्टः [1]परस्त्वग्निपूर्वक एव, तथाद्यं चैतन्यं कायाकारादिपरिणतभूतेभ्यो भविष्यति, [2]परं तु चैतन्यपूर्वकं, विरोधाभा

बौद्धों का ऐसा कहना है कि खडगी के अपने ज्ञान रूप आत्मा का सदा के लिए शमन हो जाता है सर्वथा अन्वय टूट जाता है इस कारण उत्तरकाल—भविष्य में खड्गी की संतान नहीं चलती है अत दीपकलिका के समान निरन्वय होकर ज्ञान संतान का नाश हो जाना रूप मोक्ष खडगी के माना गया है। अत उस खड्गी का चरमचित्त आगे आगे के ज्ञानक्षण के लिए उपादान नहीं है किन्तु इस पर जैनाचार्यों का कहना है कि जैसे बुद्ध ने पूर्वजन्म मे या इस जन्म मे यह भावना भायी थी कि मैं जगत् का हित करने के लिए सर्वज्ञ बुद्ध हो जाऊं इस भावना की शक्ति से अविद्या और तृष्णा के सर्वथा क्षय होने पर भी सुगत की स्थिति संसार में उपदेश देने के लिए हो जाती है ऐसी बौद्धों की मान्यता है। उसी प्रकार से खड्गी के चित्त का शमन नहीं हुआ है अत मैं आत्मा को शांति लाभ कराऊंगा इस प्रकार की भावना का अभ्यास खडगी बराबर कर रहा है। इस प्रकार से सुगत के समान खडगी की भी ज्ञान धारा अनंतकाल तक चलती रहे और वह संसार मे ठहर जावे क्या बाधा है? पुन उसका भी अंतिम ज्ञान क्षण उत्तरोत्तर ज्ञानक्षण के लिए उपादान हो जावे क्या बाधा है? इत्यादि रूप से आचार्यों ने खड्गी के चरमचित्त का निरन्वय विनाश नहीं माना है प्रत्युत आगे-आगे के ज्ञानक्षणों के लिए उपादानभूत माना है अत उससे व्यभिचार दोष नहीं आ सकता है।

[वन में अग्नि स्वयमेव उत्पन्न होती है पश्चात् अग्नि पूर्वक ही अग्नि उत्पन्न होती है इस मान्यता पर विचार।]

चार्वाक—जिस प्रकार प्रथमत वन की पथिक अग्नि जो अरणि (बांस आदि) के निर्मथन से उत्पन्न होती है। वह पहले किसी भी अग्नि से नहीं हुई है अत अनग्नि पूर्वक देखी जाती है। फिर आगे की दूसरी अग्नि अग्निपूर्वक ही होती है उसी प्रकार से आदि का चैतन्य शरीर के आकार आदि से परिणत भूत चतुष्टय से होगा और युवा वृद्धावस्था आदि मे होने वाला दूसरा चैतन्य उस चैतन्य पूर्वक ही होगा इसमें कोई विरोध नहीं है। अर्थात् जैसे जंगल मे चलने वाला पथिक अग्नि के अभाव में अरणि मंथन या चकमक से जो अग्नि उत्पन्न करता है उसे पथिकाग्नि कहते हैं।

जैन—इस प्रकार से जो आप समाधान करते हैं वह स्वपक्ष का घात करने वाला जाति उत्तर रूप अर्थात् (मिथ्या उत्तर) ही है। क्योंकि 'चिद्विवर्तत्व रूप—चैतन्य की पर्याय होना' हेतु की साध्य के साथ व्याप्ति का खण्डन नहीं होता है अर्थात् चैतन्य रूप उपादान कारण से उत्पन्न होने रूप साध्य

1 पाथिकः काष्ठविशेषः। 2 युववृद्धादिचैतन्यम्।

(1) वनाग्निः।

कथम्? इति ¹कश्चिच्चैतन्यमवस्थितम् स्वपक्षघातिनी ²जातिरेव। चिद्विवर्तत्वस्य³ हेतोः ⁴साध्येन व्याप्तेरखण्डनात्। ³प्रथमपार्थिवाग्नेरनग्न्युपादानत्वे जलादीनामप्यजलाद्युपादान-त्वोपपत्तेः पृथिव्यादिभूतचतुष्टयस्य तत्त्वान्तरभावविरोधः⁴। तथा हि। येषां परस्परमुपा-दानोपादेयभावस्तेषां न तत्त्वान्तरत्वम्⁴। यथा ⁵क्षितिविवर्तानाम्। परस्परमुपादानोपादेय-भावश्च⁵ पृथिव्यादीनाम्⁶। इत्येकमेव पुद्गलतत्त्वं ⁷पृथिव्यादिविवर्तमवतिष्ठेत्⁸। अथ⁹ क्षित्यादीनां न परस्परमुपादानोपादेयभावः सहकारिभावोपगमात्¹⁰। ¹कथमपावकोपादानः,

---

की चैतन्य पर्याय होने से इस हेतु के साथ व्याप्ति सुघटित ही है।

साध्य और साधन का एक साथ एक समय मे होने का नियम सहभाव नियम अविनाभाव कहलाता है। और काल के भेद से साध्य और साधन का क्रम से होने का नियम क्रमभाव नियम कहलाता है।

सहभाव का लक्षण व उदाहरण

सहचारिणोर्व्याप्यव्यापकयोश्च सहभाव ॥१३॥ [प मु त प]

सदा साथ रहने वालो मे तथा व्याप्य और व्यापक में जो अविनाभाव संबध होता है उसे सहभाव नियम नामक अविनाभाव सबध कहते हैं। रूप रस सदा एक साथ रहते हैं। वृक्षत्व व्यापक और शिंशपात्व व्याप्य है। जो तत अतत ऐसे दोनो जगह रहता है वह व्यापक है और जो अल्पदेश में रहता वह व्याप्य कहलाता है।

क्रमभाव का लक्षण

पूर्वोत्तरचारिणो कार्यकारणयोश्च क्रमभाव ॥१४॥ [प मु त प]

पूर्वचर और उत्तरचर मे तथा कार्य और कारण मे जो अविनाभाव सबध होता है उसे क्रमभाव नियम अविनाभाव सबध कहते हैं। कृत्तिका का उदय अन्तर्मुहूर्त पहले होता है और रोहिणी का उदय पीछे होता है। इसलिए इन दोनो में क्रमभाव माना गया है। इसी प्रकार अग्नि के बाद मे धूम होता है, इसलिए अग्नि और धूम में भी कार्यकारणरूप क्रमभाव माना जाता है

व्याप्ति ज्ञान का निर्णय कैसे होता है ?

तर्कात् तन्निर्णयः ॥१५॥ [प मु तृ प]

व्याप्ति–अविनाभाव का निर्णय तर्क प्रमाण से होता है। जैनाचार्यों के सिवाय अन्य किसी ने भी तर्क प्रमाण को नहीं माना है अत सबके द्वारा मान्य प्रमाण की सख्या असत्य ठहरती है।

साध्य का स्वरूप

इष्टमबाधितमसिद्ध साध्यं ॥१६॥ [प मु तृ प]

जो वादी को इष्ट अभिप्रत है–प्रत्यक्षादि प्रमाणो से अबाधित है और असिद्ध है उसे साध्य कहते हैं। यहा असिद्ध विशेषण का प्रयोजन यह है कि कोई भी सिद्ध अथ को साध्य की कोटि मे नही रखेगा अतएव असिद्ध को ही साध्य की कोटि मे रखकर सिद्ध किया जाता है।

धम और धर्मी के समुदाय का कथन करना पक्ष कहलाता है। धर्मी को भी पक्ष कहते है।

प्रसिद्धो धर्मी ॥२३॥ [प मु तृ प]

वह धर्मी पक्ष प्रसिद्ध ही होता है। अवस्तु स्वरूप या कल्पित नही होता है।

अनुमान क दो अग होते हैं

एतद्वयमेवानुमानाङ्ग नोदाहरणम ॥३३॥ [प मु तृ प]

पक्ष और हेतु य दो ही अनुमान के अवयव है उदाहरण नही है।

जनाचाय अनुमान के मुख्य रूप स दो ही अवयव मानते है। साख्य पक्ष हेतु और दष्टात मीमासक प्रतिज्ञा हेतु उदाहरण व उपनय तथा नयायिक–प्रतिज्ञा हेतु उदाहरण उपनय और निगमन ऐसे य लोग क्रम से ३ ४ या ५ अवयव मानते है। जिनका जनाचार्यो ने खण्डन किया है। बौद्ध एक हेतु को ही अनुमान का अवयव मानता है।

कदाचित जनाचाय भी पाच अवयव मान लेते हैं

बालव्युत्पत्त्यथ तत्त्रयोपगमे शास्त्र एवासौ न वाद नुपयोगात ॥४२॥ [प मु त प]

बाल बुद्धि वाले अ पज्ञ जनो को समझाने के लिए उदाहरण उपनय और निगमन की स्वीकारता शास्त्र मे ही है वाद काल मे नही। क्योकि वाद करने का अधिकार विद्वानो को ही होता है और वे पहले से ही व्युत्पन्न रहते है। इसलिए उनको उदाहरण आदि का प्रयोग उपयोगी नही होता।

उदाहरण क भेद

उदाहरण के दो भेद हैं।

दृष्टातो द्व धा अ वयव्यतिरेकभेदात ॥४३॥ [प मु त प]

दृष्टात के दो भेद हैं—अ वय और व्यतिरेक।

अ वय द टात का स्वरूप

साध्यव्याप्तं साधनं यत्र प्रदश्यत सोऽन्वयदष्टांत ॥४४॥ [प मु तृ प]

जिसमें साध्य के साथ साधन की व्याप्ति दिखाई जाती है उसे अन्वय दृष्टात कहते हैं। जैसे–जहां जहां धूम होता है वहां वहां अग्नि अवश्य होती है इस प्रकार साधन का सद्भाव दिखाकर साध्य का सद्भाव दिखाना अन्वय याप्ति है।

व्यतिरेक दृष्टान्त का स्वरूप

साध्याभावे साधनाभावो यत्र कथ्यते स व्यतिरेक दृष्टान्त ॥४५॥ [प मु त प]

जिसमे साध्य का अभाव दिखाकर साधन का अभाव दिखाया जाता है वह व्यतिरेक दृष्टात है। जसे-जहां जहां अग्नि नही हाती है वहा वहा धूम भी नही होता है इस प्रकार से साध्य के अभाव मे साधन का अभाव दिखाना व्यतिरेक व्याप्ति है।

उपनय का लक्षण

हेतोरुपसहार उपनय ॥४६॥ [प मु त प]

पक्ष मे साधन के दुहराने को उपनय कहते हैं।

निगमन का स्वरूप

प्रतिज्ञायास्तु निगमनम ॥४७॥ [प मु त प]

प्रतिज्ञा के दुहराने को निगमन कहते है। जसे धूम वाला होने से यह अग्नि वाला है।

अनुमान क भेद

तदनुमान द्वधा ॥ ४८ ॥ **स्वार्थपरार्थभेदात** ॥४९॥ [प मु त प]

अनुमान क दो भेद हैं। स्वार्थानुमान और परार्थानुमान।

स्वार्थमुक्त लक्षणं ॥५०॥ **परार्थ तु तदर्थपरामर्शिवचनाज्जातं** ॥५१॥ **तद्वचनमपि तद्ध तु त्वात** ॥५२॥ [प मु त प]

साधनात साध्यविज्ञानमनुमान इस सूत्र से कहा गया अनुमान का लक्षण ही स्वार्थानुमान का लक्षग है।

स्वार्थानुमान के विषय भूत साध्य और साधन को कहने वाले वचनो से उत्पन्न हुए ज्ञान को परार्थानुमान कहते है। एव परार्थानुमान के कारण होने से परार्थानुमान के प्रतिपादक वचनो को भी परार्थानुमान कहते है।

हेतु क भेद

स हेतुर्द्वेधोपलब्ध्यनुपलब्धिभेदात ॥५३॥ [प मु त प]

उपलब्धिर्विधिप्रतिषेधयोरनुपलब्धिश्च ॥५४॥ [प मु त प]

हेतु के दो भेद हैं उपलब्धि रूप हेतु और अनुपलब्धि रूप हेतु। उपलब्धि रूप हेतु विधि और प्रतिषेध के साधक हैं एव अनुपलब्धि रूप हेतु भी विधि और प्रतिषेध दोनो के साधक है। अर्थात उपलब्धि के दो भेद हैं अविरुद्धोपलब्धि और विरुद्धोपलब्धि। ऐसे ही अनुपलब्धि के भी दो भेद हैं-अविरुद्धानुपलब्धि और विरुद्धानुपलब्धि।

अविरुद्धोपलब्धि क भेद

अविरुद्धोपलब्धि के विधि मे छह भेद है। अविरुद्धव्याप्योपलब्धि अविरुद्धकार्योपलब्धि अवि-रुद्धकारणोपलब्धि अविरुद्धपूर्वचरोपलब्धि अविरुद्धउत्तरचरोपलब्धि अविरुद्धसहचरोपलब्धि।

विरुद्धोपलब्धि क भेद

विरुद्धोपलब्धि के प्रतिषध को सिद्ध करने मे छह भेद हैं। विरुद्धव्याप्यापलब्धि विरुद्धकार्यो पलब्धि विरुद्धकारणोपलब्धि विरुद्धपूर्वचरोपलब्धि विरुद्धउत्तरचरोपलब्धि और विरुद्धसहचरोपलब्धि।

अविरुद्धानुपलब्धि क भेद

अविरुद्धानुपलब्धि के प्रतिषध मे सात भेद है। अविरुद्धस्वभावानुपलब्धि अविरुद्धव्यापकानुप लब्धि अविरुद्धकार्यानुपलब्धि अविरुद्धकारणानुपलब्धि अविरुद्धपूर्वचरानुपलब्धि अविरुद्धउत्तरचरा नुपलब्धि और अविरुद्धसहचरानुपलब्धि।

विरुद्धानुपलब्धि क भेद

विरुद्धानुपलब्धि के विधि मे तीन भेद हैं—विरुद्धकार्यानुपलब्धि विरुद्धकारणानुपलब्धि विरुद्धस्वभावानुपलब्धि। यहाँ हेतु के ये बावीस भेद बताये हैं प्रत्येक के लक्षण और उदाहरण परीक्षा मुख ग्रन्थ से देख लेना चाहिए।

इन बाईस हेतुओ मे से सबसे प्रथम अविरुद्ध व्याप्यापलब्धि का उदाहरण देते हैं—

परिणामी शब्द कृतकत्वात य एव स एवं दृष्टो यथा घट कृतकश्चायं तस्मात्परिणामीति यस्तु न परिणामी स न कृतको दृष्टो यथा व ध्यास्तनधय कृतकश्चाय तस्मात्परिणामी ॥६१॥

[प मु त प]

अर्थ—शब्द परिणामी होता है क्योंकि वह किया हुआ है। जो जो किया हुआ होता है वह वह परिणामी होता है जैसे घडा। घड के अनन्तर शब्द भी किया हुआ है अत वह भी परिणामी होता है। जो पदार्थ परिणामी नही होता वह पदार्थ किया भी नहीं जाता जैसे वन्ध्या स्त्री का पुत्र। उसी तरह यह शब्द कृतक होता है इसी कारण परिणामी होता है। यहा परिणामित्व साध्य से अविरुद्ध व्याप्य कृतकत्व की उपलब्धि है।

परिणामी शब्द यह प्रतिज्ञा है कृतकत्वात यह हेतु है। यथाघट यह अन्वय दृष्टांत है यथा वन्ध्यास्तनधय यह व्यतिरेक दृष्टांत है कृतकश्चाय यह उपनय है। तस्मात् परिणामीति यह निगमन है। इस प्रकार से यहा पहले बतलाये गये जो अनुमान के पाँच अवयव माने गये हैं वे पाचों अवयव दिखलाये गए है। यहा पर कृतकत्वात यह हेतु शब्द को परिणामी सिद्ध करता है वह हेतु परिणामीपने से व्याप्त है अत यह हेतु अविरुद्धव्याप्योपलब्धि" नाम से कहा जाता है। ऐसे ही सभी हेतुओ का लक्षण अन्यत्र ग्रन्थो से समझना चाहिए।

हेतु
उपलब्धि हेतु
अनुपलब्धि हेतु
विरुद्धोपलब्धि
अविरुद्धोपलब्धि
विरुद्धानुपलब्धि
अविरुद्धानुपलब्धि
विरुद्धव्याप्योपलब्धि
विरुद्धकार्योपलब्धि
विरुद्धकारणोपलब्धि
विरुद्धपूर्वचरोपलब्धि
विरुद्धोत्तरचरोपलब्धि
विरुद्धसहचरोपलब्धि
विरुद्धकार्यानुपलब्धि
विरुद्धकारणानुपलब्धि
विरुद्ध स्वभावानुपलब्धि
अविरुद्धव्याप्योपलब्धि
अविरुद्धकार्योपलब्धि
अविरुद्धकारणोपलब्धि
अविरुद्धपूर्वचरोपलब्धि
अविरुद्धोत्तरचरोपलब्धि
अविरुद्धसहचरोपलब्धि
अविरुद्धस्वभावानुपलब्धि
अविरुद्धव्यापकानुपलब्धि
अविरुद्धकार्यानुपलब्धि
अविरुद्धकारणानुपलब्धि
अविरुद्धपूर्वचरानुपलब्धि
अविरुद्धोत्तरचरानुपलब्धि
अविरुद्धसहचरानुपलब्धि
६+६+३+७=२२

अन्य हेतु भी इन्ही बाईस हेतुओ मे शामिल है।

परम्परया संभवत्साधनमत्रैवा तर्भावनीय ॥८६॥ [प मु त प]

गुरु परम्परा से और भी जो हतु सभव हो सकते हो उनका पूर्वोक्त साधनो मे ही अतर्भाव करना चाहिये।

व्युत्पन्न जना की अपेक्षा अनुमान क अवयवो क प्रयोग का नियम

व्युत्पन्नप्रयोगस्तु तथोपपत्त्याऽन्यथानुपपत्त्यैव वा ॥९ ॥ [प मु त प]

व्युत्पन्न पुरुषो के लिए तथोपपत्ति या अन्यथानुपपत्ति नियम से ही प्रयोग करना चाहिये।

साध्य के सदभाव मे साधन का होना तथोपपत्ति है एव साध्य के अभाव म साधन का न होना अन्यथानुपपत्ति कहलाती है।

व्युत्पन्न प्रयोग की उदाहरण द्वारा पुष्टि

अग्निमानय देशस्तथैव धमवत्त्वोपपत्त धमवत्त्वा यथानपपत्त र्वा ॥९१॥ [प मु त प]

यह प्रदेश अग्नि वाला है क्योकि अग्नि के सदभाव मे ही यह धमवाला हो सकता है यह तथोप पत्ति का उदाहरण है। अथवा अग्नि के अभाव मे यह धमवाला हो ही नही सकता इसलिए इसमे अवश्य अग्नि है यह अन्यथानुपपत्ति का उदाहरण है। इस प्रकार तथोपपत्ति या अ यथानुपपत्ति' का प्रयोग करना चाहिए। इस दृष्टाँत स यह निश्चय किया जाता है कि विद्वाना के लिए उदाहरण वगरह के प्रयोग की आवश्यकता नही है।

यहा तक अनुमान के अगभूत साध्य और हतुआ का वणन किया है।

आगम का स्वरूप

आप्तवचनादिनिबधनमथज्ञानमागम ॥९५॥ [प मु त प]

आप्त वचन तथा अगुलि सज्ञा आदि से होने वाल अथज्ञान को आगम प्रमाण कहते हैं।

शब्द से वास्तविक अथबोध होन का कारण

सहजयोग्यता सकेतवशाद्धि शब्दादयो वस्तुप्रतिपत्तिहेतव ॥९६॥ [प मु त प]

अर्थो मे वाच्यरूप और श दो म वाचक रूप एक स्वाभाविक योग्यता होती है जिसम सकेत हो जाने से ही शब्दादिक पदार्थों के ज्ञान मे हतु हो जात है।

यथा मेर्वादय सन्ति ॥९७॥ [प म त प]

जसे समेरु पवत आदिक हैं अर्थात जसे मेरु श द के सुनने मात्र से ही जंबूद्वीप के मध्यस्थित सुमेरु का ज्ञान हो जाता है। उसी प्रकार सवत्र श द से अथ का ज्ञान हो जाता है।

इस प्रकार से यहाँ तक परीक्षा मख सूत्र के आधार से प्रमाण का लक्षण उसके दो भेद प्रत्यक्ष के दो भेद एव परोक्ष के स्मृति प्रत्यभिज्ञान तक अनुमान और आगम ऐसे पाच भेदो का लक्षण किया गया है।

न्यायदीपिका ग्रन्थ मे कुछ विशेषता है उसे बताते हैं।

प्रमाण के भेद लक्षण और विशेषतायें

प्रमाण द्विविध प्रत्यक्ष परोक्षं चेति तत्र विशदप्रतिभास प्रत्यक्ष । तत्प्रत्यक्ष द्विविध सांव्यवहारिकं पारमार्थिक चेति । तत्र देशतो विशद सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष तच्चतुर्विध अवग्रह ईहा अवाय धारणा चेति। [न्या पृ ३१]

प्रमाण के दो भी भेद है—प्रत्यक्ष और परोक्ष।

उसमे विशद–स्पष्ट प्रतिभास को प्रत्यक्ष कहते है।

उस प्रत्यक्ष के भी दो भेद हैं—साव्यवहारिक और पारमार्थिक। एक देश स्पष्ट ज्ञान को साव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहते हैं। उसके चार भेद हैं—अवग्रह ईहा अवाय धारणा। यह ज्ञान पाच इद्रिय और मन की सहायता से उत्पन्न होता है अत चार को छह से गुणा करने से ४×६=२४ भेद हुये हैं इस ज्ञान के विषयभूत पदाथ बहु बहुविध आदि के भेद से बारह प्रकार के हैं अत इन २४ को १२ से गुणा करने पर २४×१२=२८८ भेद हुये।

अवग्रह क दो भद होते है यञ्जनावग्रह अर्थावग्रह। व्यजनावग्रह मे केवल अवग्रह ही होता है ईहा आदि भेद नही होते हैं एव यह चक्षु और मन से नही होता है अत एक यञ्जनावग्रह को ४ इद्रिय से गुणा करके १२ भेदा से गुणित कीजिये १×४=४ ४×१२=४८ पुन उपयु क्त २८८ मे इस सख्या को मिला देने से इस साव्यवहारिक प्रत्यक्ष के ३३६ भद होते हैं। यथा २८८+४८=३३६।

इस साव्यवहारिक प्रत्यक्ष को अमुख्य प्रत्यक्ष भी कहते है क्योकि यह उपचार से सिद्ध है। इसी का नाम मतिज्ञान है वास्तव मे यह ज्ञान परोक्ष है जसा कि तत्त्वाथ सूत्र ग्र थ मे श्री उमास्वामि आचाय ने स्पष्ट किया है आद्य परोक्ष ॥११॥ आदि क मतिज्ञान और श्रुतज्ञान परोक्षज्ञान है क्योकि ये इद्रिय मन आदि की अपेक्षा रखते है अत परोक्ष हैं। यहा न्याय ग्र थो मे मतिज्ञान को प्रत्यक्ष कहने का मतलब यह है कि यह ज्ञान इद्रिय और मन इन दो निमित्तक होते हुये भी लोक के सव्यवहार मे प्रत्यक्ष इस प्रकार से प्रसिद्ध होने से साव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहलाता है। वास्तव मे यह मतिज्ञान परोक्ष ही है। श्रुतज्ञान को तो परोक्ष प्रमाण मे आगम नाम से कहा ही है।

सर्वतो विशद पारमार्थिक प्रत्यक्ष। मुख्यप्रत्यक्ष इति यावत्। तद्द्विविधं विकल सकलं च। तत्र कतिपयविषय विकलं तदपि द्विविधम् अवधिज्ञान मन पर्ययज्ञान च। [न्या पृ ३४]

पूर्णतया विशदज्ञान को पारमार्थिक प्रत्यक्ष कहते हैं। इसी का नाम मुख्य प्रत्यक्ष है। इसके दो भेद हैं—विकल प्रत्यक्ष और सकल प्रत्यक्ष। उसमें कतिपय विषय को ग्रहण करने वाला विकल प्रत्यक्ष है उसके भी दो भेद हैं—अवधिज्ञान और मन पर्यय ज्ञान।

सर्वद्रव्यपर्यायविषयं सकलं। [न्या० पृ ३७]

सपूर्णद्रव्य और उनकी सपूर्ण पर्यायो को विषय करने वाला सकल प्रत्यक्ष है। यह घातिकर्म के नाश से प्रगट हुआ केवलज्ञान है। इस प्रकार से अवधिज्ञान मन पययज्ञान और केवलज्ञान ये तीनों ही पूर्णतया विशद होने से पारमार्थिक प्रत्यक्ष कहलाते है। इन ज्ञानो की पूर्णतया विशदता आत्ममात्र की अपेक्षा रखने वाली है। अर्थात ये तीनो ज्ञान आत्ममात्र की अपेक्षा से उत्प न होते है अत मुख्य प्रत्यक्ष कहलाते हैं।

नन्वस्तु केवलस्य पारमार्थिकत्व अवधि मन पययोस्तु न युक्त विकलत्वात इति चेत न साकल्य वैकल्ययोरत्र विषयोपाधिकत्वात। तथा हि सवद्रव्यपर्यायविषयमिति केवल सकल। अवधिमन पर्ययो तु क तिपयविषयत्वादविकलो। नैतावता तयो पारमार्थिकत्वच्युति। केवलवत्तयोरपि वशद्य स्वविषये साकल्येन समस्तीति तावपि पारमार्थिकावेव। [न्या पृ ३७]

शका—केवलज्ञान को पारमार्थिक कहना ठीक है कि तु अवधिज्ञान और मन पययज्ञान को पारमार्थिक कहना ठीक नही है क्याकि ये दोनो विकल प्रत्यक्ष हैं।

समाधान—ऐसा नही कहना क्योकि सकलपना और विकलपना यहा विषय की अपेक्षा से है स्वरूप की अपेक्षा से नही है। इसका स्पष्टीकरण—च कि केवलनान समस्त द्र या और पर्यायो को विषय करने वाला है इसलिये वह सकल प्रत्यक्ष कहा जाता है। पर तु अवधिज्ञान मन पययज्ञान कुछ पदार्थो को विषय करते है इसलिये वे विकल कहे जाते है। लकिन इतन मात्र से ही इनमे पार मार्थिकता की हानि नही होती है क्योकि पारमार्थिकता का लक्षण सकल पदार्था को विषय करना नहीं है कि तु पूण निमलता है वह पूण निमलता केवलज्ञान की तरह अवधि मन पयय मे भी अपने विषय में विद्यमान है इसलिय य दोनो भी पारमार्थिक हा हैं एव य दोनो भी केवलज्ञान की तरह आत्ममात्र की अपेक्षा रखकर ही उत्प न होते है अत य तीनो ज्ञान मुख्य प्रत्यक्ष कहलाते ह।

शका—अक्ष नाम चक्ष आदि इद्रिया का है उन इद्रियो की सहायता लेकर जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह प्रत्यक्ष है अत मति श्रतज्ञान को ही प्रत्यक्ष कहना चाहिये अवधि आदि तीनो को नही ?

समाधान—यह शका ठीक नही है। आत्ममात्र की अपेक्षा एव इद्रियो से निरपेक्ष ज्ञान ही प्रत्यक्ष हैं क्योकि प्रत्यक्षता मे कारण स्पष्टता निमलता ही है इद्रिय ज यता नही है। दूसरी बात यह है कि हम यहा अक्ष का अथ इद्रिय न करके आत्मा करते हैं देखिये ! अक्षणोति व्याप्नोति जानातीति अक्ष आत्मा अर्थात् जो व्याप्त करे जाने उसे अक्ष कहते हैं और वह अक्ष-आत्मा ही है। इसलिये आत्ममात्र की अपेक्षा से उत्पन्न होने वाले ज्ञानो को प्रत्यक्ष कहते हैं। अतएव मतिज्ञान इद्रिय की अपेक्षा रखने से परोक्ष ही है। कथचित उपचार से उसे न्याय भाषा मे साव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहा गया है, यह बात स्पष्ट है।

इसी प्रकार से परोक्ष प्रमाण का लक्षण और उसके भेद भी परीक्षामुख के अनुसार ही किये गये हैं।

इसमें भी हेतु के लक्षण को यहां दिखाते हैं

निश्चित साध्यान्यथानुपपत्तिकं साधन। यस्य साध्याभावासंभवनियमरूपा व्याप्त्यविनाभावा अपरपर्याया साध्यान्यथानुपपत्तिस्तर्काख्येन प्रमाणेन निर्णीता तत्साधनमित्यर्थ। तदुक्त कुमारनदि भट्टारकै — अ यथानुपपत्त्येकलक्षण लिंगमगद्यते। [या पृ ६९]

जिसकी साध्य के साथ अ यथानुपपत्ति (अविना भाव) निश्चित है उसे हेतु कहते है। तात्पय यह है कि जिस की साध्य के अभाव मे नही होने रूप व्याप्ति अविनाभाव आदि नामो वाली साध्यानुपपत्ति—साध्य के होने पर ही होना और साध्य के अभाव मे नही होना इस रूप से तक प्रमाण के द्वारा निर्णीत है वह हेतु है। श्री कुमारनदि भट्टारक ने भी कहा है— अ यथानुपपत्ति मात्र जिसका लक्षण है उसे लिंग हेतु कहा गया है।

साध्य का लक्षण

शक्यमभिप्रतमप्रसिद्ध साध्य [या पृ ६९]

जो शक्य अभिप्र त और अप्रसिद्ध है उसे साध्य कहते है। यहा शक्य शब्द से प्रत्यक्षादि प्रमाणो से अबाधित को लेना अभिप्रत से इष्ट को समझना एव अप्रसिद्ध से असिद्ध को लेना चाहिये। शब्दो मे किंचित अतर होते हुये भी ये सभी लक्षण पूर्वोक्त सूत्रो के अनुसार ही हैं।

उपसहार—यहा तक जन सिद्धात के अनुसार प्रमाण का लक्षण प्रमाण के दो भेद उनके भेद प्रभेद बतलाये गये हैं। प्रमाण के दो भेदो में प्रत्यक्ष और परोक्ष है एव प्रत्यक्ष के भी दो भेद हैं। साव्यवहारिक एव पारमार्थिक। साव्यवहारिक मतिज्ञान के अवग्रह ईहा अवाय धारणा से चार भेद है पुन इन्द्रिय मन एव बहु आदि विषयो से गुणा करने से ३३६ भेद हो जाते हैं। पारमार्थिक प्रत्यक्ष के दो भेद हैं—विकल सकल। विकल प्रत्यक्ष के भी दो भेद हैं अवधि मन पयय। सकल प्रत्यक्ष से एक केवल ज्ञान ही लिया जाता है। परोक्ष प्रमाण के पाच भेद है स्मति प्रत्यभिज्ञान तक अनुमान और आगम। प्रत्यभिज्ञान के एकत्व सादृश्य वलक्षण्य और प्रातियौगिक के भेद से चार भेद हैं। एव अनुमान के मुख्य दो अवयव हैं प्रतिज्ञा और हेतु। हेतु के भी उपलब्धि और अनुपलब्धि के भेद से दो भेद हैं। उपलब्धि के अविरुद्धोपलब्धि विरुद्धोपलब्धि एव अनुपलब्धि के अविरुद्धानुपलब्धि विरुद्धानुपलब्धि ऐसे भेद होते हैं। अविरुद्धोपलब्धि के ६ भेद विरुद्धोपलब्धि के ६ भेद अविरुद्धानुपलब्धि के ७ भेद एव विरुद्धानुपलब्धि के ३ भेद ऐसे हेतु के २२ भेद माने गये हैं।

इस प्रकार से सम्यग्ज्ञान को प्रमाण कहकर उसके पाच भेदो मे से मतिज्ञान को साव्यवहारिक

विशेष—अवग्रह के दो भेद हैं अर्थावग्र यजनावग्रह। व्यजनावग्रह के आगे ईहा आन्दि नही होते हैं एव यह चक्षु और मन से नहीं होता है अत व्यजनावग्रह को चार इद्रिय और बहु आदि १२ से गुणा करने पर ४ × १२ = ४८ भेद होते हैं। २ ८+४८=३ ६ इस प्रकार मतिज्ञान के ३३६ भेद होते हैं।

प्रत्यक्ष श्रुतज्ञान को 'आगम' शब्द से परोक्ष अवधि मन पर्यय एव केवलज्ञान को पारमार्थिक प्रत्यक्ष कहा है। यहां तक प्रमाण का विवेचन जैन सिद्धातानुसार हुआ है। प्रमाणनयरधिगम इस सूत्र मे नयों के द्वारा भी पदार्थों का ज्ञान होता है अत सक्षेप से यहां नय का लक्षण और उसके भेद बताते हैं।

नय का लक्षण

प्रमाणगृहीतार्थैकदेशग्राही प्रमातुरभिप्रायविशेष नय । [न्या पृ १२५]

प्रमाण से जाने हुये पदार्थ के एक देश को ग्रहण करने वाले ज्ञाता के अभिप्राय विशेष को नय कहते हैं।

उस नय के द्र यार्थिक और पर्यायार्थिक ऐसे दो भेद हैं। अ यत्र नयो के सात भेद भी माने गये हैं यथा—नगम सग्रह व्यवहार, ऋजुसूत्र श द समभिरुढ और एवभूत।

इन नयो का विस्तत विवेचन अ य नयचक्र आदि ग थो से समझना चाहिय। यहा इतना ही पर्याप्त है कि य सभी नय वस्तु के एक एक अश को कहने वाले हैं एव परस्पर मे सापेक्ष हैं यदि य नय परस्पर मे निरपेक्ष हो जाते हैं तो मिथ्या हो जाते हैं। जैसे—द्र यार्थिक नय का विषय परम द्रव्य सत्ता महा सामा य है उसकी अपेक्षा से सभी चेतन-अचेतन वस्तुय सत रूप होने से एक रूप हैं इसी नय को लेकर ब्रह्म वादियो ने एक अद्वितीय परम ब्रह्म तत्त्व मान लिया है। किन्तु ऐसी एकात मा यता गलत है चेतन अचतन कथचित अवातर सत्ता से भिन्न भिन्न हैं। वसे ही ऋजुसूत्र परमपर्यायार्थिक नय है वह भूत भविष्यत के स्पश से रहित शुद्ध केवल वतमान कालीन अथपर्याय रूप वस्तु को विषय करता है। उसका एकात लेकर बौद्धो ने प्रत्येक वस्तु को सवथा एक क्षणवर्ती नश्वर ही सिद्ध कर दिया है अत उसकी भी एकात मा यता सवथा गलत है। इसलिये नयो की परस्पर सापेक्षता ही सम्यक है। जो नय परस्पर निरपेक्ष एकात को ग्रहण कर लेते हैं वे दुनय अथवा नयाभास कहलाते हैं।

प्रमाण की सच्चाई का निर्णय कसे होता है?

तत्प्रामाण्य स्वत परतश्च ॥१३॥ [परीक्षा म प्र प]

उस प्रमाण की प्रमाणता का निणय दो प्रकार से होता है। अभ्यास दशा मे अन्य पदाथ की सहायता बिना अपने आप और अनभ्यास दशा मे अन्य कारणो की सहायता से।

जसे—जहा निरतर जाया आया करते हैं वहां के नदी और तालाब आदि स्थानो के परिचय को अभ्यास दशा कहते हैं। इस स्थान मे ज्ञान की सचाई का निणय स्वत हो जाता है। और जहा कभी गये आये नहीं वहां के नदी तालाब आदि स्थानो के अपरिचय को अनभ्यासदशा कहते हैं ऐसे स्थानो में दूसरे कारणों से ही प्रमाणता का निर्णय होता है।

तात्पर्य यह है कि प्रमाणता की उत्पत्ति तो सर्वत्र पर से ही होती है किंतु प्रमाणता का निश्चय परिचित विषय में स्वत और अपरिचित विषय में पर से होता है।

प्रमाण का विषय

सामान्यविशेषात्मा तदर्थो विषय ॥१॥ [प मु च प]

सामान्य और विशेष स्वरूप अर्थात द्रव्य और पर्याय स्वरूप वस्तु प्रमाण का विषय होती है। द्रव्य के बिना पर्याय एव पर्याय के बिना द्रव्य किसी भी ज्ञान का विषय नही होता है किंतु द्रव्य और पर्याय इन उभय रूप पदार्थ ही ज्ञान का विषय होता है। एक एक को प्रमाण का विषय मानने मे अनेको दोष आ जाते हैं।

वस्त अनेकान्तात्मक ही है

अनुवृत्तव्यावृत्तप्रत्ययगोचरत्वात पूर्वोत्तराकारपरिहारावाप्तिस्थितिलक्षणपरिणामेनार्थक्रियोपपत्तेश्च ॥२॥ [प मु च प]

अन्वय–यह वही है ऐसे ज्ञान को अनुवृत्त प्रत्यय कहते है तथा व्यावृत्त—यह वह नही है ऐसे ज्ञान को व्यावृत्त प्रत्यय कहते हैं। पदार्थों के काय को अथ क्रिया कहते हैं जसे घट की अथ क्रिया जला हरण करना है। अथ के पूव आकार का विनाश और उत्तर आकार का प्रादुर्भाव इन दोनो सहित स्थिति को परिणाम कहते हैं।

एक ही वस्तु अन्वय ज्ञान और व्यावृत्त ज्ञान का विषय हाती है इसलिये वस्तु अनेकातात्मक है तथा एक ही वस्तु मे पूव आकार का त्याग और उत्तर आकार की प्राप्ति इन दानो से सहित स्थिति रूप लक्षण वाले परिणाम से ही अथ क्रिया होती है अत वस्तु अनकातात्मक ही है। अनुवृत्त ज्ञान का विषय सामा`य है और व्यावृत्त ज्ञान का विषय विशेष है अत सामान्य विशेषात्मक पदाथ ही प्रमाण का विषय होता है।

सामा`य के भेद

सामा`यं द्वधा तिर्यगूर्ध्वतामेदात ॥३॥ [प मु च प]

सामान्य क दो भेद हैं—तियक सामान्य और ऊध्वतासामा`य।

तियक सामा`य का लक्षण और दृष्टात

सदृशपरिणामस्तियक खण्डमुण्डादिषु गोत्ववत ॥४॥ [प म च प]

समान परिणमन को तियक सामा`य कहते है। जसे—खाडो मुण्डो शबलो गायो में गोत्व—यह सदृश परिणमन पाया जाता है।

ऊर्ध्वतासामान्य का स्वरूप और दृष्टात

परापरविवर्तव्यापिद्रव्यमूर्ध्वता मृदिव स्थासादिषु ॥५॥ [प मु च प]

पूर्व और उत्तर पर्याय में रहन वाल द्रव्य को ऊर्ध्वता सामा`य कहते हैं। जसे स्थास कोश कुशूल आदि पर्यायो में मिट्टी रहती है यहा यह मिट्टी द्रव्य ऊर्ध्वता सामान्य कही जाती है।

विशेष के भेद

विशेषश्च ॥६॥ पर्याय व्यतिरेकभेदात् ॥७॥ [प मु च प]

विशेष के भी दो भेद हैं। पर्याय और व्यतिरेक।

पर्याय विशेष का स्वरूप और उदाहरण

एकस्मिन् द्रव्ये क्रमभाविन परिणामा पर्याया आत्मनि हर्षविषादादिवत् ॥८॥ [प मु च प]

एक ही द्रव्य मे क्रम से होने वाले परिणामो को पर्याय कहते हैं जैसे आत्मा में हर्ष विषाद आदि।

व्यतिरेक का लक्षण और उदाहरण

अर्थांतरगतो विसदृशपरिणामो व्यतिरेको गोमहिषादिवत् ॥९॥ [प मु च प]

एक पदार्थ की अपेक्षा दूसरे पदार्थ मे रहने वाले विसदृश परिणाम को व्यतिरेक कहते हैं जैसे गो से महिष मे एक भिन्न ही परिणमन है।

भावार्थ—इन तिर्यक ऊर्ध्वता सामान्य और पर्याय-व्यतिरेक रूप विशेष से सहित-उभयात्मक वस्तु को ही ज्ञान जानता है अत ज्ञान सामान्य विशेषात्मक वस्तु को ही विषय करता है यह बात स्पष्ट हुई।

प्रमाण का फल

अज्ञाननिवृत्तिर्हानोपादानोपेक्षाश्च फलम् ॥१॥ [प मु प प]

प्रमाण का साक्षात फल अज्ञान का अभाव है। तथा परपरा फल त्याग, ग्रहण और उदासीनता है। प्रमाण के द्वारा पहले अज्ञान का अभाव होता है पश्चात त्यागने योग्य वस्तु का त्याग और ग्रहण करने योग्य का ग्रहण एव इन दोनो से रहित वस्तु में उपेक्षा भाव होता है।

प्रमाण से प्रमाण का फल भिन्न है या अभिन्न ?

प्रमाणादभिन्न भिन्न च ॥२॥ [प मु प प]

वह फल प्रमाण से कथचित अभिन्न होता है कथंचित भिन्न होता है।

प्रमाण से फल अभिन्न कसे है ?

य प्रमिमीते स एव निवृत्ताज्ञानो जहात्यादत्ते उपक्षते चेति प्रतीते ॥३॥ [प प प]

जो जानता है उसी का अज्ञान दूर होता है वही किसी वस्तु को छोड़ता या ग्रहण करता है, या मध्यस्थ हो जाता है। इसलिये एक जानने वाले व्यक्ति की अपेक्षा से प्रमाण और प्रमाण का फल दोनों अभिन्न हैं। तथा प्रमाण और उसके फल की भेद प्रतीति होती है इसलिये दोनो भिन्न हैं।

उपसंहार—यहा तक प्रमाण का लक्षण उसके भेद प्रभेद प्रमाण का विषय और प्रमाण का फल ऐसी चार बातों का स्पष्टतया वर्णन किया गया है। अब आगे अन्यमतावलम्बियो द्वारा मान्य प्रमाण का लक्षण उनके भेद-प्रभेद, विषय और फल में दोष दिखाकर निर्दोष स्याद्वाद सिद्धांत पुष्ट करते हैं।

प्रमाणाभास का वर्णन

बौद्धाभिमत प्रमाण लक्षण का विचार

अविसंवादिज्ञान प्रमाण [प्रमाणवार्तिक २ १]

जो ज्ञान अविसवादी है—विसवाद रहित है वह प्रमाण है ऐसा बौद्धो का कहना है । किंतु यह कथन ठीक नही है क्योकि इसमे असभव दोष आता है । अर्थात बौद्धो न प्रत्यक्ष और अनुमान ऐसे दो प्रमाण माने हैं । न्यायबिंदु में कहा है सम्यग्ज्ञान प्रमाण के दो भेद है—प्रत्यक्ष और अनुमान । उनमें प्रत्यक्ष में अविसवादीपना सभव नही है क्योकि वह निर्विकल्प होने से अपने विषय का निश्चायक नही है अत सशय आदि रूप समारोप का निराकरण नही कर सकता है । तथा अनुमान मे भी अविसवादीपना असंभव है क्योकि बौद्धो की मान्यतानुसार वह भी अवास्तविक समान्य को विषय करन वाला है । इस तरह बौद्धो द्वारा मान्य वह प्रमाण का लक्षण असभव दोष से दूषित होन से सम्यक लक्षण नही है ।

भाट्टो के प्रमाण लक्षण की परीक्षा

'अनधिगततथाभूतार्थनिश्चायक प्रमाणम । [शास्त्र दी पु १२६]

पहले नही जान हुये यथार्थ अर्थ का निश्चय करान वाले ज्ञान को प्रमाण कहते हैं । ऐसी भाट्ट मीमासको की मान्यता है । किंतु उनका यह लक्षण अव्याप्त दोष से दूषित है । क्योकि उन्ही के द्वारा प्रमाण रूप मे मान गये धारावाहिक ज्ञान अपूर्वार्थग्राही नही हैं । यदि तुम यह कहो कि धारावाहिक ज्ञान अगले अगले क्षण से सहित अर्थ को विषय करते हैं इसलिये अपूर्वार्थ विषयक ही हैं । तो यह कथन भी ठीक नही है क्योकि क्षण अत्यत सूक्ष्म है । इन क्षणो का जानना सभव नही है । अत धारावाहिक ज्ञानो मे उक्त लक्षण की अव्याप्ति निश्चित है ।

प्रभाकर के प्रमाण लक्षण की समीक्षा

अनुभूति प्रमाणं [बृहती १ १ ५]

प्रभाकर मतानुयायी अनुभूति को प्रमाण कहते हैं किंतु उनका भी यह लक्षण युक्ति संगत नही है । क्योकि अनुभूति शब्द को भाव साधन करन पर करण रूप प्रमाण मे अव्याप्ति रहता है एवं अनुभूति शब्द को करण साधन करने पर भाव रूप प्रमाण मे अव्याप्ति दोष आता है । चूकि करण और भाव दोनो को ही उनके यहा प्रमाण माना गया है । जसा कि शालिकानाथ न कहा है—"यदा भावसाधन तदा सविदेव प्रमाणं करणसाधनत्वे त्वात्ममन सन्निकर्ष [प्रकरण प० प्रमाण पा पृ ६४]

जब प्रमाण शब्द को प्रमिति प्रमाण इस प्रकार भाव साधन किया जाता है उस समय ज्ञान' ही प्रमाण होता है । और प्रमीयतेऽनेनेति प्रमाण जिसके द्वारा जाना जाय वह प्रमाण है ऐसा करण साधन करन पर आत्मा और मन का सन्निकर्ष प्रमाण होता है । अतः अनुभूति (अनुभव) को प्रमाण का लक्षण मानन मे अव्याप्ति दोष स्पष्ट है । इसलिये यह लक्षण भी सुलक्षण नहीं है ।

नैयायिकों के प्रमाण लक्षण की परीक्षा

'प्रमाकरणं प्रमाणं' [न्याय मं प्रमाण पृ २५]

प्रमा के प्रति जो करण है वह प्रमाण है। ऐसी नैयायिको की मान्यता है किंतु उनकी यह मान्यता भी प्रमादकृत ही है। क्योकि उनके द्वारा प्रमाण रूप से मान गये ईश्वर मे ही वह लक्षण अव्याप्त है। कारण महेश्वर' प्रमाण का आश्रय है करण नही है। ईश्वर का प्रमाण मानने का यह कथन हम अपनी ओर से आरोपित नही कर रहे हैं किंतु उनके प्रमुख आचार्य उदयन ने स्वय स्वीकार किया है कि—

तन्मे प्रमाण शिव [न्याय कु सु ४६]

अर्थात् वह महेश्वर मेरे प्रमाण हैं इस अव्याप्ति दोष को दूर करने के लिये कोई इस प्रकार व्याख्या करते हैं कि जो प्रमा का साधन हो अथवा प्रमाण का आश्रय हो वह प्रमाण है।

साधनाश्रययोरन्यतरत्वे सति प्रमाव्याप्तं प्रमाणं [सर्वदर्शनसंग्रह प २३५]

किंतु उनका यह व्याख्यान भी युक्ति सगत नही है क्योकि प्रमा के साधन और प्रमा के आश्रय मे से किसी एक को प्रमाण मानने पर लक्षण की परस्पर मे अव्याप्ति होती है। जब प्रमा के साधन को प्रमाण का लक्षण किया जायेगा तब प्रमा के आश्रय रूप प्रमाण लक्ष्य मे लक्षण नही रहेगा और जब 'प्रमा के आश्रय को प्रमाण का लक्षण माना जायगा तब प्रमा के साधन रूप प्रमाण लक्ष्य मे लक्षण घटित नही होगा। तथा प्रमाश्रय और प्रमासाधन दोनो को सभी लक्ष्यो का लक्षण माना जाये तो कहीं भी लक्षण नही जायगा। सन्निकर्ष आदि केवल प्रमा के आश्रय हैं प्रमा के साधन नही हैं क्योकि उसकी प्रमा (ज्ञान) नित्य है। प्रमा का साधन भी हो और प्रमा का आश्रय भी हो ऐसा कोई प्रमाण लक्ष्य नही है अत नैयायिको का उक्त लक्षण सदोष है।

इस प्रकार से कोई-कोई ज्ञान को अस्वसंविदित—स्व को नही जानने वाला कहते है। कोई गृहीत अर्थ के ज्ञान को प्रमाण कहते हैं कोई निर्विकल्प दर्शन को प्रमाण कहते हैं कोई सशय को कोई विपरीत को कोई अनध्यवसाय को ही प्रमाण कह देते हैं किंतु ये प्रमाण नही हैं प्रत्युत प्रमाणाभास ही हैं।

जैनाचार्यों द्वारा मान्य सम्यग्ज्ञान ही प्रमाण है वही हित की प्राप्ति और अहित का परिहार कराने में समर्थ है अन्य नही हैं।

अन्य मतावलबियो द्वारा मान्य प्रमाण के भेदो का विचार

प्रत्यक्षमेकं चार्वाका कणादसौगता पुन ।
अनुमानं च तच्चैव सांख्या शाब्दं च ते अपि ॥१॥
न्यायैकदेशिनोऽप्येवमुपमानं च केचन च ।
अर्थापत्त्या सहैतानि चत्वार्याहु प्रभाकरा ॥२॥
अभावषष्ठान्येतानि भाट्टा वेदान्तिनस्तथा ।
संभवैतिह्ययुक्तानि तानि पौराणिका जगु ॥३॥

अर्थ—चार्वाक एक प्रत्यक्ष प्रमाण ही मानते हैं। सौगत प्रत्यक्ष और अनुमान ऐसे दो प्रमाण मानते हैं। वैशेषिक भी इन्हीं दो प्रमाणो को मानते हैं। साख्य प्रत्यक्ष अनुमान और आगम ऐसे तीन प्रमाण मानते हैं। नैयायिक इन्ही तीन मे उपमान को मिलाकर चार मानते हैं। प्रभाकर इन्हीं चार मे अर्थापत्ति मिलाकर पाच प्रमाण मानते हैं भाट्ट मीमासक और वेदाती प्रत्यक्ष अनुमान उपमान आगम, अर्थापत्ति और अभाव ऐसे छ प्रमाण मानते हैं। पौराणिक इ ही छ प्रमाणो मे सभव और ऐतिह्य मिलाकर आठ प्रमाण मानते हैं।

इनमें से चार्वाक मती एक प्रत्यक्ष प्रमाण के द्वारा ही परलोकादि का निषध और पर मे बुद्धि है इत्यादि का विधान भी नही कर सकता ह क्योकि अनुमान प्रमाण को माने बिना परलोकादि का निषेध असभव है।

बौद्ध साख्य आदि भी अनेको प्रमाण मानकर भी तक प्रमाण नही मानते हैं अत इन सभी की मा य प्रमाण सख्या गलत ह क्योकि तक प्रमाण के बिना याप्ति का निणय न होने से अनुमान का भी अवतार नहीं हो सकता ह।

अतएव जनाचार्यों द्वारा मा य प्रमाण के दो भेद ही सुघटित हैं क्योकि प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप इन दो प्रमाणो मे सभी प्रमाण शामिल हा जाते है। स्मति प्रत्यभिज्ञान तक अनुमान और आगम य पाच भेद परोक्ष के अतगत होने से सभी व्यवस्था व्यवस्थित हो जाती ह।

इस प्रकार से अ य मतो द्वारा मा य प्रमाण के भेदो का निराकरण कर दिया गया है। विशेष जिज्ञासुओ को विशेष याय ग्र थ दखने चाहिय।

इन प्रमाण के भेदो का लक्षण भी बाधित ही हैं उस पर अब विचार करते हैं।

बौद्धो द्वारा मान्य प्रत्यक्ष प्रमाण का खडन

कल्पनापोढमभ्रान्त प्रत्यक्ष [न्याय बि दु प ११]

बौद्ध कल्पनापोढ—निर्विकल्प और भ्राति रहित ज्ञान को प्रत्यक्ष प्रमाण कहते हैं।

उनका कहना है कि कल्पनापोढ पद से सविकल्प ज्ञान का और अभ्रान्त पद से मिथ्याज्ञानो का निराकरण होता ह। क्योकि उनके यहा जो समीचीन निर्विकल्प ज्ञान है वही प्रत्यक्ष है।

किंतु इस पर जनाचार्यों का यह कहना ह कि निर्विकल्प ज्ञान सशय विपर्यय अनध्यवसाय रूप समारोप का निराकरण करने वाला नही है और किसी भी वस्तु का निश्चय कराने वाला भी नही है अत वह प्रत्यक्ष प्रमाण नही है।

बौद्ध—निर्विकल्प ज्ञान अर्थ से उत्पन्न होता है और पुन उसी अर्थ को प्रकाशित करता है अत प्रमाण है क्योकि स्वलक्षण ज य है वास्तविक है। किंतु सविकल्प ज्ञान ऐसा नही है।

नार्थालोकौ कारणं परिच्छेद्यत्वात्तमोवत् ॥६॥ [प मु द्वि प]

अतज्जन्यमपि तत्प्रकाशक प्रदीपवत् ॥८॥ [प मु द्वि प]

जैन—पदार्थ और प्रकाश ज्ञान की उत्पत्ति में कारण नहीं हैं क्योंकि वे विषय हैं जैसे अधकार। ज्ञान पदार्थ से उत्पन्न न होकर भी उस पदाथ को प्रकाशित कर देता है जैसे कि दीपक अथ—घट पट आदि से उत्पन्न न होकर भी उनको प्रकाशित कर देता है।

बौद्धों की यह मान्यता है कि ज्ञान अथ से उत्पन्न होकर उसके आकार होकर के ही उस अथ को जानता है अ यथा उस-उस पदाथ की व्यवस्था कैसे करेगा ?

किंतु जनाचार्यों का कहना है कि ज्ञान न तो अथ से उत्पन्न ही होता है न अथ के आकार का ही होता है फिर भी उसे जान लेता है क्योकि पदार्थ क साथ ज्ञान का कोई अन्वय व्यतिरेक नहीं है कि जहा पर पदार्थ होव वही पर ज्ञान होवे और पदाथ के अभाव में ज्ञान का अभाव रहे। अत ज्ञान तो आत्मा का गुण है—

स्वावरणक्षयोपशमलक्षणयोग्यतया हि प्रतिनियतमथ व्यवस्थापयति ॥९॥ [प मु द्वि प]

अपने अपने आवरण कम के क्षयोपशम विशेष रूप—योग्यता से ही ज्ञान यह घट है यह पट है इस प्रकार से पदार्थों की भिन्न भिन्न व्यवस्था कर देता है। अत योग्यता ही वस्तु की व्यवस्था करने मे कारण है। जिस ज्ञान मे जिस अथ को ग्रहण करने की योग्यता है वह ज्ञान उस ही अर्थ को विषय करता है अ य को नही। ज्ञान अथ के आकार होकर ही अथ को जानता है यह भी गलत है क्योकि दीपक घट पट के आकार को न धर कर भी उन्ह प्रकाशित कर देता ह। अत बौद्धो द्वारा मा य तदुत्पत्ति तदाकार और तदध्यवसाय का खडन हो जाता है।

बौद्धो ने सविकल्प ज्ञान को अवास्तविक माना है क्योकि वह परमाथभूत सामान्य को विषय करता है। आचार्यों का कहना है कि यह भी गलत है चूंकि प्रमाण से बाधित न होने के कारण सविकल्प ज्ञान का विषय परमार्थ ही है। किंतु बौद्धो द्वारा मान्य वास्तविक स्वलक्षण एक क्षणवर्ती पर्यायभूत वस्तु दिखती ही नहीं है अत प्रत्यक्ष प्रमाण निर्विकल्प नही है सविकल्प ही है।

यौगाभिमत सन्निकर्ष का खडन

इंद्रियार्थयो संबंध सन्निकष

इद्रिय और अथ का सबध होना सन्निकष कहलाता है।

सन्निकर्षस्य च यौगाभ्युपगतस्याचेतनत्वात् कुत प्रमितिकरणत्वं कुतस्तरां प्रमाणत्वं कुतस्तमां प्रत्यक्षत्वम् ? [न्या पृ० २९]

अर्थ—नैयायिक और वैशेषिक सन्निकष (इन्द्रिय और पदाथ के सबध) को प्रत्यक्ष मानते हैं। पर वह ठीक नहीं है क्योंकि सन्निकष अचेतन है। वह ज्ञान के प्रति करण कैसे हो सकता है ? और ज्ञान के प्रति जब करण नहीं, तब प्रमाण कैसे ? और जब प्रमाण ही नही, तो प्रत्यक्ष कसे ?

दूसरी बात यह है कि चक्षु इन्द्रिय और मन ये दोनो पदार्थों का स्पर्श किये बिना ही पदार्थों का करा ज्ञान देते हैं इसलिये सन्निकष प्रमाण मानना गलत है। इस पर वैशेषिक कहता है कि 'चक्षु इंद्रिय पदार्थों का स्पश करक ही प्रकाशित करती है क्योंकि वह वाह्य इद्रिय है जो वहिरिद्रिय होती हैं वे पदार्थों का स्पश करके ही प्रकाशित करती हैं जसे स्पशन इद्रिय। इस अनुमान से चक्षु इन्द्रिय प्राप्यकारी है और वह प्राप्यकारिता ही सन्निकष है। इसलिये **सन्निकष ज्ञान ही प्रत्यक्ष प्रमाण है।** इस पर जैनाचार्यों का कहना है कि यह अनुमान सम्यक नहीं है।

इस अनुमान मे चक्ष पद से कौन सी चक्षु को पक्ष बनाया है ' लौकिक गोलक रूप चक्षु को या अलौकिक किरण रूप चक्षु को ? पहले पक्ष मे हेतु बाधित विषय नाम का हेत्वाभास है। क्योंकि गोलक रूप चक्ष विषय के पास जाती हुई किसी को अनभव मे नही आती है उसका अग्नि आदि के पास जाकर छूकर उसको जानना प्रत्यक्ष से बाधित है।

दूसरा पक्ष लेवो तो भी—किरण रूप आलौकिक चक्ष अभी तक सिद्ध ही नही है। यदि कहो कि चक्षु की तेजस किरण निकल कर बाहर जाकर पदार्थों को छूती है तब ज्ञान होता है तब तो बडा ही अनर्थ होगा—किरण अग्नि के पास जाकर छूकर जानते समय जल जायगी पानी को जानते समय गीली हो जायगी इत्यादि बड ही अनथ हो जावगे अत चक्षु का छूकर जानना गलत है। एक ही समय मे वृक्ष की शाखा और आकाश के चन्द्रमा का अवलोकन हो जाना है यदि चक्ष जाकर छकर जानती है तो पहले निकटवर्ती शाखा का ज्ञान होना चाहिए पुन बहुत दूरवर्ती चन्द्रमा का ज्ञान होना चाहिए था किन्तु ऐसा है नही। अत चक्ष अप्राप्यकारी सिद्ध है। एव सन्निकष प्रमाण मानने वाला के यहा सर्वज्ञ का भी अभाव हो जाता है क्योंकि इद्रिय ज्ञान से कोई भी भूत भविष्यत वतमान ऐसे त्रकालिक पदार्थों को नही जान सकता है।

अत बौद्धाभिमत निर्विकल्प एव यौगाभिमत सन्निकष ज्ञान प्रमाण नही है।

जनाचाय द्वारा मान्य विशद प्रत्यक्ष यह प्रत्यक्ष प्रमाण का लक्षण ही सुसगत है ऐसा समझना चाहिये।

जो ज्ञान प्रत्यक्ष आदि के सदृश मालम पड या कहे जाव किन्तु प्रत्यक्ष आदि रूप न होवें वे ज्ञान ज्ञानाभास कहलाते हैं ऐसे ही सभा में आभास को लगाकर सभी को समझ लेना।

प्रत्यक्ष प्रमाणाभास का लक्षण

अवैशद्ये ऽपि प्रत्यक्ष तदाभासं बौद्धस्याकस्माद्धूमदर्शनात वह्निविज्ञानवत् ॥६॥ (परीक्षा ६)

अविशद ज्ञान को प्रत्यक्ष मानना प्रत्यक्षाभास है जैसे बौद्ध अकस्मात् धूम को देखकर अग्नि के ज्ञान को प्रत्यक्ष मानते हैं।

परोक्षाभास का स्वरूप

वैशद्ये ऽपि परोक्ष तदाभास मीमांसकस्य करणज्ञानवत् ॥७॥ (परीक्षा० ६)

स्पष्ट ज्ञान को परोक्ष कहना परोक्षाभास है जैसे मीमासक करणज्ञान को परोक्ष मानता है। वास्तव मे करण ज्ञान प्रत्यक्ष है। उसको परोक्ष मानना परोक्षाभास है।

स्मरणाभास का लक्षण

अतस्मिंस्तदिति ज्ञानं स्मरणाभासं जिनदत्ते स देवदत्तो यथा ॥८॥ [परी० ६]

जिस पदार्थ को पहले कभी धारणारूप अनुभव नही हुआ था उसके अनुभव को स्मरणाभास कहते हैं। अथवा जो वस्तु वह नही है उसे वह कहकर स्मरण करना स्मरणाभास है जसे जिनदत्त का स्मरण करके कहना कि वह देवदत्त।

प्रत्यभिज्ञानाभास का स्वरूप

सदृशे तदेवेदं तस्मिन्नेव तेन सदृशं यमलकवदित्यादि प्रत्यभिज्ञानाभासम् ॥९॥ [परी ६]

सदश मे यह वही है ऐसा ज्ञान तथा उसी मे यह उसके सदृश है ऐसा ज्ञान प्रत्यभिज्ञानाभास है जसे एक साथ जन्मे दो बालको मे उल्टा ज्ञान हो जाता है।

तर्काभास का लक्षण

असम्बद्धे तज्ज्ञानं तर्काभासः ॥१०। [परी ६]

अविनाभाव रहित ज्ञान मे अविनाभाव का ज्ञान या जिन पदार्थों मे परस्पर मे व्याप्ति नहीं है उनमे व्याप्ति का ज्ञान होना तर्काभास है जैसे किसी के एक पुत्र को काला देखकर व्याप्ति बनाना कि इसके जितने पुत्र होगे वे काले ही होगे इत्यादि ज्ञान तर्काभास है।

अनुमानाभास का लक्षण

इदमनुमानाभासं ॥११॥ तत्रानिष्टादिः पक्षाभासः ॥१२॥ [परी ६]

अनमान के अवयवो का आभास दिखलाने से अनमानाभास सिद्ध हो जावेगा।

अनिष्ट बाधित और सिद्ध को पक्षाभास कहते हैं। अर्थात साध्य के तीन विशेषण थे इष्ट अबाधित और असिद्ध। इनके उल्टे पक्षाभास बन जाते है। क्योकि साधन से होने वाले साध्य के ज्ञान का नाम ही अनुमान है आगे क्रमश साधनाभासो का भी स्पष्ट करेंगे।

अनिष्ट—जो अपने को इष्ट नही है उसे साध्य की कोटि मे रखना।

बाधित—जो प्रत्यक्ष आदि से बाधित हो उसे साध्य की कोटि मे रखना।

सिद्ध—सिद्ध को सिद्ध करने का प्रयास करना। इसमें बाधित पक्षाभास के पाच भेद माने गये हैं।

बाधित के भेद

बाधितः प्रत्यक्षानुमानागमलोकस्ववचनैः ॥१५॥ [परी ६]

बाधित पक्षाभास के पांच भेद हैं। प्रत्यक्षबाधित अनुमानबाधित, आगमबाधित, लोकबाधित और स्ववचनबाधित।

प्रत्यक्षबाधित का दृष्टान्त

तत्र प्रत्यक्षबाधितो यथा अनुष्णोऽग्निर्द्रव्यत्वाज्जलवत ।।१६।। [परी ६]

अग्नि ठडी होती है क्योकि वह द्रव्य है जस जल । यहाँ अग्नि को ठडी कहना स्पर्शन इन्द्रिय के प्रत्यक्ष से बाधित है क्योकि छूने से अग्नि गरम होती है ।

अनुमान बाधित

अपरिणामी शब्द कृतकत्वात घटवत ।।१७।। [परी ६]

शब्द नित्य होता है क्योकि किया हुआ है जसे घट । यह अनमान बाधित पक्ष है क्योकि ऐसा भी अनमान कहा भी जा सकता है कि शब्द अनित्य होता है क्योकि वह किया गया होता है जसे घट । इस अनमान से बाधा आ जाती है ।

आगम बाधित

प्रेत्यासुखप्रदो धम पुरुषाश्रितत्वादधमवत ।।१८।। [परी ६]

धम परलोक मे दु खदायी होता है क्याकि वह पुरुष के आश्रित होता है । जो जो पुरुष के आश्रित होता ह वह दु खदायी होता है जसे अधम । यह पक्ष आगम से बाधित है क्योकि आगम मे धम को सुखदायी माना है और अधम को दु खदायी कहा है । यद्यपि दोनो ही पुरुष के आश्रित हैं फिर भी भिन्न स्वभाव वाले हैं ।

लोक बाधित

शुचि नरशिर कपाल प्राण्यगत्वाच्छखशक्तिवत ।।१९।। [परी ६]

मनष्य के शिर का कपाल पवित्र होता है क्योकि वह प्राणी का अग है । जो जो प्राणी का अग होता है वह वह पवित्र होता है जसे शख और सीप । यह पक्ष लोक बाधित है क्योकि लोक में प्राणी का अग होते हुये भी कोई चीज पवित्र और कोई अपवित्र मानी गई है ।

स्ववचन बाधित पक्षाभास का उदाहरण

माता मे वध्या पुरुषसयोगेऽप्यगभत्वात प्रसिद्धवंध्यावत ।।२ ।। [परी ६]

मेरी माता वध्या है क्योकि पुरुष का सयोग होने पर भी उसके गभ नहीं रहता है जैसे कि प्रसिद्ध वध्या स्त्री । यह पक्ष अपने ही वचनो से बाधित है क्योकि स्वय पुत्र मौजूद है और माता भी कह रहा है फिर भी मेरी माता वध्या है यह कथन स्ववचन बाधित है ।

इन पाँच प्रकार से बाधित विषयो को पक्ष की कोटि मे रखना बाधित पक्षाभास दोष है ।

अब साधन के आभासो को कहते हैं –

हेत्वाभास के भेद

हेत्वाभासा असिद्धविरुद्धानकान्तिकाकिञ्चित्करा ।।२१।। [परी ६]

हेत्वाभास के चार भेद हैं । असिद्ध विरुद्ध अनकान्तिक और अकिंचित्कर ।

असिद्ध हेत्वाभास

असत्सत्तानिश्चयोऽसिद्ध ॥२२॥ [परी ६]

जिस हेतु की सत्ता का अभाव हो उसे असिद्ध हेत्वाभास कहते हैं। इसके स्वरूपासिद्ध और सदिग्धासिद्ध ऐसे दो भेद हैं।

विरुद्ध हेत्वाभास

विपरीतनिश्चताविनाभावो विरुद्धोऽपरिणामी शब्द कृतकत्वात ॥२९॥ [परी ६]

साध्य से विपरीत विपक्ष के साथ जिस हेतु का रहना हो वह हेतु विरुद्ध हेत्वाभास है जसे शब्द नित्य हैं क्योकि किये हुये हैं यहा यह कृतकत्व हेतु नित्य से विरुद्ध अनित्य मे रहता है। अत विरुद्ध हेतु है।

अनकातिक हेत्वाभास

विपक्षऽप्यविरुद्धवृत्तिरनैकान्तिक ॥३०॥ [परी ६]

जो पक्ष सपक्ष मे रहता हुआ विपक्ष मे भी चला जाता है वह अनकान्तिक हेत्वाभास है। इसे व्यभिचारी हेतु भी कहते हैं। इसके शकित विपक्षवृत्ति और निश्चितविपक्षवति ऐसे दो भेद है।

शकितविपक्षवृत्ति— नास्ति सवज्ञो वक्तृत्वात सवज्ञ नही है क्योकि वह वक्ता है। यहा वक्ता है यह हेतु रह जावे और सर्वज्ञत्व भी रह जावे इन दोनो बातो मे कोई विरोध नही है अत यह हेतु शकित व्यभिचारी है क्योकि इसकी विपक्ष मे रहने म शका है।

निश्चितविपक्षवृति— श द अनित्य है क्योकि वह प्रमेय है जसे घट यहा प्रमेयत्व हेतु पक्ष शब्द मे और सपक्ष घट मे रहता हुआ विपक्ष रूप नित्य आकाश मे भी चला जाता है अत निश्चित ‍यभि चारी हेतु है।

अकिंचित्कर हेत्वाभास

सिद्ध प्रत्यक्षबाधिते च साध्ये हेतुरकिंचित्कर ॥३५॥ [परी ६]

साध्य के सिद्ध होने पर तथा प्रत्यक्षादि से बाधित होने पर जो हेतु कुछ नही कर सकता है इस लिए वह अकिंचित्कर हेत्वाभास कहलाता है। जसे शब्द श्रवण इन्द्रिय का विषय है क्योकि वह शब्द है। यहा शब्दत्व हेतु सिद्ध को ही सिद्ध कर रहा है। अथवा अग्नि ठण्डी है क्योकि वह द्रव्य है इसमें द्रव्यत्व हेतु प्रत्यक्ष से ही बाधित है। अत ऐसे हतु अकिंचित्कर होते है। ऐसे ही अन्वय व्यतिरेक दृष्टान्तो का विपरीत प्रयोग करना दृष्टान्ताभास कहलाता है। अन्वय दृष्टान्ताभास के तीन भेद हैं। साध्य विकल, साधनविकल और उभयविकल। तीनो का उदाहरण— शब्द अपौरुषय है क्योकि अमूर्त है, जैसे इन्द्रिय सुख, परमाणु और घट ।

यहाँ दृष्टांत में इन्द्रिय सुख पुरुषकृत है अत अपने अपौरुषय साध्य में न रहने से 'साध्य विकल है। परमाणु मूर्तिक है वह अमूर्तिक हेतु मे नही रहता है अत यह दृष्टांत साधन विकल है।

घट पुरुषकृत और मूर्तिक है। वह अपौरुषय साध्य और अमूर्तिक हेतु में नही रहता है अत यह साध्य-साधन विकल दृष्टात है।

व्यतिरेक दृष्टांताभास के भी तीन भेद हैं—

शब्द अपौरुषय होता है क्योकि वह अमूत है जो जो पौरुषय होता है वह अमूर्तिक नही होता है जैसे परमाणु इंद्रियसुख और आकाश।

यहा परमाण असिद्धसाध्य व्यतिरेक है क्योकि वह अपौरुषय है। इसलिये परमाणु के अपौरुषयपना का साध्य से व्यतिरेक नहीं हुआ। ऐसे ही इन्द्रियसुख असिद्ध साधन व्यतिरेक है। एव आकाश असिद्ध साध्य साधन व्यतिरेक है।

बाल प्रयोगाभास का लक्षण

प्रतिज्ञा हेतु उदाहरण उपनय और निगमन बालको को बोध कराने के लिये शास्त्र मे अनुमान के ये पाच अवयव माने गये हैं। इनमे से कुछ कम अवयवा का प्रयोग करना गलत है। अत बाल प्रयोगाभास कहलाता है।

आगमाभास का लक्षण

रागद्वेषमोहाक्रान्तपुरुषवचनाज्जातमागमाभास ॥५१॥ [परी ६]

रागी द्वेषी अज्ञानी मोही पुरुषो के वचनो से होने वाले आगम शास्त्र को आगमाभास कहते हैं।

आगमाभास के उदाहरण

यथा नद्यास्तीरे मोदकराशय सन्ति धावध्व माणवका ॥५२॥ अंगुल्यग्रे यूथशत मास्त इति च ॥५३॥ विसवादात् ॥५४॥ [परी ६]

जसे कि—हे बालको ! दौडो नदी के किनार लडडुओ के ढर लगे है ऐसे वचन आगमाभास हैं। अथवा अगुलि के अग्रभाग पर सौ हाथी ठहरे है यह भी अनाप्त वचन है इन सब मे विसवाद देखा जाता है अत ये सब आगमाभास हैं।

उपसहार—जो प्रमाण न होव और प्रमाण सदृश मालूम पड़ें या अन्य लोग जिन्हे प्रमाण मानने लग जाव वे सब प्रमाणाभास कहलाते है। यहा तक अन्य लोगों के द्वारा मान्य प्रमाणाभास प्रत्यक्ष प्रमाणाभास परोक्ष प्रमाणाभासो का लक्षण बतलाया है। परोक्ष प्रमाण के भेद प्रभेदो का भी गलत लक्षण होने से वे सब उन उन नाम से प्रमाणाभास बन जाते हैं। अत स्मरणाभास प्रत्यभिज्ञानाभास तर्काभास, अनुमानाभास और आगमाभास ऐसे पाच परोक्षाभास के भेद होते हैं। उसमे भी अनुमान के पक्ष और हेतु की अपेक्षा दो भेद होने से पक्षाभास हेत्वाभास ऐसे दो भेद सिद्ध हैं। पुन पक्षाभास के अनिष्ट,बाधित, और सिद्ध ये तीन भेद करके बाधित पक्षाभास के प्रत्यक्ष अनुमान आगम, लोक और स्ववचन से पाँच

भेद होते हैं। पुनः हेत्वाभास के असिद्ध, विरुद्ध, अनैकांतिक और अकिंचित्कर ऐसे चार भेदों का वर्णन किया है। ऐसे ही चार्वाक द्वारा मान्य प्रमाण की एक संख्या बौद्ध द्वारा मान्य प्रमाण की दो संख्या, इत्यादि सब प्रमाण संख्याभास कहलाते हैं। आगे प्रमाण का विषय और उसके फल में गलत कल्पना का नाम भी आभास है उसे बताते हैं।

प्रमाण के विषयाभास का लक्षण

विषयाभास सामान्य विशेषो द्वयं वा स्वतन्त्र ॥६१॥ [परी ६]

केवल एक सामान्य को ही ज्ञान का विषय मानना या केवल विशेष को ही मानना अथवा दोनों रूप पदार्थ को ही स्वतन्त्रता से प्रमाण का विषय मानना विषयाभास है।

प्रत्येक वस्तु सामान्य विशेषात्मक ही है यह बात पहले कही जा चुकी है। एव प्रत्येक ज्ञान भी उभयात्मक वस्तु को ही जानता है तभी वह प्रमाण कहलाता है अन्यथा अप्रमाण कहलाता है। सांख्य पर्याय रहित कवल द्रव्य-सामान्य को ही ज्ञान का विषय कहता है। बौद्ध द्रव्यांश रहित कवलपर्याय विशेष को ही ज्ञान का विषय कहता है एव नयायिक व वशेषिक सामान्य विशेष स्वरूप पदार्थ को मान कर भी सामान्य और विशेष को एक दूसरे कीसहायता से रहित स्वतन्त्रता से प्रमाण का विषय मानते हैं इसलिये वे सब विषयाभास है क्याकि प्रमाण का विषय परस्पर सापेक्ष उभयात्मक है।

प्रमाण के फलाभास का वर्णन

फलाभास प्रमाणादभिन्न भिन्नमेव वा ॥६६॥ [परी ६]

प्रमाण से उसक अज्ञान निवृत्ति आदि फल को सवथा भिन्न ही मानना या सवथा अभिन्न ही मानना प्रमाण फलाभास ह। क्योकि कथचित जिसक ज्ञान प्रकट होता है उसी को अज्ञान का अभाव त्याग आदि फल मिलते है तथा कथंचित् य फल नाम लक्षण आदि से भिन्न भी है। अत एकांत मान्यता ही आभास कहलाती है।

उपसहार—यहाँ तक प्रमाणस्वरूपाभास प्रमाणसख्याभास प्रमाणविषयाभास और प्रमाणफलाभास का वर्णन हुआ है। अब आगे न्यायदीपिकाकार ने इन विषयो मे कुछ विशेषताय बताई हैं उनका स्पष्टीकरण करते हैं।

परोक्ष प्रमाण

अस्पष्ट प्रतिभास को परोक्ष प्रमाण कहते हैं। इसके पाच भेद हैं स्मृति आदि।

स्मृति का लक्षण

तदित्याकारा प्रागनुभूतवस्तुविषया स्मृति स देवदत्तो यथा। [न्या दी पृ ५३]

'वह' इस आकार वाला पहले अनुभव किये गये वस्तु को विषय करने वाला ज्ञान स्मृति कहलाता है, जैसे वह देवदत्त। इस ज्ञान को उत्पन्न करने वाला अनुभव धारणा रूप कारण से ही होता है क्योंकि

पदार्थ मे अवग्रहादि ज्ञान हो जाने पर भी धारणा के अभाव मे स्मति उत्पन्न नही होती है। धारणा ज्ञान ही आत्मा में उस प्रकार का सस्कार पैदा कर देता है। जिससे वह कालान्तर मे भी उस अनुभूत विषय का स्मरण करा देता है।

शका—यदि धारणा के द्वारा ग्रहण किये गये विषय मे ही स्मरण होता है तो वह गृहीत-ग्राही होने से अप्रमाण हो जावेगा ?

समाधान—नही। ईहा आदि की तरह स्मरण मे भी विषय भेद मौजूद है जिस प्रकार अवग्रह आदि के द्वारा ग्रहण किये गये अथ को विषय करने वाले ईहादि ज्ञानो मे विषय भेद माना गया है वैसा ही यहा समझना। देखिये ! यहा धारणा का विषय इदता—यह शब्द के प्रयोग पूवक जाना जाता है एव स्मृति का विषय तत्ता—वह इस शब्द से निर्दिष्ट होता है। अत स्मृति ज्ञान भी विसवाद रहित होने से प्रमाण है।

धारावाहिक ज्ञान का लक्षण

एक ही घट मे घट विषयक अज्ञान को दूर करने लिए होने वाले घट ज्ञान से घट का ठीक से बोध हो गया है फिर भी यह घट है यह घट है यह घट है इस प्रकार उत्पन्न हुये ज्ञान धारावाहिक ज्ञान हैं ये ज्ञान अज्ञान को दूर करने मे साधकतम नही है क्योकि पहले यह घट है इस ज्ञान से ही अज्ञान दूर हो चुका है अत गृहीत को ही ग्रहण करने वाला होने से यह ज्ञान अप्रमाण है।

प्रत्यभिज्ञान का लक्षण

अनुभव और स्मरण पूवक होने वाले जोड रूप ज्ञान को प्रत्यभिज्ञान कहते है। [न्याय दी पृ ५६]

अन्य वशेषिक आदि एकत्व प्रत्यभिज्ञान का स्वीकार करके भी उसका प्रत्यक्ष मे अन्तर्भाव करते हैं। उनका कहना है कि जो इन्द्रियो के होने पर होता है और नही होने पर नही होता है वह प्रत्यक्ष है एव इन्द्रियो के साथ अन्वय व्यतिरेक रखने वाला यह प्रत्यभिज्ञान है अत प्रत्यक्ष मे ही गर्भित है। किंतु जैनाचार्यों का कहना है कि इन्द्रिया वर्तमानकालीन विषय को ही ग्रहण करती है वर्तमान और भूतकाल की अवस्था के एकत्व को विषय नही कर सकती है। उसका कहना है कि इन्द्रिया सहकारी कारणो की सहायता से वतमान और भूत मे रहने वाले एकत्व को जान लेगी किन्तु आचार्यों का कहना है कि चाहे जितने सहकारी कारण मिल जाव इन्द्रियाँ अविषय मे प्रवृत्ति नही कर सकती हैं। अजन से सस्कृत चक्षु सुनने का काम नही कर सकती है देखने मे ही विशेषता ला सकती है। अत एकत्व प्रत्यभिज्ञान पृथक प्रमाण सिद्ध है।

नैयायिक और मीमासक सादृश्य प्रत्यभिज्ञान को उपमान नाम से पृथक प्रमाण सिद्ध करना चाहते हैं किन्तु यह भी ठीक नही है क्योकि स्मृति और अनुभव के जोड रूप ज्ञानों को सर्वत्र प्रत्यभिज्ञान ही समझना चाहिये अन्यथा विसदृश प्रत्यभिज्ञान को भी एक पृथक प्रमाण कल्पित करना पडेगा।

तर्क प्रमाण

व्याप्तिज्ञानं तर्कः । यत्र यत्र धूमत्वं तत्र तत्राग्निमत्वमिति । [प्र ६२]

व्याप्ति के ज्ञान को तर्क कहते हैं । जहां जहा धम होता है वहां वहां अग्नि होती है । यह तक ज्ञान का उदाहरण है ।

कोई कहते हैं कि प्रत्यक्ष विशेष के द्वारा ही व्याप्ति का ग्रहण हो जाता है अत तक प्रमाण को पृथक मानने की कोई आवश्यकता नही है । किन्त यह ठीक नही है क्योकि स्मृति प्रत्यभिज्ञान और अनेको बार का हुआ प्रत्यक्ष ये तीनो मिलकर एक ऐसे ही ज्ञान को उत्पन्न करते हैं जो व्याप्ति को ग्रहण करने मे समर्थ होता है वही तक है । इस तक का विषय प्रत्यक्ष अनुमान आदि के द्वारा असभव है । बौद्धो का कहना है कि—

निर्विकल्प प्रत्यक्ष के अनन्तर जो विकल्प उत्पन्न होता है वह व्याप्ति को ग्रहण करता है । किंत यह भी गलत है हम आप बौद्धो से प्रश्न करते हैं कि वह विकल्प प्रमाण है या अप्रमाण ? यदि अप्रमाण है तो उसके द्वारा ग्रहीत व्याप्ति मे प्रमाणता कैसे ? यदि प्रमाण है तो वह प्रत्यक्ष है या अनुमान ? प्रत्यक्ष तो हो नही सकता क्योकि वह अस्पष्ट ज्ञान है । अनुमान कहो तो भी ठीक नही क्योकि उसमे हेत दशन आदि की अपेक्षा नही है । इसलिए इन दोनो से भिन्न ही कोई प्रमाण है । और वही तो तक है । आपने उसका विकल्प यह दूसरा नाम रख दिया है ।

अनुमान का लक्षण

साधनात्साध्यविज्ञानमनमान । [प्रा प ६५]

साधन से साध्य का ज्ञान होने को अनुमान कहते हैं ।

नयायिक— **लिंगपरामर्शोनुमान** [न्या वा १ १ ५]

लिंग का देखने रूप ज्ञान अनुमान है ।

जन—यह लक्षण ठीक नही है । क्योकि व्याप्ति स्मरण से सहित लिंग ज्ञान अनमान प्रमाण की उत्पत्ति में कारण है । अनुमान के दो भेद हैं—स्वार्थानमान और परार्थानमान ।

स्वार्थानुमान के अवयव

स्वार्थानमान के तीन अग है—धर्मी साध्य और हेतु ।

धर्मी—साध्य धम के आधार को धर्मी कहते है । जैसे अग्निमान पवत ।

साध्य—हेतु के द्वारा जो जाना जाय वह साध्य है । जसे अग्नि ।

हेतु—जो साध्य का ज्ञापक होता है । जैसे धूम दर्शन । ये तीनो ही अनुमान के अंग हैं ।

अथवा स्वार्थानुमान के दो अग भी माने जाते हैं—पक्ष और हेतु ।

पक्ष—साध्य धर्म से युक्त धर्मी को पक्ष कहते है। जैसे यह पवत अग्नि वाला है पक्ष को ही 'प्रतिज्ञा कहते हैं। यथा—

'धमर्धमिसमुदायरूपस्य पक्षस्य वचन प्रतिज्ञा यथा पवतोऽयमग्निमान । [न्याय ७६]

धर्म और धर्मी के समुदाय रूप पक्ष के कहने को प्रतिज्ञा कहते हैं। जसे यह पवत अग्नि वाला है।

जब धम और धर्मी मे भेद कथन की विवक्षा है तब तीन अग होत है। जब धम धर्मी के समुदाय की विवक्षा है तब दो अग माने जात हैं। यह धर्मी प्रसिद्ध ही होता है।

परार्थानुमान

दूसरे के उपदेश की सहायता से जो साधन से साध्य का ज्ञान होता है वह परार्थानुमान है। नैयायिक कहता है कि परोपदेश वाक्य ही परार्थानमान हैं किंतु जैनाचाय वचनो को उपचार से ही प्रमाण मानत हैं वास्तव मे नही। अत मुख्य अनमान तो ज्ञान ही है न कि ज्ञान के कारण वचन। इस परार्थानुमान के भी स्वार्थानमान की तरह दो या तीन अग माने गये है।

नयायिक द्वारा मा य अनुमान क पाच अवयव

प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमना यवयवा [या सत्र १ १ ३२]

प्रतिज्ञा हेतु उ ाहरण उ ानय और निगमन य अनुमान के पाच अवयव हैं।

पक्ष के प्रयोग को प्रतिज्ञा कहने है।

पचमी विभक्ति रूप लिग को हतु कहत हैं।

व्याप्ति को दिखलाते हुये दष्टात के कहने को उदाहरण कहते हैं।

दृष्टात की अपेक्षा लेकर पक्ष मे हेतु के दुहराने को उपनय कहते हैं।

हेतु पुरस्सर पक्ष के कहने को निगमन कहते हैं। इनके उदाहरण—

यह पवत अग्नि वाला है—प्रतिज्ञा

क्योकि धूम वाला है।—हेतु

जसे रसोईघर—अ वय दष्टांत। जम तालाब—व्यतिरेक दष्टात।

इसीलिये यह पवत धम वाला है—उपनय।

धूम वाला होने से यह अग्नि वाला है - निगमन।

अनुमान प्रयोग पद्धति—

यह पवत अग्नि वाला है क्योकि धूमवाला है। जो जो धूम वाला होता है वह वह-वह अग्नि वाला होता है जसे रसोईघर। जो जो अग्नि वाला नही होता है, वह वह धूम वाला नहीं होता है जैसे तालाब। इसलिये यह पर्वत धूम वाला है। धूमवाला होने से यह अग्नि वाला है।

ये पांचों अवयव अनुमान प्रयोग के हैं इनमें से यदि एक भी न हो तो अनुमान प्रयोग गलत है। यहां तक नैयायिक ने कहा है।

जैनाचार्य कहते हैं कि उनका यह विचार गलत है क्योंकि वीतराग कथा मे शिष्यों के अभिप्राय से अधिक भी अवयव माने जाते हैं किंतु विजिगीष कथा मे प्रतिज्ञा और हेतु ये दो ही अवयव कहे जाते हैं।

विजिगीष कथा

वादी और प्रतिवादी मे अपने पक्ष को स्थापित करने के लिए जीत हार होने तक जो परस्पर में चर्चा होती है वह विजिगीषु कथा है उसे वाद भी कहते है। [न्याय प ७९]

वीतराग कथा

गुरु तथा शिष्यो या रागद्वेष रहित विद्वानो म जो तत्त्व का निर्णय होने तक वचन प्रवृत्ति चर्चा होती है वह वीतराग कथा कहलाती है। यह सौम्यचर्चा है। [न्याय ८]

बौद्ध—लिग वचन रूप एक हेतु का ही वादकाल मे प्रयोग करना चाहिए प्रतिज्ञा का प्रयोग अनावश्यक है।

जन—यह कथन ठीक नही है क्योंकि हेतु के प्रयोग से व्युत्पन्न जनो को भी साध्य के सदेह का निवारण नही हो सकेगा अत प्रतिज्ञा का प्रयाग अवश्य करना चाहिये। जन सिद्धान्तानुसार वीतराग कथा मे शिष्यो के आशयानुसार प्रतिज्ञा हतु उदाहरण उपनय और निगमन इनमें से दो तीन चार या पांचो का भी प्रयोग कर सकत हैं। कोई बाधा नही है किन्तु वाद काल मे मात्र प्रतिज्ञा हतु इन दो अवयवी अनुमान ही बोलना चाहिए यह बात सिद्ध हुई।

जैन हतु का एक अविनाभाव लक्षण ही मानत हैं बौद्ध हत का त्ररूप्य एव नयायिक पाच रूप वाला मानत हैं। अब उनका निराकरण करत है।

बौद्ध के त्ररूप्य हेतु का निराकरण

'पक्षधमत्वादित्रितयलक्षणाल्लिंगादनुमोत्थानम । [न्या प ३]

पक्षधर्मत्व आदि तीन लक्षण वाले हेतु से अनुमान की उत्पति होती है ऐसा बौद्ध का कहना है। उसका स्पष्टीकरण—

पक्षधमत्व सपक्षसत्त्व और विपक्ष व्यावृत्ति ये तीन रूप हतु के लक्षण हैं।

पक्ष धर्मत्व—साध्य धर्म से विशिष्ट धर्मी को पक्ष कहत हैं जैसे अग्नि के अनुमान मे पवत पक्ष है उस पक्ष मे व्याप्त होकर हतु का रहना पक्षधर्मत्व' है।

सपक्ष सत्त्व—साध्य के समान धर्म वाले धर्मी को सपक्ष कहत हैं जैसे अग्नि के अनुमान मे रसोई घर' सपक्ष है। उस सपक्ष मे सब जगह हतु का रहना 'सपक्ष सत्व है।

विपक्षव्यावृत्ति—साध्य से विरोधी धर्म वाले धर्मी को विपक्ष कहते हैं। जैसे—अग्नि के अनुमान में तालाब विपक्ष है उन सभी विपक्षों मे हेतु का न रहना 'विपक्ष व्यावृत्ति है।

ये तीनो रूप मिलकर हेतु का लक्षण है। यदि इन तीनो में से एक रूप भी न हो तो हेतु हेत्वाभास बन जाता है। यहाँ तक बौद्ध का पक्ष है। अब जैनाचार्य उसका निराकरण करते हैं।

जैन—यह बौद्ध का कथन ठीक नही है क्योकि पक्ष धमत्व के बिना भी कृतिकोदयादि हेतु शकटोदयादि साध्य को सिद्ध कर देत हैं। तथाहि— शकट मुहूर्तांते उदेष्यति कृत्तिकोदयादिति रोहिणी नक्षत्र का एक मुहूर्त के बाद उदय होगा क्योकि अभी कृत्तिका नक्षत्र का उदय हो रहा है। इस अनुमान में 'रोहिणी नक्षत्र धर्मी पक्ष है। एक मुहूर्त के बाद उदय साध्य है और कृत्तिका नक्षत्र का उदय हेतु है किंतु यह कृतिकोदयात् हेतु अपने पक्ष भूत रोहिणी नक्षत्र मे नही रहता है। इसलिए इस हेतु में 'पक्षधर्मत्व' नही है फिर भी इसमे अयथानुपपत्ति मौजद है। अत यह हेतु अपने साध्य को सिद्ध कर देता है। इसलिए बौद्धो के द्वारा मान्य हेत का त्ररूप्य लक्षण अव्याप्ति दोष से दूषित है।

नयायिक सम्मत पांचरूप्य हेतु का कथन

नैयायिक पचरूपता को हेतु का लक्षण कहते हैं। उसका स्पष्टीकरण—पक्षधर्मत्व सपक्षसत्त्व विपक्षव्यावृति अबाधितविषयत्व और असत्प्रतिपक्षत्व। उनमे से प्रथम तीन रूप के लक्षण कहे जा चुके हैं। शेष दो का लक्षण अबाधितविषयत्व—साध्य के अभाव को निश्चय कराने वाले बलिष्ठ प्रमाणो का न होना अबाधित विषयत्व है। असत्प्रतिक्षत्व—साध्य के अभाव को निश्चय करान वाले समान बल वाले प्रमाणो का न होना असत्प्रतिपक्षत्व है। उदाहरण द्वारा देखिये— यह पवत अग्नि वाला है क्योकि धूमवाला है जो-जो धूम वाला होता है वह वह अग्नि वाला होता है जैसे रसोई घर। जो जो अग्नि वाला नही होता है वह वह धूम वाला नही होता है जैमे तालाब। चूकि यह धूम वाला है इसलिए अग्नि वाला जरूर ही है। इन पाच अवयव रूप अनुमान प्रयोग मे धमत्वात हेतु है उसमे पक्षधर्मता है क्योकि वह पक्षभूत पवत मे रहता है।

सपक्षसत्त्व भी है क्योकि सपक्षभूत रसोई घर में रहता है। विपक्षव्यावृत्ति भी है क्योकि धूम हेतु तालाब आदि विपक्षो मे नही है। अबाधित विषयत्व भी है क्योकि धूम हेतु का जो अग्नि रूप साध्य विषय है वह प्रत्यक्ष आदि से बाधित नही है। असत्प्रतिपक्षत्व भी है क्योकि अग्नि के अभाव का साधक तुल्यबल वाला कोई प्रमाण नही है। इन पाचो रूप सहित ही धूम हेत अपने अग्नि रूप साध्य का ज्ञान कराता है। इनमे से किसी एक रूप के न होने से एक एक दोष उपस्थित हो जाते हैं। पक्षधर्म के अभाव में असिद्ध दोष सपक्षसत्त्व के अभाव मे विरुद्ध दोष विपक्षव्यावृत्ति के अभाव में अनकान्तिक दोष अबाधित विषयत्व के अभाव मे कालात्ययापदिष्ट दोष एव असत्प्रतिपक्षत्व के अभाव में प्रकरणसम दोष ऐसे पांच रूप के अभाव मे हेतु के पाँच दोष होने से पाच हेत्वाभास प्रसिद्ध हैं। पृथक्-पृथक इनका स्पष्टीकरण—

असिद्ध हेत्वाभास—पक्ष में जिसका रहना असिद्ध हो वह असिद्ध हेत्वाभास है, जैसे—'शब्द अनित्य,

है, क्योंकि चक्षु इन्द्रिय से जाना जाता है । यहां चाक्षुषत्वात् हेतु पक्षभूत शब्द में नहीं है, क्योंकि शब्द तो श्रोत्रेंद्रिय का विषय है

विरुद्ध हेत्वाभास—साध्य के अभाव के साथ जो हेतु व्याप्त हो वह विरुद्ध हेत्वाभास है जैसे-शब्द नित्य है क्योंकि वह कृतक है यहा कृतक हेतु अपने साध्यभूत नित्य से रहित अनित्य में व्याप्त है और सपक्ष आकाश आदि में नही रहता ह अत विरुद्ध हेत्वाभास ह ।

अनैकान्तिक हेत्वाभास—जो हेतु व्यभिचार सहित है साध्य के अभाव में भी रहता है या विपक्ष मे चला जाता है वह अनकान्तिक है । शब्द अनित्य है क्योंकि वह प्रमेय है यहा प्रमेयत्व हेतु अपने साध्य अनित्य का व्यभिचारी है । क्योकि आकाश आदि विपक्ष मे नित्यत्व के साथ भी रह जाता है अत विपक्ष से अलग न होने से यह हेतु अनैकान्तिक हेत्वाभास है ।

कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास—जिस हेतु का विषय प्रत्यक्षादि प्रमाणो से बाधित हो वह कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास है । जसे—अग्नि ठण्डी है क्योकि वह पदाथ है' यहा पदाथत्व हेतु अपने विषय ठण्डापन मे प्रत्यक्ष से बाधित है । अत अबाधितविषयता न होने से कालात्ययापदिष्ट हेत्वाभास है ।

प्रकरणसम हेत्वाभास—जिसका विरोधी साधन मौजूद हो वह हेतु प्रकरणसम अथवा सत्प्रतिपक्ष हेत्वाभास है । जसे—शब्द अनित्य है क्योकि वह नित्यधर्म से रहित है । यहा नित्यधर्म रहितत्व हेतु का विरोधी साधन मौजूद है अर्थात् शब्द नित्य है क्योकि अनित्य धर्मों से रहित है इस प्रकार नित्यता का साधन करना उसका प्रतिपक्षी साधन है । अत असत्प्रतिपक्षता के न होने से नित्यधमरहितत्व हेतु प्रकरणसम हेत्वाभास है ।

इन पाच हेत्वाभास दोषो से रहित पांच रूपता हेतु का लक्षण है । पाचो रूपो मे से किसी एक से रहित होने से हेतु अहेतु है । यहा तक नैयायिक ने कहा है ।

जैनाचार्यों द्वारा पांचरूप्य हेतु का खडन

नैयायिको द्वारा हतु का पाचरूप्य लक्षण भी ठीक नही है क्योकि पक्षधर्मत्व से रहित भी कृत्तिकोदय हेतु' रोहिणी के उदय रूप साध्य का गमक है । अत पचरूपता लक्षण हेतु अव्याप्ति दोष से दूषित है । [न्या पृ ८५ ८८]

दूसरी बात यह है कि आप नैयायिको ने ही हेतु के तीन भेद माने हैं । केवलान्वयी केवलव्यतिरेकी और अन्वयव्यतिरेकी । इन तीनो में से पहले के दो हतु में पाचरूपता नहीं है मात्र अन्वयव्यतिरेकी हेतु में ही पांचरूपता है ।

केवलान्वयी हेतु

"पक्षसपक्षवृत्तिर्विपक्षरहित केवलान्वयी । यथा—अदृष्टादय कस्यचित् प्रत्यक्षा अनुमेयत्वात् [illegible] 'यथाग्न्यादि'' । [न्या पृ ८६]

जो पक्ष और सपक्ष मे रहता है तथा विपक्ष से रहित है वह केवलान्वयी हेतु है जैसे—'पुण्यपापादि किसी के प्रत्यक्ष है क्योकि वे अनुमान से जाने जाते हैं । जो-जो अनुमान से जाने जाते हैं वे किसी के प्रत्यक्ष होते हैं जैसे— अग्नि आदि । यहा पुण्यपापादि पक्ष है । किसी के प्रत्यक्ष' यह साध्य है अनुमान से जाना जाता है यह हेतु है । अग्नि आदि यह अन्वय दृष्टांत है । यह अनुमेयत्व' हेतु अदष्ट आदि पक्ष में रहता है और सपक्ष अग्नि आदि मे भी रहता है । अत इस हेतु मे पक्षधर्मत्व सपक्ष सत्त्व हैं । किन्तु विपक्ष यहाँ कोई है ही नही क्योकि सभी पदाथ पक्ष और सपक्ष मे आ गये इसलिये विपक्ष यावत्ति है ही नही ।

केवल व्यतिरेकी का कथन

पक्षवर्त्तिविपक्षव्यावृत्त सपक्षरहितो हेतु केवलव्यतिरेकी । यथा-जीवच्छरीर सात्मक भवितु मर्हति प्राणादिमत्त्वात यद्यत्सात्मक न भवति तत्तत्प्राणादिमन्न भवति यथा लोष्ठ इति ।

[न्या पृ]

जो हेतु पक्ष मे रहता है विपक्ष मे नही रहता है और सपक्ष से रहित है वह हेतु केवल व्यतिरेकी है । जैसे जिन्दा शरीर जीवसहित होना चाहिए क्योकि वह प्राणादि वाला है । जो जो जीव सहित नही होता है वह वह प्राणादिमान नही होता है जस मिट्टी का ढला । यहा जिदा शरीर पक्ष है जीवसहितत्व साध्य है । प्राणादिमान हेतु है और लोष्ठादिक व्यतिरेक दष्टान्त है । प्राणादिमान् हेतु पक्षभूत जिदा शरीर म रहता है और विपक्ष लोष्ठादिक से व्यावत्त ह । तथा सपक्ष यहा है ही नही क्योकि सभी पदाथ पक्ष और विपक्ष के अन्तगत हो जात हैं । अत इसम भी पचरूपता नही हैं ।

अन्वय व्यतिरेकी हेतु का उदाहरण

तत्र पञ्चरूपोपपन्नोऽन्वयव्यतिरेकी । यथा शब्दोऽनित्यो भवितुमर्हति कृतकत्वात् यद्यत्कृतकं तत्तदनित्य यथा घट यद्यदनित्यं न भवति तत्तत्कृतकं न भवति यथा आकाश तथा चाय कृतक तस्माद नित्य एवेति । [न्या प ८६]

जो हेतु पाचरूपो से सहित है वह अन्वय व्यतिरेकी है । जैसे शब्द अनित्य है क्योकि कृतक है जो जो किया जाता है वह-वह अनित्य होता है जसे घडा जो जो अनित्य नहीं होता है वह वह किया नही जाता जसे—आकाश और यह शब्द किया जाता है इसलिए अनित्य ही है ।

यहाँ शब्द पक्ष है उसकी अनित्यता साध्य है। कृतकत्व हेतु है । वह हेतु पक्षभूत शब्द का धर्म है अत इस हेतु मे पक्षधमत्व है । सपक्ष घटादिको में रहता है अत 'सपक्षसत्त्व है । विपक्ष आकाश मे नहीं रहता है अत विपक्ष से व्यावृत्त है । हेतु का विषय—अनित्य किसी प्रमाण से बाधित नही है अत अबाधितविषयत्व है । एव प्रतिपक्षी साधन के न होने से असत्प्रतिपक्षत्व भी विद्यमान है । अत कृतकत्वात् हेतु इन पाचो रूपा से विशिष्ट होने से 'अन्वयव्यतिरेकी' कहलाता है ।

इन तीन हेतुओं के लक्षण से आप नैयायिकों द्वारा ही मान्य हेतु की पंचरूपता का निराकरण हो जाता है। क्योंकि केवलान्वयी और केवल व्यतिरेकी हेतुओं में पंचरूपता नहीं है।

जो नैयायिक का कहना है कि असिद्ध विरुद्ध आदि पाँचों दोषों को दूर करने के लिये हेतु में पांच रूपता है वह भी गलत है। क्योंकि अन्यथानुपपत्ति लक्षण से विशिष्ट हेतु असिद्ध आदि दोषों का निराकरण कर देता है और यदि ये पांच रूप विद्यमान हैं किंतु अन्यथानुपपत्ति रूप अविनाभाव नहीं है तब तो वह हेतु हेत्वाभास ही कहलाता है। तथाहि—

[पांचरूप्य त्रैरूप्यहेतु हेत्वाभास क्यों है ?]

गर्भस्थो मैत्रीतनयः श्यामो भवितुमर्हति मैत्रीतनयत्वात् संप्रतिपन्नमैत्रीतनयवत्।

[या पृ ६१]

गर्भ मे स्थित मैत्री का पुत्र काला होना चाहिये क्योंकि वह मैत्री का पुत्र है अन्य मौजूद मैत्री के पुत्रों की तरह। यहां मैत्रीतनयत्वात् हेतु पक्षभूत गर्भस्थ मैत्री के पुत्र मे रहता है अतः इस हेतु मे पक्ष धर्मत्व मौजूद है। सपक्षभूत मौजूद मैत्री पुत्रों मे रहने से सपक्षसत्त्व भी है विपक्षभूत गोरे चैत्र के पुत्रों से व्यावृत्त होने से विपक्ष से व्यावृत्ति रूप भी है। कोई बाधा नहीं है इसलिये अबाधितविषयता भी है क्योंकि गर्भस्थ मैत्रीपुत्र का कालापन किसी भी प्रमाण से बाधित नहीं है। विरोधी समान बल वाला कोई प्रमाण न होने से इस हेतु मे असत्प्रतिपक्षत्व भी है। इस प्रकार मैत्रीतनयत्वात् हेतु में पाँचों रूप विद्यमान हैं। तीन रूप तो हजार मे सौ के न्याय से स्वयं सिद्ध हैं किंतु अन्यथानुपपत्ति न होने से यह हेतु हेत्वाभास है क्योंकि मैत्रीतनयत्वात् हेतु से गर्भस्थ पुत्रों के कालेपन का अविनाभाव निश्चित नहीं है कदाचित गर्भस्थ बालक गोरा भी हो सकता है।

अतः अन्यथानुपपत्ति रूप हेतु ही सम्यक हेतु है। यदि अन्यथानुपपत्ति से सहित ही पांचरूपता हेतु का लक्षण है तो अन्यथानुपपत्ति ही हेतु का लक्षण सिद्ध है पांच रूपता नहीं है।

[बौद्ध के त्रैरूप्य हेतु का निराकरण]

'अन्यथानुपपन्नत्वं यत्र तत्र त्रयेण किम्। नान्यथानुपपन्नत्वं यत्र तत्र त्रयेण किम् ॥१॥

अर्थ—जहां अन्यथानुपपत्ति है वहां तीन रूपों के मानने से क्या ? और जहां अन्यथानुपपत्ति नहीं है वहां तीन रूपों के सद्भाव से भी क्या ? तात्पर्य यह है कि अन्यथानुपपत्ति के बिना हेतु की तीन रूपता अभिमत फल का संपादक नहीं है। बौद्धों के लिये यह उत्तर है।

[नैयायिक के पांचरूप्य हेतु का खंडन]

"अन्यथानुपपन्नत्वं यत्र किं तत्र पंचभिः। नान्यथानुपपन्नत्वं यत्र किं तत्र पंचभिः ॥२॥

[प्रमाण प पृ ७२]

अथ—जहाँ हेतु मे अन्यथानुपपत्ति है वहा पाच रूपो के मानने से क्या प्रयोजन है ? और जहाँ अन्यथानुपपत्ति नही है वहाँ पाच रूपो के सदभाव से भी क्या प्रयोजन है ? तात्पर्य यह है कि अन्यथानुपपत्ति के बिना पाच रूप सवथा निष्फल है। अन्यथानुपपत्ति -जो साध्य के साथ अविनाभावी है—साध्य के होने पर ही होता है और साध्य के बिना नही होता है वह अन्यथानुपपत्ति रूप हेतु है।

हेतु के दो भेद हैं—विधि रूप और निषध रूप। विधि रूप हेत के भी विधि साधक और प्रतिषेध साधक ऐसे दो भेद है एव निषध रूप हेत के भी दो भेद हैं—विधि साधक और प्रतिषेध साधक।

इन सबके भेद प्रभेदो के नाम बताये जा चुके है।

विशेष लक्षण अन्य ग्रथा से देख लेना चाहिये।

जैनाचार्यों ने हेत्वाभास के चार भेद ही माने हैं जिनका वणन पहले किया जा चुका है।

[आगम का लक्षण]

"आप्तवाक्यनिबधनमथज्ञानमागम। [या प ११३]

आप्त के वचनो से होने वाले अर्थज्ञान को आगम कहते हैं।

[आप्त का लक्षण]

आप्त प्रमितिसकलाथत्व सति परमहितोपदेश। [न्या पृ ११]

जो प्रत्यक्ष ज्ञान मे समस्त पदार्थों का ज्ञाता—सवज्ञ है और परमहितोपदेशी है वह आप्त है।

नयायिक आदि के द्वारा माने गये आप्त सवज्ञ न होने मे आप्ताभास है—सच्चे आप्त नहीं हैं। क्योकि उनके द्वारा माने गये आप्त का ज्ञान स्वय को नही जानता है। पुन उसके एक ही ज्ञान है उसको जानने वाला ज्ञानातर भी नही है। जब वह ईश्वर विशेषण भूत अपने ज्ञान को ही नहीं जानता है तो उस ज्ञान विशिष्ट आत्मा को कि मैं सवज्ञ ह। ऐसा कमे जानेगा ? और जब अनात्मज्ञ है तब असवज्ञ ही है सर्वज्ञ नही है। एव बद्ध आदि भी सच्चे आप्त नहा है। इसका स्पष्टोकरण आगे किया जायगा।

[प्रमाण का विषय]

'अनेके अन्ता धर्मा सामान्यविशेषपर्यायगुणा यस्येति सिद्धोऽनेकान्त। [न्या ११७]

जिसमे अनेको अत धम सामान्य विशेष पर्याय और गुण पाये जाते हैं उसे अनेकात कहते हैं। मतलब सामान्य आदि अनेक धम वाले पदाथ को अनेकात कहते हैं।

तत्र सामान्यमनुवृत्तिस्वरूपम। तद्धि घटत्व पृथुबुध्नोदराकार गोत्वमिति सास्नादिमत्वमेव।

[न्या ११७]

अनुगत व्यवहार के विषयभूत सदृश परिणामात्मक घटत्व' गोत्व आदि अनुगत स्वरूप को सामान्य कहते हैं। वह घटत्व स्थूल कम्बु ग्रीवादि स्वरूप तथा गोत्व सास्ना आदि स्वरूप ही है।

विशेषोऽपि स्थूलोऽयं घटः सूक्ष्मः इत्यादि व्यावृत्तप्रत्ययालम्बनं घटादिस्वरूपमेव ।'

[न्या पृ १२]

विशेष भी सामान्य की ही तरह यह स्थूल घट है यह छोटा है। इत्यादि व्यावृत्त प्रतीति का विषयभूत घटादि व्यक्ति स्वरूप ही है। इसी बात को भगवान् माणिक्यनंदि भट्टारक ने भी कहा है कि 'प्रमाण का विषय सामान्य विशेष रूप है।

पर्याय—परिणमन को पर्याय कहते हैं। उसके दो भेद हैं अर्थपर्याय व्यंजन पर्याय।

उसमे भूत और भविष्य के उल्लेख रहित केवल वर्तमान कालीन वस्तु स्वरूप को अर्थपर्याय कहते हैं। आचार्यों ने इसे ऋजुसूत्र नय का विषय माना है। इसी एक देश को मानने वाले क्षणिकवादी बौद्ध हे।

प्रवृत्ति और निवृत्ति में कारणभूत जल के ले आने रूप अर्थक्रियाकारिता का नाम व्यक्ति-व्यंजन है उस व्यंजन से युक्त पर्याय को व्यंजन पर्याय कहते हैं। जैसे—मिट्टी आदि को पिंड स्थास कोश कुशूल और कपाल आदि पर्यायें ह।

गुण—जो सपूर्ण द्रव्य मे व्याप्त होकर रहते हैं और समस्त पर्यायो के साथ रहने वाले ह उन्ह गुण कहते ह। और वे वस्तुत्व रूप गध स्पर्श आदि हैं। गुण के भी दो भेद ह—सामान्य और विशेष। जो सभी द्रव्यो मे रहें वे सामान्य गुण ह जैसे अस्तित्व वस्तुत्व आदि। जो उसी एक द्रव्य मे रहते हैं वे विशेष गुण कहलाते हैं। जैसे—रूपरसादि। इन सामान्य विशेष रूप गुण और पर्यायो का आश्रय द्रव्य है। ऐसी अनेकान्तात्मक द्रव्य रूप वस्तु ही प्रमाण का विषय है। एव अनेक धर्मात्मक वस्तु को विषय करने वाला प्रमाण है। वस्तु के एक धर्म को सापेक्ष ग्रहण करन वाला नय है। वस्त के एक धम को निरपेक्ष रूप से ग्रहण करन वाले नय नयाभास या कुनय कहलाते हैं।

यहा तक सक्षेप से प्रमाण और प्रमाणाभास को बताया है आगे कुछ विशेष समीक्षा करते हैं।

प्रमाणो के बारे मे विशेष समीक्षा

प्रमाण विचार

दार्शनिक परम्परा में सवत्र प्रमीयते येन तत्प्रमाण इस निरुक्ति के अनुसार जिसके द्वारा पदार्थों का ज्ञान हो उसे प्रमाण कहते हैं।

नास्तिक वादी चार्वाक ने मान त्वक्षजमेव हि' इन्द्रियजन्य प्रत्यक्ष को ही प्रमाण माना है।

वैशेषिक-नैयायिक

दार्शनिक लोगों में सर्वप्रथम कणाद ने प्रमाण का सामान्य लक्षण निर्दिष्ट किया है। अदुष्ट विद्या' [वैशेषिक सूत्र ९-२-१२] निर्दोष विद्या को प्रमाण कहा है।

न्याय दर्शन के प्रवर्तक गौतम के न्याय सूत्र में तो प्रमाण का सामान्य लक्षण उपलब्ध नहीं है पर

उनके टीकाकार वात्स्यायन ने अवश्य ही लक्षण किया है— उपलब्धिसाधनानि प्रमाणानि [न्याय भा पृ १८] उपलब्धियो के साधन को प्रमाण माना है।

उद्योत कर ने भी उपलब्धिहेतु प्रमाण [याय वा प ५] उपलब्धि के हेतु को ही प्रमाण कहा है।

जयतभट्टने प्रमाकरण प्रमाण [न्याय म प २५] प्रमा के करण को प्रमाण कहा है।

उदयन ने यथार्थानुभवो मानमनपेक्षतयेष्यते [या कुसु ४ १] यथाथ अनुभव को प्रमाण कहा है।

यहाँ यह बात ध्यान मे रखना कि उदयन के पहले याय वशेषिक दशन मे अनुभव पद दृष्टि गोचर नही होता है।

इस प्रकार नैयायिक वैशेषिक दशन मे प्रमा के करण को प्रमाण माना गया है। उन्होने प्रत्यक्ष प्रमा के तीन करण माने हैं—इन्द्रिय इद्रियाथ सन्निकष और ज्ञान। किन्तु इद्रिय और इन्द्रियाथ सन्निकष को प्रत्यक्ष प्रमा का कारण मानना ठीक नही है क्योकि इन्द्रिय और सन्निकष अज्ञान रूप हैं अत वे अज्ञान की निवत्ति रूप प्रमा के करण कसे हो सकते हैं? अज्ञान निवत्ति मे अज्ञान का विरोधी ज्ञान ही होना चाहिए। सन्निकष को प्रमाण कहने मे पहले दोष दिखाया है।

वृद्ध नयायिको ने कहा है कि— अ यभिचारिणीमसदिग्धामर्थोपलब्धि विदधती बोधाबोधस्वभावा सामग्री प्रमाण। [न्याय म प १२]

अ यभिचारिणी असदिग्ध अथ की उपलब्धि को कराने वाली ज्ञानात्मक तथा अज्ञानात्मक दोनो प्रकार की सामग्री ही प्रमा का करण है वही प्रमाण है। अत वे कारक साकल्य इद्रिय मन पदाथ प्रकाश आदि कारणो की समग्रता को प्रमाण कहते हैं। इस विषय मे यहा इतना ही कहना पर्याप्त है कि अथ की उपलब्धि मे साधकतम कारण तो ज्ञान है और कारक साकल्य की साधकता उस ज्ञान को उत्पन्न करने मे है क्योकि ज्ञान को उत्पन्न किये बिना कारक साकल्य अर्थ का बोध नही करा सकते। अत प्रमा का करण रूप प्रमाण ज्ञान ही है इन्द्रिय सन्निकष कारक साकल्य आदि नही हैं क्योकि ये अचेतन हैं।

मीमांसक —

मीमांसा दशन मे प्राभाकर और भाट्ट दो सम्प्रदाय हैं—उनमे से प्राभाकरो ने— अनुभूतिश्च न प्रमाणम [बहती १ १ ५] अनुभूति ही प्रमाण का लक्षण है ऐसा कहा है। एव ज्ञातृ व्यापार को भी प्रमाण कहा है।

कि तु एक ही अथ की अनुभूति विभिन्न यक्तियो को अपनी अपनी भावना के अनुसार विभिन्न प्रकार की होती है इसलिये केवल अनुभूति को प्रमाण नहीं माना जा सकता। ज्ञाता के व्यापार को प्रमाण मानने मे उनका मतलब यह है कि अथ प्रकाशन ज्ञाता के व्यापार द्वारा होता हैं अत ज्ञाता का व्यापार प्रमाण है। किन्तु ज्ञाता का व्यापार अर्थ प्रकाशन मे या उसके जानने मे प्रमाण तभी माना जा सकता है जब कि उसका व्यापार यथार्थ वस्तु के बोध मे कारण हो। जहां पर यथार्थ वस्तु के ज्ञान में कारण न होकर विपरीत ही अर्थ ज्ञान करा रहा है वहां प्रमाण कैसे होगा?

भाट्टों ने 'अनधिगततथाभूतार्थनिश्चायक प्रमाणम्' [शा दी पृ १२३]

अज्ञात यथावस्थित अर्थ के जानने वाले ज्ञान को प्रमाण कहा है किंतु यह लक्षण अव्याप्ति दोष से दूषित है क्योकि उन्होंने स्वय गृहीतग्राही धारावाही ज्ञान को प्रमाण माना है।

कुमारिल भट्ट ने प्रमाण के सामान्य लक्षण मे पाच विशेषण दिये हैं—

तत्रापूर्वार्थविज्ञानं निश्चितं बाधवर्जितम् ।

अदुष्टकारणारब्धं प्रमाणं लोकसम्मतम् । [प्रमाण वा पृ २१]

जो अपूर्व को जानने वाला हो निश्चित हो बाधाओ से रहित हो निर्दोष कारणो से उत्पन्न हुआ हो और लोकसम्मत हो वह प्रमाण कहलाता है।

उक्त प्रमाण लक्षण में यद्यपि कोई बात आपत्ति जनक प्रतीत नही होती फिर भी अन्य दार्शनिको ने इस लक्षण की आलोचना की है। विशेष दूषण यह है कि—मीमासको ने ज्ञान को परोक्ष माना है किंतु उनकी यह मान्यता ठीक नही है क्योकि जो ज्ञान स्वय परोक्ष है वह प्रमाण कैसे हो सकता है?

बौद्ध—

बौद्ध दर्शन मे **अज्ञातार्थज्ञापकं प्रमाणम्** [प्रमाण स टी पृ ११] अज्ञात के प्रकाशक ज्ञान को प्रमाण कहा है।

दिग्नाग ने— **स्वसंवित्ति फलं चात्र तद्रूपार्थनिश्चय ।**

विषयाकार एवास्य प्रमाणं तेन मीयते ।। [प्रमाण स पृ २१]

विषयाकार को प्रमाण तथा विषयाकार अर्थनिश्चय को और स्वसंवित्ति को प्रमाण का फल माना है।

धर्मकीर्ति ने प्रमाण के लक्षण मे अविसंवादी पद को जोडकर दिग्नाग प्रतिपादित लक्षण का ही समर्थन किया है। तत्त्वसंग्रहकार शांतरक्षित ने सारूप्य और योग्यता को प्रमाण माना है। तथा विषयाधिगति और स्वसंवित्ति को फल माना है। मोक्षाकार गुप्त ने—**प्रमाणं सम्यग्ज्ञानमपूर्वगोचरम्** [तर्क भा मोक्षाकार गुप्त प १]

अपूर्व अर्थ को विषय करने वाले सम्यग्ज्ञान को प्रमाण कहा है। इस प्रकार बौद्धो ने अज्ञातार्थ प्रकाशक अविसंवादि ज्ञान को प्रमाण कहा है।

बौद्धो के यहां प्रमाण और फल मे अभेद होने से यद्यपि प्रमाण ज्ञान रूप है तथापि विषयाकारता को ही इन्होंने प्रमाण माना है। यद्यपि ज्ञान गत सारूप्य ज्ञान स्वरूप ही है फिर भी ज्ञान का विषयाकार होना एक जटिल समस्या है क्योकि अमूर्तिक ज्ञान का मूर्तिक पदार्थों के आकार होना संभव नही है। दूसरी बात यह है कि ज्ञान को विषयो के आकार होना ही मानने से सशय विपर्यय ज्ञान को भी प्रमाण मानना पड़ेगा क्योंकि वे ज्ञान भी तो विषयाकार हैं।

सांख्य—

साख्यो ने इन्द्रियवृत्ति प्रमाणम् [योगद व्या पृ २७]

श्रोत्रादि इन्द्रियो की वत्ति–व्यापार को प्रमाण माना है। किन्तु इन्द्रिय व्यापार को प्रमाण मानना उचित नही है क्योकि इन्द्रियो के समान उनका व्यापार भी अचेतन और अज्ञान रूप ही होगा। अत अज्ञान रूप व्यापार जानने रूप क्रिया का साधकतम कारण नहीं हो सकता है।

उपसंहार—यौग (नयायिक वशेषिक) इन्द्रिय इन्द्रियाथ सन्निकष और ज्ञान को प्रमा का करण मानते हैं। प्राभाकर ज्ञाता के व्यापार को मीमासक इन्द्रिय को बौद्ध सारूप्य (तदाकारता) और योग्यता को जानने रूप क्रिया का करण मानते हैं किन्तु ये सब मान्यताए दूषित हैं। इनको विशेष समझने के लिए प्रमेयकमल मातड न्यायकुमुदचन्द्र आदि ग्रन्थ देखना चाहिए।

जनाचाय ज्ञान को ही प्रमा—जानने रूप क्रिया का करण कहते हैं। उसीका स्पष्टीकरण—

जन—

जैन दशन मे आचाय श्री समन्तभद्र महोदय ने तत्त्वज्ञान प्रमाण तत्त्व ज्ञान को प्रमाण कहा है [अष्ट स] अन्यत्र स्वयभूस्तोत्र म—स्वपरावभासक यथा प्रमाण भुवि बुद्धिलक्षण स्वपरावभासक ज्ञान को प्रमाण कहा है।

आचाय सिद्धसेन दिवाकर ने प्रमाण स्वपराभासि ज्ञानं बाधविवर्जितम [न्यायावतार श्लो १]

स्वपर अवभासी तथा बाधारहित ज्ञान को प्रमाण कहा है। श्री अकलक देव ने व्यवसायात्मक ज्ञानमात्मार्थग्राहकं मतम अपने और अथ के ग्राहक व्यवसायात्मक ज्ञान को प्रमाण कहा है।

[लघीयत्रय का ६०]

अन्यत्र श्री अकलक देव ने ही — प्रमाणमविसवादि ज्ञानमनधिगतार्थाधिगमलक्षणत्वात्

[अष्टशती का ३६]

अनधिगत अथ को जानने वाले अविसवादी ज्ञान को प्रमाण का लक्षण कहा है

श्री विद्यानन्द महोदय ने सम्यग्ज्ञानं प्रमाणम [प्रमाणपरी पृ ५१] पहले सम्यग्ज्ञान को प्रमाण का लक्षण कहकर पुन स्वार्थव्यवसायात्मक सम्यग्ज्ञान सम्यग्ज्ञानत्वात [प्रमाण प]

सम्यग्ज्ञान स्वाथ व्यवसायात्मक है क्योकि वह सम्यग्ज्ञान है। ऐसा स्पष्ट किया है।

इन्होंने प्रमाण के लक्षण में अनधिगत या अपूव विशेषण नहीं दिया है। क्योकि उनके अनुसार ज्ञान चाहे अपूर्व अथ को जाने या गृहीत अर्थ को स्वार्थ व्यवसायात्मक होने से ही प्रमाण है किन्तु माणिक्यनन्दि आचाय महोदय ने— स्वापूर्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणम् [परीक्षा मु सू १]

स्व और अपूर्व अथ के व्यवसायात्मक—निश्चय कराने वाले ज्ञान को प्रमाण कहा है। एवं स्वयं ग्रन्थकार ने अपूर्वार्थ पद का लक्षण किया है—अनिश्चितोऽपूर्वार्थः ॥४॥ [प मु प्र प.]

जिस पदार्थ का पहले किसी प्रमाण से निश्चय नहीं किया गया है वह अपूर्वार्थ है। अर्थात् जो वस्तु किसी यथार्थ ग्राही प्रमाण से अभी तक जानी नही गई है वह अपूर्वार्थ है। क्योकि जो किसी ज्ञान से जान ली गयी है उसका जानना व्यर्थ है इस वास्ते अपूव विशेषण सूत्र मे दिया है। इसलिए यहां पर ईहा आदि ज्ञानो का विषय भूत पदाथ अवग्रह आदि ज्ञानो के द्वारा ज्ञात होने पर भी पूर्वार्थ नही है, अपितु अपूर्वाथ ही है क्याकि अवग्रहादि के द्वारा ईहादि ज्ञान के विषयभूत अवान्तर विशेष का निश्चय नहीं होता है। अन्य प्रकार से भी अपूव का लक्षण करते हैं -

दृष्टोऽपि समारोपात्तादृक ॥५॥ [प मु प्र प]

दृष्ट—अन्य किसी प्रमाण के द्वारा जाने गये पदाथ म भी समारोप-सशय विपयय या अनध्यवसाय आ जाता है तो वे भी अपूर्वाथ हो जाते है।

इस प्रकार से जनाचार्यों द्वारा कथित सभी प्रमाण के लक्षणो मे विरोध नही है। ये लक्षण एक दूसरे के समर्थक है क्योकि वास्तव में ज्ञान ही प्रमाण कहलाने योग्य है। उस ज्ञान से ही हिताहित-प्राप्तिपरिहारसमथ हि प्रमाण ततो ज्ञानमेव तत हित की प्राप्ति और अहित का परिहार होता है अन्य इन्द्रिय सन्निकष आदि अचेतन से नही हो सकता है। अत स्वपर प्रकाशी सम्यक तत्त्वज्ञान ही प्रमाण है। यह समझना चाहिए।

प्रमाण के भेद का विचार

चार्वाक ने एक प्रत्यक्ष ही प्रमाण माना है।

बौद्ध और वशेषिक प्रत्यक्ष अनुमान ऐसे दो प्रमाण स्वीकार करते हैं। सांख्य ने प्रत्यक्ष अनुमान और आगम ऐसे तीन भेद माने हैं। नयायिक ने उसमे उपमान और मिला दिया है। मीमांसक इसी मे अर्थापत्ति और अभाव मिलाकर छह भेद कर देते हैं।

जनाचार्यों ने सवत्र प्रमाण के दो भेद किये हैं प्रत्यक्ष और परोक्ष। इन दो भेदो मे ही उपर्युक्त प्रमाण के भेद गर्भित हो जाते हैं।

सिद्धान्त ग्रन्थो मे आचाय श्री उमास्वामी आदि ने प्रत्यक्ष के दो भेद किये है विकल और सकल विकल में अवधि मन पर्यय एवं सकल मे केवल ज्ञान है।

परोक्ष प्रमाण के मति श्रुत दो भेद करके मतिज्ञान के पर्यायवाची नामो मे श्री उमास्वामी आचार्य ने कहा है कि—'मति स्मृति संज्ञा चिंताभिनिबोध इत्यनर्थांतरम ॥१३॥ मति स्मृति प्रत्यभिज्ञान तर्क और अनुमान ये पाँचो मतिज्ञान के ही पर्याय वाची नाम है। [तत्त्वार्थसूत्र प्र अ]

न्याय ग्रन्थो में आचार्यों ने प्रत्यक्ष के दो भेद किये है सांव्यवहारिक और पारमार्थिक। सांव्यवहारिक से मतिज्ञान को लिया है। और उसके अवग्रह ईहा, अवाय और धारणा रूप से चार भेद करके पांच इन्द्रिय और मन से गुणा करके बहु आदि पदार्थ के १२ भेदो से भी गुणित

करके ३३६ भेद कर दिये है। जिनका स्पष्टीकरण पहले आ चुका है। पारमार्थिक के विकल सकल भेद करते हैं। तथा मति के पर्याय वाची स्मति आदि चारो को परोक्ष मे ले लेते हैं। उन चारो में श्रुतज्ञान को आगम प्रमाण से मिलाकर के परोक्ष के पाच भेद कर देते हैं यथा—स्मृति प्रत्यभिज्ञान तक अनुमान और आगम ये परोक्ष प्रमाण के पाच भेद है।

क्योकि स्मृति आदि मतिज्ञान के समान इन्द्रिय प्रत्यक्ष नही हैं। यही कारण है कि इन्हे परोक्ष मे लिया गया है। इस प्रकार से प्रत्यक्ष परोक्ष प्रमाण मे ज्ञान के पाचो भेद आ जाते है।

अन्य दार्शनिको ने स्मति प्रत्यभिज्ञान और तक को पृथक से प्रमाण मे नही लिया है। अत सभी के द्वारा मान्य प्रमाण सख्या अपूर्ण है।

जनाचार्यों ने अन्य जनो द्वारा मान्य उपमान प्रमाण को सादृश्य प्रत्यभिज्ञान म अन्तभू त कर लिया है। अर्थापत्ति प्रमाण तो अनुमान मे हो शामिल हो जाता है। एव अभाव प्रमाण का प्रत्यक्ष आदि प्रमाणो मे अन्तर्भाव हो जाता है ऐसा बताया है। क्योकि—

गृहीत्वा वस्तुसदभाव स्मृत्वा च प्रतियोगिनम।
मानस नास्तिताज्ञान जायतेऽक्षानपेक्षया ॥ [कुमारिल मीमासा श्लोक]

यहाँ वस्तु का सदभाव घट रहित केवल भूतल को देखकर और प्रतियोगी घट की याद कर बाह्य इन्द्रियो की अपेक्षा से रहित नही है इस रूप जो मानस ज्ञान होता है वह अभाव प्रमाण है ऐसा मीमासक मत मे कुमारिल भट्ट का कहना है। अत भूतल को देखना प्रत्यक्ष में शामिल है। घट का स्मरण स्मति ज्ञान मे अन्तभू त है। इत्यादि।

प्रत्यक्ष प्रमाण पर विचार

दार्शनिक जगत् मे प्रत्यक्ष का लक्षण अनेक प्रकार का उपलब्ध होता है।

नयायिक और वशेषिक— इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्प नमव्यपदेश्यमव्यभिचारि व्यवसायात्मकं प्रत्यक्षम्। [न्याय स १ १ ४]

इन्द्रिय और पदाथ क सन्निकष से उत्पन्न होने वाला अव्यपदेश्य अव्यभिचारी तथा व्यवसायात्मक ज्ञान प्रत्यक्ष हैं।

मतलब सामान्यतया ये लोग इन्द्रिय और अथ के सन्निकष को प्रत्यक्ष कहते हैं।

सांख्य—श्रोत्रादिवृत्तिरविकल्पिका प्रत्यक्षम। ये लोग निर्विकल्प श्रोत्र आदि इन्द्रियो के व्यापार को प्रत्यक्ष प्रमाण कहते है।

मीमांसक—'तत्संप्रयोगे पुरुषस्येंद्रियाणां बुद्धिजन्म तत प्रत्यक्षम्। [जैमिनि १ १ ४]

इन्द्रियो का आत्मा के साथ सयोग होने पर उत्पन्न होने वाली बुद्धि को प्रत्यक्ष कहते हैं।

बौद्ध—

बौद्धदर्शन मे तीन मान्यताय हैं—वसुबन्धु दिग्नाग और धर्मकीर्ति। वसुबन्धु ने— **अर्थाद्विज्ञानं प्रत्यक्षम्** [प्रमाण स पृ ३२] अर्थजन्य निर्विकल्प ज्ञान को प्रत्यक्ष कहा है।

दिग्नाग ने—**प्रत्यक्ष कल्पनापोढ नामजात्याद्यसयुतम्** [प्रमाण स १ ३]

नाम जाति आदि रूप कल्पना से रहित निर्विकल्पज्ञान को प्रत्यक्ष कहा है।

धर्मकीर्ति ने—**कल्पनापोढमभ्रान्तं प्रत्यक्षम्** [न्यायबिन्दु प ११]

निर्विकल्प तथा अभ्रान्त ज्ञान को प्रत्यक्ष कहा है।

सामान्यतया सभी बौद्ध तार्किको ने निर्विकल्प को प्रत्यक्ष स्वीकार किया है।

जैनाचार्य—

जैनाचार्यों ने **प्रत्यक्ष विशद ज्ञानं** [लघीयस्त्रय का ३] कहकर यह स्पष्ट कर दिया है कि स्पष्ट निर्मल ज्ञान प्रत्यक्ष प्रमाण है। सिद्धान्त ग्रन्थो मे तो आत्मा से उत्पन्न हुये ज्ञान को प्रत्यक्ष कहा है किन्तु न्याय मे इन्द्रिय मन निमित्तक ज्ञान का भी सान्व्यवहारिक प्रत्यक्ष कह दिया है।

अकलक देव ने प्रत्यक्ष लक्षण मे उपात्त वैशद्य का खुलासा कर दिया है यथा—

अनुमानाद्यतिरेकेण विशेषप्रतिभासनम्।
तद्वैशद्य मत बुद्धेरवैशद्यमत परम्॥ [लघी का ४]

जो अनुमान आदि की अपेक्षा से रहित ज्ञान का विशेष प्रतिभास है वह वैशद्य—विशदता है इससे भिन्न अवैशद्य है।

ज्ञान के कारण—

बौद्ध ज्ञान के प्रति अर्थ और आलोक को कारण मानते हैं। उन्होंने चार प्रत्ययो—कारणो से सपूर्ण ज्ञानो (स्वसवेदनादि) की उत्पत्ति वर्णित की है। वे प्रत्यय ये हैं—समनतरप्रत्यय आधिपत्य प्रत्यय आलम्बनप्रत्यय और सहकारिप्रत्यय। पूर्वज्ञान उत्तर ज्ञान की उत्पत्ति मे कारण होता है इस लिये वह समनन्तर प्रत्यय कहलाता है।

चक्षुरादिक इन्द्रिया आधिपत्य प्रत्यय कही जाती है।

अर्थ—विषय 'आलबन प्रत्यय कहा जाता है। आलोक आदि सहकारी प्रत्यय है।

इस तरह बौद्धो ने इन्द्रियो के अलावा अर्थ और आलोक को भी कारण स्वीकार किया है। अर्थ की कारणता पर तो यहा तक कह दिया है कि ज्ञान यदि अर्थ से उत्पन्न न हो तो वह अर्थ को जान भी नहीं सकता है। उनका यह सिद्धान्त है कि नाकारण विषय जो पदार्थ ज्ञान की उत्पत्ति मे कारण नही है वह ज्ञान का विषय भी नही है। इसीलिय ये बौद्ध अर्थ से ज्ञान का तदुत्पत्ति तदाकार और तदध्यवसाय रूप मानते हैं और इसी से प्रतिकर्मव्यवस्था सिद्ध करते हैं।

नैयायिक भी अर्थ को ज्ञान का कारण मानते हैं परन्तु अर्थ से ज्ञान की उत्पत्ति नहीं मानते हैं। क्योंकि ये लोग ज्ञान के प्रति सीधा कारण सन्निकर्ष को मानते है। इसीलिए जैनों ने नैयायिक आदि के अर्थकारणतावाद पर इतना विचार नहीं किया है जितना कि बौद्धो के अर्थालोक कारणतावाद पर किया है। जैनाचार्य आवरण के क्षयोपशम को ही प्रत्येक ज्ञान के प्रति कारण मानते हैं। इस विषय पर श्री अकलंक देव ने संक्षेप में कह दिया है कि—

अयमर्थ इति ज्ञान विद्यान्नोत्पत्तिरर्थत ।
अन्यथा न विवाद स्यात कुलालादिघटादिवत ॥ [लघीय ५३]

यह अर्थ है ज्ञान तो यह जानता है किन्तु अर्थ से मैं उत्पन्न हुआ हू इस बात को वह नहीं जानता है यदि जानता तो किसी को विवाद नहीं होना चाहिये था। अत ज्ञान अर्थ से उत्पन्न नहीं होता है।

साव्यवहारिक प्रत्यक्ष

सांव्यवहारिकं इन्द्रियानिन्द्रियप्रत्यक्षम [लघीय स्वोप का ४]

इन्द्रिय और अनिन्द्रिय मन से जन्य ज्ञान को साव्यवहारिक प्रत्यक्ष माना है। साव्यवहारिक उसे इसलिये कहते है कि लोक मे दूसरे दर्शनकार इन्द्रिय मन सापेक्ष ज्ञान को प्रत्यक्ष कहते हैं। वास्तव मे तो जो ज्ञान पर निरपेक्ष एव आत्म मात्र सापेक्ष तथा पूर्ण निर्मल है वही ज्ञान प्रत्यक्ष है। अत लोक व्यवहार की दृष्टि से अक्षजन्य ज्ञान को भी प्रत्यक्ष कहने मे कोई अनौचित्य नहीं है। सिद्धान्त की भाषा मे तो उसे परोक्ष ही कहा गया है।

मुख्य प्रत्यक्ष

दार्शनिक जगत मे प्राय सभी ने एक ऐसा प्रत्यक्ष स्वीकार किया है जो लौकिक प्रत्यक्ष से भिन्न है और जिसे अलौकिक प्रत्यक्ष योगिप्रत्यक्ष या योगिज्ञान के नाम से कहा गया है। यद्यपि किसी किसी ने इस प्रत्यक्ष मे मन की अपेक्षा वर्णित की है तथापि योगजधर्म की प्रमुखता होने के कारण उसे अलौकिक ही कहा है। कुछ ही हो यह अवश्य मानना पडेगा कि आत्मा मे एक अतीन्द्रिय ज्ञान भी सम्भव है। जैन दर्शन मे ऐसे ही आत्म मात्र सापेक्ष साक्षात स्वरूप अतीन्द्रिय ज्ञान को मुख्य प्रत्यक्ष कहते हैं।

परोक्ष प्रमाण का विचार

जैन दर्शन मे प्रमाण का दूसरा भेद परोक्ष है। यद्यपि बौद्धो ने परोक्ष शब्द का प्रयोग अनुमान के विषय भूत अर्थ मे किया है। यथा— **द्विविधो अर्थ प्रत्यक्ष परोक्षश्च। तत्र प्रत्यक्षविषय साक्षात्क्रियमाण प्रत्यक्ष । परोक्ष पुनरसाक्षात्परिच्छिद्यमानोऽनुमेयत्वादनुमानविषय ।** [प्रमाण प पृ ६५]

अर्थ के दो भेद हैं—प्रत्यक्ष और परोक्ष। उसमे प्रत्यक्ष का विषयभूत साक्षात् किया गया अर्थ प्रत्यक्ष है। परोक्ष अर्थात् असाक्षात किया गया पदार्थ परोक्ष है वह अनुमेय रूप होने से अनुमान का विषय है।

किन्तु जैनदर्शन में परोक्ष शब्द का प्रयोग परोक्षज्ञान में ही होता चला आ रहा है। दूसरे प्रत्यक्षता और परोक्षता वस्तुतः ज्ञाननिष्ठ धर्म हैं। ज्ञान को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष होने से अर्थ भी उपचार से प्रत्यक्ष और परोक्ष कहा जाता है। प्राय लोक व्यवहार मे इन्द्रिय व्यापार रहित ज्ञान को परोक्ष कहा गया है जबकि जैन दर्शन में इन्द्रियादि पर की अपेक्षा से होने वाले ज्ञान को परोक्ष कहा है। यथा—
उपात्तानुपात्तपरप्राधान्यादवगमः परोक्षम्'॥६॥ उपात्त इन्द्रिय और मन अनुपात्त प्रकाश उपदेश आदि ये पर हैं इनकी प्रधानता से जो ज्ञान होता है वह परोक्ष कहलाता है। [तत्त्वार्थ वा पृ ५२]

श्री अकलंक देव ने ज्ञानस्यैव विशदनिर्भासिनः प्रत्यक्षत्वम्, इतरस्य परोक्षता।

[लघीय स्वो का ३]

विशद निर्भासी ज्ञान ही प्रत्यक्ष है एव इससे भिन्न परोक्ष है ऐसा कहा है बौद्ध सांख्य आदि किसी ने भी परोक्ष प्रमाण नही माना है किन्तु अनुमान आगम उपमान आदि को प्रमाण मानते हैं संख्या के प्रकरण मे इस बात को स्पष्ट किया है कि परोक्ष प्रमाण को माने बिना प्रमाणों की व्यवस्था पूरी नही होती है। बौद्ध ने अनुमान को मान लिया किन्तु स्मृति आगम आदि को प्रमाण नही माना है। निष्कर्ष यही निकलता है कि स्मृति प्रत्यभिज्ञान तर्क अनुमान और आगम मे पाच प्रमाण ही परोक्ष है। न्याय ग्रन्थ मे आचार्यों ने मतिज्ञान के अंशरूप मति —इन्द्रियजन्य ज्ञान को सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष बतलाकर शेष स्मृति आदि को परोक्ष कहा है क्योंकि स्मृति प्रत्यभिज्ञान आदि ज्ञान अपनी उत्पत्ति में ज्ञानान्तर की अपेक्षा रखते हैं। अवग्रह ईहा अवाय और धारणा ये ज्ञान भी ज्ञानान्तर से व्यवहित न होने के कारण सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष ही हैं।

परोक्ष के भेद प्रभेद पर विचार

बौद्ध—

त्रिरूप वाले हेतु से होने वाले साध्य के ज्ञान को अनुमान कहते है। अनुमान के दो भेद हैं— स्वार्थ परार्थ।

वैशेषिक-नैयायिक—

तत्पूर्वकं त्रिविधमनुमानं पूर्ववत् शेषवत् सामान्यतोदृष्टं च यह न्याय दर्शन का सूत्र है। प्रत्यक्ष पूर्वक अनुमान होता है उसके तीन भेद हैं पूर्ववत शेषवत् और सामान्यतोदृष्ट।

कोई इस प्रकार से व्याख्यान करते हैं कि प्रत्यक्षपूर्वक तीन प्रकार का अनुमान होता है—केवलान्वयी, केवलव्यतिरेकी और अन्वयव्यतिरेकी। इनमे से केवलान्वयी को पूर्ववत् कहते हैं क्योंकि पूर्वमन्वय। जिस अनुमान में केवल अन्वय व्याप्ति मिलती है उसे केवलान्वयी पूर्ववत् अनुमान कहते हैं। केवलव्यतिरेकी को शेषवत् एवं अन्वय व्यतिरेकी को सामान्यतोदृष्ट अनुमान कहते हैं।

उपमान—प्रसिद्ध वस्तु के साधर्म्य से अप्रसिद्ध की सिद्धि करना उपमान प्रमाण है। जैसे गौ के समान गवय होता है।

मीमांसक—

मीमांसक ने चतुलक्षणलिंग से उत्पन्न साध्य ज्ञान को अनुमान कहा है। नियत संबंध का एक देश देखना संबंध नियम का स्मरण करना अबाधक होना और अबाधित विषय वाला होना इत्यादि।

[प्रकरण प० पृ ६४ ७६]

ज्ञातसंबंधस्यैकदेशदर्शनादसंनिकृष्टेऽर्थे बुद्धिरनुमानम् साध्य और साधन के अविनाभाव का यथार्थ परिज्ञान रखने वाले पुरुष को एक देश साधन के देखने से साध्य अर्थ का ज्ञान होना अनुमान कहलाता है। ऐसे ही आगम उपमान अर्थापत्ति और अभाव ये सब परोक्ष प्रमाण हैं किन्तु इन सभी के यहां स्मृति प्रत्यभिज्ञान और तर्क प्रमाण न होने से अनुमान आदि का लक्षण असंभव है। स्मृति और तर्क के बिना हेतु से साध्य का ज्ञान कैसे हो सकता है। किसी ने कभी अग्नि से धूम निकलता हुआ देखा है तभी तो वह केवल धूम देखकर पहले के संबंध का स्मरण करके तर्कज्ञान से धूम का अग्नि के साथ अविनाभाव समझ कर धूमहेतु से अग्नि का अनुमान लगाता है।

अनुमान के अवयव

नैयायिक हेतु के पांच अवयव मानते हैं यथा— **प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमनानि पञ्चावयवाः**

[तर्कसंग्रह]

प्रतिज्ञा हेतु उदाहरण उपनय और निगमन। न्याय सूत्र के टीकाकार वात्स्यायन ने नैयायिकों की दश अवयव मान्यता का भी उल्लेख किया है— **दशावयवानित्येके नैयायिका वाक्ये संचक्षते जिज्ञासा संशय शक्यप्राप्ति प्रयोजन संशयव्युदास इति** [न्यायवात्स्या भाष्य १ १ ३२]

उपर्युक्त पांच में जिज्ञासा संशय शक्यप्राप्ति प्रयोजन और संशयव्युदास मिला देने से दश अवयव हो जाते हैं।

बौद्ध—

बौद्धों ने अनुमान का हेतु रूप एक ही अवयव माना है। धर्मकीर्ति ने हेतु और दृष्टांत ऐसे दो अवयवों को स्वीकार किया है। दिग्नाग ने पक्ष हेतु और दृष्टांत ऐसे तीन अवयव भी मान लिये हैं। मुख्य रूप से बौद्ध के यहां केवल एक हेतु का प्रयोग ही आवश्यक माना गया है। उसका कहना है कि केवल हेतु के प्रयोग से ही गम्यमान पक्ष में साध्य का बोध हो जाता है। **मीमांसक** तीन अवयव मानते हैं—पक्ष हेतु दृष्टांत। कहीं पर चार भी मानते हैं। **सांख्य** भी तीन अवयव मानते हैं। मतलब यह है कि बौद्ध एक दो और तीन अवयव मानते हैं नैयायिक पांच ही मानते हैं। मीमांसक चार और तीन मानते हैं एवं सांख्य तीन अवयव मानते हैं।

जैनाचार्यों ने मात्र **एतद्द्वयमेवानुमानाङ्गं नोदाहरणम्** [परीक्षामुख] इस सूत्र के अनुसार प्रतिज्ञा और हेतु ऐसे दो ही अवयव मानते हैं उनका कहना है कि दृष्टांत उपनय और निगमन इन तीनों की स्वीकारता शास्त्र में बालबुद्धि वालों को समझाने के लिये होती है किन्तु वाद काल में नहीं होती है वहाँ पर विद्वान पुरुषों को दो ही अवयव प्रयुक्त करने चाहिये।

हेतु के लक्षण पर विचार

बौद्ध सांख्य और वैशेषिक हेतु का त्रैरूप्य लक्षण मानते हैं। यद्यपि हेतु का त्रैरूप्य लक्षण अधिकाशतः बौद्धों का ही प्रसिद्ध है फिर भी त्रैरूप्य की मान्यता साख्य और वैशेषिकों की भी है। इनकी ये परंपरा बौद्धो से प्राचीन है दिग्नाग के पहले होने वाले प्रशस्तपाद ने अपने प्रशस्तपादभाष्य मे [पृ० १०० में काश्यप और (कणाद) कथित] दो पद्यो को उद्धृत किया है जिनमे पक्षधर्मत्व सपक्षसत्त्व और विपक्ष व्यावृत्ति का स्पष्ट उल्लेख है। नैयायिक ने पाँच अवयव माने हैं यथा— पक्षधर्मत्वम् सपक्षसत्त्वं विपक्षाद् व्यावृत्तिरबाधितविषयत्वमसत्प्रतिपक्षत्वं चेति एतै पचभिल क्षणैरुपपन्न लिंगमनुमापक भवति

[न्याय म प १०१]

इन तीन रूप और पाच रूप की मान्यता अति प्रसिद्ध है किंतु इनके अलावा भी हेतु के द्विलक्षण चतुर्लक्षण और षडलक्षण एव एकलक्षण की मान्यताओ का उल्लेख तक ग्रन्थो मे पाया जाता है। इनमे चतु लक्षण की मान्यता सभवत मीमासको की मालूम होती है। जिसका निर्देश प्रसिद्ध मीमासक विद्वान प्रभाकरानुयायी शालिकानाथ ने किया है।

इन सबका खडन करते हुये जैनाचार्यों ने हेतु का एक ही लक्षण माना है। जिसका नाम है अन्यथानुपपत्ति अर्थात् साध्य साधन का अविनाभाव। इसका भी स्पष्टीकरण किया जा चुका है।

हेत्वाभास पर विचार

नैयायिक हेतु के पाच रूप मानते हैं अत उन्होने एक एक रूप के अभाव मे पाच हेत्वाभास माने हैं। असिद्ध विरुद्ध अनैकांतिक कालात्ययापदिष्ट और प्रकरणसम। [न्यायक प १४]

वैशेषिक और बौद्ध हेतु के तीन रूप स्वीकार करते है इसलिये उन्होने तीन हेत्वाभास माने हैं— असिद्ध विरुद्ध अनैकांतिक। साख्य ने भी त्रैरूप्य हेतु के विपरीत ये ही तीन हेत्वाभास माने हैं। प्रशस्तपाद ने वैशेषिक दर्शन सम्मत तीन हेत्वाभासो के अलावा एक चौथे हेत्वाभास की कल्पना भी की है जिसका नाम है अनध्यवसित [प्र भा पृ ११६]

जैन विद्वान हेतु का केवल एक ही अन्यथानुपपत्ति रूप मानते हैं अत उनका हेत्वाभास भी एक ही होना चाहिये। इस सबध मे सूक्ष्मप्रज्ञ श्री अकलक देव ने बडी योग्यता से उत्तर दिया है साधन प्रकृताभावेऽनुपपन्न ततोऽपरे। विरुद्धासिद्धसदिग्धा अकिंचित्करविस्तरा। [न्याय वि का २६६]

वस्तुत हेत्वाभास एक ही है और वह है अकिंचित्कर अथवा असिद्ध। विरुद्ध असिद्ध और संदिग्ध ये उसी के विस्तार हैं। चूं कि अन्यथानुपपत्ति का अभाव अनेक प्रकार से होता है अत हेत्वाभास के असिद्ध विरुद्ध व्यभिचारी और अकिंचित्कर ये चार भेद भी मानेगये हैं।

आगम प्रमाण का विचार

यद्यपि चार्वाक आगम प्रमाण नही मानता है फिर भी बृहस्पति गुरु को चार्वाक मत प्रवर्तक मानता है अत उन बृहस्पति के द्वारा कहे गये वचन और तत्त्व ही आगम सिद्ध होते हैं अन्यथा वे अपने गुरु

कथित तत्त्वों का वर्णन या गुरु का नामोल्लेख भी कैसे कर सकेंगे ?

बौद्धों ने भी प्रत्यक्ष और अनुमान इन दो को ही प्रमाण माना है अत ये लोग भी आगम को प्रमाण नही मानते हैं। फिर भी आगम आदि अप्रत्यक्ष प्रमाण अनुमान मे अतभू त है क्योंकि वे अप्रत्यक्ष पदार्थ को विषय करने वाले प्रमाणहैं । ऐसा कहा है [षट दशन प ५७]

एव बौद्धो ने त्रिपिटक ग्रन्थ को भी माना है। उनका कहना है कि महात्मा बुद्ध के वचनो का सकलन उनके निकटतम शिष्यो द्वारा त्रिपिटको मे ही हुआ है। उनके नाम—विनयपिटक सुत्त पिटक और अभिधम्मपिटक हैं। इनकी भाषा पालि है। इन ग्रथो मे केवल प्राचीन बौद्ध धम का वणन मिलता है। अस्तु ! बुद्ध भगवान वक्ता ही प्रमाण नही हैं तब उनके आगम भी प्रमाण कसे होगे ? बुद्ध की प्रमाणता—आप्तता का निराकरण आप्तसमीक्षा मे किया जावेगा।

न यायिक—

नयायिको ने कहा है कि शाब्दमाप्तोपदशस्तु [षडद प १ ६]

आप्त के उपदेश को आगम प्रमाण कहते हैं। जो एकात से सदा सत्यवादी और हितकारी है वही आप्त है। आप्त के वचन को आप्तोपदेश कहते है।

वशषिक ने प्रत्येक अनमान दो ही प्रमाण मान हैं अत आगम को प्रमाण नही माना है किंत आगम अवश्य माना है।

सांख्य न आप्त और वेदो के वचनो को शाब्द—आगम प्रमाण कहा है। रागद्वषादि से रहित वीतराग ब्रह्म सनत्कुमार आदि आप्त हैं। और श्रु ति—वेद इन्ही के वचन आगम हैं। (षडद)

मीमांसक शाब्दशाब्दवतवदोत्थ —नित्यवेद से उत्पन्न होन वाले ज्ञान को आगम कहते हैं।

(षडद पृ ४४)

वास्तव मे इन नयायिक वशषिक न जो ईश्वर का लक्षण किया ह उसका आप्त समीक्षा मे विचार किया जावेगा। जब इनका मा य आप्त ही सिद्ध नही ह तब उनके वचन आगम कसे हो सकेंग ?

यही हाल साख्या का है उ होन भी कपिल को आप्त माना ह परतु उनकी मान्यता ठीक नही है। अत उनके आगम प्रमाण का लक्षण गलत सिद्ध होता ह।

अपौरुषेय वेद का विचार

मीमांसक ने तो वेद को अपौरुषय सिद्ध करने मे बडा पुरुषाथ लगाया है। इनका कहना है कि 'वेद अपौरुषय है इसलिये वे प्रमाण हैं क्योकि उनके कर्त्ता का स्मरण नही है अत वेद वाक्यों से ही धर्म अधम आदि अतीद्रिय पदार्थों का ज्ञान होता है। जनाचाय उनस ऐसा पूछते हैं कि भाई ! उन वेद वाक्यो का व्याख्याता रागी है या वीतरागी ? यदि व्याख्याता रागी है तो विपरीत अर्थ भी कर देगा। यदि वीतरागी कहो तो आप सवज्ञ मानते नही। इत्यादि रूप से वेद प्रमाणीक नहीं हैं क्योंकि उनमे परस्पर विरोधी वचन पाये जाते हैं।

यद्यपि मीमांसकों ने वेद को अपौरुषेय कहा है फिर भी उन्हीं के यहां किन्हीं किन्ही ने वेद के कर्ता भी मान लिये हैं। काणाद वशेषिक लोग अष्टक ऋषि को वेद का कर्ता कहते हैं पौराणिक लोग ब्रह्मा को एव जैन कालासुर को वेद का कर्ता कहते हैं। यदि आप कहे कि वेद मे विशेष शक्तिशाली मंत्रादि पाये जाते हैं अत वेद प्रमाण हैं। इस पर भी हम जनों का उत्तर है कि उन विशेष मन्त्रो की उत्पत्ति हम जैनो के विद्यानुवाद पूव से हुई है। अनेको रत्न राजा के भडार मे हैं किन्तु उनकी उत्पत्ति समुद्र, खान आदि से हुई है न कि भडार से। यदि अपौरुषय होने से ही वेद प्रमाण हैं तो म्लेच्छो के यहा मातृ विवाह मांसाहार आदि क्रियाये भी प्रमाण हो जावगी क्योकि उनका कर्ता कोई पुरुष भी स्मृति मे नहीं है वे क्रियायें भी पुरुषकृत् प्रतीत न होने से अपौरुषय ही हैं किंतु ऐसा है नहीं। अत वेद प्रमाण नहीं हैं।

जनो द्वारा मान्य आगम का लक्षण

आप्त के वचन आदि निमित्त से होने वाला अथ ज्ञान ही आगम है। एव सर्वज्ञ से ही आगम सिद्ध होता है और उसके अर्थ अनुसार अनुष्ठान करने से ही सवज्ञ बनते हैं। इस प्रकार बीजाकुर न्याय से सवज्ञ और आगम की सिद्धि होती है।

अभाव का विचार

मीमांसक ने स्वतत्र एक अभाव प्रमाण माना है। इसलिये उनका कहना है कि— अभावश्च प्रागभावादिभेदभिन्नोवस्तुरूपोऽभ्युपगन्तव्य अन्यथा कारणादिव्यवहारस्य लोकप्रतीतस्याभावप्रसगात

[षडद पृ ४४६]

अभाव प्रमाण का विषयभूत अभाव पदार्थ वस्तुभूत है तथा वह चार प्रकार का है—प्रागभाव प्रध्वसाभाव अन्योन्याभाव और अत्यताभाव। यदि ये चार अभाव न हो तो ससार में कारण काय घट पट जीव अजीव आदि की प्रतिनियत व्यवस्था का लोप होकर समस्त व्यवहार ही नष्ट हो जावेगा।

वशेषिकों द्वारा मान्य सात पदार्थों मे एक अभाव नाम का पदार्थ है उसके भी उन्होने चार भेद किये हैं। यथा—'अभावश्चतुर्विध —प्रागभाव प्रध्वंसाभावोत्यताभावोऽन्योन्याभावश्चेति ॥

[तक सग्रह]

अभाव के चार भेद हैं प्रागभाव प्रध्वंसाभाव अत्यन्ताभाव और अन्योन्याभाव।

नैयायिक लोग अभाव के चार भेद करके भी उन्हें सर्वथा तुच्छाभाव रूप कहते हैं।

सांख्य इन अभावों को सर्वथा भावरूप ही सिद्ध करते हैं।

—किंतु जैनाचार्यों ने इन भावैकांतवादी सांख्य का खडन करके एवं नैयायिक के तुच्छाभाव का भी निषेध करके चारों अभावों को भावांतर रूप स्वीकार किया है। अभाव के चार भेद हैं—प्रागभाव, प्रध्वंसाभाव, अन्योन्याभाव और अत्यंताभाव।

कारण में कार्य का न होना प्रागभाव है जैसे--मिट्टी मे घट नही है उस प्रागभाव का अभाव होने के बाद घट बनता है।

कार्य का विनाश न होना प्रध्वसाभाव है जैसे—घट मे प्रध्वंसाभाव है उसका अभाव न होवे तो घट अनत काल तक बना रहगा किंतु उसका अभाव प्रध्वस होकर घट से कपाल आदि बन जाते हैं।

एक पर्याय का दूसरी पर्याय मे अभाव अन्योन्याभाव है जसे घटपर्याय मे पट आदि पर्याये नहीं हैं। यदि इसको न मानो तो सभी पर्याय एकमेक हो जावगी—सभी पदाथ सर्वात्मक हो जावेंगे।

एक द्रव्य का दूसरे द्रव्य मे अभाव होना अत्यताभाव है जसे—जीवद्रव्य में अजीव पुदगल आदि द्रव्यो का अभाव है इसको न माने तो भी सभी वस्तुय अपने स्वभाव से रहित सर्वात्मकया नि स्वरूप हो जावेंगी।

इन चारो ही अभावो का वणन अष्टसहस्री मे कारिका ९ १ ११ मे बहुत ही विस्तृत रूप से किया गया है।

इन अभावो को ग्रहण करने के लिये अभाव नामक प्रमाण की आवश्यकता नही है क्योंकि ये प्रत्यक्ष आदि से ही जाने जाते हैं। अत मीमासको द्वारा मान्य अभाव प्रमाण व्यर्थ है।

इस प्रकार से प्रमाण समीक्षा प्रकरण समाप्त हुआ।

प्रमेयसमीक्षा

प्रमाणेन ज्ञानेन प्रमीयते ज्ञायते यत वस्तुतत्त्व तत सव प्रमय ज्ञयमित्यथ।

प्रमाण—ज्ञान के द्वारा जो वस्तु तत्त्व जाना जाता है वह सभी तत्त्व प्रमेय ज्ञय कहलाता है। अर्थात् ज्ञान से जाने गये सभी पदाथ ज्ञय कहलाते हैं और ज्ञान को ही प्रमाण माना है अत प्रमाण से जाने गये सभी पदाथ प्रमेय कोटि म आ जाते हैं। ससार मे कोई भी एसा पदाथ नही है जो ज्ञान का विषय न हो चाहे वह प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय हो या परोक्ष ज्ञान का विषय हो किन्तु सभी चेतन अचेतन पदाथ ज्ञान के विषय अवश्य हैं जो ज्ञान के विषय नही हैं वे पदाथ ही नही है वे ता आकाशकमलवत् असत् ही हैं। अत प्रमेय शब्द से सम्पूण चेतन अचेतन पदाथ आ जाते हैं। यहा तक कि प्रमाण भी कथ चित प्रमेय है जैन दशन मे ज्ञान को स्वसवेदी सिद्ध किया है अत ज्ञान जानने वाला होने से ज्ञान है एवं स्वय के द्वारा स्वय जाना जाता है अत ज्ञय भी है। यथा— **ज्ञानपदेन प्रमातु प्रमितेश्च व्यावृत्ति। ननु ज्ञानपदेन यथा प्रमातु प्रमितेश्च व्यावृत्ति कृता तथा प्रमेयस्य कथ न कृता तस्यापि ज्ञानस्वाभावात् इति चेत्तस्यापि चशब्दात् ग्रहणं बोध्यं। यद्यपि स्वपरिच्छद्यापेक्षया ज्ञानस्य प्रमेयत्वमस्त्येव तथापि घटपटा दिबहिरर्थापेक्षया नास्तीत्यतो युक्त च शब्दात्तस्य ग्रहण।** [न्याय दी॰ टि॰ पृ १]

आचार्य कहते हैं कि सम्यग्ज्ञान प्रमाण सूत्र मे ज्ञान शब्द से प्रमाता—आत्मा और प्रमिति-ज्ञान की व्यावृत्ति हो जाती है इस पर शंकाकार कहता है कि जसे ज्ञानपद से प्रमाता और प्रमिति का निरा करण किया है वैसे ही प्रमेय का निराकरण क्यो नही किया, क्योंकि प्रमेय भी ज्ञानरूप नहीं है। इस पर

जैनाचार्य कह रहे हैं कि च शब्द से प्रमेय का भी निराकरण हुआ समझना चाहिये। यद्यपि स्व को जानने की अपेक्षा से ज्ञान प्रमेय ही है फिर भी घट पट आदि बाह्य पदार्थों की अपेक्षा से प्रमेय नहीं भी है अत च शब्द से प्रमेय का भी निराकरण हो जाता है। यहा इस बात को समझ लेना चाहिये कि ये प्रमाता प्रमिति और प्रमेय तीनों ही यद्यपि ज्ञान नही हैं फिर भी इनमे सम्यक्पना सिद्ध है। इसलिये सच्चे ज्ञान के द्वारा जाने गये पदाथ सच्चे ज्ञय प्रमेय कहलाते हैं। ये ही ज्ञयभूत जीवादिपदाथ द्रव्य तत्त्व आदि सम्यक्त्व के विषयभूत हैं।

इसलिये यद्यपि प्रमेय शब्द से प्रमाण को भी लिया जा सकता है फिर भी इस ग्रथ में प्रमाण की समीक्षा करने के बाद प्रमेय की समीक्षा की गई है क्योंकि न्याय शास्त्रो मे प्रमाण का विषय ही मुख्यतया प्रतिपाद्य है और य न्याय शास्त्र प्रमाण शास्त्र भी कहलाते हैं।

इस प्रमेय समीक्षा मे सबसे प्रथम दशन शब्द का निरुक्ति अथ करते हुय सभी दशनों की सक्षिप्त समीक्षा की जाती है।

दशन शब्द का महत्त्व और आधार

दृश्यते निर्णीयते वस्तुतत्त्वमनेनेति दशनम अथवा दृश्यत निर्णीयत इव वस्तुतत्त्वमिति दशनम व्याकरण शास्त्र की इन दोनो व्युत्पत्तियो के अनुसार दृश धातु से दशन शब्द बना है। जिसके द्वारा वस्तु का स्वरूप देखा जाय निर्णीत किया जाय वह दशन है या दूसरी व्युत्पत्ति के आधार पर दशन शब्द का अथ उल्लिखित विचारधारा के द्वारा निर्णीत तत्त्वो की स्वीकारता होता है। एव पहली व्युत्पत्ति के आधार पर दशन शब्द तक-वितक मन्थन या परीक्षास्वरूप उस विचार धारा का नाम है जो तत्त्वो के निणय मे प्रयोजक हुआ करती है। जसे—यह ससार नित्य है या अनित्य ? इसकी सृष्टि करने वाला कोई है या नही ? आत्मा का स्वरूप क्या है ? इसका पुनजन्म होता है या नही ? ईश्वर की सत्ता है या नही ? इत्यादि प्रश्नो का समुचित उत्तर देना दशन शास्त्र का काम है।

शास्त्र' शब्द की व्युत्पत्ति दो धातुओ से हुई है–शास–आज्ञा करना तथा शस वणन करना। "शासनात् शसनात् शास्त्रं शास्त्रमित्यभिधीयते प्रथम व्युत्पत्ति के अनुसार शासन अथ मे शास्त्र शब्द का प्रयोग धर्म शास्त्र के लिय किया जाता है। शसक शास्त्र–बोधक शास्त्र वह है जिसके द्वारा वस्तु के यथार्थ स्वरूप का वर्णन किया जाय। धर्मशास्त्र कर्तव्य और अकतव्य का प्रतिपादन करने के कारण पुरुष परतन्त्र है। किन्तु दर्शन शास्त्र वस्तु के स्वरूप का प्रतिपादन करने से वस्तु परतन्त्र है।

दर्शनों को दो भागो में विभक्त किया गया है—

भारतीय दर्शन और पाश्चात्य दर्शन। भारतीय दशन मे भी वैदिक दशन और अवदिक दशन से दो भेद हो गये हैं।

वैदिकदर्शन में—मुख्यत सांख्य, वेदांत मीमासा, योग न्याय तथा वैशेषिक दर्शन लिये जाते हैं।

अवैदिक दर्शन में—जैन बौद्ध और चार्वाक माने जाते हैं। वेद परम्परा के पोषक वैदिक एवं वैदिक परंपरा से भिन्न दर्शनों को अवैदिक दर्शन कहते हैं।

न्याय वैशेषिक सांख्य योग मीमांसा और वेदान्त इन छह दर्शनो को आस्तिक एवं जैन चार्वाक तथा बौद्ध दर्शनो को नास्तिक कहा जाता है। यहां वेदो को मानने वालो को आस्तिक एवं वेदों को न मानने वालो को नास्तिक कहा है किंतु यह ठीक नही है क्योंकि प्राय प्राणियो को जन्मान्तर रूप परलोक स्वर्ग नरक तथा मुक्ति को न मानने वालो को नास्तिक कहा जाता है इससे जैन और बौद्ध दोनो अवैदिक दर्शन नास्तिक न होकर आस्तिक हो जाते क्योंकि हैं ये दोनो दर्शन परलोक स्वर्ग आदि को स्वीकार करते है। यदि जगत् के कर्ता अनादि निधन ईश्वर को मानने मे आस्तिकता है तब तो सांख्य मीमांसक भी ईश्वर को सृष्टि का कर्ता न मानने से नास्तिक बन जावेंगे क्योंकि ये दोनो ईश्वर को सृष्टि का कर्ता नही मानते हैं। तात्पर्य यह है कि जैन नास्तिक नही है परलोक स्वर्ग नरक मुक्ति आदि मानते है ईश्वर को सृष्टि का कर्ता न मान कर भी निरीश्वरादि नही है क्योंकि अनन्त ईश्वरा सर्वज्ञो को स्वीकार करते हैं।

अब यहा भारतीय दर्शनो की संक्षिप्त मान्यता दिखाकर उनकी समीक्षा करना है। इनमे सबसे पहले चार्वाक दर्शन को स्पष्ट करेंगे।

चार्वाक मत

चार्वाक—ननु अनाद्यनन्तरूप इति विशेषणमात्मनः कथं योयुज्यते। कायाकारपरिणतियोग्येभ्यो भूतेभ्यश्चैतन्यं जायते। जलबुद्बुदवदनित्या जीवा इत्यभिधानात। न केषामपि मते जीवस्यानाद्यनन्तत्वग्राहकं प्रमाणं जाघटयते। [विश्व त प्र १]

आत्मा का अनादि अनन्त विशेषण कैसे बन सकता है? शरीर के आकार को प्राप्त हुये पृथ्वी जल अग्नि वायु इन भूत चतुष्टयो से ही चैतन्य उत्पन्न होता है। जीव पानी के बुदबुद् के समान अनित्य है। जीव को अनादि अनन्त कहने वाला कोई भी प्रमाण नही है। प्रत्यक्ष प्रमाण से केवल वर्तमान काल से संबद्ध पदार्थों का ही ज्ञान होता है। अत प्रत्यक्ष प्रमाण जीव को अनादि अनन्त सिद्ध नही कर सकता। जन्म समय के पहले माता पिता का चैतन्य होता ही है यह बात प्रत्यक्ष सिद्ध है अत उससे भिन्न अन्य चैतन्य की कल्पना करना व्यर्थ है। इत्यादि

ये चार्वाक काम और अर्थ इन दो ही पुरुषार्थों को मानते हैं एवं स्वर्गादि पारलौकिक सुख का निराकरण कर देते हैं अतएव चार्वाक का 'लोकायत यह दूसरा नाम अन्वर्थ है क्योंकि ये लोक प्रसिद्ध के अतिरिक्त अन्य कुछ भी पदार्थ नहीं मानते हैं।

'अत्र चत्वारि भूतानि भूमिवार्यनलानिलाः।
चतुर्भ्य खलु भूतेभ्यश्चैतन्यमुपजायते ॥
किण्वादिभ्य समेतेभ्यो द्रव्येभ्यो मदशक्तिवत् ।
अहं स्थूल कृशोऽस्मीति सामानाधिकरण्यत' ॥१॥
देह स्थौल्यादियोगाच्च स एवात्मा न चापर ।
मम देहोयमित्युक्तिः संभवेदोपचारिकी ॥२॥

[सवद प ५]

अथ—चार्वाक के यहां पृथ्वी जल अग्नि वायु ये चार तत्त्व हैं। किण्वादिमादक द्रव्य के समुदाय से उत्पन्न मदशक्ति के समान इन्ही तत्त्वों से चैतन्य उत्पन्न हो जाता है। मैं स्थूल हू कृश हू इत्यादि से देह और जीव में समान अधिकरण होने से शरीर ही आत्मा है मेरा देह' इत्यादि व्यवहार उपचार मात्र से होता है। सक्षपत इस मत का सिद्धान्त है कि कण्टक आदि से उत्पन्न हुआ दु.ख ही नरक है लोक प्रसिद्ध राजा ही ईश्वर है मरण ही मुक्ति है।

ये चार्वाक जडवादी हैं इनके यहा प्रत्यक्ष एक ही मात्र प्रमाण है अनुमान शब्द आदि जितने अप्रत्यक्ष प्रमाण हैं वे सभी भ्रममूलक हैं। अत प्रत्यक्ष से ज्ञात वस्तुओ के अतिरिक्त किसी भी वस्तु के अस्तित्व को नही माना जा सकता है। यह जड जगत् चार भौतिक तत्त्वो से बना हुआ है इन पृथ्वी आदि तत्त्वो का ज्ञान हमे इद्रियो से प्राप्त होता है।

एक ही वस्तु की भिन्न भिन्न अवस्थाओ में नय नय गुणो की उत्पत्ति हो सकती है। यद्यपि लाल रग न तो पान मे है न सुपारी मे न चूने मे है फिर भी उनको एक साथ चबाने से लाल रग की उत्पत्ति हो जाती है। गुड मे मादक गुण नहीं है फिर भी सड जाने से उसमे मादकता आ जाती है। इसी तरह भौतिक तत्त्वो का जब विशेष ढग से मिश्रण होता है तब जीव और शरीर का निर्वाण होता है और उसमे चैतन्य का सचार हो जाता है। शरीर के नष्ट हो जाने के बाद चैतन्य भी नष्ट हो जाता हैं। मृत्यु के बाद कुछ भी अवशिष्ट नही रहता है अत मृत्यु के बाद कर्मों के फल भोग की कोई सम्भावना नहीं है । [भारतीयद प १६]

'चारु-सुन्दर वाक—बातों को अर्थात् लोगो को प्रिय लगने वाली बातो को कहने के कारण अथवा आत्मा परलोक आदि को चर्वण-भक्षण कर जाने के कारण इनका चार्वाक नाम सार्थक है। चार्वाक दर्शन के संस्थापक बृहस्पति गुरु ह अत इस दर्शन का नाम बार्हस्पत्य दर्शन भी है।

चार्वाक का इष्ट कथन—

"यावज्जीवेत् सुखं जीवेत् नास्ति मृत्योरगोचर' ।
भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमन कुत ॥

[सर्व दर्शन संग्रह]

मृत्यु से कोई नही बच सकते अत जब तक जीवो सुख से जीवो भस्मीभूत हुये शरीर की पुन उत्पत्ति कैसे हो सकती है।

विचित्रता यह है कि यह चार्वाक जड से चतन्य की उत्पत्ति मानकर आत्मा ईश्वर और पर लोक सबको समाप्त कर देता है।

उपसहार—चार्वाक आत्मा को अनादि अनन्त एव अजीव से भिन्न जीव नाम का द्रव्य नही मानते हैं किंतु वास्तव मे जाति स्मरण सस्कार व्यतर आदि के निमित्तो से पुनज म सिद्ध है। ये एक प्रत्यक्ष ही मानते हैं किंतु अनुमान के बिना परलोकादि का निषध और पर मे ज्ञान आदि के अस्तित्व को कहना भी असभव है। य जड पृथ्वी आदि से चतन्य की उत्पत्ति सिद्ध करते हैं यह तो सवथा असभव है। पूवज म के मनुष्य गति आयु आदि कम के निमित्त से जाव माता पिता आदि निमित्तो से जन्म लेता है। अचेतन चेतन की उत्पत्ति मानना सवथा गलत है अत शुभ कार्यों से अपनी आत्मा को नरकादि से बचाकर सुखी बनाने का प्रयत्न करो।

बौद्ध दशन

बौद्ध दशन का मौलिक सिद्धा त है सव क्षणिक सत्वात सभी पदाथ क्षणिक हैं क्योकि सत्‌रूप हैं।

बौद्धाना सुगतो देवो विश्व च क्षणभगुरम्।
आय्यसत्त्वाख्यया तवचतुष्टयमिद क्रमात ॥
दु खमायतन चव तत समुदयो मत।
मागश्चेत्यस्य च व्याख्या क्रमेण श्रूयतामत ॥
दु ख संसारिण स्कधास्त च पच प्रकीर्तिता।
विज्ञान वेदना सज्ञा संस्कारोरूपमेव च ॥
पचेन्द्रियाणि शब्दाद्या विषया पच मानसम।
धर्मायतनमेतानि द्वादशायतनानि तु ॥ [सर्वद पृ ४६]

अथ—बौद्धो के भगवान बुद्ध है। ससार क्षणिक है। दु ख समदय तन्निरोध और मार्ग ये सूत्रोक्त चार ही तत्त्व हैं। विज्ञान वेदना सज्ञा सस्कार और रूप य पाच स्कध सासारिक दु ख है। शब्द स्पर्श रूप रस और गध ये पाच विषय हैं। य पांच विषय पाचज्ञानद्रिय मन और बुद्धि ये द्वादश-आयतन हैं। इत्यादि।

माध्यमिक योगाचार सौत्रान्तिकवभाषिक सज्ञाभि प्रसिद्धा बौद्धा यथाक्रम सवशून्यत्वबाह्य शून्यत्वबाह्यार्थानमेयत्वबाह्यार्थप्रत्यक्षत्ववादानातिष्ठत। [सर्वद० पृ० १६]

माध्यमिक योगाचार सौत्रान्तिक और वभाषिक के भेद से बौद्धो के चार भेद हैं। माध्यमिक बाह्य अभ्यन्तर समस्त वस्तु को शून्य मानते हैं। योगाचार बाह्य वस्तु का अभाव मानते हैं। सौत्रान्तिक बाह्य वस्तु को अनुमान ज्ञान का विषय मानते हैं। एव वैभाषिक लोग बाह्य वस्तु को प्रत्यक्ष कहते हैं।

"दुःखसमुदयनिरोधमार्गाणा इति चत्वारः पदार्था एव मुमुक्षुभिर्ज्ञातव्या" ।

[विश्वत० प्र० पृ० ३ २]

बौद्धो का कथन है कि दुःख समुदय निरोध तथा मार्ग ये चार (आर्य सत्य) पदार्थ ही मोक्ष के लिये जानने योग्य हैं। शारीरिक, मानसिक आगतुक और सहज से उत्पन्न हुये 'दुःख कहलाते हैं। इन दुःखों के उत्पादक तथा कर्मबंध के कारण दो हैं अविद्या तृष्णा इन्हे ही 'समुदय' कहा है। अविद्या और तृष्णा के नाश से निरास्रव चित्त उत्पन्न होना या चित्त के सतान का उच्छेद होना 'निरोध' है इसे ही मोक्ष कहते हैं। मोक्ष माग के आठ अंग हैं। सम्यक्त्व आदि जिनके नाम हैं।

चार आर्य सत्य – (१) सांसारिक जीवन दुःखो से परिपूर्ण है। (२) दुःखो का कारण है। (३) दुःखो का अन्तसम्भव है। (४) दुःखों के अन्त का उपाय है। इन्हें क्रमश दुःख दुःखसमुदय, दुःख निरोध तथा दुःखनिरोध मार्ग कहते हैं। [भारतीय द प ७७]

बौद्धो के यहां त्रिपिटक ग्रन्थ हैं—

त्रिपिटको के अन्तर्गत विनयपिटक सुत्तपिटक तथा अभिधम्मपिटक हैं। प्रत्येक पिटक मे अनेक ग्रथ हैं इसलिये पिटक' (पेटी) नाम पडा। विनयपिटक मे सघ के नियमों का सुत्त पिटक में बुद्ध के वार्तालाप और उपदेशो का तथा अभिधम्म पिटक मे दार्शनिक विचारों का सग्रह हुआ है। इन पिटको मे केवल प्राचीन बौद्ध धर्म का वर्णन मिलता है। इनकी भाषा पालि है। [भारतीय द० पृ ७५]

बौद्धो के कुछ प्रमुख सिद्धान्त ये हैं—अनात्मवाद, प्रतीत्यसमुत्पाद क्षणभगवाद विज्ञानवाद शून्य वाद अन्यापोह आदि। बौद्ध दर्शन मे आत्मा का स्वतन्त्र कोई अस्तित्व नही है किन्तु रूप वेदना संज्ञा संस्कार और विज्ञान इन पाँच स्कधो के समुदाय को ही आत्मा माना गया है।

बौद्धों के प्रमाण के दो भेद हैं—प्रत्यक्ष और अनुमान। य स्मृति तर्क आदि को प्रमाण नही मानते हैं।

प्रत्यक्ष क चार भेद हैं—इन्द्रिय प्रत्यक्ष मानस प्रत्यक्ष स्वसवेदन प्रत्यक्ष और योगि प्रत्यक्ष।

स्पर्शन आदि पांच इद्रियो से उत्पन्न हुआ ज्ञान इद्रिय प्रत्यक्ष है।

मन से उत्पन्न हुआ ज्ञान मानस प्रत्यक्ष है।

सब चित्त और चैत्तों का जो आत्म संवेदन है वह स्वसवेदन प्रत्यक्ष है। [न्यायबिन्दु]

दुःख समुदय आदि चार आर्य सत्यों की भावना करते करते एक समय ऐसा आता है जब भावना अपनी चरम सीमा तक पहुच जाती है और तब भाव्यमान अर्थ का साक्षात्कारी ज्ञान उत्पन्न होता है वही योगि प्रत्यक्ष है।

इनके यहां ये चारो प्रत्यक्ष निर्विकल्प (अनिश्चायक) हैं यह प्रत्यक्ष ज्ञान क्षणिक स्वलक्षण मात्र को (एक समय की पर्याय को) ही जानता है।

अनुमान प्रमाण भ्रान्त है क्योंकि वह सामान्य पदार्थ को विषय करता है।

अनुमान का लक्षण

पक्षधर्मत्व सपक्षसत्त्व और विपक्षव्यावृत्ति इन तीन रूप वाले लिंग-हेतु से होने वाला साध्य का ज्ञान अनुमान कहलाता है। वह अनुमान दो प्रकार का है-स्वार्थ और परार्थ।

हेतु के तीन भेद हैं—अनुपलब्धि हेतु स्वभाव हेतु और कार्यहेतु।

अनुपलब्धि के ४ भेद हैं—विरुद्धोपलब्धि विरुद्धकार्योपलब्धि कारणानुपलब्धि और स्वभावानुपलब्धि।

विरुद्धोपलब्धि—यहा शीत स्पर्श नही है क्योकि शीतस्पर्श की विरोधी अग्नि मौजूद है।

विरुद्धकार्योपलब्धि—यहा शीत स्पर्श नही है क्योकि शीतस्पर्श के विरोधी अग्नि का कार्य धूम उपलब्ध हो रहा है।

कारणानुपलब्धि—यहां धूम नही है क्योकि यहा धूम का कारण अग्नि नहीं पाई जाती।

स्वभावानुपलब्धि—यहा धूम नही है क्योकि उपलब्धि लक्षण प्राप्त होने पर भी उसकी उपलब्धि नहीं हो रही है। अन्यत्र अनुपलब्धि के सात भेद भी माने हैं।

स्वभावहेतु— यह वृक्ष है क्योकि शिंशपा है।

कार्यहेतु— यहा अग्नि है क्योकि धूम का सद्भाव है। [षट्दर्शन पृ० ६७]

सौत्रान्तिक और वैभाषिको के अनुसार अर्थ दो प्रकार का है—स्वलक्षण और सामान्यलक्षण। इनमे से स्वलक्षण प्रत्यक्ष का विषय है और सामान्यलक्षण अनुमान का विषय है। प्रत्येक वस्तु मे दो प्रकार के तत्त्व होते हैं। एक असाधारण दूसरा साधारण। स्वमसाधारणलक्षणं तत्त्वं स्वलक्षणं। [न्यायबिन्दु]

वस्तु का जो असाधारण तत्त्व है वही स्वलक्षण है इसे ही विशेष कहते हैं। अन्यत् सामान्यलक्षण जो स्वलक्षण से भिन्न है वह सामान्य लक्षण है। [न्यायबिन्दु]

प्रत्येक गो मे गो स्वलक्षण है और अनेक गायो मे जो गोत्व रूप एक सामान्य की प्रतीति होती है वह सामान्य लक्षण है।

बौद्धो के यहा विनाश को पदार्थ का स्वभाव माना गया है वे कहते हैं कि मुद्गर की चोट से घट फूटा तो घट के विनाश मे मुदगर कारण नही है विनाश स्वय स्वभाव से हुआ है। हा! कपाल की उत्पत्ति मे मुदगर कारण अवश्य है।

इनकी एक मान्यता और भी बडी विचित्र है कि शब्द अपने अर्थ को न कहकर 'अन्यापोह' को कहते हैं जैसे—आपने गो शब्द कहा तो इसका अर्थ होता है अश्व का अभाव ऊट का अभाव इत्यादि गो से भिन्न पदार्थों का अभाव ही अर्थ होता है न कि गो शब्द का अर्थ गाय वाचक कोई पशु। ऐसे ही ये बौद्ध पदार्थों से ज्ञान की उत्पत्ति मानते हैं उनका कहना है कि ज्ञान पदार्थ से उत्पन्न होकर उसका आकार धारण करता है और उसे ही जानता है।

उनके यहाँ एक सवृति सत्य भी मजेदार है जो कि हरएक बातों को कल्पित कह देता है।

माध्यमिक लोग बाह्य और अभ्यन्तर चेतन अचेतन सभी को अभाव कहकर जगत् को शून्य रूप सिद्ध करते हैं इसलिए ये शून्याद्वैतवादी हैं।

योगाचार—विज्ञान को ही तत्त्व मानते हैं अन्य कुछ भी बाह्य पदार्थ नही मानते हैं। अत ये विज्ञानाद्वैतवादी हैं। ये दोनो ही अनेको पदार्थों के सद्भाव को सवति—कल्पना रूप कहते हैं।

अष्टसहस्री आदि ग्रन्थो मे स्थल स्थल पर इन बौद्धोकी मान्यताओ का निराकरण किया गया है।

उपसहार—बौद्धो ने सभी पदार्थों को क्षणिक कहा है यह कथन असभव है। हा पदार्थों की अर्थ पर्याय प्रतिक्षण नष्ट होती है किन्तु व्यजन पर्याय बहुत काल तक भी स्थाई रहती है। देखो सुमेरु पर्वत आदि अनादि निधन हैं उनमे अर्थपर्याय का परिणमन प्रतिसमय चल रहा है किन्तु व्यजनपर्याय और ध्रौव्य की अपेक्षा हम उसे नित्य कहते हैं। ऐसे ही आत्मा आदि कथचित द्रव्यदृष्टि से नित्य हैं। इन्होने विज्ञान आदि स्कधो को सासारिक दु खरूप सिद्ध किया है परन्तु विज्ञान कभी दु खरूप नही होता कुज्ञान अवश्य दु खरूप हैं। कोई विज्ञानाद्वैतवादी लोग सर्वथा ज्ञान मात्र ही जगत सिद्ध करते हैं किन्तु प्रत्यक्ष मे ज्ञान और जडरूप दो तत्त्वगोचर हो रहे हैं। स्मृति आदि को प्रमाण माने बिना भी प्रात घर से निकलकर वापस वही आना अशक्य होगा। हेतु के तीन रूप का भी पहले खण्डन किया गया है। इनक यहा शब्द का अन्यापोह अर्थ तो बहुत ही हास्यास्पद है।

विनाश को अहेतुक कहना भी प्रत्यक्ष बाधित है एव वस्तु के स्वलक्षण को इन्द्रिय प्रत्यक्ष ग्रहण नही कर सकता है। अत इन्द्रिय प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय भी व्यजन पर्याय ही हैं। सिर्फ दो प्रमाण से एव आगम प्रमाण अप्रमाणिक होने से बौद्धो का क्षणिक सिद्धात भी किस पर निभर रहेगा। अत कथचित नित्य कथचित् अनित्य रूप अनेकान्त शासन ही जयशील होता है।

सांख्य मत

सांख्या निरीश्वरा केचित् केचित ईश्वरदवता ।
सर्वेषामपि तेषा स्यात्तत्त्वानां पंचविंशति ॥ [षड् द पृ १४२]

कुछ साख्य ईश्वर को नही मानकर केवल अध्यात्मवादी हैं। कुछ साख्य ईश्वर को ही देवता मानते हैं। सभी सेश्वर तथा निरीश्वर साख्य साधारण रूप पच्चीस तत्त्वो को स्वीकार करते हैं।

साख्य के मत में सत्त्व रज और तम ये तीन गुण है। प्रसाद ताप तथा दीनता आदि कार्यों से क्रमश उनका अनुमान होता है। एक दूसरे का उपकार करने वाले परस्पर सापेक्ष इन सत्त्वादि तीन गुणो से समस्त जगत् व्याप्त है। इन सत्त्वादि गुणो की समस्थिति ही प्रकृति कही जाती है। प्रकृति और आत्मा के सयोग से ही सृष्टि उत्पन्न होती है।

"संक्षेपेण हि सांख्यशास्त्रस्य चतस्रो विधा संभाव्यन्ते । कश्चिदर्थ प्रकृतिरेव कश्चिद् विकृतिरेव, कश्चित् विकृति प्रकृतिश्च कश्चिदनुभय इति' [सर्व द० पृ० २५६]

संक्षेप से सांख्यशास्त्र में पदार्थ के चार क्रम हैं। कोई पदार्थ केवल प्रकृति ही है कोई केवल विकृति रूप हैं कोई प्रकृति विकृति रूप एवं कोई प्रकृति विकृति से भिन्न अनुभय रूप हैं।

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।

षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः॥ [सांख्य का० ३]

अर्थ—इनमें प्रकृति किसी का विकार कार्य नहीं है अतः मूल प्रकृति विकृति रहित है। महान् अहंकार और पांच तन्मात्रायें ये सात प्रकृति और विकृति दोनों रूप हैं—अर्थात् कारण कार्य रूप हैं। षोडश गणमात्र विकृति रूप ही हैं क्योंकि वे कार्य हैं। पुरुष तो न किसी को उत्पन्न करता है न किसी से उत्पन्न होता है अतः कारण कार्य रूप न होने से प्रकृति विकृति से रहित है।

सांख्य के २५ तत्त्व

प्रकृति से महान् (बुद्धि) उत्पन्न होती है बुद्धि से अहंकार अहंकार से सोलहगण उत्पन्न होते हैं।

षोडशगण—स्पर्शन रसन घ्राण चक्षु और श्रोत्र ये पांच बुद्धीन्द्रियाँ पायु उपस्थ वाणी, हस्त पाद ये पांच कर्मेन्द्रिय तथा मन ये ग्यारह इन्द्रिया तथा रूप रस गंध स्पर्श और शब्द ये पांच तन्मात्राय मिलकर सोलह गण कहलाते हैं। पांच तन्मात्राओं से पांच भूतों की उत्पत्ति होती है यथा—रूप से अग्नि रस से जल गंध से पृथ्वी शब्द से आकाश और स्पर्श से वायु उत्पन्न होते हैं।

इस प्रकार से सांख्य मत मे प्रकृति आदि चौबीस तत्त्वरूप मे परिणत होने वाला प्रधान तत्त्व है। स्वयं प्रकृति महान अहंकार ये तीन सोलह गण और पांच भूत मिलकर चौबीस तत्त्व होते हैं। इनसे भिन्न पच्चीसवां पुरुषतत्त्व है जो अकर्ता निर्गुण भोक्ता नित्य और चैतन्य स्वरूप है।

अमूर्तश्चेतनो भोगी नित्यः सर्वगतोऽक्रियः।

अकर्ता निर्गुणः सूक्ष्म आत्मा कापिलदर्शने॥

अर्थ—आत्मा अमूर्त चेतन भोक्ता नित्य सर्वगत निष्क्रिय अकर्ता निर्गुण और सूक्ष्म है ऐसा सांख्यमत में कहा है।

सांख्य के यहां मोक्ष—प्रकृति के वियोग का नाम मोक्ष है वह प्रकृति तथा पुरुष में विज्ञान रूप तत्त्वज्ञान से होता है।

सांख्यमत मे प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम ये तीन प्रमाण हैं।

सांख्य के प्रमाण का लक्षण—

'अर्थोपलब्धिहेतुः प्रमाणं' अर्थोपलब्धि मे जो साधकतम कारण है वह प्रमाण है। उसमें निर्विकल्प श्रोत्रादि इन्द्रियों की वृत्ति को प्रत्यक्ष प्रमाण कहते हैं।

पूर्ववत् शेषवत् और सामान्यतोदृष्ट के भेद से अनुमान के तीन भेद हैं।

आप्त और वेदों के वचन आगम प्रमाण हैं इनके यहां 'पतञ्जलि' सेश्वरसांख्य शास्त्र के प्रवर्तक माने गये हैं। इनके यहां छब्बीसवा तत्त्व 'ईश्वर' है।

"प्रकृति इस ससार का आदि कारण है, वह एक नित्य तथा जड़ वस्तु है सर्वदा परिवर्तनशील है। सत्त्व रज, तम ये प्रकृति के तीन गुण या उपादान हैं सृष्टि के पहले ये तीन गुण साम्यावस्था में रहते हैं, ये संसार के विषय सुख दु:ख या मोहजनक हैं, सुख दु:ख या विषाद होने के कारण हम इन तीन गुणों का अनुमान करते हैं पुरुष और प्रकृति के सयोग से सृष्टि का प्रारम्भ होता है। पुरुष न तो किसी का कारण है न कार्य है वह निरपेक्ष तथा नित्य है। [भारतीय द० पृ २०]

इनके यहा चित्त वृत्ति के निरोध को योग कहते हैं। सेश्वर साख्य ने ईश्वर की सत्ता मानकर यम, नियम आसन, प्राणायाम प्रत्याहार धारणा, ध्यान और समाधि-योगसे आठ अगों का प्रतिपादन किया है।

इनके यहा प्रधान के दो भेद हैं—अव्यक्त और व्यक्त अव्यक्त। प्रधान कारण है और व्यक्त प्रधान काय है। इनमे व्यक्त प्रधान हेतुमान अव्यापि सक्रिय अनेक आश्रित लिंग सावयव और परतन्त्र है। लेकिन अव्यक्त इनसे विपरीत अहेतुमान एक इत्यादि रुप है। ये दोनो ही प्रधान त्रिगुणात्मक हैं—सत्त्व, रज तम रुप हैं। अविवेकी विषय सामान्य अचेतन और प्रसवधर्मी हैं। परन्तु पुरुष मे त्रिगुण आदि नहीं हैं। प्रधान से उत्पन्न हुआ सारा जगत् प्रधान रूप है।

सांख्य किसी भी पदार्थ की उत्पत्ति और नाश नही मानते हैं। किन्तु आविर्भाव और तिरोभाव मानते हैं ये कूटस्थ अपरिणामी नित्य एकांत को स्वीकार करते हैं।

इनके यहां सत्कार्यवाद की मान्यता बड़ी ही विचित्र है। इनका कहना है कि कारण मे कार्य सर्वव विद्यमान रहता है कारणो से उत्पन्न नही होता है। काय कारणो से अभिव्यक्त—प्रगट होता है। मिट्टी में घट विद्यमान है कुभार दण्ड चक्र आदि निमित्तों से प्रगट हो गया है आदि। नित्यकात की ये सब बातें प्रत्यक्षविरुद्ध हैं।

साख्यो के यहा ज्ञान पुरुष का गुण न होकर अचेतन प्रकृति का परिणाम है। मोक्ष मे प्रकृति का सयोग समाप्त होते ही ज्ञान का भी अभाव हो जाता है।

उपसहार—सांख्य ने अचेतन को सृष्टि कर्त्री माना है यह सर्वथा असम्भव है। आत्मा को कूटस्थ नित्य मानने से उसमे रागादि परिणाम न होने पर जडकर्मों का बंध असम्भव है एव ज्ञान और सुख आत्मा के स्वभाव हैं न कि जडप्रकृति के। इसलिये सांख्य के २५ तत्त्वों की मान्यता बिल्कुल असंगत है। आत्मा को निर्गुण निष्क्रिय, अकर्ता मानना नितांत भूल है। प्रकृति के अपराध से आत्मा ससार में दुःख उठावे यह बात तो स्वयं उनके कूटस्थ नित्य मत का निराकरण कर देती है। इनके द्वारा मान्य मोक्ष तत्त्व का भी कथन विरुद्ध है क्योंकि ये ज्ञानमात्र से मोक्ष मानते हैं क्या आज तक कोई औषधि के जानने मात्र से स्वस्थ हुये हैं। इनका सत्कार्यवाद भी बड़ा विचित्र है मिट्टी मे सदा घट को विद्यमान कहना और कुंभार आदि से उसकी प्रकटता मानना बिल्कुल गलत है। हां! शक्तिरूप से मिट्टी में घट को हम जैन भी मान लेते हैं। जैसे कि संसारी आत्मा में परमात्मा शक्ति रूप से है। इनके प्रमाण और प्रमेय दोनों की व्यवस्था भी अघटित है। ये सर्वथा नित्य एकांतवादी हैं यदि कथंचित् आत्मा को कर्ता, भोक्ता मान लें तो बहुत ही अच्छा हो जावे। तब तो स्याद्वाद शासन ही उन्हें श्रेयस्कर हो जावे।

नैयायिक दर्शन

नैयायिक मत के प्रस्थापक गौतम मुनि है। इस याय दर्शन का दूसरा नाम अक्षपाद दर्शन है।

'प्रमाणप्रमेयेत्यादितत्त्वज्ञानान्नि श्रेयसाधिगम यह न्याय शास्त्र का प्रथम सूत्र है। प्रमाण प्रमेय इत्यादि तत्त्वज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

'तच्चतर्विध प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दभेदात। प्रमेयं द्वादशप्रकार आत्मशरीरेन्द्रियार्थबुद्धिमन -प्रवत्तिदोषप्रेत्यभावफलदु खापवर्गभेदात । [सर्व दर्शन स पृ २ १]

प्रमाण के चार भेद हैं—प्रत्यक्ष अनुमान उपमान और आगम।

प्रमेय के बारह भेद हैं—आत्मा शरीर इ द्रिय अथ, बुद्धि मन प्रवृत्ति दोष प्रत्यभाव, फल, दु ख और अपवर्ग।

नयायिक के मत मे सोलह तत्त्व हैं–१प्रमाण २ प्रमेय ३ सशय ४ प्रयोजन ५ दृष्टात ६ सिद्धात ७ अवयव ८ तक ९ निर्णय १ वाद ११ जल्प १२ वितण्डा १३ हेत्वाभास १४ छल १५ जाति १६ निग्रहस्थान। इ हे पदाथ भी कहत हैं। [षटदर्शन पृ ८२]

प्रमाण के १६ भेद प्रमेय के १२ सशय के ३ प्रयोजन के २ दष्टान्त के २ सिद्धान्त के ४ अव यव के ५ तक के ११ निणय के ४ वाद का १ जल्प का १ वितण्डा का १ हत्वाभास के ५ छल के ३ जाति के २४ एव निग्रह स्थान के २२ भेद है। इनके नाम और लक्षण सर्वदर्शन सग्रह और षडदशन समुच्चय ग्रन्थो से देखना चाहिये। [सर्व द पृ २ १से २ ४]

अक्षपादमते देव सष्टिसहारकृत शिव ।
विभर्नित्यकसवज्ञो नित्यबद्धिसमाश्रय ॥१३॥ [षड द पृ ७८]

नयायिक मत मे जगत की सृष्टि तथा सहार को करने वाला व्यापक नित्य एक सर्वज्ञ नित्य ज्ञानशाली शिव देवता हैं।

अक्षपाद नाम के आदिगुरु ने नैयायिक मत के मूल सूत्रो की रचना की है इसलिये नयायिक अक्षपाद कहलाते है।

नयायिक ने अनुमान के पाच अवयव माने है प्रतिज्ञा हतु उदाहरण उपनय और निगमन। हेतु के पाच अवयव माने हैं—पक्षधमत्व आदि।

अनुमान के तीन भे माने हैं—केवला वयी केवलव्यतिरेकी अन्वयव्यतिरेकी।

इनके यहा— जिसके द्वारा प्रमिति-उपलब्धि या ज्ञान उत्पन्न किया जाता है उस ज्ञान के जनक कारण को प्रमाण कहते हैं। एव अक्षपाद ने स्वय यायसूत्र में कहा है कि– इन्द्रिय और पदार्थ के सन्निकष से होने वाला अव्यपदेश्य अव्यभिचारि तथा व्यवसायात्मक ज्ञान प्रत्यक्ष है।

वशेषिक दर्शन

न्याय और वैशेषिक इन दोनो दशनों का यौग' नाम से उल्लेख किया गया है। कुछ बातों को

छोड़कर न्याय और वैशेषिक में समानता पाई जाती है। शिवादित्य (११ शताब्दी) के सप्तपदार्थों में उक्त दोनों का समन्वय किया गया है। मालूम पड़ता है कि दोनो के योग—जोड़ी को यौग नाम दे दिया गया है। न्याय सूत्र के रचयिता गौतम ऋषि हैं जैसा कि ऊपर कह आये हैं। वैशेषिक दर्शन के सूत्रकार महर्षि कणाद है। विशेष नामक पदाथ की विशिष्ट कल्पना से इस दर्शन का वैशेषिक नाम हुआ है। ऐसा माना जाता है। वैशेषिक ने सात पदाथ मान हैं— द्रव्यगुणकर्मसामान्यविशेषसमवायाभावा. सप्तपदार्था ।

द्रव्य गुण कर्म सामान्य विशेष समवाय और अभाव ये सात पदार्थ हैं।

इनमें से द्रव्य के नव भेद हैं—पृथ्वी जल अग्नि वायु आकाश काल दिशा आत्मा और मन।

गुण चौबीस हैं—रूप रस गन्ध स्पर्श सख्या परिणाम पृथक्त्व सयोग विभाग परत्व अपरत्व गुरुत्व द्रवत्व स्नेह शब्द बुद्धि सुख दुःख इच्छा द्वेष प्रयत्न धर्म अधर्म और सस्कार।

कर्म के पाच भेद हैं— उत्क्षेपण अवक्षेपण आकुञ्चन प्रसारण और गमन।

सामान्य के दो भेद हैं—परसामान्य अपरसामान्य। विशेष केवल नित्य द्रव्यो मे रहता है और वह अनन्त है।

पूर्वोक्त नव द्रव्य और परमाणु नित्य द्रव्य हैं।

'समवायस्त्वेक एव' समवाय एक ही है।

अभाव के चार भेद हैं—प्रागभाव प्रध्वसाभाव अन्योन्याभाव और अत्यताभाव। [तर्क स०]

आत्म द्रव्य का लक्षण और भेद—

ज्ञानाधिकरणमात्मा स द्विविध —जीवात्मा परमात्मा चेति तत्रेश्वर सर्वज्ञ परमात्मा एक एव। जीवस्तु प्रतिशरीरं भिन्नो विभुर्नित्यश्च।

जिस द्रव्य मे समवाय से ज्ञान रहता है वही आत्मा है क्योकि आत्मा मे ज्ञान समवाय सम्बन्ध से रहता है। आत्मा के दो भेद हैं—जीवात्मा परमात्मा। परमात्मा ईश्वर सर्वज्ञ और एक है। जीवात्मा प्रत्येक शरीर में भिन्न भिन्न है व्यापक और नित्य है।[तर्क सग्रह]

वैशेषिक के यहा द्रव्य गुण आदि परस्पर मे भिन्न भिन्न हैं। समवाय सम्बन्ध से रहते हैं।

ये लोग शब्द को आकाश का गुण मानते हैं।

नैयायिक और वैशेषिक दोनो ही ईश्वर को सृष्टि का कर्ता मानते है— पृथ्वी पर्वत आदि पदार्थ किसी बुद्धिमान् पुरुष के द्वारा उत्पन्न किये गये हैं क्योकि वे कार्य हैं।' इस अनुमान के द्वारा ये लोग बुद्धिमान् ईश्वर को सृष्टिकर्ता सिद्ध करते हैं।

इन्होंने कारण को तीन प्रकार से माना है—

'कारणं त्रिविधं-समवाय्यसमवायिनिमित्तभेदात्' ।

कारण तीन प्रकार के हैं—समवायिकारण, असमवायिकारण और निमित्तकारण।

जिस द्रव्य में समवाय सम्बन्ध से कार्य उत्पन्न हो वह समवायिकारण होता है। जैसे—तन्तुओं में पट समवायसम्बन्ध से उत्पन्न होता है अत तंतु पट के समवायिकारण हैं। समवायिकारण द्रव्य ही होता है (जिसे जैन उपादान कारण कहते हैं)। तन्तु का संयोग पट का असमवायिकारण है। असमवायिकारण संयोग रूप गुण ही होता है।

जो इन दोनों कारणो से भिन्न है वह निमित्तकारण है जैसे—तुरी वेम, शलाका आदि वस्त्र के निमित्तकारण हैं। यहा ईश्वर भी पृथ्वी आदि सृष्टि को बनाने में निमित्तकारण है।

प्रत्यक्ष प्रमाण का लक्षण

इन्द्रियार्थसन्निकर्षजन्य ज्ञान प्रत्यक्ष तद् द्विविध निर्विकल्पक सविकल्पकं चेति।

जो ज्ञान इन्द्रिय और पदाथ के सन्निकर्ष-सम्बन्ध से उत्पन्न होता है वह प्रत्यक्ष है उसके दो भेद हैं—निर्विकल्प और सविकल्प।

सन्निकर्ष के ६ भेद

प्रत्यक्षज्ञानहेतुरिन्द्रियार्थसन्निकर्ष षड्विध—सयोग· सयुक्तसमवाय· सयुक्तसमवेतसमवाय· समवाय समवेतसमवाय· विशेषणविशेष्यभावश्चेति।

जो इन्द्रिय और अर्थ का सन्निकर्ष सम्बन्ध है वही प्रत्यक्ष ज्ञान का कारण है उस सन्निकर्ष के ६ भेद हैं—

सयोग—नत्र से जो घट पट आदि का प्रत्यक्ष होता है वह सयोग है।

घट पट आदि क रूप का नत्रो से ज्ञान है-वह सयुक्तसमवाय है।

घट क रूप मे जो रूपत्व है उसका नत्रो स प्रत्यक्षज्ञान सयुक्तसमवेतसमवाय है।

कर्ण इन्द्रिय से शब्द के प्रत्यक्ष मे समवाय सन्निकर्ष है।

श्रोत्र से शब्दत्व का साक्षात्कार करने में समवेतसमवाय सन्निकर्ष है।

एव अभाव को—घटाभाव पटाभाव आदि को इन्द्रियो से प्रत्यक्ष करने में विशेषण विशेष्यभाव सन्निकर्ष होता है। [तर्क संग्रह]

वैशेषिक ने बुद्धि सुख दु ख आदि आत्मा क नव विशेष गुणों क विनाश को मुक्ति माना है।

इन वैशेषिक नैयायिको ने ज्ञान को अस्वसंविदित माना है।

एव धारावाहिकज्ञान को भी प्रमाण माना है। तथा पदार्थ और आलोक को ज्ञान का कारण माना है। समवाय की कल्पना तो इनक यहा बहुत ही विचित्र है।

"य इहायुतसिद्धानामाधाराधेयभूतभावानाम्।
सबध इह प्रत्ययहेतु स हि भवति समवायः॥" [[illegible]]

अर्थ—अयुतसिद्ध और आधार आधेयभूत पदार्थों का 'यह इसमें है' इस प्रकार प्रत्यय में कारणभूत

सम्बन्ध समवाय कहलाता है। एवं प्रागभाव आदि अभावो को इन लोगो ने सर्वथा तुच्छाभाव रूप सिद्ध किया है।

वैशेषिक न नैयायिक के समान चार प्रमाण न मानकर प्रत्यक्ष और अनुमान य दो ही प्रमाण मान हैं। सर्वदशनसग्रह मे इस वैशेषिक दर्शन को औलुक्य दर्शन कहा है।

उपसहार—नैयायिक और वशेषिक का बहुत से विषयो मे एक मत हैं पदाथ गणना प्रमाणसंख्या आदि में ही अतर है। दोनो ही ईश्वर को सृष्टि का कर्ता मानते हैं किन्तु आगे ईश्वर परीक्षा मे इसका अच्छा समाधान किया जायगा। वास्तव मे कृतकृत्य ईश्वर विश्व की रचना मे राग द्वष क बिना कसे प्रवृत्त होगा? रागद्वष सहित होने से सवज्ञ हितोपदेशी और इष्टदेव कसे कहलायगा? अत सर्वज्ञ सष्टि के ज्ञाता द्रष्टा है कर्ता नही है। इनक द्वारा मान्य पदाथ द्रव्य गुण आदि की व्यवस्था भी ठीक नही है। समवाय सम्बन्ध तो सिद्ध नही हो सकता हा! यदि उस तादात्म्य सम्बन्ध कह दो तब तो ठीक होगा। मुक्ति मे सुख ज्ञान आदि गुणो का नाश मानना ज्ञान को अपने सवेदन से रहित मानना द्रव्य से गुणो को भिन्न मानकर समवाय से उसमे स्थापित करना सवथा अशक्य है। इनका सन्निकष प्रमाण भी अव्याप्त है मन और चक्ष से पदाथ को छूकर ज्ञान नही होता है प्रत्युत दूर से ही हो जाता है। एव सन्निकष को प्रमाण मानने से सर्वज्ञ की सिद्धि होना शक्य नही है क्योकि भूत भविष्यत् पदार्थों का सन्निकष होगा नहीं और सन्निकर्ष से विश्व का ज्ञान हुये बिना सर्वज्ञ होगा नही। आत्मा को व्यापक कहना दिशा और मन को द्रव्य कहना बिल्कुल गलत है आत्मा शरीर प्रमाण है मन आत्मा मे ज्ञानावरण की नोइन्द्रियावरण के क्षयोपशम से होता है। अत सवज्ञ को वीतराग एव निर्दोष मानना उचित है उनके तत्त्वो पर श्रद्धा करना ही सम्यक्त्व है।

मीमांसा दशन

मीमासा शब्द का अथ है किसी वस्तु स्वरूप का यथाथ विवेचन। मीमासा करने वालो को मीमासक कहते हैं इसे ही जमिनीय मत भी कहते है। मीमासा के दो भेद हैं—कममीमासा ज्ञानमीमासा। यज्ञ विधि कमकाण्ड अनुष्ठान आदि का वणन कममीमासा का विषय है एव जीव जगत ईश्वर के स्वरूप सम्बन्ध आदि का निरूपण ज्ञानमीमासा का विषय है। कममीमासा को पूवमीमासा और ज्ञानमीमासा को उत्तर मीमासा कहते है किन्तु वतमान मे मीमांसा शब्द का प्रयोग केवल कममीमासा के लिए है और ज्ञानमीमासा या उत्तरमीमांसा को वेदान्त शब्द से कहा जाता है।

महर्षि जैमिनि मीमासादशन के सूत्रकार हैं। मीमासको मे कुमारिलभट्ट के शिष्य भाट्टो ने छह प्रमाण माने हैं एव प्रभाकर मिश्र के शिष्य प्राभाकरो ने अभाव के बिना पाच प्रमाण माने हैं। इस प्रकार से मीमांसादर्शन मे भाट्ट और प्राभाकर य दो सप्रदाय हो जाते हैं। सूत्रकारो ने मीमासक प्राभाकर और जैमिनीय इन तीनों नामों से इस दशन का उल्लेख किया है।

प्राभाकर की मान्यतानुसार पदार्थ आठ हैं—

द्रव्य गुण कर्म सामान्य परतन्त्रता शक्ति सादृश्य और सख्या।

भाट्टो के अनुसार पदाथ पांच हैं—द्रव्य गुण कम सामान्य और अभाव।

भाट्ट ग्यारह द्र य मानते हैं—वैशेषिक के नव द्रव्यो मे अंधकार और शब्द ये दो द्रव्य मिलकर ग्यारह होते हैं।

प्राभाकर—प्रत्यक्ष अनुमान उपमान आगम और अर्थापत्ति य पांच प्रमाण मानते हैं एव भाट्ट अभाव सहित छह प्रमाण मानते हैं।

मीमांसको ने ज्ञान को परोक्ष माना है। ज्ञान न तो स्वय वेद्य है न ज्ञानान्तर से वेद्य है। अतएव वह परोक्ष है। मीमांसक कहते हैं कि कोई सर्वज्ञ या अतीन्द्रियदर्शी नहीं है।

'जमिनीया पुन प्राहु सवज्ञादिविशेषण'।
देवो न विद्यते कोऽपि यस्य मान वचो भवत् ॥६८॥
तस्मादतीन्द्रियार्थानां साक्षाद् द्रष्टरभावत।
नित्येभ्यो वेदवाक्येभ्यो यथार्थत्वविनिश्चय ॥६९॥ [षड द पृ ४३२]

जैमिनीय कहते हैं कि-सर्वज्ञत्व आदि विशेषण वाला कोई सर्वदर्शी दव नही है कि जिसक वचन प्रमाणीक माने जा सकें। इस तरह जब अतीन्द्रिय पदार्थों का कोई साक्षात्कार करने वाला ही नही है तब नित्य वेद वाक्यो से ही अतीन्द्रिय पदार्थों का यथावत ज्ञान हो सकता है अ यथा नहीं।

इनक यहां नही जाने गये अनधिगत पदाथ को जानने वाला ज्ञान प्रमाण है।

विद्यमान पदार्थों से इद्रियो का सम्ब ध होने पर जो आत्मा मे बुद्धि उत्पन्न होती है वह प्रत्यक्ष प्रमाण है।

'लिंग से उत्पन्न होने वाले लैंगिक ज्ञान को अनुमान कहते हैं।

नित्य वेद वाक्य से उत्पन्न होने वाला ज्ञान आगम है।

सादृश्य ज्ञान को उपमान कहते हैं।

इष्ट पदार्थ की अनुपपत्ति क बल से किसी अदृष्ट अथ की कल्पना को अर्थापत्ति कहते हैं। प्रत्यक्ष आदि छह प्रमाणों क निमित्त से अर्थापत्ति क भी छह भेद हो जाते हैं—प्रत्यक्षपूर्विकाअर्थापत्ति अनुमान पूर्विका अर्थापत्ति उपमानपूर्विका अर्थापत्ति आगमपूर्विका अर्थापत्ति अर्थापत्तिपूर्विका अर्थापत्ति अभाव पूर्विका अर्थापत्ति।

अभाव प्रमाण का लक्षण—

"प्रमाणपञ्चकं यत्र वस्तुरूपे न जायते।
वस्तुसत्तावबोधार्थं तत्राभावप्रमाणता' ॥७०॥

वस्तु की सत्ता के ग्राहक प्रत्यक्षादि पाँच प्रमाण जिस वस्तु में प्रवृत्ति नहीं करते, उसमें अभाव प्रमाण की प्रवृत्ति होती है।

प्रत्यक्ष आदि पांच प्रमाण जिस भूतल आदि आधार में घटादि रूप आधेय के ग्रहण करने के लिये प्रवृत्त नहीं होते उस घटादि आधेय से शून्य शुद्ध भूतल के ग्रहण करने के लिये अभाव की प्रमाणता है।

अभाव प्रमाण का विषय भूत अभाव पदार्थ वस्तुभूत है तथा वह चार प्रकार का है—प्रागभाव प्रध्वंसाभाव अन्योन्याभाव अत्यन्ताभाव। [षड्दर्शन स]

मीमांसक वेद को अपौरुषय मानते हैं। क्योंकि वेद मुख्य रूप से अतीद्रिय धर्म का प्रतिपादक है और अतीद्रिय दर्शी कोई पुरुष सभव नही है। इसलिये इन लोगो ने प्रत्यक्षादि पांच प्रमाणों के द्वारा सर्वज्ञ की असिद्धि बतलाकर अभाव प्रमाण के द्वारा उसके अभाव को सिद्ध कर दिया है।

अत इन मीमासको ने धर्म में वद को ही प्रमाण माना है। एव वद के दोषो से मुक्त रखने के लिए ही अपौरुषेय माना है और इसीलिए उन्हे शब्द मात्र को नित्य मानना पडा क्योंकि यदि शब्द को अनित्य मानते तो शब्दात्मक वेद को भी अनित्य और पौरुषय मानना पडता जो कि अभीष्ट नही है।

उपसहार—मीमांसक ने सवज्ञ का अभाव कर दिया है एव वद को अपौरुषेय मानकर शब्द को नित्य एक अमूत सवव्यापी मानते है किंतु अनुमान एव आगम से सर्वज्ञ का स्वभाव सिद्ध है शास्त्र कथंचित् अथ की अपेक्षा अनादि अनन्त है फिर भी रचना की अपेक्षा सादि सांत है। शब्द वर्गणाये पुद्गल द्रव्य की अपेक्षा नित्य-अनादि अनन्त होते हुये भी पर्याय की अपेक्षा अनित्य हैं अनेक हैं मूर्तिक अव्यापि हैं। इन मीमांसको द्वारा मान्य प्रमाणो के लक्षण पदार्थों के लक्षण गलत हैं। कही अभाव को प्रमाण कहा जा सकता है? जनो के मान्य प्रागभावो का लक्षण इनके द्वारा मान्य अभाव के लक्षणों को बाधित कर देता है। मीमांसको के ज्ञान को परोक्ष कहा है किंतु ज्ञान स्वय का अनुभव स्वय कर रहा है। इसलिए ज्ञान स्वसवदन प्रत्यक्ष है। अत मीमासा दशन की मीमासा करने से इनका प्रमाण प्रमेय तत्त्व बाधित हो जाने से जैनसिद्धांत ही अबाधित सिद्ध होता है।

वेदांत दशन

सव व खल्विद ब्रह्म नेह नानास्ति किंचन।
आराम तस्य पश्यन्ति न त पश्यति कश्चन ॥

[छांदोग्योपनिषत् ३ १४ १]

यह सारा जगत् एक ब्रह्म स्वरूप ही है, यहा अन्य कुछ भी नही है सब उसके प्रभाव को देखते हैं उसे कोई नही देख सकता।

"ये तूत्तरमीमांसावादिन ते वेदान्तिनो ब्रह्माद्वैतमेव मन्यंत। उत्तर मीमासावादी वेदांती मात्र अद्वैत ब्रह्म को मानते हैं, यह उनका मूल सिद्धान्त है कि 'सर्व वै खल्विदं ब्रह्म इत्यादि। इनके यहां

ध्यान करने के लिये आत्मा वा अरे द्रष्टव्य श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्य " अरे भक्त ! तुम आत्मा को देखो सुनो मानो और ध्यान करो। [सर्वदर्शन ११६] उनका यह कहना है कि एक ही ब्रह्म सभी प्राणियो के शरीर मे भासमान होता है। यथा— एक ही भूतात्मा सिद्ध ब्रह्म प्रत्येक प्राणियो में व्यवस्थित है वही एक रूप से तथा अनेक रूप से जल मे चन्द्रमा की तरह चमचमाता है ।

[षड दर्शन ४३०]

उपनिषदो के सिद्धान्तो पर प्रतिष्ठित होने के कारण इस दर्शन का नाम वदान्त (वद का अन्त उपनिषद्) प्रसिद्ध हुआ है। ब्रह्मसूत्र वदात सूत्र के रचियता महर्षि बादरायण व्यास हैं। शकर रामानुज और मध्व ये ब्रह्म सूत्र के प्रसिद्ध भाष्यकार है। मीमासको की तरह वदाती भी छह प्रमाण मानते हैं। इनके मतानुसार ब्रह्म ही एक मात्र तत्त्व है इस ससार मे जो भी चेतन अचेतन पदार्थ दिखते हैं व सब अविद्या से जनित है। एक ही तत्त्व स्वीकार करने से ये अद्वत वादी सत्ताद्व तवादी भी कहलाते हैं। ये अपौरुषय वद के आधार से ही ब्रह्म की सिद्धि करते है उक्त श्रति के समथन मे ये लोग प्रत्यक्ष तथा अनुमान प्रमाण की दुहाई भी देते है। फिर इन प्रमाणा को भी अविद्या का विलास कह देते है। अत उनका मान्य तत्त्व ही अविद्या का विलास प्रतीत होता है।

उपसंहार—यदि अद्वततत्त्व को आगम से माना जाता है तो आगम और ब्रह्म दो होने से द्वत आ जाता है यदि प्रत्यक्ष से कहो तो बाधा आती है क्योकि एक को सुख अन्य को दु ख आदि विचित्रताय दृष्टिगोचर हैं अनुभव गोचर हैं। यदि एक ही ब्रह्म सबमे है तो सभी को एक साथ सुख दु ख का अनुभव होना चाहिये किंतु ऐसा तो है नही। बड आश्चय की बात है कि चेतनस्वरूप ब्रह्म से चेतन अचेतन रूप जगत् मान लिया जावे। क्या आप स्वय चेतन ब्रह्म अचेतन बनना अच्छा समझगा ? वास्तव मे अस्तित्व रूप से सभी चेतन अचेतन कथचित एक रूप हैं। इसी का विपर्यास करके वेदातवादियो ने सारे जगत को ब्रह्म रूप से एकरूप मान लिया है किंतु यह मान्यता कथमपि शक्य नही है। किसी भी तरह से इस अद्वत को सिद्ध करने मे द्वत आ ही जाता है। यदि सब द्वत को अविद्या का विलास कहो तब तो यह अद्वत भी अविद्या का ही विलास सिद्ध होगा।

जैन दर्शन

यह जैन धम अनादि निधन धर्म है इसकी स्थापना किसी ने भी नही की है। स्याद्वाद अहिंसा अपरिग्रह आदि इसके मौलिक सिद्धात हैं। जेन सिद्धात मे— सात तत्त्व नव पदाथ छह द्रव्य और पाच अस्तिकाय माने गये हैं। **जीवाजीवास्रवबधसंवरनिजरामोक्षास्तत्त्वम्** इस सूत्र से जीव अजीव आस्रव बध सवर निजरा और मोक्ष ये सात तत्त्व हैं। इन्ही मे पुण्य और पाप मिलाने से नव पदार्थ बन जाते हैं।

जीव पुदगल धम अधम आकाश और काल ये छह द्रव्य हैं। इनमे काल को छोडकर पांच अस्तिकाय कहलाते हैं। **सम्यग्दशनज्ञानचारित्राणि मोक्षमाग** इस सूत्र से सम्यग्दशन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्-

चारित्र की एकता ही मोक्ष की प्राप्ति का उपाय है। एवं संपूर्ण कर्मों से आत्मा का छूट जाना ही मोक्ष है।

सर्वज्ञ प्रणीत आगम ही सच्चे शास्त्र हैं एवं घातिया कर्म मल से रहित शुद्ध हुई आत्मा ही अर्हंत सर्वज्ञ वीतराग और हितोपदेशी है। उन सर्वज्ञ के वचनों पर पूर्ण श्रद्धान करना ही सम्यक्त्व है।

छप्पंचणवविहाणं अत्थाणं जिणवरोवइट्ठाणं।
आणाए अहिगमेण य सद्दहणं होइ सम्मत्तं ॥५६॥ [गोम्मटसार जी]

छह द्रव्य पांच अस्तिकाय और नव पदार्थ इनका जिनेंद्रदेव ने जिस प्रकार वर्णन किया है उस ही प्रकार से श्रद्धान करना सम्यग्दर्शन है। यह दो प्रकार से होता है—एक तो केवल आज्ञा से दूसरा अधिगम से।

जिनेंद्रदेव ने जो भी वस्तु तत्त्व का वर्णन किया है वह ठीक है क्योंकि जिनदेव असत्यवादी नहीं हो सकते ऐसा केवल आज्ञा मात्र से श्रद्धान करना आज्ञा सम्यक्त्व है। तथा इन द्रव्यादिकों का प्रत्यक्ष परोक्ष प्रमाण नय आदि से निर्णय करके श्रद्धान करना अधिगम सम्यक्त्व है।

सम्यक्त्व होने के बाद जो यथार्थ ज्ञान है वह सम्यग्ज्ञान है उसके भी प्रथमानुयोग करणानुयोग चरणानुयोग और द्रव्यानुयोग के भेद से चार भेद हो जाते हैं।

सम्यग्दर्शन और ज्ञान के बाद रागद्वेष को दूर करने के लिये जो चारित्र ग्रहण किया जाता है वह सम्यक्चारित्र है। इसके पंचमहाव्रत आदि रूप से सकल चारित्र और पंच अणुव्रत आदि रूप से विकल चारित्र ऐसे दो भेद होते है।

इस जैन सिद्धांत में सप्तभंगी नय पद्धति आदि विशेष बातें बहुत ही उत्तम हैं वस्तु तत्त्व को ज्यों की त्यों समझाने वाली हैं। द्रव्यार्थिक नय से आत्मा आदि पदार्थ नित्य हैं किंतु पर्यायार्थिक नय से ये अनित्य भी हैं। इत्यादि रूप से वस्तु की व्यवस्था सुघटित सिद्ध है। यह अनेकांत शासन आत्मा सर्वज्ञ परलोक मोक्ष आदि की व्यवस्था करते हुये सदा जयशील हो रहा है।

सभी दार्शनिकों के मुख्य मुख्य सिद्धांत

चार्वाक—भूतचैतन्यवाद प्रत्यक्षैक-प्रमाणवाद।

बौद्ध—निर्विकल्पप्रत्यक्षवाद साकारज्ञानवाद क्षणभंगवाद चित्राद्वैतवाद विज्ञानाद्वैतवाद शून्यवाद त्रैरूप्यहेतुवाद अपोहवाद।

सांख्य—प्रकृतिकर्तृत्ववाद अचेतनज्ञानवाद इंद्रियवृत्तिवाद सत्कार्यवाद नित्यैकांतवाद।

नैयायिक वैशेषिक षोडशपदार्थवाद सप्तपदार्थवाद सन्निकर्षवाद कारकसाकल्यवाद ज्ञानान्तरवेद्यज्ञानवाद ईश्वरकर्तृत्ववाद पांचरूप्यहेतुवाद समवायवाद।

मीमांसक—वेद अपौरुषेयवाद परोक्षज्ञानवाद अभावप्रमाणवाद शब्दनित्यत्ववाद।

वैयाकरण—शब्दाद्वैतवाद स्फोटवाद।

वेदांती—ब्रह्मवाद अविद्यावाद ।

इन सबके प्रमुख गुरु एव मतों के नाम

१—चार्वाक को लौकायतिक भी कहते हैं इनके गुरु बृहस्पति हैं ।

२—नैयायिक—न्याय दशन के प्रवत्तक महर्षि गौतम हैं ।

इन्ही का नाम अक्षपाद भी है अत इसे अक्षपाद दशन भी कहत हैं इनका मूलग्रन्थ न्यायसूत्र है। न्याय भाष्य के अनेको ग्रन्थ हैं ।

जसे—वात्स्यायन का यायभाष्य उद्योतकर का न्यायवार्तिक वाचस्पति की 'न्यायवार्तिक तात्पय टीका उदयन की न्याय वार्तिक तात्पय परिशुद्धि तथा कुसुमाञ्जलि जयन्त की न्याय मजरी आदि । ऐसे ही श्रीकण्ठ अभय तिलकोपाध्याय विरचित न्यायालकार वृत्ति आदि प्रमुख तर्क ग्रन्थ हैं। भासर्वज्ञ कृत यायसार की अठारह टीकाय हैं । इनमे यायभूषण नाम की टीका सवप्रमुख है ।

प्राचीन समय के न्याय को प्राचीन याय एव आधुनिक काल के न्याय को नव्य न्याय कहते हैं। प्राचीन न्याय के अतगत गौतम का न्यायसूत्र उसके भाष्य आदि हैं । नव्य याय का प्रारभ गगेश की तत्त्वचिंतामणि से हुआ है इसे न्यायदशन या शव दर्शन भी कहते है एव योग भी कहते हैं ।

३—वैशेषिक—वशेषिक दशन के प्रवतक महर्षिकणाद है । कहा जाता है कि ये इतने बड सन्तोषी थे कि खेतो से चने हुये अन्नकणो के सहारे ही जीवन यापन करते थे । इसलिये इनका उपनाम कणाद पडा है । उनका वास्तविक नाम उलूक था अतएव वशेषिक दशन कणाद या औलूक्य दशन नाम से प्रसिद्ध है । इस दशन मे विशेष नामक पदाथ की विशद विवेचना है अत इसे वशेषिक भी कहते हैं । अन्यत्र भी यही बात है ।

मुनिविशेषस्य कापोतीं वत्तिमनुतिष्ठवतो रथ्यानिपतांस्तंडलानादायादाय कृताहारस्याहारनिमित्तात्कणादसज्ञा अजनि । तस्य कणादस्य पर शिवेनोलूकरूपेण मतमेतत्प्रकाशितम तत औलूक्यं प्रोच्यते । पशुपतिभक्तत्वन पाशपत चोच्यत ।

कापोत सदृशवृत्ति का अनुसरण करने वाले माग मे पतित तदुल कणो को खाने वाले होने से इन्हे कणाद सज्ञा हुई इनके आगे शिव ने उल्ल का शरीर धारण करके इस मत को चलाया अत औलूक्य' हैं । वैशेषिक लोग पशुपति शिव क भक्त है अत यह दशन पाशुपत भी कहलाता है । वैशेषिक कणाद के शिष्य हैं अत काणाद भी कहलाते हैं । [षडद ४ ६]

इनक यहा कणाद कृत मूलग्रन्थ षटपदार्थी वशेषिक सूत्र नाम से है। इसपर प्रशस्तपाद का पदाथ धम सग्रह है इस प्रशस्तपाद भाष्य पदाथ धमसंग्रह पर दो उत्तम टीकाय हैं, उदयन आचार्य की किरणावली और श्रीधराचाय की न्यायकदली । इसक बाद का जो वशेषिक साहित्य है वह न्याय और वशषिक इन दोनो का समिश्रण है। ऐसे ग्रन्थो मे शिवादित्य की 'सप्तपदार्थी'

लौगाक्षि भास्कर की 'तर्ककौमुदी' वल्लभाचार्य की "न्यायलीलावती और विश्वनाथ पचानन का भाषा परिच्छेद (सिद्धांत मुक्तावली टीका के साथ) प्रमुख है। [भारतीयद० पृ १४६]

व्योमशिवाचार्य कृत व्योमवती टीका श्रीवत्साचार्यकृत लीलावती तक आत्रयतन्त्र आदि

४—मीमांसक—मीमांसा का मूल ग्रन्थ है जैमिनिसूत्र इस जैमिनि के सूत्र पर शबरस्वामी का विशद भाष्य है जिसे 'शाबरभाष्य' कहते हैं। उनके बाद बहुत से टीकाकार और स्वतंत्र ग्रन्थकार हुये उनमे दो मुख्य हैं—कुमारिल भट्ट और प्रभाकर। इन दोनो के नाम पर मीमासा में दो प्रधान सम्प्रदाय चल पड़ जिनका नाम है—भाट्ट मीमासा और प्रभाकर मीमासा। [भारतीयद पृ १६६]

मीमांसा दर्शन के दो भेद हैं—पूर्व मीमासा उत्तर मीमासा। पूर्व मीमासावादी यजन याजन अध्ययन-अध्यापन दान और प्रतिग्रह इन छह ब्राह्मण कर्मों का अनुष्ठान करने वाले हैं ब्रह्म सूत्रधारी हैं यज्ञादि क्रिया काण्ड मे मुख्य रूप से प्रवृत्ति करते है। इनके साधु एक दण्डी त्रिदण्डी गेरुआ वस्त्रधारी मृगछाला कमण्डलु आदि रखते हैं सिर मुडाते हैं। इनका वेद ही गुरु और भगवान है ये लोग वेद के सिवा किसी को सर्वज्ञ मानने को तैयार नही हैं। इनमे कुमारिल का मीमासाश्लोकवार्तिक प्रभाकर का बृहती आदि ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं।

५—उत्तर मीमांसावादी वेदांती—कहलाते हैं ये केवल अद्वैत ब्रह्म को ही मानते हैं। इनके साधु कुटीचर बहूदक हस परमहस ऐसे चार तरह के होते हैं। जो त्रिदण्डधारी शिखाधारी ब्रह्म सूत्रधारी हैं यजमानो के यहा भोजन करते हैं गृह त्यागी हैं कुटिया बनाकर जंगल मे रहते हैं वे कुटीचर कहलाते हैं। बहुत जल वाली नदी मे स्नान करने से बहूदक होते है। हस साधु ब्रह्मसूत्र शिखा नही रखते कषायवस्त्र दण्डधारी ग्राम मे एक रात नगर में तीन रात निवासी हस कहलाते हैं।

इन हस साधु को तत्त्वज्ञान होने के बाद परमहस कहते हैं। इस ही वेदात दर्शन कहते है।

वेदात का अर्थ है वेद का अंत। उपनिषदो को भिन्न भिन्न अर्थों मे वेद का अंत कहा जाता है। वैदिक काल मे तीन तरह के साहित्य होते हैं। सबसे प्रथम वैदिक मन्त्र जो भिन्न भिन्न सहिताओ—ऋग्वेद यजुर्वेद सामवेद मे सकलित हैं।

तत पर ब्राह्मण भाग जिसमे वैदिक कर्मकाण्ड की विवेचना है अत मे उपनिषद जिसमे दार्शनिक तथ्यों की आलोचना है। ये तीनो मिलकर श्रुति या वेद कहलाते हैं। अध्ययन के विचार से उपनिषदों की बारी अंत में आती थी। लोग सहिता से शुरू करते थे। गृहस्थाश्रम मे प्रवेश करने पर गृहस्थोचित यज्ञादि कर्म करने से ब्राह्मण वानप्रस्थ या संन्यास लेकर वन मे रहने पर आरण्यक नाम होता है।

उपनिषदों का विकास आरण्यक साहित्य से हुआ है। स्वयं उपनिषदो में कहा है कि वेद-वेदांग सभी शास्त्रों का अध्ययन कर लेने पर जब तक ज्ञान पूर्ण न हो जावे तब तक मनुष्य उपनिषदों की

शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता उपनिषद् (उप+नि+सद्) जो ईश्वर के समीप या गुरु के समीप पहुंचावे वह उपनिषद है। भि न भिन्न उपनिषदो के विचार भेद का परिहार करने के लिये बादरायण ने ब्रह्म सूत्र ग्रन्थ की रचना की। इस वेदात सूत्र शारीरिक सूत्र शारीरिकमीमांसा या उत्तरमीमांसा भी कहते हैं। ब्रह्मसूत्र पर अनेको भाष्य है शकर रामानुज, मध्वाचाय वल्लभाचाय निबार्काचार्य आदि के भाष्यों से उनके नाम पर भि न भि न-सप्रदाय चल पड हैं। आजकल शकराचाय का अद्वैतवाद और रामानुजाचाय का विशिष्टाद्वैतवाद अधिक प्रसिद्ध है।

६ सांख्य—

कुछ साख्य ईश्वर मानते हैं कुछ निरीश्वरवादी है जो निरीश्वर हैं उनके नारायण ही देवता ह। इनके आचाय विष्णु प्रतिष्ठाकारक चैत य आदि शब्दो से कहे जाते हैं।

साख्य दशन के रचियता महर्षि कपिल हैं। साख्य अत्यन्त प्राचीन मत है इसमे पचीस तत्त्वो की सख्या होने से इसे साख्य मत कहते है। साख्य दशन का मूल ग थ है कपिल का तत्त्वसमास । इसमे निरीश्वर साख्य का दशन है। योगदशन मे ईश्वर का प्रतिपादन किया गया है अत इसे सश्वर साख्य कहते हैं। इस सेश्वर साख्य मत के प्रवतक पतञ्जलि ऋषि हैं अत इसे पातञ्जल दर्शन भी कहते हैं।

कपिल आसुरि पचशिख भार्गव तथा उलूक आदि साख्य मत के प्रमुख प्रवक्ता ह । इसलिए इसे साख्य या कपिलमत भी कहते हैं। कपिल को परमर्षि कहने से इस मत को पारमष भी कहते हैं। साख्यो का प्राचीन ग थ है ईश्वर कृष्ण की साख्यकारिका गौडपाद का साख्यकारिकाभाष्य वाचस्पति की तर्क कौमुदी विज्ञान भिक्ष का साख्य प्रवचन भाष्य और साख्यसार आदि ग थ ह। एव इनके षष्टितत्र का पुन सस्करण रूप माठर भाष्य साख्यसप्तति तत्त्व कौमुदी आत्रयतत्र आदि हैं।

७ बौद्ध—

बौद्ध धम के प्रवतक गौतम बुद्ध हैं। इ हे सुगत भी कहते हैं अत इनके अनुयायी बौद्ध या सौगत कहलाते हैं इनमे चार भेद हैं—सौत्रातिक वभाषिक योगाचार और माध्यमिक।

बौद्धो के ज्ञान पारमिता आदि दश ग थ ह—तकभाषा हेतुबि दु अचटकृत हेतुबिदु की अच लक नाम की टीका प्रमाणवार्तिक तत्त्वसग्रह न्यायबिंदु कमलशीलकृत तत्त्वसग्रह पजिका यायप्रवेश आदि ग्रथ हैं।

महात्मा बुद्ध के उपदेश के तीन पिटक इनके यहा माने गये हैं उनमे विनयपिटक सुत्तपिटक और अभिधम्म पिटक ये नाम हैं। इन पिटको मे केवल प्राचीन बौद्ध धम का वर्णन मिलता है।

धमकीर्ति का प्रमाणवार्तिक उसकी टीका में प्रभाकर गुप्त का प्रमाणवार्तिकालकार है। शातरक्षित का तत्त्वसग्रह' दिग्नाग का यायप्रवेश धर्मकीर्ति का न्यायबिंदु आदि।

षड्दर्शन समुच्चय मे बौद्ध नैयायिक साख्य जैन, वैशेषिक और जैमिनीय इनको षडदशन कहा है । आगे चलकर नैयायिक और वशेषिक दशनो को दो न कहकर एक कहने से आस्तिकवादी के पांच ही दर्शन कह देते हैं एव उसमें नास्तिक चार्वाक की सख्या मिलाकर 'षडदशन कहते हैं । इस षड दर्शन मे मीमांसक और वेदाती को भी एक ही में लिया है ।

८ जैनधम में किसी को इस जैनधर्म का प्रवर्तक नही माना गया है क्योकि यह जनधम अनादि निधन धम है । अनादि काल से जीव कर्मों का नाशकर सवज्ञ होते रहे हैं और वतमान से लेकर अनंतानन्त काल तक सवज्ञ होते रहेंगे । जन दशन मे ससार पूवक—बधपूवक ही मोक्ष माना गया है । अत ससारी जीव ही आत्मा की सर्वोच्च विशुद्धि प्राप्त करके भगवान बन जाते हैं कर्मारातीन जयतीति जिन जिनो देवता अस्य स जन ' जो कर्म शत्रुओ को जीतते है वे जिन कहलाते हैं एव जिन देवता जिसके उपास्य हैं वे जैन कहलात है यह धर्म अहिंसामय है अत सर्वेभ्यो हित साव प्राणिमात्र का हित कारी होने से सावधम कहलाता है । जिन भगवान के ही सार्व सर्वज्ञ अहत जिनेन्द्र शिव परमेश्वर महेश्वर महादेव आदि साथक नाम हैं । जनधम मे मनुष्य रत्नत्रयरूप उपाय तत्त्व से मोक्षरूप उपेयतत्त्व को प्राप्त कर लेता है जनधर्म मे—सभी वस्तुय द्रव्यदृष्टि से नित्य हैं एव पर्याय दृष्टि से अनित्य हैं सत् रूप—महासत्ता से एक एव पृथक-पृथक अवातरसत्ता से अनेक हैं किन्तु इस मम स्याद्वाद को न समझकर बौद्धो ने वस्तु को सवथा क्षणिक कह दिया है । साख्य ने ही सवथा नित्य कह दिया है । वेदाती ने एक ब्रह्मरूप एव अन्यो ने अनेक रूप कह दिया है । ऐसे ही कर्मों की विचित्रता से ससार का वचित्र्य देखकर वैशेषिको ने ईश्वर को सृष्टि का कर्ता कह दिया है किन्तु जनाचार्यों ने सृष्टि को अनादि निधन एव जीव पुद्गल सयोग से उत्पन्न हुई सिद्ध किया है । मीमासक ने वेद को अनादि कह दिया है किन्तु वास्तव में अर्थ की अपेक्षा आगम अनादि हैं एव सवज्ञ की वाणी द्वारा गणधर ग्रथित होने से परम्परा कृत आचाय प्रणीत होने से सादि भी है । अनेकात शासन मे कुछ भी दोष नही है । इसलिए इन अन्य मतावलबियो के ग्रथा का पठन मनन कुश्रुत का पठन मनन है इससे मिथ्यात्व का आस्रव होता है ऐसा समझना चाहिये । जैनाचार्यों ने इन ग्रन्थो का अवलोकन केवल उनके तत्त्वो की मान्यताओ का खण्डन करने के लिये ही किया है । जब बौद्ध परपरा मे दिडनाग के पश्चात धमकीर्ति जसे प्रखरतार्किको की तूती बोलती थी तो ब्राह्मण परम्परा मे कुमारिल जसे उदभट विद्वानो की प्रतिध्वनि मद नही हुई थी दोनो ही विद्वानो ने अपनी अपनी कृतियो मे जन परम्परा के मतव्यो की खिल्ली उडाई थी और समतभद्र जैसे तार्किको का खण्डन किया था । उस समय अकलक देवने आजीवन ब्रह्मचयव्रत लेकर बौद्धदशन आदि पढने का सकल्प किया उस समय श्री अकलक दव ने न्याय प्रमाण विषयक अनेको ग्रन्थ रचे, लघीयस्त्रयी न्याय विनिश्चय, सिद्धि विनिश्चय, अष्टशती प्रमाणसंग्रह आदि ग्रन्थो मे दिङनाग धर्मकीर्ति जैस बौद्ध तार्किकों की एव उद्योतकर भर्तृहरि कुमारिल जैसे ब्राह्मण तार्किको की उक्तियो का निरसन करते हुये जैन मन्तव्यो की

स्थापना तार्किक शली स की है। इन अकलक दव स पूर्व श्री समतभद्र स्वामी ने भगवान की स्तुति करते हुये न्याय का बहुत ही सुन्दर विवेचन किया है। श्री उमास्वामी आचार्य के महाशास्त्र तत्त्वार्थ सूत्र के मगलाचरण पर आप्तमीमासा स्तुति बनाकर तो एक अलौकिक प्रतिभाशाली कहलाये हैं। श्री विद्यानद महोदय ने आप्तपरीक्षा प्रमाणपरीक्षा एव अष्टसहस्री श्लोक वार्तिकालकार टीका आदि ग्रंथो मे न्याय का विशद वर्णन किया है। श्री माणिक्यनदि के परीक्षामुखसूत्र ग्रथ पर प्रमेयरत्नमाला प्रमेयकमल मार्तण्ड आदि विस्तृत टीकाय हुई है। जन न्याय का मतलब यही है कि 'प्रमाणैरर्थपरीक्षणं न्याय प्रमाणो के द्वारा अथ की परीक्षा करना न्याय है। न्याय शब्द की व्युत्पत्ति करते हुये सभी शास्त्रकारो ने उसका यही अथ किया है नीयत ज्ञायत विवक्षितार्थोऽनेनेति न्याय न्यायकु । नितरामीयत गम्यते गत्यर्थानां ज्ञानार्थत्वात ज्ञायतऽर्था अनित्यत्वास्तित्वादयोऽनेनेति न्याय तकमाग [न्याय प्रवेश प पृ १] जिसके द्वारा विवक्षित अथ का ज्ञान हो उसे न्याय कहते है। अतिशयरूप से जिसके द्वारा अनित्यत्व अस्तित्व आदि अथ जाने जाये वह न्याय-तक माग है। न्यायविनिश्चयालकार मे जैनाचार्यों ने भी विशेष रूप से कहा है कि—

निश्चित च निर्बाध च वस्तुतत्त्वमीयतऽनेनेति न्याय [न्यायविनिश्चयालकार भा १ पृ ३३] जिसके द्वारा निश्चित और निर्बाध वस्तु तत्त्व का ज्ञान होता है उसे न्याय कहते हैं। इसमे निर्बाध पद जन न्याय की निर्दोषता को प्रगट करता है। ऐसा ज्ञान प्रमाणो के द्वारा होता है इसी से न्याय विषयक ग्रन्थों का मुख्य विषय प्रमाण होता है। प्रमाण के ही भेद प्रत्यक्ष अनुमान आगम आदि माने गये हैं किन्तु प्रत्यक्ष और आगम के द्वारा वस्तु तत्त्व को जानकर भी उसकी स्थापना और परीक्षा मे हेतु और युक्तिवाद का अवलम्बन लना पडता है। इसी से न्याय को तकमाग और युक्तिशास्त्र भी कहा है। जनधम के बारहव दृष्टिवाद अग मे ३६३ मिथ्यामता का स्थापनापूवक खडन किया गया है। न्यायविनिश्चय के प्रारम्भ में श्री अकलक देव ने लिखा है—

बालानां हितकामिनामतिमहापाप पुरोपार्जित ।
माहात्म्यात तमस स्वय कलिबलात प्रायो गुणद्वेषिभि ।।
न्यायोऽय मलिनीकत कथमपि प्रक्षाल्य नेनीयते ।
सम्यग्ज्ञानजलवचोभिरमल तत्रानुकपापर ।।

कल्याण के इच्छक अज्ञजना के पूर्वोपार्जित पाप के उदय से एव स्वय कलिकाल के प्रभाव से गुण द्वेषी एकातवादियो ने न्यायशास्त्र को मलिन कर दिया है। करुणाबुद्धि से प्रेरित हो करके हम उस मलिन किये गये न्यायशास्त्र को सम्यग्ज्ञान रूपी जल से किसी तरह प्रक्षालित करके निर्मल करते हैं। इसी भावना से ही श्री अकलक देव ने छ महीने तक बौद्धों की अधिष्ठात्री तारादेवी से शास्त्रार्थ करके उसे पराजित करके जनधम के स्याद्वाद की विजय पताका लहराई थी। और आज भी वीरप्रभु का अनेकांत शासन जयशील हो रहा है। तीथकर श्री वृषभदेव या महावीर प्रभुने इस जनधर्म की स्थापना नहीं की है,

प्रत्युत सभी तीर्थंकर धर्मतीर्थ के प्रकाशक उपदेशक मात्र होते हैं स्याद्वादमय धर्म तो वस्तु का स्वरूप होने से किसी के द्वारा प्रस्थापित नही है। जैनधम मे वतमान मे दो भेद दिख रहे हैं दिगम्बर और श्वेताम्बर। श्वेताम्बर सप्रदाय मे स्त्रीमुक्ति केवली कवलाहार सवस्त्रमुक्ति आदि माने गये हैं किन्तु दिगम्बर सम्प्रदाय मे स्त्रियो को उसी भव से मुक्ति का निषध केवली के कवलाहार का निषध एव सवस्त्रमुक्ति का निषध किया गया है।

जनधम के मम को समझने के लिये महापुराण पद्मपुराण भद्रबाहुचरित्र आदि प्रथमानुयोग तत्त्वार्थ सूत्र गोम्मटसार त्रिलोकसार षडखडागम आदि करणानुयोग रत्नकरण्डश्रावकाचार वसुनदि श्रावकाचार पुरुषार्थसिद्ध युपाय मूलाचार आचारसार आदि चरणानुयोग एव समाधितत्र पचास्ति काय परमात्मप्रकाश समयसार आदि द्र यानुयोग ऐसे चारो अनुयोगो के ग्र थो का गुरुमुख स पठन स्वाध्याय करना चाहिये।

इस प्रकार से सवदशन के सिद्धान्त की सक्षिप्त समीक्षा की गई है।

ईश्वर सृष्टि कत त्व खण्डन

वशेषिक कहते हैं कि— सदाशिव नाम का एक महेश्वर है जो सदा ही मुक्त है कभी भी कममल से लिप्त नही था अनादिकाल से ही मुक्त है और सम्पूण सृष्टि का कर्ता है यथा—

तनुभुवनकरणादिक विवादाप न बुद्धिमन्निमित्तकम कायत्वात्। यत्कार्यं तद बुद्धिमन्निमित्तक दृष्ट यथा वस्त्रादि। काय चेद प्रकत तस्माद बुद्धिमन्निमित्तक योऽसौ बुद्धिमांस्तद्वतु स ईश्वर इति।

शरीर जगत इन्द्रिय आदि विवाद की कोटि मे आये हुये पदाथ बुद्धिमान निमित्त कारण से हुये हैं क्योकि वे काय ह। जो काय होता है वह बुद्धिमान निमित्त कारण से ही होता है जसे वस्त्रादि। और कार्य प्रकृत शरीर आदि हैं इसलिये बुद्धिमान निमित्त कारण से हुये है। जो बुद्धिमान उनका कारण है वह ईश्वर है। इसलिए यह सिद्ध होता है कि अनादि सिद्ध ईश्वर ही सम्पूण विश्व का बनाने वाला है।

जैनाचार्यों का कहना है कि **तनुभवनकरणादयो न बुद्धिमन्निमित्तका दृष्टकतृकप्रासादादि विलक्षणत्वात आकाशादिवत्।** शरीर जगत् और इन्द्रिय आदि बुद्धिमान कारण जन्य नही हैं क्योकि जिन मकानादि के कर्ता देखे जाते है उनस भिन्न है। जस आकाशादि।

दूसरी बात यह है कि वह ईश्वर सष्टिकर्ता शरीर सहित है या रहित ? यदि रहित कहो तो अन्य मुक्त जीवो के समान वह भी सृष्टि नही बना सकता। यदि शरीर सहित कहो तो वह कर्मसहित होने से अज्ञानी ससारी प्राणी के समान सृष्टि नही कर सकेगा।

इन वैशेषिकों ने एक सदाशिव ईश्वर को सृष्टिकर्ता माना है उसमे ज्ञान इच्छा और प्रयत्न ऐसी तीन शक्तियां मानी हैं। पुन प्रश्न यह भी होता है कि कर्म के बिना इच्छा शक्ति कस होगी ? यदि ज्ञान शक्ति से ही सम्पूर्ण कार्य करना मानो तो भी असंभव है। यदि वैशेषिक कहे कि—

समीहामंतरेणापि यथा वक्ति जिनेश्वर ।
तथेश्वरोऽपि कार्याणि कुर्यादित्यप्यपेशलम ॥१४॥
सति धर्मविशेष हि तीर्थकरत्वसमाह्वये ।
ब्रूयाज्जिनेश्वरो मार्गं न ज्ञानादेव केवलात् ॥१५॥
सिद्धस्यापास्तनि शेष कर्मणो वागसंभवात् ।
बिना तीर्थकरत्वेन नाम्ना नार्थोपदेशना ॥१६॥

जिस प्रकार से आप जैनो का जिनेश्वर बिना इच्छा के मोक्ष माग का उपदेश देता है वसे ही हमारा महेश्वर बिना इच्छा के सृष्टि बनावे क्या बाधा है ? आचाय ने कहा कि भाई ! हमारे जिनेश्वर की तीथकर नामा नाम कम विशेष से उपदेश मे प्रवत्ति होती है और व तीथकर तो कम सहित हैं शरीरसहित हैं। हा ! मोहकम के नष्ट हो जाने से इच्छा रहित अवश्य है। पूर्णकम रहित सिद्धो का उपदेश हम नही मानते हैं।

यदि आप भी ईश्वर के योग विशेष मानो तो शरीर अवश्य मानना पडेगा पुन प्रश्न माला चलती जायगी। वह सष्टि रचने के पहले अपना शरीर बना लेता है या शरीररहित ही सष्टि बनाकर अपना शरीर बनाता है ? यदि कहो ईश्वर स्वय अपना शरीर नही बनाता है वह स्वय बन जाता है तब तो जसे ईश्वर की इच्छा और प्रयत्न के बिना उसका शरीर बन गया वसे ही सारी सृष्टि बन जाव।

यदि ईश्वर अपने पूव शरीर का कर्ता पूव पूववर्ती शरीर से होता है तब तो शरीर परम्परा अनादि सिद्ध होने से अनवस्था दोष आ जाता है एव ससारी प्राणी और ईश्वर म काई अ तर नही दिखता है। कामणशरीर से सहित ही ससारी प्राणी अनादि काल से शरीरो का निर्माण करता चला आ रहा है।

दूसरी बात यह भी है कि उस ईश्वर का ज्ञान नित्य है या अनित्य ? यदि नित्य कहो तो सारे कार्य एक साथ हो जावगे क्योकि ज्ञान सदा काल एक नित्य है अनित्य कहो तो भी अनेको दूषण आते हैं। यहा ईश्वर का ज्ञान व्यापी है या अव्यापी ? स्वसविदित है या अस्वसविदित ?

वह ज्ञान महेश्वर से भि न है या अभि न ? इत्यादि प्रश्न चलते ही रहेंगे।

वैशेषिक महेश्वर के ज्ञान को महेश्वर से भि न मानकर समवाय से महेश्वर को ज्ञानी कहता है तब आचार्य कहते हैं कि यह समवाय एक है तो यह समवाय महेश्वर मे ही ज्ञान को जोड़ अन्यत्र आकाशादि मे नही ऐसा क्यो ? यदि कहो आकाश अचेतन है ईश्वर चेतन है तो भी ठीक नही है क्योंकि आपने ईश्वर को चेतन नही माना है चेतन के समवाय से ही चेतन माना है।

नेशो ज्ञ ता न चाज्ञाता स्वय ज्ञानस्य केवल।
समवायात्सदा ज्ञाता यद्यात्मव स किं स्वत ॥६५॥

यदि कहो कि ईश्वर न ज्ञाता है न अज्ञाता है किन्तु ज्ञान समवाय से ज्ञाता है तब तो बताओ ईश्वर आत्मा है या नही ? तब उसने कहा ईश्वर न आत्मा है न अनात्मा हैं। आत्मत्व के समवाय से आत्मा है। तब तो बताओ उस आत्मत्व समवाय के पहले वह क्या है ? द्रव्य है ? तब वह कहता है कि नहीं। ईश्वर न द्रव्य है न अद्रव्य है द्रव्यत्व के समवाय से द्रव्य है तब प्रश्न होता है कि द्रव्यत्व समवाय के पहले वह सत् रूप तो अवश्य होगा ? उसने कहा नही। ईश्वर न स्वत सत है न असत् है सत्ता के समवाय से सत् है तब तो बडी आफत आ गई सत्ता समवाय के पहले ईश्वर असत् ही रहेगा। अर्थात उस ईश्वर का कुछ भी स्वरूप समझ मे नही आता है। समवाय की सिद्धि तो असभव है। क्योकि जीव में या ईश्वर मे ज्ञान समवाय के पहले व ज्ञानी हैं या अज्ञानी ? यदि ज्ञानी हैं तो समवाय ने क्या किया ? यदि अज्ञानी हैं तो पत्थर आदि अज्ञानी अचेतन मे भी ज्ञान का समवाय क्यो नही होता है अत समवाय सम्बन्ध नाम से तादात्म्य सम्बन्ध मानकर स्वरूप का स्वरूपवान के साथ तादात्म्य ही स्वीकार करना चाहिए अग्नि मे उष्ण का जीव मे ज्ञान का जो तादात्म्य सम्बन्ध है उसे ही समवाय भले ही कह दो।

इसलिए उपयुक्त दोषो के निमित्त से आपका महेश्वर देहसहित कमसहित सवज्ञ एव मोहरहित सिद्ध नही होता है।

दूसरी बात यह है कि वह ईश्वर सृष्टि क्यो बनाता है किसी अन्य पुरुष की प्रेरणा से या दया से क्रीड़ा से या स्वभाव से ?

यदि अन्य से प्ररित होकर बनाता है तब तो उसकी स्वतन्त्रता समाप्त हो जाती है। यदि दया से बनाता है तो उसने दुखी प्राणी को क्यो निर्माण किये ? यदि कहो पापियो को दण्ड देना पडता है तब तो उसने पाप की सष्टि क्यो की ? परम पिता परमकारुणिक ईश्वर पाप और पापीजनो की सृष्टि क बवॆान फिर उन्हें दुख देव यह तो उचित नही है। यदि कहो क्रीडा से सृष्टि का निर्माण करता है तबो तो वह प्रभु महान् कसे रहेगा प्रत्युत क्रीडा प्रिय होने से बालकवत् नादान समझा जावगा। यदि कहो स्वभाव से वह सृष्टि का निर्माण करता है तब तो ईश्वर का स्वभाव नित्य है सदा काल है अत सदा काल एक जैसी सष्टि बनती रहेगी तरह तरह की विचित्रता का अनुभव नही होना चाहिये।

इत्यादि अनेको दोष आते हैं अत ईश्वर को अनादि सिद्ध एव सष्टि का कर्ता मानना अनुचित है। यह ससारी प्राणी अनादि काल से कम सहित होने से स्वय ही पुण्य पाप का कर्ता है और भोक्ता है। जब पुरुषाथ से कर्मों का भेदन कर देता है तो ईश्वर महेश्वर ब्रह्मा महात्मा परमात्मा सिद्ध शिव अक्षय अच्युत आदि अनेको नाम से पूज्य बन जाता है।

सांख्य की आप्त समीक्षा

'कपिल एव मोक्षमार्गस्योपदेशक क्लेशकर्मविपाकाशयानां भेत्ता च रजस्तमसोस्तिरस्करणात ।

[आप्त प पृ १५६]

कपिल ही मोक्ष माग का उपदेशक तथा क्लेश कम विपाक और आशयो का भेद करने वाला है, क्योकि उसके रज और तम का सवथा अभाव है। यह कथन सांख्यो का है। इस पर आचार्य कहते हैं कि कपिल सवज्ञ नही है क्योकि वह स्वय अपने ज्ञान से सर्वथा भिन्न है इसलिये सर्वज्ञ नही है। सांख्य का कहना है कि मुक्त होना ससारी होना पुरुष का धर्म नही हैं। प्रधान के ही ससारीपना मुक्तपना ज्ञान और सुख का होना सभव है।

प्रधान ज्ञत्वतो मोक्षमागस्यास्तूपदशकम।
तस्यव विश्ववविस्वात भेवित्वात कमभूभृताम् ॥८ ॥
इत्यसभाव्यमेवास्याचेतनत्वात पटादिवत।
तदसंभवतो नूनमन्यथा निष्फल पमान ॥८१॥
भोक्तात्मा चेत्स एवास्तु कर्ता तदविशषत।
विरोध तु तयोर्भोक्ति स्यादभुजो कत ता कथ ॥८२॥

प्रधान ही मोक्ष माग का उपदेशक है क्याकि वह ज्ञानी है और ज्ञानी इसलिये है कि वह विश्व वेदी-सवज्ञ है तथा सवज्ञ भी इसलिये है कि कम पवतो का भेत्ता है। जैनाचाय कहते है कि साख्यो का यह मत असभव है क्योकि वह प्रधान वस्त्रादि की तरह अचेतन हैं। इसलिय प्रधान को कर्मा का नाशक विश्वज्ञानी मोक्षमाग का उपदेशकत्व आदि मानना असम्भव है। यदि मानोग तो पुरुष की कल्पना ही व्यथ हो जावेगी। अगर कहो कि पुरुष भोक्ता है तब तो वही कर्ता भी हावे क्योकि कतृ त्व और भोक्तृत्व दोनो एक जगह सभव है। यदि क्रिया के कर्तापने का विरोध कहा जावे तो भोक्ता पुरुष भज क्रिया का कर्ता कसे रहा ? आश्चय तो इस बात का है कि प्रधान सवज्ञ है और मुमुक्षु जन स्तुति पुरुष की करते हैं। तात्पय यह है कि कपिल ने ज्ञान के आश्रय भूत प्रधान के ससग से ही ज्ञान माना है वह पुरुष स्वय तो ज्ञान रहित है किंतु यह सिद्धात सवथा गलत है अचेतन म ज्ञान हो और उसके ससर्ग से ससार मे पुरुष ज्ञानी बन एव मुक्त मे अज्ञानी रह यह कल्पना गलत है अत ज्ञानदशन स्वरूप पुरुष विशेष ही कर्मो का नाशक विश्व का ज्ञाता सवज्ञ और मोक्ष माग का उपदेष्टा आप्त है किंतु कपिल आप्त नही है।

बुद्ध की आप्त समीक्षा

सुगत ही सवज्ञ है क्योकि वह सपूण तृष्णा से रहित है एव सपूण गत सुगत अथवा शोभन गत सुगत यदि वा सुष्ठुगत सुगत इस नियम मे जो सपूणता को प्राप्त है या शोभन अवस्था को प्राप्त है या अच्छी गति को प्राप्त है वह सुगत है एव उस सुगत की जगत के लिये महती कृपा है बुद्धो भवेयम् जगते हिताय मैं जगत् का हित करने के लिये बुद्ध होऊ इत्यादि भावना से ही बुद्ध भगवान् सच्चे आप्त हैं और मोक्ष मार्ग का उपदेश देते हैं। यह सौगतो का कहना है किंतु जैनाचाय उत्तर देते हैं कि—

सुगतोऽपि न निर्वाणमार्गस्य प्रतिपादकः ।
विश्वतत्त्वज्ञतापायात् तत्त्वतः कपिलादिवत् ॥८४॥
संवृत्या विश्वतत्त्वज्ञः श्रेयोमार्गोपदेश्यपि ।
बुद्धो वन्द्यो न तु स्वप्नस्तादृगित्यज्ञचेष्टितं ॥८५॥

सुगत भी मोक्ष मार्ग का उपदेशक नही है क्योकि वास्तव मे उसके सवज्ञता नही है जैसे कपिल आदि में नही है ॥ यदि कहो बद्ध संवृति-कल्पना से सवज्ञ है और मोक्ष माग का उपदेष्टा भी है। फिर भी संवति से सवज्ञ होते हुये भी बुद्ध भगवान तो वंदनीक होव और कल्पित स्वप्न आदि वद्य न होवें यह क्यो ? यह तो अज्ञानी का ही पक्षपात है।

आपके द्वारा मानी गई तत्त्व व्यवस्था ही ठीक नही है पुन उसके उपदेशक बद्ध सवज्ञ कसे होगे ! आपके यहा प्रत्येक पदाथ को प्रतिक्षण विनाशी एव परमाणु रूप मानते हैं। जो कि प्रत्यक्षज्ञान से अनुभव में नही आते ह।

इन बौद्धो मे योगाचार बौद्ध केवल विज्ञानमात्र तत्त्व को मानत है बाह्य पदार्थों को नही मानते हैं। उनकी इस मान्यता से सुगत की सिद्धि ही असभव है क्योकि ज्ञान से भिन्न सुगत को मानन स द्व त आता है और सवत्ति से सुगत की कल्पना करने स वह स्वप्न के सदृश होने स नमस्कार योग्य नही रहता। तथव चित्राद्वैतवादी की मान्यता भी गलत है क्योकि चित्र ज्ञान भी कह और उस एक अद्व त भी कह यह असभव हैं। चित्रज्ञान का अथ ही है अनक ज्ञान न कि एक ज्ञान। यदि आप कह कि क्षणभगुर वस्तु मे और अद्व त मे जो स्थायी रहना या द्व त रूप दिखना है वह सवति मात्र है। तब तो आपका बुद्ध भी कल्पना स ही सवज्ञ होगा पुन वास्तव मे सवज्ञ न होने स कल्पित-असत्य मान्यता अपने आप मे कल्पित असत्य ही है।

ब्रह्माद्वैतवादी के ब्रह्म की समीक्षा

ब्रह्माद्वतवादी इस जगत को एक परम ब्रह्म स्वरूप मानते हैं उस ब्रह्म की ही उपासना करते हैं। ये लोग प्रत्यक्ष अनुमान और आगम से ब्रह्म की सिद्धि कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रत्यक्ष प्रमाण तो उस ब्रह्म का ग्राहक है ही क्योकि आख खोलने के अनतर सवविकल्पो से रहित शुद्ध सत्तामात्र ब्रह्म ही झलकता है। अनुमान भी परम ब्रह्म को ही सिद्ध करता है। ग्रामारामादय पदार्था प्रतिभासान्त प्रविष्टा· प्रतिभासमानत्वात्। यत्प्रतिभासते तत्प्रतिभासान्त प्रविष्टम यथा प्रतिभासस्वरूपम्। प्रतिभासंते च विवादापन्ना· इति ग्राम और उद्यान आदि सभी दिखलाई देने वाले पदाथ प्रतिभास परम ब्रह्म के अत प्रविष्ट हैं क्योकि वे प्रतिभासमान होते हैं। जो प्रतिभासित होता है वह सब प्रतिभास के अत·प्रविष्ट है जसे कि प्रतिभास का स्वरूप । विवादापन्न ग्राम और उद्यान आदि प्रतिभासित होते है इसलिये वे सभी परमब्रह्म के ही स्वरूप हैं। इस परमब्रह्म को सिद्ध करने के लिये श्रुति वाक्य भी अनेकों पाये जाते हैं।

सब व खल्विद ब्रह्म नेह नानास्ति किंचन ।
आराम तस्य पश्यति न त पश्यति कश्चन' ।।

सभी दश्यमान पदाथ ब्रह्म स्वरूप हैं इससे भि न जगत मे नाना पदाथ कुछ नही हैं। हम सभी लोग उस ब्रह्म की पर्यायो को ही देखते हैं किंतु उसे कोई नही देखते हैं ।। इत्यादि रूप से ब्रह्मवादी अपना पक्ष स्थापित करते हैं। अब आचार्य कहते है कि आपने जो परमब्रह्म को प्रत्यक्ष का विषय कहा है वह गलत हैं क्योकि विशेष से निरपेक्ष सामान्य मात्र का प्रत्यक्षज्ञान से अनुभव होना ही अशक्य है। जो आपने अनुमान से ब्रह्म को सिद्ध किया है उसमे प्रश्न यह होता है कि प्रतिभासित होने वाले धर्मी हेतु दृष्टात आदि प्रतिभासरूप ब्रह्म के अत प्रविष्ट होकर (भीतर घुसकर) प्रतिभासित होते हैं या ब्रह्म से बहिभूत रहकर ही प्रतिभासित होते हैं ? यदि अदर होकर प्रतिभासित होते है तब तो अनुमान नहीं बनेगा। अनुमान मे साध्य हेतु उदाहरण अवश्य होने से द्वत आ जावेगा। यदि बहिभत होकर प्रतिभासित होते है कहो तो स्पष्ट ही द्वत हो गया। आपने अद्वत को सिद्ध करने के लिये अनुमान बनाया उसने द्वत को ही सिद्ध कर दिया।

आगम आदि भी ब्रह्म से भि न है या अभिन्न ? इत्यादि विकल्प उठते रहने से आपका ब्रह्माद्वत सिद्ध नही होगा। एव उस ब्रह्म से सृष्टि की मान्यता कहना तो बिल्कुल ही असभव है। एक परमब्रह्म रूप चत य आत्मा से अनेको चेतन अचेतन रूप जगत को उत्पन्न हुआ मानना गलत है। अत परमब्रह्म को आप्त भगवान कहना सवथा गलत है।

उपसहार—इस प्रकार महेश्वर कपिल सुगत और परमब्रह्म इनके सवज्ञत्व और आप्तपने का अभाव होने से मोक्षमाग का प्रणयन नही बनता है और जो सवज्ञ हैं कम पवतो के भेत्ता हैं मोक्ष माग के प्रणता हैं वे अहत ही है वे ही सच्च आप्त है।

चार्वाक—

चार्वाक कहता है कि कोई पुरुष सवज्ञ है यह बात किसी प्रमाण से सिद्ध नही हैं। आगम प्रमाण से सवज्ञ का अस्तित्व बतलाना योग्य नही है क्योकि जब सवज्ञ का अस्तित्व सिद्ध नही तब उसका कहा हुआ आगम कसे होगा ? एव असवज्ञप्रणीत आगम से सवज्ञ को सिद्ध करना गलत है क्योकि अल्पज्ञ का कहा हुआ आगम प्रमाणिक नही है। प्रत्यक्ष प्रमाण से भी सवज्ञ का ज्ञान नही होता है क्योकि इस समय यहा सवज्ञ नही है यह बात प्रत्यक्ष से स्पष्ट है। अनुमान से भी सवज्ञ का ज्ञान नही होता क्योकि सर्वज्ञ के साथ जिसका अविनाभाव हो ऐसा कोई साधन नही है अत कोई पुरुष तीर्थंकर आप्त सवज्ञ भगवान नही है। न उनके द्वारा कथित आत्मा और परलोक आदि ही हैं।

इसपर जनाचाय कहते हैं कि आज भले ही इद्रिय प्रत्यक्ष से यहां पर सवज्ञ न हो फिर भी सवज्ञ के प्रतिपादक आगम एव अनुमान सिद्ध हैं यथा— कश्चित पुरुष सकलपदाथसाक्षात्कारी, तद्ग्रहणस्व भावत्वे सति प्रक्षीणप्रतिबधप्रत्ययत्वात यद् यद् ग्रहणस्वभावत्वे सति प्रक्षीणप्रतिबधप्रत्यय तत् तत्

सकलपदार्थसाक्षात्कारी यथा अपगततिमिरं लोचनं रूपसाक्षात्कारि तथा चायं पुरुष तस्मात्सकलपदार्थ साक्षात्कारी इति [विश्वत प्र पृ ४]

कोई पुरुष सम्पूर्ण पदार्थों का साक्षात्कार करने वाला अवश्य है क्योकि उसके पदार्थों का ग्रहण स्वभाव होने से ज्ञान के प्रतिबधक कारण नष्ट हो चुके हैं। जो-जो पदाथ के ग्रहण स्वभाव वाला होने पर प्रतिबधक कारण से रहित है वह वह सकल पदार्थों को साक्षात करने वाला है जसे तिमिर दोष से रहित नेत्र रूप का साक्षात्कार करने वाले है और उसी प्रकार से यह कोई पुरुष है इसीलिय सम्पूर्ण पदार्थों को साक्षात् करने वाला है।

दूसरी बात यह है कि जब चार्वाक प्रत्यक्ष से सारे विश्व को देखकर आवे कि कोई सर्वज्ञ नही है तभी वह निणय दे सकता है कि विश्व मे कही भी कोई पुरुष सवज्ञ नही है अ यथा सारे विश्व को देखे बिना कसे निर्णय देगा ? और जब सारे विश्व को देखकर आयेगा तब वही तो सवज्ञ बन जायेगा क्योकि जो सारे विश्व को जाने वह सर्वज्ञ है। पुन सवज्ञ का निषध वह कसे करेगा अर्थात् नही कर सकेगा।

मीमांसक —

मीमासक भी यही कहते हैं कि अतीन्द्रियदर्शी कोई भी सवज्ञ नही है अत नित्य वेदवाक्यो से ही अतीन्द्रिय पदार्थों का ज्ञान होता है किन्तु जनाचार्यों ने इन मीमासको के मत की भी मीमांसा करके सवज्ञ की सिद्धि की है।

कुमारिल भट्ट कहता है कि — **धमज्ञत्वनिषेधस्तु केवलोऽत्रोपयुज्यते। सवमन्यद विजानान परुष केन वायते** अर्थात् हम तो मनुष्य का केवल धमज्ञ होने का निषध करते हैं। धम को छोडकर यदि मनुष्य सबको भी जान ले तो कौन मना करता है ? मतलब यह है कि ये मीमासक किसी को सब कुछ जाननें वाला कहकर भी धमज्ञ का निषध कर देते हैं इनको वेद के द्वारा अतीन्द्रिय पदार्थों का ज्ञान होना सिद्ध करना है क्योकि ये क्रियाकाडी लोग वेद को अपौरुषय कहकर उसकी प्रमाणता को सिद्ध करने मे बहुत ही प्रयत्नशील हैं। खर ! सूक्ष्म अ तरित दूरवर्ती आदि पदार्थों का साक्षात्कार करने वाला अतीन्द्रिय धर्म अधर्म आदि सभी को स्पष्ट करने वाला सवज्ञ अवश्य है।

अकलकदेव ने सवज्ञत्व के साधन मे अनेको युक्तियो के साथ एक युक्ति बहुत विशेष दी है कि सर्वज्ञ के सद्भाव में कोई बाधक प्रमाण नही हैं अत उसका अस्तित्व होना ही चाहिए एव दूसरी युक्ति यह दी है कि— **ज्ञस्यावरणविच्छेदे ज्ञ य किमवशिष्यते। अप्राप्यकारिणस्तस्मात् सर्वार्थावलोकनम्॥**

[न्यायविनिश्चय]

आत्मा 'ज्ञ —ज्ञाता है और उसके ज्ञानस्वभाव को ढकने वाले आवरण दूर होते हैं। अत आव रणो के विछिन्न हो जाने पर ज्ञस्वभाव आत्मा के लिये फिर ज्ञय-जानने योग्य क्या रह जाता है ? अर्थात

कुछ भी नहीं। अप्राप्यकारी ज्ञान से सकलार्थ परिज्ञान होना अवश्यंभावी है। इसलिये सर्वज्ञ का अस्तित्व सिद्ध है।

तात्पर्य यह है कि चार्वाक शून्यवादी और मीमांसक सर्वज्ञ का अस्तित्व ही नही मानते हैं एव सांख्य बौद्ध वैशेषिक वेदांती ईश्वर का अस्तित्व मानते हैं किन्तु उनकी मान्यताय सुघटित नही है इसलिए सबका निराकरण करते हुये जैनाचार्य युक्तिपूवक सवज्ञ की सिद्धि कर रहे हैं।

जैन—

सोऽर्हन्नेव मुनीन्द्राणां वद्य समवतिष्ठते।
तत्सद्भाव प्रमाणस्य निर्बाध्यस्य विनिश्चयात् ॥८७॥
ततोऽन्तरिततत्त्वानि प्रत्यक्षाण्यर्हतोऽञ्जसा।
प्रमेयत्वाद्यथास्मादक प्रत्यक्षार्था सुनिश्चिता ॥८८॥ [आप्तपरीक्षा]

जो सवज्ञ हैं कम पवतो के भेत्ता हैं मोक्षमाग के प्रणता हैं वे अर्हंत ही हैं और इसीलिये वे ही मुनीश्वरो के वदनीय प्रसिद्ध हैं क्योकि सर्वज्ञ का अस्तित्व सिद्ध करने के लिय अबाधित और निश्चित प्रमाण पाय जाते हैं। एव ईश्वर आदि सर्वज्ञ नही हैं इसलिये सूक्ष्मादि अन्तरित पदाथ अर्हंत के परमार्थत प्रत्यक्ष हैं क्योकि वे प्रमेय है जसे हम लोगो के द्वारा जाने गये प्रत्यक्ष पदाथ।

शका— आत्मा का इन्द्रियो के साथ समीचीन सम्बन्ध होने पर जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह प्रत्यक्ष है। अत हम लोगो का प्रत्यक्ष ज्ञान उन देशकाल और स्वभाव से अन्तरित (दूरवर्ती) पदार्थों को नही जानता है अत धर्मी असिद्ध होने से हेतु आश्रयासिद्ध है।

समाधान—नही क्योकि स्फटिक आदि अन्तरित कितने ही पदार्थों का सदभाव हम लोग देखते हैं। और दीवाल आदि से ढकी हुई अग्नि आदि को भी धूमादि हेतु से निश्चित कर लेते हैं। काल से अन्तरित वर्षा आदि को भी विशिष्ट मेघ आदि के द्वारा जानते हैं तथा स्वभाव से अन्तरित इन्द्रिय शक्ति आदि कितने ही पदाथ अर्थापत्ति से सिद्ध होने से धर्मी प्रसिद्ध है अत हेतु आश्रयासिद्ध नही है।

शका—आप अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष से अन्तरित पदार्थों को अहत के सिद्ध करते हो या इंद्रिय प्रत्यक्ष से ?

समाधान— अहत भगवान इन्द्रिय प्रत्यक्ष से धर्मादिक सूक्ष्म पदाथ एव सुमेरु आदि दूरवर्ती पदार्थों को जानने मे समथ नही है। अत अतीन्द्रिय प्रत्यक्ष स ही जानते हैं।

शका—जो अहत के प्रत्यक्ष नही है वह प्रमेय नही है जसे प्रत्यक्ष से बहिर्भूत मिथ्या एकान्त।

समाधान— जो मिथ्या एकान्त ज्ञान हैं वे सभी परमागम और अनुमान से हम लोगो के प्रमेय हैं और अहत के प्रत्यक्ष हैं अत वे विपक्ष नही है।

शका—धर्मादिक पदाथ किसी के प्रत्यक्ष नही हैं क्योकि सदैव अत्यन्त परोक्ष हैं। जो किसी के प्रत्यक्ष हैं वे सदैव अत्यन्त परोक्ष नही हैं। जैसे घटादिक पदार्थ।

समाधान—"अक्ष्णोति व्याप्नोति जानाति इति अक्ष आत्मा अर्थात् जो व्याप्त करे जाने उसे अक्ष कहते हैं और अक्ष नाम आत्मा का है। अत आत्मा के आश्रय स जो ज्ञान उत्पन्न होता है उस प्रत्यक्ष कहते हैं। अर्हंत का प्रत्यक्ष मुख्य प्रत्यक्ष है वह सम्पूर्ण द्रव्य और पर्यायो को विषय करने वाला है। क्योंकि वह क्रम रहित है। और वह क्रम रहित इसीलिए है कि उसमे मन तथा इन्द्रिय की अपेक्षा नहीं है। इन्द्रिय मन की अपेक्षा भी इसीलिए नही है कि वह समस्त दोष रहित है तथा मिथ्यात्व अज्ञानादि दोषो से रहित भी इसीलए है कि वह इन दोषो के कारण भूत मोहनीय ज्ञानावरण दर्शना वरण तथा अन्तराय इन चार कर्मों का नाश कर चुके हैं जो दोष रहित नही है वह कम रहित भी नहीं है जैस हम लोगो का प्रत्यक्ष। मोहादि कम रहित अर्हंत का प्रत्यक्ष है इस कारण वह समस्त दोष रहित है।

शंका—अर्हंत के मोहादि का नाश कसे सिद्ध है?

समाधान—अहृत के मोहादि चार कर्मों के कारणभूत मिथ्यात्व आदि के प्रतिपक्षियो का प्रकष देखा जाता है। यथा—मोहादि चार कम किसी आत्मा विशेष मे सवथा नष्ट हो जाते हैं क्योकि जहा उनके कारणो के प्रतिपक्षी का प्रकष पाया जाता है वहा उसका नाश हो जाता है। जसे आख का तिमिरदोष।

मोहादि चार कर्मों के कारणो के प्रतिपक्षियो का प्रकष केवली मे पाया जाता है इस कारण वहा उनका सर्वथा नाश हो जाता है।

शंका—मोहादि चार कर्मों का कारण क्या है?

समाधान—मिथ्यादशन मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्र ये तीनो मोहादि चार कर्मों के कारण हैं।

शंका—मिथ्यादशनादि के प्रतिपक्ष (विरोधी) क्या ह?

समाधान—सम्यग्दशनादि तीन मिथ्यादशन आदि तीन के विरोधी हैं। क्योकि उनके प्रकर्ष होने पर उन मिथ्यादर्शन आदि की हानि देखी जाती है। जिसके प्रकष में जिसका अप्रकष देखा जाता है वह उसका विरोधी है। जैसे—ठढ का प्रतिपक्षी अग्नि है एव सम्यग्दशन आदि तीनो वृद्धिगत होने वाले है।

जो बढ़ने वाला है वह कही पर प्रकर्ष के अन्त को प्राप्त होता है। जैसेपरिमाण परमाणु से लेकर आकाश में चरम सीमा को प्राप्त है। अतएव सम्यग्दशनादि के पूर्ण प्रकष को प्राप्त होने पर मिथ्या दर्शन आदि अत्यन्त नाश को प्राप्त हो जाते हे। उनके नाश होने पर मोहादि चार कर्मों का अत्यन्त क्षय होने से अर्हंत भगवान् दोष रहित सर्वज्ञ वीतराग सिद्ध हो जाते हे। और मिथ्या एकांतों का अभाव तो अनेकांत की सिद्धि से ही हो जाता है।

शंका—अर्हंत सर्वज्ञ नहीं है क्योंकि वह वक्ता है पुरुष है जैसे ब्रह्मा वगैरह।

समाधान—ज्ञान के बढ़ने पर वक्तापन की हानि नहीं देखी जाती है। अत वक्तापन सर्वज्ञता का

विरोधी नहीं है । सवज्ञ का जो समस्त पदार्थों को विषय करने वाला वक्तापन है वह युक्ति एव शास्त्र से अविरोधी सिद्ध है । तथा स्पष्ट है कि समस्त अज्ञानादि दोष रहित पुरुषपना परमात्मा सर्वज्ञ में सिद्ध होता हुआ समस्त ज्ञानादि गुणो के परम प्रकर्ष की प्राप्ति को ही सिद्ध करता है । अत आपका अनु मान सवज्ञ का बाधक नही है ।

दूसरी बात यह है कि सवज्ञ के अभाव को सिद्ध करने वाला कोई व्यक्ति पहले तीनो लोको में एव तीनो कालो मे सबको देख कर यह निणय करे कि कोई भी सवज्ञ नही है तब तो वह स्वयं ही तीनो लोको एव तीनो कालो का जान लेने से सवज्ञ सिद्ध हो जाता है । यदि उसने तीनो लोको एव तीनों कालो को नही जाना तब वह यह निगय ही कसे करेगा कि तीनो जगत मे सवज्ञ नहा है । अत आप सवज्ञ का अभाव सिद्ध नही कर सकते है ।

शका— कम काय कारण रूप प्रवाह से प्रवतमान हैं इसलिए व अनादि है । उनका विनाशक कारण न होने से कोई सवज्ञ भी कम पवत का भेत्ता नही हो सकता है ?

समाधान—नही क्योकि अहन मे विराधी सम्यग्दशन आदिका की वद्धि चरम सीमा को प्राप्त हो जाती है तब प्रवाहरूपमेअनादि हाने पर भी कर्मों का सवथा नाश हो जाता है । बीजाकुर की अनादि सतान भी प्रतिपक्षी अग्नि से जलकर खाक हुई देखी जाती है ।

शका—कम पवता का विपक्ष क्या है ?

समाधान—आगामा कर्मों का विपक्ष सवर है और सचित कर्मों का विपक्ष तप से होन वाली निजरा है । अर्थात् कर्मो के आन क द्वार का रुक जाना सवर है । और कर्मों के वे द्वार पाँच हैं—

(१) मिथ्यात्व (२) अविरति (३) प्रमाद (४) कषाय (५) योग । इनके हाने पर कम आते हैं अत ये आश्रव है । आस्रव का निराध सपूणतया ता गुप्तिया मे हाता है । एक देश रूप समिति धर्म परीषहजय अनुप्रक्षा और चारित्र म हाता है । और सपूण रूप से योग निरोध रूप सवर तो अयोग केवली के अतिम समय म हाता है क्योकि वही समस्त कर्मों के निरोध का कारण है । इसीलिए अयोग केवली के अतिम समयवर्ती सम्यग्दशन आदि तीनो साक्षात् माक्ष के कारण माने जाते हैं । निर्जरा भी दो प्रकार की है —

(१) अनुपक्रमा (२) औपक्रमिकी ।

अनुपक्रमा निजरा तो यथा समय हर एक ससारी जीवो मे पाई जाती है और औपक्रमिकी बारह प्रकार के तपो से प्राप्त (सिद्ध) होती है । अत सवर और निजरा से कर्मों का अत्यन्त अभाव हो जाता है ।

शका—कम पवत क्या हैं ?

समाधान—कम के दो भद हैं—द्रव्य कम और भाव कर्म ।

जीव के जो द्रव्य कम हैं वे पौद्गलिक हैं उनके अनेक भेद हैं । और जो भाव कर्म हैं वे आत्मा के चैतन्य परिणाम रूप हैं क्योकि आत्मा से कथचित अभिन्न हैं वे औपाधिक हैं ।

ये द्रव्य भाव कर्म ही पर्वत नाम से कहे जाते हैं। उनको जीव से पृथक करना ही उनका भेदन है।

शंका—ज्ञानावरण दर्शनावरण मोहनीय अतराय ये चार घातिया कर्म जीव के अनतज्ञान अनंतदर्शन अनतसुख अनतवीर्य रूप गुणो के घातक हैं। किंतु नाम गोत्र वदनीय और आयु ये चार कर्म जीव के स्वरूप के घातक न होने मे अघाति कर्म कम नही हैं क्योकि ये परतत्रता के कारण नहीं हैं।

समाधान—नही। नामादि अघाति कम भी जीव के स्वरूप सिद्धत्व रूप के प्रतिबधक हैं अत परतत्रता के कारण प्रसिद्ध ही है।

शका—पुन इन्हे अघाति क्यो कहा है ?

समाधान—य जीव मुक्त उत्कृष्ट आर्हंत्य लक्ष्मी अनन्त चतुष्टयादि विभूति के घातक नही हैं इसी लिए इन्हे हम अघाति कम कहते ह।

शका—कर्म धम अधम रूप हैं और व आत्मा के गुण हैं अत कम औदयिक एव पुदगल रूप नही ह।

समाधान—यदि कम आत्मा के गुण हैं तो आत्मा की परतत्रता मे कारण नही हो सकते ह और इस तरह आत्मा के कभी भी बध न हो सकन स उसके मुक्ति का प्रसग आ जावगा किंतु ऐसा है नही।

शका— मोक्ष का स्वरूप क्या है ?

समाधान—समस्त कर्मों की सवर और निजरा होकर जो अपने स्वरूप का लाभ होता है उसे ही आस्तिक पुरुषो ने मोक्ष कहा है। क्योकि आत्मा का स्वरूप अनत चतुष्टय आदि रूप है न कि अचेतन रूप।

शका—मोक्ष मार्ग क्या है ?

समाधान—मोक्ष की प्राप्ति का उपाय सम्यग्दशन सम्यग्ज्ञान और सम्यग्चारित्र की एकता ही है। और चौदहवे गुणस्थान के अन्त मे परम शुक्ल ध्यान रूप तपोविशेष जो कि चारित्र के अतगत है उसकी पूर्ति होने पर ही मोक्ष होता है रत्नत्रय की पूणता चौदहव गुणस्थान के अन्त मे ही होती है अत तीनों की एकता ही मोक्ष माग है।

अत मोक्ष मे ज्ञानादि गुणो का उच्छेद नही होता है प्रत्युत अनत ज्ञान अव्याबाध सुखादि गुणो की पूर्ण प्रगटता हो जाने से यह जीव कृतकृत्य सिद्ध हो जाता है इस प्रकार स अर्हंत में सर्वज्ञता की सिद्धि बाधित होती है अन्यत्र नहीं होती है।

इस प्रकार आप्तकी समीक्षा करते हुये अर्हंत को ही आप्तता सिद्ध होती है।

तत्त्व समीक्षा

तत्त्व विचार

चार्वाक पृथ्वी जल अग्नि और वायु इन चार भूतो को ही चार तत्त्व मानता है इन भूत चतुष्टय से ही आत्मा इन्द्रिय ज्ञान और मन आदि की उत्पत्ति मानता है इसलिए जडवादी है।

बौद्ध कहता है कि आकाश चित्त सतान की उत्पत्ति तथा चित्तसतान की उच्छित्ति ये तीन तत्त्व असस्कृत तथा नित्य हैं। बाकी सब तत्त्व सस्कृत क्षणिक कर्ता से रहित हैं। [विश्व तत्त्व पृ २८५]

एवं इनके यहा रूप वेदना विज्ञान सज्ञा और सस्कार ये पाच स्कध माने गये हैं इन पांच स्कधो से ही सब काय होते हैं। और ता क्या इनके समूह से ही इन्होने आत्मा की उत्पत्ति मानी हैं। जब तक इनकी समष्टि रहती है तभी तक मनुष्य का अस्तित्व रहता है। इस सघात के अतिरिक्त आत्मा नाम की कोई वस्तु नही है। [भारतीयद पृ ६]

सांख्य—

साख्य के यहा पच्चीस तत्त्व हैं—प्रकृति प्रकृति से महान (बुद्धि) बुद्धि से अहंकार अहकार से सोलह तत्त्व—पाच ज्ञानेंद्रिय—स्पशन रसना घ्राण चक्ष श्रोत्र पाच कर्मेंद्रिय—वायु उपस्थ वाणी हस्त पाद एव मन ये ग्यारह इन्द्रिया एव रूप रस गध स्पश और शब्द ये पांच तन्मात्राए ऐसे सोलह गण हैं। इन पाच तन्मात्राओ से पृथ्वी जल अग्नि वायु और आकाश ये पाच महाभूत होते हैं। ऐसे ये प्रकृति महान अहकार सोलह गण पाच महाभूत मिलकर चौबीस तत्त्व हुये ये अचेतन हैं एवं पुरुष तत्त्व चेतन है। ये चतन-अचेतन मिलकर पच्चीस तत्त्व होते हैं।

नयायिक—

नयायिक के मत मे सोलह पदाथ या तत्त्व हैं—

प्रमाण प्रमेय सशय प्रयोजन दृष्टान्त सिद्धान्त अवयव तक निर्णय वाद जल्प वितण्डा हेत्वाभास छल जाति एव निग्रहस्थान ये सोलह तत्त्व हैं। इनके भी भेद प्रभेद अनेक हैं।

वैशेषिक—

वशेषिक मत मे द्रव्य गुण कम सामान्य विशेष समवाय और अभाव ये सात पदाथ हैं। इनमें से द्रव्य के नव भेद गुण के २४ कर्म के ५ भेद आदि पाये जाते हैं।

मीमांसक के दो भेद हैं प्राभाकर और भाट्ट।

प्राभाकर आठ पदाथ मानते हैं—

द्रव्य गुण कम, सामान्य परतन्त्रता शक्ति सादृश्य और सख्या।

भाट्टों ने पांच पदाथ माने हैं-द्रव्य गुण कर्म सामान्य और अभाव।

भाट्ट ग्यारह द्रव्य मानते हैं—पृथ्वी जल अग्नि, वायु, आकाश दिशा, काल, आत्मा, मन, अधकार और शब्द।

वेदान्ती—

वेदान्ती लोग ब्रह्मवादी हैं—ये लोग "सर्व वै खल्विदं ब्रह्म" इस कथन से 'एक ब्रह्ममात्र' ही तत्त्व मानते हैं, अन्य कुछ भी नहीं मानते। उनका कहना है कि जगत् में जितने भी चेतन अचेतन पदार्थ हैं वे सब ब्रह्मा से ही उत्पन्न हुये हैं इत्यादि।

जैन—

जैनाचार्यों ने इन सबकी मान्यता का न्यायदर्शन मे निराकरण किया है। देखिये ! चार्वाक के द्वारा मान्य भूत चतुष्टय से विजातीय चैतन्य स्वरूप आत्मा की उत्पत्ति असभव है।

बौद्धों द्वारा मान्य भी पाच स्कधो से चेतन अचेतन कार्य मानना नितात गलत है।

सांख्य के पच्चीस तत्त्वो में महान् शब्द से बुद्धि को लेकर उसे प्रकृति अचेतन से उत्पन्न होना कहा है और पुरुष को अकर्ता मानकर एकात से अकेली जड प्रकृति को ही सारे विश्व का कर्ता कहा है यह ठीक नहीं है।

नैयायिक के द्वारा मान्य सोलह पदार्थों में संशय प्रयोजन दृष्टान्त छल हेत्वाभास जल्प वितण्डा आदि को पदाथ मे शामिल करना गलत है।

वैशेषिक के सात पदार्थों में कर्म समवाय आदि चीजें पदाथ नही हैं। गुण धम सबध क्रिया आदि को पदाथ कहना ठीक नही है।

मीमांसक ने तो परत त्रता अधकार सदृशता आदि को भी पदार्थ कह दिया है। वास्तव मे अधकार आदि पदाथ न होकर पर्याय हैं।

वेदांती के द्वारा मान्य एक ब्रह्मतत्त्व तो असभव ही है। अत जैनाचार्यों द्वारा मान्य द्रव्य छह हैं—

जीव, पुद्गल धर्म अधर्म आकाश और काल। तत्त्व सात हैं—जीव अजीव, आस्रव बध सवर निर्जरा और मोक्ष। इन्ही तत्त्वो मे पुण्य पाप मिला देने से नव पदार्थ बन जाते हैं।

आत्मसमीक्षा

आत्मा का विचार

चार्वाक—आत्मा का पृथक रूप से अस्तित्व स्वीकार नहीं करते हैं इनका कहना है कि भूत चतुष्टय से आत्मा का जन्म हुआ है। मरने के बाद आत्मा कोई चीज नहीं है अत परलोक गमन पुण्य पाप आदि कार्य ये लोग नहीं मानते है इसीलिये ये नास्तिक' कहलाते हैं। वास्तव मे स्वय अपनी आत्मा के अस्तित्व को न मानकर उसका घात करना महा मूढ़ता है।

बौद्ध—

'विज्ञान स्कंध चित्त हैं इसी को आत्मा कहते हैं' [सर्व द पृ १६] विज्ञान क्षणो का नाम आत्मा

है। काय चित्त और विज्ञान के समूह को आत्मा कहते हैं। मनुष्य एक समष्टि का नाम है जिस तरह चक्र धुरी नेमि आदि के समूह को रथ कहते हैं उसी तरह बाह्य रूप युक्त मानसिक अवस्थायें और रूपहीन सज्ञा (विज्ञान) के समूह या सघात को मनुष्य कहते हैं। जब तक इनकी समष्टि कायम रहती है तभी तक मनुष्य का अस्तित्व रहता है। जब यह नष्ट हो जाती है तब मनुष्य का भी अंत हो जाता है। इस सघात के अतिरिक्त आत्मा नाम की कोई वस्तु नही है। अन्य दृष्टि से मनुष्य पाँच प्रकार के परिवतनशील तत्वो का एक सग्रह है। इसे पच स्कध कहते हैं उनके नाम हैं रूप वेदना सज्ञा सस्कार और विज्ञान । [भारतीयद ६] बौद्ध की यह कल्पना भी कल्पित होने से गलत है।

सांख्य—

सांख्य आत्मा को चेतन पुरुष मानते है एव कूटस्थ नित्य निरतिशय अपरिणामी मानत हैं कर्मों का कर्ता नही मानत किन्तु भोक्ता अवश्य मानत हैं इनक यहा पुरुष को—अमूर्त निगण भोक्ता नित्य सवगत निष्क्रिय अकर्ता सूक्ष्म और चेतन माना है। तथा ज्ञान स रहित माना है एव ज्ञानसहित प्रधान क ससग स ज्ञानी माना है। आत्मा को सवथा निष्क्रिय अमूत आदि मानना एव ज्ञानरहित मानना गलत है।

नयायिक—

नैयायिक का कहना है कि आत्मा सुख दु ख इच्छा द्वष प्रयत्न तथा ज्ञानादि गुणो का आश्रय होता है चेतनत्व कतृ त्व सवगतत्व आदि धर्मों से आत्मा की प्रतीति होती है। आत्मा के भोग का आयतन शरीर है। भोग के साधन भूत पाच इद्रिया ह। रूप रस आदि पचेद्रिया के विषय रूप अर्थ है। [षड द पृ १ ७] इतना सब कुछ मान करके भी नयायिको ने आत्मा मे द्रव्यत्व के समवाय स आत्मा को द्रव्य माना है एव ज्ञान के समवाय से ज्ञानी माना है यह समवाय सम्बन्ध की व्यवस्था गलत है क्योकि समवाय के पहले आत्मा क्या है और ज्ञान कहा है ? यदि दोनो ही पृथक २ कभी भी किसी के दृष्टि गोचर होव तब तो उनका सबध भी माना जावे। एव आत्मा को सवगत मानना भी असम्भव हैं क्योकि आत्मा स्वदेह परिमाण ही है।

वशेषिक—

आत्मा जीवोऽनेको नित्योऽमूर्तो विभुद्रव्य च [षड द पृ ४ ६] आत्मा जीव है अनेक है नित्य अमूर्त और व्यापक द्रव्य है। ज्ञानाधिकरणमात्मा स द्विविध -जीवात्मा परमात्मा चेति । जिस द्रव्य मे समवाय से ज्ञान रहता है वही आत्मा है क्योकि आत्मा मे ज्ञान समवाय सबंध से रहता है। आत्मा के दो भेद हं—जीवात्मा परमात्मा। परमात्मा ईश्वर सर्वज्ञ एक है। जीवात्मा प्रत्येक शरीर मे भिन्न भिन्न है व्यापक और नित्य है। [तर्क संग्रह]

अर्थात् नैयायिक के समान वैशेषिक ने भी आत्मा में स्वत ज्ञान गुण नहीं माना है किन्तु समवाय से माना है अत उसके यहां भी आत्मा ज्ञान शून्य ह एव आत्मा को सर्वथा व्यापक और नित्य मानना प्रत्यक्ष विरुद्ध है।

मीमांसक—

मीमासक जन जीव का लक्षण पूर्वोक्त मानकर भी समवाय नही मानते हैं एव अग्निहोत्र जुहुयात् स्वर्गकाम इस नियम से स्वर्ग की इच्छा करने वाला अग्निहोत्र यज्ञ करे ऐसे क्रिया काण्ड यज्ञ अनुष्ठान आदि से आत्मा को स्वर्ग मानते हैं किन्तु जीव का कर्म से रहित होकर शुद्ध होना नही मानते हैं ये लोग जीव को हमेशा कलक कालिमा सहित अशुद्ध ही मानत ह । अतएव इन्होने सवज्ञ का अभाव सिद्ध करके अतीन्द्रिय पदार्थों का ज्ञान वेद वाक्यो से मान लिया है।

इन मीमासको में भाट्ट प्राभाकार और वेदांती ऐसे तीन सप्रदाय हो गए हैं। भाट्ट प्राभाकर क्रियाकाण्ड को प्रमुख कहते हैं। किन्तु वेदाती सारे जगत को एक परमब्रह्म रूप ही मानते हैं और चेतन अचेतन को उस ब्रह्म की पर्याय सिद्ध करते हैं। किन्तु यह मान्यता गलत है आत्मा शुद्ध हो सकती है एव एक ब्रह्म की पर्याय न होकर प्रत्येक आत्मा निश्चय नय से परम ब्रह्म स्वरूप है।

किन्ही किन्ही ने आत्मा को वटकणिका मात्र' माना है किन्तु यह ठीक नही है क्योकि यदि आत्मा को बट बीज के समान मानकर सारे शरीर में सचार माना जाए तब ऐसे मानने वालों को मन के माध्यम से सुख का अनुभव होगा। शरीर के जिस प्रदेश में आशुगति से आत्मा का सचार होगा उस समय उस प्रदेश मे मन का नया–नया सम्बन्ध मानना पडगा।

अणु परिमाण ज्ञानाश्रय जीव है। तदणुत्वमपि श्रुतिप्रसिद्धम। बालाग्रशतभागस्य शतधाकल्पितस्य च। भागो जीव स विज्ञेय स चानन्त्याय कल्पते। आराग्रमात्र पुरुष एषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्य।

आत्मा का अणुत्वश्रुति प्रसिद्ध है। केश के अग्रभाग के प्रथम सौ टुकड करके पश्चात् एक एक के सौ–सौ टुकड करने स एक भाग का जो परिमाण हो वह जीव का परिमाण है ऐस जीव अनन्त हैं और जीव रूप पुरुष आरे क अग्र भाग क समान सूक्ष्म हैं। आत्मा–जीव अणु परिमाण चक्षु आदि इन्द्रियों से अग्राह्य कवल मन स जानने योग्य है। [सर्वदर्शन से रामानुजदशन पृ० १ ६] यह सब मान्यता विवेक शून्य है क्योंकि आत्मा स्वदेह परिमाण है यह बात अनुभव सिद्ध है।

जैन—

जैनाचार्यों ने उपर्युक्त मान्यताओ का विशेष रीति से खण्डन करके जीव का लक्षण स्थापित किया है। यथा—'उपयोगो लक्षणं स द्विविधोऽष्टचतुर्भेद। [तत्त्वार्थसूत्र द्वि अ० सूत्र ८ ९]

जीव का लक्षण उपयोग है। चैतन्यानुविधायी परिणाम को उपयोग कहते हैं। उसके दो भेद हैं—

ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग । ज्ञानोपयोग के आठ भेद हैं—मति, श्रुति अवधि मनःपर्यय और केवल ये पांच ज्ञान एव कुमति कुश्रुत, कुअवधि ये ३ कुज्ञान ये आठ ज्ञानोपयोग हैं। चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदशन और केवलदर्शन ये चार दर्शनोपयोग ह ।

जीव का लक्षण चेतना है ज्ञानदर्शन को ही चेतना कहते है। जैनाचार्यों ने अन्यत्र जीव का लक्षण किया है—

जीवो उवओगमओ अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो ।
भोत्ता ससारत्थो सिद्धो सो विस्ससोड्ढगई ॥२॥ [द्रव्यसग्रह]

जीव—जो तीनो कालो मे इन्द्रिय बल आयु और श्वासोच्छवास रूप द्रव्य प्राणों से एव चेतना लक्षण भाव प्राणो से । अजीवत जीवति जीविष्यति इति जीव जीता था जीता है जीयेगा वह जीव है यह उपयोगमयी है—ज्ञान दशन स्वरूप है कथंचित् अमूर्तिक है कर्ता है स्वशरीर प्रमाण है भोक्ता है ससारी है। सिद्ध है और स्वभाव से ऊर्ध्वगमन करने वाला है ॥

ससारिणो मुक्ताश्च [तत्त्वार्थ सूत्र]

जीव के ससारी और मुक्त की अपेक्षा दो भेद होते हैं कर्म सहित जीव ससारी हैं कर्म बधन से रहित जीव मुक्त जीव कहलाते हैं। जैन सिद्धात मे कर्मों के निमित्त से जीव का ज्ञान गुण ढका रहता है पूण प्रगट नहीं होता है धीरे धीरे अपने आवरण कम का क्षयोपशम होते होत ज्ञान गुण प्रगट होता चला जाता है जब पूण ज्ञानावरण का नाश हो जाता है तब पूण ज्ञान प्रगट होकर यह आत्मा सर्वज्ञ सवदर्शी ज्ञाता द्रष्टा कहलाने लगता है।

बहिरन्त परश्चेति त्रिधात्मा सवदेहिषु ।
उपेयात्तत्र परमं मध्योपायात् बहिस्त्यजेत ॥४॥ [समाधितन्त्र]

बहिरात्मा अतरात्मा और परमात्मा के भेद से आत्मा के तीन भेद होत हैं। उसमें परमात्मा उपादेय-प्राप्त करन योग्य है एव अतरात्मा उपाय भूत है—परमात्मा को प्राप्त कराने वाला है। और बहिरात्मा त्यागने योग्य है। इस प्रकार अह प्रत्यय से अनुभव में आने वाला आत्मा सभी जीवों को स्वसवेदन अनुभव से सिद्ध है।

ज्ञान का विचार

चार्वाक—

'तदिह विज्ञानघन एवैतेभ्यो भूतेभ्य समुत्थाय तान्येवानुविनश्यति स न प्रेत्यसंज्ञास्तीति तद् एतत्न्यविशिष्टदह एव आत्मा [सवदश० पृ ३]

विज्ञान स्वरूप आत्मा इन चार भूतों से उत्पन्न होकर उसी में नष्ट हो जाता है, मरने पर परलोक

में कोई नाम नहीं रहता चैतन्य विशिष्ट देह ही आत्मा है। अर्थात् भूत चतुष्टय से आत्मा उत्पन्न होता है ज्ञान भी भूत चतुष्टय से उत्पन्न हुआ है वह अस्वसंविदित है।

सांख्य —

'तत संजायते बुद्धिमहानिति यकोच्यत [षड् द पृ० १४५]

"इस प्रकृति से महान्—बुद्धि उत्पन्न होती है

इससे स्पष्ट है कि सांख्य ज्ञान को अचेतन प्रधान का धर्म कहते हैं उनका कहना है कि ज्ञान के आश्रय भूत प्रधान का जब आत्मा मे ससर्ग होता है तब आत्मा ज्ञानी दिखता है। वास्तव म सर्वज्ञता प्रधान को ही है। मुक्ति मे प्रधान का ससर्ग छूट जाने से आत्मा मे ज्ञान नही रहता है आत्मा सुषुप्त चैतन्यवत् हो जाती है।

नैयायिक —

एकात्मसमवायिज्ञानान्तरवेद्य ज्ञानं [षड् द १३७]

आत्मा मे ज्ञान के समवाय स ज्ञान रहता है और वह भी ज्ञानान्तर वेद्य है। ज्ञान स्वय अस्वसविदित है अ य ज्ञानो स जाना जाता है। नयायिक ज्ञान को दूसर ज्ञान के द्वारा प्रत्यक्ष हाना मानत हैं उनका कहना है कि ज्ञान प्रमेय है इसलिये ज्ञानान्तर वेद्य है जो प्रमेय होता है वह दूसरे ज्ञान के द्वारा जाना जाता है जैस घट पट आदि प्रमेय। किंतु जैनाचार्यों का कहना है कि ज्ञान ज्ञानान्तर स वेद्य माना जावे तो महेश्वर के ज्ञान से अनकान्तिक दोष आवेगा। जन सिद्धात में तो ज्ञान स्वय सबको जानता है अत ज्ञान है एव स्वय को भी जानता है अत ज्ञय प्रमेय भी है कोई बाधा नही है एव वह समवाय से आत्मा मे नही आता है बल्कि आत्मा का ही गुण है। ज्ञान से ही आत्मा का अस्तित्व जाना जाता है।

वैशेषिक—

नैयायिक और वैशेषिक दोनो ने ही ज्ञान को अस्वसवेदी माना है। इनकी मान्यता है कि ज्ञान स्वयं अपना प्रत्यक्ष नहीं करता है किंतु दूसरे ज्ञान के द्वारा उसका प्रत्यक्ष होता है। ये दोनों लोग धारा वाहिक ज्ञान को भी प्रमाण मानते हैं। य दोनो ही पदाथ और आलोक को ज्ञान का कारण कहते हैं। किंतु जैनाचार्यों ने ज्ञान को स्वसविदित ही सिद्ध किया है।

प्राभाकर—

प्राभाकर मतानुयायी ज्ञान को अप्रत्यक्ष ही मानते है उनका कहना है कि ज्ञान न तो स्वय जाना जाता है, और न ज्ञानान्तर से ही जाना जाता है। ये प्राभाकर आत्मा और ज्ञान दोनो को अत्यन्त परोक्ष मानते हैं। उनका कहना है कि प्रमिति जानना यह क्रिया और जानने योग्य घट पट आदि पदार्थ कर्म है वे ही प्रत्यक्ष हैं आत्मा, कर्ता और ज्ञान करण है वह परोक्ष ही है। किंतु जैनाचार्यों ने आत्मा और ज्ञान दोनों को स्वसंवेदन प्रत्यक्ष से प्रत्यक्ष सिद्ध किया है।

मीमांसक—

मीमासक भी ज्ञान को परोक्ष कहते हैं किंतु आत्मा को प्रत्यक्ष मान लेते हैं इनका कहना है कि ज्ञान करण है इसलिए परोक्ष है। ज्ञान के द्वारा पदाथ जाने जाते हैं किंतु ज्ञान स्वय नहीं जाना जाता है।

अहं ज्ञानेन घट वेद्मि मैं ज्ञान से घट को जानता हू यहा कर्ता कम और क्रिया प्रत्यक्ष हैं ज्ञान यह करण होने से परोक्ष है। किंतु जैनाचाय कहते हैं कि यदि आत्मा प्रत्यक्ष है तो ज्ञान को परोक्ष कैसे कहना ? क्योंकि भावन्द्रिय रूप लब्धि और उपयोग ही ज्ञान है जो कि आत्मा रूप है आत्मा से भिन्न नहीं है अत आत्मा को प्रत्यक्ष कहने से ज्ञान भी प्रत्यक्ष ही सिद्ध हो जाता हैं।

बौद्ध—

बौद्ध ज्ञान को साकार कहते है उनके यहा ज्ञान पदाथ से उत्पन्न होकर उसके आकार को धारण करके ही उसको जानता है इसलिये ज्ञान तदुत्पत्ति तदाकार और तदध्यवसायरूप है। उनकी मान्यता है कि जसे पुत्र पिता स उत्पन्न होकर पिता के आकार को धारण करता है। उसी तरह ज्ञान पदाथ से उत्पन्न होकर उसी के आकार को धारण कर उसी को जानता है अन्य को नही यदि ऐसा न मानो तो पदार्थों की यवस्था कसे बनेगी ? इन्होंने विज्ञान स्कध को ही आत्मा माना है। एव विज्ञानाद्वैतवादी बौद्ध ने ज्ञान परमाणुओं का पथक पथक ही माना है। किंतु जनाचार्यों ने इस तदुत्पत्ति तदाकार ज्ञान का निराकरण कर दिया है। क्योकि यदि ज्ञान पदाथ से उत्पन्न होता है तो पदाथ के साथ ही ज्ञान का अन्वय व्यतिरेक होना चाहिए किंतु नही है मतलब पदाथ के बिना भी ज्ञान होता है और पदार्थ के रहते हुये भी नही होता है इसलिए ज्ञान की तदुत्पत्ति सिद्ध नही होती तदाकार का भी निराकरण इसी से होता है तदध्यवसाय की कल्पना भी निमूल है। ज्ञान अपने क्षयोपशम विशेष से आत्मा मे उत्पन्न होकर पदार्थों को अवग्रह आदि विकल्पो से जानता है अत सविकल्प साकारोपयोग भी कहलाता है। एव क्षयोपशम विशेष से ही पदार्थों की व्यवस्था कर दता है। दूसरी बात यह भी है कि ज्ञान इन्द्रिय से उत्पन्न होकर भी इन्द्रिय के आकार का न होकर इन्द्रिय को नही जानता है। अत आपका कथन दोष पूण है।

जैन—

ज्ञानपदेन प्रमातृप्रमितश्च व्यावृत्ति अस्ति हि निर्दोषत्वेन तत्रापि सम्यक्त्वं न तु ज्ञानत्वम्।

[न्याय दी पृ १०]

सम्यग्ज्ञानं प्रमाण मे सम्यक पद से मिथ्याज्ञानो का निराकरण किया है और 'ज्ञान' पद से प्रमाता-आत्मा प्रमिति—जानना और 'च' शब्द से प्रमेय-ज्ञेय की व्यावृत्ति हो जाती है। यद्यपि निर्दोष होने से ये प्रमाता प्रमिति प्रमेय ज्ञाता ज्ञप्ति ज्ञेय सम्यक तो हैं किंतु इनमें ज्ञानत्व नहीं है।

'ज्ञानदर्शनयो करणसाधनत्व कर्मसाधनत्वादिवत्"

ये ज्ञान और दर्शन व्याकरण में करण साधन से बने हैं और चारित्र शब्द कर्म साधन है। अर्थात दृश्यते अनेनेति दर्शनं। ज्ञायतेऽनेनेति ज्ञानं। चर्यत यत्तच्चारित्र जिसके द्वारा श्रद्धान किया जाय वह दर्शन है। जिसके द्वारा जाना जाय वह ज्ञान है। जो आचरण किया जाय वह चारित्र है।

कर्तृ करणयोरन्यत्वादन्यत्वमात्मज्ञानादीनां परश्वादिवत इति चेत न तत्परिणामादग्निवत ।

[राजवार्तिक पृ ४]

प्रश्न—यदि जिसके द्वारा जाना जाय उस करण को ज्ञान कहते हैं तो 'जसे कुल्हाडी से लकडी काटते हैं यहा कुल्हाडी और काटने वाले दोनो भिन्न हैं वसे ही कर्ता आत्मा और करण ज्ञान इन दोनो को भिन्न मानना होगा ?

उत्तर—नहीं ! जसे अग्नि उष्णता से पदाथ को जलाती है यहा अग्नि का उष्णत्व गुण अग्नि से पथक न होकर भी करण अथ मे प्रयुक्त है। अत कथचित अभेद मे भी कर्ता करण व्यवहार देखा जाता है। एव भूतनय की दृष्टि से ज्ञान क्रिया मे परिणत आत्मा ही ज्ञान है। अत द्रव्य दष्टि से आत्मा और ज्ञान में कोई भेद नही है।

ज्ञान तो आत्मा का स्वरूप है जो कि सबसे निकृष्ट सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीव मे भी कुछ अश मे मौजूद रहता है। तथाहि—

सुहुमणिगोद अपज्जत्तयस्स जादस्स पढमसमयम्हि ।
हवदि हु सव्वजहण्णं णिच्चुग्घाद णिरावरण ।।३२ ।।

[गोम्मट सार जी पृ १६६]

अर्थ—सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्त जीव के उत्पन्न होने के प्रथम समय मे सबसे जघन्य ज्ञान होता है। इसी को पर्याय कहते हैं। इतना ज्ञान सदा ही निराबरण तथा प्रकाशमान रहता है। यदि इस ज्ञान पर भी आवरण आ जावे तब तो ज्ञान के बिना जीव का अस्तित्व ही समाप्त हो जावगा। अत अतिसूक्ष्म ज्ञान वहा भी विद्यमान रहता है। एकेन्द्रिय पृथ्वी जल वायु अग्नि वनस्पति वृक्ष आदि मे भी आत्मा के ज्ञान दशन गुण मौजूद है कर्मावरण से ढके हुये हैं कुछ कुछ अश प्रकट हैं ये ही बढते बढते एक दिन पुरुषाथ से पूर्ण हो जाते हैं। तब आत्मा केवली सर्वज्ञ कहलाने लगता है। अत ज्ञान गुण आत्मा का है इसी से आत्म ज्ञानी है। सभी मतावलम्बियो ने ज्ञान को अचेतन अथवा अस्वसविदित माना हैं किंतु जैनाचार्यों ने ही ज्ञान को चेतनारूप स्वपर प्रकाशी सिद्ध किया है। आत्मा के अनन्त गुणो में एक ज्ञान गुण ही ऐसा है जो सारे गुणो का महत्व बताता है यदि ज्ञान गुण न हो तो अनन्त गुणो का मूल्यांकन और अनुभव कौन कराव ? अत सभी गुणो मे श्रेष्ठ ज्ञान गुण है। इसे ही प्रमाण कहते हैं। इसका फल—

'ज्ञानफलं सौख्यमच्यवनं' श्री पूज्यपाद स्वामी ने श्रुतभक्ति मे ज्ञान का फल अच्युत सुख को प्राप्त करना कहा है।

जैसे न्याय ग्रन्थो में— अज्ञाननिवृत्तिर्हानोपादानोपेक्षाश्च फलं'

उपेक्षाफलमाद्यस्य शेषस्यादानहानधी' ।

पूर्वा वाज्ञाननाशो वा सर्वस्यास्य स्वगोचरे ।। [आप्त मीमांसा]

ज्ञान का साक्षात् फल अज्ञान का अभाव होना है एव परम्परा फल हेय वस्तु का त्याग उपादेय का ग्रहण एव इन दोनो से रहित मे उपेक्षा रखना है । श्री समतभद्र स्वामी ने भी यही कहा है कि—

केवल ज्ञान का फल उपेक्षा है शेष ज्ञानों का फल ग्रहण और त्याग बुद्धि का होना है । अथवा शेष ज्ञानों का भी फल उपेक्षा और अपने विषय मे अज्ञान का अभाव होना है ।

अत ज्ञान को अचेतन भूत चतुष्टय का धर्म या अचेतन प्रकृति का धम न मानकर चेतन आत्मा का ही धम मानना चाहिये । एवं अस्वसविदित न मानकर स्वसवदी स्वपर प्रकाशी मानना चाहिये ।

ससार तत्त्व का विचार

चार्वाक—

त च जीव पुण्यपापादिक न मन्यत । चतुर्भूतात्मक जगदाचक्षत । केचित्तु चार्वाकैकदेशीया आकाश पचम भूतमभिमन्यमाना पञ्चभूतात्मक जगदिति निगदन्ति । [षड्द पृ ४५]

ये चार्वाक लोग आत्मा पुण्य पाप आदि अतीन्द्रिय पदार्थों के झगड मे न पडकर इनकी सत्ता का सवथा लोप करत ह । इस ससार को पृथ्वी जल अग्नि और वायु इन भूत चतुष्टय रूप ही मानत हैं । कोई चार्वाक आकाश को भी पाचवा तत्त्व मानकर जगत को पाचभौतिक कहत हैं ।

यह जड जगत चार प्रकार के भौतिक तत्त्वो से बना हुआ है । इस भूतचतुष्टय को आत्मा या ससार कहना गलत है । [भारतीय द पृ १६] यह बात पहले आ चकी है ।

बौद्ध—

ससरन्ति स्थानात स्थानांतर भवाद भवांतर वा गच्छन्तीत्येवंशीला ससारिण स्कंधा सचेतना अचेतना वा परमाणप्रचयविशेषा । त च स्कधा वाक्यस्य सावधारणत्वात पचवाख्याता न त्वपर' कश्चिदात्माख्य स्कधोऽस्तीति [षडदशन पृ ४]

जो स्थान से स्थानान्तर को अथवा भव से भवान्तर को ससरण कर गमन करे वे ससारी स्कध है वे सचेतन या अचेतन परमाणुओ के प्रचय विशष कहलात ह । वे स्कध पाच ही होते ह । इन पांच स्कधो से भिन्न आत्मा नाम का कोई छठा स्कध नही है । अर्थात् इन पाच स्कधो में ही आत्मा नाम का व्यवहार होता है । ये पाचो स्कध एक स्थान से दूसरे स्थान को या भव से भवान्तर को गमन स्वभाव वाले होने से-ससरणधर्मा होने से 'ससारी कहलाते ह । इन्ही ससारी पाच स्कंधो को दु ख सत्य' कहते हैं। रूप वेदना संज्ञा सस्कार और विज्ञान इनके नाम हैं । ये पाचो स्कध क्षणिक हैं एक क्षण तक ही ठहरते हैं ।

जिससे लोक मे मैं हू यह मेरा है इत्यादि अहकार रूप ममकार रूप समस्त रागादि समूह उत्पन्न होता है उसे समुदय कहते हैं । बौद्ध के मत मे चार आर्य सत्य हैं । दु ख, समुदय, मार्ग, निरोध । इनमें

से आदि के दो तत्त्वो से संसार है एवं अत के दो से मोक्ष होता है ये दु ख तत्त्व' और समुदय तत्त्व संसार की प्रवृत्ति में निमित्त भूत है। [षड् दर्शन पृ ४३]

'य पश्यत्यात्मानं तत्रास्याहमिति शाश्वत स्नेह ।
स्नेहात् सुखेषु तृष्यति तृष्णा दोषांस्तिरस्कुरुते ॥
गुणदर्शी परितष्यन् ममेति तत्साधनान्युपादत्ते ।
तेनात्माभिनिवेशो यावत् तावत स संसारे ॥ [प्रमाण वा १।२१९ २]

जो पाँच स्कधो मे आत्मा को देखता है उसे यह मेरा है ऐसा नित्य स्नेह होता है स्नेह से तृष्णा तृष्णा से आत्मा के दोषो पर दृष्टि न जाना गुण दिखाई देना आत्मसुख में गुण देखने से उसके साधनो में ममकार होना उन्हें ग्रहण करना इत्यादि रूप से जब तक आत्मा का अभिनिवेश है तभी तक संसार है।

कि तु जैनाचाय कहते हैं कि पचस्कध रूप आत्मा नही है ये बौद्ध एक ओर पृथ्वी आदि भूतो से आत्मा को मानने वाले चार्वाक का खण्डन कर रहे हैं। और दूसरी ओर रूप वेदना आदि स्कधों से भिन्न आत्मा को मानना नहीं चाहते हैं। इनमें वेदना संज्ञा संस्कार और विज्ञान ये चार स्कध चेतनात्मक हो सकते हैं क्योकि अचेतन मे ये चारो बात असम्भव हैं। कि तु रूपस्कध को चेतन कहना चार्वाक के भूतात्मवाद से कोई अ तर नही रखता है। अर्थात बुद्ध भगवान का कहना है कि आत्मा क्या है इत्यादि कुछ मत सोचो दु ख दु ख के कारण उनके निरोध का ही विचार करो। इत्यादि रूप से बौद्ध अनात्मवादी ही हैं। उनका मा य ससार गलत हैं क्योकि एक क्षण स्थिर रहने वाले दूसरे क्षण मे नष्ट हो जाने वाले स्कधो से क्या भवान्तर गमन होगा ? और क्या ससार बनेगा ? समझ मे नही आता है।

सांख्य—

मूल सांख्य तो हर एक आत्मा से सम्बन्ध रखने वाले प्रधान को भी भिन्न–भिन्न मानते हैं अत इनके यहां अनन्त पुरुषों की तरह प्रधान–प्रकृति भी अनन्त है। किन्तु उत्तरकालीन सांख्य सभी आत्माओ से सम्बन्ध रखने वाला एक नित्य ही प्रधान मानते हैं। प्रकृति और आत्मा के सयोग से ही सृष्टि की उत्पत्ति होती है। [षडद पृ १४५]

पुरुष तथा प्रकृति के सयोग से सृष्टि का प्रारम्भ होता है। प्रकृति के तीन गुणो की साम्यावस्था पुरुष के सयोग स नष्ट हो जाती है। जगत् की रचना इस क्रम स होती है सत्त्व की अधिकता होने से प्रकृति से महान्—बुद्धि होती है यह महान ही विश्व का अकुर है इस बुद्धि के आठ रूप होते हैं धर्म ज्ञान, वैराग्य ऐश्वर्य ये चार सात्त्विक रूप हैं। तथा अधर्म अज्ञान विषयाभिलाष और अनैश्वर्य ये चार तामस रूप हैं। पुरुष का चतन्य प्रकाश महान् पर पड़ने स महान भी चेतन मालूम पड़ता है। इसी बुद्धि तत्त्व से मैं 'सुन्दर हू इत्यादि अहकार, अहँकार से षोडशगण और पाच तन्मात्रा से पचमहाभूत बन जाते हैं। इसी का नाम संसार है।

किन्तु विचार करके देखा जाये तो यह संसार का लक्षण प्रत्यक्ष बाधित है क्योंकि जब आत्मा अकर्ता निर्गुणी निष्क्रिय और व्यापक है तब उसका प्रकृति से सम्बन्ध कैसे होगा ? एवं उसमें परिणमन हुये बिना दोनों के संयोग से संसार भी कैसे बनेगा ? आत्मा को व्यापक मानने से तो सबसे बड़ा प्रश्न यह होता है कि वह अखण्ड आत्मा व्यापक है तब सब आत्माओं का सम्बन्ध सबके शरीरों के साथ है पुनः अपने अपने सुख दुःख और भोग का नियम कैसे बनेगा ? एवं कूटस्थ नित्य निष्क्रिय आत्मा का परलोक गमन आदि असम्भव होने से संसार किसे कहेंगे ?

नैयायिक वैशेषिक —

नैयायिक और वैशेषिक ईश्वर को संसार का कर्ता पोषक और संहारक मानते हैं। उनका कहना है कि —

अज्ञो जन्तुरनीशोऽयमात्मनः सुखदुःखयोः ।
ईश्वरप्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा ।। [महा भा वनप ३ ।२८]

अर्थात यह विचारा संसारी अज्ञ प्राणी असमर्थ है अपने सुख दुःख भोगने के लिये ईश्वर के द्वारा प्रेरित होकर स्वर्ग तथा नरक में जाता है।

इनके यहां भी प्रमाण प्रमेय आदि सोलह पदार्थों में से प्रमेय तत्त्व में आत्मा शरीर इन्द्रिय अर्थ बुद्धि मन प्रवृत्ति दोष प्रेत्यभाव परलोक फल दुःख और मोक्ष ये बारह भेद किये हैं आत्मा को व्यापक नित्य भोक्ता आदि माना है। किन्तु बुद्धि—ज्ञान को आत्मा से पृथक प्रमेय कहा है उसका आत्मा में समवाय मानते हैं।

ईश्वर ने विश्व का निर्माण शून्य से नहीं किया है किंतु परमाणु दिक काल आकाश मन तथा आत्मा आदि उपादानों से किया है। जीव अपने अपने पुण्य या पाप कर्मों के अनुसार सुख या दुःख का उपयोग कर सकें इसके लिये संसार की सृष्टि हुई है । [भारतीय द प २३]

वास्तव में विचार करके देखा जाय तो यह प्रत्येक प्राणी अनादि काल से कर्मों से बंधा हुआ अपने कर्मों के अनुसार सुख दुःख का भोक्ता है किसी ईश्वर को उसमें निमित्त मानना गलत है इसका वर्णन ईश्वर सृष्टि कर्तृत्व खंडन में पहले किया जा चुका है। अतः नैयायिक वैशेषिक इन दोनों के द्वारा मान्य संसार तत्त्व गलत है।

मीमांसक—

मीमांसक लोग भौतिक जगत को मानते हैं। भौतिक जगत् की सत्ता प्रत्यक्ष से प्रमाणित होती है। मीमांसा बाह्य सत्तावादी है। किंतु ये लोग किसी को जगत् का स्रष्टा परमात्मा ईश्वर नहीं मानते हैं जगत अनादि तथा अनंत है न इसकी कभी सृष्टि हुई है न प्रलय होगा। सांसारिक वस्तुओं का निर्माण आत्माओं के पूर्वोपार्जित कर्मों के अनुसार भौतिक तत्त्वों से होता है। कर्म एक स्वतंत्र शक्ति है

जिससे संसार परिचालित होता है। मीमांसा के अनुसार जब कोई व्यक्ति यज्ञादि कर्म करता है, तो एक शक्ति की उत्पत्ति होती है जिसे 'अपूर्व' कहते हैं। इसी अपूर्व के कारण किसी भी कर्म का फल भविष्य में उपयुक्त अवसर पर मिलता है। अत इस लोक में किये गये कर्मों के फल का उपयोग परलोक में किया जाता है। [भारतीय द प० १]

ये मीमांसक भी परलोक को मानते हैं एवं अग्निहोत्र जुहुयात् स्वर्गकाम स्वग का इच्छुक अग्नि होत्र यज्ञ को करे। ऐसा प्रतिपादन करते हैं इसलिय य आस्तिकवादी हैं किंतु य ईश्वर को सृष्टि का कर्ता या सर्वज्ञ नहीं मानते हैं ईश्वर क अस्तित्व को समाप्त करने वाले हैं इनक यहा सभी आत्मा सदा अशुद्ध संसारी ही रहते हैं।

किंतु वास्तव मे यह कथन भी गलत है क्योकि जीव कमबध से छूटकर मुक्त होता है एवं वही ईश्वर सवज्ञ कहलाता है भले ही वह सृष्टि का कर्ता नही है अत मीमासको द्वारा मान्य भी ससार तत्त्व गलत है।

वेदान्तवादी—

उत्तर मीमासावादी वेदान्ती मात्र अद्वैत ब्रह्म को ही मानते हैं **'सवमेतदिदं ब्रह्म'** यह सब कुछ ब्रह्म है उनका कहना है कि ब्रह्म ही सभी प्राणियो मे भासमान है एव अचेतन पदार्थों में भी वही ब्रह्म है। उपनिषदो म उसे सत ब्रह्मन वा आत्मन् कहते हैं। संसार इसी सत् से उत्पन्न हुआ है इसी पर आश्रित है तथा प्रलय होने पर इसी मे विलीन हो जाता है। ससार का नानात्व-असत्य है उसकी एक मात्र एकता ही सत्य है। कुछ उपनिषदो मे यह उल्लेख है कि ब्रह्म या आत्मा के द्वारा ससार की सृष्टि हुई है किंतु अन्य उपनिषदो मे यहा तक वेदो मे भी संसार की सृष्टि की तुलना इद्र जाल से की गई है। ईश्वर को मायावी माना गया है जो अपनी माया से ससार की रचान करता है।

[भारतीय द पृ ३१]

परतु जैनाचार्यों का कहना है कि एक अकेला ब्रह्म सब चेतन अचेतन रूप विश्व मे व्यापक है सभी विश्व उस ब्रह्म की पर्याय हैं। यह कथन सवथा असत्य है अन्यथा एक को सुख-दु ख होने पर दूसरे को भी सुख दु ख उसी समय होना चाहिये था अत प्रत्येक आत्मा की भिन्न भिन्न सत्ता मानकर उनका ससरण मानना ही ससार है।

जैन—

जैन सिद्धांत के अनुसार उपयु क्त सभी के ससार तत्त्व के लक्षण बाधित हैं क्योकि यह संसार अनादि निधन है, इसका कर्ता धर्ता पोषक एव सहारक कोई भी ईश्वर परमात्मा आदि नही है। यह जीव स्वयं अपने कर्म का कर्ता और भोक्ता है, कर्म सहित होने से गतिनामकम के उदय से नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देवगति में परिभ्रमण करता रहता है। इस जीव के 'ससरण' का नाम ही संसार है। कहा भी है—

स्वोपात्तकर्मवशादात्मनो भवांतरावाप्ति संसार । [अष्ट स पृ ६३]

अपने पूर्वोपर्जित कम के निमित्त से आत्मा के भवातर की प्राप्ति का नाम ससार है।

पूर्वभवपरित्यागेन भवान्तरपरिग्रह एव च ससार । [अष्टसहस्री पृ ६६]

पूर्वभव का परित्याग करके भवातर का ग्रहण करना ही ससार है।

जैन सिद्धान्त के अनुसार कम के आठ भेद है। और उनमे भी प्रकृति स्थिति अनुभाग और प्रदेश के बध से बध के चार भेद हैं। इन कम बध के निमित्त से आत्मा की भवांतर प्राप्ति को ससार कहते हैं।

ससरण ससार परिवतनमित्यथ । स एषामस्ति ते ससारिण । तत्परिवतन पचविध द्रव्यपरिवतन क्षेत्रपरिवतन कालपरिवतन भवपरिवतन भावपरिवतन चेति।' [सर्वार्थसिद्धि प १६४]

ससरण करने को ससार कहते हैं जिसका अथ परिवतन है। यह जिन जीवो के पाया जाता है वे ससारी हैं। परिवतन से पाच भेद है– द्र यपरिवतन क्षत्रपरिवतन कालपरिवतन भवपरिवतन और भावपरिवतन। इनका विशेष विवरण सर्वार्थसिद्धि ग्र थ मे देखिये।

अष्टसहस्री मे ऐसा कहा है कि चार्वाक ने तो ससार माना ही नही है क्योकि भवातर गमन रूप ससार उनके यहाँ है ही नही। अ य जनो के द्वारा मा य ससार की व्यवस्था भी ठीक नही है क्योकि बौद्धो ने सर्वथा सब कुछ क्षणिक—एक क्षण रहने वाला माना है एव साख्यो ने सवथा नित्य अपरिणामी माना है अत इन लोगो के यहा भी भवातर गमन रूप ससार की व्यवस्था असभव है। स्याद्वाद मत मे जीव को कथचित् नित्य माना है और कमबध से सहित होने से मर्तिक स्वशरीरप्रमाण माना है। एव पर्यायार्थिक नय से ज म मरण सहित अनित्य भी माना है। जमे—एक जीव मनु य पर्याय से मरकर देवगति मे ज म लेता है वहा वही जीव है जो यहाँ मनष्यगति म था अत जीव द्रव्य की अपेक्षा वह ध्रौव्य है नित्य है कि तु मनुष्य पर्याय का नाश होकर देव पर्याय का उत्पाद हुआ है अत पर्याय की अपेक्षा जीव अनित्य भी है। जीव के ज म मरण का यवहार एव परलोक गमन भी लोक मे सिद्ध है क्योकि किसी को पूव जन्म स्मरण हो जाता है या पूव के सस्कार विशष देखे जाते हैं। इस प्रकार से जनाचाय सम्मत ससार तत्त्व प्रसिद्ध है।

मोक्ष तत्त्व का विचार

चार्वाक—

इनका कहना है कि भूतचतुष्टय से शरीर आत्मा इन्द्रिय और मन बन जाते हैं एव शरीर के नष्ट होने के बाद समाप्त हो जाते हैं जीव नाम की कोई वस्तु अनादि अनन्त है ही नही पुन मोक्ष की बात ही कहा रही ? आगमोऽपि न तत्प्रतिपादयितु समथ तत्र प्रामाण्याभावात आप्तो ह्यवंचकोऽभिमत सोऽपि किंचिज्ज्ञत्वाल्लौकिकार्थानेवान्वयव्यतिरेकाभ्यां चक्षुरादिभिरुपलभ्य प्रतिपादयति न तु जीवस्यानाद्यनन्तत्वादिक। [विश्वत प्र पृ ४]

आगम प्रमाण से भी जीव का अनादि अनन्त होना सिद्ध नहीं है क्योंकि आप्त पुरुष के वचन आदि को आगम कहते हैं तथा जो ज्ञानी है अवचक है उसे आप्त कहते हैं वह आप्त चक्षु आदि इन्द्रियो से अन्वय व्यतिरेक को समझकर लौकिक विषयो का ज्ञान प्राप्त कर दूसरो को बतलाता है। जीव के अनादि अनन्त तत्व का प्रतिपादन नही करता है। अत जब न कोई सर्वज्ञ है न उनका आगम सत्य है तब मोक्ष का विचार करना सर्वथा गलत है क्योकि जब आत्मा और परलोक गमन ही सिद्ध नही है तब मोक्ष की सिद्धि कैसे होगी ? इस प्रकार से यह चार्वाक मोक्ष तत्व को स्वीकार नही करता है।

बौद्ध—

निरोधो निरोधनामक तत्व मोक्षोऽपवर्ग उच्यते । चित्तस्य नि क्लेशावस्थारूपो निरोधो मुक्तिर्निगद्यते । [षड द पृ ५]

मोक्ष या अपवर्ग को निरोध तत्त्व कहते हैं। अर्थात् अविद्या तृष्णा रूप क्लेश से रहित चित्त की नि क्लेश अवस्था रूप निरोध मुक्ति कहा जाता है। बौद्धो द्वारा मान्य चार आर्य सत्यो मे यह निरोध चौथा आर्य सत्य है।

आयुरवसाने प्रदीपनिर्वाणोपम निर्वाण भवति। उत्तरचित्तस्योत्पत्तरभावात यदप्युक्त —

दीपो यथानिवृ समभ्यपैति नवावनि गच्छति नान्तरिक्ष।
दिश न काचिद् विदिश न कांचित् स्नेहक्षयात्केवलमेति शांति ॥
जीवस्तथा निव तिमभ्यपैति नैवावनिं गच्छति नान्तरिक्ष।
दिश न कांचित विदिश न कांचित मोहक्षयात्केवलमेति शांति ॥

[सौन्दरनन्द १६ २८ २९]

सौगतो के यहा आयु के क्षय हो जाने पर उत्तर चित्त की उत्पत्ति नही होती है अत दीपक बुझने के समान चित्तसतति का निर्वाण होता है। कहा भी है— जिस तरह दीपक बुझता है वह न पृथ्वी मे जाता है न आकाश मे जाता है। दिशा या विदिशा मे भी नही जाता है सिर्फ तेल के खतम होने से शांत हो जाता है। उसी प्रकार जीव का निर्वाण होता है वह न पृथ्वी मे जाता न आकाश में जाता है एव न दिशा विदिशाओं मे जाता है सिर्फ मोह के खतम हो जाने से शांत हो जाता है।

रूपवेदनासंज्ञासंस्कारविज्ञानपञ्चस्कन्धनिरोधादभावो मोक्ष इति। [राज वा १ २]

ये बौद्ध लोग रूप वेदना सज्ञा सस्कार और विज्ञान इन पांच स्कधो के निरोध को मोक्ष कहते हैं।

इस बौद्ध की मान्यता के अनुसार अभाव को मोक्ष कहना सर्वथा गलत है क्योकि जब आत्मा और ज्ञान का ही अभाव हो जावेगा तब सुख किसको मिलेगा ? वास्तव मे मोक्ष की इच्छा सुख के लिए है न कि सर्वनाश के लिए। अत विचार की कोटि में बौद्ध का मोक्ष तत्त्व ठीक नहीं है। फिर इनके यहां क्षणिकवाद में आत्मा का अस्तित्व ही सिद्ध नहीं है तब मोक्ष की कल्पना सुतरां समाप्त हो जाती है।

सांख्य—

'प्रकृतेर्वियोगो मोक्ष पुरुषस्य [षड्दर्शन पृ १५३]

प्रकति के वियोग का नाम मोक्ष है। यह पुरुष के होता है। गुणपुरुषान्तरोपलब्धौ प्रतिस्वप्नसुप्त विवेकज्ञानवत् अनभिव्यक्तचैतन्यस्वरूपावस्था मोक्ष इत्यपरे–सांख्या । [तत्वार्थवा० प० २]

सांख्य लोग प्रकति और पुरुष मे भेद विज्ञान होने पर सुषुप्तपुरुष के विवेक के लुप्त हो जाने के समान अनभिव्यक्त चैतन्य मात्र स्वरूप में आत्मा के अवस्थान को मोक्ष कहते हैं।

साख्यो द्वारा मा य यह मोक्ष लक्षण भी गलत है क्योकि चैत य विशेषस्वरूप की प्राप्ति हो जाना मोक्ष है यह मा यता सत्य है। देखो ! प्रकृति का सयोग छूटने के बाद प्रकृति का ज्ञान और सुख मुक्ति मे नहीं रहा ऐसा ये ल।ग कहते हैं किन्तु यह गलत है। वास्तव मे ज्ञान दशन सुख वीय आदि गुण आत्मा के हैं इन विशेष गुणो को प्रगट करके ज्ञाता द्रष्टा पूर्ण सुखी हो जाना मोक्ष है।

नैयायिक वैशेषिक—

बुद्धिसुखदु खेच्छाद्वेषप्रयत्नधर्माधर्मसंस्कारनवात्मगुणात्यंतोच्छवो मोक्ष इत्यन्ये' (वशषिका) [तत्वार्थवा प० २] नैयायिक और वशेषिक लोग बुद्धि सुख दु ख इच्छा द्वेष प्रयत्न धम अधम और सस्कार इन नव गुणो के अत्यन्त अभाव को मोक्ष कहते हैं।

यह मा यता तो बिल्कुल ही गलत है क्योकि बुद्धि ज्ञान और सुख का यदि मुक्ति मे अभाव हो जावे तो बौद्धो के समान शू य रूप ही मुक्ति कल्पना सिद्ध हो गई। और कौन ऐसा बुद्धिमान पुरुष होगा जो कि अपने ज्ञान और सुख को समाप्त करने के लिये मुक्ति को प्राप्त करना चाहेगा अर्थात अपने सुख और ज्ञान को तिलाजलि देकर मोक्ष जाना कोई भी नही चाहेगा। हा ! इतना अवश्य है कि इन्द्रियजन्य क्षायोपशमिक ज्ञान एव साता वेदनीयजन्य इन्द्रिय सुख का मुक्ति मे अभाव होकर अनतज्ञान और अव्याबाध-बाधारहित सुख प्रगट हो जाता है यह बात वास्तविक है।

मीमांसक—

मीमासक लोग न सवज्ञ मानते हैं न कोई सृष्टिकर्ता ईश्वर मानते हैं वे तो वेद वाक्यो से ही अतीन्द्रिय धर्म-अधम आदि पदार्थों का ज्ञान होना घोषित करते हैं एव इनके यहा भी जीवात्मा हमेशा अशुद्ध ससारी ही रहता है कभी पूर्ण शुद्ध मुक्त नही होता है। अत इनके यहा मुक्तितत्त्व का अभाव है।

वेदांतवादी—

ये लोग भी सारे विश्व को परमब्रह्म स्वरूप मानते हैं अत उस ब्रह्म की उपासना करके कोई भी व्यक्ति उसी ब्रह्म मे लीन हो जाता है पुन किसी के मुक्ति की कल्पना ही असम्भव है। इसलिये इन वेदातवादियो के यहा भी मोक्ष तत्त्व अघटित है। अथवा—

'अनंतसुखमेव मुक्तस्य न ज्ञानादिकमित्यानन्दैकस्वभावाभिव्यक्तिर्मोक्ष इत्यपरे सोऽपि युक्त्यागमाभ्यां बाध्यते । [अष्टस० पृ ६६]

'मुक्ति में अनंत सुख है ज्ञानादि नहीं हैं ऐसे आनन्द रूप एक स्वभाव की प्राप्ति हो जाना मोक्ष है ऐसा इन वेदान्तियो ने कहा है किन्तु यह मोक्ष लक्षण भी युक्ति और आगम से बाधित होता है ।

प्रश्न यह होता है कि अनत सुख लक्षण मोक्ष को मानने पर ज्ञान के बिना उसका अनुभव कैसे होगा ? यहा भी देखा जाता है कि यदि किसी को मूर्च्छित कर दिया जाय पुन उसका ऑपरेशन किया जाय तो उसे दु ख का अनुभव नही आता है अथवा यदि किसी का उपयोग दूसरी तरफ लगा हो और सुख साधन सामग्री रखी हो तो भी उसे सुख का अनुभव नहीं आता है अत ज्ञान के बिना सुख का अनुभव न होने से मुक्ति मे सुख मानना कैसे सिद्ध होगा ? क्या उनके सुख का अनुभव हम और आप को अपने ज्ञान से आ रहा है ? अनुभव नाम ज्ञान का है यदि उन्हे सुख का अनुभव है मतलब सुख का ज्ञान है पुन ज्ञान रहित मोक्ष कसे रहा ? दूसरी बात यह है कि ब्रह्मवादियो के यहा मोक्ष की व्यवस्था कहने पर ससार की व्यवस्था भी माननी पडगी पुन द्वत हो जाने से अद्वैत तत्त्व समाप्त हो जावेगा ।

जैन—

'निरवशेषनिराकृतकर्ममलकलंकस्याशरीरस्यात्मनोऽचिन्त्यस्वाभाविकज्ञानादिगुणमव्याबाधसुखमात्यन्तिकमवस्थान्तरं मोक्ष इति । [सर्वार्थ सिद्धि पृ० २]

जब आत्मा कर्ममल कलक और शरीर को अपने से जुदा कर देता है तब उसके जो अचिन्त्य स्वाभाविक ज्ञानादि गुणरूप और अव्याबाध सुख रूप सर्वथा विलक्षण अवस्था उत्पन्न होती है उसे मोक्ष कहते हैं ।

'बंध हेत्वभावनिर्जराभ्यां कृत्स्नकर्मविप्रमोक्षो मोक्ष [तत्त्वार्थ सूत्र दशम अ] मिथ्यादर्शन आदि बध के कारणो का अभाव और संचित कर्मों की निर्जरा इन दोनो कारणो से सम्पूर्ण कर्मों का आत्यतिक वियोग हो जाना मोक्ष है ।

जैन सिद्धान्त मे मुक्ति मे अनंत गुणों का विकास माना है एव अपने स्वभाव की प्राप्ति को ही मोक्ष कहा है । मतलब आत्मा अनंत गुणो का पुज है । सिद्धि स्वात्मोपलब्धि यह भी पूज्यपादस्वामी का वाक्य है अत अपने आत्मा के स्वरूप की उपलब्धि हो जाना ही सिद्धि है उसे ही मोक्ष कहते हैं ।

यद्यपि यह मोक्ष प्रत्यक्ष से दिखाई नहीं देता है फिर भी आगम और अनुमान से उसका ज्ञान हो जाता है यथा—घटीयंत्र का घूमना उसके धुरे के घूमने से होता है और धुरे का घूमना उसमें जुते हुये बैल के घूमने पर । यदि बैल का घूमना बन्द हो तो धुरे का घूमना रुक जाता है और धुरे के रुक जाने पर घटीयंत्र का घूमना बंद हो जाता है । उसी तरह कर्मोदय रूपी बैल के चलने पर ही चारगति

रूपी धुरे का चक्र चलता है और चतुर्गति रूपी धुरा ही अनेक प्रकार की शारीरिक मानसिक आदि वेद नाओं रूपी घटीयन्त्र को घुमाता रहता है कर्मोदय की निवृत्ति होने पर चतुर्गति का चक्र रुक जाता है और उसक रुकने से ससाररूपी घटीयत्र का परिचलन समाप्त हो जाता है इसी का नाम मोक्ष है।

इसी प्रकार से आगम से भी मोक्ष की सिद्धि स्पष्ट है सभी शिष्टवादी—आस्तिकवादी लोग किसी न किसी रूप मे मोक्ष का अस्तित्व अवश्य ही स्वीकार करते हैं। एव सभी वादियो ने सामान्यतया मोक्ष में दु खो का विनाश हो जाना या कमबधन से छूट जाना ही स्वीकार किया है अतएव मोक्ष सामान्य मे किसी को विवाद नही है। मोक्ष क विशेषलक्षण मे ही विसवाद है जिसका यहा विचार किया गया है।

ससार कारण त व

चार्वाक—

देहात्मिका देहकार्या देहस्य च गुणो मति ।
मतत्रयामिहाश्रित्य जीवाभावो विधीयते ॥

[प्रमाण वा भा प ५३]

देहात्मको जीव देहाद यत्रानुपलब्ध शिरादिवदिति पुरदर । देहकार्यो जीव देहा वयव्यतिरका नुविधायित्वात उच्छ्वासवदित्युदभट । दहगणो जीव दहाश्रितत्वात दहस्य रूपादिवदित्यविद्धकरण ।

[विश्रत प्र प ८]

शिरा इत्यादि के समान जीव भी देहा मक है क्योकि देह को छोडकर अ यत्र कही जीव पाया नही जाता ऐसा पुरदर आचाय ने कहा है। जीव शरीर का काय है क्योकि देह के साथ अन्वय व्यति रेक पाया जाता है जसे कि उ छवास का अन्वय व्यतिरेक शरीर के साथ पाया जाता है यह उदभट विद्वान आचाय का कथन है। जीव शरीर का गुण है क्योकि शरीर के आश्रित है जसे कि शरीर के रूप आदि। यह अविद्धकण आचाय का कथन है। मतलब चार्वाक मत के प्ररूपक तीन आचार्य प्रमुख हैं पुरदर उदभट और अविद्धकर्ण। पुरदर जीव को देहात्मक कहते हैं उदभट जीव को देह का कार्य कहते हैं एव अविद्धकण जीव को शरीर का गुण कहते हैं।

चार्वाक के साथ कापालिको की तरह हाथमे कपाल रखते हैं और शरीर मे भस्म लगाते हैं। ब्राह्मणो से लेकर अ त्यज तक सभी जातियो के लोग चार्वाक यागियो मे मिलते हैं।

लोकायता वदन्त्येव नास्ति जीवो न निवृ ति ।
धर्माधर्मौ न विद्य ते न फल पुण्यपापयो ॥ ८ ॥ [षड्द पृ० ४५२]

चार्वाक कहते हैं कि जीव मोक्ष धर्म अधर्म पुण्यपाप और इनका फल कुछ भी नही है। स्वगनरक की कल्पना हास्यास्पद है। इनका सिद्धात है कि **लौकिक यद्विषयज सुख तस्य परित्यागाददृष्टे परलोक-सुखादौ तपश्चरणादिकष्टक्रिया साध्ये यत्प्रवर्तन प्रवृत्ति तल्लोकस्य विमूढत्व ।** [षड्द० पृ० ४५६]

चार्वाक का कहना है कि प्रत्यक्ष सिद्ध लौकिक विषय सुखो को छोड़कर अदृष्ट परलोक के सुख के लिये तपश्चरण आदि कष्टकर क्रियाओ मे प्रवृति करना महामूढता तथा अज्ञान की पराकाष्ठा है। धर्म कामात्परो नहि उनका कहना है कि काम सेवन से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नही है। जैसे गुड़ महुआ आदि वस्तुओं के संमिश्रण से मदिरा बनती है उसी प्रकार भूतचतुष्टय से चतन्य बन जाता है अत इनके यहां संसार के कारण भूत मिथ्यात्व आदि कोई चीज ही नहीं हैं और यदि विचारपूर्वक देखा जाय तो इनकी जड़ता-मूढता ही महामिथ्यात्व होने से अनंत संसार का कारण है।

बौद्ध—

इन विज्ञान आदि स्कधो से भि न सुख दु ख इच्छा द्वष ज्ञानादि का आधारभूत आत्मा नाम का कोई स्वतंत्र पदाथ नही है। न स्कधो से भिन्न आत्मा प्रत्यक्ष स अनुभव होता है और न अनुमान स ही होता है अत ये पाचो स्कध क्षणिक हैं दूसरे क्षण मे नष्ट हो जाते हैं मात्र एक क्षण स्थायी हैं इस प्रकार स पचस्कध रूप दु ख तत्त्व है। दु ख तत्त्व का कारण भूत समुदय तत्त्व माना है— मैं हू यह मेरा है पर है पराया है इत्यादि रूप स रागद्वषादि दोष समुदय उत्प न होते हैं अहकार और ममकार रूप स आत्म भाव आत्मीय भाव परभाव परकीयभाव आदि उत्प न होते हैं इन भावो स रागद्वेष समूह उत्पन्न होते हैं ये दु ख और दु ख समुदय दो तत्त्व संसार के कारण हैं

अविद्या प्रत्यया सस्कारा इत्याविवचन केषाञ्चित । ४६ ।

अविद्या निमित्तक ही सस्कार होते हैं ऐसा बौद्धो का कहना है। अनित्य अनात्मक अशुचि और दु खरूप पदार्थों को नित्य सात्मक पवित्र और सुख रूप मानना अविद्या है। इस अविद्या से रागादि सस्कार उत्प न होते हैं संस्कार के तीन भेद हैं—

पुण्योपग शुभ अपुण्योपग-अशुभ और आनेज्योपग अनुभय रूप वस्त का प्रतिविज्ञप्ति विज्ञान है इन सस्कारो से वस्तु मे इष्ट अनिष्ट प्रतिविज्ञप्ति होती है इन पुण्य अपुण्य और अनुभय मे विज्ञान होता है। अत सस्कार निमित्तक विज्ञान है विज्ञान से चार स्कध उत्पन्न होते हैं वे नाम हैं एव चार महा भूत रूप कहलाते हैं अत विज्ञान के निमित्त मे नाम रूप होते हैं। नामरूप से पाच इद्रिय और मन ये छह आयतन होते हैं। छह आयतन द्वारो का विषयाभिमुख होकर प्रथम ज्ञान ततुओ को जाग्रत करना स्पर्श है। स्पश से वेदना वेदना से आसक्तिरूप तृष्णा की वृद्धि से उपादन होता है। यह इच्छा होती है कि यह मेरी प्रिया सदैव मुझ मे सानुराग रहे इत्यादि। इस उपादान से पुनभव को उत्पन्न करने वाला कर्म होता है इसे भव कहते हैं यह कर्म मन वचन कायपूर्वक होता है इससे परलोक मे नया शरीर ग्रहण करना जाति है शरीर स्कध का पक जाना जरा है और उस स्कध का विनाश मरण है ये जरा मरण जाति कारणक हैं। इस तरह यह द्वादशाग वाला चक्र परस्पर हेतुक है इसे प्रतीत्यसमुत्पाद कहते हैं। प्रतीत्य एक को निमित्त करके समुत्पाद-उत्पन्न होना प्रतीत्य समुत्पाद है। अत अविद्या से संस्कार संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप नामरूप से षडायतन षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना वेदना से

तृष्णा, तृष्णा से उपादान उपादान से भव, भव से जाति जाति से जरा और मरण ऐसा कर्म चलता है। इसके कारण भव चक्र बराबर चलता रहता है। अत: अविद्या से ससार होता है संसार का कारण अविद्या है।

बौद्धो की यह संसार कारण पद्धति ठीक नही ह क्योंकि जब प्रत्येक स्कध और संस्कार क्षणिक हैं दूसरे क्षण टिकते ही नही तब यह सब उपयु क्त परम्परा कसे चलेगी क्योकि क्षणिका सर्वे सस्कारा" [का ७] ऐसा वचन है अत बौद्धों द्वारा मान्य ससार कारण तत्त्व गलत है। एक तो आत्मा का स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं है दूसरे सभी पदार्थ प्रतिक्षण ध्वसी है। अत ससार के कारण होना असभव हैं। वास्तव में यह क्षणिक सिद्धान्त ही दीर्घससार का कारण है ऐसा समझना चाहिये।

साख्य—

धर्मेण गमनमूर्ध्व गमनमधस्तात भवत्यधर्मेण।

ज्ञानेन चापवर्गो विपययादिष्यते बध ॥ [साख्य का ४४]

धम से ऊर्ध्व गति एव अधम स अधोगति होती ह एव ज्ञान स मोक्ष और अज्ञान स बध होता है जब तक कोई भी मनुष्य आत्मा को महान अहकार पांच तन्मात्रा पाच इन्द्रिय पाच भौतिक शरीर आदि अनात्मीय पदार्थों मे मैं सुनता हू देखता हू यह कल्पना करता है तभी तक उसको ससार है अत ससार का कारण अज्ञान या अविद्या ही है।

इस पर आचार्यों का कहना है कि ऐसा एकात मानना गलत है क्योकि आपके यहा पुरुष को सर्वथा अपरिणामी निष्क्रिय अकर्ता आदि कहा है पुन उसके यहा ससार के कारण मोक्ष के कारण आदि कसे बनेंगे ? एव सर्वथा अविद्या ही ससार का कारण नही ह। सम्यग्ज्ञान होने के बाद भी ससार में कुछ दिन रहना देखा जाता है। अत ससारकारणतत्त्व अज्ञान मात्र ही नही है राग द्वष आदि परिणाम भी ससार के कारण हं।

नैयायिक—

नैयायिक का कहना ह कि मिथ्याज्ञान का कार्य दोष दोष का काय प्रवत्ति प्रवति का काय ज म और जन्म का काय दु ख ह। इसलिये मूल मे ससार का कारण मिथ्याज्ञान ही ह। वसे इनके यहां सदाशिव ईश्वर ही सष्टि रचना करके जीव में मिथ्याज्ञान सम्यग्ज्ञान आदि को भर देता है कोई जीव स्वय स्वतन्त्र समथ नही है। यही कारण है कि इनकी ससार कारण मान्यता भी ठीक नहीं है।

वैशेषिक—

इच्छा और द्वष से धर्म अधर्म की प्रवृत्ति होती है। उनसे सुख और दु ख रूप संसार होता है संसार में नये शरीर और मन का सयाग होता है ज म होता है एवं कर्मों का सचय होता। अत इच्छा और द्वेष ही संसार के कारण हैं। इनके यहा भी ईश्वर सृष्टि का कर्ता है अत यह सब कल्पनायें व्यर्थ प्रतीति होती हैं।

मीमांसक—

ये मीमांसक लोग भले ही 'अग्निहोत्र जुहुयात् स्वर्गकाम' यह रटते रहें या लाखो बार यज्ञ आदि अनुष्ठान जप तप दीक्षाविधि सन्यास आदि मे विशेष-विशेष क्रिया काण्ड करते रहें लेकिन ये लोग जीव का ससार से छूट कर मुक्त होना मानते ही नहीं हैं अत इनके यहाँ के सब क्रिया काण्ड ससार के ही कारण हैं। वास्तव मे मिथ्यात्व युक्त वेद विहित यज्ञादि का अनुष्ठान ससार का ही कारण है क्योकि वेदो मे हिंसादि में भी धर्म माना है। वैसे ही वेदातियो की ब्रह्मवाद व्यवस्था भीठीक नही है एव उनके अनुसार 'परमब्रह्म' का ध्यान मनन भी ससार का ही कारण है।

जैन—

जैनसिद्धात में ससार के कारण मुख्य रूप से पाच हैं—

मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगा बधहेतव'। [तत्वार्थ सू] मिथ्यादर्शन अविरति प्रमाद कषाय और योग इन पांच कारणो से कर्मों का बध होता है अत ये कर्म बध के कारण ही ससार के कारण हैं क्योकि कर्मों से बधा हुआ जीव ही ससार में परिभ्रमण करता है। यह कर्म का सम्बन्ध कब से हुआ ?

पयडी सील सहावो जीवंगाएा अणाइसबधो।
कणयोवले मलं वा ताणत्थित्तं सय सिद्ध ॥

[गोम्मटसार कर्म]

प्रकृति शील और स्वभाव ये प्रकृति के नाम हैं। जीव और कर्म का अनादिकाल से सम्बन्ध चला आ रहा है। जसे कि स्वर्ण पाषाण मे किट्ट आदि प्रारम्भ से ही मिश्रित रहता है। एव इन जीव और कर्मों का अस्तित्व स्वत सिद्ध है। अह प्रत्यय से जीव का अस्तित्व जाना जाता है। दीन दरिद्री धनी आदि होने से कर्म का अस्तित्व प्रसिद्ध है। यह जीव कर्मों के उदय से राग द्वष आदि रूप परिणत होता है। राग द्वष से कर्मों का बध कर लेता है। द्रव्यकर्म और भावकर्म का परस्पर मे कार्य कारण भाव सम्बन्ध अनादिकाल से चला आ रहा है। यह कर्म बध कतिपय भव्यो की अपेक्षा अनादि होकर भी सांत है एवं अभव्य जीवो की अपेक्षा अनादि अनत है।

पूर्वोक्त सूत्र का विशेष अर्थ—

अतत्त्व श्रद्धान को मिथ्या दर्शन कहते हैं उसके दो भेद हैं—नैसर्गिक और परोपदेशपूर्वक। जो परोपदेश के बिना मिथ्यात्व कर्म के उदय से अनादिकाल से जीव के साथ चला आ रहा है वह नैसर्गिक है। इससे जीव एकान्त से क्षणिक या नित्य तत्त्व मान लेता है या यथार्थ तत्त्वों पर श्रद्धान नही करता है। परोपदेश से होने वाला मिथ्यात्व चार प्रकार का है—क्रियावादी, अक्रियावादी अज्ञानी और वैनयिक। अथवा मिथ्यात्व के पांच भेद भी हैं—एकांत, विपरीत, विनय, सशय और अज्ञान।

असिदिसदं किरियाणं अक्किरियाणं तह य होइ चुलसीदी। सत्तट्ठण्णाणीणं वेणइयाणं तु बत्तीसं।' क्रियावादियों के १८० अक्रियावादियों के ८४ अज्ञानियों के ६७ और वैनयिकों के ३२ ऐसे ३६३ मिथ्यामत माने गये हैं।

छह काय के जीवो की दया न करने से एव पांच इन्द्रिय और मन को वश में न रखने से अविरति के १२ भेद हैं।

चार विकथा चार कषाय पचइन्द्रिय विषय निद्रा और स्नेह ये १५ प्रमाद हैं। कुशल कार्य में अनादर करना प्रमाद है।

अनतानुबधी क्रोध मान माया लोभ आदि सोलह कषाय और हास्य रति आदि नव नोकषाय ये २५ कषाय हैं। चार मनोयोग चार वचनयोग और सात काय योग ऐसे १५ योग होते हैं। ऐसे ये ५ मिथ्यात्व १२ अविरति १५ प्रमाद २५ कषाय और १५ योग सब मिलकर ५+१२+१५+२५+१५=७२ भेद हो जाते हैं।

प्रथम गुण स्थान मे जीवो क पाचों ही बध क कारण मौजूद हैं द्वितीय से चतुर्थ तक मिथ्यात्व क सिवा चार कारण होत हैं पाचव मे त्रस की विरति और ग्यारह की अविरति इस निमित्त से विरताविरत परिणाम होने से चार कारण हैं। छठे में प्रमाद होने से तीन कारण ह सातवें से दसवें तक कषाय और योग ये दो ही कारण होते ह ग्यारहवे से तेरहवें तक मात्र योग ही एक कारण है एव चौदहवें में योग न होने स बध क कारण नही हैं अत चौदहव गुण स्थान क अन्त मे बध क हेतु का पूणतया अभाव और पूर्वकर्मों की निजरा हो जाने स मोक्ष हो जाती ह।

जो जीव कर्मों से बधे हैं वे ही मुक्त होते ह यह जैनसिद्धान्त का अटल नियम ह।

मोह और योग क निमित्त स होने वाले आत्मा क परिणामों का नाम गुणस्थान है। ये गुणस्थान चौदह माने गये ह। इनका विवरण गोम्मटसार जीवकाण्ड स देखिय।

कोई ससार को अहेतुक कहते हैं। कोई प्रकति मात्र को ससार का कारण कहते हैं कोई केवल अज्ञानादि दोषों को ससार का कारण कहते हैं।

किन्तु ससार अहेतुक नही ह यद्यपि अनादि ह फिर भी उसक कारण कर्म मौजूद हैं। आगम और अनुमान आदि से ससार सहेतुक ही सिद्ध है तभी तो कोई जीव उन ससार के हेतुओ का नाश करके मुक्ति प्राप्त कर सकते ह। साख्य ने प्रधान को ही ससार का हेतु माना ह किन्तु आत्मा को ससर्ग से ससार का होना, जीव को जन्म मरण आदि दुखो का होना जो कि प्रत्यक्ष सिद्ध है वह नहीं बनेगा। बौद्ध अज्ञान आदि जन्य ही ससार मानते हैं किन्तु कर्मोदय बिना अज्ञान, द्वेष आदि परिणाम हो नहीं सकते हैं इसलिये संसार के कारण मिथ्यात्व आदि प्रसिद्ध हैं।

मोक्ष के कारण का विचार

चार्वाक—

'सुख दुःख के कारण धर्म, अधर्म, उत्कृष्ट धर्म, अधर्म के फल भोगने के स्थान स्वर्ग नरक पुण्य और पाप दोनों के नाश से होने वाला मोक्ष सुख इत्यादि अतीन्द्रिय पदार्थों की कल्पना उसी तरह हास्यास्पद और उपेक्षणीय है जिस तरह आकाश में अनेक रंगों से विचित्र चित्र बनाने की भावना हास्यास्पद है।'

साध्यवृत्तिनिवृत्तिभ्यां या प्रीतिर्जायते नरे।

निरर्था सा मतं तेषां धर्मः कामात्परो न हि ॥८६॥ [षड्दर्श प ४५६]

कर्तव्य कार्य मे प्रवृत्ति और न करने योग्य अकार्य से निवृत्ति होने पर जो मनुष्यों को आत्म सन्तोष या प्रीति उत्पन्न होती है उसे चार्वाक लोग निरर्थक बताते हैं उनके यहां तो काम पुरुषार्थ से बढ़कर कोई धर्म ही नही है। अर्थात् चार्वाक लोग जप तप संयम साधना आदि कार्यों में प्रवृत्ति करने और विषय सुख इंद्रिय लंपटता हिंसा असत्य आदि पाप कार्यों के त्याग करने को मूढ़ता समझते हैं। इसलिये इनके यहां आत्मा परलोक मोक्ष और मोक्ष के कारणो की वार्ता ही समाप्त हो जाती है।

बौद्ध—

निरोधहेतु नैरात्म्याद्याकारश्चित्तविशेषो मार्गः। मार्गणं अन्वेषणं मार्ग्यतेऽन्विष्यते याच्यते निरोधार्थिभिरिति चुरादिणिजन्तस्येनात्प्रत्ययः। निःक्लेशावस्था चित्तस्य निरोधः [षड द ३९]

निरोध निर्वाण मार्ग के इच्छुक मुमुक्षु जिसे ढूंढते हैं जिसकी याचना करते हैं वह मार्ग है (अन्वेषण अर्थ में मार्गण्—धातु से चुरादिगण में णिच् प्रत्यय के बाद अल् प्रत्यय से मार्ग शब्द बना है) निरोध में हेतुभूत नैरात्म्यादि भावनायें ही निर्वाण में कारण होने से मार्ग कही जाती हैं। एवं चित्त की क्लेश रहित अवस्था को निर्वाण कहते हैं। अर्थात् दुःख दुःख समुदय मार्ग और निरोध ऐसे चार आर्य सत्य माने हैं। दुःख का नाम संसार है, दुःख समुदय संसार का कारण है मार्ग मुक्ति का कारण है एवं निरोध का अर्थ मुक्ति है।

'सर्वभावेषु विपरीतज्ञानं विद्या। यतस्तु भावेष्वनित्यानात्मकाशुचिदुःखेषु अनित्यानात्मकाशुचिदुःखदर्शनं सा विद्या। ततो मोक्षः। [तत्त्वार्थ वा पृ ११]

जब सब पदार्थों मे अनित्य निरात्मक अशुचि और दुःख रूप तत्त्व ज्ञान उत्पन्न होता है तब अविद्या नष्ट हो जाती है। अविद्या के विनाश से क्रमशः संस्कार आदि का नाश होकर मोक्ष प्राप्त हो जाता है। इस तरह बौद्ध मत मे अविद्या से बंध और विद्या से मोक्ष माना गया है। अर्थात् बौद्धो के यहां अनित्य अशुचि आदि पदार्थों को नित्य शुचि आदि समझना अविद्या है। अविद्या से रागादि संस्कार, संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नाम रूप (पंचस्कंध) नाम रूप से षडायतन षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति से जरा-मरण होते हैं। यह संसार के कारणों की परंपरा बताई है। वैसे ही विद्या से अविद्या का अभाव, अविद्या के अभाव से

सस्कार का निरोध संस्कार के अभाव से विज्ञान का अभाव विज्ञान के अभाव से नाम रूप का अभाव, नाम रूप के अभाव से षडायतन का अभाव षडायतन के अभाव से स्पश का स्पर्श के अभाव से वेदना का, वेदना के अभाव से तृष्णा का तृष्णा के अभाव से उपादान का उपादान के अभाव से कर्म का कम के अभाव से जाति का जाति के अभाव से जरा मरण का अभाव हो जाता है। मतलब विद्या से मोक्ष होती है किंतु यह बौद्ध मान्यता बिल्कुल गलत है पदाथ सवथा क्षणिक न होकर नित्य भी हैं उन्हें क्षणिक समझना विद्या नही है प्रत्युत महा अविद्या है। इस क्षणिक मत की बुद्धि के अभाव से सम्यक्त्व और ज्ञान आदि प्रगट होने से ही मोक्ष होती है।

सांख्य—

विपययाद् बधस्यात्मलाभ सति ज्ञानादेव तद्विनिवृत्त स्त्रित्वानुपपत्ति ॥४१॥ [तत्वार्थ वा पेज ११]

शका—मिथ्याज्ञान से ही बध होता है अत मोक्ष भी ज्ञान मात्र स ही होना चाहिय इसलिय मोक्ष के लिय तीन कारण नही बनते हैं। यथा—जब तक पुरुष को महान् आदि के क्रम से उत्पन्न होने वाले पाँच भौतिक शरीर मे अहपने का मिथ्याज्ञान रहता है तभी तक शरीर को आत्मा मानने से विपर्यय ज्ञान से बध होता है। और जब इसे प्रकृति और पुरुष मे भेद विज्ञान हो जाता है वह पुरुष के सिवाय यावत् पदार्थों को प्रकृति कृत और त्रिगुणात्मक मानकर उनसे विरक्त होकर इनमे मैं नही हू य मेरे नही हैं यह परम विवेक जाग्रत होता है तब ज्ञान मात्र से मोक्ष हो जाता है। अत ज्ञान मात्र ही मोक्ष का कारण है।

जैनाचाय कहते हैं कि ज्ञान मात्र से मोक्ष माना जाय तो पूण ज्ञान की प्राप्ति के द्वितीय क्षण मे ही मोक्ष हो जानी चाहिये। पुन एक क्षण भी ससार मे ठहरने से उपदेश तीथ प्रवृत्ति आदि कुछ भी नही हो सकेंगे। यह सम्भव नही कि दीपक भी जल जाय और अ धेरा भी रह जाय। उसी तरह से ज्ञान मात्र से मोक्ष कहने पर यह सम्भव नही है कि ज्ञान भी हो जाय और मोक्ष न हो। यदि कहा कि पूर्णज्ञान होने के बाद भी कुछ सस्कार शेष रह जाते हैं जिनके क्षय हुये बिना मोक्ष नही होती एव जब तक उन संस्कारो का क्षय नही होता तब तक उपदेश आदि प्रवृत्ति होती है तब तो यह स्पष्ट अथ हुआ कि संस्कार क्षय से मुक्ति होती है न कि ज्ञान मात्र से। पुन यह बताओ ! सस्कारो का क्षय ज्ञान से होता है या अन्य कारणों से ? यदि ज्ञान से कहो तो ज्ञान होते ही सस्कार का क्षय हो जाना चाहिये। पुन वही उपदेश नहीं हो सकेगा। यदि अ य कारण कहो तो उसी का नाम चारित्र है। एव ज्ञान मात्र से मोक्ष कहने से तो सिर मु डाना गेरुआ वेष यम नियम जप तप दीक्षा आदि सब व्यर्थ हो जावेंगे।

नैयायिक—

दु खादिनिवृत्ति इत्यन्येषां ।४५। दु खजन्मप्रवृत्तिमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायादप-वर्ग इति । [न्याय सूत्र १।१।२]

दुःखादि की निवृत्ति होना मोक्ष है ऐसा नैयायिकों का कहना है। अर्थात् मिथ्या ज्ञान का कार्य दोष, दोष का कार्य प्रवृत्ति प्रवृत्ति का कार्य जन्म और जन्म का कार्य दुःख है। मिथ्या ज्ञान का अभाव होने पर क्रमश दोष प्रवृत्ति जन्म और दुःख नष्ट हो जाते हैं उसी का नाम मोक्ष है।

इनके द्वारा मान्य सात पदार्थ और नव द्रव्य की कल्पना ईश्वर सृष्टि की और समवाय की कल्पना ही गलत है तब उनके यहा मिथ्याज्ञान का अभाव असम्भव है। अत इनके द्वारा मान्य मोक्ष के कारणों से जप तप दीक्षा आदि कुत्सित चारित्र से मोक्ष प्राप्त करना अशक्य है।

वैशेषिक—

इच्छाद्वेषाभ्यामपरवां ।४४। [तत्त्वार्थवा० प ११] वैशेषिक का कहना है कि इच्छा और द्वेष से धर्म अधर्म की प्रवृत्ति उनसे सुख दुःखरूप ससार। जिस पुरुष को तत्त्वज्ञान हो जाता है उसे इच्छा और द्वेष नहीं होते इनके न होने से धर्म अधर्म नही होते इनके न होने से नये शरीर और मन का सयोग नहीं होता जन्म नही होता और सचित कर्मों का निरोध हो जानेसे मोक्ष हो जाता है। जैसे प्रदीप के बुझ जाने से प्रकाश का अभाव हो जाता है उसी तरह धर्म और अधर्म रूप बन्धन के हट जाने से जन्म-मरण चक्ररूप ससार का अभाव हो जाता है। अत षट पदार्थ का तत्त्व ज्ञान होते ही अनागत धर्म और अधर्म की उत्पत्ति नही होगी और सचित धर्माधर्म का उपभोग और ज्ञानाग्नि से विनाश होकर मोक्ष हो जाता है। अत वैशेषिक मत मे भी तत्त्वज्ञान से मोक्ष माना है।

वास्तव में इन वैशेषिक के मोक्ष कारण तत्त्व भी गलत है तत्त्वज्ञान मात्र से मोक्ष होना असम्भव है यह बात ऊपर कही जा चुकी है तथा इनके सोलह पदार्थों का ज्ञान तत्त्वज्ञान नही है क्योकि सोलह पदार्थ वास्तविक नही है कल्पना से कल्पित है अत इनके द्वारा मान्य भी मोक्ष कारण तत्त्व बाधित है।

इनका कहना है कि अदृष्ट के दो भेद है–धर्म अधर्म। धर्म पुरुष का गुण है कर्ता के प्रियहित और मोक्ष मे कारण है अतीन्द्रिय है अन्तिम सुख का यथार्थ विज्ञान होने से इसका नाश होता है। जब तक तत्त्वज्ञान की पूर्णता नही होती तब तक धर्म का कार्य सुख बराबर चालू रहता है। तत्त्वज्ञान होने के बाद प्रारब्ध कर्मों के फल रूप अन्तिम सुख तक बराबर धर्म ठहरता है अन्तिम सुख के प्राप्त होने के बाद धर्म का तत्त्वज्ञान से नाश हो जाता है। यह तत्त्वज्ञान श्रुति स्मृति विहित मार्ग का पालन करने से अहिंसा आदि एव विशेष रूप से ब्राह्मण क्षत्रिय आदि के पूजन अध्ययन आदि से उत्पन्न होता है अत तत्त्वज्ञान से मोक्ष होता है। यह मान्यता पूर्वोक्त प्रकार से गलत ही है।

मीमांसक—

'कुमारिल भट्ट ने कहा है कि पुरुष की प्रीति को श्रेय कहते है यथा—

'श्रेयो हि पुरुषप्रीतिः सा द्रव्यगुणकर्मभिः ।

चोदनालक्षणैः साध्या तस्मात्तेष्वेव धर्मता (मी श्लोक चोदना सूत्र श्लो०१९१)

पुरुष की प्रीति को श्रेय कहते हैं यह प्रीति वेद वाक्यों से प्रतिपादित यज्ञादि में उपयुक्त होने वाले

द्रव्य, गुण और क्रियाओं से उत्पन्न होती है अतः स्वर्गादि रूप प्रीति के साधन द्रव्य, गुण आदि में ही घटता है। मतलब ये मीमांसक सर्वज्ञ ईश्वर को नहीं मानते ह तब मोक्ष और उसके कारणों की बात ही खतम हो जाती हैं। ये सदा ही आत्मा को धर्म से स्वर्गादि सुख और अधर्म से नरकादि दुःख की व्यवस्था कर देते है। बस इनके यहा बुद्धि मे मीमासा करने का ही अभाव हैं।

"आत्मा नित्य अविनाशी द्रव्य है जो वास्तविक जगत् मे वास्तविक शरीर के साथ संयुक्त रहता है मृत्यु के बाद भी यह अपने कर्मो के फलो का उपभोग करने के लिए विद्यमान रहता हैं चैतन्य आत्मा का वास्तविक स्वरूप नही ह किन्तु औपाधिक ह। सुषुप्तावस्था तथा मोक्षावस्था में आत्मा को चैतन्य नहीं रहता क्योंकि उसके उत्पादक कारणो का अभाव हो जाता है जितने जीव ह उतने ही आत्मा हैं। जीवात्मा बन्धन में आत ह और उससे मोक्ष भी पा सकत ह। [भारतीय द पृ २११]

वास्तव में मोक्षावस्था मे जीवात्मा को चतन्य शू य मानना मतलब जीव के मोक्ष का अभाव सिद्ध कर देना है।

प्राचीन मीमासको के मत में स्वर्ग ही जीव का चरम लक्ष्य माना गया है इसलिए कहा गया है 'स्वर्गकामो यजेत सभी कर्मों का अतिम उद्देश्य है स्वग प्राप्ति। पर तु धीरे धीरे मीमासक गण अन्यान्य भारतीय दर्शनों की तरह मोक्ष—सांसारिक बधनो से छटकर मुक्ति को सबसे बडा कल्याण—नि श्रेयस मानने लगे हैं।

निष्काम धर्माचरण और आत्मज्ञान के प्रभाव से पूव कर्मों के सचित सस्कार भी क्रमश लुप्त हो जाते हैं। तब इसके बाद पुनर्ज म नहीं होता और कम का ब धन छूट जाता है पर तु मीमासक का यह मोक्षकारण तत्त्व ठीक नही है।

वेदान्तवादी—

ब्रह्म स्वरूप मे लय हो जाना ही मुक्ति है इस ब्रह्मालयावस्था के सिवाय अ य किसी प्रकार की मुक्ति वेदान्तियों को इष्ट नही है। ये भगवत् शब्द से पुकारे जाते हैं। इनके कुटीचर बहूदक, हस और परमहस ये चार भेद होते हैं। हस साधको को तत्त्वज्ञान हो जाता है तब य परमहस कहलाते हैं। परमहसादित्रयाणा च कटिसूत्र न कौपीन न वस्त्र न कमडलुन दण्ड सावर्णैकभक्षाटनपरत्व जात रूपधरत्व विधि ॥ [ना प उ ५।१] परमहसादि तीनों के कटिसूत्र कौपीन वस्त्र क मंडलु नही होते हैं सभी वर्णों मे भिक्षा ले लेते हैं जातरूपधारा होते हैं। इनके अध्ययन का एक मात्र विषय है वेदान्त। ये चारों ही मात्र ब्रह्माद्व त की सिद्धि मे अपनी सारी शक्ति लगा देते हैं। [षड्द पृ ४३२]

ब्रह्मसूत्र पर अनेक भाष्य लिखे गये हैं हर एक भाष्यकार एक-एक वेदान्त संप्रदाय के प्रवर्तक बन गये हैं इस तरह शकर, रामानुज मध्वाचार्य, वल्लभाचाय निंबार्क आदि के नाम पर भिन्न-भिन्न सप्रदाय चल पड़ हैं।

शकराचार्य के अनुसार जीव और ब्रह्म दो नहीं हैं, इनमें द्वैत नहीं है। अत इनके मत का

नाम 'अद्वैत' है। रामानुजाचार्य अद्वैत को स्वीकार करते हुये भी कहते हैं कि एक ही ब्रह्म में जीव तथा अचेतन प्रकृति भी विशेष रूप है, अनेक विशेषण विशिष्ट एक ब्रह्म को मानने के कारण इस मत का नाम पड़ा है 'विशिष्टाद्वैत'। मध्वाचार्य ब्रह्म और जीव को दो मानते हैं अत इस मत का नाम 'द्वैत' है। निबार्काचार्य का मत है कि जीव और ब्रह्म किसी दृष्टि से दो हैं किसी दृष्टि से दो नहीं हैं। इस मत को द्वैताद्वैत कहते हैं। इनमें सबसे प्रसिद्ध है शकर का अद्वैत और रामानुज का विशिष्टाद्वैत।

सहस्रशीर्षा पुरुष सहस्राक्ष सहस्रपात् ।
स भूमिविश्वतो वृत्वा त्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ॥१॥
पुरुष एवेदं सर्व यद्भूत यच्च भव्य ।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति ॥२॥
एतावानस्य महिमातो ज्यायांश्च पुरुष ।
पादोऽस्य विश्वभूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि ॥३॥

[ऋग्वेद १। ६]

पुरुष के सहस्रमस्तक सहस्रनेत्र सहस्र पर हैं वह समस्त पृथ्वी में व्याप्त है और उससे दश अंगुल परे भी है। जो कुछ है जो कुछ होगा सो सब वही पुरुष है, वह अमरत्व का स्वामी है जितने अन्न से पलने वाले जीव हैं सबमें वही है उसकी इतनी बडी महिमा है वह उससे भी बडा पुरुष है उसके एक पाद से संपूर्ण विश्व व्याप्त है और तीन पाद अमृत हैं जो द्युलोक में हैं वही चारों ओर चराचर विश्व मे व्याप्त ह।

आश्चर्य तो इस बात का है कि वैशषिक और नयायिक, ईश्वर को सृष्टि की रचना मे निमित्त मानते हैं। सर्वेश्वरवादी ईश्वर को जगत का उपादान कारण मानते हैं किंतु ये वेदान्ती तो ईश्वर को जगत् का निर्माण करने मे उपादान और निमित्त दोनों कारण मान लेते हैं। वदिक ऋषि की दिव्य दृष्टि इतनी दूर तक पहुच गई है कि एक ही मत्र मे उन्होने अद्वैत जगदैक्यवाद तथा निमित्तोपादानेश्वरवाद के तत्त्व भर दिये हैं।

इस तत्त्व को कभी ब्रह्म कभी आत्मा कभी केवल सत् कहा गया है। अर्थात् शरीर इन्द्रिय मन बुद्धि आदि वास्तविक आत्मा नही है वे उसके बाह्य रूप है। सबका मूल आधार आत्म तत्त्व ह, आत्मा शुद्ध चैतन्य स्वरूप है। सत्य अनन्त और ज्ञान स्वरूप होने के कारण जो ही आत्मा मनुष्य में है वही सब भूतों में है। अतएव आत्मा परमात्मा एक ही है। इस आत्मज्ञान या आत्मविद्या को श्रेष्ठ विद्या कहते हैं। आत्म ज्ञान का साधन है काम क्रोधादि वृत्तियो का दमन करना एवं ब्रह्म का श्रवण, मनन, निदिध्यासन। जब तत्त्वज्ञान के द्वारा संस्कारों का लोप हो जाता है तब आत्मा का साक्षात्कार हो जाता है। उपनिषदों का मत है कि कर्मकाण्ड के द्वारा जीवन के परम पुरुषार्थ की—अमरत्व की प्राप्ति नहीं हो सकती है। केवल आत्मज्ञान या ब्रह्मविद्या के द्वारा ही पुनर्जन्म और तज्जन्य क्लेशों का अन्त

हो सकता है। जो अपने को शाश्वत ब्रह्म से अभिन्न समझ लेता है वही अमरत्व प्राप्त करता है।

विषयों को भोग करने की वासनाय वे बेडियां ह जो हमे जकड़कर सांसारिक बधन में रखती हैं और जिनसे जन्म और मृत्यु एवं पुनर्जन्म का चक्र चलता रहता है। जब मनुष्य का हृदय वासना से रहित निष्काम हो जाता ह तब वह इस जीवन मे ब्रह्म मे लीन हो जाता ह।

शैव पाशुपत कापालिक और कालामुख मतो के अनुसार जगत का उपादान कारण पचभूत है एव निमित्त कारण ईश्वर है किंतु वेदान्तियो के अभिप्राय से जगत का उपादान और निमित्त दोनो ही कारण चित्रूप परमब्रह्म आत्मा ही ह।

इस प्रकार से कोरे वेदात के अध्ययन से मुक्ति नही मिल सकती है यद्यपि उपनिषदो मे ज्ञान मात्र से मुक्ति कही है फिर भी ज्ञान श द का अथ श्रुति का कोरा शब्द ज्ञान नहीं है। श्रवण—गुरु के उपदेश सुनना। मनन—उन उपदेशो पर युक्ति पूवक विचार करना। निदिध्यासन—उन सत्यो का बारम्बार ध्यान करना। पूव सचित सस्कारो का नाश बारबार ब्रह्म विद्या के अनुशीलन तदनुकूल आच रण से होता है। आगे बढ़ते बढ़ते जीव और ब्रह्म का भेद मिट जाने से उसी के साथ बधन कटकर मोक्ष का साक्षात् अनुभव होता है। [भारतीय द]

यह वेदांतियो द्वारा मान्य मोक्ष का कारण प्रारभ मे बडा सु दर लगता है कित जनाचार्यों का कहना है कि जब एक अद्व तरूप ब्रह्म ही सिद्ध नही है नाना जीवो की सत्ता पृथक पृथक है तब उस ब्रह्म का श्रवण मनन चिंतन ध्यान भी अविद्या का ही विलास है। इसलिये वेदातियो द्वारा मा य मोक्ष के कारण तत्त्व भी ठीक नही हैं।

जन—

सम्यग्दशनज्ञानचारित्राणि मोक्षमाग [तत्वाथ सूत्र]

जनाचार्यों ने सम्यग्दशन सम्यग्ज्ञान और सम्यकचारित्र इन तीनो की एकता को मोक्ष की प्राप्ति का उपाय बतलाया है।

श्रद्धानं परमार्थानामाप्तागमतपोभृताम।
त्रिमूढापोढमष्टांग सम्यग्दशनमस्मयम् ॥ [रत्नकरण्ड श्रावकाचार]

सच्चे आप्त आगम और गुरु का श्रद्धान करना एव तीन मूढता रहित आठ अंग सहित आठ मद रहित होना सम्यग्दशन है। तत्त्वाथश्रद्धानं सम्यग्दशनम् तत्त्वाथ श्रद्धान करना सम्यग्दर्शन है।

इस सम्यग्दशन के होने के बाद ज्ञान सम्यग्ज्ञान बन जाता है पुन रागद्व ष को दूर करने के लिए सम्यक चारित्र ग्रहण किया जाता है। उसके दो भेद हैं। सकल विकल चरण पूर्ण पापों के त्यागी महा व्रती साधु सकल चारित्र धारण करने वाले है एवं श्रावक अणुव्रत रूप विकल चारित्र पालन करते हैं। क्षायिक सम्यक्त्व की अपेक्षा चौथे गुणस्थान मे सम्यक्त्व पूर्ण हो गया केवलज्ञान की अपेक्षा तेरहवें गुणस्थान मे पूर्ण ज्ञान प्रगट हो गया है, चारित्र के अतर्गत व्युपरतक्रिया निवृत्ति ध्यान की पूर्ति चौदहवें

गुणस्थान के अंत में होकर चौदहवें गुणस्थान के बाद जीव मुक्त-सिद्ध होता है। अर्थात् इस मोक्ष के कारण भूत रत्नत्रय की पूर्णता चौदहवें गुणस्थान के अंत में होती है तभी मोक्ष प्राप्त होता है। इसी बात को आप्त परीक्षा में श्री विद्यानंद आचार्य महोदय ने स्पष्ट किया है। 'सर्वथायोगकेवलिचरम-समयवर्तिकृत्स्नकर्मक्षयलक्षणमोक्षमार्ग साक्षान्मोक्षमार्गत्वं सम्यग्दर्शनादित्रयात्मकत्वं न व्यभिचरति तपोविशेषस्य परमशुक्लध्यानलक्षणस्य सम्यक्चारित्रेऽन्तर्भावादिति ।

[आप्तपरीक्षा पृ० २६०]

इसी प्रकार अयोगकेवली नामक चौदहवें गुणस्थान के अंतिम समय में होने वाले समस्त कर्मों के नाश रूप मोक्ष के मार्ग में वर्ति 'साक्षात मोक्षमार्गपना' सम्यग्दर्शन आदि तीन रूपता का व्यभिचारी नहीं है क्योंकि परमशुक्लध्यानरूप तपोविशेष का सम्यक्चारित्र में समावेश होता है।

जो मात्र ज्ञान से या सम्यक्त्व से या चारित्र से या दोके मेल से मुक्ति मानते हैं वह मान्यता गलत है। यहां यह बात निश्चित है कि रत्नत्रय ही मोक्ष का मार्ग है' एक दो आदि नहीं। कहा भी है—

हत ज्ञानं क्रियाहीनं हता चाज्ञानिनां क्रिया।
धावन् किलान्धको दग्धः पश्यन्नपि च पंगुलः ॥

क्रियाहीन ज्ञान नष्ट है और अज्ञानियों की क्रिया निष्फल है। दावानल से व्याप्त वन में जैसे अंधा व्यक्ति इधर-उधर भाग कर भी जल जाता है वैसे ही पंगु देखता हुआ भी जल जाता है।

इसलिये मोक्ष की प्राप्ति का सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इन तीनो से अविना भाव है वह मुक्ति इन तीनों के बिना नहीं हो सकती है। अतः सम्यग्दर्शन ज्ञान और चारित्र ही मोक्ष के कारण तत्त्व हैं ऐसा समझना चाहिये।

अद्वैतवाद विचार

अद्वैतवादियों में पांच भेद हैं—ब्रह्माद्वैत शब्दाद्वैत विज्ञानाद्वैत चित्राद्वैत और शून्याद्वैत।

ब्रह्माद्वैतवादी वेदांती हैं ये सम्पूर्ण चराचर जगत् को एक ब्रह्म रूप ही मानते हैं।

शब्दाद्वैतवादी वैयाकरण कहलाते हैं ये भी सम्पूर्ण चराचर जगत को शब्दब्रह्म रूप मानते हैं।

विज्ञानाद्वैतवादी योगाचार बौद्ध हैं ये सारे विश्व को एक विज्ञान मात्र ही मानते हैं।

चित्राद्वैतवादी भी बौद्ध हैं ये सम्पूर्ण जगत् को 'चित्रज्ञान रूप एक मानते हैं।

शून्याद्वैतवादी माध्यमिक बौद्ध हैं ये सारे जगत् को एक शून्य रूप ही स्थापित करते हैं।

इनमें से शब्दाद्वैतवादी का मत स्पष्ट करते हैं।

शब्दाद्वैतवाद निराकरण

ननु च शब्दाद्वैतवादिनो निखिलप्रत्ययानां शब्दानुविद्धत्वेनैव सविकल्पकत्वं मन्यंते

[प्रमेय क० मा० पृ० ४६]

जो भर्तृ हरि और शब्दाद्वैतवादी हैं वे सम्पूर्ण ज्ञानो को शब्द से अनुविद्ध सविकल्प ही मानते हैं।

मतलब उनका कहना यह है कि-ज्ञान शब्द से अनुविद्ध होकर ही पदार्थों का ज्ञान कराता है-जगत् में जितने भी ज्ञान हैं वे सब शब्दो के द्वारा ही होते ह। एवं जगत् मे जितने भी पदार्थ हैं वे सब शब्द ब्रह्म की पर्याय ह।

शब्द ब्रह्म तो अनादि निधन है अक्षरादि उसकी पर्यायें ह एव सम्पूर्ण पदार्थ आदि इसी के भेद प्रभेद हैं।

इस पर श्री प्रभाच द्र आचाय ने विशद वणन के द्वारा शब्द ब्रह्मवाद का निराकरण कर दिया है क्योंकि शब्द से अनुविद्ध होकर ही ज्ञान हो यह बात असम्भव है नेत्रादि से जो ज्ञान होता है उसमे शब्दानुविद्धत्व कहां है ? एक कणज्ञान को छोडकर किसी भी ज्ञान मे शब्दानुविद्धत्व नही है।

यदि पदार्थों का शब्द से अनुविद्धत्व-सम्ब ध मानो तो भी ठीक नही है अन्यथा अग्नि आदि शब्द सुनते ही कान जलने लगेगा। जगत को शब्दरूप मानना तो प्रत्यक्ष से ही बाधित है फिर भी आप मानें तो प्रश्न यह होता है कि शब्दब्रह्म जब जगत् रूप परिणमन करता है तब अपने स्वरूप को छोड कर या बिना छोड ? यदि अपने स्वरूप को छोडकर परिणमन किया तो अनादिनिधनता कहा रही ? नहीं छोडा तो सारे पदाथ शब्दमय होने से बहरे को भी शब्द सुनायी देने लगेंगे। पुन प्रश्न होगे कि शब्द ब्रह्म से उसकी जगत रूप पर्याय भि न ह या अभिन्न ? भिन्न कहो तो अद्वैत पक्ष समाप्त हुआ। यदि अभिन्न कहो तो श दमय पदाथ हो गये पुन गिरि शब्द छोटा सा होकर बड से पर्वत का वाचक कैस होगा ? एव बिना सकेत के भी बाल मूक आदि को उनका ज्ञान होने लगेगा आदि अनेको दोष आते ह अत जगत का शब्द ब्रह्ममय मानना गलत है। य शब्दवर्गणाय ता पुग्दलद्रव्य की पर्याय हैं मूर्तिक हैं तभी इन्हे आज यत्रो द्वारा लाखो मीलो तक भेजा जाता है सुना जाता है टेपरेकाड आदि यत्रो में भरा जाता है। यदि अमूत और एक हो तो य सब बात असम्भव हो जावगी। इसलिय इन अद्वैतवादों की मा यताय गलत ह। ब्रह्माद्वैत आदि का खण्डन इसी मे पहले कर दिया है।

स्फोटवाद का विचार

स्फोटवादी मीमासका का मत है कि ध्वनियां क्षणिक हैं क्रमश होती हैं और अनतर क्षण में विनष्ट हो जाती है वे स्वरूप का बोध कराने मे ही क्षीणशक्ति हो जाती हैं अत भिन्न अर्थ का ज्ञान कराने मे समथ नही हैं। उन ध्वनियो स अभिव्यक्त होने वाला अथ प्रतिपादन में समर्थ अमूर्त नित्य, अतीन्द्रिय निरवयव और निष्क्रिय शब्दस्फोट स्वीकार करना चाहिये। जैनाचार्य कहते हैं कि उनका यह मत ठीक नहीं है क्योकि ध्वनि और स्फोट में व्यग्य-व्यजक भाव नहीं बनता है। जिस शब्द स्फोट को व्यग्य मानते हो वह स्वरूप में रहता है या नहीं ? यदि स्वरूप से रहता है, तब तो ध्वनियों से पहले और बाद में उसके उपलब्ध न होने का क्या कारण है सूक्ष्मता या किसी प्रतिबन्धक का होना ? यदि

सूक्ष्मता कारण है तो आकाश की तरह ध्वनिकाल मे भी उपलब्ध नही रहना चाहिये। एव प्रतिबन्धक कारण भी कोई दिखता नहीं है।

यदि स्फोट स्वरूप से अनवस्थित है तो वह व्यंग्य नही हो सकता है और न ध्वनिया व्यञ्जक हो सकती हैं। जब ध्वनियाँ उत्पत्ति के बाद ही नष्ट हो जाती हैं तब वे स्फोट की अभिव्यक्ति कैसे करेगा ? यदि क्षणिक होकर भी वे स्फोट की अभिव्यक्ति कर सकती हैं तो सीधा अर्थ बोध कराने मे क्या बाधा है जिससे कि एक निरर्थक स्फोट माना जाय ?

अत शब्द ध्वनिरूप ही है और वह नित्यानित्यात्मक है यह स्वीकार करना चाहिय। वह पुद्गल दृष्टि स नित्य है श्रोत्रेन्द्रिय के द्वारा सुनने योग्य पर्याय सामान्य की दृष्टि से कालातर स्थायी है और प्रतिक्षण की पर्याय की अपेक्षा स क्षणिक भी है। [राजवा० पंचम अ प ४८६]

स्फोटवादी वयाकरणो का कहना है कि वर्ण पद और वाक्य अर्थ के प्रतिपादक नही हैं किन्तु स्फोट ही अर्थ का प्रतिपादक है। [न्या कु च प ७४५]

मीमासक और वैयाकरणो का कहना है कि एक शब्द को भी सम्यकरीति से जानकर शास्त्रानुसार उसका शुद्ध प्रयोग करने से इस लोक और परलोक मे इच्छित फल की प्राप्ति होती है। अर्थ का ज्ञान कराने मे सस्कृत भाषा के शब्द ही कारण हो सकते हैं प्राकृत भाषा के नही। अत व्याकरण के अनुसार सिद्ध गौ आदि शब्द ही साधु हैं और वे ही अर्थ के वाचक हो सकते हैं गौ शब्द के अपभ्रश गावी' गोणी आदि शब्द अर्थ के वाचक नही हैं क्योकि वे शुद्ध नही हैं।

तात्पर्य यह है कि वैयाकरणदर्शन को पाणिनिदर्शन भी कहते हैं। सर्वदर्शनसग्रह' मे इसका वर्णन आता है।

ये लोग शब्द ब्रह्म को एक और विश्व व्याप्त मानते हैं अत शब्दाद्वैतवादी है। इन्ही मे कोई लोग वर्णों को अर्थ बोधक न मानकर स्फोट से अर्थ की अभिव्यक्ति मानते हैं वे शब्द स्फोटवादी हैं। मीमासक भी शब्द को नित्य मानते हैं एव कोई स्फोटवाद भी मानते हैं।

हरिणामाणि ब्रह्मकाण्डे— 'अनादिनिधन शब्दब्रह्मतत्त्व यदक्षरम। विवर्तेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगत यत' ॥ [सर्व द० प २४५]

अनादि निधन अक्षराख्य शब्द तत्त्व ब्रह्म घटादि अर्थाकार विवर्त होता है जिससे जगत्प्रक्रिया निष्पन्न होती है।

'पदार्थप्रतीत्यन्यथानुपपत्यापि स्फोटोऽभ्युपगतव्य' अर्थ प्रतीति के बल से भी स्फोट पदार्थ मानना होगा क्योंकि वर्ण से ही अर्थ बोध होता है यह मानना गलत है। जिससे अर्थ प्रतीति होती है वह वर्ण से अतिरिक्त वर्ण से अभिव्यग्य नित्य शब्दस्फोट है। अतएव— 'स्फुटयते व्यज्यते वर्णैरिति स्फोटो वर्णाभिव्यंग्यः स्फुटो भवत्यस्मादर्थ इति स्फोटो अर्थप्रत्यायक इति '' । [सर्व द० पृ० २४६]

अतएव वर्णों से जो स्फुटित हो प्रकाशित हो वह स्फोट है। वर्णों से अभिव्यंग्य अर्थ जिससे स्फुटित होता है वह अर्थ की प्रतीति कराने वाला स्फोट है।

जैनाचार्यों ने वर्णों से ही अर्थ बोध माना है किंतु स्फोट नाम का कोई पदार्थ स्वीकार नहीं किया है इसके ऊपर 'तत्त्वार्थवार्तिक के आधार से कहा जा चुका है अत मीमासक एवं वैयाकरणों की यह शब्द स्फोट कल्पना व्यर्थ है।

भर्तृहरि के वचनो से निरवयव स्फोट होता है क्योकि वे कहते है कि यह सब परमार्थ संवित् रूप सत्ता जाति ही सभी शब्दो का अथ है।'

ये लोग कहते हैं कि जीव से अभिन्न सच्चिदानद परब्रह्म ज्ञान से अविद्या की निवृत्ति होने पर ब्रह्मस्वरूपावस्थिति रूप मोक्षप्राप्त होता है। अभियुक्तो ने भी शब्द ब्रह्म मे निपुण होने से परब्रह्म की प्राप्ति कही है इसलिये शब्द शास्त्र को मोक्ष साधनत्व सिद्ध हुआ।

वचन मल को हटाने वाला व्याकरण शास्त्र अपवर्ग का द्वार सपूण विद्या पवित्र मे और श्रेष्ठ कहा जाता है। सिद्धि की प्रथम सीढी एव मोक्षमाग का सीधा सरल राजमार्ग व्याकरण शास्त्र है

[सव द पृ० २५५]

इस प्रकार स इन वैयाकरण पाणिनि आदि ने शब्द को परब्रह्म माना है और व्याकरण को ही मोक्ष माग मान लिया है किंतु यह गलत है जैनाचार्यों ने बताया है कि व्याकरण के बिना केवल वृद्धजनो के व्यवहार स भी शब्दों में वाचकत्व का नियम बन जाता है क्याकि वाच्यवाचकभाव लोक व्यवहार के आधीन है। शब्द धम के साक्षात् साधन नही हैं। व्याकरण पद्धति स शुद्ध भी काव्य शास्त्र, कोकशास्त्र, कुत्सित इतिहास आदि विषयभोग और चारित्र मलिनता के भी कारण बन जाते हैं। यदि एकात से शब्द को ही मोक्ष का मार्ग माना जावे तब तो व्रत अनुष्ठान ध्यान समाधि सब व्यर्थ हो जावेंगे। हां! परपरा स द्रव्यश्रुत भावश्रुत के लिए कारण है एवं भावश्रुत केवलज्ञान के लिये बीजभूत है अत संस्कृत शब्दों की तरह प्राकृत आदि शब्द भी परंपरा से धर्म के साधन हैं क्योंकि विशिष्ट वक्ता के द्वारा कहे गये, विशिष्ट पुरुष द्वारा रचित विशिष्ट अर्थ को कहने वाले वचन ही शुद्ध हैं। अत द्रव्य दृष्टि से 'द्रव्यश्रुतरूप शब्दब्रह्म अनादि निधन है एव पर्याय दृष्टि से पुद्गल की पर्याय होने से सादि सांत है और भावश्रुत क लिए यथार्थ ज्ञान के लिए कारण होने से उपास्य भी है इसे जिनवाणी सरस्वती भी कहते हैं। द्वादशाग या उसके अशरूप परपरागत आचाय आदि प्रणीत शब्दशास्त्र और उनसे होने वाला श्रुतज्ञान मोक्ष के लिये कारण होने से ग्राह्य है बाकी अन्य शास्त्र संसार वर्धक होने से अग्राह्य हैं। ऐसा समझना चाहिय।

स्याद्वाद सिद्धि

स्याद्वादः सर्वथैकांतत्यागात् किंवृत्तचिद्विधिः ।
सप्तभंगनयापेक्षो हेयादेयविशेषकः ॥ १०४ ॥ [आप्तमीमांसा]

अर्थ—'स्यात्' यह शब्द निपात है और यह सर्वथा एकांत का त्यागी होने से कथंचित् कथंचन आदि शब्दों के अर्थ का वाची है । जिसे हिन्दी भाषा मे भी शब्द से स्पष्ट समझ लेते हैं । जैसे-जीव नित्य भी है, अनित्य भी है इत्यादि । इसमें बताया है कि स्याद्वाद सप्तभंग और नयों की अपेक्षा रखता है एवं हेय और उपादेय को बतलाने वाला है ॥

सप्तभंगी का स्पष्टीकरण—

'प्रश्नवशादेकस्मिन् वस्तुन्यविरोधेन विधिप्रतिषेधविकल्पना सप्तभंगी'—प्रश्न के निमित्त से एक ही वस्तु में प्रत्यक्षादि प्रमाणो से अविरुद्ध विधि और प्रतिषेध की कल्पना सप्तभंगी है । यथा—स्यादस्ति जीवः । स्यात् नास्ति जीवः । स्यादस्ति नास्ति जीवः । स्यादवक्तव्यो जीवः । स्यादस्ति अवक्तव्यो जीवः स्यान्नास्ति अवक्तव्यो जीवः, । स्यादस्ति नास्ति अवक्तव्यो जीवः ।

स्वद्रव्य क्षेत्र काल भाव की अपेक्षा से जीव अस्तिरूप ही है । पर द्रव्यादि चतुष्टय की अपेक्षा से जीव नास्तिरूप ही है । क्रम से स्वपर चतुष्टय की अपेक्षा से जीव अस्ति नास्ति रूप है । युगपत् स्वपर चतुष्टय की अपेक्षा से जीव अवक्तव्य रूप है । स्वचतुष्टय को कहने से एव युगपत् स्वपर चतुष्टय को न कह सकने से जीव अस्ति अवक्तव्य है । पर चतुष्टय की विवक्षा करने से एव युगपत् दोनो धर्मों को न कह सकने से जीव नास्ति अवक्तव्य है । स्वपर चतुष्टय की विवक्षा से एव युगपत दोनो धर्मों को न कह सकने से जीव अस्ति नास्ति अवक्तव्य है ।

यहां पर प्रथम भंग मे अस्तित्व की प्रधानता होने से शेष छह भंग गौण हैं । द्वितीय मे नास्तित्व की प्रधानता से बाकी छह भंग गौण हैं ऐसे ही सर्वत्र समझना ।

यदि कोई कहे कि एक ही जीवादि वस्तु में विधि योग्य और निषेध योग्य अनन्त धर्म पाये जाते अतः उन अनन्त धर्मों की कल्पना तो 'अनंतभंगी' बनेगी न कि सप्तभंगी । आचार्य कहते हैं कि ऐसा नहीं कहना क्योंकि एक वस्तु में अनन्त धर्म हैं और उन अनन्त धर्मों मे एक-एक धर्म के प्रति सप्त भंगी का प्रयोग करना पड़ेगा अतः अनन्त सप्तभंगी बनेंगी न कि अनन्त भंगी । जैसे—एक जीव में अस्ति, नित्य, भेद, एक आदि अनेकों धर्म हैं उन सबमें सप्तभंगी अलग अलग घटेगी । इनके प्रतिपक्षी धर्म स्वयं द्वितीय भंग में आ जाते हैं । 'जीव अस्ति रूप है' यह प्रथम भंग है तो 'जीव नास्ति रूप भी है' यह द्वितीय भंग बन जाता है ।

प्रश्न—वस्तु में सात ही भंग क्यों होते हैं ?

उत्तर—शिष्यों के द्वारा सात ही प्रश्न किये जाते हैं।

प्रश्न—शिष्यों द्वारा सात ही प्रश्न क्यो किये जाते हैं ?

उत्तर—क्योकि सूत्र में प्रश्नवशादेव ऐसा पद है।

प्रश्न—सात ही प्रश्न क्यो है ?

उत्तर—सात प्रकार की ही जिज्ञासा होती है।

प्रश्न—सात प्रकार की ही जिज्ञासा क्यो हैं ?

उत्तर—उस सशय के विषयभूत वस्तु धर्म सात प्रकार के ही हैं। एव यह सात प्रकार का व्यवहार निर्विषय नहीं है क्योकि इन सात प्रकारो से ही वस्तु का यथाथ ज्ञान उसमे प्रवृत्ति और उनकी प्राप्ति का निश्चय देखा जाता है। अतएव श्री भट्टाकलंकदेव ने इस सप्तभगी को स्याद्वादामृतगर्भिणी' कहा है।

शका—एक ही वस्तु मे विरुद्ध दो धम शीतउष्णस्पशवत् संभव नही हैं। जो वस्तु नित्य है वही अनित्य नहीं है अन्यथा अनर्थ हो जावेगा ?

समाधान—ऐसा नहीं है क्योंकि जिस समय जीव द्रव्यदृष्टि स नित्य है उसी समय वही जीव पर्याय की दष्टि स अनित्य है। देखो ! जीव नित्य न होवें तो पुनजन्म में वही जीव नहीं जाव और यदि अनित्य नही होवें तो मनुष्य पर्याय का नाश और देव पर्याय का उत्पाद नही हो सकता है किंतु सभी आस्तिकवादी जीव का पुनजन्म एव उत्पाद विनाश मानते हैं ऐसे अनेकों विरोधी धम अपेक्षा की शैली स एक ही वस्तु मे रह जाते हैं बाधा नही आती है।

प्रश्न—यदि अनेकान्त मे भी यह विधि प्रतिषध कल्पना लगती है तो जिस समय अनेकान्त में नास्तिभग प्रयुक्त होगा उस समय एकान्तवाद का प्रसग आ जावेगा और अनेकान्त मे भी अनेकान्त लगाने पर अनवस्था आ जाती है अत अनेकान्त को अनेकान्त नही कहना चाहिये।

उत्तर –अनेकान्त मे भी प्रमाण और नय की दष्टि स अनेकान्त और एकान्त रूप से अनेकमुखी कल्पनायें हो सकती हैं।

एकान्त और अनेकान्त दोनों ही सम्यक और मिथ्या के भेद से दो-दो प्रकार के होते हैं—सम्यक एकान्त मिथ्या एकान्त। सम्यक अनेकान्त और मिथ्या अनेकान्त।

सम्यक एकान्त—प्रमाण के द्वारा निरूपित वस्तु के एक अश को युक्ति सहित नय की विवक्षा से ग्रहण करने वाला सम्यक एकान्त है। जैस—जीव निश्चयनय से शुद्ध है या व्यवहार नय से अशुद्ध है। इस सम्यक नय भी कहते हैं।

मिथ्या एकान्त—वस्तु के एक धर्म का सर्वथा अवधारण करके अन्य धर्मों का निराकरण करने वाला मिथ्या एकान्त है जैस वस्तु सर्वथा क्षणिक ही है, या सर्वथा नित्य ही है, यह दुर्नय है।

सम्यक अनेकान्त—एक वस्तु में युक्ति और आगम से अविरुद्ध अनेक विरोधी धर्मों का ग्रहण करने

वाला सम्यक अनेकान्त है। जैसे जीव अनन्त धर्मात्मक है।

मिथ्या अनेकान्त—वस्तु को अस्ति नास्ति आदि स्वभाव से शून्य कहकर उसमें अनेक धर्मों की मिथ्या कल्पना करना अर्थ शून्य वचन विलास मिथ्या अनेकान्त है।

इन चारों में सम्यक एकान्त नय कहलाता है एवं सम्यक अनेकांत प्रमाण कहलाता है।

[तत्वार्थ वा]

यदि अनेकांत को अनेकांत ही माना जाय और एकात का लोप किया जावे तो सम्यक एकांत के अभाव में शाखादि के अभाव में वृक्ष के अभाव के समान तत्समुदाय रूप अनेकात का भी अभाव हो जावगा और यदि एकांत ही माना जावे तो अविनाभावी इतर धर्मों का लोप होने से प्रकृत शेष का भी लोप हो जावगा। अत —

अनेकान्तोऽप्यनेकान्त· प्रमाणनयसाधन ।
अनेकान्त प्रमाणात्त तदेकान्तोऽर्पितान्नयात् ॥

[स्वयंभूस्तोत्र]

अनेकान्त भी अनेकान्त रूप है क्योकि प्रमाण और नय से सिद्ध है। प्रमाण की अपेक्षा से अनेकात अनेकान्त रूप है एव अर्पित विवक्षित नय की अपेक्षा से अनेकान्त एकान्त रूप है। इस प्रकार से अनेकांत में भी सप्तभंगी घटित हो जाती है। यथा—

अनेकान्त कथञ्चित् अनेकान्त रूप है क्योकि प्रमाण की अपेक्षा रखता है।

अनेकान्त कथञ्चित एकान्त रूप है क्योकि सम्यक नय की अपेक्षा रखता है।

अनेकान्त कथञ्चित् उभय रूप है।

अनेकान्त कथञ्चित् अवक्तव्य है इत्यादि। अनेकान्त छल रूप एव संशय रूप नही हैं।

कोई कोई अनेकान्त को सर्वधर्म समन्वयवाद कहकर सभी मिथ्या एकान्त धर्मों को सत्य सिद्ध करना चाहते हैं किंतु वास्तव में ऐसी बात नही है क्योकि कथञ्चित् शली स एक वस्तु मे अनेकों धर्मों को प्रत्यक्ष अनुमान आगम आदि से अविरुद्ध सिद्ध करना अनेकान्त है न कि मिथ्या एकान्तो का समन्वय करना। इसलिये सामान्य सत् की अपेक्षा से सभी वस्तुयें एक रूप हैं।

अवांतर सत्ता की अपेक्षा स सभी वस्तुयें पृथक पृथक अस्तित्त्व वाली हैं। द्रव्यार्थिक नय से सभी वस्तुयें नित्य है। पर्यायार्थिक नय से सभी वस्तुयें अनित्य है। इत्यादि।

श्रीमत्परमगम्भीरस्याद्वादामोघलाञ्छनम् ।
जीयात्त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनम् ॥

इस प्रकार से प्रमेय समीक्षा नामक द्वितीय अधिकार पूर्ण हुआ।

—०—

समाप्तोऽयं ग्रन्थ·

● श्री वीतरागाय नमः ●

रचयित्री विदुषी रत्न पू० आर्यिका श्री ज्ञानमती माता जी
(प० पू० १०८ आचार्य श्री धर्मसागर जी महाराज संघस्था)

❀ मगल स्तुति ❀

जिनने तीन लोक त्रैकालिक सकल वस्तु को देख लिया।
लोकालोक प्रकाशी ज्ञानी युगपत सबको जान लिया॥
रागद्वेष जर मरण भयावह नहिं जिनका संस्पर्श करें।
अक्षय सुख पथ के वे नेता जग में मगल सदा करें॥१॥

चन्द्र किरण चन्दन गंगा जल से भी जो शीतल वाणी।
जन्म मरण भय रोग निवारण करने में है कुशलानी है॥
सप्तभंग युत स्याद्वाद मय गंगा जगत पवित्र करें।
सबकी पाप धूली को धोकर जग में मगल नित्य करें।२।

विषय वासना रहित निरंबर सकल परिग्रह त्याग दिया।
सब जीवों को अभय दान दे निभय पद को प्राप्त किया॥
भव समुद्र में पतित जनों को सच्चे अवलम्बन दाता।
वे गुरुवर मम हृदय विराजो सब जन को मंगल दाता।३।

अनंत भव के अगणित दुःख से जो जन का उद्धार करे।
इन्द्रिय सुख देकर शिव सुख में ले जाकर जो शीघ्र धरें।
धर्म वही है तीन रत्नमय त्रिभुवन की सम्पत्ति देवे।
उसके आश्रय से सब जन को भव भव में मंगल होवे॥४॥

श्री गुरु का उपदेश ग्रहण कर नित्य हृदय मे धारें हम।
क्रोध मान मायादिक तजकर विद्या का फल पावें हम॥
सबसे मैत्री दया क्षमा हो सबसे वत्सल भाव रहे।
सम्यक 'ज्ञानमति' प्रगटित हो सकल अमंगल दूर रहे।५।